58. $(4^{61}+4^{62}+4^{63}+4^{64})=4^{61}(1+4+4^2+4^3)=4^{61}(1+4+16+64)=4^{61}\times85$

$=4^{60}\times4\times85=4^{60}\times34\times10,$ जो 10 से विभाज्य है.

59. $n=2\Rightarrow(6^2-1)=35\times1.$

$n=4\Rightarrow(6^4-1)=(6^2-1)(6^2+1)=35\times37.$

$n=6\Rightarrow(6^6-1)=(6^2-1)(6^4+6^2+1)=35\times(1296+36+1)=35\times1333.$

60. दिया गया व्यंजक $=(1+2+3+....+50+51+52+....+100)-(1+2+3+....+50)$

$=\left(\dfrac{100\times101}{2}\right)-\left(\dfrac{50\times51}{2}\right)=(5050-1275)=3775.$

61. हम जानते हैं कि : $(1^2+2^2+3^2+....+n^2)=\dfrac{1}{6}n(n+1)(2n+1).$

$\therefore$ दिया गया व्यंजक $=(1^2+2^2+....+10^2+11^2+...+20^2)-(1^2+2^2+....+10^2)$

$=\left(\dfrac{1}{6}\times20\times21\times41\right)-\left(\dfrac{1}{6}\times10\times11\times21\right)=(2870-385)=2485.$

62. $(2^2+4^2+6^2+....+40^2)=\left\{(2\times1)^2+(2\times2)^2+(2\times3)^2+....+(2\times20)^2\right\}$

$=\left[(2^2\times1^2)+(2^2\times2^2)+(2^2\times3^2)+....(2^2\times20^2)\right]$

$=2^2\times(1^2+2^2+3^2+....+20^2)=(4\times2870)=11480.$

63. दिया गया व्यंजक $=\dfrac{(225)^{0.2+0.3}}{(225)^{0.8+0.2}}=\dfrac{(225)^{0.5}}{(225)^1}=\dfrac{1}{(225)^{(1-0.5)}}=\dfrac{1}{(225)^{0.5}}$

$=\dfrac{1}{\left\{(15)^2\right\}^{\frac{1}{2}}}=\dfrac{1}{15^{\left(2\times\frac{1}{2}\right)}}=\dfrac{1}{(15)^1}=\dfrac{1}{15}.$

64. $(2137)^{753}$ में इकाई का अंक $=(7)^{753}$ में इकाई का अंक.

(7^4) में इकाई का अंक = 1.

$(7^4)^{188}$ में इकाई का अंक = 1.

$(7)^{753}=(7^4)^{188}\times7.$ अत: $(7)^{753}$ में इकाई का अंक $=(1\times7)=7.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

65. $(13)^{2003}$ में इकाई का अंक $= (3)^{2003}$ में इकाई का अंक

(3^4) में इकाई का अंक $= 1$

$(3^4)^{500}$ में इकाई का अंक $= 1$.

$\left(3^{2003}\right) = 3^{(2000+3)} = (3^4)^{500} \times 3^3$

$\therefore 3^{2003}$ में इकाई का अंक $= (1 \times 27)$ में इकाई का अंक $= 7$.

$\therefore (13)^{2003}$ में इकाई का अंक $= 7$.

66. $(22)^{23}$ में इकाई का अंक $= (2)^{23}$ में इकाई का अंक

2^4 में इकाई का अंक $= 6 \Rightarrow (2^4)^5$ में इकाई का अंक $= 6$.

$2^{23} = (2^4)^5 \times 2^3$. इसमें इकाई का अंक $= (6 \times 8)$ में इकाई का अंक $= 8$.

67. 7^4 का इकाई अंक $= 1$. अब, $7^{105} = (7^4)^{26} \times 7$

$(7^4)^{26}$ का इकाई का अंक $= 1$

$(7^4)^{26} \times 7$ का इकाई का अंक $= (1 \times 7) = 7$.

अत: अभीष्ट अंक $= 7$.

68. दिये गये गुणनफल में इकाई का अंक

$= (4 \times 8 \times 7 \times 3)$ में इकाई का अंक $= 672$ में इकाई का अंक $= 2$.

69. अभीष्ट अंक $= (7)^{153} \times (1)^{72}$ का इकाई अंक $= (7^4)^{38} \times 7 \times 1$ का इकाई अंक

$= (1 \times 7)$ का इकाई अंक $= 7$.

70. 7^{95} का इकाई अंक $= (7^4)^{23} \times 7^3$ का इकाई अंक $= (1 \times 3) = 3$.

3^{58} का इकाई अंक $= (3^4)^{14} \times 3^2$ का इकाई अंक $= (1 \times 9) = 9$

$(7^{95} - 3^{58})$ का इकाई अंक $= (13 - 9) = 4$.

71. $(3694)^{1793}$ में इकाई अंक $= (4)^{1793}$ में इकाई अंक $= \left\{(4^2)^{896} \times 4\right\}$ में इकाई अंक

$= (6 \times 4)$ में इकाई अंक $= 4$.

$(615)^{317}$ में इकाई अंक $= (5)^{317}$ में इकाई अंक $= 5$.

$(841)^{491}$ में इकाई अंक $= (1)^{491}$ में इकाई अंक $= 1$.

अभीष्ट अंक $= (4 \times 5 \times 1)$ का इकाई अंक $= 0$.

72. $3^{61} = (3^4)^{15} \times 3 = (81)^{15} \times 3$

$\therefore 3^{61}$ में इकाई अंक $= (1 \times 3) = 3$.

6^{43} में इकाई अंक $= 6$.

$7^{82} = (7^4)^{20} \times 7^2$.

$\therefore 7^{82}$ में इकाई अंक $= (1 \times 49)$ में इकाई अंक $= 9$.

अभीष्ट अंक $= (3 \times 6 \times 9)$ में इकाई अंक $= 162$ का इकाई अंक $= 2$.

73. $(17)^{1999}$ में इकाई अंक $= (7)^{1999}$ में इकाई अंक

$= (7^4)^{499} \times 7^3$ में इकाई अंक $= (1 \times 343)$ में इकाई अंक $= 3$

$(11)^{1999}$ में इकाई अंक $= 1$

$(7)^{1999}$ में इकाई अंक $= (7^4)^{499} \times 7^3$ में इकाई अंक $= (1 \times 343)$ में इकाई अंक $= 3$.

दिये गये व्यंजक में इकाई अंक $= 3 + 1 - 3 = 1$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

74. 7 का स्थानीय मान = 7000 तथा 7 का जातीय मान = 7.
अभीष्ट अन्तर = (7000 − 7) = 6993.

75. 9 का स्थानीय मान = 9000, 3 का स्थानीय मान = 30.
अभीष्ट अन्तर = (9000 − 30) = 8970.

76. स्पष्ट है कि $a = bq + r$, जहाँ $0 \le r < b$.

77. $ab = 0 \Rightarrow a = 0$ अथवा $b = 0$ अथवा दोनों में से प्रत्येक 0.

78. सबसे छोटी अभाज्य संख्या 2 है.

79. 70 से छोटी अभाज्य संख्यायें हैं :
2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19, 23, 29, 31, 37, 41, 43, 47, 53, 59, 61, 67. इनकी संख्या 19 है.

80. अभीष्ट योग = (53 + 59 + 61 + 67 + 71 + 73 + 79 + 83 + 89) = 635.

81. 110 तथा 120 के बीच केवल एक ही अभाज्य संख्या है, जो 113 है.

82. चूँकि 161 का गुणनखण्ड 7 है, अत: यह अभाज्य संख्या नहीं है.
चूँकि 221 का गुणनखण्ड 13 है, अत: यह अभाज्य संख्या नहीं है.
चूँकि 437 का गुणनखण्ड 19 है, अत: यह अभाज्य संख्या नहीं है.
अब, $20 > \sqrt{373}$.
20 से कम अभाज्य संख्यायें हैं : 2, 3, 5, 7, 11, 13, 17, 19.
स्पष्ट है कि 373 इनमें से किसी से विभक्त नहीं होता.
अत: 373 एक अभाज्य संख्या है.

83. $(n^3 - n) = n(n^2 - 1) = n(n-1)(n+1)$
$n = 1 \Rightarrow (n^3 - n) = 0$;
$n = 2 \Rightarrow (n^3 - n) = 2 \times 1 \times 3 = 6$;
$n = 3 \Rightarrow (n^3 - n) = 3 \times 2 \times 4 = 6 \times 4$;
$n = 4 \Rightarrow (n^3 - n) = 4 \times 3 \times 5 = 6 \times 10$.
$\therefore (n^3 - n)$ सदैव 6 से विभक्त होगा.

84. $(3^{4n} - 4^{3n}) = (3^4)^n - (4^3)^n = (81)^n - (64)^n$.
हम जानते हैं $(x^n - y^n)$ सदैव $(x - y)$ से विभक्त होगा, जबकि n कोई धनपूर्णांक हो.
$\therefore (3^{4n} - 4^{3n})$ सदैव $(81 - 64) = 17$ से पूर्णतया विभक्त होगा.

85. $(x^m + y^m)$ का एक गुणनखण्ड $(x + y)$ है.
$\therefore \left\{(127)^{127} + (97)^{127}\right\}$ का एक गुणनखण्ड $(127 + 97) = 224$ है.
इसी प्रकार, $\left\{(127)^{97} + (97)^{97}\right\}$ का एक गुणनखण्ड $(127 + 97) = 224$ है.
अत: दोनों का उभयनिष्ठ गुणनखण्ड 224 है.

86. माना 10^n में x अंक हैं. तब, $(10^n - 1)$ में x बार 9 आयेंगे.
$\therefore 9x = 4707 \Rightarrow x = \dfrac{4707}{9} = 523.$
अत: $(10^n - 1)$ में 523 बार 9 आयेंगे.

87. 1 से 10 तक की गिनतियों के गुणनफल में शून्यों की संख्या = 2,
11 से 20 तक की गिनतियों के गुणनफल में शून्यों की संख्या = 2,
21 से 30 तक की गिनतियों के गुणनफल में शून्यों की संख्या = 2,
....
....
81 से 90 तक की गिनतियों के गुणनफल में शून्यों की संख्या = 2

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

91 से 100 तक की गिनतियों के गुणनफल में शून्यों की संख्या = 3

शून्यों की कुल संख्या = (9 × 2 + 3) = 21.

88. भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेषफल = (100 × 403) + 58 = 40300 + 58 = 40358.

89. माना $48 \times x = 173 \times 240 \Rightarrow x = \frac{173 \times 240}{48} = 865.$

90. 3428 को 13 से भाग देने पर शेषफल = 9.

∴ घटाई जाने वाली संख्या = 9.

91. माना दी गई संख्या को 136 से भाग देने पर भागफल k तथा शेषफल 36 प्राप्त होता है.

तब, दी गई संख्या = $136k + 36$

$= (17 \times 8k) + (17 \times 2) + 2 = 17 \times (8k + 2) + 2.$

अत: दी गई संख्या को 17 से भाग देने पर शेषफल = 2.

92. माना दी गई संख्या को 156 से भाग देने पर भागफल k तथा शेषफल 29 प्राप्त होता है.

तब, दी गई संख्या = $156k + 29$

$= (13 \times 12k) + (13 \times 2) + 3 = 13 \times (12k + 2) + 3.$

अत: दी गई संख्या को 13 से भाग देने पर शेषफल = 3.

93. माना दी गई संख्या = $195k + 47$

$= (15 \times 13k) + (15 \times 3) + 2 = 15 \times (13k + 3) + 2.$

अत: दी गई संख्या को 15 से भाग देने पर शेषफल = 2.

94. 4000 को 19 से भाग देने पर शेषफल = 10.

अत: घटाई जाने वाली संख्या = 10.

95. छ: अंकों की छोटी से छोटी संख्या = 100000

```
111 ) 100000 ( 900
      999
        100
```

अभीष्ट संख्या = 100000 + (111 – 100) = 100011.

```
11 ) 803642 ( 73058
     77
      33
      33
        64
        55
         92
         88
          4
```

96. 803642 को 11 से भाग देने पर शेष = 4.

∴ दी गई संख्या में जोड़े जाने वाली संख्या = (11 – 4) = 7.

97. तीन अंकों की छोटी से छोटी संख्या = 100

इसे 14 से भाग देने पर शेषफल = 2.

∴ अभीष्ट संख्या = 100 + (14 – 2) = 112.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

98. 5 अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या = 99999

```
463) 99999 (215
     926
      739
      463
      2769
      2315
       454
```

अभीष्ट संख्या = (99999 – 454) = 99545.

99. दिया है : भाज्य = 7865321, भागफल = 33612, शेषफल = 113.

$$\text{भाजक} = \frac{\text{भाज्य} - \text{शेषफल}}{\text{भागफल}} = \frac{7865321-113}{33612} = 234.$$

100. माना दी गई संख्या = $6n + 3$, जहाँ n एक पूर्णांक है.

इस संख्या का वर्ग $= (6n+3)^2 = 36n^2 + 9 + 36n$

$= 6(6n^2 + 6n + 1) + 3$.

∴ उस संख्या के वर्ग को 6 से भाग देने पर शेषफल 3 प्राप्त होगा.

101.

9	a	8
11	b	9
13	c	8
	1	

$c = 13\times1+8 = 21,\ b = 11\times21+9 = 240,\ a = 9\times240+8 = 2168$

13	2168	10
11	166	1
9	15	6
	1	

अत: अभीष्ट शेषफल 10, 1, 6 हैं.

102. यदि n एक समसंख्या हो, तो $(x^n - 1)$ सदैव $(x + 1)$ से विभक्त होगा.

∴ $\left[(17)^{200} - 1\right]$ सदैव $(17 + 1)$ अर्थात 18 से विभक्त होगा.

अत: $(17)^{200}$ को 18 से भाग देने पर शेषफल = 1.

103. यदि n एक विषम संख्या हो, तो $(x^n + 1)$ सदैव $(x + 1)$ से विभक्त होगा.

∴ $\left[(25)^{25} + 1\right]$ सदैव $(25 + 1)$ अर्थात 26 से विभक्त होगा.

∴ $(25)^{25}$ को 26 से भाग देने पर शेषफल = $(26 - 1) = 25$.

104. माना n को 4 से भाग देने पर भागफल = q तथा शेषफल = 3.

तब, $n = 4q + 3 \Rightarrow 2n = 8q + 6 = 4(2q + 1) = 2$.

अत: $2n$ को 4 से भाग देने पर शेषफल = 2.

105. किसी प्राकृत संख्या के वर्ग का इकाई अंक 2, 3, 7, 8 में से कोई नहीं हो सकता. अत: उत्तर (d) सही है.

106. किसी प्राकृत संख्या के वर्ग का इकाई अंक 2, 3, 7, 8 में से कोई नहीं हो सकता. अत: उत्तर (c) सही है.

107. माना * के स्थान पर x लें. तब

$(6 + 7 + 3 + 5 + x + 1)$ अर्थात $(22 + x)$ पूर्णतया 9 से विभक्त होगा.

स्पष्ट है कि $x = 5$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

108. माना अभीष्ट संख्या $xyxy$ है.

तब यह संख्या $= 1000x + 100y + 10x + y$

$= 100(10x + y) + (10x + y) = (10x + y) \times (100 + 1) = (10x + y) \times 101.$

अत: ऐसी संख्या 101 से सदैव विभक्त होगी.

109. $5p9 + 327 + 2q8 = 1114$

$\Rightarrow 5p9 + 2q8 = (1114 - 327) = 787$

$\Rightarrow 500 + 10p + 9 + 200 + 10q + 8 = 787$

$\Rightarrow (10p + 10q) + 717 = 787 \Rightarrow 10(p + q) = 70 \Rightarrow p + q = 7.$

$\therefore q$ का अधिकतम संभव मान $= 7$.

110. 4 से विभक्त होने के लिए दाईं ओर से प्रथम 2 अंकों से बनी संख्या 4 से विभक्त होनी चाहिए.

स्पष्ट है कि $89 + 3 = 92$, जो 4 से विभक्त होती है.

अत: दी गई संख्या में 3 जोड़ा जाना चाहिए.

111. माना इकाई अंक में x जोड़ना होगा. तब,

$(4 + 3 + 8) - [(2 + x) + 6 + 0] = 15 - (8 + x) = 7 - x.$

$\therefore\ 7 - x = 0 \Rightarrow x = 7.$

अत: इकाई में 7 जोड़ने पर प्राप्त संख्या 11 से पूर्णतया विभक्त होगी.

112. माना लुप्त अंक $= x$. तब,

$(2 + 9 + 6 + 1) - (4 + x + 5) = 18 - (9 + x) = (9 - x).$

$\therefore\ 9 - x = 0 \Rightarrow x = 9.$

अत: लुप्त अंक $= 9$.

113. माना जोड़ी जाने वाली संख्या $= x$. तब,

प्रथम तीन अंकों से बनी संख्या $= 116$.

स्पष्ट है कि $(116 + x)$ पूर्णतया 8 से विभक्त होना चाहिए.

अत: $x = 4$. अर्थात जोड़ी जाने वाली संख्या $= 4$.

114. 11 से विभक्त होने के लिए $(6 + 3 + 1) - (y + y) = 0 \Rightarrow 2y = 10 \Rightarrow y = 5.$

115. 11 से विभक्त होने के लिए $[(8 + 7 + 3 + 4) - (x + 2 + 8)]$ पूर्णतया 11 से विभक्त होगा.

अर्थात $(12 - x)$ पूर्णतया 11 से विभक्त होगा. अत: $x = 1$.

116. माना विलुप्त अंक $= x$. तब,

$(6 + 7 + 3 + 5 + x + 1) = (22 + x)$ पूर्णतया 9 से विभक्त होना चाहिए.

$\therefore\ x = 5.$

117. माना विलुप्त अंक $= x$. तब,

$(6 + 7 + 1 + x + 4 + 8 + 3) = (29 + x)$ पूर्णतया 9 से विभक्त होना चाहिए.

$\therefore\ x = 7.$

118. माना विलुप्त अंक $= x$. तब,

$(1 + 5 + 7 + x + 2 + 3 + 4) = (22 + x)$ पूर्णतया 3 से विभक्त होना चाहिए.

अत: $x = 2$.

119. 2 तथा 9 सहअभाज्य संख्यायें हैं जिनका गुणनफल 18 है.

अत: किसी संख्या को 18 से विभक्त होने के लिए 9 तथा 2 में से प्रत्येक से विभक्त होना चाहिए.

परन्तु 65043 स्पष्ट रूप से 2 से विभक्त नहीं होती.

अत: यह 18 से विभक्त नहीं होगी.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

120. 3 तथा 8 सहअभाज्य संख्यायें हैं जिनका गुणनफल 24 है.

स्पष्ट है कि 718 पूर्णतया 8 से विभक्त नहीं होती.

अत: 35718 पूर्णतया 24 से विभक्त नहीं होगी.

121. स्पष्ट है कि $\frac{333333}{7} = 47619$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या = 47619.

122. अभीष्ट संख्यायें हैं 6, 12, 18, ..., 198.

यह एक समान्तर श्रेढ़ी है जिसमें $a = 6, d = 6$ तथा $l = 198$.

माना $T_n = 198$. तब $a + (n-1)d = 198$.

$6 + (n-1) \times 6 = 198 \Rightarrow (n-1) = \frac{192}{6} = 32 \Rightarrow n = 33.$

123. अभीष्ट संख्या = $13q + 1$ तथा $q = 5Q + 3$

$\Rightarrow$ अभीष्ट संख्या = $13 \times (5Q + 3) + 1 = 65Q + 40$

$\Rightarrow$ उस संख्या को 65 से भाग देने पर शेषफल = 40.

124. माना अभीष्ट संख्या = x. तब

$\frac{(x+7)\times 5}{9} - 3 = 12 \Rightarrow 5x + 35 - 27 = 108$

$\Rightarrow 5x + 8 = 108 \Rightarrow 5x = 100 \Rightarrow x = 20.$

अत: अभीष्ट संख्या = 20.

125. संख्या = $4 \times Q + 2, Q = 5q + 3$ तथा $q = 6 \times 7 + 5 = 47$.

$\therefore Q = 5 \times 47 + 3 = 238 \Rightarrow$ संख्या = $4 \times 238 + 2 = 954$.

126. $a + b + c = 180, b + c + d = 197, c + d + a = 208$ तथा $d + a + b = 222$.

इन्हें जोड़ने पर : $3(a + b + c + d) = 807 \Rightarrow a + b + c + d = 269$

इन संख्याओं का माध्य $= \frac{a+b+c+d}{4} = \frac{269}{4} = 67\frac{1}{4}$.

127.
$$\begin{array}{r} 4a3 \\ +\ 984 \\ \hline 13b7 \\ \hline \end{array}$$

चूँकि $13b7$, 11 से विभाज्य है, अत: $(7 + 3) - (b + 1) = 0 \Rightarrow b = 9$.

$1397 - 984 = 413 \Rightarrow a = 1, b = 9.$

$\therefore 3a + 4b = 3 \times 1 + 4 \times 9 = 3 + 36 = 39.$

128. $2x + 3y = 100$ ...(i)

$3x + 2y = 120$ ...(i)

इन्हें हल करने पर $y = 12$ तथा $x = 32$.

अत: बड़ी संख्या = 32.

129. अभीष्ट पंक्तियाँ $= \frac{54 \times 30}{45} = 36.$

130. 7 का स्थानीय मान = 7000 तथा 7 का जातीय मान = 7.

अभीष्ट अन्तर = (7000 – 7) = 6993.

131. अभीष्ट अन्तर = (7000 – 30) = 6970.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 1B

1. किसी संख्या को 4 से भाग देने पर भागफल तथा शेषफल का योग 8 है तथा इनके वर्गों का योग 34 है. संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
2. एक तीन अंकों से बनी संख्या के अंकों का योग 6 है. अंक पलटने से प्राप्त संख्या मूल संख्या से 198 अधिक है. यदि मध्य अंक शेष दोनों अंकों के औसत के बराबर हो, तो मूल संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
3. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या अनुत्तीर्ण छात्रों की चौगुनी थी. यदि कुल परीक्षार्थी 35 कम होते तथा 9 अधिक अनुत्तीर्ण होते तो उत्तीर्ण तथा अनुत्तीर्ण छात्रों का अनुपात 2 : 1 होता. कुल कितने परीक्षार्थी थे. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
4. कुछ लड़कों को कतारों में इस प्रकार बैठाया जाता है कि प्रत्येक कतार में 8 लड़के हों, तो 6 लड़के शेष बचते हैं. यदि प्रत्येक कतार में 10 लड़के हों, तो 8 लड़के शेष बचते हैं. यदि प्रत्येक कतार में 12 लड़के हों, तो 10 लड़के शेष बचते हैं. यदि प्रत्येक कतार में 14 लड़के हों, तो कोई लड़का शेष नहीं बचता. लड़कों की निम्नतम संख्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
5. एक परीक्षा में प्रत्येक ठीक उत्तर के लिए 2 अंक मिलते हैं तथा गलत उत्तर के लिए 1 अंक कम कर दिया जाता है. एक परीक्षार्थी ने सारे 100 प्रश्न हल किये तथा उसके कुल प्राप्तांक 80 थे. उसने कितने प्रश्नों का ठीक उत्तर दिया ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
6. किसी संख्या को 713 से भाग देने पर शेषफल 115 प्राप्त होता है. इसी संख्या को 31 से भाग देने पर शेषफल कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
7. यदि $(683^{125} - 598^{125}) - (647^{125} - 598^{125})$ को 36 से विभक्त करें तो शेषफल क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
8. $(527^{379} + 473^{379})$ तथा $(527^{166} - 473^{166})$ के सार्व-गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
9. एक छात्र को किसी संख्या को 34 से गुणा करना था. उसने त्रुटिवश 3 को 8 पढ़ लिया तथा उस संख्या को 84 से गुणा कर दिया. इससे उसका उत्तर ठीक उत्तर से 5600 अधिक था. वह संख्या कौनसी थी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
10. $(23^{19} + 19^{19})$ तथा $(23^{23} + 19^{23})$ के सार्व-गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
11. भाग के एक प्रश्न में भाजक, भागफल का 10 गुना है तथा शेषफल का 5 गुना है. यदि शेषफल 46 हो, तो भाज्य ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
12. चार प्राकृत संख्याओं में से तीन को क्रमागत लेकर जोड़ने पर योगफल क्रमशः 180, 197, 208 तथा 222 प्राप्त होता है. संख्यायें ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
13. एक तीन अंकों की संख्या $2a3$ को 326 में जोड़ने पर तीन अंकों की संख्या $5b9$ प्राप्त होती है, जो 9 से पूर्णतया विभक्त होती है. $(5a - 2b)$ का मान ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
14. $(3257)^{683}$ को 3256 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
15. 84159 के समीपतम कौन-सी संख्या है जो 97 से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?
16. 36920 में छोटी से छोटी क्या संख्या जोड़ी जाये कि योगफल 137 से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?
17. 434081 में से छोटी से छोटी क्या संख्या घटाई जाये कि शेष संख्या 287 से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?
18. छः अंकों की वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करो जो 67 से पूर्णतया विभक्त हो जाये.
19. किसी संख्या को 783 से भाग देने पर 48 शेष बचता है. उस संख्या को 29 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा ?
20. किसी संख्या को 11 से गुणा करने पर वह 180 से उतनी अधिक हो जाती है जितनी वह आरम्भ में 180 से कम थी. संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)**

1. एक संख्या को 4 से भाग देने पर भागफल तथा शेषफल का योग 8 है तथा उनके वर्गों का योग 34 है. वह संख्या ज्ञात कीजिए.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

22. तीन प्राकृत संख्यायें 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं. यदि इन संख्याओं के वर्गों का योग 116 हो, तो संख्यायें ज्ञात कीजिए. (एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

23. $\dfrac{(719-187)^2+(719+187)^2}{(719\times719+187\times187)}$ का मान ज्ञात कीजिए.

24. $\dfrac{(824\times824\times824-395\times395\times395)}{(824\times824+824\times395+395\times395)}$ का मान ज्ञात कीजिए.

25. $\dfrac{(917\times917\times917+283\times283\times283)}{(917\times917-917\times283+283\times283)}$ का मान ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 1B)

1. 23	**2.** 123	**3.** 155	**4.** 238	**5.** 60	**6.** 22	**7.** शून्य	**8.** 1000	**9.** 112	**10.** 42
11. 5336	**12.** 89, 72, 61, 47		**13.** 2	**14.** 1	**15.** 84196		**16.** 70	**17.** 137	
18. 100031		**19.** 19	**20.** 30	**21.** 23	**22.** 4, 6, 8		**23.** 2	**24.** 429	**25.** 1200

दिये गए प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 1B

1. माना दी गई संख्या को 4 से भाग देने पर भागफल = a तथा शेषफल = b.

तब, $a+b=8 \quad ...(i)$ तथा $a^2+b^2=34 \quad ...(ii)$

$\therefore (a+b)^2=8^2=64 \Rightarrow a^2+b^2+2ab=64$

$\Rightarrow 34+2ab=64 \Rightarrow 2ab=30 \Rightarrow ab=15.$

$\therefore (a-b)^2=(a+b)^2-4ab=(8^2-4\times15)=(64-60)=4=2^2$

अत: $(a-b)=2.$

$a+b=8$ तथा $a-b=2$ को हल करने पर $a=5, b=3.$

अभीष्ट संख्या $=4a+b=(4\times5+3)=23.$

2. माना सैंकड़े, दहाई तथा इकाई अंक क्रमश: x, y तथा z हैं.

तब, अभीष्ट संख्या = $100x+10y+z$.

$x+y+z=6 \quad ...(i) \qquad y=\dfrac{x+z}{2} \Rightarrow x+z=2y \quad ...(ii)$

तथा $(100z+10y+x)-(100x+10y+z)=198 \Rightarrow 99z-99x=198$

$\Rightarrow z-x=2 \quad ...(iii)$

(ii) तथा (i) से $3y=6 \Rightarrow y=2.$ अत: $z+x=4 \quad ...(iv)$

(iii) तथा (iv) को हल करने पर $z=3, x=1.$

अत: अभीष्ट संख्या = $(100\times1+10\times2+3)=123.$

3. माना अनुत्तीर्ण छात्र = x. तब, उत्तीर्ण छात्र = $4x$ तथा कुल छात्र = $5x$.

कुल छात्रों की नई संख्या = $5x-35$, अनुत्तीर्ण छात्रों की संख्या = $x+9$.

तब, उत्तीर्ण छात्रों की संख्या = $(5x-35)-(x+9)=4x-44.$

$\therefore \dfrac{4x-44}{x+9}=\dfrac{2}{1} \Rightarrow 2x+18=4x-44 \Rightarrow 2x=62 \Rightarrow x=31.$

अत: कुल छात्रों की अभीष्ट संख्या = $(5\times31)=155.$

4. माना अभीष्ट संख्या = x.

तब, x को 8 से भाग देने पर शेषफल = 6.

x को 10 से भाग देने पर शेषफल = 8.

x को 12 से भाग देने पर शेषफल = 10.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

x को 14 से भाग देने पर शेषफल = 0.

स्पष्ट है कि प्रत्येक दशा में भाजक तथा शेषफल का अन्तर = (8 – 6) = (10 – 8) = (12 – 10) = 2.

8, 10, 12 का ल०स० = 120.

लड़कों की कम से कम संख्या = $(120k - 2)$, जो 14 से पूर्णतया विभक्त होता है.

$(120k - 2) = (112k + 8k - 2) = (14 \times 8k) + (8k - 2)$.

स्पष्ट है $(8k - 2)$ तभी 14 से पूर्णतया विभक्त होगा जबकि $k = 2$ हो.

$\therefore$ लड़कों की अभीष्ट संख्या = $(120 \times 2 - 2) = 238$.

5. माना ठीक उत्तर = x तथा गलत उत्तर = $(100 - x)$.

कुल प्राप्तांक = $2x - (100 - x) = 3x - 100$.

$\therefore\ 3x - 100 = 80 \Rightarrow 3x = 180 \Rightarrow x = 60$.

ठीक उत्तरों की संख्या = 60.

6. माना दी गई संख्या = x तथा इसे 713 से भाग देने पर माना भागफल = k तथा शेषफल = 115. तब

$x = 713k + 115 = 31 \times 23k + 31 \times 3 + 22 = 31 \times (23k + 3) + 22$.

अत: दी गई संख्या को 31 से भाग देने पर शेषफल = 22.

7. $(683^{125} - 598^{125}) - (647^{125} - 598^{125})$

$= (683^{125} - 598^{125} - 647^{125} + 598^{125}) = (683^{125} - 647^{125})$.

हम जानते हैं कि n के सभी मानों के लिए $(x^n - y^n)$ सदैव $(x - y)$ से पूर्णतया विभक्त होता है.

अत: दिया गया व्यंजक $(683 - 647) = 36$ से पूर्णतया विभक्त होगा.

8. यदि n विषम हो, तो $(x^n + y^n)$ पूर्णतया $(x + y)$ से विभक्त होगा.

$n = 379$ विषम है, अत: $(527^{379} + 473^{379})$ पूर्णतया $(527 + 473) = 1000$ से विभक्त होगा.

यदि n सम हो, तो $(x^n - y^n)$ पूर्णतया $(x + y)$ से विभक्त होगा.

$n = 166$ सम है, अत: $(527^{166} - 473^{166})$ पूर्णतया $(527 + 473) = 1000$ से विभक्त होगा.

अत: अभीष्ट सार्व गुणनखण्ड = 1000.

9. माना अभीष्ट संख्या = x. तब,

$84x - 34x = 5600 \Rightarrow 50x = 5600 \Rightarrow x = 112$.

अत: अभीष्ट संख्या = 112.

10. यदि n एक विषम संख्या हो, तो $(x^n + y^n)$ सदैव $(x + y)$ से पूर्णतया विभक्त होगा.

$n = 19$ विषम है, अत: $(23^{19} + 19^{19})$ पूर्णतया $(23 + 19) = 42$ से विभक्त होगा.

$n = 23$ विषम है, अत: $(23^{23} + 19^{23})$ पूर्णतया $(23 + 19) = 42$ से विभक्त होगा.

अत: अभीष्ट गुणनखण्ड = 42.

11. भाजक = (5 × शेषफल) = (5 × 46) = 230.

भागफल $= \dfrac{\text{भाजक}}{10} = \dfrac{230}{10} = 23$.

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेषफल $= (230 \times 23) + 46 = (5290 + 46) = 5336$.

12. माना चार प्राकृत संख्यायें a, b, c तथा d हैं. तब

$a + b + c = 180,\ b + c + d = 197,\ c + d + a = 208$ तथा $d + a + b = 222$.

चारों समीकरणों को जोड़ने पर : $3(a + b + c + d) = 807 \Rightarrow a + b + c + d = 269$.

$\therefore\ d = (269 - 180) = 89,\ a = (269 - 197) = 72,\ b = (269 - 208) = 61$ तथा $c = (269 - 222) = 47$.

अत: अभीष्ट संख्यायें 89, 72, 61, 47 हैं.

13. $(5 + b + 9)$ पूर्णतया 9 से विभक्त होता है. अत: $b = 4$.

$\therefore$

$$\begin{array}{r} 2a3 \\ +\ 326 \\ \hline 549 \end{array}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अत: $a = 2$.

$\therefore\ (5a - 2b) = (5\times 2 - 2\times 4) = (10 - 8) = 2$.

14. हम जानते हैं कि $(x^n - 1)$ सदैव $(x - 1)$ से पूर्णतया विभक्त होगा.

$\therefore \left[(3257)^{683} - 1\right]$ पूर्णतया $(3257 - 1)$ से विभक्त होगा

$\Rightarrow \left[(3257)^{683} - 1\right]$ पूर्णतया 3256 से विभक्त होगा

$\Rightarrow (3257)^{683}$ को 3256 से भाग देने पर 1 शेष बचेगा.

15. 84159 को 97 से भाग देने पर शेषफल = 60.

अत: अभीष्ट संख्या = 84159 + (97 – 60) = (84159 + 37) = 84196.

16. 36920 को 137 से भाग देने पर शेषफल = 67.

∴ अभीष्ट संख्या = (137 – 67) = 70.

17. 434081 को 287 से भाग देने पर शेषफल = 137.

∴ अभीष्ट संख्या = 137.

18. 6 अंकों की छोटी से छोटी संख्या = 100000.

100000 को 67 से भाग देने पर शेषफल = 36.

∴ अभीष्ट संख्या = 100000 + (67 – 36)

= (100000 + 31) = 100031.

```
67 ) 100000 ( 1492
     67
     ---
     330
     268
     ---
      620
      603
      ---
       170
       134
       ---
        36
```

19. माना दी गई संख्या को 783 से भाग देने पर भागफल = q तथा शेषफल = 48.

तब, दी गई संख्या = $(783q + 48) = (29 \times 27q) + (29 + 19)$

$= 29 \times (27q + 1) + 19$.

अत: दी गई संख्या को 29 से भाग देने पर शेषफल = 19.

20. माना अभीष्ट संख्या = x. तब,

$11x - 180 = 180 - x \Rightarrow 12x = 360 \Rightarrow x = 30$.

अत: अभीष्ट संख्या = 30.

21. माना अभीष्ट संख्या = x तथा इसे 4 से भाग देने पर माना भागफल = q तथा शेषफल = r. तब

$x = 4q + r, q + r = 8$ तथा $q^2 + r^2 = 34$.

अब $q + r = 8 \Rightarrow (q + r)^2 = 64 \Rightarrow (q^2 + r^2) + 2qr = 64 \Rightarrow 34 + 2qr = 64 \Rightarrow 2qr = 30 \Rightarrow qr = 15$.

$(q - r)^2 = (q + r)^2 - 4qr = (8)^2 - 4\times 15 = (64 - 60) = 4 \Rightarrow q - r = 2$

$q + r = 8$ तथा $q - r = 2$ को हल करने पर $q = 5$ तथा $r = 3$.

$\therefore x = (4 \times 5 + 3) = 23$.

22. माना अभीष्ट संख्यायें $2x$, $3x$ तथा $4x$ हैं. तब

$4x^2 + 9x^2 + 16x^2 = 116 \Rightarrow 29x^2 = 116 \Rightarrow x^2 = 4 \Rightarrow x = 2$.

∴ अभीष्ट संख्यायें 4, 6 तथा 8 हैं.

23. माना $a = 719$ तथा $b = 187$. तब

दिया गया व्यंजक $= \dfrac{(a-b)^2 + (a+b)^2}{(a^2 + b^2)} = \dfrac{2(a^2 + b^2)}{(a^2 + b^2)} = 2$.

24. माना $a = 824$ तथा $b = 395$. तब

दिया गया व्यंजक $= \dfrac{(a^3 - b^3)}{(a^2 + ab + b^2)} = (a - b) = (824 - 395) = 429$.

25. माना $a = 917$ तथा $b = 283$. तब

दिया गया व्यंजक $= \dfrac{(a^3 + b^3)}{(a^2 - ab + b^2)} = (a + b) = (917 + 283) = 1200$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2 महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य (HCF AND LCM)

परिभाषायें तथा सामान्य नियम

1. **गुणनखण्ड तथा गुणज :**
यदि a, b को पूर्णतया विभक्त कर दे तो a को b का गुणनखण्ड कहते हैं तथा b को a का गुणज कहते हैं.
उदाहरण : (*i*) 5 है 15 का गुणनखण्ड, अत: 15 है 5 का गुणज.
(*ii*) 35 के सभी गुणनखण्ड हैं 1, 5, 7, 35.

2. **महत्तम समापवर्तक (म०स०) :**
दो या दो से अधिक संख्याओं का म०स० वह बड़ी से बड़ी संख्या है जो प्रत्येक दी गई संख्या को पूर्णतया विभक्त कर दे.
जैसे : 35 तथा 42 का म०स० = 7.

3. **लघुत्तम समापवर्त्य (ल०स०) :**
वह छोटी से छोटी संख्या जो प्रत्येक दी गई संख्या द्वारा पूर्णतया विभक्त हो जाये, दी गई संख्या का लघुत्तम समापवर्त्य कहलाती है.
जैसे : 12, 15, 18, 27 का ल०स०
$= 3 \times 2 \times 3 \times 2 \times 5 \times 3 = 540.$

3	12, 15, 18, 27
2	4, 5, 6, 9
3	2, 5, 3, 9
	2, 5, 1, 3

4. दो संख्याओं का गुणनफल = (इनका म०स०) × (इनका ल०स०).

5. भिन्नों का म०स० $= \dfrac{\text{अंशों का म०स०}}{\text{हरों का ल०स०}}$

6. भिन्नों का ल०स० $= \dfrac{\text{अंशों का ल०स०}}{\text{हरों का म०स०}}$

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. $\dfrac{368}{437}$ **का सरलतम रूप क्या है?**

(*a*) $\dfrac{15}{17}$ (*b*) $\dfrac{16}{17}$ (*c*) $\dfrac{15}{19}$ (*d*) $\dfrac{16}{19}$

हल : 368 तथा 437 का म०स० = 23.

$$\therefore \frac{368}{437} = \frac{368 \div 23}{437 \div 23} = \frac{16}{19}.$$

अत: सही उत्तर (*d*) है.

```
368 ) 437 ( 1
      368
       69 ) 368 ( 5
            345
             23 ) 69 ( 3
                  69
                   x
```

∴ 368 तथा 437 का म०स० = 23.

प्रश्न 2. 84, 126, 140 का महत्तम समापवर्तक कितना है?

हल : 84, 126 तथा 140 में से प्रत्येक के गुणनखण्ड लेने पर :

2	84
2	42
3	21
	7

2	126
3	63
3	21
	7

2	140
2	70
5	35
	7

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore\ 84 = 2^2 \times 3 \times 7;\ \ 126 = 2 \times 3^2 \times 7$ तथा $140 = 2^2 \times 5 \times 7$.

अत: 84, 126, 140 का म०स० = (2 × 7) = 14.

प्रश्न 3. 15, 18, 24, 27, 36 का लघुत्तम समापवर्त्य क्या होगा ?

हल : संक्षिप्त विधि द्वारा :

3	15, 18, 24, 27, 36
3	5, 6, 8, 9, 12
2	5, 2, 8, 3, 4
2	5, 1, 4, 3, 2
	5, 1, 2, 3, 1

$\therefore$ ल०स० = (3 × 3 × 2 × 2 × 5 × 2 × 3) = 1080.

प्रश्न 4. $\frac{14}{33}, \frac{42}{55}, \frac{21}{22}$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए.

11	33, 55, 22
	3, 5, 2

हल : अभीष्ट म०स० $= \frac{14, 42, 21 \text{ का म०स०}}{33, 55, 22 \text{ का ल०स०}} = \frac{7}{330}$.

प्रश्न 5. $\frac{11}{14}, \frac{55}{42}, \frac{33}{35}, \frac{44}{63}$ का लघुत्तमम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए.

11	11, 55, 33, 44
	1, 5, 3, 4

हल : अभीष्ट ल०स० $= \frac{11, 55, 33, 44 \text{ का ल०स०}}{14, 42, 35, 63 \text{ का म० स०}} = \frac{660}{7}$.

[$\because$ चूँकि 14, 42, 35, 63 का म०स० = 7].

प्रश्न 6. 1.75, 5.6 तथा 7 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए.

हल : $1.75 = \frac{175}{100} = \frac{7}{4}, 5.6 = \frac{56}{10} = \frac{28}{5}$ तथा $7 = \frac{7}{1}$.

अभीष्ट म०स० $= \frac{7}{4}, \frac{28}{5}, \frac{7}{1}$ का म० स०

$= \frac{7, 28, 7 \text{ का म० स०}}{4, 5, 1 \text{ का ल०स०}} = \frac{7}{20} = 0.35.$

प्रश्न 7. 0.36, 1.2, 4.8 का लघुत्तमम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए.

हल : $0.36 = \frac{36}{100} = \frac{9}{25};\ 1.2 = \frac{12}{10} = \frac{6}{5}$ तथा $4.8 = \frac{48}{10} = \frac{24}{5}$.

3	9, 6, 24
2	3, 2, 8
	3, 1, 4

अभीष्ट ल०स० $= \frac{9}{25}, \frac{6}{5}, \frac{24}{5}$ का ल०स०

$= \frac{9, 6, 24 \text{ का ल०स०}}{25, 5, 5 \text{ का म० स०}} = \frac{72}{5} = 14.4.$

[ल०स० = 3 × 2 × 3 × 4 = 72]

प्रश्न 8. दो संख्याओं का लघुत्तमम समापवर्त्य 1920 तथा महत्तम समापवर्तक 16 है. यदि इनमें से एक संख्या 128 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?

हल : माना दूसरी संख्या = x. तब $x \times 128 = 1920 \times 16$ [दो संख्याओं का गुणनफल = (ल०स. × म०स०)]

$\Rightarrow x = \frac{1920 \times 16}{128} = 240.$

अत: दूसरी संख्या = 240.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 9. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जो 8, 12, 18, 24 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?

2	8, 12, 18, 24
2	4, 6, 9, 12
2	2, 3, 9, 6
3	1, 3, 9, 3
	1, 1, 3, 1

हल : अभीष्ट संख्या = 8, 12, 18, 24 का ल०स०
= (2 × 2 × 2 × 3 × 3)
= 72

प्रश्न 10. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 14, 21, 28, 35 में से प्रत्येक से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 5 शेष बचे ?

2	14, 21, 28, 35
7	7, 21, 14, 35
	1, 3, 2, 5

हल : अभीष्ट संख्या = (14, 21, 28, 35 का ल०स०) + 5
= (2 × 7 × 3 × 2 × 5) + 5
= (420 + 5) = 425.

प्रश्न 11. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करो जिसमें से 8 घटाने पर शेष बची संख्या 16, 18, 20, 24 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो जाये.

2	16, 18, 20, 24
2	8, 9, 10, 12
2	4, 9, 5, 6
3	2, 9, 5, 3
	2, 3, 5, 1

हल : अभीष्ट संख्या = (16, 18, 20, 24 का ल०स०) + 8
= (2 × 2 × 2 × 3 × 2 × 3 × 5) + 8
= (720 + 8) = 728.

प्रश्न 12. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करो जिसे 20, 25 तथा 30 से भाग देने पर क्रमशः 8, 13 तथा 18 शेष बचें.

5	20, 25, 30
2	4, 5, 6
	2, 5, 3

हल : यहाँ प्रत्येक भाजक तथा संगत शेषफल का अन्तर
= (20 – 8) = (25 – 13) = (30 – 18) = 12
अभीष्ट संख्या = (20, 25, 30 का ल०स०) – 12
= (5 × 2 × 2 × 5 × 3) – 12
= (300 – 12) = 288.

प्रश्न 13. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी होगी जिसे 3, 5, 6, 8, 10, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 2 शेष बचे परन्तु 13 से पूर्णतया विभक्त हो.

3	3, 5, 6, 8, 10, 12
2	1, 5, 2, 8, 10, 4
2	1, 5, 1, 4, 5, 2
5	1, 5, 1, 2, 5, 1
	1, 1, 1, 2, 1, 1

हल : 3, 5, 6, 8, 10, 12 का ल०स० = (3 × 2 × 2 × 5 × 2) = 120.
माना अभीष्ट संख्या = (120k + 2), जो 13 से पूर्णतया विभक्त होगी.
स्पष्ट है कि k = 8 रखने पर अभीष्ट संख्या
(120 × 8 + 2) = 962 प्राप्त होगी, जो 13 से पूर्णतया विभक्त होती है.

प्रश्न 14. पाँच अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो जो 12, 16, 18, 24, 32 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो.

2	12, 16, 18, 24, 32
2	6, 8, 9, 12, 16
2	3, 4, 9, 6, 8
2	3, 2, 9, 3, 4
3	3, 1, 9, 3, 2
	1, 1, 3, 1, 2

हल : 5 अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या = 99999.
12, 16, 18, 24, 32 का ल०स० = $(2^4 \times 3^2 \times 2)$ = 288
अब, 99999 को 288 से भाग देने पर शेषफल = 63.
अभीष्ट संख्या = (99999 – 63) = 99936.

प्रश्न 15. चार अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात करो जिसे 12, 18, 21, 24 में से प्रत्येक से भाग देने पर हर दशा में 7 शेष बचे.

2	12, 18, 21, 24
3	6, 9, 21, 12
2	2, 3, 7, 4
	1, 3, 7, 2

हल : 4 अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या = 9999.
12, 18, 21, 24 का ल०स० = (2 × 3 × 2 × 3 × 7 × 2) = 504.
अब 9999 को 504 से भाग देने पर शेषफल = 423.
अभीष्ट संख्या = (9999 – 423 + 7) = 9583.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 2A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. $\frac{611}{1363}$ का सरलतम रूप क्या है ?
   (a) $\frac{23}{29}$ (b) $\frac{13}{29}$ (c) $\frac{13}{23}$ (d) $\frac{17}{23}$
2. $\frac{777}{1147}$ का सरलतम रूप क्या है ?
   (a) $\frac{17}{19}$ (b) $\frac{19}{21}$ (c) $\frac{13}{29}$ (d) $\frac{21}{31}$
3. $\frac{756}{882} = ?$
   (a) $\frac{7}{6}$ (b) $\frac{6}{7}$ (c) $\frac{5}{6}$ (d) इनमें से कोई नहीं
4. $\frac{128352}{238368}$ का सरलतम रूप क्या है ?
   (a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{5}{13}$ (c) $\frac{7}{13}$ (d) $\frac{9}{13}$
5. 2324 तथा 8148 का महत्तम समापवर्तक क्या होगा ?
   (a) 69 (b) 84 (c) 28 (d) 38
6. 216, 288 तथा 720 का महत्तम समापवर्तक क्या होगा ?
   (a) 12 (b) 24 (c) 84 (d) 72
7. 1134, 1344 तथा 1701 का महत्तम समापवर्तक कितना है ?
   (a) 42 (b) 21 (c) 23 (d) 29
8. 96, 528, 2160, 3520 का महत्तम समापवर्तक कितना है ? **(रेलवे परीक्षा, 2009)**
   (a) 8 (b) 16 (c) 12 (d) 24
9. 1.75, 5.6 तथा 7 का महत्तम समापवर्तक कितना है ? **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2009)**
   (a) 0.07 (b) 0.7 (c) 3.5 (d) 0.35
10. 2.4, 0.36 तथा 7.2 का महत्तम समापवर्तक कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
    (a) 12 (b) 1.2 (c) 0.12 (d) 120
11. $\frac{7}{9}, \frac{14}{15}, \frac{7}{10}$ का महत्तम समापवर्तक कितना है ?
    (a) $\frac{7}{45}$ (b) $\frac{7}{90}$ (c) $\frac{14}{45}$ (d) $\frac{7}{675}$
12. $\frac{9}{10}, \frac{12}{25}, \frac{18}{35}, \frac{21}{40}$ का महत्तम समापवर्तक कितना है ?
    (a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{3}{1400}$ (c) $\frac{9}{100}$ (d) $\frac{252}{5}$
13. तीन संख्यायें 1 : 2 : 3 के अनुपात में हैं तथा इनका महत्तम समापवर्तक 12 है. ये संख्यायें हैं :
    (a) 6, 12, 18 (b) 12, 24, 30 (c) 12, 24, 36 (d) 5, 12, 15
14. 105, 165, 285, 1365 का महत्तम समापवर्तक कितना है ?
    (a) 105 (b) 75 (c) 45 (d) 15

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. 0 तथा 6 का महत्तम समापवर्तक कितना है ?
(a) 0 (b) 6 (c) 3 (d) अपरिभाषित

16. दो संख्यायें 5 : 6 के अनुपात में हैं. यदि इनका महत्तम समापवर्तक 4 हो, तो इनका लघुत्तम समापवर्त्य कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 90 (b) 96 (c) 120 (d) 150

17. 8, 9, 12, 15, 20, 25 का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 900 (b) 1800 (c) 3600 (d) 4500

18. 24, 36, 40 का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 120 (b) 240 (c) 360 (d) 480

19. 22, 54, 108, 135, 198 का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 330 (b) 1980 (c) 5940 (d) 11880

20. 148 तथा 185 का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 680 (b) 740 (c) 2960 (d) 3700

21. $\frac{1}{3}, \frac{2}{9}, \frac{5}{6}, \frac{4}{27}$ का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) $\frac{1}{54}$ (b) $\frac{10}{27}$ (c) $\frac{20}{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

22. $\frac{2}{3}, \frac{3}{5}, \frac{4}{7}, \frac{9}{13}$ का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 36 (b) $\frac{1}{36}$ (c) $\frac{1}{1365}$ (d) $\frac{12}{455}$

23. 1.08, 0.36 तथा 0.9 का लघुत्तम समापवर्त्य कितना है ?
(a) 1.08 (b) 0.9 (c) 10.8 (d) 5.4

24. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 8 तथा 48 हैं. यदि इनमें से एक संख्या 24 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 48 (b) 36 (c) 16 (d) 24

25. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 11 तथा लघुत्तम समापवर्त्य 7700 है. यदि इनमें से एक संख्या 275 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?
(a) 279 (b) 283 (c) 318 (d) 308

26. 12 के दो गुणजों का लघुत्तम समापवर्त्य 1056 है. यदि इनमें से एक संख्या 132 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
(a) 12 (b) 72 (c) 96 (d) 84

27. दो संख्यायें 3 : 4 के अनुपात में हैं तथा इनका लघुत्तम समापवर्त्य 84 है. इनमें से बड़ी संख्या कौन-सी होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 21 (b) 24 (c) 28 (d) 84

28. 29 से बड़ी दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 29 तथा लघुत्तम समापवर्त्य 4147 है. इन संख्याओं का योग कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
(a) 966 (b) 696 (c) 669 (d) 666

29. दो संख्याओं का योग 36 है. इनका महत्तम समापवर्तक 3 तथा लघुत्तम समापवर्त्य 105 है. इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) $\frac{2}{35}$ (b) $\frac{3}{25}$ (c) $\frac{4}{35}$ (d) $\frac{2}{25}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30. तीन अंकों वाली दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक 17 तथा लघुत्तम समापवर्त्य 714 है. इन संख्याओं का योग कितना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) 289 (b) 391 (c) 221 (d) 731

31. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 12 तथा 72 हैं. यदि इन संख्याओं का योग 60 हो, तो इनमें से छोटी संख्या निम्न में से कौन-सी है ?
(a) 12 (b) 24 (c) 60 (d) 72

32. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक तथा लघुत्तम समापवर्त्य का योग 680 है. यदि लघुत्तम समापवर्त्य, महत्तम समापवर्तक का 84 गुना हो तथा एक संख्या 56 हो, तो दूसरी संख्या क्या होगी ?
(a) 36 (b) 84 (c) 96 (d) 112
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

33. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 120 है. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या इन संख्याओं का महत्तम समापवर्तक नहीं हो सकती ?
(a) 8 (b) 12 (c) 24 (d) 35

34. ऐसी संख्याओं के कितने जोड़े होंगे जिनका महत्तम समापवर्तक 16 तथा लघुत्तम समापवर्त्य 136 हो ?
(a) केवल एक (b) केवल दो (c) अनन्त (d) कोई नहीं

35. 306 तथा 657 का महत्तम समापवर्तक 9 है, लघुत्तम समापवर्त्य कितना होगा ?
(a) 22338 (b) 23328 (c) 28233 (d) 28323

36. वह न्यूनतम पूर्ण वर्ग संख्या क्या होगी जो 12, 15 तथा 25 से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 400 (b) 900 (c) 1300 (d) 1600
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

37. वह न्यूनतम संख्या कौन-सी है जिसे 8, 10 अथवा 12 से विभक्त करने पर प्रत्येक दशा में 7 शेष बचे ?
(a) 127 (b) 137 (c) 177 (d) 267 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

38. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसमें से 11 घटाने पर प्राप्त शेषफल 14, 15, 21, 32 तथा 60 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?
(a) 3352 (b) 3349 (c) 3371 (d) 3381

39. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसमें 9 जोड़ने पर प्राप्त संख्या 24, 32, 36, 54 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो जाये ?
(a) 462 (b) 855 (c) 871 (d) इनमें से कोई नहीं

40. वह छोटे से छोटा 7 का गुणज क्या होगा जिसे 6, 9, 15, 18 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 4 शेष बचे ?
(a) 74 (b) 94 (c) 184 (d) 364

41. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी होगी जिसे 5, 6, 8, 9, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 1 शेष बचे परन्तु 13 से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 361 (b) 721 (c) 1801 (d) 3601

42. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी होगी जिसे 5, 6, 7, 8 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 3 शेष बचे परन्तु 9 से भाग देने पर शून्य शेष बचे ? (जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2006)
(a) 1677 (b) 1683 (c) 2523 (d) 3363

43. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी होगी जिसे 3, 5, 6, 8, 10, 12 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 2 शेष बचे परन्तु 13 से पूर्णतया विभक्त हो ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) 312 (b) 962 (c) 1562 (d) 1586

44. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 8, 9, 12, 15 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 1 शेष बचे ?
(a) 179 (b) 181 (c) 359 (d) 361

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

45. 10000 के समीपतम कौन-सी संख्या है जो 3, 4, 5, 6, 7, 8 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 9240 (b) 9996 (c) 10000 (d) 10080
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

46. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जो कि पूर्ण वर्ग हो तथा 3, 4, 5, 6, 8 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 900 (b) 1600 (c) 2500 (d) 3600
(रेलवे परीक्षा, 2005)

47. 1856 में से कौन-सी न्यूनतम संख्या घटाई जाये कि शेषफल को 7, 12 और 16 से विभक्त करने पर प्रत्येक दशा में शेष 4 बचे ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 137 (b) 140 (c) 172 (d) 1361

48. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 2, 3, 4, 5, 6 में से किसी से भी विभक्त करने पर 1 शेष बचे परन्तु 7 से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 301 (b) 273 (c) 231 (d) 61

49. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे क्रमश: 12, 15 तथा 16 से भाग देने पर 7, 10 तथा 11 शेष बचे ?
(a) 115 (b) 235 (c) 247 (d) 475

50. वह छोटी से छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 15, 25, 35 तथा 45 से भाग देने पर क्रमश: 7, 17, 27 तथा 37 शेष बचे ?
(a) 1575 (b) 1567 (c) 1576 (d) 1570

51. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिसे 5834 में से घटाने पर प्राप्त संख्या 20, 28, 32 तथा 35 में से प्रत्येक से पूर्णत: विभक्त हो ? (एस०एस.सी० परीक्षा, 2010)
(a) 1120 (b) 234 (c) 4714 (d) इनमें से कोई नहीं

52. चार अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जो 12, 15, 18, 27 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो ?
(a) 9690 (b) 9720 (c) 9930 (d) 9960
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

53. तीन अंकों की वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी होगी जिसे 6, 9, 12 में से प्रत्येक से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 3 शेष बचे ?
(a) 903 (b) 939 (c) 975 (d) 996

54. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 1657 तथा 2037 को भाग दिये जाने पर क्रमश: 6 तथा 5 शेष बचे ?
(a) 127 (b) 133 (c) 235 (d) 305
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

55. वह कौन-सी सबसे बड़ी संख्या है जिसके द्वारा 3026 तथा 5053 को भाग देने पर क्रमश: 11 तथा 13 शेष बचे ?
(a) 15 (b) 30 (c) 45 (d) 60
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

56. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जो 147, 168, 210, 315 में से प्रत्येक को पूर्णतया विभक्त कर दे ?
(a) 7 (b) 21 (c) 441 (d) 4410

57. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 187, 233, 279 को भाग देने पर प्रत्येक दशा में समान शेष बचे ?
(a) 30 (b) 36 (c) 46 (d) 56

58. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 1356, 1868, 2764 को भाग देने पर प्रत्येक दशा में 12 शेष बचे ?
(a) 64 (b) 124 (c) 156 (d) 260

59. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 964, 1238, 1400 को विभक्त करने पर क्रमश: 41, 31 तथा 51 शेष बचे ?
(a) 61 (b) 71 (c) 73 (d) 81

60. किसी दूध वाले की एक टंकी में 75 लीटर तथा दूसरी टंकी में 45 लीटर दूध है. उस बड़े से बड़े बर्तन की माप क्या होगी जो दोनों टंकियों के दूध को पूरा-पूरा माप सके ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)
(a) 1 लीटर (b) 5 लीटर (c) 15 लीटर (d) 25 लीटर

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

61. दो टंकियों की धारिता क्रमशः 120 लीटर तथा 56 लीटर है. वह बड़े से बड़े किस माप का डिब्बा होगा जो प्रत्येक टंकी के द्रव को पूरी संख्या में नाप दे ? (रेलवे परीक्षा, 2005)
(a) 7500 घन सेमी० (b) 7850 घन सेमी० (c) 8000 घन सेमी० (d) 9500 घन सेमी०

62. तीन ड्रमों में क्रमशः 2527 लीटर, 1653 लीटर तथा 2261 लीटर दूध है. वह बड़े से बड़ा किस माप का डिब्बा होगा जो प्रत्येक ड्रम के दूध को डिब्बों की पूर्ण संख्या में नाप दे ?
(a) 19 लीटर (b) 20 लीटर (c) 29 लीटर (d) 31 लीटर

63. एक व्यक्ति को पैट्रोल के 403 लीटर, डीजल के 465 लीटर तथा मोबिल ऑयल के 496 लीटर को एक दूसरे के साथ मिलाये बिना पूर्णतः समान माप के डिब्बों में इस प्रकार भरना है कि प्रत्येक डिब्बा पूरा भर जाये. ऐसे कम से कम कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी ?
(a) 34 (b) 44 (c) 54 (d) इनमें से कोई नहीं

64. 78 सेमी०, 104 सेमी०, 117 सेमी० तथा 169 सेमी० लम्बी धातु की चार छड़ों को अधिकतम लम्बाई की बराबर छड़ों में काटने पर प्राप्त सभी छड़ों की अधिकतम संख्या कितनी होगी ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) 27 (b) 36 (c) 43 (d) 48

65. 105 बकरियाँ, 140 गधे तथा 175 गायों को एक नदी के पार ले जाना है. मात्र एक ही बड़ी नाव के उपलब्ध होने के कारण इस कार्य को सम्पन्न करने हेतु नाविक शर्त रखता है कि प्रत्येक फेरे में वह केवल एक ही प्रकार के तथा गिनती में समान अधिक से अधिक पशुओं को ले जायेगा. प्रत्येक बार ले जाये जाने वाले पशुओं की संख्या कितनी होगी ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) 42 (b) 28 (c) 35 (d) 15

66. एक कमरा 15 मी० 17 सेमी० लम्बा तथा 9 मी० 2 सेमी० चौड़ा है. इसकी छत के निचले भाग में कम से कम कितनी वर्गाकार टाइलें लगेंगी ? (एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)
(a) 656 (b) 738 (c) 814 (d) 902

67. नापने की तीन छड़ें क्रमशः 64 सेमी०, 80 सेमी० तथा 96 सेमी० लम्बी हैं. इनमें से कोई भी छड़ प्रयोग करके कम से कम किस लम्बाई का कपड़ा पूर्ण संख्या में नापा जा सकता है ?
(a) 0.96 मीटर (b) 9.60 मीटर (c) 19.20 मीटर (d) 96 मीटर

68. अमित, सुचेता और नीति एक वृत्ताकार रास्ते के गिर्द एक ही बिंदु से एक साथ दौड़ना आरम्भ करते हैं तथा क्रमशः 18, 24 और 32 सेकण्ड में एक चक्कर पूरा करते हैं. वे तीनों कितने समय बाद प्रारम्भिक बिंदु पर मिलेंगे ?
(a) 196 सेकण्ड (b) 288 सेकण्ड (c) 324 सेकण्ड
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता (e) इनमें से कोई नहीं (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

69. तीन विभिन्न चौराहों पर आवागमन सूचक बत्तियाँ क्रमशः 48 सेकण्ड, 72 सेकण्ड तथा 108 सेकण्ड के बाद बदलती हैं. यदि वे एक साथ 8 : 20 : 00 बजे बदली गई हों, तो फिर वे एक साथ कितने बजे बदलेंगी ?
(a) 8 : 20 : 08 बजे (b) 8 : 24 : 10 बजे (c) 8 : 27 : 12 बजे (d) 8 : 30 : 15 बजे

70. तीन मित्र A, B तथा C एक वृत्ताकार स्टेडियम के गिर्द एक ही बिंदु से एक साथ दौड़ना आरम्भ करते हैं तथा वे एक चक्कर क्रमशः 24 सेकण्ड, 36 सेकण्ड तथा 30 सेकण्ड में पूरा करते हैं. कितने समय बाद वे प्रारम्भिक बिंदु पर पुनः मिलेंगे ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) 6 मिनट (b) 8 मिनट (c) 12 मिनट (d) 15 मिनट (e) 18 मिनट

71. टीनू दर्जी एक महिला के स्कर्ट बनाने के लिए किसी चौड़ाई के कपड़े का उपयोग करता है. परन्तु, उसे याद नहीं कि सही चौड़ाई 32 इंच थी अथवा 36 इंच. क्या तुम उसे कपड़ा खरीदने में सहायता दे सकते हो ताकि वह कपड़ा दोनों दशाओं में प्रयोग किया जा सके ? उसे कितना कपड़ा खरीदना होगा ? (बी०सी०ए० परीक्षा, 2008)
(a) 324 इंच (b) 288 इंच (c) 248 इंच (d) 271 इंच

72. छः घण्टियाँ एक साथ बजनी आरम्भ हुई. यदि ये घण्टियाँ क्रमशः 2, 4, 6, 8, 10, 12 सेकण्ड के अन्तराल से बजें तो 30 मिनट में कितनी बार ये इक्कट्ठी बजेंगी ?
(a) 4 बार (b) 10 बार (c) 16 बार (d) इनमें से कोई नहीं

73. पत्थरों के एक ढ़ेर को क्रमशः 32, 40, 72 के ढ़ेर बनाने पर 10, 18 तथा 50 पत्थर शेष बचते हैं. इस ढ़ेर में कम से कम कितने पत्थर हैं ? (एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)
(a) 1412 (b) 1416 (c) 1418 (d) 1420

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 2A)

1. (*b*)	2. (*d*)	3. (*b*)	4. (*c*)	5. (*c*)	6. (*d*)	7. (*b*)	8. (*b*)	9. (*d*)	10. (*c*)
11. (*b*)	12. (*b*)	13. (*c*)	14. (*d*)	15. (*d*)	16. (*c*)	17. (*b*)	18. (*c*)	19. (*c*)	20. (*b*)
21. (*c*)	22. (*a*)	23. (*d*)	24. (*c*)	25. (*d*)	26. (*c*)	27. (*c*)	28. (*b*)	29. (*c*)	30. (*c*)
31. (*b*)	32. (*c*)	33. (*d*)	34. (*d*)	35. (*a*)	36. (*b*)	37. (*a*)	38. (*c*)	39. (*b*)	40. (*d*)
41. (*d*)	42. (*b*)	43. (*b*)	44. (*d*)	45. (*d*)	46. (*d*)	47. (*c*)	48. (*a*)	49. (*b*)	50. (*b*)
51. (*c*)	52. (*b*)	53. (*c*)	54. (*a*)	55. (*c*)	56. (*b*)	57. (*c*)	58. (*a*)	59. (*b*)	60. (*c*)
61. (*c*)	62. (*a*)	63. (*b*)	64. (*b*)	65. (*c*)	66. (*c*)	67. (*b*)	68. (*b*)	69. (*c*)	70. (*a*)
71. (*b*)	72. (*c*)	73. (*c*)							

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 2A

1. 611) 1363 (2
1222
141) 611 (4
564
47) 141 (3
141
x

∴ 611 तथा 1363 का म०स० = 47.

अत: $\frac{611}{1363} = \frac{611 \div 47}{1363 \div 47} = \frac{13}{29}$.

2. 777) 1147 (1
777
370) 777 (2
740
37) 370 (10
37
0

∴ 777 तथा 1147 का म०स० = 37.

अत: $\frac{777}{1147} = \frac{777 \div 37}{1147 \div 37} = \frac{21}{31}$.

3. 756) 882 (1
756
126) 756 (6
756
x

$\therefore \frac{756}{882} = \frac{756 \div 126}{882 \div 126} = \frac{6}{7}$.

4. 128352) 238368 (1
128352
110016) 128352 (1
110016
18336) 110016 (6
110016
x

$\frac{128352}{238368} = \frac{128352 \div 18336}{238368 \div 18336} = \frac{7}{13}$.

5. 2324) 8148 (3
6972
1176) 2324 (1
1176
1148) 1176 (1
1148
28) 1148 (41
112
28
28
x

अभीष्ट म०स० = 28.

6. 216) 288 (1
216
72) 216 (3
216
x

∴ 216 तथा 288 का म०स० = 72.

स्पष्ट है कि 72 तथा 720 का म०स० = 72

अत: अभीष्ट म०स० = 72.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. 1134) 1344 (1
1134
210) 1134 (5
1050
84) 210 (2
168
42) 84 (2
84
x

42) 1701 (40
168
21) 42 (2
42
x

∴ 1134, 1344 तथा 1701 का म०स० = 21.

8.

2	96
2	48
2	24
2	12
2	6
	3

2	528
2	264
2	132
2	66
3	33
	11

2	2160
2	1080
2	540
2	270
3	135
3	45
3	15
	5

2	3520
2	1760
2	880
2	440
2	220
2	110
5	55
	11

$96 = 2^5 \times 3$, $528 = 2^4 \times 3 \times 11$, $2160 = 2^4 \times 3^3 \times 5$ तथा $3520 = 2^6 \times 5 \times 11$

अभीष्ट म०स० $= 2^4 = 16$.

9. दी गई संख्यायें दशमलव के दो स्थानों तक क्रमश: 1.75, 5.60 तथा 7.00 हैं.

560) 700 (1
560
140) 560 (4
560
x

35) 700 (20
70
0

अत: 175, 560 तथा 700 का म०स० = 35

∴ 1.75, 5.60 तथा 7.00 का म०स० = 0.35.

10. दी गई संख्यायें दशमलव के दो स्थानों तक क्रमश: 2.40, 0.36 तथा 7.20 हैं.

अब 240, 36 तथा 720 का म०स० = 12.

∴ 2.40, 0.36 तथा 7.20 का म०स० = 0.12.

11. $\frac{7}{9}, \frac{14}{15}, \frac{7}{10}$ का म० स० $= \frac{7, 14, 7 \text{ का म० स०}}{9, 15, 10 \text{ का ल०स०}} = \frac{7}{90}$.

12. $\frac{9}{10}, \frac{12}{25}, \frac{18}{35}, \frac{21}{40}$ का म० स० $= \frac{9, 12, 18, 21 \text{ का म० स०}}{10, 25, 35, 40 \text{ का ल०स०}} = \frac{3}{1400}$.

∴ 10, 25, 35, 40 का ल०स० = 5 × 2 × 5 × 7 × 4 = 1400.

दी गई भिन्नों का म०स० $= \frac{3}{1400}$.

5	10, 25, 35, 40
2	2, 5, 7, 8
	1, 5, 7, 4

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13. माना अभीष्ट संख्यायें x, $2x$ तथा $3x$ हैं. तब, इनका म०स० $= x$.

$\therefore x = 12$.

अत: ये संख्यायें हैं 12, 24, 36.

14.

5	105
3	21
	7

5	165
3	33
	11

5	285
3	57
	19

5	1365
3	273
13	91
	7

$\therefore 105 = 5 \times 3 \times 7,\ 165 = 5 \times 3 \times 11,\ 285 = 5 \times 3 \times 19,\ 1365 = 5 \times 3 \times 13 \times 7$

अत: 105, 165, 285, 1365 का म०स० $= (5 \times 3) = 15$.

15. 0 तथा 6 का म०स० अपरिभाषित है.

16. माना ये संख्यायें $5x$ तथा $6x$ हैं. तब इनका म.स० $= x$.

$\therefore x = 4$. अत: ये संख्यायें $(5 \times 4) = 20$ तथा $(6 \times 4) = 24$ है.

इनका ल०स० $= 4 \times 5 \times 6 = 120$.

4	20, 24
	5, 6

17.

2	8, 9, 12, 15, 20, 25
2	4, 9, 6, 15, 10, 25
3	2, 9, 3, 15, 5, 25
5	2, 3, 1, 5, 5, 25
	2, 3, 1, 1, 1, 5

$\therefore$ ल०स० $= 2 \times 2 \times 3 \times 5 \times 2 \times 3 \times 5 = 1800$.

18.

4	24, 36, 40
3	6, 9, 10
2	2, 3, 10
	1, 3, 5

$\therefore$ ल०स० $= 4 \times 3 \times 2 \times 3 \times 5 = 360$.

19.

2	22, 54, 108, 135, 198
11	11, 27, 54, 135, 99
3	1, 27, 54, 135, 9
3	1, 9, 18, 45, 3
3	1, 3, 6, 15, 1
	1, 1, 2, 5, 1

$\therefore$ ल०स० $= 2 \times 11 \times 3 \times 3 \times 3 \times 2 \times 5 = 5940$

20.

2	148
2	74
	37

5	185
	37

$148 = 2^2 \times 37$ तथा $185 = 5 \times 37$.

$\therefore$ ल०स० $= 37 \times 5 \times 2^2 = 740$.

21. $\frac{1}{3}, \frac{2}{9}, \frac{5}{6}, \frac{4}{27}$ का ल०स० $= \frac{1, 2, 5, 4 \text{ का ल०स०}}{3, 9, 6, 27 \text{ का म०स०}} = \frac{20}{3}$.

22. $\frac{2}{3}, \frac{3}{5}, \frac{4}{7}, \frac{9}{13}$ का ल०स० $= \frac{2, 3, 4, 9 \text{ का ल०स०}}{3, 5, 7, 13 \text{ का म०स०}} = \frac{36}{1} = 36$.

2	2, 3, 4, 9
3	1, 3, 2, 9
	1, 1, 2, 3

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23. दी गई संख्यायें हैं 1.08, 0.36 तथा 0.90

18	108, 36, 90
2	6, 2, 5
	3, 1, 5

अब 108, 36, 90 का ल०स० = 18 × 2 × 3 × 5
= 540.

अभीष्ट ल०स० = 5.4.

24. माना दूसरी संख्या = x. तब
(पहली संख्या × दूसरी संख्या) = (इनका म०स०) × (इनका ल०स०)

$\Rightarrow (24\times x) = (8\times 48) \Rightarrow x = \frac{8\times 48}{24} = 16.$

अत: अभीष्ट संख्या = 16.

25. माना दूसरी संख्या = x. तब

$(275\times x) = (11\times 7700) \Rightarrow x = \frac{11\times 7700}{275} = 308.$

अत: दूसरी संख्या = 308.

26. एक संख्या = 132 = 12 × 11. माना दूसरी संख्या = $12x$.
तब इनका ल०स० = $132x$.

$\therefore 132x = 1056 \Rightarrow x = \frac{1056}{132} = 8.$

अत: दूसरी संख्या = (12 × 8) = 96.

27. माना ये संख्यायें $3x$ तथा $4x$ हैं. तब, इनका ल०स० = $12x$.
$\therefore 12x = 84 \Rightarrow x = 7.$
अत: ये संख्यायें (3 × 7) = 21 तथा (4 × 7) = 28 हैं.
इनमें से बड़ी संख्या 28 है.

28. माना अभीष्ट संख्यायें $29a$ तथा $29b$ हैं. तब

$29a\times 29b = 29\times 4147 \Rightarrow a\times b = \frac{4147}{29} = 143 = 11\times 13$

$\therefore$ ये संख्यायें हैं (29 × 11) तथा (29 × 13) अर्थात 319 तथा 377.
इन संख्याओं का योग = (319 + 377) = 696.

29. माना ये संख्यायें x तथा y हैं. तब
$x + y = 36$ तथा $xy = (3\times 105) = 315.$

$\therefore \left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}\right) = \frac{(x+y)}{xy} = \frac{36}{315} = \frac{4}{35}.$

अत: इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग $= \frac{4}{35}.$

30. माना ये संख्यायें $17a$ तथा $17b$ हैं, जहाँ a तथा b परस्पर अभाज्य हैं.

तब, $17a\times 17b = 17\times 714 \Rightarrow ab = \frac{714}{17} = 42 = 6\times 7.$

एक संख्या = (17 × 6) = 102, दूसरी संख्या = (17 × 7) = 119.
इन संख्याओं का योग = (102 + 119) = 221.

31. माना ये संख्यायें x तथा $(60 - x)$ हैं. तब
$x\times(60-x) = 12\times 72 \Rightarrow x^2 - 60x + 864 = 0$

$\therefore x = \frac{60\pm\sqrt{3600-3456}}{2} = \frac{60\pm\sqrt{144}}{2}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore x = \frac{(60+12)}{2} = 36$ तथा $x = \frac{(60-12)}{2} = 24.$

अत: अभीष्ट संख्या 24 है।

32. म०स० + ल०स० = 680 ⇒ म०स० + 84 × (म०स०) = 680.

$\therefore 85 \times$ (म०स०) = 680 ⇒ म० स० $= \frac{680}{85} = 8.$

∴ ल०स० = (84 × 8) = 672.

⇒ दूसरी संख्या $= \frac{8 \times 672}{56} = 96.$

33. स्पष्ट है कि दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक इन संख्याओं के लघुत्तमम समापवर्त्य को सदैव पूर्णतया विभक्त करता है.

अत: किन्हीं दो संख्याओं का ल०स० 120 तथा म०स० 35 नहीं हो सकता.

34. स्पष्ट है कि दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक इन संख्याओं के लघुत्तमम समापवर्त्य को सदैव पूर्णतया विभक्त करता है.

अत: ऐसी संख्याओं का कोई जोड़ा नहीं है.

35. ल०स० $= \frac{306 \times 657}{9} = (306 \times 73) = 22338.$

36. 12, 15, 25 का ल०स० = 3 × 5 × 4 × 5

$= 3 \times 2^2 \times 5^2.$

अभीष्ट पूर्ण वर्ग $= (3^2 \times 2^2 \times 5^2) = 900.$

3	12, 15, 25
5	4, 5, 25
$$\Rightarrow \frac{(a^2+b^2+c^2)}{3} = 3m^2 \quad \left[\because (a+b+c)^2 = (a^2+b^2+c^2) \text{ by } (i)\right]$$

अभीष्ट औसत = $3m^2$.

35. अभीष्ट संख्या = $(18 \times 5 - 16 \times 4) = (90 - 64) = 26$.

36. 12 माह की कुल खपत = $(110 \times 7 + 86 \times 5)$ लीटर

= $(770 + 430)$ लीटर = 1200 लीटर

पूरे वर्ष की औसत मासिक खपत = $\dfrac{1200}{12}$ लीटर = 100 लीटर.

37. माना कुल कर्मचारियों की संख्या = x. तब

$12000 \times 7 + 6000 \times (x - 7) = 8000 \times x$ ईंटें

$$\Rightarrow 84000 + 6000x - 42000 = 8000x$$

$$\Rightarrow 8000x - 6000x = 84000 - 42000 \Rightarrow 2000x = 42000 \Rightarrow x = 21.$$

$\therefore$ सभी कर्मचारियों की संख्या = 21.

38. 4 सदस्यों की कुल मासिक आय = ₹ (15130×4) = ₹ 60520.

3 सदस्यों की कुल मासिक आय = ₹ (14660×3) = ₹ 43980.

विवाहित पुत्री की मासिक आय = ₹ $(60520 - 43980)$ = ₹ 16540.

39. माना दूरी $AB = z$ किमी० तय करने में लगा समय = $\dfrac{z}{x}$ घण्टे

दूरी $BA = z$ किमी० तय करने में लगा समय = $\dfrac{z}{y}$ घण्टे

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$2z$ किमी० दूरी तय करने में लगा समय $= \left(\frac{z}{x}+\frac{z}{y}\right)$ घण्टे $= z\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}\right)$ घण्टे

$= \frac{z(x+y)}{xy}$

औसत चाल $= \frac{2z\times xy}{z(x+y)} = \frac{2xy}{(x+y)}$ किमी०/घण्टा.

40. यहाँ $x = 63$ तथा $y = 42$.

$\therefore$ औसत चाल $= \frac{2xy}{(x+y)}$ किमी०/घण्टा $= \frac{2\times63\times42}{(63+42)}$ किमी०/घण्टा

$= \frac{2\times63\times42}{105}$ किमी०/घण्टा $= \frac{252}{5}$ किमी०/घण्टा $= 50{\cdot}4$ किमी०/घण्टा.

41. यहाँ $x = 65$ तथा $y = 60$.

$\therefore$ औसत चाल $= \frac{2xy}{(x+y)}$ किमी०/घण्टा $= \frac{2\times65\times60}{(65+60)}$ किमी०/घण्टा

$= \frac{2\times65\times60}{125}$ किमी०/घण्टा $= \frac{312}{5}$ किमी०/घण्टा $= 62{\cdot}4$ किमी०/घण्टा.

42. दी गई 50 संख्याओं का कुल योग $= (36 \times 50) = 1800$.

इन 50 संख्याओं का सही योग $= (1800 + 48 - 23) = 1825$.

सही औसत $= \frac{1825}{50} = \frac{73}{2} = 36{\cdot}5$.

43. 25 लड़कों की ऊँचाई का योग $= (1{\cdot}4 \times 25)$ मीटर $= 35$ मीटर.

20 लड़कों की औसत ऊँचाई $= (1{\cdot}4 + 0{\cdot}15)$ मीटर $= 1{\cdot}55$ मीटर.

20 लड़कों की ऊँचाई का योग $= (1{\cdot}55 \times 20)$ मीटर $= 31$ मीटर

5 लड़कों की ऊँचाई का योग $= (35 - 31)$ मीटर $= 4$ मीटर

5 लड़कों की औसत ऊँचाई $= \frac{4}{5}$ मीटर $= 0{\cdot}8$ मीटर.

44. पूरी पुस्तक में कुल त्रुटियों की संख्या $= (512 \times 4) = 2048$.

302 पृष्ठों में त्रुटियों की संख्या $= 998$.

शेष 210 पृष्ठों में त्रुटियों की संख्या $= (2048 - 998) = 1050$.

इन त्रुटियों की प्रति पृष्ठ औसत संख्या $= \frac{1050}{210} = 5$.

45. माना सफेद गेंदों की संख्या $= x$. तब, लाल गेंदों की संख्या $= (10 - x)$.

$30x + 25(10 - x) = 10 \times 28 \Rightarrow 5x = 30 \Rightarrow x = 6$.

अत: सफेद गेंदों की संख्या $= 6$.

46. 3 माह में बनी कुल वस्तुओं की संख्या $= (4000 \times 3) = 12000$.

12 माह में बनी कुल वस्तुओं की संख्या $= (4375 \times 12) = 52500$.

शेष 9 माह में बनी कुल वस्तुओं की संख्या $= (52500 - 12000) = 40500$.

अभीष्ट औसत $= \frac{40500}{9} = 4500$.

47. $(M + T + W + Th)$ का कुल तापमान $= (40{\cdot}2\times4) = 160{\cdot}8°C$ ...(I)

$(Th + F + S + S)$ का कुल तापमान $= (41{\cdot}3\times4) = 165{\cdot}2°C$. ...(II)

$(M + T + W + Th + F + S + S)$ का कुल तापमान $= (40{\cdot}6\times7) = 284{\cdot}2°C$. ...(III)

चौथे दिन का तापमान $= Th$ का तापमान $= (I + II) - (III) = [(160{\cdot}8 + 165{\cdot}2) - 284{\cdot}2] = 41{\cdot}8°C$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

48. $(M + T + W)$ का कुल तापमान $= (37 \times 3)°C = 111°C$. ...(i)

$(T + W + Th)$ का कुल तापमान $= (34 \times 3)°C = 102°C$ ...(ii)

$Th = \frac{4}{5}M \Rightarrow \frac{4}{5}M + T + W = 102$ ...(iii)

(i) में से (iii) घटाने पर $\frac{1}{5}M = 9 \Rightarrow M = 45$.

$\therefore$ $Th = \left(\frac{4}{5} \times 45\right) = 36$. अत: बृहस्पतिवार का तापमान $= 36°C$.

49. 30 लड़कों की आयु का योग $= (16 \times 30)$ वर्ष $= 480$ वर्ष.

20 लड़कियों की आयु का योग $= (14 \times 20)$ वर्ष $= 280$ वर्ष.

50 विद्यार्थियों की आयु का योग $= (480 + 280)$ वर्ष $= 760$ वर्ष.

कक्षा के सभी विद्यार्थियों की औसत आयु $= \frac{760}{50}$ वर्ष $= 15{\cdot}2$ वर्ष.

50. कक्षा के 80 बच्चों की आयु का योग $= (15 \times 80)$ वर्ष $= 1200$ वर्ष.

कक्षा के 15 बच्चों की आयु का योग $= (16 \times 15)$ वर्ष $= 240$ वर्ष.

कक्षा के 25 बच्चों की आयु का योग $= (14 \times 25)$ वर्ष $= 350$ वर्ष.

कक्षा के शेष 40 बच्चों की आयु का योग $= [1200 - (240 + 350)]$ वर्ष

$= (1200 - 590)$ वर्ष $= 610$ वर्ष.

इन बच्चों की औसत आयु $= \frac{610}{40}$ वर्ष $= \frac{61}{4}$ वर्ष $= 15{\cdot}25$ वर्ष.

51. 36 छात्रों की आयु का योग $= (14 \times 36)$ वर्ष $= 504$ वर्ष.

(36 छात्रों + अध्यापक) की औसत आयु $= (14 + 1)$ वर्ष $= 15$ वर्ष.

(36 छात्रों + अध्यापक) की आयु का योग $= (15 \times 37)$ वर्ष $= 555$ वर्ष.

अध्यापक की आयु $= (555 - 504)$ वर्ष $= 51$ वर्ष.

52. 2 वर्ष में कुल आयु में वृद्धि $= (2 \times 10)$ वर्ष $= 20$ वर्ष

$\therefore$ नया सदस्य पुराने सदस्य से 20 वर्ष छोटा है.

53. 11 खिलाड़ियों की कुल आयु में कमी $= (2 \times 11)$ मास $= 22$ मास $= \frac{22}{12}$ वर्ष.

नये 2 खिलाड़ियों की कुल आयु $= \left(17 + 20 - \frac{22}{12}\right)$ वर्ष $= \left(37 - \frac{11}{6}\right)$ वर्ष $= \frac{211}{6}$ वर्ष

नये 2 खिलाड़ियों की औसत आयु $= \left(\frac{1}{2} \times \frac{211}{6}\right)$ वर्ष $= \frac{211}{12}$ वर्ष $= 17$ वर्ष 7 मास.

54. कुल आयु में वृद्धि $= (2 \times 8)$ वर्ष $= 16$ वर्ष.

दोनों नये पुरुषों की कुल आयु $= (21 + 23 + 16)$ वर्ष $= 60$ वर्ष.

इन नये दो पुरुषों की औसत आयु $= \frac{60}{2}$ वर्ष $= 30$ वर्ष.

55. पिता तथा माता की आयु का योग $= (35 \times 2)$ वर्ष $= 70$ वर्ष.

पिता, माता तथा बच्चे की आयु का योग $= (27 \times 3)$ वर्ष $= 81$ वर्ष.

बच्चे की आयु $= (81 - 70)$ वर्ष $= 11$ वर्ष.

56. माना राम के पुत्र की आयु $= x$ वर्ष.

तब, राम की आयु $= 3x$ वर्ष.

राम की आयु $= \frac{2}{5} \times$ (राम के पिता की आयु).

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore$ राम के पिता की आयु $= \frac{5}{2} \times$ (राम की आयु) $= \left(\frac{5}{2} \times 3x\right)$ वर्ष $= \frac{15x}{2}$ वर्ष.

तीनों की आयु का योग = (46 × 3) वर्ष = 138 वर्ष.

$\therefore\ x + 3x + \frac{15x}{2} = 138 \Rightarrow 2x + 6x + 15x = 276$

$\Rightarrow 23x = 276 \Rightarrow x = \frac{276}{23} = 12.$

राम तथा उसके पिता की वर्तमान आयु में अन्तर $= \left(\frac{15x}{2} - 3x\right)$ वर्ष $= \frac{9x}{2}$ वर्ष

$= \left(\frac{9}{2} \times 12\right)$ वर्ष = 54 वर्ष.

57. भार में कुल वृद्धि = (1 × 5) किग्रा० = 5 किग्रा०

नये व्यक्ति का भार = (60 + 5) किग्रा० = 65 किग्रा०.

58. 40 विद्यार्थियों की औसत आयु = 15 वर्ष

40 विद्यार्थियों की कुल आयु = (15 × 40) वर्ष = 600 वर्ष.

50 विद्यार्थियों की औसत आयु = (15 + 0·2) वर्ष = 15·2 वर्ष.

50 विद्यार्थियों की कुल आयु = (15·2 × 50) वर्ष = 760 वर्ष.

10 नये विद्यार्थियों की कुल आयु = (760 – 600) वर्ष = 160 वर्ष.

इन विद्यार्थियों की औसत आयु $= \frac{160}{10}$ वर्ष = 16 वर्ष.

59. A, B तथा C की कुल आयु = (20 × 3) वर्ष = 60 वर्ष.

A तथा B की कुल आयु = (19 × 2) वर्ष = 38 वर्ष.

$\therefore$ C की आयु = (60 – 38) वर्ष = 22 वर्ष.

60. 32 लड़कों की कुल आयु = (14 × 32) वर्ष = 448 वर्ष.

26 लड़कियों की कुल आयु = (12 × 26) वर्ष = 312 वर्ष.

58 विद्यार्थियों की कुल आयु = (448 + 312) वर्ष = 760 वर्ष

सभी विद्यार्थियों की औसत आयु $= \frac{760}{58}$ वर्ष = 13·10 वर्ष

(दशमलव के 2 स्थानों तक)

61. शादी के समय औरत तथा उसके पति की कुल आयु = (23 × 2) वर्ष = 46 वर्ष,

5 वर्ष बाद तीनों की आयु का योग = (46 + 5 + 5 + 1) वर्ष = 57 वर्ष

अभीष्ट औसत आयु $= \frac{57}{3}$ वर्ष = 19 वर्ष.

62. 3 लड़कों की कुल आयु = (16 × 3) वर्ष = 48 वर्ष

इनकी आयु का अनुपात = 4 : 5 : 7.

सबसे छोटे लड़के की आयु $= \left(48 \times \frac{4}{16}\right)$ वर्ष = 12 वर्ष.

63. 6 पुत्रों की कुल आयु = (8 × 6) वर्ष = 48 वर्ष.

इन लड़कों तथा उनके माता पिता की कुल आयु = (22 × 8) वर्ष = 176 वर्ष

माता तथा पिता की आयु = (176 – 48) वर्ष = 128 वर्ष.

माना माता की आयु = x वर्ष. तब, पिता की आयु = $(x + 8)$ वर्ष

$x + x + 8 = 128 \Rightarrow 2x = 120 \Rightarrow x = 60.$

$\therefore$ माता की आयु = 60 वर्ष.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

64. 30 छात्रों की कुल आयु = (30 × 15) वर्ष = 450 वर्ष.
शेष 29 छात्रों की कुल आयु = (450 – 20) वर्ष = 430 वर्ष
माना नये 2 छात्रों की आयु x वर्ष तथा $(x - 5)$ वर्ष हैं.
31 छात्रों की कुल आयु = $[430 + x + (x - 5)]$ वर्ष = $(425 + 2x)$ वर्ष.
$\therefore \frac{425+2x}{31} = 15 \Rightarrow 425 + 2x = 465 \Rightarrow 2x = 40 \Rightarrow x = 20.$
∴ छोटे छात्र की आयु = (20 – 5) वर्ष = 15 वर्ष.

65. जाने वाले दो खिलाड़ियों की आयु का योग = (18 + 20) वर्ष = 38 वर्ष.
दो नये खिलाड़ी लेने पर कुल वृद्धि = (11 × 2) माह = 22 माह = 1 वर्ष 10 माह.
दो नये खिलाड़ियों की कुल आयु = 38 वर्ष + 1 वर्ष 10 माह = 39 वर्ष 10 माह.
इन दो नये खिलाड़ियों की औसत आयु $= \frac{1}{2}$ (39 वर्ष 10 माह) = 19 वर्ष 11 माह.

66. 16 लड़कों का कुल भार = (50·25 × 16) किग्रा० = 804 किग्रा०.
8 लड़कों का कुल भार = (45·15 × 8) किग्रा० = 361·2 किग्रा०.
24 लड़कों का कुल भार = (804 + 361·2) किग्रा० = 1165·2 किग्रा०.
सभी लड़कों का औसत भार $= \frac{1165 \cdot 2}{24}$ किग्रा० = 48·55 किग्रा०.

67. लड़कियों की संख्या = (45 – 30) = 15.
लड़कों का कुल भार = (52 × 30) किग्रा० = 1560 किग्रा०.
लड़कियों का कुल भार = (45 × 15) किग्रा० = 675 किग्रा०.
45 विद्यार्थियों का कुल भार = (1560 + 675) किग्रा० = 2235 किग्रा०.
सम्पूर्ण कक्षा का औसत भार $= \frac{2235}{45}$ किग्रा० = 49·67 किग्रा० = 50 किग्रा० लगभग.

68. भार में कुल वृद्धि = (8 × 2·5) किग्रा० = 20 किग्रा०.
जाने वाले लड़के का भार = (56 – 20) किग्रा० = 36 किग्रा०.

69. गणना किया गया कुल भार = (89·4 × 20) किग्रा० = 1788 किग्रा०
सही भार = (1788 + 87 – 78) किग्रा० = 1797 किग्रा०.
सही औसत भार $= \frac{1797}{20}$ किग्रा० = 89·85 किग्रा०.

70. माना 11 पारियों के बाद औसत रन संख्या = x.
तब, 12 पारियों के बाद औसत रन संख्या = $(x + 2)$.
$\therefore 12(x+2) - 11x = 63 \Rightarrow 12x - 11x = 63 - 24 \Rightarrow x = 39.$
12 परियों के बाद औसत रन संख्या = $(x + 2) = (39 + 2) = 41$.

71. माना 11 पारियों की औसत रन संख्या = x.
तब 10 पारियों की औसत रन संख्या = $(x - 6)$.
$\therefore 11x - 10(x - 6) = 108 \Rightarrow x = 48.$

72. 5 खिलाड़ियों की कुल रन संख्या = $[(36 \times 6) - 16] = (216 - 16) = 200$.
इन खिलाड़ियों की औसत रन संख्या $= \frac{200}{5} = 40.$

73. माना 19 पारियों की औसत रन संख्या = x. तब 18 पारियों की औसत रन संख्या = $(x - 4)$.
$19x - 18(x - 4) = 98 \Rightarrow x = (98 - 72) = 26.$
∴ अभीष्ट औसत रन संख्या = 26.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

74. 10 ओवर में बने रनों की संख्या = $(3{\cdot}2 \times 10) = 32$.
अगले 40 ओवर में बनाये जाने वाले रनों की संख्या = $282 - 32 = 250$.
अगले 40 ओवर के लिए रन-रेट $= \frac{250}{40} = 6{\cdot}25$.

75. 51वीं पारी में बने रनों की संख्या = $(60 \times 51) - (59{\cdot}6 \times 50)$
$= (3060 - 2980) = 80$.

76. माना अन्य 6 बल्लेबाजों की औसत रन संख्या = x.
तब कप्तान द्वारा बनाये गये रन = $(x + 30)$.
$\therefore\ (x+30)+6x = 310 \Rightarrow 7x = 280 \Rightarrow x = 40$.
अत: कप्तान द्वारा बनाये गये रनों की संख्या = $(40 + 30) = 70$.

77. माना 11 पारियों का औसत = x.
तब 12 पारियों का औसत = $(x + 9)$.
$\therefore\ 12(x+9)-11x = 129 \Rightarrow 12x-11x = 129-108 \Rightarrow x = 21$.
अत: उसका 11 पारियों का औसत 21 है.

78. ट्रैक्टर की गति $= \frac{360}{12}$ किमी०/घण्टा = 30 किमी०/घण्टा.
जीप की गति = 30 किमी०/घण्टा का 250%
$= \left(\frac{250}{100} \times 30\right)$ किमी०/घण्टा = 75 किमी०/घण्टा.
कार : जीप की गति = 3 : 5 किमी०/घण्टा.
कार की गति $= \left(\frac{3}{5} \times 75\right)$ किमी०/घण्टा = 45 किमी०/घण्टा.
कार और जीप की औसत गति $= \frac{(45+75)}{2}$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.

प्रश्नमाला 6B

1. चार भिन्न-भिन्न प्राकृत संख्यायें दी गई हैं. इनमें से तीन संख्याओं के औसत में चौथी संख्या जोड़ने पर क्रमश: 36, 34, 30 तथा 32 प्राप्त होते हैं. ये संख्यायें ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
2. एक कस्बे की जनसंख्या में स्त्रियों तथा पुरुषों का अनुपात 11 : 10 है. यदि स्त्रियों की औसत आयु 34 वर्ष हो तथा पुरुषों की औसत आयु 32 वर्ष हो, तो सारी जनसंख्या की औसत आयु कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
3. एक क्रिकेट खिलाड़ी की 40 पारियों की औसत रनसंख्या 50 है. उसकी उच्चतम रनसंख्या न्यूनतम रनसंख्या से 172 अधिक है. इन दो पारियों को छोड़कर शेष 38 पारियों की औसत रनसंख्या 48 है. उसकी उच्चतम रनसंख्या कितनी रही ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
4. पाँच क्रमागत धनात्मक पूर्णांकों के वर्गों का औसत 66 है. इन पूर्णांकों का औसत क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
5. 8 छात्रों के एक समूह में एक 60 किग्रा० भार वाले छात्र के स्थान पर नया छात्र आ जाने से इनके औसत भार में 1 किग्रा० की वृद्धि हो जाती है. नये विद्यार्थी का भार कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
6. 10 वर्ष पूर्व एक परिवार के 4 सदस्यों की औसत आयु 24 वर्ष थी. इसी अन्तराल में दो बच्चे पैदा हो जाने से आज भी परिवार की औसत आयु वही है. यदि इन दो बच्चों की आयु में 2 वर्ष का अन्तर हो, तो छोटे बच्चे की आयु कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. एक व्यक्ति तथा उसकी पत्नी की जिनका 7 वर्ष पूर्व विवाह हुआ, उस समय औसत आयु 25 वर्ष थी. अब यदि पत्नी तथा उनके एक बच्चे की औसत आयु 23 वर्ष है. बच्चे की वर्तमान आयु कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

8. गणित की एक परीक्षा में लड़कियों का औसत प्राप्तांक 73 तथा लड़कों का औसत प्राप्तांक 71 था. यदि इन सारे विद्यार्थियों का औसत प्राप्तांक 71·8 हो, तो कितने प्रतिशत लड़कियाँ तथा लड़के इस परीक्षा में बैठे ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

9. एक कक्षा में 50 छात्र हैं. एक 40 किग्रा० भार वाला छात्र विद्यालय छोड़कर चला जाता है तथा उसके स्थान पर एक नया विद्यार्थी प्रवेश लेता है. इससे औसत भार में 100 ग्राम की कमी हो जाती है. नये विद्यार्थी का भार कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

10. A तथा B की औसत आयु 20 वर्ष है; B तथा C की औसत आयु 19 वर्ष है तथा A और C की औसत आयु 21 वर्ष है. A, B तथा C में से प्रत्येक की आयु ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

11. 25 विद्यार्थियों का औसत भार 28·8 किग्रा० है. एक नये विद्यार्थी के प्रवेश लेने पर औसत भार में 300 ग्राम की कमी आ जाती है. नये विद्यार्थी का भार ज्ञात कीजिए.

12. किसी कक्षा में दो खण्ड A तथा B हैं जिनमें क्रमश: 35 तथा 40 विद्यार्थी हैं. एक परीक्षा में खण्ड A का औसत प्राप्तांक 64 तथा पूरी कक्षा का औसत प्राप्तांक 60 है. खण्ड B का औसत प्राप्तांक ज्ञात कीजिए.

13. 13 कुर्सियों तथा 5 मेजों का कुल मूल्य ₹ 8280 है. यदि प्रत्येक मेज का औसत मूल्य ₹ 1227 हो, तो प्रत्येक कुर्सी का औसत मूल्य कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

14. एक क्रिकेट टीम में 11 खिलाड़ियों में से कप्तान की आयु 25 वर्ष है तथा विकेट कीपर उससे 3 वर्ष बड़ा है. यदि इन दोनों को छोड़ दें तो शेष टीम की औसत आयु पूरी टीम की औसत आयु से 1 वर्ष कम हो जाती है. पूरी टीम की औसत आयु कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

15. एक क्रिकेट खिलाड़ी की 40 पारियों की औसत रन संख्या 50 है. किसी पारी में उस खिलाड़ी द्वारा प्राप्त अधिकतम एवं किसी एक पारी में उसके द्वारा प्राप्त न्यूनतम रन संख्याओं का अन्तर 172 है. यदि ये दो पारियाँ छोड़ दी जायें तो शेष 38 पारियों की औसत रन संख्या 48 है. उस खिलाड़ी द्वारा किसी पारी में प्राप्त अधिकतम रन संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**

16. कुछ व्यक्तियों के एक समूह में व्यापारियों का वर्ग A तथा नौकरी करने वालों का वर्ग B है. पूरे समूह की औसत आयु 27 वर्ष है. यदि वर्ग A के व्यक्तियों की औसत आयु 34 वर्ष तथा वर्ग B के व्यक्तियों की औसत आयु 24 वर्ष हो, तो पूरे समूह में व्यापारियों तथा नौकरी करने वालों में से प्रत्येक का प्रतिशत ज्ञात कीजिए.

17. 8 परिणामों का औसत 20 है. इनमें से प्रथम दो का औसत $15\frac{1}{2}$ तथा अगले तीन परिणामों का औसत $21\frac{1}{3}$ है. यदि छठा परिणाम सातवें से 4 कम तथा आठवें से 7 कम हो, तो अन्तिम परिणाम क्या है ?

18. एक समुद्री-जहाज किनारे से 40 किमी० दूरी पर है. इसमें एक छेद हो जाता है, जिससे 6 मिनट में $1\frac{7}{8}$ टन पानी अन्दर भर जाता है. 60 टन पानी इस जहाज को डुबोने के लिए पर्याप्त है. किन्तु जहाज में लगा एक निकासी पम्प 12 टन प्रति घण्टा की दर से पानी बाहर फेंक सकता है. जहाज की वह औसत गति ज्ञात करें जिससे वह जैसे ही डूबना आरम्भ करे, किनारे पर पहुँच जाये.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 6B)

1. $a = 15, b = 12, c = 18, d = 21$ **2.** 33·05 वर्ष **3.** 174 **4.** 8 **5.** 68 किग्रा०
6. 3 वर्ष **7.** 5 वर्ष **8.** लड़कियाँ = 40%, लड़के = 60% **9.** 35 किग्रा०
10. 22 वर्ष, 18 वर्ष, 20 वर्ष **11.** 21 किग्रा० **12.** 56·5 **13.** ₹ 165 **14.** 22 वर्ष **15.** 174
16. 30%, 70% **17.** 25 **18.** 4·5 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गए प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 6B

1. माना अभीष्ट संख्यायें a, b, c, d हैं. तब

$$\frac{a+b+c}{3}+d=36 \Rightarrow a+b+c+3d=108 \quad \ldots(i)$$

$$\frac{a+b+d}{3}+c=34 \Rightarrow a+b+3c+d=102 \quad \ldots(ii)$$

$$\frac{a+c+d}{3}+b=30 \Rightarrow a+3b+c+d=90 \quad \ldots(iii)$$

$$\frac{b+c+d}{3}+a=32 \Rightarrow 3a+b+c+d=96 \quad \ldots(iv)$$

सभी समीकरणों को जोड़ने पर $6(a+b+c+d)=396 \Rightarrow (a+b+c+d)=66 \quad \ldots(v)$

(i) में से (v) घटाने पर $2d=(108-66)=42 \Rightarrow d=21.$

(ii) में से (v) घटाने पर $2c=(102-66)=36 \Rightarrow c=18.$

(iii) में से (v) घटाने पर $2b=(90-66)=24 \Rightarrow b=12.$

(iv) में से (v) घटाने पर $2a=(96-66)=30 \Rightarrow a=15.$

अत: $a=15, b=12, c=18, d=21.$

2. माना स्त्रियों की संख्या $=11x$ तथा पुरुषों की संख्या $=10x$. तब

सारी जनसंख्या की औसत आयु $=\dfrac{(34\times 11x)+(32\times 10x)}{(11x+10x)}$

$$=\frac{(374x+320x)}{21x}=\frac{694x}{21x}=33\cdot 05 \text{ वर्ष.}$$

3. माना उच्चतम रन संख्या $=x$ तब न्यूनतम रन संख्या $=(x-172)$.

$(48\times 38)+x+(x-172)=(40\times 50)$

$\Rightarrow 1824+2x-172=2000 \Rightarrow 2x=(2172-1824)=348$

$\Rightarrow x=174.$

$\therefore$ उच्चतम रन संख्या $=174$.

4. माना पाँच क्रमागत धनात्मक पूर्णांक $x, (x+1), (x+2), (x+3)$ तथा $(x+4)$ हैं. तब

$x^2+(x+1)^2+(x+2)^2+(x+3)^2+(x+4)^2=(66\times 5)$

$\Rightarrow 5x^2+(2x+4x+6x+8x)+(1+4+9+16)=330$

$\Rightarrow 5x^2+20x=300 \Rightarrow x^2+4x-60=0$

$\Rightarrow (x+10)(x-6)=0 \Rightarrow x=6.$

अभीष्ट औसत $=\dfrac{x+(x+1)+(x+2)+(x+3)+(x+4)}{5}=\dfrac{(5x+10)}{5}=\dfrac{(5\times 6+10)}{5}=\dfrac{40}{5}=8.$

5. कुल भार में वृद्धि $=(1\times 8)$ किग्रा० $=8$ किग्रा०.

नये छात्र का भार $=(60+8)$ किग्रा० $=68$ किग्रा०.

6. 10 वर्ष पहले 4 सदस्यों की कुल आयु का योग $=(24\times 4)$ वर्ष $=96$ वर्ष.

इन 4 सदस्यों की वर्तमान आयु का योग $=(96+10\times 4)$ वर्ष $=136$ वर्ष.

अब 6 सदस्यों की आयु का कुल योग $=(24\times 6)$ वर्ष $=144$ वर्ष

दो बच्चों की आयु का कुल योग $=(144-136)$ वर्ष $=8$ वर्ष.

माना नये बच्चों की आयु क्रमश: x वर्ष तथा $(x+2)$ वर्ष है.

$\therefore x+(x+2)=8 \Rightarrow 2x=6 \Rightarrow x=3.$

इनमें से छोटे बच्चे की आयु $=3$ वर्ष.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. 7 वर्ष पूर्व पति एवं पत्नि की आयु का योग = (25 × 2) वर्ष = 50 वर्ष.
अब पति एवं पत्नि की आयु का योग = (50 + 7 × 2) वर्ष = 64 वर्ष.
अब पति, पत्नि एवं बच्चे की आयु का योग = (23 × 3) वर्ष = 69 वर्ष.
∴ बच्चे की वर्तमान आयु = (69 – 64) वर्ष = 5 वर्ष.

8. माना x लड़कियाँ तथा $(100 - x)$ लड़के परीक्षा में बैठे.
तब, $73x + 71 \times (100 - x) = 71 \cdot 8 \times 100$
$\Rightarrow (73x - 71x) = (7180 - 7100) \Rightarrow 2x = 80 \Rightarrow x = 40.$
∴ इस परीक्षा में 40% लड़कियाँ तथा 60% लड़के बैठे.

9. 50 छात्रों के औसत भार में कमी = 100 ग्राम प्रति छात्र.
50 छात्रों के कुल भार में कमी = (100×50) ग्राम = $\left(\frac{100 \times 50}{1000}\right)$ किग्रा० = 5 किग्रा०.
जाने वाले विद्यार्थी का भार = 40 किग्रा०.
नये विद्यार्थी का भार = (40 – 5) किग्रा० = 35 किग्रा०.

10. A तथा B की कुल आयु = (20 × 2) वर्ष = 40 वर्ष.
B तथा C की कुल आयु = (19 × 2) वर्ष = 38 वर्ष.
A तथा C की कुल आयु = (21 × 2) वर्ष = 42 वर्ष.
2 $(A + B + C)$ की कुल आयु = (40 + 38 + 42) वर्ष = 120 वर्ष.
∴ $(A + B + C)$ की कुल आयु = $\frac{120}{2}$ वर्ष = 60 वर्ष.
अत: C की आयु = (60 – 40) वर्ष = 20 वर्ष.
A की आयु = (60 – 38) वर्ष = 22 वर्ष.
B की आयु = (60 – 42) वर्ष = 18 वर्ष.

11. 25 विद्यार्थियों का औसत भार = 28·800 किग्रा०.
25 विद्यार्थियों का कुल भार = (28·8 × 25) किग्रा०. = 720 किग्रा०.
26 विद्यार्थियों का औसत भार = (28·500 – 0·300) किग्रा०. = 28·500 किग्रा०.
26 विद्यार्थियों का कुल भार = (28·500 × 26) किग्रा०. = 741 किग्रा०.
नये विद्यार्थी का भार = (741 – 720) किग्रा०. = 21 किग्रा०.

12. खण्ड A के औसत प्राप्तांक = 64
खण्ड A के कुल प्राप्तांक = (64 × 35) = 2240.
माना खण्ड B के औसत प्राप्तांक = x.
तब खण्ड B के कुल प्राप्तांक = $40x$.
पूरी कक्षा के औसत प्राप्तांक = 60.
पूरी कक्षा के कुल प्राप्तांक = (60 × 75) = 4500.
∴ $2240 + 40x = 4500 \Rightarrow 40x = (4500 - 2240) = 2260$
$$\Rightarrow x = \frac{2260}{40} = 56 \cdot 5.$$
अत: खण्ड B के औसत प्राप्तांक = 56·5.

13. माना प्रत्येक कुर्सी का औसत मूल्य = ₹ x.
तब, 13 कुर्सियों का कुल मूल्य = ₹ $(13x)$
5 मेजों का कुल मूल्य = ₹ (1227 × 5) = ₹ 6135.
∴ $6135 + 13x = 8280 \Rightarrow 13x = (8280 - 6135)$
$$\Rightarrow 13x = 2145 \Rightarrow x = \frac{2145}{13} = 165.$$
अत: प्रत्येक कुर्सी का औसत मूल्य = ₹ 165.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

14. माना पूरी टीम की औसत आयु = x वर्ष.

तब, पूरी टीम की कुल आयु का योग = $11x$ वर्ष.

दो खिलाड़ियों की आयु का योग = $(25 + 28)$ वर्ष = 53 वर्ष.

नौ खिलाड़ियों की आयु का योग = $(11x - 53)$ वर्ष.

$\therefore \frac{(11x-53)}{9} = (x-1) \Rightarrow 11x - 53 = 9x - 9 \Rightarrow 2x = (53-9) = 44 \Rightarrow x = 22.$

पूरी टीम की औसत आयु = 22 वर्ष.

15. माना अधिकतम रन संख्या = x.

तब, न्यूनतम रन संख्या = $(x - 172)$.

38 पारियों की औसत रन संख्या = 48.

38 पारियों की कुल रन संख्या = $(48 \times 38) = 1824$.

40 पारियों की कुल रन संख्या = $1824 + x + (x - 172) = (2x + 1652)$.

40 पारियों की औसत रन संख्या = 50.

$\therefore$ 40 पारियों की कुल रन संख्या = $(50 \times 40) = 2000$.

अत: $2x + 1652 = 2000 \Rightarrow 2x = (2000 - 1652) = 348$

$$\Rightarrow x = \frac{348}{2} = 174.$$

अत: अभीष्ट रन संख्या = 174.

16. माना वर्ग A में व्यक्तियों की संख्या = x.

तब, वर्ग B में व्यक्तियों की संख्या = $(100 - x)$.

वर्ग A में व्यक्तियों की औसत आयु = 34 वर्ष.

वर्ग A में व्यक्तियों की कुल आयु = $(34x)$ वर्ष.

वर्ग B में व्यक्तियों की औसत आयु = 24 वर्ष.

वर्ग B में व्यक्तियों की कुल आयु = $[24 \times (100 - x)]$ वर्ष.

पूरे समूह की कुल आयु = (27×100) वर्ष.

$\therefore 34x + 24(100 - x) = 2700 \Rightarrow (34x - 24x) = (2700 - 2400)$

$$\Rightarrow 10x = 300 \Rightarrow x = 30.$$

$\therefore$ व्यापारियों का प्रतिशत = 30%.

नौकरी वालों का प्रतिशत = $(100 - 30)\% = 70\%$.

17. 8 परिणामों का औसत = 20.

8 परिणामों का कुल परिमाण = $(20 \times 8) = 160$.

प्रथम दो परिणामों का औसत $= \left(\frac{31}{2}\right)$.

प्रथम दो परिणामों का कुल परिमाण $= \left(\frac{31}{2} \times 2\right) = 31$.

अगले 3 परिणामों का औसत $= \left(\frac{64}{3}\right)$.

अगले 3 परिणामों का कुल परिमाण $= \left(\frac{64}{3} \times 3\right) = 64$.

माना 8वाँ परिणाम = x. तब, छठा परिणाम = $(x - 7)$.

7वाँ परिणाम = $(x - 7 + 4) = (x - 3)$.

$\therefore 31 + 64 + x + (x - 7) + (x - 3) = 160$

$\Rightarrow 3x + 85 = 160 \Rightarrow 3x = 75 \Rightarrow x = 25.$

अत: 8वाँ परिणाम = 25.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

18. 6 मिनट में पानी का भराव $= \frac{15}{8}$ टन.

1 घण्टे में पानी का भराव $= \left(\frac{15}{8} \times \frac{1}{6} \times 60\right)$ टन $= \frac{75}{4}$ टन.

1 घण्टे में पानी की निकासी = 12 टन.

1 घण्टे में शुद्ध भराव $= \left(\frac{75}{4} - 12\right)$ टन $= \frac{27}{4}$ टन.

$\frac{27}{4}$ टन शुद्ध भराव है = 1 घण्टे में.

60 टन शुद्ध भराव होगा $= \left(1 \times \frac{4}{27} \times 60\right)$ घण्टे में $= \frac{80}{9}$ घण्टे में.

अत: 40 किमी० दूरी तय करने में लगा अधिकतम समय $= \frac{80}{9}$ घण्टे.

$\therefore$ जहाज की इच्छित औसत गति $= \frac{40}{(80/9)}$ किमी०/घण्टा $= \left(\frac{40 \times 9}{80}\right)$ किमी०/घण्टा = 4·5 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7 संख्याओं पर आधारित प्रश्न (PROBLEMS ON NUMBERS)

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. एक संख्या 54 से उतनी अधिक है जितनी 82 से कम. संख्या ज्ञात कीजिए.

हल : माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब

$$x - 54 = 82 - x \Rightarrow 2x = (82 + 54) = 136$$
$$\Rightarrow x = 68.$$

अभीष्ट संख्या = 68.

प्रश्न 2. किसी संख्या के 60% में 40 जोड़ने पर संख्या का 80% प्राप्त होता है. वह संख्या क्या है?

हल : माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब

(x का 60%) + 40 = (x का 80%)

$$\Rightarrow \left(x \times \frac{60}{100}\right) + 40 = \left(x \times \frac{80}{100}\right) \Rightarrow \frac{4x}{5} - \frac{3x}{5} = 40$$

$$\Rightarrow \frac{x}{5} = 40 \Rightarrow x = 200.$$

अभीष्ट संख्या = 200.

प्रश्न 3. एक संख्या के तीन-चौथाई का $\frac{2}{5}$ यदि 204 हो, तो संख्या क्या है?

हल : माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब

$$x \text{ का } \frac{3}{4} \text{ का } \frac{2}{5} = 204 \Rightarrow x \text{ का } \frac{3}{10} = 204$$

$$\Rightarrow x = \left(204 \times \frac{10}{3}\right) = 680.$$

अभीष्ट संख्या = 680.

प्रश्न 4. दो अंकों से बनी संख्या अपने अंकों के योग का 7 गुना है. अंक पलटने से प्राप्त संख्या मूल संख्या से 18 कम है. वह संख्या क्या है?

हल : माना दहाई अंक $= x$ तथा इकाई अंक $= y$.

$$10x + y = 7(x + y) \Rightarrow 3x - 6y = 0 \Rightarrow x = 2y \qquad \ldots(i)$$

$$(10x + y) - (10y + x) = 18 \Rightarrow 9(x - y) = 18 \Rightarrow x - y = 2 \qquad \ldots(ii)$$

$\therefore\ 2y - y = 2 \Rightarrow y = 2$ तथा $x = 4$.

$\therefore$ दहाई अंक = 4 तथा इकाई अंक = 2. अत: अभीष्ट संख्या = 42.

प्रश्न 5. किसी भिन्न के अंश तथा हर में से प्रत्येक में 1 जोड़ने पर $\frac{2}{3}$ प्राप्त होता है. इस भिन्न के अंश तथा हर प्रत्येक में से 1 घटाने पर $\frac{1}{2}$ प्राप्त होता है. वह भिन्न ज्ञात कीजिए.

हल : माना अभीष्ट भिन्न $= \frac{a}{b}$. तब

$$\frac{a+1}{b+1} = \frac{2}{3} \Rightarrow 3a + 3 = 2b + 2 \Rightarrow 3a - 2b = -1 \qquad \ldots(i)$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

तथा $\frac{a-1}{b-1}=\frac{1}{2} \Rightarrow 2a-2=b-1 \Rightarrow 2a-b=1$ ...(ii)

(ii) को 2 से गुणा करके (i) में से घटाने पर :

$(3a-2b)-2(2a-b)=-1-2 \Rightarrow -a=-3 \Rightarrow a=3.$

(i) में $a=3$ रखने पर $9-2b=-1 \Rightarrow 2b=10 \Rightarrow b=5.$

अभीष्ट भिन्न $=\frac{3}{5}.$

प्रश्न 6. एक भिन्न के अंश में 25% वृद्धि तथा हर में 20% कमी करने पर प्राप्त भिन्न $\frac{5}{8}$ है. मूल भिन्न क्या है?

हल : माना मूल भिन्न $\frac{a}{b}$ है. तब

$$\frac{a \text{ का } 125\%}{b \text{ का } 80\%}=\frac{5}{8} \Rightarrow \frac{25a}{16b}=\frac{5}{8} \Rightarrow \frac{a}{b}=\left(\frac{5}{8}\times\frac{16}{25}\right)=\frac{2}{5}.$$

$\therefore$ अभीष्ट भिन्न $=\frac{2}{5}.$

प्रश्न 7. दो संख्यायें इस प्रकार हैं कि पहली संख्या के तिगुने तथा दूसरी संख्या के दुगुने का योग 127 है. पहली संख्या के 5 गुने तथा दूसरी संख्या के 4 गुने का अन्तर 43 है. संख्यायें ज्ञात कीजिए.

हल : माना अभीष्ट संख्यायें a तथा b हैं. तब

$3a+2b=127$ ...(i)

तथा $5a-4b=43$ ...(ii)

(i) को 2 से गुणा करके (ii) में जोड़ने पर :

$(6a+4b)+(5a-4b)=(254+43) \Rightarrow 11a=297 \Rightarrow a=27.$

(i) में $a=27$ रखने पर :

$3\times27+2b=127 \Rightarrow 2b=(127-81)=46 \Rightarrow b=23.$

अत: अभीष्ट संख्यायें 27 तथा 23 हैं.

प्रश्नमाला 7A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. किसी संख्या का $\frac{2}{5}$ का $\frac{3}{7}$ यदि 198 हो, तो वह संख्या क्या है?

(a) 1055 (b) 1145 (c) 1155 (d) 1255

2. एक संख्या तथा उस संख्या का $\frac{3}{5}$ दोनों का अन्तर 50 है. संख्या कितनी है?

(a) 75 (b) 100 (c) 125 (d) इनमें से कोई नहीं

(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2009)

3. एक संख्या का $\frac{4}{5}$ उस संख्या के दो-तिहाई से 10 अधिक है. संख्या कितनी है?

(a) 70 (b) 75 (c) 69 (d) 85 (e) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

4. एक संख्या के चौथे व पाँचवें भागों का योग उसके तीसरे भाग से 28 बड़ा है. वह संख्या क्या है?

(a) 120 (b) 160 (c) 220 (d) 240

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. किसी संख्या के 60% का $\frac{3}{5}$ यदि 36 हो, तो वह संख्या कौन-सी है ?

(*a*) 100 (*b*) 80 (*c*) 75 (*d*) 90

6. 740 का 35% एक संख्या से 34 अधिक है. इस संख्या का $\frac{2}{5}$ कितना है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 45 (*b*) 90 (*c*) 180 (*d*) 120 (*e*) इनमें से कोई नहीं

7. किसी संख्या के 55% तथा उसी संख्या के 25% का अन्तर 11·10 है. उस संख्या का 75% कितना है ?

(*a*) 27·75 (*b*) 37 (*c*) 21·25 (*d*) 45 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

8. यदि एक भिन्न के अंश में 150% की वृद्धि कर दें तथा हर में 350% की वृद्धि कर दें, तो परिणामी भिन्न $\frac{25}{51}$ प्राप्त होता है. मूल भिन्न क्या है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) $\frac{11}{17}$ (*b*) $\frac{11}{15}$ (*c*) $\frac{15}{17}$ (*d*) $\frac{13}{15}$ (*e*) इनमें से कोई नहीं

9. एक संख्या की तीन-चौथाई का एक-तिहाई 30 है. संख्या क्या है ?

(*a*) 90 (*b*) 80 (*c*) 150 (*d*) 60 (*e*) इनमें से कोई नहीं

10. किसी संख्या के एक-तिहाई के एक-चौथाई का दो-तिहाई 6 है. वह संख्या क्या है ?

(*a*) 108 (*b*) 144 (*c*) 96 (*d*) 78 (*e*) इनमें से कोई नहीं

11. एक संख्या के $\frac{2}{3}$ तथा $\frac{3}{5}$ तथा उसी संख्या के $\frac{1}{4}$ का $\frac{2}{5}$, इन दोनों का अन्तर 288 है. वह संख्या क्या है ?

(*a*) 960 (*b*) 850 (*c*) 895 (*d*) 955 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

12. एक संख्या का $\frac{4}{5}$ उसी संख्या के दो-तिहाई से 10 अधिक है. वह संख्या कितनी है ?

(*a*) 70 (*b*) 75 (*c*) 69 (*d*) 85 (*e*) इनमें से कोई नहीं

13. एक संख्या में $(19)^2$ जोड़ने पर $(23)^2$ प्राप्त होता है. संख्या कितनी है ?

(*a*) 165 (*b*) 166 (*c*) 178 (*d*) 158 (*e*) इनमें से कोई नहीं

14. वह कौन-सी संख्या है जिसे 13 से गुणा करने पर उसमें 180 की वृद्धि हो जाती है ?

(*a*) 13 (*b*) 15 (*c*) 23 (*d*) 35 **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

15. किसी संख्या को 296 से भाग देने पर 75 शेष बचते हैं. उसी संख्या को 37 से भाग देने पर शेष क्या बचेगा ?

(*a*) 1 (*b*) 2 (*c*) 19 (*d*) 31 **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

16. किसी संख्या को 114 से भाग देने पर 21 शेष बचते हैं. उसी संख्या को 19 से भाग देने पर शेष क्या बचेगा ?

(*a*) 1 (*b*) 2 (*c*) 7 (*d*) 17 **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

17. छः क्रमागत प्राकृत संख्याओं में से पहली तीन संख्याओं का योग 27 हो, तो शेष तीन संख्याओं का योगफल कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 36 (*b*) 35 (*c*) 25 (*d*) 24

18. पाँच क्रमबद्ध विषम संख्याओं का योग 235 है. इनमें से बीच वाली विषम संख्या कौन-सी है ?

(*a*) 47 (*b*) 51 (*c*) 57 (*d*) 61

19. *A, B, C, D* तथा *E* निरन्तर पाँच विषम संख्यायें हैं. *A* तथा *C* का योग 146 है. *E* का मूल्य कितना है ?

(*a*) 75 (*b*) 81 (*c*) 71 (*d*) 79 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

20. a, b, c, d तथा e निरन्तर पाँच सम संख्यायें हैं. यदि a तथा b का योग 162 हो, तो सभी संख्याओं का योग कितना है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
(a) 400 (b) 380 (c) 420 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

21. क्रमागत पाँच संख्याओं का योग 270 है. दूसरी तथा पाँचवीं संख्याओं का योग कितना है ?
(a) 108 (b) 107 (c) 110 (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

22. यदि तीन क्रमागत प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 110 हो, तो इनमें सबसे छोटी प्राकृत संख्या क्या है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 8 (b) 6 (c) 7 (d) 5

23. दो पूर्ण संख्याओं का गुणनफल 37 है. इन संख्याओं के अन्तर का वर्गमूल कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 8 (b) 7·5 (c) 6 (d) 4·5

24. दो संख्याओं का गुणनफल 1092 है. इनका योग इनके अन्तर से 42 अधिक है. इनमें से बड़ी संख्या कौन-सी है ?
(a) 48 (b) 44 (c) 52 (d) 54 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

25. दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योग 61 है. ये संख्यायें हैं : **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2010)**
(a) 4 तथा 5 (b) 5 तथा 6 (c) 6 तथा 7 (d) – 6 तथा – 5

26. चार क्रमिक समसंख्याओं का योग 60 है. इन संख्याओं के वर्गों का योग कितना है ?
(a) 2423 (b) 2323 (c) 2424 (d) 920 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

27. चार क्रमिक समसंख्याओं का योग 156 है. इन संख्याओं के वर्गों का योग कितना होगा ?
(a) 6104 (b) 9156 (c) 7812 (d) 23716 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

28. दो उत्तरोत्तर संख्याओं का गुणनफल 9506 है. इन दोनों में से छोटी संख्या कौन-सी है ?
(a) 96 (b) 97 (c) 98 (d) 99 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

29. दो सतत् समसंख्याओं का गुणनफल 6888 है. इन दोनों में से बड़ी संख्या कौन-सी है ?
(a) 78 (b) 82 (c) 86 (d) 90 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)

30. दो धनपूर्णांकों का अन्तर 3 है तथा इनके वर्गों का अन्तर 33 है. ये पूर्णांक हैं :
(a) 5 तथा 8 (b) 6 तथा 9 (c) 7 तथा 4 (d) इनमें से कोई नहीं

31. एक संख्या के वर्ग का दुगुना उस संख्या के 11 गुने से 21 अधिक है. वह संख्या कौन-सी है ?
(a) 4 अथवा $\frac{-7}{2}$ (b) 7 अथवा $\frac{-3}{2}$ (c) 3 अथवा $\frac{-7}{2}$ (d) $\frac{9}{2}$ अथवा -4
(e) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)**

32. दो संख्यायें 1 : 5 के अनुपात में हैं तथा इनका गुणनफल 320 है. इन संख्याओं का योग कितना है ?
(a) 40 (b) 42 (c) 44 (d) 48

33. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 7 है. इनमें से प्रत्येक में 6 जोड़ने पर यह अनुपात 5 : 9 हो जाता है. ये संख्यायें हैं :
(a) 9 तथा 21 (b) 15 तथा 35 (c) 6 तथा 14 (d) 7 तथा 15

34. दो संख्यायें किसी तीसरी संख्या से क्रमशः 12·5% तथा 25% अधिक हैं. पहली संख्या, दूसरी संख्या के कितने प्रतिशत के बराबर है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 90% (b) 87·5% (c) 25% (d) 12·5%

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

35. यदि दो संख्यायें किसी तीसरी संख्या से क्रमश: 30% तथा 40% अधिक हों, तो पहली संख्या दूसरी संख्या का कितने प्रतिशत है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(*a*) 85% (*b*) $79\frac{1}{2}\%$ (*c*) $92\frac{6}{7}\%$ (*d*) $63\frac{2}{3}\%$

36. दो संख्यायें एक तीसरी संख्या से क्रमश: 30% तथा 37% कम हैं. दूसरी संख्या पहली संख्या से कितने प्रतिशत कम है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(*a*) 15% (*b*) 10% (*c*) 25% (*d*) 20%

37. तीन संख्याओं का अनुपात 3 : 4 : 6 है तथा इनका गुणनफल 1944 है. इनमें सबसे बड़ी संख्या क्या है ?

(*a*) 6 (*b*) 12 (*c*) 18 (*d*) इनमें से कोई नहीं

(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)

38. दो संख्याओं का अन्तर 3 है तथा इनके वर्गों का अन्तर 39 है. इनमें से बड़ी संख्या कितनी है ?

(*a*) 8 (*b*) 9 (*c*) 12 (*d*) 13 **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

39. दो संख्याओं का योग 15 है तथा इनके वर्गों का योग 113 है. इन संख्याओं का गुणनफल क्या होगा ?

(*a*) 48 (*b*) 54 (*c*) 56 (*d*) 50 **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

40. दो संख्याओं का योग 25 तथा अन्तर 13 है. इनका गुणनफल कितना है ?

(*a*) 104 (*b*) 114 (*c*) 315 (*d*) 325

41. दो संख्याओं के वर्गों का योग 3341 तथा इन संख्याओं के वर्गों का अन्तर 891 है. ये संख्यायें हैं :

(*a*) 46 तथा 25 (*b*) 46 तथा 35 (*c*) 36 तथा 25 (*d*) इनमें से कोई नहीं

(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)

42. दो संख्याओं का योग 34 तथा इनके वर्गों का योग 650 है. इन संख्याओं में से छोटी संख्या क्या है ?

(*a*) 11 (*b*) 13 (*c*) 15 (*d*) 16

43. ऐसी दो संख्यायें कौन-सी हैं जिनका अन्तर 5 हो तथा बड़ी संख्या को छोटी से भाग देने पर भागफल 5 हो ?

(*a*) 12 तथा 7 (*b*) 16 तथा 11 (*c*) 15 तथा $\frac{15}{2}$ (*d*) $\frac{25}{4}$ तथा $\frac{5}{4}$

44. तीन संख्याओं में से पहली व दूसरी का अनुपात 8 : 9 है जबकि दूसरी व तीसरी का अनुपात 3 : 4 है. यदि पहली तथा तीसरी संख्याओं का गुणनफल 2400 हो, तो दूसरी संख्या कितनी है ?

(*a*) 45 (*b*) 40 (*c*) 30 (*d*) 55

45. तीन संख्याओं में से पहली संख्या दूसरी संख्या से दुगुनी है तथा तीसरी संख्या की आधी है. यदि तीनों संख्याओं का औसत 56 हो, तो पहली तथा तीसरी संख्या का अन्तर कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

(*a*) 12 (*b*) 20 (*c*) 24 (*d*) 48

46. तीन संख्याओं का योग 102 है. यदि प्रथम तथा द्वितीय संख्याओं का अनुपात 2 : 3 हो तथा द्वितीय एवं तृतीय संख्याओं का अनुपात 5 : 3 हो, तो द्वितीय संख्या कौन-सी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

(*a*) 30 (*b*) 48 (*c*) 58 (*d*) इनमें से कोई नहीं

47. तीन संख्याओं में से पहली दो संख्याओं का योग 45 है. दूसरी संख्या तथा तीसरी संख्या का योग 55 है. तीसरी संख्या तथा पहली संख्या के तिगुने का योग 90 है. तीसरी संख्या क्या है ?

(*a*) 20 (*b*) 25 (*c*) 30 (*d*) 35

48. दो संख्याओं का योग 184 है. यदि एक संख्या का एक-तिहाई दूसरी संख्या के सातवें भाग से 8 अधिक हो, तो छोटी संख्या क्या है ?

(*a*) 64 (*b*) 72 (*c*) 76 (*d*) 84

49. दो संख्याओं का अन्तर 1365 है. बड़ी संख्या को छोटी संख्या से भाग देने पर भागफल 6 तथा शेषफल 15 प्राप्त होता है. इन दोनों में से छोटी संख्या क्या है ?

(*a*) 240 (*b*) 270 (*c*) 295 (*d*) 360

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

50. दो संख्याओं में 3 : 5 का अनुपात है तथा इनका लघुत्तम समापवर्त्य 300 है. इनमें से छोटी संख्या कौन-सी है ?
(a) 30 (b) 50 (c) 60 (d) 75 (एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

51. वह कौन-सी संख्या है जिसमें 27·5% कमी कर देने पर 87 प्राप्त होता है ?
(a) 120 (b) 110 (c) 135 (d) 58

52. किसी संख्या में 37·5% वृद्धि करने पर 33 प्राप्त होता है. वह संख्या क्या है ?
(a) 27 (b) 25 (c) 24 (d) 22

53. 3 के तीन क्रमागत गुणजों का योगफल 90 है. इनमें से सबसे बड़ी संख्या क्या है ?
(a) 27 (b) 30 (c) 33 (d) 66

54. $\frac{4^2}{9^2}$ के अंश तथा हर में से प्रत्येक में कितना जोड़ा जाये कि $\frac{4}{9}$ प्राप्त हो ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) 0 (b) 16 (c) 36 (d) 81

55. दो भिन्नों का गुणनफल $\frac{14}{15}$ तथा भागफल $\frac{35}{24}$ है. इनमें से बड़ी भिन्न क्या है ?
(a) $\frac{7}{4}$ (b) $\frac{7}{6}$ (c) $\frac{7}{3}$ (d) $\frac{4}{5}$ (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

56. दो संख्याओं के व्युत्क्रमों का योग $\frac{46}{21}$ तथा इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का अन्तर $\frac{10}{21}$ है. ये संख्यायें निम्न में से कौन-सी हैं ? (रेलवे परीक्षा, 2004)
(a) 3 तथा $\frac{3}{29}$ (b) $\frac{3}{21}$ तथा $\frac{5}{21}$ (c) $\frac{4}{3}$ तथा $\frac{6}{7}$ (d) $\frac{3}{4}$ तथा $\frac{7}{6}$

57. दो संख्याओं के योगफल तथा गुणनफल क्रमशः 11 तथा 18 हैं. इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का योगफल कितना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) $\frac{2}{11}$ (b) $\frac{11}{2}$ (c) $\frac{18}{11}$ (d) $\frac{11}{18}$

58. दो संख्याओं के योगफल तथा गुणनफल क्रमशः 12 और 35 हैं. इन संख्याओं के व्युत्क्रमों का योगफल कितना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{5}$ (c) $\frac{12}{35}$ (d) $\frac{35}{12}$

59. एक भिन्न के अंश में 20% तथा हर में 25% वृद्धि करने पर प्राप्त भिन्न $\frac{3}{5}$ है. मूल भिन्न क्या है ?
(a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{3}{8}$ (c) $\frac{5}{8}$ (d) निर्धारित नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं

60. एक भिन्न के अंश में 20% वृद्धि करने पर तथा हर में 5% कमी करने पर, नई भिन्न का मान $\frac{5}{2}$ हो जाता है. प्रारम्भिक भिन्न क्या है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) $\frac{24}{19}$ (b) $\frac{1}{6}$ (c) $\frac{95}{48}$ (d) $\frac{48}{95}$

61. एक भिन्न के अंश में $\frac{1}{4}$ जोड़ने तथा हर में से $\frac{1}{3}$ घटा देने पर प्राप्त भिन्न $\frac{33}{64}$ है. मूल भिन्न क्या है ?
(a) $\frac{9}{11}$ (b) $\frac{5}{7}$ (c) $\frac{3}{7}$ (d) $\frac{7}{9}$ (e) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(रेलवे परीक्षा, 2004)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

62. एक भिन्न के अंश तथा हर में से प्रत्येक में 1 जोड़ने पर $\frac{2}{3}$ प्राप्त होता है. मूल भिन्न क्या है ?

(*a*) $\frac{1}{2}$ (*b*) $\frac{5}{8}$ (*c*) $\frac{11}{17}$ (*d*) निर्धारित नहीं की जा सकती

(*e*) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)**

63. किसी भिन्न के अंश में से 2 घटाने पर तथा हर में 3 जोड़ने पर यह $\frac{1}{4}$ हो जाती है. किन्तु भिन्न के अंश में 6 जोड़ने पर तथा हर को 3 से गुणा करने पर यह $\frac{2}{3}$ हो जाती है. मूल भिन्न क्या है ?

(*a*) $\frac{1}{5}$ (*b*) $\frac{2}{5}$ (*c*) $\frac{4}{5}$ (*d*) $\frac{3}{5}$

64. एक भिन्न के अंश तथा हर का योग 11 है. यदि अंश में 1 जोड़ दें तथा हर में से 2 घटा दें तो भिन्न $\frac{2}{3}$ बन जाती है. यह भिन्न क्या है ? **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2004)**

(*a*) $\frac{3}{8}$ (*b*) $\frac{5}{6}$ (*c*) $\frac{1}{10}$ (*d*) $\frac{4}{7}$ (*e*) इनमें से कोई नहीं

65. किसी भिन्न के अंश तथा हर में से प्रत्येक में 1 जोड़ने पर $\frac{4}{5}$ प्राप्त होता है. इसी भिन्न के अंश तथा हर में से प्रत्येक से 5 घटाने पर $\frac{1}{2}$ प्राप्त होता है. यह भिन्न क्या है ?

(*a*) $\frac{1}{2}$ (*b*) $\frac{3}{2}$ (*c*) $\frac{5}{3}$ (*d*) $\frac{7}{9}$

66. दो ऐसी संख्यायें हैं कि पहली संख्या के दुगुने तथा दूसरी संख्या के तिगुने का योग 36 है. पहली संख्या के तिगुने तथा दूसरी संख्या के दुगुने का योग 39 है. इनमें से छोटी संख्या कौन-सी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)**

(*a*) 9 (*b*) 5 (*c*) 7 (*d*) 3 (*e*) इनमें से कोई नहीं

67. दो संख्यायें ऐसी हैं कि पहली को 2 बार तथा दूसरी को 3 बार जोड़ने पर योग 100 प्राप्त होता है. पहली संख्या को 3 बार तथा दूसरी को 2 बार जोड़ने पर योग 120 प्राप्त होता है. बड़ी संख्या कौन-सी है ?

(*a*) 32 (*b*) 12 (*c*) 14 (*d*) 35 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

68. एक द्विअंकीय संख्या के अंकों को परस्पर बदलने से प्राप्त संख्या मूल संख्या से 63 कम है. यदि संख्या के अंकों का योग 11 हो, तो मूल संख्या क्या है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 29 (*b*) 92 (*c*) 74 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(*e*) इनमें से कोई नहीं

69. एक द्विअंकीय संख्या के अंकों को परस्पर बदलने से प्राप्त संख्या मूल संख्या से 18 अधिक है. संख्या के अंकों का योग 6 हो, तो मूल संख्या क्या है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 64 (*b*) 46 (*c*) 42 (*d*) 24 (*e*) इनमें से कोई नहीं

70. एक द्विअंकीय संख्या के दोनों अंकों के स्थान परस्पर बदलने पर प्राप्त संख्या मूल संख्या से 27 कम है. संख्या के अंक 1 : 2 के अनुपात में हों, तो मूल संख्या क्या है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 36 (*b*) 63 (*c*) 48 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(*e*) इनमें से कोई नहीं

71. एक द्विअंकीय धनात्मक संख्या में इकाई का अंक दहाई के अंक के वर्ग के बराबर है. मूल संख्या तथा इसके अंकों को परस्पर बदलने पर प्राप्त संख्या का अन्तर 54 है. मूल संख्या का 40% कितना है ?

(*a*) 15·6 (*b*) 39 (*c*) 37·2 (*d*) 24 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

72. दो अंकों की एक संख्या अपने अंकों के योग से तिगुनी है. इस संख्या में 45 जोड़ने पर इसके अंक पलट जाते हैं. यह संख्या क्या है ? (जीवन बीमा परीक्षा, 2006)

(a) 23 (b) 27 (c) 32 (d) 72

73. दो भिन्नों के हर क्रमशः 5 तथा 7 हैं. इन दोनों भिन्नों का योग $\frac{41}{35}$ है तथा इन भिन्नों के अंश परस्पर पलट देने से भिन्नों का योग $\frac{43}{35}$ हो जाता है. ये भिन्नें हैं : (बी०सी०ए० परीक्षा, 2008)

(a) $\frac{2}{5}$ तथा $\frac{4}{7}$ (b) $\frac{3}{5}$ तथा $\frac{4}{7}$ (c) $\frac{4}{5}$ तथा $\frac{2}{7}$ (d) $\frac{3}{5}$ तथा $\frac{5}{7}$

74. एक भिन्न में अंश का दुगुना हर से 2 अधिक है. अंश तथा हर प्रत्येक में 3 जोड़ने पर परिणामी भिन्न $\frac{2}{3}$ प्राप्त होती है. मूल भिन्न क्या है ?

(a) $\frac{5}{18}$ (b) $\frac{6}{13}$ (c) $\frac{13}{6}$ (d) $\frac{7}{12}$ (e) इनमें से कोई नहीं

75. एक परीक्षा में एक छात्र को किसी संख्या का $\frac{3}{14}$ ज्ञात करना था. त्रुटिवश उसने संख्या का $\frac{3}{4}$ ज्ञात किया. इससे उसका उत्तर सही उत्तर से 150 अधिक था. वह संख्या क्या है ? (रेलवे परीक्षा, 2005)

(a) 140 (b) 70 (c) 210 (d) 280

76. किसी विद्यार्थी को एक संख्या को 12 से गुणा करने को कहा गया. त्रुटिवश उसने उस संख्या को 21 से गुणा कर दिया. इस प्रकार उसका उत्तर सही उत्तर से 63 अधिक था. जिस संख्या को गुणा करना था वह संख्या कौन-सी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 12

77. किसी संख्या का द्विगुण वर्ग 18 का घन है. यह संख्या है :

(a) 54 (b) 108 (c) 432 (d) इनमें से कोई नहीं

78. यदि 11 क्रमागत धनपूर्णांकों का योगफल 2761 हो, तो इनमें से मध्य संख्या क्या होगी ?

(a) 249 (b) 250 (c) 251 (d) 252

79. एक संख्या को 4 से भाग देने पर भागफल, संख्या से 21 कम हो जाता है. वह संख्या है :

(a) 40 (b) 32 (c) 28 (d) 24

80. दो संख्याओं का योगफल 23 तथा गुणनफल 120 है. इनके वर्गों का योग होगा :

(a) 289 (b) 324 (c) 240 (d) इनमें से कोई नहीं

81. किसी भिन्न का अंश 2 कम करने से भिन्न का मान $\frac{1}{3}$ हो जाता है. यदि मूल भिन्न का हर, अंश से 4 अधिक हो, तो मूल भिन्न क्या है ?

(a) $\frac{3}{7}$ (b) $\frac{7}{11}$ (c) $\frac{5}{9}$ (d) $\frac{9}{13}$

82. किसी संख्या के एक-चौथाई का एक-तिहाई भाग 15 है. उस संख्या का $\frac{3}{10}$ वाँ भाग क्या होगा ?

(a) 35 (b) 36 (c) 45 (d) 54

83. यदि किसी दो अंकों की एक संख्या के अंक परस्पर पलट दिये जायें तथा इस प्रकार प्राप्त संख्या का आधा किया जाये तो परिणामी संख्या मूल संख्या से 14 कम है. यदि मूल संख्या के अंकों का अन्तर 2 हो, तो मूल संख्या क्या है ?

(a) 46 (b) 64 (c) 68 (d) 86 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 7A)

1. (c)	2. (c)	3. (e)	4. (d)	5. (a)	6. (b)	7. (a)	8. (c)	9. (e)	10. (a)
11. (a)	12. (b)	13. (e)	14. (b)	15. (a)	16. (b)	17. (a)	18. (a)	19. (d)	20. (c)
21. (e)	22. (d)	23. (c)	24. (c)	25. (b)	26. (d)	27. (a)	28. (b)	29. (e)	30. (c)
31. (b)	32. (d)	33. (a)	34. (a)	35. (c)	36. (b)	37. (c)	38. (a)	39. (c)	40. (b)
41. (b)	42. (a)	43. (d)	44. (a)	45. (d)	46. (d)	47. (c)	48. (b)	49. (b)	50. (c)
51. (a)	52. (c)	53. (c)	54. (c)	55. (b)	56. (d)	57. (d)	58. (c)	59. (c)	60. (c)
61. (e)	62. (a)	63. (c)	64. (a)	65. (d)	66. (e)	67. (a)	68. (b)	69. (d)	70. (b)
71. (a)	72. (b)	73. (b)	74. (d)	75. (d)	76. (a)	77. (a)	78. (c)	79. (c)	80. (a)
81. (c)	82. (d)	83. (a)							

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 7A

1. माना अभीष्ट संख्या x. तब x का $\frac{2}{5}$ का $\frac{3}{7} = 198$.

$\therefore\ x\times\frac{6}{35}=198 \Rightarrow x=\left(198\times\frac{35}{6}\right)=(33\times35)=1155.$

अत: संख्या = 1155.

2. माना अभीष्ट संख्या = x. तब $x-x$ का $\frac{3}{5}=50$.

$\therefore\ x-\frac{3x}{5}=50 \Rightarrow (5x-3x)=250 \Rightarrow 2x=250 \Rightarrow x=125.$

अत: अभीष्ट संख्या = 125.

3. माना अभीष्ट संख्या = x. तब, $\frac{4x}{5}-\frac{2x}{3}=10$

$\therefore\ 12x-10x=150 \Rightarrow 2x=150 \Rightarrow x=75.$

अत: अभीष्ट संख्या = 75.

4. माना अभीष्ट संख्या = x. तब, $\frac{x}{4}+\frac{x}{5}=\frac{x}{3}+28$

$\therefore\ \frac{x}{4}+\frac{x}{5}-\frac{x}{3}=28 \Rightarrow 15x+12x-20x=1680$

$\Rightarrow 7x=1680 \Rightarrow x=240.$

अभीष्ट संख्या = 240.

5. माना अभीष्ट संख्या = x. तब, x का 60% का $\frac{3}{5}=36$.

$\therefore\ x\times\frac{60}{100}\times\frac{3}{5}=36 \Rightarrow \frac{9x}{25}=36 \Rightarrow x=\frac{36\times25}{9}=100.$

अभीष्ट संख्या = 100.

6. माना अभीष्ट संख्या = x. तब,

740 का 35% $= x+34 \Rightarrow 740\times\frac{35}{100}=x+34$

$\Rightarrow x=(259-34)=225.$

इस संख्या का $\frac{2}{5}=x$ का $\frac{2}{5}=\left(225\times\frac{2}{5}\right)=90.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब x का 55% $- x$ का 25% $= 11 \cdot 10$.

x का $(55-25)\% = 11 \cdot 10 \Rightarrow x$ का $30\% = 11 \cdot 10$

$\Rightarrow x \times \frac{30}{100} = 11 \cdot 10 \Rightarrow x = \frac{11 \cdot 10 \times 100}{30} = \frac{1110}{30} = 37.$

उस संख्या का 75% = (37 का 75%) $= \left(37 \times \frac{75}{100}\right) = \left(37 \times \frac{3}{4}\right) = \frac{111}{4} = 27 \cdot 75.$

8. माना भिन्न $= \frac{a}{b}$. तब $\frac{a \text{ का } 250\%}{b \text{ का } 450\%} = \frac{\left(a \times \frac{250}{100}\right)}{\left(b \times \frac{450}{100}\right)} = \frac{5a}{9b}$.

$\therefore \frac{5a}{9b} = \frac{25}{51} \Rightarrow \frac{a}{b} = \left(\frac{25}{51} \times \frac{9}{5}\right) = \frac{15}{17}.$

9. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब x का $\frac{3}{4}$ का $\frac{1}{3} = 30$

$\therefore \frac{x}{4} = 30 \Rightarrow x = 120.$

अत: अभीष्ट संख्या = 120.

10. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब x का $\frac{1}{3}$ का $\frac{1}{4}$ का $\frac{2}{3} = 6$.

$\therefore \frac{x}{18} = 6 \Rightarrow x = (18 \times 6) = 108.$

अत: अभीष्ट संख्या = 108.

11. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब, x का $\frac{2}{3}$ का $\frac{3}{5} - x$ का $\frac{1}{4}$ का $\frac{2}{5} = 288$

$\therefore \frac{2x}{5} - \frac{x}{10} = 288 \Rightarrow 4x - x = 288 \times 10 \Rightarrow 3x = 288 \times 10$

$\therefore x = \frac{288 \times 10}{3} = 960.$

अत: अभीष्ट संख्या = 960.

12. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब $\frac{4x}{5} - \frac{2x}{3} = 10$

$\therefore 12x - 10x = 150 \Rightarrow 2x = 150 \Rightarrow x = 75.$

अत: अभीष्ट संख्या = 75.

13. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब, $x + (19)^2 = (23)^2$

$\therefore x = (23)^2 - (19)^2 = (23+19)(23-19) = (42 \times 4) = 168.$

14. माना अभीष्ट संख्या $= x$. तब, $13x - x = 180.$

$\therefore 12x = 180 \Rightarrow x = 15.$

अभीष्ट संख्या = 15.

15. माना संख्या $= x$. इसे 296 से भाग देने पर माना भागफल $= q$ तथा शेषफल = 75.

तब, $x = 296 \times q + 75 \Rightarrow x = 37 \times 8q + 37 \times 2 + 1$

$\Rightarrow x = 37 \times (8q + 2) + 1.$

अत: उस संख्या को 37 से भाग देने पर, शेषफल = 1.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

16. माना संख्या = x. इसे 114 से भाग देने पर माना भागफल = q तथा शेषफल = 21.

तब, $x = 114 \times q + 21 \Rightarrow x = 19 \times 6q + 19 \times 1 + 2$

$\Rightarrow x = 19 \times (6q + 1) + 2$

अत: उस स्थान को 19 से भाग देने पर शेषफल = 2.

17. माना छ: क्रमागत प्राकृत संख्यायें $x, x+1, x+2, x+3, x+4$ तथा $x+5$ हैं. तब

$x + x + 1 + x + 2 = 27 \Rightarrow 3x + 3 = 27 \Rightarrow 3x = 24 \Rightarrow x = 8.$

अभीष्ट योग $= x + 3 + x + 4 + x + 5 = 3x + 12 = (3 \times 8 + 12) = 36.$

18. माना 5 क्रमबद्ध विषम संख्यायें $x, x+2, x+4, x+6$ तथा $x+8$ हैं.

तब, $x + x + 2 + x + 4 + x + 6 + x + 8 = 235 \Rightarrow 5x + 20 = 235$

$\therefore 5x = 215 \Rightarrow x = 43.$

बीच वाली विषम संख्या $= x + 4 = (43 + 4) = 47.$

19. माना $A = x, B = x+2, C = x+4, D = x+6$ तथा $E = x+8$ दी गई 5 विषम संख्यायें हैं. तब,

$A + C = 146 \Rightarrow x + x + 4 = 146 \Rightarrow 2x = 142 \Rightarrow x = 71.$

$\therefore E = x + 8 = (71 + 8) = 79.$

20. माना $a = x, b = x+2, c = x+4, d = x+6, e = x+8$ दी गई 6 समसंख्यायें हैं.

तब, $a + b = 162 \Rightarrow x + x + 2 = 162 \Rightarrow 2x = 160 \Rightarrow x = 80.$

सभी संख्यायों का योग $= (5x + 20) = (5 \times 80 + 20) = 420.$

21. माना पाँच क्रमागत संख्यायें $x, x+1, x+2, x+3$ तथा $x+4$ हैं.

तब, $x + x + 1 + x + 2 + x + 3 + x + 4 = 270 \Rightarrow 5x + 10 = 270$

$\Rightarrow 5x = 260 \Rightarrow x = 52.$

(दूसरी + पाँचवीं) $= (x+1) + (x+4) = (2x+5) = (2 \times 52 + 5) = 109.$

22. माना तीन क्रमागत प्राकृत संख्यायें $x, x+1$ तथा $x+2$ हैं. तब

$x^2 + (x+1)^2 + (x+2)^2 = 110 \Rightarrow 3x^2 + 6x + 5 = 110$

$\therefore 3x^2 + 6x - 105 = 0 \Rightarrow x^2 + 2x - 35 = 0 \Rightarrow x^2 + 7x - 5x - 35 = 0$

$\Rightarrow x(x+7) - 5(x+7) = 0 \Rightarrow (x+7)(x-5) = 0$

$\Rightarrow x = 5$ [$\because x = -7$ मान्य नहीं है]

$\therefore$ इनमें सबसे छोटी प्राकृत संख्या = 5.

23. स्पष्ट है कि ये पूर्ण संख्यायें 37 तथा 1 हैं.

इनके अन्तर का वर्गमूल $= \sqrt{37 - 1} = \sqrt{36} = 6.$

24. माना ये संख्यायें a तथा b हैं. तब

$(a+b) - (a-b) = 42 \Rightarrow 2b = 42 \Rightarrow b = 21.$

$a \times b = 1092 \Rightarrow a \times 21 = 1092 \Rightarrow a = \frac{1092}{21} = 52.$

इनमें से बड़ी संख्या = 52.

25. माना अभीष्ट प्राकृत संख्यायें x तथा $(x+1)$ हैं. तब

$x^2 + (x+1)^2 = 61 \Rightarrow 2x^2 + 2x - 60 = 0$

$\Rightarrow x^2 + x - 30 = 0 \Rightarrow x^2 + 6x - 5x - 30 = 0$

$\Rightarrow x(x+6) - 5(x+6) = 0 \Rightarrow (x+6)(x-5) = 0$

$\Rightarrow x = 5$ [$\because x = -6$ एक प्राकृत संख्या नहीं है]

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

26. माना चार क्रमिक समसंख्यायें $x, x+2, x+4$ तथा $x+6$ हैं.

तब, $x+x+2+x+4+x+6=60 \Rightarrow 4x+12=60 \Rightarrow 4x=48 \Rightarrow x=12.$

ये संख्यायें हैं : 12, 14, 16 तथा 18.

इनके वर्गों का योग $=(12)^2+(14)^2+(16)^2+(18)^2$

$=(144+196+256+324)=920.$

27. माना चार क्रमिक समसंख्यायें क्रमशः $x, x+2, x+4$ तथा $x+6$ हैं. तब,

$x+x+2+x+4+x+6=156 \Rightarrow 4x+12=156 \Rightarrow 4x=144 \Rightarrow x=36.$

$\therefore$ ये संख्यायें 36, 38, 40 तथा 42 हैं.

इनके वर्गों का योग $=(36)^2+(38)^2+(40)^2+(42)^2$

$=1296+1600+\left[(40-2)^2+(40+2)^2\right]$

$=2896+2\times\left[(40)^2+2^2\right]=2896+2\times1604$

$=2896+3208=6104.$

28. माना ये संख्यायें x तथा $(x+1)$ हैं. तब

$x(x+1)=9506=97\times98 \Rightarrow x=97$

अतः अभीष्ट संख्या = 97.

29. माना ये संख्यायें x तथा $(x+2)$ हैं. तब

$x(x+2)=6888 \Rightarrow 41\times2\times4\times3\times7=82\times84.$

अतः अभीष्ट संख्या = 84.

30. माना अभीष्ट धनपूर्णांक a तथा $a+3$ हैं. तब

$(a+3)^2-a^2=33 \Rightarrow 6a+9=33 \Rightarrow 6a=24 \Rightarrow a=4.$

$\therefore$ अभीष्ट धनपूर्णांक 7 तथा 4 हैं.

31. माना अभीष्ट संख्या $=x$. तब

$2x^2-11x=21 \Rightarrow 2x^2-11x-21=0$

$\Rightarrow 2x^2-14x+3x-21=0 \Rightarrow 2x(x-7)+3(x-7)=0$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 9B)

1. 1 **2.** 3·464 **3.** 0·072 **4.** 3 **5.** 0·707 **6.** $a=\frac{3}{7}$, $b=\frac{4}{21}$ **7.** 0·102 **8.** 0·415 **9.** 7·07

10. 5·398 **13.** $\sqrt{3}$ **14.** (*i*) 194 (*ii*) 4 **17.** $2\frac{11}{12}$ **19.** $\frac{5}{16}$ **20.** $\frac{3}{20}$ **21.** $\frac{6}{85}$ **22.** $\frac{5}{126}$ **23.** $\frac{11}{12}$ **24.** $\frac{2}{3}$

दिये गए प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 9B

1. $x=\frac{1}{(2+\sqrt{3})}\times\frac{(2-\sqrt{3})}{(2-\sqrt{3})}=\frac{(2-\sqrt{3})}{(4-3)}=(2-\sqrt{3}).$

$\therefore\ x^2=(2-\sqrt{3})^2=(4+3-4\sqrt{3})=(7-4\sqrt{3})$

तथा $x^3=(7-4\sqrt{3})(2-\sqrt{3})=(14+12-15\sqrt{3})=(26-15\sqrt{3}).$

$\therefore\ \frac{(3x-x^3)}{(1-3x^2)}=\frac{(6-3\sqrt{3})-(26-15\sqrt{3})}{\{1-(21-12\sqrt{3})\}}=\frac{(-20+12\sqrt{3})}{(-20+12\sqrt{3})}=1.$

2. दिया गया व्यंजक $=\frac{(\sqrt{6}+\sqrt{2})}{(\sqrt{6}-\sqrt{2})}+\frac{(2+\sqrt{3})}{2\sqrt{3}}=\frac{(\sqrt{6}+\sqrt{2})}{(\sqrt{6}-\sqrt{2})}\times\frac{2\sqrt{3}}{(2+\sqrt{3})}$

$=\frac{(\sqrt{6}+\sqrt{2})}{(\sqrt{6}-\sqrt{2})}\times\frac{(\sqrt{6}+\sqrt{2})}{(\sqrt{6}+\sqrt{2})}\times\frac{2\sqrt{3}}{(2+\sqrt{3})}\times\frac{(2-\sqrt{3})}{(2-\sqrt{3})}=\frac{(\sqrt{6}+\sqrt{2})^2\times(4\sqrt{3}-6)}{(6-2)\times(4-3)}$

$=\frac{(6+2+2\sqrt{12})\times(4\sqrt{3}-6)}{4\times1}=\frac{(8+4\sqrt{3})(4\sqrt{3}-6)}{4}$

$=\frac{4(2+\sqrt{3})(4\sqrt{3}-6)}{4}=(2+\sqrt{3})(4\sqrt{3}-6)=(8\sqrt{3}-12+12-6\sqrt{3})=2\sqrt{3}$

$=(2\times1\cdot732)=(3\cdot464).$

3. दिया गया व्यंजक $=\frac{(2-\sqrt{3})}{(2+\sqrt{3})}\times\frac{(2-\sqrt{3})}{(2-\sqrt{3})}=\frac{(2-\sqrt{3})^2}{(4-3)}=(4+3-4\sqrt{3})$

$=(7-4\sqrt{3})=(7-4\times1\cdot732)=(7-6\cdot928)=0\cdot072.$

4. दिया गया व्यंजक $=3+\frac{1}{\sqrt{3}}\times\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3}}+\frac{1}{(3+\sqrt{3})}\times\frac{(3-\sqrt{3})}{(3-\sqrt{3})}-\frac{1}{(3-\sqrt{3})}\times\frac{(3+\sqrt{3})}{(3+\sqrt{3})}$

$=3+\frac{\sqrt{3}}{3}+\frac{(3-\sqrt{3})}{(9-3)}-\frac{(3+\sqrt{3})}{(9-3)}=3+\frac{\sqrt{3}}{3}+\frac{(3-\sqrt{3})}{6}-\frac{(3+\sqrt{3})}{6}$

$=3+\frac{\sqrt{3}}{3}+\frac{(3-\sqrt{3})-(3+\sqrt{3})}{6}=3+\frac{\sqrt{3}}{3}-\frac{\sqrt{3}}{3}=3.$

5. $\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{6}}=\frac{\sqrt{3}}{\sqrt{6}}\times\frac{\sqrt{6}}{\sqrt{6}}=\frac{\sqrt{3\times6}}{6}=\frac{\sqrt{18}}{6}=\frac{\sqrt{2\times9}}{6}=\frac{3\sqrt{2}}{6}=\frac{\sqrt{2}}{2}=\frac{1\cdot414}{2}=0\cdot707.$

6. $\frac{(2\sqrt{6}-\sqrt{5})}{(3\sqrt{5}-2\sqrt{6})}=\frac{(2\sqrt{6}-\sqrt{5})}{(3\sqrt{5}-2\sqrt{6})}\times\frac{(3\sqrt{5}+2\sqrt{6})}{(3\sqrt{5}+2\sqrt{6})}=\frac{(2\sqrt{6}-\sqrt{5})(3\sqrt{5}+2\sqrt{6})}{(45-24)}$

$=\frac{(6\sqrt{30}-2\sqrt{30}+24-15)}{21}=\frac{(4\sqrt{30}+9)}{21}=\left(\frac{9}{21}+\frac{4\sqrt{30}}{21}\right)=\left(\frac{3}{7}+\frac{4\sqrt{30}}{21}\right)$

$\therefore\ (a+\sqrt{30}\,b)=\left(\frac{3}{7}+\sqrt{30}\times\frac{4}{21}\right)\Rightarrow a=\frac{3}{7}$ तथा $b=\frac{4}{21}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. $\frac{(3-\sqrt{5})}{(3+2\sqrt{5})}=\frac{(3-\sqrt{5})}{(3+2\sqrt{5})}\times\frac{(3-2\sqrt{5})}{(3-2\sqrt{5})}=\frac{(3-\sqrt{5})(3-2\sqrt{5})}{(9-20)}$

$$=\frac{(9+10)-6\sqrt{5}-3\sqrt{5}}{-11}=\frac{19-9\sqrt{5}}{-11}=\left(\frac{9}{11}\times\sqrt{5}-\frac{19}{11}\right)$$

$$=\frac{(9\sqrt{5}-19)}{11}=\frac{(9\times2\cdot236-19)}{11}=\frac{(20\cdot124-19)}{11}=\frac{1\cdot124}{11}=0\cdot102.$$

8. दिया गया व्यंजक $=\frac{1}{\{(3+\sqrt{5})-2\sqrt{2}\}}\times\frac{(3+\sqrt{5})+2\sqrt{2}}{(3+\sqrt{5})+2\sqrt{2}}$

$$=\frac{(3+\sqrt{5})+2\sqrt{2}}{(3+\sqrt{5})^2-8}=\frac{(3+\sqrt{5})+2\sqrt{2}}{(9+5+6\sqrt{5}-8)}=\frac{3+\sqrt{5}+2\sqrt{2}}{6+6\sqrt{5}}$$

$$=\frac{(3+\sqrt{5}+2\sqrt{2})}{6(\sqrt{5}+1)}\times\frac{(\sqrt{5}-1)}{(\sqrt{5}-1)}=\frac{3\sqrt{5}-3+5-\sqrt{5}+2\sqrt{10}-2\sqrt{2}}{6(5-1)}$$

$$=\frac{2+2\sqrt{5}+2\sqrt{10}-2\sqrt{2}}{24}=\frac{(1+\sqrt{5}+\sqrt{10}-\sqrt{2})}{12}$$

$$=\frac{(1+2\cdot236+3\cdot162-1\cdot414)}{12}=\frac{4\cdot984}{12}=0\cdot415.$$

9. दिया गया व्यंजक $=(\sqrt{9\times7}+\sqrt{4\times7}-\sqrt{25\times7}+\sqrt{81\times2}-\sqrt{16\times2})$

$$=(3\sqrt{7}+2\sqrt{7}-5\sqrt{7}+9\sqrt{2}-4\sqrt{2})=5\sqrt{2}=(5\times1\cdot414)=7\cdot07.$$

10. दिया गया व्यंजक $=\frac{15}{\sqrt{10}+\sqrt{4\times5}+\sqrt{4\times10}-\sqrt{5}-\sqrt{16\times5}}$

$$=\frac{15}{(\sqrt{10}+2\sqrt{5}+2\sqrt{10}-\sqrt{5}-4\sqrt{5})}=\frac{15}{(3\sqrt{10}-3\sqrt{5})}$$

$$=\frac{15}{3(\sqrt{10}-\sqrt{5})}\times\frac{(\sqrt{10}+\sqrt{5})}{(\sqrt{10}+\sqrt{5})}=\frac{5\times(\sqrt{10}+\sqrt{5})}{(10-5)}=(\sqrt{10}+\sqrt{5})$$

$$=(3\cdot162+2\cdot236)=5\cdot398.$$

11. $\frac{7\sqrt{3}}{(\sqrt{10}+\sqrt{3})}=\frac{7\sqrt{3}}{(\sqrt{10}+\sqrt{3})}\times\frac{(\sqrt{10}-\sqrt{3})}{(\sqrt{10}-\sqrt{3})}=\frac{7\sqrt{3}(\sqrt{10}-\sqrt{3})}{(10-3)}=\sqrt{3}(\sqrt{10}-\sqrt{3})=(\sqrt{30}-3).$

$$\frac{2\sqrt{5}}{(\sqrt{6}+\sqrt{5})}=\frac{2\sqrt{5}}{(\sqrt{6}+\sqrt{5})}\times\frac{(\sqrt{6}-\sqrt{5})}{(\sqrt{6}-\sqrt{5})}=\frac{2\sqrt{5}(\sqrt{6}-\sqrt{5})}{(6-5)}=2\sqrt{5}(\sqrt{6}-\sqrt{5})=2\sqrt{30}-10.$$

$$\frac{3\sqrt{2}}{(\sqrt{15}+3\sqrt{2})}=\frac{3\sqrt{2}}{(\sqrt{15}+3\sqrt{2})}\times\frac{(\sqrt{15}-3\sqrt{2})}{(\sqrt{15}-3\sqrt{2})}=\frac{3\sqrt{2}(\sqrt{15}-3\sqrt{2})}{(15-18)}=-\sqrt{2}(\sqrt{15}-3\sqrt{2})=(6-\sqrt{30}).$$

$\therefore$ बायाँ पक्ष $=(\sqrt{30}-3)-(2\sqrt{30}-10)-(6-\sqrt{30})$

$=(\sqrt{30}-2\sqrt{30}+\sqrt{30})-3+10-6=1=$ दायाँ पक्ष.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

12. $\frac{1}{(3-\sqrt{8})}=\frac{1}{(3-\sqrt{8})}\times\frac{(3+\sqrt{8})}{(3+\sqrt{8})}=\frac{(3+\sqrt{8})}{(9-8)}=(3+\sqrt{8}).$

$\frac{1}{(\sqrt{8}-\sqrt{7})}=\frac{1}{(\sqrt{8}-\sqrt{7})}\times\frac{(\sqrt{8}+\sqrt{7})}{(\sqrt{8}+\sqrt{7})}=\frac{(\sqrt{8}+\sqrt{7})}{(8-7)}=(\sqrt{8}+\sqrt{7}).$

इसी प्रकार, $\frac{1}{(\sqrt{7}-\sqrt{6})}=(\sqrt{7}+\sqrt{6}), \frac{1}{(\sqrt{6}-\sqrt{5})}=(\sqrt{6}+\sqrt{5}), \frac{1}{(\sqrt{5}-2)}=(\sqrt{5}+2).$

$\therefore$ दिया गया व्यंजक $=(3+\sqrt{8})-(\sqrt{8}+\sqrt{7})+(\sqrt{7}+\sqrt{6})-(\sqrt{6}+\sqrt{5})+(\sqrt{5}+2)=(3+2)=5.$

13. $\frac{\sqrt{1+x}+\sqrt{1-x}}{\sqrt{1+x}-\sqrt{1-x}}=\frac{(\sqrt{1+x}+\sqrt{1-x})}{(\sqrt{1+x}-\sqrt{1-x})}\times\frac{(\sqrt{1+x}+\sqrt{1-x})}{(\sqrt{1+x}+\sqrt{1-x})}=\frac{(\sqrt{1+x}+\sqrt{1-x})^2}{(1+x)-(1-x)}$

$=\frac{(1+x+1-x)+2\sqrt{1+x}.\sqrt{1-x}}{2x}=\frac{(1+\sqrt{1-x^2})}{x}$

$=\frac{1+\sqrt{1-\frac{3}{4}}}{\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)}=\frac{1+\sqrt{\frac{1}{4}}}{(\sqrt{3}/2)}=\frac{\left(1+\frac{1}{2}\right)}{(\sqrt{3}/2)}\quad\left[\because x=\frac{\sqrt{3}}{2}\right]$

$=\left(\frac{3}{2}\times\frac{2}{\sqrt{3}}\right)=\sqrt{3}.$

14. $\frac{1}{x}=\frac{1}{(7+4\sqrt{3})}\times\frac{(7-4\sqrt{3})}{(7-4\sqrt{3})}=\frac{(7-4\sqrt{3})}{(49-48)}=(7-4\sqrt{3}).$

$\therefore\ \left(x+\frac{1}{x}\right)=(7+4\sqrt{3})+(7-4\sqrt{3})=14.$

$\Rightarrow \left(x+\frac{1}{x}\right)^2=(14)^2\Rightarrow x^2+\frac{1}{x^2}+2x.\frac{1}{x}=196\Rightarrow x^2+\frac{1}{x^2}+2=196\Rightarrow\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)=194.$

अब, $\left(\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}\right)^2=x+\frac{1}{x}+2\sqrt{x}\times\frac{1}{\sqrt{x}}=\left(x+\frac{1}{x}+2\right)=(14+2)=16.$

अतः $\left(\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}\right)=4.$

15. माना $x^{\frac{1}{a}}=y^{\frac{1}{b}}=z^{\frac{1}{c}}=k.$ तब $x=k^a, y=k^b, z=k^c.$

$xyz=1\Rightarrow k^a\times k^b\times k^c=1=k^0$

$\Rightarrow k^{a+b+c}=k^0\Rightarrow a+b+c=0.$

16. माना $3^x=5^y=(75)^z=K.$ तब $3=K^{\frac{1}{x}}, 5=K^{\frac{1}{y}}, 75=K^{\frac{1}{z}}.$

अब, $75=(3\times5^2)\Rightarrow K^{\frac{1}{z}}=K^{\frac{1}{x}}\times K^{\frac{2}{y}}=K^{\left(\frac{1}{x}+\frac{2}{y}\right)}\Rightarrow\frac{1}{z}=\left(\frac{1}{x}+\frac{2}{y}\right)=\frac{(y+2x)}{xy}\Rightarrow z=\frac{xy}{(y+2x)}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17. $x^z = y^2 \Rightarrow (10^{0\cdot48})^z = (10^{0\cdot7})^2 \Rightarrow 10^{(0\cdot48)z} = 10^{(0\cdot7\times2)} = 10^{(1\cdot4)}$

$\Rightarrow 0\cdot48\times z = 1\cdot4 \Rightarrow z = \frac{1\cdot40}{0\cdot48} = \frac{140}{48} = \frac{35}{12} = 2\frac{11}{12}.$

अतः $z = 2\frac{11}{12}.$

18. दिया गया व्यंजक $= \frac{1}{\left(x^a + x^{-b} + 1\right)} + \frac{1}{(x^b + x^{-c} + 1)} + \frac{1}{(x^c + x^{-a} + 1)}$

$= \frac{x^{-a}}{\{1 + x^{(-a-b)} + x^{-a}\}} + \frac{x^c}{(x^{b+c} + 1 + x^c)} + \frac{1}{(x^c + x^{-a} + 1)}$

$= \frac{x^{-a}}{(1 + x^c + x^{-a})} + \frac{x^c}{(x^{-a} + 1 + x^c)} + \frac{1}{(x^c + x^{-a} + 1)}$ $[\because -(a+b) = c, (b+c) = -a]$

$= \frac{1}{(1 + x^{-a} + x^c)} + \frac{x^{-a}}{(1 + x^{-a} + x^c)} + \frac{x^c}{(1 + x^{-a} + x^c)} = \frac{(1 + x^{-a} + x^c)}{(1 + x^{-a} + x^c)} = 1.$

19. दिया गया व्यंजक $= \frac{1}{3}\cdot\left[\left(1 - \frac{1}{4}\right) + \left(\frac{1}{4} - \frac{1}{7}\right) + \left(\frac{1}{7} - \frac{1}{10}\right) + \left(\frac{1}{10} - \frac{1}{13}\right) + \left(\frac{1}{13} - \frac{1}{16}\right)\right]$

$= \frac{1}{3}\left(1 - \frac{1}{16}\right) = \left(\frac{1}{3}\times\frac{15}{16}\right) = \frac{5}{16}.$

20. दिया गया व्यंजक $= \left(\frac{1}{4} - \frac{1}{5}\right) + \left(\frac{1}{5} - \frac{1}{6}\right) + \left(\frac{1}{6} - \frac{1}{7}\right) + \left(\frac{1}{7} - \frac{1}{8}\right) + \left(\frac{1}{8} - \frac{1}{9}\right) + \left(\frac{1}{9} - \frac{1}{10}\right)$

$= \left(\frac{1}{4} - \frac{1}{10}\right) = \frac{3}{20}.$

21. दिया गया व्यंजक $= \frac{1}{2}\cdot\left[\left(\frac{1}{5} - \frac{1}{7}\right) + \left(\frac{1}{7} - \frac{1}{9}\right) + \left(\frac{1}{9} - \frac{1}{11}\right) + \left(\frac{1}{11} - \frac{1}{13}\right) + \left(\frac{1}{13} - \frac{1}{15}\right) + \left(\frac{1}{15} - \frac{1}{17}\right)\right]$

$= \frac{1}{2}\cdot\left(\frac{1}{5} - \frac{1}{17}\right) = \frac{1}{2}\times\frac{12}{85} = \frac{6}{85}.$

22. दिया गया व्यंजक $= \frac{1}{3}\cdot\left[\left(\frac{1}{6} - \frac{1}{9}\right) + \left(\frac{1}{9} - \frac{1}{12}\right) + \left(\frac{1}{12} - \frac{1}{15}\right) + \left(\frac{1}{15} - \frac{1}{18}\right) + \left(\frac{1}{18} - \frac{1}{21}\right)\right]$

$= \frac{1}{3}\left(\frac{1}{6} - \frac{1}{21}\right) = \left(\frac{1}{3}\times\frac{5}{42}\right) = \frac{5}{126}.$

23. दी गई श्रेणी $= \left(1 - \frac{1}{2}\right) + \left(\frac{1}{2} - \frac{1}{3}\right) + \left(\frac{1}{3} - \frac{1}{4}\right) + \ldots + \left(\frac{1}{10} - \frac{1}{11}\right) + \left(\frac{1}{11} - \frac{1}{12}\right) = \left(1 - \frac{1}{12}\right) = \frac{11}{12}.$

24. दिया गया व्यंजक $= \left(\frac{8 + 8\times8 + 8\times27 + \ldots..}{27 + 27\times8 + 27\times27 + \ldots..}\right)^{\frac{1}{3}} = \left\{\frac{8(1 + 8 + 27 + \ldots.)}{27(1 + 8 + 27 + \ldots..)}\right\}^{\frac{1}{3}}$

$= \left(\frac{8}{27}\right)^{\frac{1}{3}} = \left\{\left(\frac{2}{3}\right)^3\right\}^{\frac{1}{3}} = \left(\frac{2}{3}\right)^{\left(3\times\frac{1}{3}\right)} = \left(\frac{2}{3}\right)^1 = \left(\frac{2}{3}\right).$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

10 प्रतिशतता (PERCENTAGE)

आवश्यक तथ्य एवं सूत्र

1. I. **प्रतिशतता:** प्रतिशत वह भिन्न है जिसका हर 100 हो.

II. x प्रतिशत का अर्थ है, **किसी वस्तु के 100 बराबर भागों में से x भाग.**
इसे $x\%$ से व्यक्त करते हैं.
स्पष्ट है कि, $x\% = \frac{x}{100}$.

जैसे : (*i*) $36\% = \frac{36}{100} = \frac{9}{25}$ (*ii*) $0 \cdot 6\% = \frac{6}{1000} = \frac{3}{500}$.

III. **भिन्न $\frac{a}{b}$ को प्रतिशत में व्यक्त करने के लिए सूत्र :**

$$\frac{a}{b} = \left(\frac{a}{b} \times 100\right)\%.$$

जैसे : (*i*) $\frac{3}{4} = \left(\frac{3}{4} \times 100\right)\% = 75\%.$

(*ii*) $0 \cdot 8 = \frac{8}{10} = \left(\frac{8}{10} \times 100\right)\% = 80\%.$

2. **दो आवश्यक नियम (संक्षिप्त विधि):**

(*i*) यदि A का मान B से $R\%$ अधिक हो, तो

B का मान A से कम है $= \left\{\frac{R}{(100+R)} \times 100\right\}\%.$

(*ii*) यदि A का मान B से $R\%$ कम हो, तो

B का मान A से अधिक है $= \left\{\frac{R}{(100-R)} \times 100\right\}\%.$

3. **दो आवश्यक नियम (संक्षिप्त विधि):**

(*i*) किसी वस्तु के भाव में $R\%$ वृद्धि हो जाने पर इस मद पर खर्च न बढ़े, इसके लिए

वस्तु की खपत में कमी $= \left\{\frac{R}{(100+R)} \times 100\right\}\%.$

(*ii*) किसी वस्तु के भाव में $R\%$ कमी आ जाने पर इस मद पर खर्च कम न हो, इसके लिए

वस्तु की खपत में वृद्धि $= \left\{\frac{R}{(100-R)} \times 100\right\}\%.$

4. **जनसंख्या पर आधारित प्रश्नों के लिए सूत्र:**

माना किसी शहर की जनसंख्या P है तथा यह $R\%$ वार्षिक दर से बढ़ती है.

तब, (*i*) n वर्ष बाद जनसंख्या $= P\left(1+\frac{R}{100}\right)^n$.

(*ii*) n वर्ष पूर्व जनसंख्या $= \frac{P}{\left(1+\frac{R}{100}\right)^n}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*iii*) माना किसी शहर की जनसंख्या P थी तथा इसमें पहले, दूसरे व तीसरे वर्ष में क्रमशः $R_1\%$, $R_2\%$ तथा $R_3\%$ वृद्धि होती है।

तब, 3 वर्ष बाद जनसंख्या $= P\left(1+\frac{R_1}{100}\right)\left(1+\frac{R_2}{100}\right)\left(1+\frac{R_3}{100}\right)$.

5. मशीनों के अवमूल्यन पर आधारित प्रश्नों के लिए सूत्र:

माना किसी मशीन का वर्तमान मूल्य P है तथा इसके अवमूल्यन (*Depreciation*) की दर $R\%$ वार्षिक है, तब,

(*i*) n वर्ष बाद मशीन का मूल्य $= P\left(1-\frac{R}{100}\right)^n$.

(*ii*) n वर्ष पूर्व मशीन का मूल्य $= \dfrac{P}{\left(1-\frac{R}{100}\right)^n}$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित में से प्रत्येक को साधारण भिन्न के रूप में व्यक्त कीजिए :

(*i*) 35% (*ii*) 1·6% (*iii*) 0·5% (*iv*) 125%

हल : हम जानते हैं कि :

(*i*) $35\% = \frac{35}{100} = \frac{7}{20}$.

(*ii*) $1{\cdot}6\% = \frac{1{\cdot}6}{100} = \frac{16}{1000} = \frac{2}{125}$.

(*iii*) $0{\cdot}05\% = \frac{0{\cdot}05}{100} = \frac{5}{10000} = \frac{1}{2000}$.

(*iv*) $125\% = \frac{125}{100} = \frac{5}{4}$.

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से प्रत्येक को दशमलव भिन्न में व्यक्त कीजिए :

(*i*) 20% (*ii*) 8% (*iii*) 0·25% (*iv*) 0·06%

हल : हम जानते हैं कि :

(*i*) $20\% = \frac{20}{100} = \frac{1}{5} = 0{\cdot}2$.

(*ii*) $8\% = \frac{8}{100} = 0{\cdot}08$.

(*iii*) $0{\cdot}25\% = \frac{0{\cdot}25}{100} = 0{\cdot}0025$.

(*iv*) $0{\cdot}06\% = \frac{0{\cdot}06}{100} = 0{\cdot}0006$.

प्रश्न 3. $\frac{9}{16}$ को दर प्रतिशत में बदलें.

हल : $\frac{9}{16} = \left(\frac{9}{16}\times 100\right)\% = \frac{225}{4}\% = 56\frac{1}{4}\%$.

प्रश्न 4. (*i*) 48 का कितने प्रतिशत 6 है? (*ii*) 18 का कितने प्रतिशत 36 है?

हल : (*i*) माना 48 का $x\% = 6$.

तब, $48\times\frac{x}{100} = 6 \Rightarrow \frac{12x}{25} = 6$

$\Rightarrow x = \frac{6\times 25}{12} = 12\frac{1}{2}$.

$\therefore$ 48 का $12\frac{1}{2}\% = 6$ है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(ii) माना 18 का $x\%$ = 36.

तब, $18 \times \frac{x}{100} = 36 \Rightarrow x = \frac{36 \times 100}{18} = 200.$

∴ 18 का 200% = 36 है.

प्रश्न 5. 3 किग्रा० का कितने प्रतिशत 12 ग्राम है?

हल : माना 3 किग्रा० का $x\%$ = 12 ग्राम.

तब, 3000 ग्राम का $\frac{x}{100} = 12$ ग्राम $\Rightarrow 30x = 12$.

$\therefore x = \frac{12}{30} = \frac{2}{5} = 0 \cdot 4.$

अत: 3 किग्रा० का 0·4% = 12 ग्राम.

प्रश्न 6. 4 : 5 = ?%

हल : $4:5 = \left(\frac{4}{5} \times 100\right)\% = 80\%.$

प्रश्न 7. ₹ 432 का $6\frac{2}{3}\%$ कितना होगा?

हल: ₹ 432 का $6\frac{2}{3}\% =$ ₹ $\left(432 \times \frac{20}{3} \times \frac{1}{100}\right) =$ ₹ $\frac{144}{5} =$ ₹ 28.80.

प्रश्न 8. किसी भिन्न के अंश में 10% वृद्धि करने तथा इसके हर को 12% कम कर देने पर $\frac{15}{64}$ प्राप्त होता है वह भिन्न क्या है?

हल: माना अभीष्ट भिन्न $= \frac{a}{b}$. तब,

$$\frac{a \text{ का } 110\%}{b \text{ का } 88\%} = \frac{15}{64} \Rightarrow \frac{a \times 110}{b \times 88} = \frac{15}{64}$$

$$\Rightarrow \frac{a}{b} = \left(\frac{15}{64} \times \frac{88}{110}\right) = \frac{3}{16}.$$

∴ अभीष्ट भिन्न $= \frac{3}{16}$.

प्रश्न 9. एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 12% बचत करता है. यदि उसका मासिक खर्च ₹ 19360 हो, तो उसकी मासिक आय कितनी है?

हल : बचत = मासिक आय का 12% ⇒ खर्च = मासिक आय का 88%.

माना मासिक आय = ₹ x. तब

x का 88% $= 19360 \Rightarrow x \times \frac{88}{100} = 19360$

$$\Rightarrow x = \left(19360 \times \frac{100}{88}\right) = 22000.$$

अत: मासिक आय = ₹ 22000.

प्रश्न 10. एक मेज के अंकित मूल्य में 8% कटौती करने पर इसका मूल्य ₹ 4600 है. इसका अंकित मूल्य कितना है?

हल : माना मेज का अंकित मूल्य = ₹ x. तब,

मेज का विक्रय मूल्य = ₹ x का 92% $= \left(x \times \frac{92}{100}\right) =$ ₹ $\frac{23x}{25}$.

$\therefore \frac{23x}{25} = 4600 \Rightarrow x = \left(4600 \times \frac{25}{23}\right) = 5000.$

अत: मेज का अंकित मूल्य = ₹ 5000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

विशिष्ट चार प्रश्न : (संक्षिप्त विधि द्वारा)

प्रश्न 11. यदि A की आय B की आय से 25% अधिक हो तो B की आय A की आय से कितने प्रतिशत कम है ?

हल : संक्षिप्त विधि :

$$\text{अभीष्ट } \% = \left\{\frac{R}{(100+R)} \times 100\right\}\% = \left(\frac{25}{125} \times 100\right)\% = 20\%.$$

प्रश्न 12. यदि A की ऊँचाई B की ऊँचाई से 20% कम हो, तो B की ऊँचाई, A की ऊँचाई से कितने प्रतिशत अधिक है ?

हल : संक्षिप्त विधि :

$$\text{अभीष्ट } \% = \left\{\frac{R}{(100-R)} \times 100\right\}\% = \left(\frac{20}{80} \times 100\right)\% = 25\%.$$

प्रश्न 13. यदि चीनी के मूल्य में 20% वृद्धि हो जाये, तो एक गृहिणी को इसकी खपत कितने प्रतिशत कम करनी होगी कि इस पर खर्च न बढ़े ?

हल : संक्षिप्त विधि :

$$\text{खपत में कमी } \% = \left\{\frac{R}{(100+R)} \times 100\right\}\% = \left(\frac{20}{120} \times 100\right)\% = 16\frac{2}{3}\%.$$

प्रश्न 14. चीनी के मूल्य में 10% कमी होने पर इसकी खपत में कितने प्रतिशत वृद्धि करनी होगी कि इस मद में खर्च पर कोई परिवर्तन न हो ?

हल : संक्षिप्त विधि :

$$\text{खपत में वृद्धि } \% = \left\{\frac{R}{(100-R)} \times 100\right\}\% = \left(\frac{10}{90} \times 100\right)\% = 11\frac{1}{9}\%.$$

परीक्षा सम्बन्धी दो विशेष प्रश्न :

प्रश्न 15. सन्नी को एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 36% अंक प्राप्त करने थे. उसने 24% अंक प्राप्त किये तथा 9 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा. पूर्णांक ज्ञात कीजिए.

हल : माना पूर्णांक $= x$. तब

x का 36% = (x का 24%) + 9

$\Rightarrow$ (x का 36%) − (x का 24%) = 9

$\Rightarrow$ (x का 12%) = 9 $\Rightarrow x \times \frac{12}{100} = 9$

$\Rightarrow x = \left(9 \times \frac{100}{12}\right) = 75.$

अत: पूर्णांक = 75.

प्रश्न 16. एक परीक्षा में एक छात्र ने 30% अंक लिए तथा वह 45 अंक से अनुत्तीर्ण हो गया. दूसरे छात्र ने 42% अंक लिए जो उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंकों से 45 अंक अधिक हैं. पूर्णांक तथा उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक ज्ञात कीजिए.

हल: माना पूर्णांक $= x$. तब

(x का 30%) + 45 = (x का 42%) − 45

$\Rightarrow$ (x का 42%) − (x का 30%) = 90

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow x$ का $12\% = 90 \Rightarrow x \times \frac{12}{100} = 90$

$\Rightarrow x = \left(90 \times \frac{100}{12}\right) = 750.$

$\therefore$ पूर्णांक = 750. उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक $= \left(750 \times \frac{30}{100}\right) + 45 = (225 + 45) = 270.$

जनसंख्या सम्बन्धी तथा मशीनों के अवमूल्यन सम्बन्धी प्रश्न

प्रश्न 17. एक कस्बे की जनसंख्या 176400 है. इसमें 5% वार्षिक दर से वृद्धि होती है.

(*i*) दो वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या कितनी होगी?

(*ii*) दो वर्ष पूर्व कस्बे की जनसंख्या कितनी थी?

हल : (*i*) 2 वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या $= 176400 \times \left(1 + \frac{5}{100}\right)^2 = \left(176400 \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20}\right) = 194481.$

(*ii*) 2 वर्ष पूर्व कस्बे की जनसंख्या $= \frac{176400}{\left(1 + \frac{5}{100}\right)^2} = \left(176400 \times \frac{20}{21} \times \frac{20}{21}\right) = 160000.$

मशीन के अवमूल्यन पर प्रश्न (संक्षिप्त विधि द्वारा)

t वर्ष बाद अवमूल्य = (क्रय मूल्य) $\times \left(1 - \frac{R}{100}\right)^t$.

प्रश्न 18. एक मशीन ₹ 120000 में खरीदी गई. इसका 10% वार्षिक दर से अवमूल्यन हो जाता है. 2 वर्ष बाद इस मशीन का मूल्य क्या होगा?

हल : 2 वर्ष बाद मशीन का मूल्य $= ₹\left\{120000 \times \left(1 - \frac{10}{100}\right)^2\right\} = ₹\left(120000 \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10}\right) = ₹\ 97200.$

चुनाव सम्बन्धी प्रश्न :

प्रश्न 19. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे. हारने वाले उम्मीदवार ने 41% मत प्राप्त किये तथा वह 5580 मतों से पराजित हो गया. कुल मतों की संख्या कितनी थी?

हल : माना कुल मतों की संख्या $= x$.

हारने वाले उम्मीदवार द्वारा प्राप्त मत = 41%. जीतने वाले उम्मीदवार द्वारा प्राप्त मत = 59%.

(x का 59%) – (x का 41%) = 5580

$\Rightarrow \frac{59x}{100} - \frac{41x}{100} = 5580 \Rightarrow (59x - 41x) = 558000 \Rightarrow 18x = 558000 \Rightarrow x = 31000.$

अत: कुल मतों की संख्या = 31000.

प्रश्न 20. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे. एक उम्मीदवार ने कुल वैध मतों के 55% मत प्राप्त किये तथा 20% मत अवैध घोषित कर दिये गये. यदि कुल मतों की संख्या 7500 हो तो दूसरे उम्मीदवार ने कुल कितने वैध मत प्राप्त किये?

हल : अवैध मत $= \left(7500 \times \frac{20}{100}\right) = 1500.$ वैध मत = (7500 – 1500) = 6000.

जीतने वाले उम्मीदवार को मिले वैध मतों की संख्या $= \left(6000 \times \frac{55}{100}\right) = 3300.$

हारने वाले उम्मीदवार को मिले वैध मतों की संख्या = (6000 – 3300) = 2700.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 21. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे. इस चुनाव में 8% मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया. जीतने वाले उम्मीदवार ने कुल मतों के 48% मत लेकर दूसरे उम्मीदवार को 1100 मतों से पराजित कर दिया. इस चुनाव में कुल कितने मतदाता थे?

हल : माना कुल मतदाता = 100.

तब, कुल मत पड़े = (100 – 8) = 92.

जीतने वाले उम्मीदवार को मिले मत = 48.

हारने वाले उम्मीदवार को मिले मत = (92 – 48) = 44.

अत: हारने वाला उम्मीदवार 4 मतों से पराजित रहा.

यदि मतों का अन्तर 4 है, तो कुल मतदाता = 100

यदि मतों का अन्तर 1100 है, तो कुल मतदाता $= \left(\frac{100}{4} \times 1100\right) = 27500.$

प्रश्न 22. एक चुनाव में दो उम्मीदवार थे. इसमें मतदाता सूची में से 10% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया तथा कुल डाले गये मतों के 10% मत अवैध घोषित कर दिये गये. सफल उम्मीदवार कुल वैध मतों के 54% मत प्राप्त करके 1620 मतों से जीत गया. मतदाता सूची में कुल कितने मतदाता थे? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**

(*a*) 32500 (*b*) 27500 (*c*) 28950 (*d*) 25000

हल : माना कुल मतदाता = 100, डाले गये मत = 90. अवैध मत = 90 का 10% = 9.

वैध मत = (90 – 9) = 81.

मतों का अन्तर = 81 का (54% – 46%) = 81 का 8% $= \frac{(81 \times 8)}{100}$.

यदि मतों का अन्तर $\frac{(81 \times 8)}{100}$ है तो कुल मत = 100.

यदि मतों का अन्तर = 1620 है तो कुल मत $= \left(\frac{100 \times 100 \times 1620}{81 \times 8}\right) = 25000.$

प्रश्न 23. रमेश के वेतन में 20% वृद्धि कर दी गई. बढ़े हुए वेतन को 20% कम करने पर रमेश को कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि होगी?

हल : माना प्रारम्भिक वेतन = ₹ 100. वृद्धि के बाद वेतन = ₹ 120.

कम करने पर वेतन = ₹ 120 का 80% $= ₹\left(120 \times \frac{80}{100}\right) = ₹\ 96.$

कुल हानि = (100 – 96)% = 4%.

प्रश्न 24. एक वस्तु की कर की दर में 10% कमी कर दी गई तथा इसकी खपत में 10% वृद्धि कर दी गई. इससे राजस्व प्राप्ति पर क्या प्रभाव पड़ा?

हल : माना खपत = 100 इकाई तथा कर की दर = ₹ 100 प्रति इकाई.

कुल कर = ₹ (100 × 100) = ₹ 10000.

नई खपत = 110 इकाई तथा नई दर = ₹ 90 प्रति इकाई.

अब, कुल कर = (110 × 90) = ₹ 9900.

कर में कमी % $= \left(\frac{100}{10000} \times 100\right)\% = 1\%.$

राजस्व प्राप्ति = 1% कम.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 25. एक आयत की लम्बाई में 10% वृद्धि तथा चौड़ाई में 10% कमी करने पर इसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि अथवा कमी होगी ?

हल : माना आयत की लम्बाई = 100 मीटर तथा चौड़ाई = 100 मीटर.

तब, आयत का क्षेत्रफल = (100 × 100) वर्ग मीटर = 10000 वर्ग मीटर.

नई लम्बाई = 110 मीटर तथा नई चौड़ाई = 90 मीटर.

∴ नया क्षेत्रफल = (110 × 90) वर्ग मीटर = 9900 वर्ग मीटर.

क्षेत्रफल में कमी $\% = \left(\frac{100}{10000} \times 100\right)\% = 1\%$.

अत: आयत के क्षेत्रफल में 1% कमी होगी.

प्रश्न 26. चाय के मूल्य में 10% कमी होने के कारण ₹ 270 खर्च करने पर पहले से 250 ग्राम चाय अधिक आती है. चाय का पहले वाला भाव तथा नया भाव ज्ञात करें.

हल : माना पहले चाय की दर = ₹ x प्रति किग्रा०.

नई दर = ₹ $\left(x \times \frac{90}{100}\right)$/किग्रा० = ₹ $\frac{9x}{10}$/किग्रा०.

₹ 270 में पहले चाय की मात्रा = $\frac{270}{x}$ किग्रा०.

₹ 270 में अब चाय की मात्रा = $\frac{270}{(9x/10)}$ किग्रा० = $\frac{300}{x}$ किग्रा०.

$\therefore \frac{300}{x} - \frac{270}{x} = \frac{250}{1000} = \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{(300-270)}{x} = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow \frac{30}{x} = \frac{1}{4} \Rightarrow x = (30 \times 4) = 120.$

पहले चाय की दर = ₹ 120 प्रति किग्रा०.

नई चाय की दर = ₹ $\left(\frac{9}{10} \times 120\right)$ प्रति किग्रा० = ₹ 108 प्रति किग्रा०.

प्रश्न 27. नमक के 6 लीटर घोल में 5% नमक है. वाष्प द्वारा इस घोल में से 1 लीटर पानी निकाल दिये जाने पर शेष बचे घोल में कितने प्रतिशत नमक है ?

हल : 6 लीटर घोल में नमक की मात्रा = $\left(6 \times \frac{5}{100}\right)$ लीटर = $\frac{3}{10}$ लीटर.

1 लीटर पानी निकल जाने पर घोल की मात्रा = 5 लीटर.

5 लीटर में नमक = $\frac{3}{10}$ लीटर.

नमक का $\% = \left(\frac{3}{10} \times \frac{1}{5} \times 100\right)\% = 6\%$.

प्रश्नमाला 10A

नीचे दिये गये प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. ? का 52% = 182 **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 354 (*b*) 350 (*c*) 360 (*d*) 380 (*e*) इनमें से कोई नहीं

2. 1260 का $33\frac{1}{3}\%$ + 755 का 80% = ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 976 (*b*) 952 (*c*) 1024 (*d*) 1048 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3. 540 का 75% का $1\frac{2}{5}$ का $\frac{2}{3}$ = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 378 (b) 756 (c) 252 (d) 332 (e) इनमें से कोई नहीं

4. 420 का 36% – 350 का 56% = ? – 94 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 48·2 (b) 49·2 (c) 138·8 (d) 158·8 (e) इनमें से कोई नहीं

5. 3842 का $\frac{1}{2}$ + ? का 15% = 2449 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 3520 (b) 3250 (c) 3350 (d) 3540 (e) इनमें से कोई नहीं

6. 420 का 25% – 140 का ? % = 77 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 25 (b) 36 (c) 20 (d) 40 (e) इनमें से कोई नहीं

7. 365 का 36% + 56·2 का ? % = 156·69 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 35 (b) 45 (c) 40 (d) 30 (e) इनमें से कोई नहीं

8. 250 का 14% + 150 का ? % = 140 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 15 (b) 18 (c) 16 (d) 12 (e) इनमें से कोई नहीं

9. 550 का ? % – 150 का 12% = 125 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 54 (b) 44 (c) 16 (d) 36 (e) इनमें से कोई नहीं

10. 160 का $\sqrt{?}$ % = 64 ÷ 2
(a) 20 (b) 400 (c) $\sqrt{20}$ (d) 40 (e) इनमें से कोई नहीं

11. 160 का 45% + 250 का 14% = ? – 23 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 120 (b) 138 (c) 130 (d) 140 (e) इनमें से कोई नहीं

12. 350 का 66% + ? = 1256 का $\frac{5}{8}$. (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 521 (b) 496 (c) 554 (d) 568 (e) इनमें से कोई नहीं

13. (750 का 64%) ÷ 4 = ? + 5 (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) 24 (b) 48 (c) 300 (d) 600 (e) इनमें से कोई नहीं

14. 3600 का $\frac{7}{9}$ का 45% का 35% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 441 (b) 414 (c) 444 (d) 411 (e) इनमें से कोई नहीं

15. 4240 का $\frac{3}{5}$ का 75% का 25% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 595 (b) 424 (c) 348 (d) 477 (e) इनमें से कोई नहीं

16. (240 का 5·6%) – (480 का 0·3%) = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)
(a) 8·43 (b) 9·33 (c) 7·53 (d) 8·33 (e) इनमें से कोई नहीं

17. (980 का 12%) – (450 का ? %) = 227 का 30% (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)
(a) 14 (b) 17 (c) 11 (d) 8 (e) इनमें से कोई नहीं

18. (280 का ? %) + (550 का 18%) = 143·8
(a) 11 (b) 18 (c) 21 (d) 16 (e) इनमें से कोई नहीं

19. 1245 का 15·5% – 1458 का 12·5% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 10·725 (b) 10·735 (c) 10·745 (d) 10·755 (e) इनमें से कोई नहीं

20. 530 का 20·3% + 225 का 16·8% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 123·27 (b) 145·39 (c) 165·49 (d) 186·57 (e) इनमें से कोई नहीं

21. 220 का 18·5% + 680 का 12·4% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) 132·05 (b) 125·02 (c) 142·07 (d) 118·07 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

22. 0·05 = ? %
(a) 50 (b) 5 (c) ·05 (d) ·5 (e) इनमें से कोई नहीं

23. ·025 = ? %
(a) ·25 (b) 25 (c) 2·5 (d) 37·5 (e) इनमें से कोई नहीं

24. 5 : 4 = ? %
(a) 80 (b) 120 (c) 125 (d) 60 (e) 75

25. 22·5% = ?
(a) 2·25 (b) 0·225 (c) 0·0225 (d) 22·5 (e) इनमें से कोई नहीं

26. ? का 16% = ·008
(a) ·5 (b) ·05 (c) ·005 (d) ·0005 (e) इनमें से कोई नहीं

27. 130 का ? % = 11·7
(a) 90 (b) 9 (c) ·9 (d) ·09 (e) इनमें से कोई नहीं

28. $\frac{80 \text{ का } 30\%}{?} = 24$
(a) $\frac{3}{10}$ (b) $\frac{3}{17}$ (c) 1 (d) 2 (e) 3

29. 24 का ? % = 64
(a) $133\frac{1}{3}$ (b) $37\frac{1}{2}$ (c) $266\frac{2}{3}$ (d) $2\frac{2}{3}$ (e) इनमें से कोई नहीं

30. यदि 500 का x% = 300 का y% तथा 200 का y% का x% = 60 हो, तो x = ?
(a) $10\sqrt{2}$ (b) $20\sqrt{2}$ (c) $15\sqrt{2}$ (d) $30\sqrt{2}$ (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

31. एक संख्या के 45% का 15% यदि 105·3 हो, तो इस संख्या का 24% कितना है ?
(a) 385·5 (b) 374·4 (c) 390 (d) 375 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

32. 500 का $\frac{6}{7}$ का 42% का 35% = ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) 36 (b) 44 (c) 52 (d) 60 (e) इनमें से कोई नहीं

33. एक संख्या का $\frac{1}{5}$ यदि 81 हो, तो उस संख्या का 68% क्या होगा ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 195·2 (b) 275·4 (c) 225·6 (d) 165·8 (e) इनमें से कोई नहीं

34. व्यंजक x^3y^2 में x तथा y के मानों में क्रमशः 25% तथा 20% कमी करने पर व्यंजक के मान में कितने प्रतिशत कमी आयेगी ?
(a) 63% (b) 66% (c) 71% (d) 73%

35. एक भिन्न के अंश में 25% वृद्धि करें तथा हर दुगुना करें तो प्राप्त भिन्न $\frac{5}{9}$ है. मूल भिन्न क्या है ?
(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{4}{9}$ (c) $\frac{8}{9}$ (d) निर्धारित नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

36. एक भिन्न के अंश में 220% वृद्धि करने तथा हर में 150% वृद्धि करने पर परिणामी भिन्न $\frac{4}{5}$ है. मूल भिन्न क्या है ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) $\frac{5}{8}$ (b) $\frac{3}{5}$ (c) $\frac{4}{5}$ (d) $\frac{5}{6}$ (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

37. एक भिन्न के अंश में 200% वृद्धि करने तथा हर में 400% वृद्धि करने पर परिणामी भिन्न $1\frac{1}{20}$ प्राप्त होती है. मूल भिन्न क्या है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**

(a) $1\frac{3}{4}$ (b) $1\frac{1}{10}$ (c) $1\frac{1}{5}$ (d) $1\frac{1}{2}$ (e) इनमें से कोई नहीं

38. आधे घण्टे का 1 मिनट 10 सैकण्ड कौन-सा प्रतिशत है ?

(a) 2·5% (b) 3·89% (c) 3·5% (d) 4%

39. 6·8 किग्रा० का कितने प्रतिशत 17 ग्राम है ?

(a) 25% (b) 2·5% (c) 0·25% (d) 0·025%

40. 2 क्विन्टल, 2·5 किग्रा० का कितने प्रतिशत है ?

(a) 0·8% (b) 8% (c) 80% (d) 800% (e) 8000%

41. 75 मिलीलीटर, 1·75 लीटर का कितने प्रतिशत है ?

(a) $21\frac{2}{3}\%$ (b) $4\frac{2}{7}\%$ (c) $47\frac{2}{7}\%$ (d) इनमें से कोई नहीं

42. 30 क्विन्टल, 2 मीट्रिक-टन का कितने प्रतिशत है ?

(a) 15% (b) 1·5% (c) 30% (d) 150%

43. $\sqrt{80 \text{ का } 7\cdot2\%} = ?$

(a) 5·6 (b) 3·6 (c) 2·4 (d) इनमें से कोई नहीं

44. किसी भिन्न के अंश में 15% वृद्धि करने तथा हर में 8% कमी करने पर $\frac{15}{16}$ प्राप्त होता है. मूल भिन्न क्या है ?

(a) $\frac{3}{5}$ (b) $\frac{3}{4}$ (c) $\frac{3}{7}$ (d) $\frac{2}{3}$

45. यदि दो संख्यायें एक तीसरी संख्या से क्रमश: 30% तथा 40% अधिक हों, तो दूसरी से पहली संख्या का प्रतिशत कितना है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(a) 85% (b) $92\frac{6}{7}\%$ (c) $79\frac{1}{2}\%$ (d) $63\frac{2}{3}\%$

46. दो संख्यायें एक तीसरी संख्या से क्रमश: $12\frac{1}{2}\%$ तथा 25% अधिक हैं. पहली संख्या दूसरी संख्या का कितने प्रतिशत है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) 90% (b) 87·5% (c) 25% (d) 12·5%

47. $\frac{1}{2}\%$ का मान दशमलव भिन्न में क्या होगा ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(a) ·0005 (b) ·005 (c) ·05 (d) ·5

48. यदि A की आय B की आय से 10% अधिक हो, तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत कम है ?

(a) 10% (b) $9\frac{1}{2}\%$ (c) $9\frac{1}{11}\%$ (d) 9%

49. यदि नीता का वेतन पायल के वेतन से 25% अधिक हो, तो पायल का वेतन, नीता के वेतन से कितने प्रतिशत कम है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

(a) 25% (b) 20% (c) 15% (d) 32%

50. यदि A की आय B की आय से 30% अधिक हो, तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत कम है ?

(a) 30% (b) $13\frac{1}{3}\%$ (c) $23\frac{1}{13}\%$ (d) $26\frac{2}{3}\%$

51. यदि अनिल की ऊँचाई दीपक की ऊँचाई से 60% अधिक हो, तो दीपक की ऊँचाई, अनिल की ऊँचाई से कितने प्रतिशत कम है ?

(a) 60% (b) 40% (c) $37\frac{1}{2}\%$ (d) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

52. यदि x, y से 10% अधिक हो, तो y, x से कितने प्रतिशत कम है ?

(a) $9\frac{1}{11}\%$ (b) $8\frac{1}{11}\%$ (c) $7\frac{1}{11}\%$ (d) $10\frac{1}{11}\%$

53. यदि A की आय, B की आय से 20% कम हो तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(a) 20% (b) 25% (c) 30% (d) 35%

54. यदि A की आय, B की आय से 25% कम हो, तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(a) 25% (b) 30% (c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) $66\frac{2}{3}\%$

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

55. यदि A की आय, B की आय से 50% कम हो तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत अधिक है ?

(a) 50% (b) 75% (c) 100% (d) 125%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

56. यदि A का 60% = B का $\frac{3}{4}$ हो, तो $A : B = ?$ **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) 9 : 20 (b) 20 : 9 (c) 4 : 5 (d) 5 : 4

57. 740 का 35% एक संख्या से 34 अधिक है. इस संख्या का $\frac{2}{5}$ कितना है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(a) 45 (b) 90 (c) 180 (d) 120 (e) इनमें से कोई नहीं

58. किसी वस्तु की 10% तथा 10% की दो क्रमवार मूल्य वृद्धियाँ किस एकमात्र मूल्य-वृद्धि के समतुल्य है ?

(a) 19% (b) 20% (c) 21% (d) 22%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

59. किसी वस्तु के मूल्य में पहले 10% की वृद्धि तथा इसके उपरान्त 20% की वृद्धि की गई. यदि अन्तिम बढ़ा हुआ मूल्य ₹ 33 हो, तो प्रारम्भिक मूल्य कितना था ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) ₹ 30 (b) ₹ 27·50 (c) ₹ 26·50 (d) ₹ 25

60. 20% तथा 5% के दो क्रमवार बट्टे किस एकमात्र बट्टे के समतुल्य हैं ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) 25% (b) 24% (c) 18% (d) 15%

61. यदि किसी संख्या में 20% की वृद्धि की जाये तथा परिणामी संख्या में पुन: 20% की वृद्धि की जाये, तो कुल वृद्धि कितने प्रतिशत होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) 40% (b) 48% (c) 44% (d) 41%

62. जोसेफ की आय में 10% कमी कर दी गई. उसकी आय को पूर्व स्तर पर लाने हेतु नई आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि करनी होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) $12\frac{1}{2}\%$ (b) $11\frac{1}{9}\%$ (c) 10% (d) 11%

63. एक संख्या में से 600 के 75% का दो-तिहाई घटाने पर प्राप्त संख्या 320 है. मूल संख्या कितनी है ?

(a) 300 (b) 620 (c) 720 (d) 500 (e) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

64. फलों के मूल्य में 30% कमी करने पर उनकी बिक्री 40% अधिक हो जाती है. इससे विक्रय-मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(a) 22% वृद्धि (b) 22% कमी (c) 2% वृद्धि (d) 2% कमी (e) इनमें से कोई नहीं

65. चीनी के भाव में 40% वृद्धि होने पर किसी परिवार को चीनी की वार्षिक खपत कितने प्रतिशत कम करनी होगी जिससे परिवार का खर्च न बढ़े ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(a) $24\frac{4}{7}\%$ (b) $28\frac{4}{7}\%$ (c) $29\frac{4}{7}\%$ (d) $30\frac{4}{7}\%$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

66. किसी वस्तु के भाव में 20% वृद्धि होने पर उस वस्तु की खपत कितने प्रतिशत कम की जाये कि खर्च न बढ़े ?

(a) 16% (b) $16\frac{2}{3}\%$ (c) $16\frac{1}{3}\%$ (d) 18%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

67. चीनी के मूल्य में 10% कमी होने पर कोई गृहिणी ₹ 1116 में 6·2 किग्रा० चीनी अधिक खरीद सकती है. चीनी का घटा हुआ मूल्य प्रति किग्रा० कितना है ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) ₹ 12 (b) ₹ 14 (c) ₹ 16 (d) ₹ 18

68. किसी वस्तु पर 10% कर कम कर देने पर कुल राजस्व अपरिवर्तित रहता है. इस वस्तु के उपभोग में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?

(रेलवे परीक्षा, 2002)

(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) 20% (c) 10% (d) $9\frac{1}{11}\%$

69. यदि जल-कर में 20% वृद्धि होने पर पानी की खपत 20% कम कर दी जाये, तो कुल कर में कितने प्रतिशत कमी अथवा वृद्धि होगी ?

(a) 5% कमी (b) 4% कमी (c) 4% वृद्धि (d) अपरिवर्तनीय

70. किसी वस्तु के मूल्य में 20% कटौती कर दी गई. इसे पूर्व मूल्य पर लाने हेतु कितने प्रतिशत वृद्धि करनी होगी ?

(a) 20% (b) 25% (c) $16\frac{2}{3}\%$ (d) 24%

71. किसी वस्तु पर दलाली की दर 4% से बढ़कर 5% होने पर भी एक दलाल की आय अपरिवर्तित रही. उसके व्यापार में कितने प्रतिशत कमी आई ?

(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2009)

(a) 1% (b) 8% (c) 9% (d) 20%

72. पटसन के भाव में 20% कमी आने पर इसका भाव ₹ 800 प्रति क्विन्टल हो गया. इसका प्रारम्भिक भाव प्रति क्विन्टल कितना था ?

(a) ₹ 640 (b) ₹ 900 (c) ₹ 960 (d) ₹ 1000

73. खाद्य तेलों में 25% की वृद्धि होने पर एक गृहिणी को अपनी तेल की खपत कितने प्रतिशत कम करनी होगी कि इस मद पर खर्च न बढ़े ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

(a) 16% (b) 18% (c) 20% (d) 25%

74. किसी वस्तु पर कर में 20% वृद्धि होने पर इसकी खपत में 20% कमी कर दी गई. इस वस्तु पर कुल कर प्राप्ति में :—

(a) कोई अन्तर नहीं हुआ (b) 4% की वृद्धि हुई (c) 4% की कमी हुई
(d) 5% की कमी हुई (e) 5% की वृद्धि हुई

75. एक दुकानदार ₹ 45 में एक कापी बेचता है तथा 4% लाभ कमाता है. वह एक पैंसिल बॉक्स ₹ 80 में बेचता है तथा इस पर 20% लाभ कमाता है. यदि वह प्रतिदिन 10 कापियाँ तथा 6 पैंसिल बॉक्स बेचे तो 2 सप्ताह में वह कितना धन कमायेगा ?

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

(a) ₹ 1956 (b) ₹ 1586 (c) ₹ 1496 (d) ₹ 1596 (e) इनमें से कोई नहीं

76. अमन का खर्च विमल के खर्च से 30% अधिक है तथा विमल का खर्च रमन के खर्च से 10% कम है. यदि तीनों के खर्च का योग ₹ 6447 हो, तो अमन का खर्च कितना है ?

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

(a) ₹ 2200 (b) ₹ 2457 (c) ₹ 1890 (d) ₹ 2100 (e) इनमें से कोई नहीं

77. पैट्रोल के मूल्य में 10% कमी होने पर एक उपभोक्ता को पैट्रोल की खपत में कितनी वृद्धि करनी होगी जिससे उसका पैट्रोल पर खर्च न घटे ?

(रेलवे परीक्षा, 2006)

(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) $12\frac{1}{3}\%$ (c) $10\frac{1}{2}\%$ (d) 14%

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

78. एक व्यक्ति की मासिक आय ₹ 13500 थी तथा उसका मासिक व्यय ₹ 9000 था. अगले वर्ष उसकी मासिक आय में 14% वृद्धि तथा व्यय में 7% वृद्धि हुई. उसकी बचत में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?
(a) 7% (b) 21% (c) 28% (d) 35%
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

79. किसी बाल्टी में $66\frac{2}{3}\%$ भरी होने की तुलना में 80% भरी होने पर 2 लीटर अधिक पानी आता है. बाल्टी की धारिता (क्षमता) कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) 10 लीटर (b) 15 लीटर (c) $16\frac{2}{3}$ लीटर (d) 20 लीटर

80. 50 किग्रा० शीशे व टिन के मिश्रण में 60% शीशा है. इस मिश्रण में कितना शीशा मिलाने पर बने मिश्रण में 75% शीशा हो जायेगा ?
(दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2009)
(a) 20 किग्रा० (b) 25 किग्रा० (c) 30 किग्रा० (d) 40 किग्रा०

81. यदि 7% लवण वाले 12 लीटर घोल को उबाल कर 4 लीटर पानी को वाष्पित कर दिया जाये तो शेष बचे घोल में लवण का प्रतिशत कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) 10·5% (b) 11·5% (c) 12% (d) 13%

82. 50% अम्लीय 9 लीटर द्रव में कितना पानी मिलाया जाये कि अम्लीय सान्द्रता 30% रह जाये ?
(a) 4·5 लीटर (b) 3 लीटर (c) 6 लीटर (d) 7·5 लीटर
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2010)

83. 300 ग्राम चीनी के घोल में 40% चीनी है. इसमें कितने ग्राम चीनी और मिलाई जाये कि नये घोल में 50% चीनी हो ?
(a) 10 ग्राम (b) 40 ग्राम (c) 60 ग्राम (d) 80 ग्राम

84. 3 लीटर चीनी के घोल में 40% चीनी है. इस घोल में एक लीटर पानी मिलाये जाने पर नये घोल में कितने प्रतिशत चीनी होगी ?
(a) $13\frac{1}{3}\%$ (b) 15% (c) 30% (d) 33%

85. चीनी तथा पानी के 12 लीटर घोल में 4% चीनी है. घोल को गर्म करके वाष्प द्वारा 2 लीटर पानी उड़ा दिये जाने पर शेष घोल में कितने प्रतिशत चीनी है ?
(a) 1·4% (b) 5·2% (c) 4·8% (d) 3·4%

86. 40% एल्कोहल के 5 लीटर विलयन में 1 लीटर पानी डालने पर नये विलयन में एल्कोहल की मात्रा कितनी होगी ?
(a) 30% (b) 33% (c) $33\frac{2}{3}\%$ (d) $33\frac{1}{3}\%$
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

87. 50% एल्कोहल की मात्रा वाले 9 ग्राम शेविंग लोशन में कितने ग्राम पानी मिलाया जाये कि लोशन में एल्कोहल की मात्रा 30% हो जाये ?
(रेलवे परीक्षा, 2005)
(a) 4 ग्राम (b) 5 ग्राम (c) 6 ग्राम (d) 7 ग्राम

88. सोने तथा चाँदी की 50 ग्राम मिश्रधातु में भार के रूप में 80% सोना है. इस धातु में कितना सोना और मिलाया जाये कि मिश्रधातु में 95% सोना हो ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) 200 ग्राम (b) 150 ग्राम (c) 50 ग्राम (d) 10 ग्राम

89. सेब के मूल्य में 25% कमी होने पर एक ग्राहक को ₹ 240 में 2 किग्रा० अधिक सेब मिलते हैं. घटा मूल्य प्रति किग्रा० कितना है ?
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2004)
(a) ₹ 30 (b) ₹ 35 (c) ₹ 40 (d) ₹ 45

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

90. यदि मिटाने वाली रबड़ों के भाव में 25% कमी हो जाये, तो कोई व्यक्ति एक रुपये में 2 रबड़ और अधिक खरीद सकता है. ₹ 1 में प्राप्त रबड़ों की संख्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(*a*) 8 (*b*) 6 (*c*) 4 (*d*) 2

91. किसी वस्तु के मूल्य में $33\frac{1}{3}\%$ कमी होने पर ₹ 1 में 4 वस्तुयें अधिक खरीदी जा सकती हैं. घटने से पहले वस्तु का मूल्य कितना था ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(*a*) ₹ 1 की 2 (*b*) ₹ 1 की 4 (*c*) ₹ 1 की 8 (*d*) ₹ 1 की 12

92. एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 35% अंक लेने होते हैं. एक अभ्यर्थी को 40 अंक मिले तथा वह 30 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया. परीक्षा के अधिकतम अंक कितने हैं ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
(*a*) 280 (*b*) 180 (*c*) 200 (*d*) 150 (*e*) 210

93. किसी परीक्षा के लिए उत्तीर्णांक 40% हैं. एक विद्यार्थी ने 185 अंक प्राप्त किये तथा वह 15 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया. परीक्षा के अधिकतम अंक कितने हैं ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(*a*) 200 (*b*) 300 (*c*) 500 (*d*) 400

94. एक परीक्षा में लड़कियों तथा लड़कों के लिए उत्तीर्ण प्रतिशतता क्रमश: 35% तथा 40% है. एक लड़के ने 483 अंक प्राप्त किये तथा वह 117 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा. लड़कियों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक कितने हैं ?
(*a*) 425 (*b*) 520 (*c*) 500 (*d*) 625 (*e*) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

95. किसी परीक्षा में *A* तथा *B* क्रमश: अधिकतम अंकों का 60% तथा 30% अंक प्राप्त करते हैं. इनके प्राप्तांकों का योग 783 है. परीक्षा में पूर्णांक कितने थे ? **(रेलवे परीक्षा, 2009)**
(*a*) 850 (*b*) 870 (*c*) 900 (*d*) 960

96. किसी परीक्षा में 5% अभ्यर्थी अयोग्य घोषित हुए तथा योग्य अभ्यर्थियों में से 85% परीक्षार्थी सामान्य वर्ग के थे. यदि 4275 योग्य अभ्यर्थी अन्य वर्गों से हों, तो कुल कितने अभ्यर्थियों ने आवेदन किया ?
(*a*) 30000 (*b*) 35000 (*c*) 37000 (*d*) इनमें से कोई नहीं
(रेलवे परीक्षा, 2009)

97. एक परीक्षार्थी 30% अंक प्राप्त करके 5 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है. एक अन्य विद्यार्थी 40% अंक प्राप्त करके आवश्यक न्यूनतम अंकों से 10 अंक अधिक प्राप्त करता है. उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक न्यूनतम अंक कितने हैं ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
(*a*) 50 (*b*) 70 (*c*) 100 (*d*) 150

98. एस परीक्षार्थी ने 30% अंक प्राप्त किये तथा वह 108 अंकों से अनुत्तीर्ण रहा. दूसरे परीक्षार्थी ने 52% अंक प्राप्त किये जो उत्तीर्ण होने के लिए आवश्यक अंकों से 24 अधिक हैं. उत्तीर्ण होने के लिए कम से कम कितने प्रतिशत अंक चाहियें ?
(*a*) 33% (*b*) 36% (*c*) 45% (*d*) 48%

99. एक छात्र को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक लेने थे. उसने 178 अंक प्राप्त किये तथा 22 अंकों से अनुत्तीर्ण घोषित किया गया. कुल पूर्णांक कितने थे ?
(*a*) 200 (*b*) 500 (*c*) 800 (*d*) 1000

100. एक परीक्षा में कमल ने 70% अंक प्राप्त किये. उसे चार विषयों में से तीन विषयों में क्रमश: 81%, 66% तथा 61% अंक मिले. चौथे विषय में उसे कितने अंक मिले ?
(*a*) 65% (*b*) 66% (*c*) 67% (*d*) 72%

101. एक परीक्षा में 900 लड़कियाँ तथा 1100 लड़के बैठे. इनमें से 40% लड़कियाँ तथा 50% लड़के उत्तीर्ण हुये. कुल कितने प्रतिशत विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे ?
(*a*) 45% (*b*) 45·5% (*c*) 54·5% (*d*) 59·2%

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

102. किसी परीक्षा में 60% विद्यार्थी अंग्रेजी में तथा 70% गणित में उत्तीर्ण हुए. यदि 20% विद्यार्थी दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों तथा 2500 विद्यार्थी दोनों विषयों में उत्तीर्ण रहे हों, तो कुल परीक्षार्थियों की संख्या कितनी है?

(*a*) 3000 (*b*) 3500 (*c*) 4000 (*d*) 5000

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

103. एक परीक्षा में 42% अभ्यर्थी गणित में तथा 52% अभ्यर्थी अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए. यदि 17% अभ्यर्थी दोनों विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हों तथा दोनों विषयों में 46 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हों, तो कुल अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है?

(*a*) 100 (*b*) 200 (*c*) 300 (*d*) 350

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

104. किसी कक्षा के 72% विद्यार्थियों ने जीव विज्ञान तथा 44% ने गणित विषय चुना. यदि प्रत्येक विद्यार्थी ने जीव विज्ञान तथा गणित में से कम से कम एक विषय चुना हो तथा 40 विद्यार्थियों ने ये दोनों विषय चुने हों, तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(*a*) 200 (*b*) 240 (*c*) 250 (*d*) 320

105. एक कक्षा के तीन सैक्शन हैं जिनमें क्रमशः 40, 50 तथा 60 छात्र हैं. इनमें से क्रमशः 10%, 20% तथा 10% उत्तीर्ण हुये. पूरी कक्षा में कितने प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए?

(*a*) $13\frac{1}{3}\%$ (*b*) $16\frac{2}{3}\%$ (*c*) 15% (*d*) 20%

106. खिलौनों के मूल्य में प्रति खिलौना 20% वृद्धि किये जाने पर इनकी बिक्री की संख्या 15% कम हो गई. खिलौनों के बिक्री मूल्य में कितना परिवर्तन हुआ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(*a*) 2% की वृद्धि (*b*) 2% की कमी (*c*) 4% की वृद्धि (*d*) 4% की कमी

107. अजय अपने वेतन का 25% घर के किराये, 5% खाद्यान्न, 15% यात्रा तथा 10% कपड़ों पर खर्च करता है तथा ₹ 27000 की बचत करता है. अजय की मासिक आय कितनी है?

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

(*a*) ₹ 60000 (*b*) ₹ 80500 (*c*) ₹ 60700 (*d*) ₹ 70500 (*e*) इनमें से कोई नहीं

108. कौशल के मासिक वेतन का 12%, नन्दिनी के मासिक वेतन के 16% के समान है. सुरेश का मासिक वेतन नन्दिनी के मासिक वेतन का आधा है. सुरेश का वार्षिक वेतन ₹ 1·08 लाख है. कौशल का मासिक वेतन कितना है?

(*a*) ₹ 20000 (*b*) ₹ 18000 (*c*) ₹ 26000 (*d*) ₹ 24000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

109. कोई व्यक्ति अपनी आय का 80% खर्च करता है. निर्वाह खर्च में वृद्धि होने के कारण उसके खर्च में $37\frac{1}{2}\%$ की वृद्धि होती है तथा उसकी आय में $16\frac{2}{3}\%$ की वृद्धि होती है. उस व्यक्ति की वर्तमान बचत कितनी है?

(*a*) $5\frac{3}{7}\%$ (*b*) $5\frac{5}{7}\%$ (*c*) $6\frac{2}{3}\%$ (*d*) $6\frac{1}{3}\%$

(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2010)

110. राम अपनी मासिक आय का 20% अपनी घरेलू आवश्यकताओं पर, शेष आय का 15% पुस्तकों पर तथा शेष आय का 30% कपड़ों पर खर्च करता है. अब, उसके पास ₹ 9520 बचते हैं. उसकी मासिक आय कितनी है?

(*a*) ₹ 15000 (*b*) ₹ 10000 (*c*) ₹ 20000 (*d*) इनमें से कोई नहीं

(रेलवे परीक्षा, 2009)

111. नताशा ने अपने मासिक वेतन का 45% खरीदारी पर खर्च करने का निर्णय लिया. ₹ 11475 खर्च करने के बाद उसे ज्ञात हुआ कि यह धन उसके द्वारा खर्च किये जाने वाली राशि का 60% था. नताशा का वेतन कितना है?

(*a*) ₹ 29600 (*b*) ₹ 38800 (*c*) ₹ 42500 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

112. मि० अग्रवाल ने अपने धन का 30% भाग अपनी पत्नी को दे दिया. शेष धन का आधा अपनी पुत्री को दे दिया तथा बचे हुए धन को अपने 5 पुत्रों में बराबर-बराबर बाँट दिया. यदि प्रत्येक लड़के को ₹ 14000 मिले हों, तो उसके पास कुल कितना धन था? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

(*a*) ₹ 175000 (*b*) ₹ 200000 (*c*) ₹ 100000 (*d*) इनमें से कोई नहीं

113. एक विद्यालय में छात्राओं का $\frac{1}{5}$ भाग तथा छात्रों का $\frac{1}{4}$ भाग, 12 वर्ष से कम आयु के हैं. यदि विद्यालय में कुल 1000 विद्यार्थी हों तथा इनका $\frac{2}{5}$ भाग छात्रायें हों, तो 12 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के कितने प्रतिशत विद्यार्थी हैं? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)**

(*a*) 23% (*b*) 45% (*c*) 55% (*d*) 77%

114. दिया गया है कि *A* की आय का 10% = *B* की आय का 15% = *C* की आय का 20%. यदि *A*, *B* तथा *C* की कुल आय का योग ₹ 78000 हो, तो *B* की आय कितनी है?

(*a*) ₹ 36000 (*b*) ₹ 30000 (*c*) ₹ 24000 (*d*) ₹ 18000

115. मोहन ने अपनी कुल सम्पत्ति अपनी पत्नी, तीन पुत्रों, दो पुत्रियों तथा 5 नाती-नातिनों में इस प्रकार वितरित की कि प्रत्येक नाती-नातिन को प्रत्येक पुत्र का $\frac{1}{8}$ भाग तथा प्रत्येक पुत्री का $\frac{1}{10}$ भाग मिले. उसकी पत्नी को उसके पुत्रों एवं पुत्रियों के कुल भाग का 40% मिले. यदि प्रत्येक पुत्री को ₹ 1·25 लाख मिले हों, तो उसकी पत्नी एवं तीन नाती-नातिनों को कुल कितना धन मिला? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2005)**

(*a*) ₹ 32500 (*b*) ₹ 257500 (*c*) ₹ 282500 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(*e*) इनमें से कोई नहीं

116. एक कालिज के सभी छात्रों में से 12% छात्रों की रुचि खेलों में है. कुल छात्रों के 10% की रुचि गायन में है तथा कुल छात्रों के तीन-चौथाई की रुचि नृत्य में है और शेष 15 छात्रों की रुचि किसी गतिविधि में नहीं है. कालिज में कुल कितने छात्र हैं? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 450 (*b*) 500 (*c*) 600 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता

(*e*) इनमें से कोई नहीं

117. एक मेले में किसी दिन 35000 दर्शक पहुँचे तथा उनसे ₹ 950000 प्रवेश राशि प्राप्त की गई. यदि प्रवेश शुल्क व्यस्क के लिए ₹ 40 तथा बच्चे के लिए ₹ 20 हो तथा 10% दर्शकों को नि:शुल्क पास मिला हो, तो मेले में कितने बच्चे थे? **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2010)**

(*a*) 12500 (*b*) 15500 (*c*) 16000 (*d*) 31500

118. किसी विद्यालय में लड़के तथा लड़कियाँ 3 : 2 के अनुपात में हैं. यदि 20% लड़के तथा 30% लड़कियाँ छात्रवृत्ति लेने वाले हों, तो छात्रवृत्ति न लेने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत कितना है? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) 50% (*b*) 72% (*c*) 75% (*d*) 76%

119. किसी परिवार के चावल, मछली तथा खाद्य तेल पर किये जाने वाले व्यय 12 : 17 : 3 के अनुपात में हैं. इन वस्तुओं के मूल्यों में क्रमश: 20%, 30% तथा 50% की वृद्धि हो जाती है. परिवार के इन वस्तुओं पर किये जाने वाले व्यय में कुल कितनी वृद्धि होगी? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) $14\frac{1}{8}\%$ (*b*) $7\frac{1}{8}\%$ (*c*) $50\frac{1}{8}\%$ (*d*) $28\frac{1}{8}\%$

120. यदि *A* की आय का 5% = *B* की आय का 15% तथा *B* की आय का 10% = *C* की आय का 20% हो तथा *B* की आय ₹ 8000 हो, तो तीनों की कुल आय कितनी है?

(*a*) ₹ 28000 (*b*) ₹ 32000 (*c*) ₹ 36000 (*d*) ₹ 24000

121. एक एम०आर०आई० मशीन का मूल्य ₹ 1 करोड़ है. विक्रेता कम्पनी इस पर 5% छूट देती है. छूट की राशि कितनी है?

(*a*) ₹ 50 हजार (*b*) ₹ 5 लाख (*c*) ₹ 50 लाख (*d*) ₹ 75 लाख

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

122. एक कर्मचारी की मासिक आय में $2\frac{2}{3}\%$ वृद्धि करने पर उसे ₹ 720 अधिक मिलते हैं. उसकी मासिक आय कितनी है ?
(*a*) ₹ 20000 (*b*) ₹ 27000 (*c*) ₹ 36000 (*d*) ₹ 54000

123. तुलसीराम का वेतन कश्यप के वेतन से 20% अधिक है. यदि तुलसीराम की बचत ₹ 720 हो जो उसके वेतन का 4% है, तो कश्यप का वेतन कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
(*a*) ₹ 12000 (*b*) ₹ 15000 (*c*) ₹ 14400 (*d*) ₹ 22000

124. एक विद्यार्थी को किसी राशि का $3\frac{1}{2}\%$ ज्ञात करने के लिए कहा गया. उसने त्रुटिवश उस राशि का $5\frac{1}{2}\%$ ज्ञात किया जो ₹ 220 था. सही उत्तर क्या है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
(*a*) ₹ 120 (*b*) ₹ 140 (*c*) ₹ 160 (*d*) ₹ 150

125. एक कर्मचारी की मजदूरी पहले 40% कम कर दी गई तथा उसके बाद उसमें 50% वृद्धि की गई. उसे कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई ?
(*a*) 10% लाभ (*b*) 10% हानि (*c*) न लाभ न हानि (*d*) इनमें से कोई नहीं

126. किसी परीक्षा में *A* तथा *B* क्रमशः अधिकतम अंकों का 60% तथा 30% अंक प्राप्त करते हैं. इनके प्राप्तांकों का योग 783 है. परीक्षा में पूर्णांक कितने हैं ? **(रेलवे परीक्षा, 2009)**
(*a*) 850 (*b*) 870 (*c*) 900 (*d*) 960

127. 1 से 70 तक की कितने प्रतिशत संख्याओं के वर्ग के अन्त में 1 आता है ? **(रेलवे परीक्षा, 2009)**
(*a*) 14 (*b*) 21 (*c*) 18 (*d*) 20

128. सोनू ने मोना से 10% अधिक निवेश किया तथा मोना ने रघु से 10% कम निवेश किया. यदि तीनों ने कुल ₹ 5780 निवेश किये हों तो रघु ने कितना धन निवेश किया ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
(*a*) ₹ 2010 (*b*) ₹ 2000 (*c*) ₹ 2100 (*d*) ₹ 2210 (*e*) इनमें से कोई नहीं

129. एक कम्पनी को बॉल-बीयरिंग की दो किस्तें मिलती हैं तथा दूसरी किस्त पहली किस्त से दुगुनी है. पहली किस्त में 1% बॉल-बीयरिंग खराब थी तथा दूसरी किस्त में 4·5% खराब थी. यदि कुल 100 बॉल-बीयरिंग खराब हों, तो पहली किस्त में कितनी बॉल-बीयरिंग थी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(*a*) 990 (*b*) 2000 (*c*) 1000 (*d*) 3000

130. एक परीक्षा में 150 प्रश्न दिये गये तथा प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक है. मीनल ने प्रथम 75 प्रश्नों में से 80% प्रश्नों का सही उत्तर दिया. कुल 60% अंक प्राप्त करने हेतु उसे शेष प्रश्नों में से कितने प्रश्नों का सही उत्तर देना चाहिए?
(*a*) 60 (*b*) 20 (*c*) 50 (*d*) 40 (*e*) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

131. किसी जनपद की जनसंख्या 8500 है. इसमें प्रथम वर्ष में 20% वृद्धि हो तथा द्वितीय वर्ष में 25% वृद्धि हो, तो 2 वर्ष बाद इसकी जनसंख्या क्या होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
(*a*) 10950 (*b*) 12750 (*c*) 11950 (*d*) 12550

132. किसी सम्पत्ति का मूल्य प्रति वर्ष उसके प्रारम्भिक वर्ष की तुलना में 10% कम हो जाता है. यदि सम्पत्ति का वर्तमान मूल्य ₹ 81000 हो, तो 2 वर्ष पहले उसका मूल्य कितना था ?
(*a*) ₹ 72000 (*b*) ₹ 90000 (*c*) ₹ 100000 (*d*) इनमें से कोई नहीं

37. एक व्यक्ति एक मेज को 5% हानि पर बेचता है. यदि वह इसे 80 रुपये अधिक में बेचता तो उसे 5% लाभ होता. मेज का क्रय-मूल्य कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) ₹ 1600 (b) ₹ 1200 (c) ₹ 1000 (d) ₹ 800

38. एक पुस्तक विक्रेता किसी पुस्तक को 10% लाभ पर बेचता है. यदि उसने इसे 4% कम पर खरीदा होता तथा ₹ 6 अधिक में बेचा होता, तो उसे $18\frac{3}{4}$% लाभ होता. पुस्तक का क्रय-मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 130 (b) ₹ 140 (c) ₹ 150 (d) ₹ 160
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

39. 100 पैंसिल बेचने पर एक दुकानदार को 20 पैंसिलों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) 25% (b) 20% (c) 15% (d) 12%

40. 36 सन्तरे बेचने पर एक फल विक्रेता को 4 सन्तरों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है. उसकी हानि प्रतिशत कितनी है ?
(a) 10% (b) $12\frac{1}{2}$% (c) $11\frac{1}{9}$% (d) इनमें से कोई नहीं

41. 250 केले बेचने पर एक फल विक्रेता को 50 केलों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ होता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ?
(a) 5% (b) 10% (c) 20% (d) 25%

42. एक दुकानदार अपने सामान को क्रय-मूल्य पर ही बेचता है, परन्तु वह 1 किग्रा० के स्थान पर 960 ग्राम बाट का प्रयोग करता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(a) 40% (b) 4% (c) $4\frac{1}{6}$% (d) इनमें से कोई नहीं

43. एक दुकानदार त्रुटिपूर्ण तराजू के माध्यम से वस्तुओं को खरीदते समय 10% का घोटाला करता है तथा बेचते समय 10% का घोटाला करता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(a) 10% (b) 11% (c) 21% (d) 20%

44. एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय-मूल्य पर ही बेचने का दावा करता है. परन्तु, वह त्रुटिपूर्ण बाट का प्रयोग करके $11\frac{1}{9}$% लाभ कमाता है. 1 किग्रा० के स्थान पर वह कितना सामान देता है ?
(a) 960 ग्राम (b) 940 ग्राम (c) 925 ग्राम (d) 900 ग्राम

45. एक दुकानदार 10% लाभ पर चाय बेचता है तथा वास्तविक माप से 20% कम तोल के बाट प्रयोग करता है. उसका कुल लाभ कितने प्रतिशत है ?
(a) 30% (b) 35% (c) $37\frac{1}{2}$% (d) इनमें से कोई नहीं

46. किसी वस्तु को ₹ 900 में बेचने से प्राप्त लाभ उस वस्तु को ₹ 600 में बेचने पर हुई हानि का दुगुना है. इस वस्तु का क्रय-मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 500 (b) ₹ 680 (c) ₹ 700 (d) आँकड़े अपर्याप्त

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

47. दो प्रकार की चाय के क्रय-मूल्य क्रमशः ₹ 180 प्रति किग्रा० तथा ₹ 200 प्रति किग्रा० हैं. इन्हें [illegible] में मिलाकर मिश्रण को ₹ 210 प्रति किग्रा० की दर से बेचा जाता है. इससे उसे कितने प्रतिशत लाभ होगा?
(a) 10% (b) 11% (c) 12% (d) 13% (एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

48. शुद्ध घी का भाव ₹ 100 प्रति किग्रा० है. इसमें ₹ 50 प्रति किग्रा० के भाव वाला वनस्पति तेल मिलाकर मिश्रण ₹ 96 प्रति किग्रा० बेचा जाता है. इस प्रकार 20% लाभ होता है. इन्हें किस अनुपात में मिलाया गया है?
(a) 1 : 2 (b) 3 : 1 (c) 3 : 2 (d) इनमें से कोई नहीं
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)

49. मुकेश ने 40 किग्रा० गेंहूँ, ₹ 12·50 प्रति किग्रा० की दर से तथा 25 किग्रा० गेंहूँ ₹ 15·10 प्रति किग्रा० की दर से खरीदा. इन्हें मिलाकर मिश्रण को किस भाव बेचे कि कुल पर 10% लाभ हो? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)
(a) ₹ 13·25 प्रति किग्रा० (b) ₹ 13·50 प्रति किग्रा० (c) ₹ 14·75 प्रति किग्रा०
(d) ₹ 14·85 प्रति किग्रा० (e) इनमें से कोई नहीं

50. कपड़े के एक व्यापारी ने अपने कपड़े का आधा भाग 20% लाभ पर तथा शेष कपड़े का आधा भाग 20% हानि पर बेचा तथा शेष को उसके क्रय-मूल्य पर बेच दिया. उसको कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई?
(a) 5% लाभ (b) न लाभ न हानि (c) 5% हानि (d) 10% लाभ
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

51. 50 किग्रा० दूध के साथ पानी की कितनी मात्रा मिलाई जाये कि मिश्रण को क्रय-मूल्य पर बेचकर 10% लाभ प्राप्त किया जा सके?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) 2·5 किग्रा० (b) 5 किग्रा० (c) 7·5 किग्रा० (d) 10 किग्रा०

52. एक दुकानदार ने एक कुर्सी $2\frac{1}{2}$% हानि पर बेची. यदि वह इसे ₹ 100 अधिक में बेचता तो $7\frac{1}{2}$% लाभ होता. $12\frac{1}{2}$% लाभ कमाने हेतु इसे कितने रुपये में बेचना होगा? (एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)
(a) ₹ 850 (b) ₹ 925 (c) ₹ 1080 (d) ₹ 1125

53. एक व्यक्ति ने कोई वस्तु खरीद कर इसे 5% लाभ पर बेच दिया. यदि वह इसे 5% कम में खरीदता तथा 1 रुपया कम में बेचता, तो उसे 10% लाभ होता. वस्तु का क्रय-मूल्य कितना है?
(a) ₹ 100 (b) ₹ 150 (c) ₹ 200 (d) ₹ 500

54. किसी वस्तु का क्रय-मूल्य उस वस्तु के विक्रय मूल्य का 40% है. विक्रय मूल्य, क्रय-मूल्य का कितने प्रतिशत है?
(a) 40% (b) 60% (c) 240% (d) 250%

55. एक मशीन को 10% लाभ पर बेचा गया. यदि इसे ₹ 80 कम में बेचा जाता तो विक्रेता को 10% हानि होती. मशीन का क्रय-मूल्य कितना है?
(a) ₹ 350 (b) ₹ 400 (c) ₹ 450 (d) ₹ 520

56. 100 वस्तुओं में से आधी वस्तुओं को 20% लाभ पर तथा शेष वस्तुओं को 40% लाभ पर बेचा गया. यदि सभी वस्तुओं को 25% लाभ पर बेचा गया होता, तो यह लाभ पहले से ₹ 100 कम मिलता. प्रत्येक वस्तु का क्रय-मूल्य कितना है?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 10 (b) ₹ 15 (c) ₹ 20 (d) ₹ 30

57. यदि 20 वस्तुओं का क्रय-मूल्य 15 वस्तुओं के विक्रय-मूल्य के बराबर हो, तो लाभ प्रतिशत कितना है?
(a) $16\frac{2}{3}$% (b) 20% (c) $33\frac{1}{3}$% (d) $66\frac{2}{3}$%
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

58. किसी अल्मारी को ₹ 2576 में बेचने पर एक व्यक्ति को 12% लाभ होता है. यदि इसे ₹ 100 कम में खरीदा गया होता, तो कितने प्रतिशत लाभ होता?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) $11\frac{1}{9}$% (b) $13\frac{1}{3}$% (c) $17\frac{1}{11}$% (d) $17\frac{9}{11}$%

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

59. प्रतीक ने एक संगीत वाद्य कार्तिक को 20% लाभ पर बेच दिया और कार्तिक ने इसे स्वस्तिक को 40% लाभ पर बेचा. यदि स्वस्तिक ने इसका मूल्य ₹ 10500 दिया हो तो प्रतीक ने इसके लिए कितनी राशि दी ?
(a) ₹ 8240 (b) ₹ 7500 (c) ₹ 6250 (d) निर्धारित नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**

60. मनोष ने 25 किग्रा० चावल ₹ 32 प्रति किग्रा० तथा 15 किग्रा० चावल ₹ 36 प्रति किग्रा० खरीदे. दोनों को मिलाकर बने मिश्रण को ₹ 40·20 प्रति किग्रा० की दर से बेचने पर कितने प्रतिशत लाभ हुआ ?
(a) 25% (b) 40% (c) 30% (d) 20% (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

61. मनोज ने दो रेडियो ₹ 6400 में खरीदे. उसने एक रेडियो को 25% लाभ पर तथा दूसरे को 25% हानि पर बेच दिया. यदि दोनों रेडियों के विक्रय-मूल्य समान हों, तो प्रत्येक का विक्रय-मूल्य कितना होगा ?
(a) ₹ 3200 (b) ₹ 3120 (c) ₹ 3280 (d) ₹ 3000

62. एक व्यक्ति ने कोई वस्तु खरीदकर इसे 10% हानि पर बेच दिया. यदि वह इसे 20% कम में खरीदता तथा ₹ 55 अधिक में बेचता, तो उसे 40% लाभ होता. इस वस्तु का क्रय-मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 200 (b) ₹ 225 (c) ₹ 250 (d) इनमें से कोई नहीं

63. किसी वस्तु को ₹ 8000 में बेचने पर क्रय मूल्य के $\frac{1}{5}$ भाग के बराबर हानि होती है. इस वस्तु का क्रय मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 6400 (b) ₹ 9600 (c) ₹ 10000 (d) इनमें से कोई नहीं

64. दो साईकिलें समान मूल्य पर बेची जाती हैं. इनमें से पहली साईकिल 20% लाभ पर तथा दूसरी साईकिल 20% हानि पर बेची जाती है. इससे कुल ₹ 18 की हानि हुई हो तो इनके क्रय मूल्य होंगे क्रमशः
(a) ₹ 180, ₹ 270 (b) ₹ 200, ₹ 240 (c) ₹ 180, ₹ 240 (d) ₹ 200, ₹ 270

65. एक घड़ी को 20% लाभ पर बेचा जाता है. यदि घड़ी के क्रय-मूल्य तथा विक्रय मूल्य में से प्रत्येक को ₹ 100 कम कर दिया जाये, तो लाभ 5% कम हो जाता है. घड़ी का प्रारम्भिक क्रय-मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 450 (b) ₹ 500 (c) ₹ 550 (d) ₹ 600 **(ए०ए०ओ० परीक्षा, 2010)**

66. एक फर्नीचर विक्रेता ने ₹ 720 की दर से दो कुर्सियाँ बेची. उनमें से एक कुर्सी पर 20% लाभ तथा दूसरी पर 20% हानि हुई. इस सौदे में कितने प्रतिशत लाभ अथवा हानि हुई ?
(a) 4% लाभ (b) 4% हानि (c) 10% लाभ (d) न लाभ न हानि

67. एक व्यक्ति ₹ 75 प्रति किग्रा० की दर से कुछ चावल खरीदता है. इसमें से 10% चावल खराब हो जाता है. शेष चावल वह किस भाव बेचे कि उसे 20% लाभ हो ?
(a) ₹ 90 प्रति किग्रा० (b) ₹ 80 प्रति किग्रा० (c) ₹ 100 प्रति किग्रा० (d) इनमें से कोई नहीं

68. एक कूकर 16% लाभ पर बेचा गया. यदि इसे ₹ 20 अधिक पर बेचा जाता तो लाभ 20% होता. कूकर का क्रय मूल्य कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
(a) ₹ 350 (b) ₹ 400 (c) ₹ 500 (d) ₹ 600

69. एक व्यक्ति ने एक टी०वी० सैट ₹ 9400 में बेचा. इससे उसे कुछ हानि हुई. उसने दूसरा टी०वी० सैट ₹ 10600 में बेचा. इस बार उसका लाभ पिछली हानि से दुगुना था. एक टी०वी० सैट का क्रय मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 9800 (b) ₹ 10000 (c) ₹ 10200 (d) ₹ 10400

70. एक व्यक्ति दो वस्तुयें ₹ 99 प्रति वस्तु की दर से बेचता है. उसे एक पर 10% लाभ तथा दूसरे पर 10% हानि होती है. कुल दोनों वस्तुओं पर उसे
(a) ₹ 2 का लाभ होता है (b) ₹ 2 की हानि होती है
(c) ₹ 1 की हानि होती है (d) न लाभ होता है तथा न हानि

71. एक व्यापारी किसी वस्तु को उसकी लागत में 10% वृद्धि करके बेचता है. इसके बाद वह इसके मूल्य में 10% कमी कर देता है. उक्त व्यवसाय में व्यापारी को प्राप्त होता है : **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)**
(a) न हानि न लाभ (b) 1% हानि (c) 1% लाभ (d) 2% लाभ

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

72. किसी वस्तु को बेचने पर एक व्यक्ति को उसके विक्रय मूल्य के 25% के बराबर लाभ होता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(a) 20% (b) 25% (c) $16\frac{2}{3}\%$ (d) $33\frac{1}{3}\%$

73. किसी व्यापारी ने अपने तीन-चौथाई माल को 20% लाभ पर तथा शेष को क्रय मूल्य पर ही बेच दिया. इस सम्पूर्ण माल की बिक्री पर उसे कितने प्रतिशत लाभ मिला ? (रेलवे परीक्षा, 2005)

(a) 10% (b) 25% (c) 20% (d) 15%

74. एक बेईमान व्यापारी अपना माल क्रय-मूल्य पर ही बेचता है. फिर भी वह कम तौल कर 25% लाभ अर्जित करता है. एक किग्रा० के स्थान पर वह कितना तौलता है ? (रेलवे परीक्षा, 2006)

(a) 750 ग्राम (b) 800 ग्राम (c) 825 ग्राम (d) 850 ग्राम

75. एक दुकानदार ने बिजली की प्रैस 10% लाभ पर बेची. यदि उसने इसे 10% कम में खरीदा हो तथा ₹ 16·50 कम में बेचा हो तो उसे 10% लाभ होगा. बिजली की प्रैस का लागत मूल्य कितना है ? (रेलवे परीक्षा, 2005)

(a) ₹ 130 (b) ₹ 150 (c) ₹ 137·50 (d) ₹ 148·50

76. एक वस्तु ₹ 450 में बेचने पर एक व्यक्ति को 25% हानि होती है. वह इसे किस मूल्य पर बेचे कि उसे 25% लाभ हो ? (रेलवे परीक्षा, 2006)

(a) ₹ 700 (b) ₹ 750 (c) ₹ 800 (d) ₹ 900

77. 144 पैन बेचने पर मोनिका को 6 पैनों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है. हानि प्रतिशत कितनी है ?

(a) 2% (b) 6% (c) 14% (d) 4%

78. एक दुकानदार ने 30 किग्रा० चावल, ₹ 45 प्रति किग्रा० की दर से खरीदे. कुल मात्रा का 40% उसने ₹ 60 प्रति किग्रा० की दर से बेच दिया. कुल 20% लाभ प्राप्त करने हेतु उसे शेष मात्रा किस भाव से बेचनी होगी ?

(a) ₹ 54 प्रति किग्रा० (b) ₹ 52 प्रति किग्रा० (c) ₹ 50 प्रति किग्रा०
(d) ₹ 60 प्रति किग्रा० (e) ₹ 56 प्रति किग्रा० (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

79. सीमा ने एक मोबाइल फोन 25% हानि से ₹ 1950 में बेच दिया. 30% लाभ कमाने हेतु उसे यह मोबाइल फोन कितने रुपये में बेचना चाहिए ?

(a) ₹ 3300 (b) ₹ 2600 (c) ₹ 2535 (d) ₹ 3380 (e) इनमें से कोई नहीं

80. एक इत्र की शीशी का 15% बट्टे के बाद विक्रय मूल्य ₹ 3675·40 है. इसका अंकित मूल्य कितना है ?

(a) ₹ 4324 (b) ₹ 4386 (c) ₹ 4400 (d) ₹ 4294 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

81. किसी वस्तु का क्रय मूल्य उसके अंकित मूल्य का 80% है. 12% का बट्टा देने के उपरान्त व्यापारी का लाभ प्रतिशत कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(a) 20% (b) 12% (c) 10% (d) 8%

82. किसी व्यापारी ने बिक्री के लिए सिले-सिलाये वस्त्रों के मूल्य पर 25% की छूट देने की घोषणा की. यदि कोई खरीददार ₹ 400 की छूट चाहता है, तो उसे ₹ 320 मूल्य वाली कितनी कमीजें खरीदनी होंगी ?

(a) 10 (b) 7 (c) 6 (d) 5 (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

83. किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक है. अंकित मूल्य पर 20% का बट्टा दिया जाता है. इस प्रकार की बिक्री में होगा : (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) न लाभ न हानि (b) 4% हानि (c) 4% लाभ (d) 8% लाभ

84. कोई व्यापारी एक घड़ी ₹ 450 में खरीदता है तथा इसका सूची मूल्य इस प्रकार निर्धारित करता है कि 10% बट्टा देने के उपरांत उसे 20% लाभ हो. इस घड़ी का सूची मूल्य कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(a) ₹ 500 (b) ₹ 600 (c) ₹ 750 (d) ₹ 800

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

85. कोई व्यापारी अपनी वस्तओं के मूल्य उनके क्रय मूल्य से 20% अधिक पर अंकित करता है तथा बेचने के समय 10% का बट्टा देता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 5% (b) 6% (c) 8% (d) 10%

86. एक दुकानदार किसी कमीज को 7% बट्टे पर देता है. यदि उसने 9% बट्टा दिया होता तो उसे ₹ 15 कम लाभ होता. कमीज का अंकित मूल्य कितना है ?
(a) ₹ 750 (b) ₹ 720 (c) ₹ 712·50 (d) ₹ 600

87. एक पुस्तक को उस पर छपे मूल्य पर 10% बट्टा देकर बेचने से एक दुकानदार को 12% लाभ होता है. पुस्तक के क्रय मूल्य तथा उस पर छपे मूल्य का अनुपात क्या है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 45 : 56 (b) 45 : 51 (c) 47 : 56 (d) 47 : 51

88. किसी निर्माता ने एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 50 निर्धारित किया तथा उसे 20% का बट्टा देकर बेच दिया. यदि उसे 25% लाभ हुआ हो तो उस वस्तु का क्रय-मूल्य कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 40 (b) ₹ 35 (c) ₹ 32 (d) ₹ 30

89. एक व्यापारी अपने माल पर क्रय मूल्य से 30% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा इस पर 15% बट्टा देता है. उस वस्तु का क्रय मूल्य कितना है जिस पर उसे ₹ 84 लाभ हो ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 800 (b) ₹ 560 (c) ₹ 373·33 (d) ₹ 280

90. एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 5% कमीशन देना चाहता है तथा वह 10% लाभ कमाना चाहता है. यदि किसी वस्तु का क्रय-मूल्य ₹ 95 हो, तो इसका अंकित मूल्य कितना होगा ?
(a) ₹ 100 (b) ₹ 110 (c) ₹ 120 (d) ₹ 130
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

91. एक घड़ी का अंकित मूल्य ₹ 3200 है. इसे दो क्रमिक बट्टों के साथ ₹ 2448 में बेचा जाता है. यदि पहला बट्टा 10% हो, तो दूसरा बट्टा कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 5% (b) 10% (c) 15% (d) 20%

92. किसी वस्तु के लिखित मूल्य पर 10% बट्टा देने पर 20% लाभ होता है. यदि बट्टा बढ़ा कर 20% कर दिया जाये, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) $6\frac{2}{3}\%$ (b) 5% (c) 8% (d) $5\frac{1}{3}\%$

93. एक व्यापारी अपने माल पर अंकित मूल्य पर 15% का बट्टा देता है. वह अपने माल पर लागत मूल्य से कितना अधिक मूल्य अंकित करे कि उसे 19% लाभ हो ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) 34% (b) 40% (c) 25% (d) 30%

94. एक रेडियो का अंकित मूल्य ₹ 4800 है. दुकानदार इस पर 10% का बट्टा देता है तथा 8% लाभ कमाता है. यदि वह कोई बट्टा न दे तो उसका लाभ प्रतिशत कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) 18% (b) 20% (c) 22% (d) 25%

95. एक दुकानदार घड़ी के मूल्य में 15% छूट देता है. यदि वह 20% की छूट दे तो उसे ₹ 51 कम लाभ होता है. घड़ी का मूल मूल्य कितना है ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) ₹ 920 (b) ₹ 985 (c) ₹ 1125 (d) ₹ 1020 (e) इनमें से कोई नहीं

96. नरेश ने एक टी०वी० सैट, अंकित मूल्य पर 10% बट्टा लेकर ₹ 11250 में खरीदा. इसे लाने के लिए भाड़े में ₹ 150 खर्च किये तथा इसे लगवाने पर ₹ 800 खर्च किया. बिना कोई बट्टा दिये, 15% लाभ कमाने हेतु इसे किस मूल्य पर बेचा जाना चाहिए ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) ₹12937·50 (b) ₹ 14030 (c) ₹ 13450 (d) ₹ 15467·50
(e) इनमें से कोई नहीं

97. किसी वस्तु की 10% तथा 10% की दो क्रमवार मूल्य-वृद्धियाँ किस एकमात्र मूल्य-वृद्धि के समतुल्य है ?
(a) 19% (b) 20% (c) 21% (d) 22%
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

98. 20% तथा 15% क्रमिक बट्टों के समतुल्य बट्टा क्या होगा? (रेलवे परीक्षा, 2006)
(*a*) 32% (*b*) 35% (*c*) 30% (*d*) 23%

99. $12\frac{1}{2}$% तथा 10% की दो अनुक्रमिक छूट के बाद चाँदी की एक प्लेट को ₹ 6300 में बेचा गया. इस प्लेट का अंकित मूल्य कितना है? (रेलवे परीक्षा, 2006)
(*a*) ₹ 8000 (*b*) ₹ 7800 (*c*) ₹ 7500 (*d*) ₹ 8600

100. एक व्यापारी किसी वस्तु पर 20% तथा 10% के दो उत्तरोत्तर बट्टे देता है. यदि किसी वस्तु के उसे ₹ 108 मिले हों, तो उस वस्तु का अंकित मूल्य कितना था? (रेलवे परीक्षा, 2006)
(*a*) ₹ 160 (*b*) ₹ 144 (*c*) ₹ 148 (*d*) ₹ 150

101. एक कम्पनी तीन प्रकार के क्रमवार बट्टे पेश करती है: (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
I. 25% तथा 15% II. 30% तथा 10% III. 35% तथा 5%
किसी ग्राहक के लिए सबसे अच्छा प्रस्ताव कौन-सा है?
(*a*) I (*b*) II (*c*) III (*d*) सभी प्रस्ताव बराबर हैं

102. 30%, 20% तथा 10% के क्रमिक बट्टों के समतुल्य एकमात्र बट्टा है: (एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(*a*) 50% (*b*) 49·6% (*c*) 49·4% (*d*) 51%

103. 20% तथा 5% के दो क्रमवार बट्टे किस एकमात्र बट्टे के समतुल्य हैं? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(*a*) 25% (*b*) 24% (*c*) 18% (*d*) 15%

104. 20%, 25% तथा 10% के तीन क्रमिक बट्टों के समतुल्य एकमात्र बट्टा क्या होगा?
(*a*) 55% (*b*) 50% (*c*) 48% (*d*) 46%
(एस० एस० सी० परीक्षा, 2009)

105. एक व्यापारी अपने सामान पर क्रय-मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा ग्राहकों को अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है. उसका लाभ प्रतिशत कितना है? (रेलवे परीक्षा, 2006)
(*a*) 8·5% (*b*) 12·5% (*c*) 15% (*d*) 17·5%

106. एक दुकानदार अपने ग्राहकों को 10% बट्टा देकर भी 26% लाभ कमाता है. एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 280 है. उसने इसे कितने रुपये में खरीदा? (रेलवे परीक्षा, 2006)
(*a*) ₹ 175 (*b*) ₹ 200 (*c*) ₹ 215 (*d*) ₹ 225

107. एक छतरी का अंकित मूल्य ₹ 162 तथा विक्रय मूल्य ₹ 135 है. बट्टे की दर क्या है?
(*a*) 20% (*b*) $16\frac{2}{3}$% (*c*) $13\frac{1}{2}$% (*d*) इनमें से कोई नहीं

108. एक व्यापारी अपने सामान पर क्रय-मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा इस पर कुछ बट्टा देकर 8% लाभ पर सामान बेचता है. बट्टे की दर क्या है?
(*a*) 4% (*b*) 6% (*c*) 10% (*d*) 12%

109. किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 900 है तथा इस पर 8% और 9% के दो क्रमवार बट्टे दिये जाते हैं. यदि इन दो क्रमवार बट्टों के स्थान पर विक्रेता 16% का एकमात्र बट्टा दे तो उसे कितना लाभ अथवा हानि होगी?
(*a*) ₹ 4·76 लाभ (*b*) ₹ 5·76 हानि (*c*) ₹ 5·76 लाभ (*d*) ₹ 4·76 हानि
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

110. किसी कमीज तथा पैन्ट के अंकित मूल्य 1 : 2 के अनुपात में हैं. दुकानदार कमीज पर 40% की छूट देता है तथा कमीज और पैन्ट दोनों को मिलाकर 30% की छूट देता है. पैन्ट पर दी गई छूट कितनी है?
(*a*) 15% (*b*) 20% (*c*) 25% (*d*) 30%
(एस० एस० सी० परीक्षा, 2007)

111. एक पैन का अंकित मूल्य ₹ 12 है. इस पर 15% का एक बट्टा दिया गया है. इसके बाद दूसरा बट्टा दिया गया है, जिससे पैन का मूल्य ₹ 8·16 हो जाता है. दूसरे बट्टे की दर कितनी है? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(*a*) 15% (*b*) 18% (*c*) 20% (*d*) 25%

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

112. एक व्यापारी ₹ 25000 अंकित मूल्य वाली किसी वस्तु को 20% तथा 5% के क्रमवार बट्टों के साथ खरीदता है. वह इसकी मरम्मत पर ₹ 1000 व्यय करता है तथा इसे ₹ 25000 में बेच देता है. उसकी लाभ-हानि की प्रतिशतता कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) 25% हानि (*b*) 25% लाभ (*c*) 10% लाभ (*d*) 10% हानि

113. एक व्यापारी पंखों पर वास्तविक मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है तथा इस पर 15% बट्टा देता है. वह कितने प्रतिशत लाभ कमाता है ?

(*a*) 25% (*b*) 27·5% (*c*) 9% (*d*) 19%

114. एक घड़ी विक्रेता अंकित मूल्य पर 5% बट्टा देता है. यदि वह 7% बट्टा दे तो पहले से उसे ₹ 30 कम लाभ होगा. घड़ी का अंकित मूल्य कितना है ?

(*a*) ₹ 1395 (*b*) ₹ 1425 (*c*) ₹ 1575 (*d*) इनमें से कोई नहीं

115. एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 15% बट्टा देने के बाद 20% लाभ होता है. यदि वस्तु का क्रय-मूल्य ₹ 153 हो, तो अंकित मूल्य क्या होगा ?

(*a*) ₹ 162 (*b*) ₹ 184 (*c*) ₹ 216 (*d*) ₹ 224

116. एक व्यापारी अपनी प्रत्येक वस्तु पर इतना मूल्य अंकित करता है कि इस मूल्य पर 20% छूट देने पर उसे 25% लाभ होता है. यदि किसी वस्तु का क्रय-मूल्य ₹ 432 हो, तो इसका अंकित मूल्य क्या होगा ?

(*a*) ₹ 675 (*b*) ₹ 625 (*c*) ₹ 648 (*d*) ₹ 540

117. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% छूट देने से इसका विक्रय-मूल्य ₹ 24 हो जाता है. अंकित मूल्य पर 30% छूट दिये जाने पर इसका विक्रय-मूल्य कितना होगा ?

(*a*) ₹ 27 (*b*) ₹ 21 (*c*) ₹ 21·60 (*d*) ₹ 20

118. एक दुकानदार अपनी प्रत्येक वस्तु के अंकित मूल्य पर 15% छूट देता है. इस पर 19% लाभ कमाने हेतु, क्रय-मूल्य से अंकित मूल्य कितना अधिक होगा ?

(*a*) 34% (*b*) 36% (*c*) 40% (*d*) 36·85%

119. एक दुकानदार प्रत्येक वस्तु के मूल्य पर 10% छूट का दिखावा करता है. परन्तु वह प्रत्येक वस्तु के मूल्य में 20% वृद्धि कर देता है. वह कितना प्रतिशत लाभ कमाता है ?

(*a*) 6% (*b*) 8% (*c*) 10% (*d*) 12%

120. किसी घड़ी के अंकित मूल्य पर 10% छूट देने के बाद घड़ी का मूल्य ₹ 1080 है. यदि छूट न दी जाती तो दुकानदार को 20% लाभ होता. घड़ी का क्रय-मूल्य कितना है ?

(*a*) ₹ 1000 (*b*) ₹ 1200 (*c*) ₹ 1296 (*d*) इनमें से कोई नहीं

121. एक ट्रांजिस्टर के अंकित मूल्य से ₹ 32 कम कर देने के बाद भी दुकानदार को 15% लाभ होता है. यदि इसका क्रय-मूल्य ₹ 320 हो, तो अंकित मूल्य पर इसे बेचने से कितने प्रतिशत लाभ होगा ?

(*a*) 10% (*b*) 20% (*c*) 25% (*d*) 16%

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 11A)

1. (*b*)	2. (*c*)	3. (*c*)	4. (*a*)	5. (*a*)	6. (*c*)	7. (*d*)	8. (*c*)	9. (*a*)	10. (*a*)
11. (*c*)	12. (*b*)	13. (*c*)	14. (*c*)	15. (*c*)	16. (*b*)	17. (*c*)	18. (*a*)	19. (*b*)	20. (*a*)
21. (*b*)	22. (*a*)	23. (*a*)	24. (*c*)	25. (*a*)	26. (*a*)	27. (*d*)	28. (*b*)	29. (*b*)	30. (*a*)
31. (*d*)	32. (*c*)	33. (*d*)	34. (*b*)	35. (*a*)	36. (*c*)	37. (*d*)	38. (*c*)	39. (*a*)	40. (*a*)
41. (*d*)	42. (*c*)	43. (*c*)	44. (*d*)	45. (*c*)	46. (*c*)	47. (*c*)	48. (*c*)	49. (*d*)	50. (*a*)
51. (*b*)	52. (*d*)	53. (*c*)	54. (*d*)	55. (*b*)	56. (*c*)	57. (*c*)	58. (*c*)	59. (*c*)	60. (*d*)
61. (*d*)	62. (*c*)	63. (*c*)	64. (*a*)	65. (*b*)	66. (*b*)	67. (*c*)	68. (*c*)	69. (*a*)	70. (*b*)
71. (*b*)	72. (*d*)	73. (*d*)	74. (*b*)	75. (*b*)	76. (*b*)	77. (*d*)	78. (*c*)	79. (*d*)	80. (*a*)
81. (*c*)	82. (*d*)	83. (*b*)	84. (*b*)	85. (*c*)	86. (*a*)	87. (*a*)	88. (*c*)	89. (*a*)	90. (*b*)
91. (*c*)	92. (*a*)	93. (*b*)	94. (*b*)	95. (*d*)	96. (*b*)	97. (*c*)	98. (*a*)	99. (*a*)	100. (*d*)
101. (*c*)	102. (*b*)	103. (*b*)	104. (*d*)	105. (*b*)	106. (*b*)	107. (*b*)	108. (*c*)	109. (*b*)	110. (*c*)
111. (*c*)	112. (*b*)	113. (*d*)	114. (*d*)	115. (*c*)	116. (*a*)	117. (*b*)	118. (*c*)	119. (*b*)	120. (*a*)
121. (*c*)									

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 11A

1. कार का क्रय मूल्य = ₹ 250000, विक्रय मूल्य = ₹ 348000.

लाभ = ₹ (348000 – 250000) = ₹ 98000.

लाभ % = $\left(\frac{98000}{250000}\times 100\right)\% = \frac{196}{5}\% = 39\cdot 2\%$.

2. एक दर्जन वस्तुओं का क्रय मूल्य = ₹ P.

एक दर्जन वस्तुओं का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{P}{8}\times 12\right)$ = ₹ $\frac{3P}{2}$.

लाभ = ₹ $\left(\frac{3P}{2}-P\right)$ = ₹ $\frac{P}{2}$.

लाभ % = $\left(\frac{P}{2}\times\frac{1}{P}\times 100\right)\% = 50\%$.

3. माना क्रय मूल्य = ₹ x, लाभ = ₹ $\frac{x}{10}$.

∴ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(x+\frac{x}{10}\right)$ = ₹ $\frac{11x}{10}$.

$\therefore \frac{11x}{10} = 891 \Rightarrow x = \left(891\times\frac{10}{11}\right) = 810.$

4. 26 किग्रा० चावल का क्रय मूल्य = ₹ 2470.

26 किग्रा० चावल का इच्छित विक्रय मूल्य = ₹ (2470 + 70) = ₹ 2540.

10 किग्रा० चावल का विक्रय मूल्य = ₹ (10 × 110) = ₹ 1100.

16 किग्रा० चावल का विक्रय मूल्य = ₹ (2540 – 1100) = ₹ 1440.

इस चावल को बेचने की दर = ₹ $\frac{1440}{16}$ प्रति किग्रा० = ₹ 90 प्रति किग्रा०.

5. माना विनोद के पास x पैंसिलें हैं. तब

$$\frac{5x}{2}-110 = \frac{7x}{4}+55 \Rightarrow \frac{5x}{2}-\frac{7x}{4} = 110+55$$

$$\therefore \frac{(10x-7x)}{4} = 165 \Rightarrow 3x = 165\times 4 \Rightarrow x = \frac{(165\times 4)}{3} = 220.$$

∴ पैंसिलों की अभीष्ट संख्या = 220.

6. माना घोड़े का क्रय मूल्य = ₹ x. तब गाड़ी का क्रय मूल्य = ₹ $(20000 - x)$.

$$\left(x\times\frac{120}{100}\right)+\left\{(20000-x)\times\frac{90}{100}\right\}-20000 = \left(20000\times\frac{2}{100}\right)$$

$$\Rightarrow \frac{6x}{5}+\frac{9\,(20000-x)}{10} = 20400 \Rightarrow \frac{6x}{5}-\frac{9x}{10} = (20400-18000)$$

$$\Rightarrow \frac{(12x-9x)}{10} = 2400 \Rightarrow 3x = 24000 \Rightarrow x = 8000.$$

∴ घोड़े का क्रय मूल्य = ₹ 8000.

7. माना पहले चाय का मूल्य = ₹ x प्रति किग्रा०. नया भाव = ₹ $\left(x\times\frac{90}{100}\right)$ = ₹ $\frac{9x}{10}$ प्रति किग्रा०.

$$\frac{22500}{(9x/10)}-\frac{22500}{x} = 25 \Rightarrow \frac{22500\times 10}{9x}-\frac{22500}{x} = 25$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \frac{25000}{x} - \frac{22500}{x} = 25 \Rightarrow 25x = (25000 - 22500) = 2500$

$\Rightarrow x = \frac{2500}{25} =$ ₹ 100 प्रति किग्रा०.

8. विक्रय मूल्य = ₹ 6750 तथा हानि = 25%.

$\therefore$ क्रय मूल्य $=$ ₹ $\left(\frac{100}{75} \times 6750\right) =$ ₹ 9000, लाभ = 15%.

$\therefore$ अभीष्ट विक्रय मूल्य $=$ ₹ $\left(\frac{115}{100} \times 9000\right) =$ ₹ 10350.

9. माना A ने इसे ₹ x में खरीदा. तब

x का 115% का 90% = 517·50 $\Rightarrow x \times \frac{115}{100} \times \frac{90}{100} = 517 \cdot 50$

$\therefore x \times \frac{23}{20} \times \frac{9}{10} = 517 \cdot 50 \Rightarrow (23 \times 9)x = 103500 \Rightarrow x = \frac{103500}{23 \times 9} = 500$

अत: A ने इसे ₹ 500 में खरीदा.

10. माना क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$1754 - x = x - 1492 \Rightarrow 2x = (1754 + 1492) = 3246$

$\Rightarrow x = 1623.$

$\therefore$ वस्तु का लागत मूल्य = ₹ 1623.

11. माना क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$996 - x = x - 894 \Rightarrow 2x = (996 + 894) = 1890 \Rightarrow x = 945.$

$\therefore$ वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 945.

12. 1 मीटर कपड़े का विक्रय मूल्य $=$ ₹ $\frac{12325}{145} =$ ₹ 85, लाभ प्रति मीटर = ₹ 10.

$\therefore$ 1 मीटर कपड़े का क्रय मूल्य = ₹ (85 – 10) = ₹ 75.

13. माना निर्धारित मूल्य = ₹ x.

अब, विक्रय मूल्य $=$ ₹ $\frac{2x}{3}$, हानि = 10%.

$\therefore$ क्रय-मूल्य $=$ ₹ $\left(\frac{100}{90} \times \frac{2x}{3}\right) =$ ₹ $\frac{20x}{27}$.

नया विक्रय-मूल्य = ₹ x. अत: लाभ $=$ ₹ $\left(x - \frac{20x}{27}\right) =$ ₹ $\frac{7x}{27}$.

लाभ % $= \left(\frac{7x}{27} \times \frac{27}{20x} \times 100\right)\% = 35\%.$

14. विक्रय मूल्य = ₹ x तथा हानि = 15%.

$\therefore$ क्रय मूल्य $=$ ₹ $\left(\frac{100}{85} \times x\right) =$ ₹ $\frac{20x}{17}$.

विक्रय मूल्य = ₹ y तथा लाभ = 15%.

$\therefore$ क्रय मूल्य $=$ ₹ $\left(\frac{100}{115} \times y\right) =$ ₹ $\frac{20y}{23}$.

$\therefore \frac{20x}{17} = \frac{20y}{23} \Rightarrow 23x = 17y \Rightarrow y = \frac{23x}{17}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\therefore \frac{(y-x)}{(y+x)} = \frac{\left(\frac{23x}{17} - x\right)}{\left(\frac{23x}{17} + x\right)} = \frac{(23x-17x)}{(23x+17x)} = \frac{6x}{40x} = \frac{3}{20}$$

अत: $(y-x):(y+x) = 3:20$.

15. माना क्रय-मूल्य = ₹ $20x$. तब, विक्रय मूल्य = ₹ $21x$.

लाभ % = $\left(\frac{x}{20x} \times 100\right)\% = 5\%$.

16. विक्रय मूल्य = ₹ 100, लाभ = ₹ 20. अत: क्रय मूल्य = ₹ (100 – 20) = ₹ 80.

$\therefore$ लाभ % = $\left(\frac{20}{80} \times 100\right)\% = 25\%$.

17. विक्रय मूल्य = ₹ 19800, लाभ अर्जित = 10%

क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{110} \times 19800\right)$ = ₹ 18000.

18. विक्रय मूल्य = ₹ 69.60, हानि = 25%.

क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{75} \times 69 \cdot 60\right)$ = ₹ $\frac{6960}{75}$ = ₹ 92·80.

19. विक्रय मूल्य = ₹ 450, हानि = 25%.

क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{75} \times 450\right)$ = ₹ 600.

अब, क्रय मूल्य = ₹ 600, लाभ = 25%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{125}{100} \times 600\right)$ = ₹ 750.

20. विक्रय मूल्य = ₹ 720, हानि = 25%.

क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{75} \times 720\right)$ = ₹ 960.

अब, क्रय मूल्य = ₹ 960, लाभ = 25%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{125}{100} \times 960\right)$ = ₹ 1200.

21. माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ x. तब

(x का 120%) – (x का 80%) = 60 $\Rightarrow \left(x \times \frac{120}{100}\right) - \left(x \times \frac{80}{100}\right) = 60$.

$\therefore \frac{6x}{5} - \frac{4x}{5} = 60 \Rightarrow (6x - 4x) = 300 \Rightarrow 2x = 300 \Rightarrow x = 150$.

अत: वस्तु का क्रय मूल्य ₹ 150 है.

22. माना A ने वह वस्तु ₹ x में खरीदी. तब

x का 125% का 120% का 110% = 330

$\Rightarrow x \times \frac{125}{100} \times \frac{120}{100} \times \frac{110}{100} = 330 \Rightarrow x \times \frac{5}{4} \times \frac{6}{5} \times \frac{11}{10} = 330 \Rightarrow \frac{33x}{20} = 330$

$\Rightarrow x = \left(330 \times \frac{20}{33}\right) = 200$.

अत: A ने वह वस्तु ₹ 200 में खरीदी.

23. माना 1 ग्राम चीनी का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

950 ग्राम चीनी का क्रय-मूल्य = ₹ 950.

950 ग्राम चीनी का विक्रय मूल्य = 1000 ग्राम चीनी का क्रय मूल्य = ₹ 1000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore$ लाभ = ₹ (1000 – 950) = ₹ 50.

लाभ % = $\left(\frac{50}{950}\times 100\right)\% = \frac{100}{19}\% = 5\frac{5}{19}\%$.

24. माना उस वस्तु का उत्पादन मूल्य = ₹ x. तब

₹ x का 110% का 115% का 125% = 1265

$\Rightarrow x\times\frac{110}{100}\times\frac{115}{100}\times\frac{125}{100} = 1265 \Rightarrow x\times\frac{11}{10}\times\frac{23}{20}\times\frac{5}{4} = 1265$

$\Rightarrow x = \frac{1265\times 10\times 20\times 4}{11\times 23\times 5} = 800.$

अत: उस वस्तु का उत्पादन मूल्य ₹ 800 है.

25. 144 अण्डों का क्रय मूल्य = ₹ 144.

(144 – 20) अण्डों का विक्रय मूल्य = ₹ (124 × 1·20) = ₹ 148·80

लाभ = ₹ (148·80 – 144) = ₹ 4·80.

लाभ % = $\left(\frac{4\cdot 80}{144}\times 100\right)\% = \frac{480}{144}\% = \frac{10}{3}\% = 3\frac{1}{3}\%$.

26. माना क्रय मूल्य = ₹ x. विक्रय मूल्य = ₹ 21 तथा हानि = x%.

$\therefore \frac{(x-21)}{x}\times 100 = x \Rightarrow 100x - 2100 = x^2$

$\therefore x^2 - 100x + 2100 = 0 \Rightarrow x^2 - 70x - 30x + 2100 = 0$

$\Rightarrow x(x-70) - 30(x-70) = 0 \Rightarrow (x-70)(x-30) = 0$

$\Rightarrow x = 70$ अथवा $x = 30$.

27. माना विक्रय मूल्य ₹ x. तब, लाभ = ₹ $\left(x\times\frac{25}{100}\right)$ = ₹ $\frac{x}{4}$.

$\therefore$ क्रय मूल्य = ₹ $\left(x - \frac{x}{4}\right)$ = ₹ $\frac{3x}{4}$.

लाभ % = $\left(\frac{x}{4}\times\frac{4}{3x}\times 100\right)\% = \frac{100}{3\%} = 33\frac{1}{3}\%$.

28. माना क्रय मूल्य = ₹ 10x. तब, विक्रय मूल्य = ₹ 11x.

लाभ = ₹ (11x – 10x) = ₹ x.

$\therefore$ लाभ % = $\left(\frac{x}{10x}\times 100\right)\% = 10\%$.

29. विक्रय मूल्य = ₹ 2850, लाभ अर्जित = 14%.

$\therefore$ क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{114}\times 2850\right)$ = ₹ 2500.

अब, क्रय-मूल्य = ₹ 2500, लाभ = 8%.

$\therefore$ अभीष्ट विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{108}{100}\times 2500\right)$ = ₹ 2700.

30. (12 बाल-पैनों का विक्रय मूल्य) – (12 बाल पैनों का क्रय मूल्य) = लाभ = 4 बाल पैनों का विक्रय मूल्य

$\Rightarrow$ 12 बाल पैनों का क्रय मूल्य = (12 बाल पैनों का विक्रय मूल्य) – (4 बाल पैनों का विक्रय मूल्य)

$\Rightarrow$ 12 बाल पैनों का क्रय मूल्य = 8 बाल पैनों का विक्रय मूल्य

माना प्रत्येक बाल पैन का क्रय मूल्य = ₹ 1. तब

8 बाल पैनों का क्रय मूल्य = ₹ 8 तथा 8 बाल पैनों का विक्रय मूल्य = ₹ 12.

लाभ % = $\left(\frac{4}{8}\times 100\right)\% = 50\%$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

31. (39 दर्जन आम का विक्रय मूल्य) – (39 दर्जन आम का क्रय मूल्य) = लाभ = 13 दर्जन आम का विक्रय मूल्य

⇒ 39 दर्जन आम का क्रय मूल्य = (39 दर्जन आम का विक्रय मूल्य) – (13 दर्जन आम का विक्रय मूल्य)

⇒ 39 दर्जन आम का क्रय मूल्य = 26 दर्जन आम का विक्रय मूल्य

माना प्रत्येक दर्जन आम का क्रय मूल्य = ₹ 1.

तब, 26 दर्जन आम का क्रय मूल्य = ₹ 26 तथा 26 दर्जन आम का विक्रय मूल्य = ₹ 39.

लाभ = ₹ (39 – 26) = ₹ 13.

लाभ % = $\left(\frac{13}{26}\times 100\right)\% = 50\%$.

32. 1, 2, 3 तथा 5 का ल०स० = 30.

माना उसने 30 नींबू खरीदे.

30 नींबू का क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times 30\right)$ = ₹ 15.

∴ लाभ % = $\left(\frac{3}{15}\times 100\right)\% = 20\%$.

33. 10, 5, 15, 6 का ल०स० = (15 × 2 × 3) = 30

माना वह 30 सन्तरे खरीदता है.

30 सन्तरों का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{10}{5}\times 30\right)$ = ₹ 60.

30 सन्तरों का विक्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{15}{6}\times 30\right)$ = ₹ 75.

60 पर लाभ = ₹ (75 – 60) = ₹ 15.

लाभ % = $\left(\frac{15}{60}\times 100\right)\% = 25\%$.

5	10, 5, 15, 6
2	2, 1, 3, 6
3	1, 1, 3, 3
	1, 1, 1, 1

34. माना कुल टॉफी = 12, विक्रय मूल्य = ₹ 1 तथा हानि = 20%.

क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{80}\times 1\right)$ = ₹ $\frac{5}{4}$, इच्छित लाभ = 20%.

विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{5}{4}\times\frac{120}{100}\right)$ = ₹ $\frac{3}{2}$.

₹ $\frac{3}{2}$ में टॉफी बेचेगा = 12.

₹ 1 में टॉफी बेचेगा = $\left(12\times\frac{2}{3}\right) = 8$.

35. माना कुल बटन = 20, विक्रय मूल्य = ₹ 1 तथा हानि = 4%.

क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{96}\times 1\right)$ = ₹ $\frac{25}{24}$, इच्छित लाभ = 20%.

विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{120}{100}\times\frac{25}{24}\right)$ = ₹ $\frac{5}{4}$.

₹ $\frac{5}{4}$ में बटन बेचेगा = 20.

₹ 1 में बटन बेचेगा = $\left(20\times\frac{4}{5}\right) = 16$.

36. खिलौने का विक्रय मूल्य = ₹ 10·86, हानि = 10%.

अत: क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{90}\times 10\cdot 80\right)$ = ₹ 12, इच्छित लाभ = 20%.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore$ विक्रय मूल्य $= ₹\left(\frac{120}{100}\times 12\right) = ₹\ 14{\cdot}40.$

37. माना मेज का क्रय मूल्य = ₹ x. तब

(x का 105%) – (x का 95%) = 80 $\Rightarrow \left(x\times\frac{105}{100}\right)-\left(x\times\frac{95}{100}\right)=80$

$\Rightarrow \frac{21x}{20}-\frac{19x}{20}=80 \Rightarrow (21x-19x)=1600 \Rightarrow 2x=1600 \Rightarrow x=800.$

अत: मेज का क्रय-मूल्य = ₹ 800.

38. माना पुस्तक का क्रय मूल्य = ₹ x.

10% लाभ पर विक्रय मूल्य $= ₹\left(x\times\frac{110}{110}\right) = ₹\ \frac{11x}{10}.$

नया क्रय मूल्य $= ₹\left(x\times\frac{96}{110}\right) = ₹\ \frac{24x}{25}.$

नया विक्रय मूल्य $= ₹\left(\frac{24x}{25}\times\frac{475}{400}\right) = ₹\ \frac{57x}{50}.$

$\therefore \frac{57x}{50}-\frac{11x}{10}=6 \Rightarrow \frac{2x}{50}=6 \Rightarrow x=150.$

अत: पुस्तक का क्रय-मूल्य = ₹ 150.

39. लाभ = (100 पैंसिलों का वि०मूल्य) – (100 पैंसिलों का क्रय-मूल्य)

$\Rightarrow$ 20 पैंसिलों का वि०मूल्य = (100 पैंसिलों का वि० मूल्य) – (100 पैंसिलों का क्रय-मूल्य)

$\Rightarrow$ 80 पैंसिलों का वि० मूल्य = 100 पैंसिलों का क्रय-मूल्य

माना प्रत्येक पैंसिल का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

तब, 80 पैंसिलों का क्रय मूल्य = ₹ 80.

80 पैंसिलों का वि० मूल्य = 100 पैंसिलों का क्रय-मूल्य = ₹ 100.

लाभ = ₹ (100 – 80) = ₹ 20.

लाभ % $= \left(\frac{20}{80}\times 100\right)\% = 25\%.$

40. हानि = (36 सन्तरों का क्रय-मूल्य) – (36 सन्तरों का वि० मूल्य)

$\Rightarrow$ 4 सन्तरों का वि०मूल्य = (36 सन्तरों का क्रय-मूल्य) – (36 सन्तरों का वि० मूल्य)

$\Rightarrow$ 40 सन्तरों का वि०मूल्य = 36 सन्तरों का क्रय-मूल्य.

माना प्रत्येक सन्तरे का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

तब, 40 सन्तरों का क्रय-मूल्य = ₹ 40.

40 सन्तरों का वि०मूल्य = 36 सन्तरों का क्रय-मूल्य = ₹ 36.

हानि = ₹ (40 – 36) = ₹ 4.

हानि % $= \left(\frac{4}{40}\times 100\right)\% = 10\%.$

41. लाभ = (250 केलों का वि० मूल्य) – (250 केलों का क्रय-मूल्य)

$\Rightarrow$ 50 केलों का वि०मूल्य = (250 केलों का वि०मूल्य) – (250 केलों का क्रय-मूल्य)

$\Rightarrow$ 200 केलों का वि०मूल्य = 250 केलों का क्रय-मूल्य.

माना प्रत्येक केले का क्रय-मूल्य = ₹ 1. तब,

200 केलों का क्रय-मूल्य = ₹ 200.

200 केलों का वि० मूल्य = 250 केलों का क्रय-मूल्य = ₹ 250.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

लाभ = ₹ (250 – 200) = ₹ 50.

लाभ % = $\left(\frac{50}{200}\times 100\right)\% = 25\%$.

42. सूत्र द्वारा : लाभ % = $\left\{\frac{\text{त्रुटि}}{(\text{सही मान}) - (\text{त्रुटि})}\times 100\right\}\%$

$$= \left(\frac{40}{960}\times 100\right)\% = 4\frac{1}{6}\%.$$

43. सूत्र: लाभ % = $\left\{\frac{(100 + \text{घोटाला }\%)^2}{100} - 100\right\}\%$

$$= \left\{\frac{(100+10)^2}{100} - 100\right\} = \frac{(110)^2 - (100)^2}{100} = \frac{(210\times 10)}{100} = 21\%.$$

44. माना त्रुटि = x ग्राम. तब

$$\frac{x}{(1000-x)}\times 100 = \frac{100}{9} \Rightarrow \frac{x}{1000-x} = \frac{1}{9} \Rightarrow 1000 - x = 9x$$

$$\Rightarrow 10x = 1000 \Rightarrow x = 100.$$

अत: 1 किग्रा. के स्थान पर वह 900 ग्राम सामान देता है.

45. माना चाय के पैकिट पर 1 किग्रा० अंकित है.

वास्तविक माप = 1000 ग्राम का 80% = 800 ग्राम.

माना 1 ग्राम का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

800 ग्राम का क्रय-मूल्य = ₹ 800.

800 ग्राम का वि० मूल्य = ₹ 1000 का 110% = ₹ $\left(1000\times\frac{110}{100}\right)$ = ₹ 1100.

लाभ % = $\left(\frac{300}{800}\times 100\right)\% = 37\frac{1}{2}\%$.

46. माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$(900 - x) = 2(x - 600)$

$\Rightarrow 3x = 2100 \Rightarrow x = 700$

$\therefore$ वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 700.

47. माना पहली प्रकार की 5 किग्रा० चाय के साथ दूसरी प्रकार की 3 किग्रा० चाय मिलाई जाती है. तब,

8 किग्रा० चाय का क्रय-मूल्य = ₹ (180 × 5 + 200 × 3) = ₹ 1500.

8 किग्रा० चाय का विक्रय-मूल्य = ₹ (210 × 8) = ₹ 1680.

लाभ % = $\left(\frac{180}{1500}\times 100\right)\% = 12\%$.

48. माना अभीष्ट अनुपात = $x : 1$.

$(x + 1)$ किग्रा० मिश्रण का क्रय-मूल्य = ₹ $(100x + 50)$.

$(x + 1)$ किग्रा० मिश्रण का विक्रय-मूल्य = ₹ $96(x + 1)$.

लाभ % = $\left\{\frac{(46-4x)}{(100x+50)}\times 100\right\}\% = \frac{(92-8x)}{(2x+1)}\%$

$\therefore \frac{92-8x}{2x+1} = 20 \Rightarrow 92 - 8x = 40x + 20 \Rightarrow 48x = 72 \Rightarrow 2x = 3 \Rightarrow x = \frac{3}{2}$.

अभीष्ट अनुपात = $\frac{3}{2} : 1 = 3 : 2$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

49. 65 किग्रा० मिश्रण का क्रय-मूल्य $= ₹\left[\left(40\times\frac{25}{2}\right)+\left(25\times\frac{1510}{100}\right)\right] = ₹\,(500 + 377{\cdot}50) = ₹\,877{\cdot}50.$

लाभ अर्जित = 10%.

65 किग्रा० का विक्रय मूल्य $= ₹\left(877\cdot50\times\frac{110}{100}\right) = ₹\,(87{\cdot}75 \times 11).$

1 किग्रा० का विक्रय मूल्य $= ₹\left(\frac{87\cdot75\times11}{65}\right) = ₹\,(1{\cdot}35 \times 11) = ₹\,14{\cdot}85.$

50. माना कुल कपड़े का क्रय-मूल्य = ₹ x.

आधे कपड़े का क्रय मूल्य $= ₹\,\frac{x}{2}.$

शेष कपड़े के आधे भाग का क्रय मूल्य $= ₹\,\frac{x}{4}.$

शेष कपड़े का क्रय मूल्य $= ₹\left\{x-\left(\frac{x}{2}+\frac{x}{4}\right)\right\} = ₹\left(x-\frac{3x}{4}\right) = ₹\,\frac{x}{4}.$

∴ कुल कपड़े का विक्रय मूल्य

$$= ₹\left\{\left(\frac{x}{2}\times\frac{120}{100}\right)+\left(\frac{x}{4}\times\frac{80}{100}\right)+\frac{x}{4}\right\} = ₹\left(\frac{3x}{5}+\frac{x}{5}+\frac{x}{4}\right) = ₹\left(\frac{4x}{5}+\frac{x}{4}\right) = \frac{21x}{20}.$$

लाभ $= ₹\left(\frac{21x}{20}-x\right) = ₹\,\frac{x}{20}.$

लाभ % $= \left(\frac{x}{20}\times\frac{1}{x}\times100\right)\% = 5\%.$

51. माना 50 किग्रा० दूध में x किग्रा० पानी मिलाया जाये तथा क्रय मूल्य ₹ y प्रति किग्रा० है.

$$\frac{(50+x)\,y-50y}{50y}\times100 = 10 \Rightarrow \frac{(50+x)-50}{50}\times100 = 10$$

$\therefore\ 2x = 10 \Rightarrow x = 5.$

अत: पानी की अभीष्ट मात्रा = 5 किग्रा०.

52. माना कुर्सी का क्रय मूल्य = ₹ x.

$$\left(x \text{ का } 107\frac{1}{2}\%\right)-\left(x \text{ का } 97\frac{1}{2}\%\right) = 100$$

$$\Rightarrow \left(x\times\frac{215}{2}\times\frac{1}{100}\right)-\left(x\times\frac{195}{2}\times\frac{1}{100}\right) = 100$$

$$\Rightarrow \frac{43x}{40}-\frac{39x}{40} = 100 \Rightarrow (43x-39x) = 4000$$

$$\Rightarrow 4x = 4000 \Rightarrow x = 1000.$$

अब, क्रय मूल्य = ₹ 1100, लाभ $= \frac{25}{2}\%.$

∴ विक्रय मूल्य $= ₹\left(1000\times\frac{225}{2\times100}\right) = ₹\,1125.$

53. माना वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ x. तब, वि० मूल्य $= ₹\,\frac{105x}{100} = ₹\,\frac{21x}{20}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

नया क्रय-मूल्य = ₹ $\frac{95x}{100}$ = ₹ $\frac{19x}{20}$, नया वि०मू० = ₹ $\left(\frac{19x}{20}\times\frac{110}{100}\right)$ = ₹ $\frac{209x}{200}$.

$\frac{21x}{20}-\frac{209x}{200}=1 \Rightarrow 210x-209x=200 \Rightarrow x=200.$ अत: अभीष्ट क्रय-मूल्य = ₹ 200.

54. माना विक्रय-मूल्य = ₹ x. तब क्रय-मूल्य = ₹ $\left(x\times\frac{4}{100}\right)$ = ₹ $\frac{2x}{5}$.

माना $x=\frac{2x}{5}$ का $z\% \Rightarrow \frac{2x}{5}\times\frac{z}{100}=x \Rightarrow z=\frac{500}{2}=250.$

∴ विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य का 250%.

55. माना मशीन का क्रय-मूल्य = ₹ x.

$\left(x\times\frac{110}{100}\right)-\left(x\times\frac{90}{100}\right)=80 \Rightarrow \frac{11x}{10}-\frac{9x}{10}=80 \Rightarrow 11x-9x=800 \Rightarrow 2x=800 \Rightarrow x=400.$

56. माना प्रत्येक वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ x. तब

$$\left(50x\times\frac{120}{100}\right)+\left(50x\times\frac{140}{100}\right)-\left(100x\times\frac{125}{100}\right)=100$$

$\Rightarrow 60x+70x-125x=100 \Rightarrow 5x=100 \Rightarrow x=20.$

∴ प्रत्येक वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ 20.

57. माना प्रत्येक वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ 1. तब

15 वस्तुओं का क्रय-मूल्य = ₹ 15.

15 वस्तुओं का विक्रय-मूल्य = 20 वस्तुओं का क्रय मूल्य = ₹ 20.

∴ लाभ % = $\left(\frac{5}{15}\times100\right)\% = 33\frac{1}{3}\%.$

58. विक्रय मूल्य = ₹ 2576, लाभ = 12%.

∴ क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{112}\times2576\right)$ = ₹ 2300.

नया क्रय मूल्य = ₹ (2300 – 100) = ₹ 2200, विक्रय मूल्य = ₹ 2576.

लाभ = ₹ (2576 – 2200) = ₹ 376.

अभीष्ट लाभ % = $\left(\frac{376}{2200}\times100\right)\% = \frac{188}{11}\% = 17\frac{1}{11}\%.$

59. माना प्रतीक ने संगीत वाद्य ₹ x में खरीदा. तब

x का 120% का 140% = 10500

$\Rightarrow x\times\frac{120}{100}\times\frac{140}{100}=10500 \Rightarrow x\times\frac{42}{25}=10500$

$\Rightarrow x=\left(10500\times\frac{25}{42}\right)=6250.$

अत: प्रतीक ने संगीत वाद्य ₹ 6250 में खरीदा.

60. 40 किग्रा० मिश्रण का मूल्य = ₹ $[(25\times32)+(15\times36)]$ = ₹ $(800+540)$ = ₹ 1340.

40 किग्रा० मिश्रण का विक्रय मूल्य = ₹ (40 × 40·20) = ₹ 1608.

लाभ = ₹ (1608 – 1340) = ₹ 268.

∴ लाभ % = $\left(\frac{268}{1340}\times100\right)\% = 20\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

61. माना प्रत्येक रेडियो का विक्रय मूल्य = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{100}{125}\right)+\left(x\times\frac{100}{75}\right)=6400\Rightarrow\frac{4x}{5}+\frac{4x}{3}=6400$$

$\Rightarrow(12x+20x)=96000\Rightarrow 32x=96000\Rightarrow x=3000.$

$\therefore$ प्रत्येक रेडियो का विक्रय मूल्य = ₹ 3000.

62. माना पहले क्रय मूल्य = ₹ x. तब, विक्रय मूल्य = ₹ $\frac{90x}{100}$ = ₹ $\frac{9x}{10}$.

नया क्रय मूल्य = ₹ $\left(x \text{ का } \frac{80}{100}\right)$ = ₹ $\frac{4x}{5}$.

नया विक्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{4x}{5}\times\frac{140}{100}\right)$ = ₹ $\frac{28x}{25}$.

$\therefore \frac{28x}{25}-\frac{9x}{10}=55\Rightarrow(56x-45x)=2750\Rightarrow 11x=2750\Rightarrow x=250.$

$\therefore$ क्रय-मूल्य = ₹ 250.

63. माना क्रय मूल्य = ₹ x तब, हानि = ₹ $\frac{x}{5}$.

विक्रय मूल्य = ₹ $\left(x-\frac{x}{5}\right)$ = ₹ $\frac{4x}{5}$.

$\therefore \frac{4x}{5}=8000\Rightarrow x=\left(8000\times\frac{5}{4}\right)=10000.$

अत: क्रय मूल्य = ₹ 10000.

64. माना प्रत्येक साईकिल का विक्रय मूल्य = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{100}{120}\right)+\left(x\times\frac{100}{80}\right)-2x=18$$

$\Rightarrow\frac{5x}{6}+\frac{5x}{4}-2x=18\Rightarrow 10x+15x-24x=216\Rightarrow x=216.$

$\therefore$ क्रय मूल्य होंगे ₹ $\left(\frac{5}{6}\times216\right)$ तथा ₹ $\left(\frac{5}{4}\times210\right)$ अर्थात् ₹ 180 तथा ₹ 270.

65. माना घड़ी का प्रारम्भिक क्रय मूल्य = ₹ x.

तब, इसका विक्रय मूल्य = ₹ $\left(x\times\frac{120}{100}\right)$ = ₹ $\frac{6x}{5}$.

नया क्रय मूल्य = ₹ $(x-100)$, नया विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{6x}{5}-100\right)$ = ₹ $\left(\frac{6x-500}{5}\right)$.

लाभ अर्जित = 25%.

$\therefore (x-100)\times\frac{125}{100}=\frac{(6x-500)}{5}\Rightarrow(x-100)\times\frac{5}{4}=\frac{(6x-500)}{5}$

$\Rightarrow 25(x-100)=4(6x-500)\Rightarrow(25x-24x)=(2500-2000)\Rightarrow x=500.$

अत: घड़ी का प्रारम्भिक मूल्य = ₹ 500.

66. दोनों कुर्सियों का कुल विक्रय मूल्य = ₹ (720×2) = ₹ 1440.

दोनों कुर्सियों का कुल क्रय-मूल्य = ₹ $\left[\left(\frac{100}{120}\times720\right)+\left(\frac{100}{80}\times720\right)\right]$

= ₹ $(600+900)$ = ₹ 1500.

हानि = ₹ $(1500-1440)$ = ₹ 60.

हानि % = $\left(\frac{60}{1500}\times100\right)\%=4\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

67. माना वह x किग्रा० चावल खरीदता है. तब, क्रय मूल्य = ₹ $75x$.

बिक्री योग्य चावल $= \left(x \times \frac{90}{100}\right)$ किग्रा० $= \frac{9x}{10}$ किग्रा०.

20% लाभ से विक्रय मूल्य = ₹ $\left(75x \times \frac{120}{100}\right)$ = ₹ $90x$.

इस चावल का बिक्री भाव = ₹ $\left(90x \times \frac{10}{9x}\right)$ प्रति किग्रा० = ₹ 100 प्रति किग्रा०.

68. माना कूकर का क्रय-मूल्य = ₹ x. तब,

(x का 120%) − (x का 116%) = 20

$\Rightarrow \left(x \times \frac{120}{100}\right) - \left(x \times \frac{116}{100}\right) = 20 \Rightarrow \frac{6x}{5} - \frac{29x}{25} = 20$

$\Rightarrow (30x - 29x) = 500 \Rightarrow x = 500.$

∴ कूकर का क्रय-मूल्य = ₹ 500.

69. माना टी०वी० सैट का क्रय-मूल्य = ₹ x. तब,

$(10600 - x) = 2(x - 9400) \Rightarrow 2x + x = 10600 + 18800$

$\Rightarrow 3x = 29400 \Rightarrow x = 9800.$

∴ एक टी०वी० सैट का क्रय-मूल्य = ₹ 9800.

70. पहली वस्तु का विक्रय-मूल्य = ₹ 99, लाभ = 10%.

∴ पहली वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(99 \times \frac{100}{110}\right)$ = ₹ 90.

दूसरी वस्तु का विक्रय-मूल्य ₹ 99, हानि = 10%.

∴ दूसरी वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(99 \times \frac{100}{90}\right)$ = ₹ 110.

दोनों वस्तुओं का क्रय-मूल्य = ₹ (90 + 110) = ₹ 200.

दोनों वस्तुओं का विक्रय-मूल्य = ₹ (99 × 2) = ₹ 198.

हानि = ₹ (200 − 198) = ₹ 2.

71. माना वस्तु का क्रय-मूल्य = ₹ x.

वस्तु का विक्रय मूल्य = x का 110% का 90%

= ₹ $\left(x \times \frac{110}{100} \times \frac{90}{100}\right)$ = ₹ $\frac{99x}{100}$.

हानि = ₹ $\left(x - \frac{99x}{100}\right)$ = ₹ $\frac{x}{100}$.

हानि % = $\left(\frac{x}{100} \times \frac{1}{x} \times 100\right)\% = 1\%$.

72. माना विक्रय मूल्य = ₹ x. तब, लाभ = ₹ $\left(x \times \frac{25}{100}\right)$ = ₹ $\frac{x}{4}$.

क्रय-मूल्य = (विक्रय मूल्य) − (लाभ) = ₹ $\left(x - \frac{x}{4}\right)$ = ₹ $\frac{3x}{4}$.

लाभ % = $\left(\frac{x}{4} \times \frac{4}{3x} \times 100\right)\% = \frac{100}{3}\% = 33\frac{1}{3}\%$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

73. माना सारे माल का क्रय मूल्य = ₹ x.

तीन-चौथाई माल का क्रय-मूल्य = ₹ $\frac{3x}{4}$, इस पर अर्जित लाभ = 20%.

$\frac{3}{4}$ माल का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{3x}{4}\times\frac{120}{100}\right)$ = ₹ $\frac{9x}{10}$.

$\frac{1}{4}$ माल का विक्रय मूल्य = $\frac{1}{4}$ माल का क्रय-मूल्य = ₹ $\frac{x}{4}$.

कुल विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{9x}{10}+\frac{x}{4}\right)$ = ₹ $\frac{23x}{20}$.

लाभ = ₹ $\left(\frac{23x}{20}-x\right)$ = ₹ $\frac{3x}{20}$.

लाभ % = $\left(\frac{3x}{20}\times\frac{1}{x}\times100\right)\% = 15\%$.

74. माना वह 1 किग्रा० के स्थान पर x ग्राम तौलता है तथा 1 ग्राम का मूल्य = ₹ 1.

तब क्रय मूल्य = ₹ x तथा विक्रय मूल्य = ₹ 1000.

$$\frac{(1000-x)}{x}\times100 = 25 \Rightarrow \frac{1000-x}{x} = \frac{1}{4}$$

$$\Rightarrow 4000-4x = x \Rightarrow 5x = 4000 \Rightarrow x = 800.$$

अत: वह 1 किग्रा० के स्थान पर 800 ग्राम तौलता है.

75. माना प्रैस का क्रय मूल्य = ₹ x. तब विक्रय मूल्य = ₹ $\left(x\times\frac{110}{100}\right)$ = ₹ $\frac{11x}{10}$.

नया क्रय-मूल्य = ₹ $\left(x\times\frac{90}{100}\right)$ = ₹ $\frac{9x}{10}$, नया विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{11x}{10}-\frac{33}{2}\right)$.

$$\therefore \left(\frac{9x}{10}\times\frac{110}{100}\right) = \left(\frac{11x}{10}-\frac{33}{2}\right) \Rightarrow \frac{11x}{10}-\frac{99x}{100} = \frac{33}{2}$$

$$\Rightarrow (110x-99x) = 1650 \Rightarrow 11x = 1650 \Rightarrow x = 150.$$

∴ प्रैस का क्रय-मूल्य = ₹ 150.

76. विक्रय मूल्य = ₹ 450, हानि = 25%.

क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{75}\times450\right)$ = ₹ 600, लाभ = 25%.

अभीष्ट विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{125}{100}\times600\right)$ = ₹ 750.

77. (144 पैनों का क्रय मूल्य) – (144 पैनों का विक्रय मूल्य) = हानि = 6 पैनों का विक्रय मूल्य

∴ 150 पैनों का विक्रय मूल्य = 144 पैनों का क्रय मूल्य

माना प्रत्येक पैन का क्रय मूल्य = ₹ 1. तब

150 पैनों का क्रय मूल्य = ₹ 150.

150 पैनों का विक्रय मूल्य = ₹ 144.

हानि % = $\left(\frac{6}{150}\times100\right)\% = 4\%$.

78. 30 किग्रा० चावल का क्रय मूल्य = ₹ (30 × 45) = ₹ 1350.

इच्छित लाभ = 20%, इच्छित विक्रय मूल्य = ₹ $\left(1350\times\frac{120}{100}\right)$ = ₹ 1620.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\left(30 \text{ किग्रा० का } \frac{40}{100}\right)$ अर्थात् 12 किग्रा० चावल का विक्रय मूल्य ₹ $= (12 \times 60) =$ ₹ 720.

शेष 18 किग्रा० चावल का विक्रय मूल्य = ₹ $(1620 - 720) =$ ₹ 900.

इस चावल का भाव = ₹ $\frac{900}{18}$ प्रति किग्रा० = ₹ 50 प्रति किग्रा०.

79. फोन का वि० मूल्य = ₹ 1950, हानि = 25%.

$\therefore$ फोन का क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{75} \times 1950\right) =$ ₹ 2600.

अब, क्रय मूल्य = ₹ 2600, लाभ = 30%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{130}{100} \times 2600\right) =$ ₹ 3380.

80. माना अंकित मूल्य = ₹ x. तब

x का 85% $= 3675 \cdot 40 \Rightarrow x \times \frac{85}{100} = 3675 \cdot 40$

$\Rightarrow x = \left(3675 \cdot 40 \times \frac{100}{85}\right) = \frac{367540}{85} = 4324.$

$\therefore$ इत्र की शीशी का अंकित मूल्य = ₹ 4324.

81. माना अंकित मूल्य = ₹ 100. तब, क्रय मूल्य = ₹ 80.

बट्टा = 12% $\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = ₹ $(100 - 12) =$ ₹ 88.

$\therefore$ लाभ % $= \left(\frac{8}{80} \times 100\right)\% = 10\%.$

82. 1 कमीज पर छूट = ₹ 320 का 25% = ₹ $\left(320 \times \frac{25}{100}\right) =$ ₹ 80.

₹ 80 की छूट के लिए 1 कमीज लेना होगा

₹ 400 की छूट के लिए कमीजों की संख्या $= \left(\frac{1}{80} \times 400\right) = 5.$

83. माना क्रय मूल्य = ₹ 100. तब, अंकित मूल्य = ₹ 120. बट्टा = 20%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{80}{100} \times 120\right) =$ ₹ 96.

$\therefore$ हानि $= (100 - 96\%) = 4\%.$

84. क्रय मूल्य = ₹ 450, लाभ = 20%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(450 \times \frac{120}{100}\right) =$ ₹ 540.

माना सूची मूल्य = ₹ x. तब, बट्टा = 10%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ (x का 90%) = ₹ $\left(x \times \frac{90}{100}\right) =$ ₹ $\frac{9x}{10}$.

$\therefore \frac{9x}{10} = 540 \Rightarrow x = \left(540 \times \frac{10}{9}\right) \Rightarrow x = 600.$

अत: सूची मूल्य = ₹ 600.

85. माना क्रय-मूल्य = ₹ 100. तब, अंकित मूल्य = ₹ 120. बट्टा = 10%.

$\therefore$ विक्रय-मूल्य $= \left(\frac{90}{100} \times 120\right) =$ ₹ 108.

अत: लाभ % = 8%.

86. माना अंकित मूल्य = ₹ x. तब

(x का 93%) − (x का 91%) = 15

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \left(x\times\frac{93}{100}\right)-\left(x\times\frac{91}{100}\right)=15 \Rightarrow (93x-91x)=1500$

$\Rightarrow 2x=1500 \Rightarrow x=750.$

$\therefore$ अंकित मूल्य = ₹ 750.

87. माना पुस्तक पर छपा मूल्य = ₹ 100, बट्टा = ₹ 10.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ (100 – 10) = ₹ 90, लाभ अर्जित = 12%.

$\therefore$ क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{112}\times 90\right)$ = ₹ $\frac{1125}{14}$.

(क्रय-मूल्य) : (छपा मूल्य) $=\frac{1125}{14}:100=1125:1400=45:56.$

88. अंकित मूल्य = ₹ 50, बट्टा = 20%.

विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{80}{100}\times 50\right)$ = ₹ 40, लाभ = 25%.

माना क्रय-मूल्य = ₹ x.

तब, x का 125% = 40 $\Rightarrow x\times\frac{125}{100}=40$.

$\therefore \frac{5x}{4}=40 \Rightarrow 5x=160 \Rightarrow x=32.$

अत: क्रय-मूल्य = ₹ 32.

89. माना क्रय-मूल्य = ₹ x. तब, अंकित मूल्य = ₹ $\left(x\times\frac{130}{100}\right)$ = ₹ $\frac{13x}{10}$, बट्टा = 15%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{85}{100}\times\frac{13x}{10}\right)$ = ₹ $\frac{221x}{200}$.

लाभ = ₹ $\left(\frac{221x}{200}-x\right)$ = ₹ $\frac{21x}{200}$.

$\therefore \frac{21x}{200}=84 \Rightarrow x=\frac{84\times 200}{21}=800.$

अत: क्रय मूल्य = ₹ 800.

90. क्रय मूल्य = ₹ 95, लाभ = 10%.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{110}{100}\times 95\right)$ = ₹ $\frac{209}{2}$.

माना अंकित मूल्य = ₹ x.

तब, x का 95% $=\frac{209}{2} \Rightarrow x\times\frac{95}{100}=\frac{209}{2} \Rightarrow x=\frac{209}{2}\times\frac{100}{95} \Rightarrow x=110.$

$\therefore$ वस्तु का अंकित मूल्य = ₹ 110.

91. माना दूसरा बट्टा = x%. तब

3200 का 90% का $(100-x)\% = 2448 \Rightarrow 3200\times\frac{90}{100}\times\frac{(100-x)}{100}=2448$

$\therefore (100-x)=\left(2448\times\frac{5}{144}\right)=85 \Rightarrow x=(100-85)=15.$

अत: दूसरा बट्टा = 15%.

92. माना वस्तु का लिखित मूल्य = ₹ 100, बट्टा = 10%. विक्रय मूल्य = ₹ (100 – 10) = ₹ 90.

विक्रय मूल्य = ₹ 90, लाभ = 20% $\Rightarrow$ क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{120}\times 90\right)$ = ₹ 75.

पुन: लिखित मूल्य = ₹ 100, बट्टा = 20% $\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = ₹ (100 – 20) = ₹ 80.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अब, क्रय मूल्य = ₹ 75 तथा विक्रय मूल्य = ₹ 80.

$\therefore$ लाभ % $= \left(\frac{5}{75}\times 100\right)\% = \frac{20}{3}\% = 6\frac{2}{3}\%$.

93. माना लागत मूल्य = ₹ 100 तथा अंकित मूल्य = ₹ $(100 + x)$.

बट्टा = 15% $\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{85}{100}\times(100-x)\right) =$ ₹ $\frac{17(100+x)}{20}$.

$\therefore \frac{17(100+x)}{20} = 119 \Rightarrow 17(100+x) = 119\times 20$

$\Rightarrow (100+x) = 7\times 20 = 140 \Rightarrow x = 40.$

$\therefore$ अंकित मूल्य = लागत मूल्य से 40% अधिक.

94. अंकित मूल्य = 4800. बट्टा = ₹ (4800 का 10%) = ₹ $\left(4800\times\frac{10}{100}\right)$ = ₹ 480.

$\therefore$ विक्रय मूल्य = ₹ (4800 – 480) = ₹ 4320, लाभ = 8%.

$\therefore$ क्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{108}\times 4320\right)$ = ₹ 4000.

बट्टा न देने पर विक्रय मूल्य = अंकित मूल्य = ₹ 4800.

इस दशा में लाभ % $= \left(\frac{800}{4000}\times 100\right)\% = 20\%$.

95. माना घड़ी का मूल मूल्य = ₹ x. तब

(x का 85%) – (x का 80%) = 51

$\Rightarrow \left(x\times\frac{85}{100}\right) - \left(x\times\frac{80}{100}\right) = 51 \Rightarrow \frac{17x}{20} - \frac{4x}{5} = 51 \Rightarrow x = (51\times 20) = 1020.$

अत: घड़ी का मूल मूल्य = ₹ 1020 है.

125. B का $10\% = G$ का $\frac{1}{4} \Rightarrow B \times \frac{10}{100} = G \times \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{B}{10} = \frac{G}{4} \Rightarrow \frac{B}{G} = \frac{10}{4} = \frac{5}{2} \Rightarrow B : G = 5 : 2.$

G का $10\% = B$ का $\frac{1}{25} \Rightarrow \frac{B}{25} = \frac{G}{10} \Rightarrow \frac{B}{G} = \frac{25}{10} = \frac{5}{2} \Rightarrow B : G = 5 : 2.$

126. माना इन कारों द्वारा तय की गई दूरी क्रमशः x, $2x$ तथा $3x$ इकाई हैं.

तथा इनकी यात्रा का समय क्रमशः $3y$, $2y$ तथा y इकाई हैं.

तब इनकी चालों का अनुपात क्रमशः $\frac{x}{3y} : \frac{2x}{2y} : \frac{3x}{y}$ अर्थात $\frac{1}{3} : 1 : 3$

अर्थात $1 : 3 : 9$ है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

127. (कुत्ते की चाल) : (खरगोश की चाल)
= {खरगोश की (3 × 3) छलाँगें} : {खरगोश की 5 छलाँगें} = 9 : 5.

128. प्रवीण : विजय = 4 : 5 तथा विजय : सुरेश = 3 : 2

$\Rightarrow \frac{P}{V} = \frac{4}{5}$ तथा $\frac{V}{S} = \frac{3}{2}$

$\Rightarrow \left(\frac{P}{V} \times \frac{V}{S}\right) = \left(\frac{4}{5} \times \frac{3}{2}\right) \Rightarrow \frac{P}{S} = \frac{6}{5}$

$\Rightarrow$ प्रवीण : सुरेश = 6 : 5.

129. माना विज्ञान में अंक = x. तब, अंग्रेजी में अंक = $2x$.

अंग्रेजी + विज्ञान + गणित = 180 $\Rightarrow 2x + x +$ गणित = 180.

$\therefore$ गणित में अंक = $(180 - 3x)$.

अंग्रेजी : गणित = 2 : 3 $\Rightarrow \frac{2x}{180-3x} = \frac{2}{3} \Rightarrow 6x = 360 - 6x$

$\Rightarrow 12x = 360 \Rightarrow x = 30.$

विज्ञान में प्राप्तांक = x = 30.

130. $5B + 4A = 3B + 7A \Rightarrow 2B = 3A$

$\Rightarrow \frac{B}{A} = \frac{3}{2} \Rightarrow B : A = 3 : 2$

एक केले का मूल्य : एक सेब का मूल्य = 3 : 2.

131. माना हरि के पास x गायें तथा y मुर्गे हैं. तब

$x + y = 48$ ...(*i*) तथा $4x + 2y = 140$ अर्थात $2x + y = 70$ ...(*ii*)

(*i*) को 2 से गुणा करके, गुणनफल में से (*ii*) घटाने पर

$y = (96 - 70) = 26.$

अत: हरि के पास मुर्गों की संख्या 26 है.

132. माना क्रमश: 1 किग्रा०, 1 किग्रा० तथा 2 किग्रा० का मिश्रण लिया गया है.

माना तीसरे प्रकार की चाय का भाव x रु० प्रति किग्रा० है. तब

$\frac{126 + 135 + 2x}{4} = 153 \Rightarrow 261 + 2x = 612$

$\Rightarrow 2x = 351 \Rightarrow x = 175 \cdot 50$ रु०

$\therefore$ तीसरे प्रकार की चाय का मूल्य = ₹ 175·50 प्रति किग्रा० है.

133. माना पहला व्यक्ति प्रतिदिन x पेच बनाता है. तब

x का $\frac{100}{3}\% = 1500$ का 50% $\Rightarrow \left(x \times \frac{100}{3 \times 100}\right) = \left(1500 \times \frac{50}{100}\right)$

$\Rightarrow \frac{x}{3} = 750 \Rightarrow x = 2250.$

अत: पहला व्यक्ति प्रतिदिन 2250 पेच बनाता है.

134. माना स्त्रियों की संख्या = $3x$ तथा पुरुषों की संख्या = $5x$.

तब, $5x - 3x = 40 \Rightarrow 2x = 40 \Rightarrow x = 20.$

कारखाने में कुल कर्मचारी $= (3x + 5x) = 8x = (8 \times 20) = 160.$

135. माना बड़ी संख्या = A तथा छोटी संख्या = B. तब

$(A - B) = (A + B)$ का 45% $= (A + B) \times \frac{45}{100}$

$\Rightarrow 20(A - B) = 9(A + B) \Rightarrow 20A - 20B = 9A + 9B$

$\Rightarrow 11A = 29B \Rightarrow \frac{A}{B} = \frac{29}{11} \Rightarrow A : B = 29 : 11.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

136. माना छात्रों की आयु क्रमशः $3x$ वर्ष तथा $2x$ वर्ष है. तब

$3x - 2x = 5 \Rightarrow x = 5.$

छोटे छात्र की आयु $= 2x$ वर्ष $= (2 \times 5)$ वर्ष $= 10$ वर्ष.

137. माना अभीष्ट संख्यायें $3x$ तथा $4x$ हैं. तब

इन संख्याओं का म०स० $= x$ तथा ल०स० $= 12x$.

$\therefore\ x \times 12x = 2028 \Rightarrow x^2 = 169 = (13)^2 \Rightarrow x = 13.$

$\therefore$ इन संख्याओं का योगफल $= (3x + 4x) = 7x = (7 \times 13) = 91.$

138. $\left(A = B \times \frac{4}{5} \Rightarrow \frac{A}{B} = \frac{4}{5}\right), \left(B = C \times \frac{5}{2} \Rightarrow \frac{B}{C} = \frac{5}{2}\right)$

$\therefore\ \frac{A}{C} = \left(\frac{A}{B} \times \frac{B}{C}\right) = \left(\frac{4}{5} \times \frac{5}{2}\right) = 2 \Rightarrow A : C = 2 : 1.$

139. माना प्रत्येक दी गई संख्या में x जोड़ने पर परिणामी संख्यायें समानुपाती होंगी.

तब $\frac{6+x}{7+x} = \frac{15+x}{17+x} \Rightarrow (6+x)(17+x) = (15+x)(7+x)$

$\Rightarrow x^2 + 23x + 102 = x^2 + 22x + 105 \Rightarrow x = 3.$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या $= 3.$

140. पहले बर्तन के 3 इकाई, दूसरे बर्तन के 4 इकाई तथा तीसरे बर्तन के 5 इकाई मिश्रणों में

कुल दूध की मात्रा $= \left(3 \times \frac{4}{5} + 4 \times \frac{3}{4} + 5 \times \frac{5}{7}\right) = \left(\frac{12}{5} + 3 + \frac{25}{7}\right) = \frac{(84+105+125)}{35} = \frac{314}{35}.$

पहले बर्तन के 3 इकाई, दूसरे बर्तन के 4 इकाई तथा तीसरे बर्तन के 5 इकाई मिश्रणों में

कुल पानी की मात्रा $= \left(3 \times \frac{1}{5} + 4 \times \frac{1}{4} + 5 \times \frac{2}{7}\right) = \left(\frac{3}{5} + 1 + \frac{10}{7}\right) = \frac{(21+35+50)}{35} = \frac{106}{35}.$

चौथे पात्र में दूध और पानी का अनुपात $= \frac{314}{35} : \frac{106}{35} = 314 : 106 = 157 : 53.$

141. माना तीसरे प्रकार की चाय का मूल्य ₹ x प्रति किग्रा० है. तब

$(1 \times 126) + (1 \times 135) + (2 \times x) = (1 + 1 + 2) \times 153$

$\Rightarrow 126 + 135 + 2x = 612 \Rightarrow 261 + 2x = 612$

$\Rightarrow 2x = (612 - 261) = 351 \Rightarrow x = 175 \cdot 50.$

अतः तीसरे प्रकार की चाय का मूल्य ₹ 175·50 प्रति किग्रा० है.

142. माना A, B, C और D के भाग क्रमशः ₹ $5x$, ₹ $2x$, ₹ $4x$ तथा ₹ $3x$ हैं.

तब $5x - 4x = 1000 \Rightarrow x = 1000.$

B का भाग $=$ ₹ $2x =$ ₹ $(2 \times 1000) =$ ₹ 2000.

143. माना दी गई संख्यायें A तथा B हैं. तब

A का 40% $= B$ का $\frac{4}{7} \Rightarrow A \times \frac{40}{100} = B \times \frac{4}{7}$

$\therefore\ A \times \frac{2}{5} = B \times \frac{4}{7} \Rightarrow \frac{A}{B} = \left(\frac{4}{7} \times \frac{5}{2}\right) = \frac{10}{7} \Rightarrow A : B = 10 : 7.$

144. माना कार की चाल $= x$ किमी०/घण्टा. तब, रेल की चाल $= (x + 35)$ किमी०/घण्टा.

$\therefore\ x : x + 35 = 15 : 22 \Rightarrow \frac{x}{x+35} = \frac{15}{22}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore\ 22x = 15(x+35) \Rightarrow 22x = 15x + 525$

$\Rightarrow 7x = 525 \Rightarrow x = 75.$

$\therefore$ कार की गति = 75 किमी०/घण्टा.

145. $(P+Q)$ का 20% = $(P-Q)$ का 50%

$\Rightarrow (P+Q)\times\frac{20}{100} = (P-Q)\times\frac{50}{100} \Rightarrow (P+Q)\times\frac{1}{5} = (P-Q)\times\frac{1}{2}$

$\Rightarrow 2(P+Q) = 5(P-Q) \Rightarrow 2P+2Q = 5P-5Q$

$\Rightarrow 3P = 7Q \Rightarrow \frac{P}{Q} = \frac{7}{3} \Rightarrow P:Q = 7:3.$

146. $A:B:C = 2:3:4 \Rightarrow \frac{A}{2} = \frac{B}{3} = \frac{C}{4} = k$ (माना)

तब, $A = 2k$, $B = 3k$ तथा $C = 4k$.

$\therefore\ \frac{A}{B} = \frac{2k}{3k} = \frac{2}{3}, \frac{B}{C} = \frac{3k}{4k} = \frac{3}{4}$ तथा $\frac{C}{A} = \frac{4k}{2k} = \frac{2}{1}$

$\therefore\ \frac{A}{B}:\frac{B}{C}:\frac{C}{A} = \frac{2}{3}:\frac{3}{4}:\frac{2}{1} = 8:9:24.$

147. दिये गये मिश्रण में पैट्रोल की मात्रा $= \left(28\times\frac{5}{7}\right)$ लीटर = 20 लीटर, तेल = 8 लीटर.

माना इसमें x लीटर तेल मिलाया जाये. तब

$\frac{20}{8+x} = \frac{2}{1} \Rightarrow 2(8+x) = 20 \Rightarrow 16+2x = 20 \Rightarrow 2x = 4 \Rightarrow x = 2.$

$\therefore$ मिलाये जाने वाले तेल की मात्रा = 2 लीटर.

148. माना 1 रु०, 50 पै० तथा 25 पै० के सिक्कों के मूल्य क्रमशः ₹ $13x$, ₹ $11x$ तथा ₹ $7x$ हैं.

तब इन सिक्कों की संख्या $= (13x\times 1) + (11x\times 2) + (7x\times 4)$

$= (13x + 22x + 28x) = 63x.$

$\therefore\ 63x = 378 \Rightarrow x = \frac{378}{63} = 6.$

50 पै० के सिक्कों की संख्या $= 22x = (22\times 6) = 132.$

149. माना 1 रु० के सिक्कों की संख्या $= x$.

तब 50 पैसे के सिक्कों की संख्या $= 4x$ तथा 25 पैसे के सिक्कों की संख्या $= 2x$.

इन सिक्कों का कुल मूल्य $=$ ₹ $\left(x+\frac{1}{2}\times 4x+\frac{1}{4}\times 2x\right) =$ ₹ $\left(x+2x+\frac{x}{2}\right) =$ ₹ $\frac{7x}{2}$.

$\therefore\ \frac{7x}{2} = 56 \Rightarrow x = \frac{2\times 56}{7} = 16.$

अतः 50 पैसे के सिक्कों की संख्या $= (4\times 16) = 64.$

150. माना A का वेतन = ₹ $8x$ तथा B का वेतन ₹ $9x$.

$$\frac{8x \text{ का } 150\%}{9x \text{ का } 75\%} = \frac{16}{9} \Rightarrow \frac{8x\times\frac{150}{100}}{9x\times\frac{75}{100}} = \frac{16}{9} \Rightarrow \frac{12x}{\left(\frac{27x}{4}\right)} = \frac{16}{9} \Rightarrow \frac{48}{27} = \frac{16}{9}$$

स्पष्ट है कि इससे A का वेतन ज्ञात नहीं किया जा सकता.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

151. माना ये संख्यायें $\frac{3x}{2}$ तथा $\frac{8x}{3}$ हैं. तब

$$\frac{\frac{3x}{2}+15}{\frac{8x}{3}+15}=\frac{\left(\frac{5}{3}\right)}{\left(\frac{5}{2}\right)}\Rightarrow\frac{3(3x+30)}{2(8x+45)}=\frac{2}{3}\Rightarrow 9(3x+30)=4(8x+45)$$

$$\Rightarrow(32x-27x)=(270-180)\Rightarrow 5x=90\Rightarrow x=18.$$

पहली संख्या $=\left(18\times\frac{3}{2}\right)=27.$ दूसरी संख्या $=\left(18\times\frac{8}{3}\right)=48.$ अत: अभीष्ट संख्या $=48.$

प्रश्नमाला 12B

1. एक थैली में 1 रु०, 50 पै० तथा 25 पै० के सिक्के 5 : 6 : 8 के अनुपात में हैं. यदि इस थैली में कुल ₹ 210 हों तो प्रत्येक प्रकार के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
2. A, B, C की पिछले वर्ष की आय का अनुपात 3 : 4 : 5 है. इनकी व्यक्तिगत पिछले वर्ष तथा इस वर्ष की आय का अनुपात क्रमश: 4 : 5, 2 : 3 तथा 3 : 4 है. यदि तीनों की वर्तमान आय का योग ₹ 78800 हो, तो इस वर्ष की प्रत्येक की आय ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
3. एक कार के उत्पादन में तीन मदों में खर्च होता है. ये मद हैं खनिज पदार्थों का मूल्य, मजदूरी तथा ऊपरी-खर्च. एक वर्ष में इन मदों पर होने वाले खर्च का अनुपात 4 : 3 : 2 है. परन्तु खनिज-पदार्थों के मूल्यों में 10% वृद्धि होने से, मजदूरी में 8% वृद्धि होने से तथा ऊपरी-खर्च 5% घटने से, कार के मूल्य में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
4. एक विद्यालय में छात्र तथा छात्राओं का अनुपात 3 : 2 है. यदि इनमें से 20% छात्रों तथा 25% छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलती हो, तो विद्यालय के कितने प्रतिशत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति नहीं मिलती? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
5. A तथा B की मासिक आय का अनुपात 5 : 4 है, मासिक खर्च का अनुपात 19 : 21 है तथा उनकी मासिक बचत का अनुपात 37 : 18 है. यदि A तथा B की कुल वार्षिक बचत ₹ 66000 हो, तो प्रत्येक की मासिक आय कितनी है?
6. तीन व्यक्तियों A, B, C का कुल मासिक वेतन ₹ 30000 है. यदि वे अपने वेतन का क्रमश: 75%, 70% तथा 62% खर्च करें, तो उनकी बचत का अनुपात 20 : 21 : 19 है. प्रत्येक का मासिक वेतन ज्ञात कीजिए.
7. ₹ 299 को $\frac{1}{2}:\frac{2}{3}:\frac{3}{4}$ के अनुपात में बाँटिये.
8. ₹ 1040 को A, B, C में इस प्रकार बाँटिये कि $2A = 3B = 4C$.
9. ₹ 5083 को 4 पुरुषों, 3 स्त्रियों तथा 5 बच्चों में इस प्रकार बाँटिये कि प्रत्येक पुरुष को स्त्री से डयोढ़ा मिले तथा प्रत्येक स्त्री को बच्चे से दुगुना मिले.
10. ₹ 5440 को A, B, C में इस प्रकार बाँटिये कि A को B का $\frac{2}{3}$ भाग मिले तथा B को C का $\frac{1}{4}$ भाग मिले.
11. X और Y दो प्रकार के मिश्रण हैं. मिश्रण X में द्रव A, B, C क्रमश: 3 : 5 : 2 के अनुपात में हैं जबकि मिश्रण Y में द्रव A तथा B क्रमश: 4 : 5 के अनुपात में हैं. एक लीटर मिश्रण X तथा 2 लीटर मिश्रण Y को मिलाकर एक नया मिश्रण बनाया जाता है. नये मिश्रण के 540 मिली० में द्रव A की मात्रा ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
12. एक बर्तन में पानी तथा दूध 1 : 2 के अनुपात में हैं तथा दूसरे बर्तन में 3 : 4 के अनुपात में हैं. दोनों प्रकार के मिश्रणों में से एक-एक लीटर मिश्रण लेकर मिलाया जाता है. नये मिश्रण में पानी व दूध का अनुपात क्या होगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13. एक बर्तन में दो द्रवों A तथा B का मिश्रण 5 : 3 के अनुपात में है. यदि इस बर्तन में से 16 लीटर मिश्रण निकाल कर बर्तन को B द्रव से भर दिया जाये, तो A तथा B का अनुपात 3 : 5 हो जाता है. बर्तन में कितने लीटर द्रव था ?

14. एक व्यक्ति ने 2560 किमी० की कुल दूरी का कुछ भाग वायुयान से, कुछ भाग जलयान से तथा शेष भाग कार द्वारा तय किया. वायुयान, जलयान तथा कार द्वारा की गई यात्राओं में लिये गये समय का अनुपात 1 : 4 : 5 है तथा इन यात्राओं में प्रयोग किये गये साधनों की औसत गतियों का अनुपात 20 : 1 : 8 है. यदि पूरी यात्रा में औसत गति 64 किमी०/घण्टा रही हो तो जलयान की औसत गति, इसके द्वारा लिया गया समय तथा इस द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए.

15. बाजार में A तथा B दो प्रकार का स्टील उपलब्ध है. टाईप A में 5% निक्कल तथा टाईप B में 40% निक्कल है. दोनों प्रकार के स्टील को किस-किस मात्रा में मिलाया जाये कि 30% निक्कल वाला 140 टन स्टील प्राप्त हो.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

16. चाँदी और ताँबे से बनी दो मिश्र धातुओं में से एक में चाँदी और ताँबे का अनुपात 7 : 3 तथा दूसरी में 5 : 1 है. इन दोनों मिश्र धातुओं की कितनी-कितनी मात्रायें मिलाई जायें कि कुल मात्रा 8 किग्रा० हो तथा उसमें 75% चाँदी हो ?

17. सोने और ताँबे के दो मिश्रण A तथा B हैं. A में सोने और ताँबे का अनुपात 9 : 2 है जबकि B में यह अनुपात 7 : 15 है. यदि A तथा B की समान मात्राओं को मिलाकर तीसरी धातु C बनाई जाये, तो C में सोने और ताँबे का अनुपात क्या होगा ?

18. सोना पानी से 19 गुना भारी है तथा चाँदी पानी से 9 गुना भारी है. दोनों धातुओं को किस अनुपात में मिलाया जाये कि नया मिश्रण पानी से 15 गुना भारी हो ?

19. ₹ 2120 को A, B, C में इस प्रकार बाँटिये कि $\frac{1}{6}A = \frac{2}{3}B = \frac{3}{4}C$.

20. माना x, y के वर्ग के विलोमानुपाती है. जब $x = 4$, तब $y = 3$. x का मान ज्ञात कीजिए, जबकि $y = 6$ हो.

21. एक व्यक्ति किसी बैंक से ₹ 600 का एक चैक भुनाता है. बैंक से उसे ₹ 10 तथा ₹ 5 के कुल 72 नोट मिलते हैं. ₹ 10 तथा ₹ 5 के नोटों की संख्या का अनुपात क्रमशः कितना है ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

22. यदि $(a+b):\sqrt{ab} = 4:1$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि :

$$a:b = (7+4\sqrt{3}):1.$$

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

23. यदि $m:n = 3:2$ हो, तो $(4m+5n):(4m-5n)$ ज्ञात कीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

24. यदि $x:a = y:b = z:c$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि :

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

$$\frac{(ax-by)}{(a+b)(x-y)} + \frac{(by-cz)}{(b+c)(y-z)} + \frac{(cz-ax)}{(c+a)(z-x)} = 3.$$

25. यदि $a:(b+c) = 1:3$ तथा $c:(a+b) = 5:7$ हो, तो $b:(a+c)$ का मान ज्ञात कीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

26. यदि $p:q = 3:4$ तथा $q:r = 8:9$ हो, तो $r:p$ ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 12B)

1. 105, 126, 168
2. ₹ 18000, ₹ 28800, ₹ 32000
3. 6%
4. 78%
5. ₹ 7500, ₹ 6000
6. ₹ 12000, ₹ 10500, ₹ 7500
7. ₹ 78, ₹ 104, ₹ 117
8. ₹ 480, ₹ 320, ₹ 240
9. ₹ 2652, ₹ 1326, ₹ 1105
10. ₹ 640, ₹ 960, ₹ 3840
11. 214 मिली०
12. 8 : 13
13. 40 लीटर
14. 10 किमी०/घण्टा, 16 घण्टे, 160 किमी०
15. A = 40 टन, B = 100 टन
16. पहली धातु के 5 किग्रा० के साथ दूसरी धातु के 3 किग्रा०
17. 25 : 19
18. 3 : 2
19. ₹ 1440, ₹ 360, ₹ 320
20. $x = 1$
21. 2 : 1
23. 11 : 1
25. 1 : 2
26. 3 : 2

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 12B

1. माना ₹ 1, 50 पै० तथा 25 पै० के सिक्कों की संख्या क्रमश: $5x$, $6x$ तथा $8x$ है.

इनका कुल मूल्य = ₹ $\left(\frac{5x}{1}+\frac{6x}{2}+\frac{8x}{4}\right)$ = ₹ $(5x+3x+2x)$ = ₹ $10x$.

परन्तु, कुल मूल्य = ₹ 210 (दिया गया है).

$\therefore \quad 10x = 210 \Rightarrow x = 21.$

1 रु० के सिक्कों की संख्या = $(5 \times 21) = 105$, 50 पै० के सिक्कों की संख्या = $(6 \times 21) = 126$,

25 पै० के सिक्कों की संख्या = $(8 \times 21) = 168$.

2. माना A, B, C की पिछले वर्ष की आय क्रमश: ₹ $3x$, ₹ $4x$ तथा ₹ $5x$ थी.

A की इस वर्ष की आय = ₹ $\left(\frac{5}{4}\times 3x\right)$ = ₹ $\frac{15x}{4}$.

B की इस वर्ष की आय = ₹ $\left(\frac{3}{2}\times 4x\right)$ = ₹ $6x$.

C की इस वर्ष की आय = ₹ $\left(\frac{4}{3}\times 5x\right)$ = ₹ $\frac{20x}{3}$.

$\therefore \quad \frac{15x}{4}+6x+\frac{20x}{3} = 78800 \Rightarrow 45x+72x+80x = 945600.$

$\Rightarrow 197x = 945600 \Rightarrow x = \frac{945600}{197} = 4800.$

$\therefore$ A की इस वर्ष की आय = ₹ $\left(\frac{15}{4}\times 4800\right)$ = ₹ 18000.

B की इस वर्ष की आय = ₹ (6×4800) = ₹ 28800.

C की इस वर्ष की आय = ₹ $\left(\frac{20}{3}\times 4800\right)$ = ₹ 32000.

3. माना खनिज पदार्थों पर, मजदूरी पर तथा ऊपरी मदों पर पिछले वर्ष खर्च क्रमश: ₹ $4x$, ₹ $3x$ तथा ₹ $2x$ था.

पिछले वर्ष कुल खर्च = ₹ $(4x+3x+2x)$ = ₹ $9x$.

इस वर्ष कुल खर्च = ₹ {($4x$ का 110%) + ($3x$ का 108%) + ($2x$ का 95%)}

$$= ₹ \left[\left(4x\times\frac{110}{100}\right)+\left(3x\times\frac{108}{100}\right)+\left(2x\times\frac{95}{100}\right)\right]$$

$$= ₹ \left(\frac{22x}{5}+\frac{81x}{25}+\frac{19x}{10}\right) = ₹ \frac{(220x+162x+95x)}{50} = ₹ \frac{477x}{50}.$$

कुल वृद्धि = ₹ $\left(\frac{477x}{50}-9x\right)$ = ₹ $\frac{27x}{50}$.

वृद्धि % = $\left(\frac{27x}{50}\times\frac{1}{9x}\times 100\right)\% = 6\%.$

4. माना विद्यालय में छात्रों की संख्या = $3x$ तथा छात्राओं की संख्या = $2x$.

छात्रवृत्ति न मिलने वाले विद्यार्थियों की संख्या

$$= (3x \text{ का } 80\% + 2x \text{ का } 75\%) = \left(3x\times\frac{80}{100}\right)+\left(2x\times\frac{75}{100}\right) = \left(\frac{12x}{5}+\frac{3x}{2}\right) = \frac{39x}{10}.$$

कुल विद्यार्थियों की संख्या = $(3x+2x) = 5x$.

छात्रवृत्ति न मिलने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत = $\left(\frac{39x}{10}\times\frac{1}{5x}\times 100\right)\% = 78\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. माना A तथा B की मासिक आय क्रमशः ₹ $5x$, ₹ $4x$ है; मासिक खर्च क्रमशः ₹ $19y$, ₹ $21y$ है तथा मासिक बचत क्रमशः ₹ $37z$, ₹ $18z$ हैं.

तब, $5x - 19y = 37z$ तथा $4x - 21y = 18z$.

A तथा B की मासिक बचत = ₹ $\frac{66000}{12}$ = ₹ 5500.

$\therefore$ $37z + 18z = 5500 \Rightarrow 55z = 5500 \Rightarrow z = 100.$

$5x - 19y = 3700$ ...(i) $4x - 21y = 1800$ ...(ii)

(i) को 21 से तथा (ii) को 19 से गुणा करके घटाने पर:

$105x - 76x = 77700 - 34200 \Rightarrow 29x = 43500 \Rightarrow x = 1500.$

A की मासिक आय = ₹ (5×1500) = ₹ 7500.

B की मासिक आय = ₹ (4×1500) = ₹ 6000.

6. माना A, B, C का मासिक वेतन क्रमशः ₹ x, ₹ y तथा ₹ z है.

तब, $x + y + z = 30000$ ...(i)

A की बचत = (₹ x का 25%) = ₹ $\left(x \times \frac{25}{100}\right)$ = ₹ $\frac{x}{4}$.

B की बचत = (₹ y का 30%) = ₹ $\left(y \times \frac{30}{100}\right)$ = ₹ $\frac{3y}{10}$.

C की बचत = (₹ z का 38%) = $\left(z \times \frac{38}{100}\right)$ = ₹ $\frac{19z}{50}$.

$\frac{A \text{ की बचत}}{B \text{ की बचत}} = \frac{\left(\frac{x}{4}\right)}{\left(\frac{3y}{10}\right)} = \left(\frac{x}{4} \times \frac{10}{3y}\right) = \frac{5x}{6y}$; $\frac{A \text{ की बचत}}{C \text{ की बचत}} = \frac{\left(\frac{x}{4}\right)}{\left(\frac{19z}{50}\right)} = \left(\frac{x}{4} \times \frac{50}{19z}\right) = \frac{25x}{38z}$.

$\therefore \frac{5x}{6y} = \frac{20}{21} \Rightarrow y = \frac{21 \times 5x}{20 \times 6} = \frac{7x}{8}$; $\frac{25x}{38z} = \frac{20}{19} \Rightarrow 760z = 465x \Rightarrow z = \frac{465x}{760} = \frac{5x}{8}$.

$\therefore x + y + z = 30000 \Rightarrow x + \frac{7x}{8} + \frac{5x}{8} = 30000 \Rightarrow (8x + 7x + 5x) = 240000$

$\Rightarrow 20x = 240000 \Rightarrow x = 12000.$

$\therefore y = \left(\frac{7}{8} \times 12000\right) = 10500, z = \left(\frac{5}{8} \times 12000\right) = 7500.$

अतः A, B, C के मासिक वेतन क्रमशः ₹ 12000, ₹ 10500 तथा ₹ 7500 हैं.

7. कुल राशि = ₹ 299.

दिया गया अनुपात = $\frac{1}{2} : \frac{2}{3} : \frac{3}{4} = 6 : 8 : 9.$

प्रथम भाग = ₹ $\left(299 \times \frac{6}{23}\right)$ = ₹ 78; द्वितीय भाग = ₹ $\left(299 \times \frac{8}{23}\right)$ = ₹ 104;

तृतीय भाग = ₹ $\left(299 \times \frac{9}{23}\right)$ = ₹ 117.

8. माना $2A = 3B = 4C = K$. तब, $A = \frac{K}{2}$, $B = \frac{K}{3}$ तथा $C = \frac{K}{4}$.

$\therefore \frac{K}{2} + \frac{K}{3} + \frac{K}{4} = 1040 \Rightarrow 6K + 4K + 3K = 12480 \Rightarrow 13K = 12480 \Rightarrow K = 960.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore$ A का भाग = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times 960\right)$ = ₹ 480; B का भाग = ₹ $\left(\frac{1}{3}\times 960\right)$ = ₹ 320;

C का भाग = ₹ $\left(\frac{1}{4}\times 960\right)$ = ₹ 240.

9. माना प्रत्येक बच्चे को ₹ x, प्रत्येक स्त्री को ₹ $2x$ तथा प्रत्येक पुरुष को ₹ $3x$ मिले. तब

$4\times 3x+3\times 2x+5\times x=5083 \Rightarrow 12x+6x+5x=5083 \Rightarrow 23x=5083 \Rightarrow x=221$

4 पुरुषों का भाग = ₹ $12x$ = ₹ (12×221) = ₹ 2652.

3 स्त्रियों का भाग = ₹ $6x$ = ₹ (6×221) = ₹ 1326.

5 बच्चों का भाग = ₹ $5x$ = ₹ (5×221) = ₹ 1105.

10. माना C का भाग = ₹ x. तब, B का भाग = ₹ $\frac{x}{4}$, A का भाग = ₹ $\left(\frac{2}{3}\times\frac{x}{4}\right)$ = ₹ $\frac{x}{6}$. कुल धन = ₹ 5440.

$\therefore \frac{x}{6}+\frac{x}{4}+x=5440 \Rightarrow \frac{(2x+3x+12x)}{12}=5440 \Rightarrow 17x=(5440\times 12) \Rightarrow x=\frac{(5440\times 12)}{17}=3840$

$\therefore$ C का भाग = 3840 रु०, B का भाग = ₹ $\frac{3840}{4}$ = ₹ 960 तथा A का भाग = ₹ $\frac{3840}{6}$ = ₹ 640.

11. मिश्रण X के 1 लीटर में $A=\frac{3}{10}$ लीटर, $B=\frac{5}{10}$ लीटर, $C=\frac{2}{10}$ लीटर.

मिश्रण Y के 2 लीटर में $A=\left(\frac{4}{9}\times 2\right)$ लीटर $=\frac{8}{9}$ लीटर, $B=\left(\frac{5}{9}\times 2\right)$ लीटर $=\frac{10}{9}$ लीटर.

इन दोनों के 3 लीटर मिश्रण में, $A=\left(\frac{3}{10}+\frac{8}{9}\right)$ लीटर $=\left(\frac{107}{90}\right)$ लीटर.

3000 मिली० में $A=\left(\frac{107}{90}\times 1000\right)$ मिली०.

540 मिली० में $A=\left(\frac{107000}{90}\times\frac{1}{3000}\times 540\right)$ मिली० = 214 मिली०.

12. पहले बर्तन के 1 लीटर मिश्रण में पानी $=\frac{1}{3}$ लीटर, दूध $=\frac{2}{3}$ लीटर.

दूसरे बर्तन के 1 लीटर मिश्रण में पानी $=\frac{3}{7}$ लीटर, दूध $=\frac{4}{7}$ लीटर.

नये मिश्रण में पानी $=\left(\frac{1}{3}+\frac{3}{7}\right)$ लीटर $=\frac{16}{21}$ लीटर, दूध $=\left(\frac{2}{3}+\frac{4}{7}\right)$ लीटर $=\frac{26}{21}$ लीटर.

नये मिश्रण में पानी व दूध का अनुपात $=\frac{16}{21}:\frac{26}{21}=16:26=8:13$.

13. माना बर्तन में x लीटर द्रव था जिसमें $A=\frac{5x}{8}$ लीटर तथा $B=\frac{3x}{8}$ लीटर.

16 लीटर मिश्रण में द्रव $A=\left(16\times\frac{5}{8}\right)$ लीटर = 10 लीटर तथा द्रव B = 6 लीटर.

शेष मिश्रण में द्रव $A=\left(\frac{5x}{8}-10\right)$ लीटर तथा द्रव $B=\left(\frac{3x}{8}-6\right)$ लीटर.

अब, बर्तन में 16 लीटर द्रव B डालने पर:

द्रव A की मात्रा $=\left(\frac{5x}{8}-10\right)$ लीटर तथा द्रव $B=\left(\frac{3x}{8}-6+16\right)$ लीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\therefore \quad \frac{\left(\frac{5x}{8}-10\right)}{\left(\frac{3x}{8}+10\right)} = \frac{3}{5} \Rightarrow 5\left(\frac{5x}{8}-10\right) = 3\left(\frac{3x}{8}+10\right) \Rightarrow \left(\frac{25x}{8}-\frac{9x}{8}\right) = 80 \Rightarrow 2x = 80 \Rightarrow x = 40.$$

अतः उस बर्तन में आरम्भ में 40 लीटर द्रव था.

14. माना वायुयान, जलयान तथा कार द्वारा तय की गई यात्राओं में लगा समय क्रमशः x घण्टे, $4x$ घण्टे तथा $5x$ घण्टे है तथा इनकी औसत गतियाँ क्रमशः $20y$ किमी०/घण्टा, y किमी०/घण्टा तथा $8y$ किमी०/घण्टा हैं.

कुल तय की गई दूरी = $[(x \times 20y) + (4x \times y) + (5x \times 8y)]$ किमी० = $(64xy)$ किमी०.

$$\therefore \quad 64xy = 2560 \Rightarrow xy = \frac{2560}{64} \Rightarrow xy = 40.$$

कुल दूरी = 2560 किमी०.

इस दूरी को तय करने में लगा समय = $(x + 4x + 5x)$ घण्टे = $10x$ घण्टे.

औसत गति = 64 किमी०/घण्टा.

दूरी = (औसत गति) × समय

$$\therefore \quad 2560 = 10x \times 64 \Rightarrow x = \left(\frac{2560}{10 \times 64}\right) \Rightarrow x = 4.$$ अब $x = 4$ रखने पर, $y = 10$.

$\therefore$ जलयान की औसत गति = 10 किमी०/घण्टा.

जलयान द्वारा लिया गया समय = $4x$ घण्टे = (4×4) घण्टे = 16 घण्टे.

जलयान द्वारा तय की गई दूरी = (10×16) किमी० = 160 किमी०.

15. माना A टाईप स्टील के x टन को, B टाईप स्टील के $(140 - x)$ टन के साथ मिलाया जाये.

तब x टन A टाईप में निक्कल की मात्रा = $\left(x \times \frac{5}{100}\right)$ टन = $\frac{x}{20}$ टन.

$(140 - x)$ टन B टाईप में निक्कल की मात्रा = $\left[(140-x) \times \frac{40}{100}\right]$ टन = $\frac{(280-2x)}{5}$ टन.

मिश्रण के 140 टन में निक्कल की मात्रा = 140 टन का 30% = $\left(140 \times \frac{30}{100}\right)$ टन = 42 टन.

$$\therefore \quad \frac{x}{20} + \frac{(280-2x)}{5} = 42 \Rightarrow x + 4(280 - 2x) = 840 \Rightarrow 7x = 280 \Rightarrow x = 40.$$

$\therefore \quad (140 - x) = (140 - 40) = 100.$

अतः A टाईप स्टील के 40 टन के साथ B टाईप स्टील का 100 टन मिलाना होगा.

16. माना पहली धातु के x किग्रा० के साथ दूसरी धातु का $(8 - x)$ किग्रा० मिलाया जाये.

पहली धातु में चाँदी और ताँबे का अनुपात = 7 : 3.

पहली धातु के x किग्रा० में चाँदी की मात्रा = $\left(x \times \frac{7}{10}\right)$ किग्रा० = $\frac{7x}{10}$ किग्रा०.

दूसरी धातु में चाँदी तथा ताँबे का अनुपात = 5 : 1.

दूसरी धातु के $(8 - x)$ किग्रा० में चाँदी की मात्रा = $\left[(8-x)\frac{5}{6}\right]$ किग्रा०.

कुल 8 किग्रा० मिश्रण में चाँदी की मात्रा = $\left(8 \times \frac{75}{100}\right)$ किग्रा० = 6 किग्रा०.

$$\therefore \quad \frac{7x}{10} + (8-x) \times \frac{5}{6} = 6 \Rightarrow 21x + 25(8 - x) = 180 \Rightarrow 4x = 20 \Rightarrow x = 5.$$

अतः पहली धातु के 5 किग्रा० के साथ दूसरी धातु का 3 किग्रा० मिलाना होगा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17. माना धातु C बनाने हेतु A का 1 ग्राम B के 1 ग्राम के साथ मिलाया जाता है.

तब, A के 1 ग्राम में सोने की मात्रा $= \left(1\times\frac{9}{11}\right)$ ग्राम $= \frac{9}{11}$ ग्राम.

B के 1 ग्राम में सोने की मात्रा $= \left(1\times\frac{7}{22}\right)$ ग्राम $= \frac{7}{22}$ ग्राम.

C के 2 ग्राम में सोने की मात्रा $= \left(\frac{9}{11}+\frac{7}{22}\right)$ ग्राम $= \frac{25}{22}$ ग्राम.

तथा ताँबे की मात्रा $= \left(2-\frac{25}{22}\right)$ ग्राम $= \frac{19}{22}$ ग्राम.

$\therefore$ C में सोने तथा ताँबे का अनुपात $= \frac{25}{22}:\frac{19}{22} = 25 : 19.$

18. माना x घन इकाई सोना और y घन इकाई चाँदी को मिलाकर नया मिश्रण बनता है.

माना 1 घन इकाई पानी का भार w ग्राम है.

1 घन इकाई सोने का भार $= 19w$ ग्राम, 1 घन इकाई चाँदी का भार $= 9w$ ग्राम

तथा 1 घन इकाई मिश्रण का भार $= 15w$ ग्राम.

x घन इकाई सोने का भार $= (19xw)$ ग्राम,

y घन इकाई चाँदी का भार $= (9yw)$ ग्राम.

$(x + y)$ घन इकाई मिश्रण का भार $= \{15(x + y)\, w\}$ ग्राम.

$\therefore$ $19xw + 9yw = 15(x + y)w \Rightarrow 19x + 9y = 15x + 15y \Rightarrow 4x = 6y \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{6}{4} = \frac{3}{2}.$

अभीष्ट अनुपात $= 3 : 2.$

19. माना $\frac{1}{6}A = \frac{2}{3}B = \frac{3}{4}C = k$. तब $A = 6k, B = \frac{3k}{2}, C = \frac{4k}{3}.$

$A + B + C = 2120 \Rightarrow 6k + \frac{3k}{2} + \frac{4k}{3} = 2120 \Rightarrow 36k + 9k + 8k = 12720$

$\Rightarrow 53k = 12720 \Rightarrow k = 240.$

$\therefore$ $A =$ ₹ $(6 \times 240) =$ ₹ 1440, $B =$ ₹ $\left(\frac{3}{2}\times 240\right) =$ ₹ 360, $C =$ ₹ $\left(\frac{4}{3}\times 240\right) =$ ₹ 320.

20. माना $x = \frac{k}{y^2}$, जहाँ k अचर है.

$x = 4$ तथा $y = 3$ रखने पर, $k = (4 \times 9) = 36.$

$\therefore$ $x = \frac{36}{y^2}$. इसमें $y = 6$ रखने पर, $x = \frac{36}{36} = 1.$

21. माना ₹ 10 तथा ₹ 5 के नोटों की संख्या क्रमशः x तथा y है.

तब $x + y = 72$ ...(*i*) तथा $10x + 5y = 600$ ...(*ii*)

(*i*) को 5 से गुणा करके (*ii*) में से घटाने पर :

$5x = (600 - 360) = 240 \Rightarrow x = 48.$

(*i*) में $x = 48$ रखने पर : $y = (72 - 48) = 24.$

अभीष्ट अनुपात $= 48 : 24 = 2 : 1.$

22. $\frac{(a+b)}{\sqrt{ab}} = \frac{4}{1} \Rightarrow \frac{(a+b)^2}{ab} = \frac{16}{1} \Rightarrow \frac{a^2+b^2+2ab}{ab} = \frac{16}{1}$

$$\Rightarrow \left(\frac{a^2}{ab}\right) + \left(\frac{b^2}{ab}\right) + \frac{2ab}{ab} = 16$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\Rightarrow \frac{a}{b}+\frac{b}{a}+2=16 \Rightarrow x+\frac{1}{x}+2=16 \qquad \left[\text{जहाँ } \frac{a}{b}=x\right]$$

$$\Rightarrow x+\frac{1}{x}-14=0 \Rightarrow x^2-14x+1=0$$

$$\Rightarrow \quad x=\frac{14\pm\sqrt{196-4}}{2}=\frac{14\pm\sqrt{192}}{2}=\frac{14\pm 8\sqrt{3}}{2}=7\pm 4\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow \frac{a}{b}=7+4\sqrt{3}.$$

$\therefore (a:b)=(7+4\sqrt{3}):1.$

23. $$\frac{(4m+5n)}{(4m-5n)}=\frac{4\left(\frac{m}{n}\right)+5}{4\left(\frac{m}{n}\right)-5}=\frac{\left(4\times\frac{3}{2}\right)+5}{\left(4\times\frac{3}{2}\right)-5}=\frac{(6+5)}{(6-5)}=\frac{11}{1}$$

$\Rightarrow (4m+5n):(4m-5n)=11:1.$

24. माना $\frac{x}{a}=\frac{y}{b}=\frac{z}{c}=k$, तब $x=ak$, $y=bk$ तथा $z=ck$.

$$\therefore \frac{(ax-by)}{(a+b)(x-y)}+\frac{(by-cz)}{(b+c)(y-z)}+\frac{(cz-ax)}{(c+a)(z-x)}$$

$$=\frac{(a^2k-b^2k)}{(a+b)(ak-bk)}+\frac{(b^2k-c^2k)}{(b+c)(bk-ck)}+\frac{(c^2k-a^2k)}{(c+a)(ck-ak)}$$

$$=\frac{(a^2-b^2)k}{(a+b)(a-b)k}+\frac{(b^2-c^2)k}{(b+c)(b-c)k}+\frac{(c^2-a^2)k}{(c+a)(c-a)k}=(1+1+1)=3.$$

25. $$\frac{a}{b+c}=\frac{1}{3}\Rightarrow \frac{a}{b+c}+1=\frac{1}{3}+1\Rightarrow \frac{a+b+c}{b+c}=\frac{4}{3}\Rightarrow (b+c)=\frac{3}{4}(a+b+c)$$

पुनः $\frac{c}{a+b}=\frac{5}{7}\Rightarrow \frac{c}{a+b}+1=\frac{5}{7}+1\Rightarrow \frac{a+b+c}{a+b}=\frac{12}{7}\Rightarrow (a+b)=\frac{7}{12}(a+b+c)$

अब, $b=(a+b)+(b+c)-(a+b+c)$

$$=\frac{7}{12}(a+b+c)+\frac{3}{4}(a+b+c)-(a+b+c)=\left(\frac{7}{12}+\frac{3}{4}-1\right)(a+b+c)$$

$$=\frac{(7+9-12)}{12}(a+b+c)=\frac{1}{3}(a+b+c)$$

$\Rightarrow 3b=a+b+c\Rightarrow 2b=a+c\Rightarrow \frac{b}{a+c}=\frac{1}{2}.$

$\therefore b:(a+c)=1:2.$

26. $$\left(\frac{p}{q}=\frac{3}{4} \text{ तथा } \frac{q}{r}=\frac{8}{9}\right)\Rightarrow \left(\frac{p}{q}\times\frac{q}{r}\right)=\left(\frac{3}{4}\times\frac{8}{9}\right)=\frac{2}{3}\Rightarrow \frac{p}{r}=\frac{2}{3}$$

$$\Rightarrow \frac{r}{p}=\frac{3}{2}.$$

$\therefore r:p=3:2.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13 साझा (PARTNERSHIP)

आवश्यक तथ्य एवं सूत्र

(*i*) **साझा:** दो या दो से अधिक व्यापारियों द्वारा धन लगाकर, मिलकर व्यापार करने को साझा कहते हैं तथा इसमें सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति को साझीदार (Partner) कहते हैं.

(*ii*) **पूँजी:** साझीदारों द्वारा लगाये गये धन को पूँजी कहते हैं.

(*iii*) **लाभ का साझीदारों में वितरण:**

प्रत्येक वर्ष (या पहले से तय की गई समयावधि) के अन्त में व्यापार में होने वाले लाभ या हानि को: {(प्रत्येक साझीदार की पूँजी) × (पूँजी लगी रहने का समय)} के अनुपात में साझीदारों में बाँटा जाता है.

उदाहरण: माना A की पूँजी ₹ x, p महीने के लिए निवेशित है तथा B की पूँजी ₹ y, q महीने के लिए निवेशित है. तब, लाभ में $A : B = (xp) : (yq)$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. तीन साझीदारों P, Q तथा R ने क्रमश: ₹ 45000, ₹ 70000 तथा ₹ 90000 का निवेश करके एक व्यापार आरम्भ किया. दो वर्ष के अन्त में ₹ 369000 का लाभ कमाया. इस लाभ में P, Q तथा R में से प्रत्येक का भाग कितना है?

हल : P, Q तथा R की पूँजियों का अनुपात

$= (45000 \times 24) : (70000 \times 24) : (90000 \times 24)$

$= 45 : 70 : 90 = 9 : 14 : 18$

कुल लाभ = ₹ 369000.

P का भाग = ₹ $\left(369000 \times \frac{9}{41}\right)$ = ₹ 81000.

Q का भाग = ₹ $\left(369000 \times \frac{14}{41}\right)$ = ₹ 126000.

R का भाग = ₹ $\left(369000 \times \frac{18}{41}\right)$ = ₹ 162000.

प्रश्न 2. मीनाक्षी ने ₹ 1200000 का निवेश करके एक व्यवसाय आरम्भ किया. 5 माह बाद ₹ 900000 की पूँजी के साथ अभय इस व्यापार में साझीदार हो गया. वर्ष के अन्त में ₹ 441600 के लाभ में से प्रत्येक को कितना मिला?

हल : मीनाक्षी तथा अभय की पूँजियों का अनुपात

$= (1200000 \times 12) : (900000 \times 7) = 144 : 63 = 16 : 7.$

कुल लाभ = ₹ 441600.

मीनाक्षी का भाग = ₹ $\left(441600 \times \frac{16}{23}\right)$ = ₹ 307200.

अभय का भाग = ₹ $\left(441600 \times \frac{7}{23}\right)$ = ₹ 134400.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 3. तीन ग्वाले A, B तथा C मिलकर एक चरागाह ₹ 26600 किराये पर लेते हैं. A अपनी 18 गाय, 4 महीने चराता है; B अपनी 16 गाय, 6 महीने चराता है; C अपनी 14 गाय, 7 महीने चराता है. इसके लिए B को कितना किराया देना होगा ?

हल : चरागाह का कुल किराया = ₹ 26600.

A, B, C की खपत का अनुपात $= (18 \times 4) : (16 \times 6) : (14 \times 7)$
$= (72 : 96 : 98) = (36 : 48 : 49)$.

किराये में B का भाग = ₹ $\left(26600 \times \frac{48}{133}\right)$ = ₹ 9600.

प्रश्न 4. A, B तथा C ने मिलकर एक व्यापार आरम्भ किया. कुल पूँजी का $\frac{1}{3}$ भाग A ने लगाया तथा B ने उतनी पूँजी लगाई जितनी A तथा C ने मिलकर लगाई. वर्ष के अन्त में ₹ 2352000 के लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात करें.

हल : माना कुल पूँजी = ₹ x.

A की पूँजी = ₹ $\frac{x}{3}$, B की पूँजी = $(A + C)$ की पूँजी = ₹ $\frac{x}{2}$.

$\therefore$ C की पूँजी = ₹ $\left[x - \left(\frac{x}{3} + \frac{x}{2}\right)\right]$ = ₹ $\left(x - \frac{5x}{6}\right)$ = ₹ $\frac{x}{6}$.

A, B, C की पूँजियों का अनुपात $= \frac{x}{3} : \frac{x}{2} : \frac{x}{6} = 2 : 3 : 1$.

कुल लाभ = ₹ 2352000.

A का भाग = ₹ $\left(2352000 \times \frac{2}{6}\right)$ = ₹ 784000.

B का भाग = ₹ $\left(2352000 \times \frac{3}{6}\right)$ = ₹ 1176000.

C का भाग = ₹ $\left(2352000 \times \frac{1}{6}\right)$ = ₹ 392000.

प्रश्न 5. A, B तथा C मिलकर व्यापार आरम्भ करते हैं. A पूरे वर्ष के लिए ₹ 200000 लगाता है; B पहले ₹ 300000 लगाता है तथा 4 माह बाद ₹ 100000 और लगाता है; C पहले ₹ 400000 लगाता है तथा 9 माह बाद ₹ 100000 निकाल लेता है. वर्ष के अन्त में ₹ 847500 के लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.

हल : A, B, C की पूँजियों का अनुपात

$= (200000 \times 12) : (300000 \times 4 + 400000 \times 8) : (400000 \times 9 + 300000 \times 3)$
$= (2400000 : 4400000 : 4500000) = 24 : 44 : 45$.

कुल लाभ = ₹ 847500.

A का भाग = ₹ $\left(847500 \times \frac{24}{113}\right)$ = ₹ (7500×24) = ₹ 180000.

B का भाग = ₹ $\left(847500 \times \frac{44}{113}\right)$ = ₹ (7500×44) = ₹ 330000.

B का भाग = ₹ $\left(847500 \times \frac{45}{113}\right)$ = ₹ (7500×45) = ₹ 337500.

प्रश्न 6. A, B तथा C मिलकर एक व्यापार आरम्भ करते हैं. आरम्भ में इनकी पूँजियों का अनुपात $\frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{5}$ है. चार माह बाद, B अपनी आधी पूँजी निकाल लेता है. वर्ष के अन्त में ₹ 415000 के कुल लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात करें.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल : प्रारम्भ में A, B, C की पूँजियों का अनुपात $= \frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{5} = 15 : 10 : 6.$

माना प्रारम्भ में A, B तथा C ने क्रमशः ₹ $15x$, ₹ $10x$ तथा ₹ $6x$ लगाये.

तब, $A : B : C = (15x \times 12) : (10x \times 4 + 5x \times 8) : (6x \times 12)$

$= 180x : 80x : 72x = 45 : 20 : 18.$

कुल लाभ = ₹ 415000.

A का भाग = ₹ $\left(415000 \times \frac{45}{83}\right)$ = ₹ 225000.

B का भाग = ₹ $\left(415000 \times \frac{20}{83}\right)$ = ₹ 100000.

C का भाग = ₹ $\left(415000 \times \frac{18}{83}\right)$ = ₹ 90000.

प्रश्नमाला 13A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. नीना तथा मीना ने क्रमशः ₹ 30000 तथा ₹ 45000 के निवेश से साझेदारी में व्यापार आरम्भ किया. 2 वर्ष बाद ₹ 150000 के लाभ में से मीना का भाग कितना होगा ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
   (*a*) ₹ 30000 (*b*) ₹ 45000 (*c*) ₹ 75000 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं
2. मिथिलेश ने ₹ 48000 निवेश करके एक व्यापार प्रारम्भ किया. 7 माह बाद ₹ 56000 की पूँजी लगाकर विद्या भी इस व्यापार में साझीदार हो गई. वर्षान्त में कुल ₹ 5885 के लाभ में से विद्या को कितना धन मिलेगा ?
   (*a*) ₹ 3635 (*b*) ₹ 1650 (*c*) ₹ 1925 (*d*) ₹ 3960 (*e*) इनमें से कोई नहीं
   (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
3. 5 : 6 के अनुपात में पूँजी लगाकर A तथा B साझे में कोई व्यापार प्रारम्भ करते हैं. 8 मास के बाद A अपनी पूँजी वापिस ले लेता है. यदि वर्ष के अन्त में लाभांश 5 : 9 के अनुपात में हो, तो B ने अपनी पूँजी कितने समय के लिए निवेश की ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
   (*a*) 6 मास (*b*) 8 मास (*c*) 10 मास (*d*) 12 मास
4. हेमन्त ने ₹ 50000 निवेश करके एक व्यापार आरम्भ किया. 8 महीने बाद ₹ 70000 की राशि के साथ संदीप व्यापार में सम्मिलित हो गया. 3 वर्ष बाद इनके लाभ का बँटवारा क्रमशः किस अनुपात में होगा ?
   (*a*) 45 : 49 (*b*) 43 : 45 (*c*) 51 : 49 (*d*) 53 : 51 (*e*) इनमें से कोई नहीं
   (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
5. प्रकाश, सुनील तथा अनिल ने संयुक्त रूप से क्रमशः 11 लाख रु०, 16·5 लाख रु० तथा 8·25 लाख रु० के निवेश से एक व्यापार आरम्भ किया. तीन वर्ष के अन्त में उनके द्वारा कमाया गया लाभ 19·5 लाख रु० था. इस लाभ में अनिल के भाग का 50% कितना होगा ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
   (*a*) 4.5 लाख रु० (*b*) 2.25 लाख रु० (*c*) 2.5 लाख रु० (*d*) 3.75 लाख रु० (*e*) इनमें से कोई नहीं
6. गौतम ने ₹ 60000 के निवेश से एक व्यापार आरम्भ किया. 8 माह बाद ₹ 35000 निवेशित करके जतिन भी व्यापार में साझीदार हो गया. दो वर्ष बाद दोनों का लाभ क्रमशः किस अनुपात में बँटेगा ?
   (*a*) 2 : 1 (*b*) 37 : 14 (*c*) 3 : 1 (*d*) 18 : 7 (*e*) इनमें से कोई नहीं
   (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
7. ₹ 50000 निवेश करके सरिता ने एक बुटीक चालू किया. 6 माह बाद ₹ 80000 का निवेश करके नीता उसकी साझीदार हो गई. एक वर्ष के अन्त में ₹ 18000 रु० के लाभ में से सरिता का भाग कितना है ?
   (*a*) ₹ 9000 (*b*) ₹ 8000 (*c*) ₹ 12000 (*d*) ₹ 10000 (*e*) इनमें से कोई नहीं
   (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. तीन मित्रों P, Q तथा R ने मिलकर एक व्यापार आरम्भ किया तथा क्रमशः ₹ 45000, ₹ 70000 तथा ₹ 90000 का निवेश किया. दो वर्ष के अन्त में ₹ 164000 के कुल लाभ में से Q का भाग कितना होगा ?
(*a*) ₹ 56000 (*b*) ₹ 36000 (*c*) ₹ 72000 (*d*) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

9. निनाद, विकास तथा मानव मिलकर साझे में एक व्यापार आरम्भ करते हैं. आरम्भ में निनाद कुछ राशि का निवेश करता है. 6 माह बाद विकास उससे दुगुना धन लगाकर व्यापार में सम्मिलित हो जाता है. इसके 8 माह बाद मानव, विकास से तिगुना धन लगाकर व्यापार में सम्मिलित हो जाता है. वर्ष के अन्त में ₹ 45000 के कुल लाभ में से मानव का भाग कितना है ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(*a*) ₹ 25000 (*b*) ₹ 15000 (*c*) ₹ 12000 (*d*) ₹ 9000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

10. शीना, मीना तथा रीना एक व्यापार में क्रमशः ₹ 63000, ₹ 56000 तथा ₹ 84000 का निवेश करते हैं. वर्ष के अन्त में कुल लाभ को उनके निवेश के अनुपात में वितरित किया जाता है. यदि इस लाभ में रीना का भाग ₹ 54000 हो, तो कुल अर्जित लाभ कितना है ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)
(*a*) ₹ 130500 (*b*) ₹ 145000 (*c*) ₹ 135030 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(*e*) इनमें से कोई नहीं

11. अमन ने ₹ 40000 लगाकर एक व्यापार आरम्भ किया. 6 माह बाद सामन्त ₹ 60000 लगाकर तथा उसके 3 माह बाद रचित ₹ 50000 लगाकर साझीदार हो गया. 2 वर्ष बाद इनके लाभ का अनुपात क्या होगा ?
(*a*) 5 : 8 : 9 (*b*) 25 : 32 : 36 (*c*) 36 : 32 : 25 (*d*) इनमें से कोई नहीं

12. तीन साझीदारों A, B तथा C ने मिलकर एक व्यापार में ₹ 50000 का निवेश किया. यदि A ने B से ₹ 4000 अधिक लगाये हों तथा B ने C से ₹ 5000 अधिक लगाये हों, तो वर्ष के अन्त में ₹ 35000 के कुल लाभ में से A को कितना धन मिलेगा ?
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)
(*a*) ₹ 8400 (*b*) ₹ 11900 (*c*) ₹ 13600 (*d*) ₹ 14700

13. A ने ₹ 45000 की पूँजी लगाकर एक व्यापार आरम्भ किया. कुछ समय बाद B भी ₹ 54000 लगाकर इस व्यापार में साझीदार हो गया. यदि वर्ष के अन्त में उनका लाभ 2 : 1 के अनुपात में बाँटा गया हो, तो व्यापार आरम्भ होने के कितने महीने बाद B साझीदार बना ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(*a*) 4 महीने (*b*) 5 महीने (*c*) 6 महीने (*d*) 7 महीने

14. A, B तथा C ने मिलकर एक व्यापार आरम्भ किया तथा 5 : 6 : 8 के अनुपात में पूँजी लगाई. एक वर्ष बाद C ने अपनी 50% पूँजी वापिस ले ली तथा A ने अपनी पूँजी की 60% राशि और लगा दी. दो वर्ष बाद कुल लाभ को A, B तथा C में किस अनुपात में बाँटा जायेगा ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2004)
(*a*) 2 : 3 : 3 (*b*) 4 : 3 : 2 (*c*) 13 : 13 : 12 (*d*) ज्ञात नहीं किया जा सकता
(*e*) इनमें से कोई नहीं

15. A, B तथा C ने मिलकर एक व्यापार आरम्भ किया. प्रारम्भ में A ने कुछ पूँजी लगाई. 6 माह बाद B ने इससे दुगुनी पूँजी लगाई तथा 8 माह बाद C ने A से तिगुनी पूँजी लगाई. वर्ष के अन्त में ₹ 27000 के कुल लाभ में से C का भाग कितना होगा ?
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)
(*a*) ₹ 8625 (*b*) ₹ 9000 (*c*) ₹ 10800 (*d*) ₹ 11250

16. A, B तथा C ने मिलकर व्यापार आरम्भ किया तथा $\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}$ के अनुपात में धन लगाया. चार माह बाद A ने अपने भाग में 50% की वृद्धि कर दी. यदि वर्ष के अन्त में कुल लाभ ₹ 21600 हो, तो इसमें से B का भाग कितना है ?
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2003)
(*a*) ₹ 2100 (*b*) ₹ 2400 (*c*) ₹ 3600 (*d*) ₹ 4000

17. A तथा B ने क्रमशः ₹ 50000 तथा ₹ 45000 लगाकर एक व्यापार आरम्भ किया. चार माह बाद A ने अपनी आधी पूँजी वापिस ले ली तथा B ने उसी समय अपनी एक तिहाई पूँजी वापिस ले ली. इस समय C कुल ₹ 70000 लगाकर व्यापार में साझीदार हो गया. वर्ष के अन्त में 41400 रु० के लाभ में से C का भाग कितना होगा ?
(*a*) ₹ 17800 (*b*) ₹ 16800 (*c*) ₹ 18600 (*d*) ₹ 18800

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

18. साझे के एक व्यापार में A कुल पूँजी का $\frac{1}{6}$ भाग, $\frac{1}{6}$ समय के लिए; B कुल पूँजी का $\frac{1}{3}$ भाग, [illegible] समय के लिए तथा C, कुल पूँजी का शेष भाग पूरे समय के लिए निवेश करता है. ₹ 46000 के कुल लाभ में से B का [illegible] कितना है ?

(*a*) ₹ 6500 (*b*) ₹ 8000 (*c*) ₹ 9600 (*d*) ₹ 10000

19. A तथा B दो साझीदारों ने एक व्यापार में 4 : 5 के अनुपात में पूँजी लगाई. तीन माह बाद A ने अपनी पूँजी का $\frac{1}{4}$ भाग तथा B ने अपनी पूँजी का $\frac{1}{5}$ भाग वापिस ले लिया. 10 माह बाद कुल ₹ 7600 के लाभ में से A का भाग कितना है ?

(*a*) ₹ 3300 (*b*) ₹ 3600 (*c*) ₹ 3800 (*d*) ₹ 4300

20. A तथा B मिलकर 6 : 5 के अनुपात में पूँजी लगाकर व्यापार आरम्भ करते हैं. 7 माह बाद A अपनी सारी पूँजी वापिस ले लेता है जबकि B अपनी आधी पूँजी वापिस ले लेता है. यदि अन्त में मिले लाभ के भागों का अनुपात 4 : 5 हो, तो B का धन कितने समय तक व्यापार में लगा रहा ?

(*a*) 12 माह (*b*) 9 माह (*c*) 14 माह (*d*) इनमें से कोई नहीं

21. तीन साझीदार A, B और C में एक व्यापार का लाभ इस प्रकार बाँटा जाता है कि A के भाग का 4 गुना; B के भाग का 6 गुना तथा C के भाग का 11 गुना बराबर है. तीनों को मिलने वाली लाभ की राशियों का अनुपात $A : B : C$ क्या होगा ?

(*a*) 4 : 6 : 11 (*b*) $\frac{1}{6} : \frac{1}{4} : \frac{1}{11}$ (*c*) 11 : 6 : 4 (*d*) 33 : 22 : 12

22. A, B तथा C मिलकर एक व्यापार आरम्भ करते हैं. A, पूरी लागत का एक-तिहाई भाग निवेश करता है तथा B का निवेश A तथा C के कुल निवेश के बराबर है. वर्ष के अन्त में ₹ 90000 के लाभ में से C का भाग कितना है ?

(*a*) ₹ 10000 (*b*) ₹ 15000 (*c*) ₹ 20000 (*d*) ₹ 30000

23. A तथा B ने मिलकर व्यापार आरम्भ किया. A ने ₹ 36000, 8 माह के लिए निवेश किये तथा B कुछ पूँजी लगाकर 6 माह तक व्यापार में रहा. अन्त में B को कुल लाभ का $\frac{15}{31}$ भाग मिला. B ने कितना धन लगाया ?

(*a*) ₹ 42000 (*b*) ₹ 39000 (*c*) ₹ 35000 (*d*) ₹ 45000

24. एक व्यापार में तीन साझीदारों के लाभ का अनुपात 5 : 7 : 8 है. इनका धन क्रमशः 14 महीने, 8 महीने तथा 7 महीने के लिए निवेशित रहा. इनकी पूँजियों का अनुपात क्या है ?

(*a*) 5 : 7 : 8 (*b*) 20 : 49 : 64 (*c*) 38 : 28 : 21 (*d*) इनमें से कोई नहीं

25. A, B तथा C ने एक कार्य को ₹ 16500 में समाप्त करने का ठेका लिया. A तथा B ने मिलकर कुल कार्य का $\frac{7}{11}$ भाग समाप्त कर दिया तथा शेष कार्य C ने किया. इस धन में से C का भाग कितना होगा ?

(*a*) ₹ 7200 (*b*) ₹ 6400 (*c*) ₹ 6000 (*d*) ₹ 8400

26. मीनाक्षी ने ₹ 12000 का निवेश करके एक व्यवसाय आरम्भ किया. 5 माह बाद ₹ 9000 की पूँजी लगाकर अन्य साझीदार हो गया. वर्ष के अन्त में ₹ 4416 के कुल लाभ में से मीनाक्षी का भाग कितना है ?

(*a*) ₹ 1344 (*b*) ₹ 3364 (*c*) ₹ 3072 (*d*) ₹ 2568 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

27. प्रभा ने ₹ 32000 का निवेश करके एक व्यापार आरम्भ किया. 5 माह बाद ₹ 22000 की पूँजी लगाकर अन्य साझीदार हो गया. वर्ष के अन्त में ₹ 16409 के कुल लाभ में से प्रभा का भाग कितना है ?

(*a*) ₹ 5284 (*b*) ₹ 11712 (*c*) ₹ 10182 (*d*) ₹ 4697 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

28. A ने ₹ 45000 के निवेश से एक व्यापार आरम्भ किया तथा कुछ समय बाद B, ₹ 54000 का निवेश करके उसका साझीदार हो गया. यदि व्यापार में होने वाले लाभ को वर्ष के अन्त में उनमें 2 : 1 में बाँटा गया हो तो कितने महीने के बाद B व्यापार में साझीदार बना ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

(*a*) 4 महीने (*b*) 5 महीने (*c*) 6 महीने (*d*) 7 महीने

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

29. चार ग्वालों A, B, C तथा D ने मिलकर एक चरागाह किराये पर ली. A ने अपनी 18 गाय 4 महीने चराई; B ने 25 गाय 2 महीने चराई; C ने 28 गाय 5 महीने चराई तथा D ने 21 गाय 3 महीने चराई. यदि कुल किराये में से A का भाग 3600 रु० हो, तो चरागाह का कुल किराया कितना है ?
(*a*) ₹ 15000 (*b*) ₹ 16000 (*c*) ₹ 16250 (*d*) ₹ 16500

30. समियारा, महीरा तथा कियारा ने डी०वी०डी० का एक सैट ₹ 578 किराये पर लिया. यदि उन्होंने इसका प्रयोग क्रमश: 8 घण्टे, 12 घण्टे तथा 14 घण्टे किया हो, तो कुल किराये में से कियारा को कितना देना होगा ?
(*a*) ₹ 238 (*b*) ₹ 204 (*c*) ₹ 192 (*d*) ₹ 215 (*e*) इनमें से कोई नहीं

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 13A)

1. (*e*)	2. (*c*)	3. (*d*)	4. (*a*)	5. (*b*)	6. (*e*)	7. (*d*)	8. (*a*)	9. (*e*)	10. (*a*)
11. (*d*)	12. (*d*)	13. (*d*)	14. (*c*)	15. (*b*)	16. (*d*)	17. (*b*)	18. (*b*)	19. (*a*)	20. (*c*)
21. (*d*)	22. (*b*)	23. (*d*)	24. (*b*)	25. (*c*)	26. (*c*)	27. (*b*)	28. (*d*)	29. (*c*)	30. (*a*)

दिये गये प्रश्नों के हल] प्रश्नमाला 13A

1. नीना : मीना = 30000 × 24 : 45000 × 24 = 2 : 3.
कुल लाभ = ₹ 150000.
मीना का भाग = ₹ $\left(150000\times\frac{3}{5}\right)$ = ₹ 90000.

2. मिथिलेश : विद्या = (48000 × 12 : 56000 × 5) = (6 × 12 : 7 × 5) = (72 : 35).
कुल लाभ = ₹ 5885.
विद्या का भाग = ₹ $\left(5885\times\frac{35}{107}\right)$ = ₹ 1925.

3. माना A ने ₹ $5x$, 8 मास के लिए निवेश किये तथा B ने ₹ $6x$, y मास के लिए निवेश किये.
तब $\frac{5x\times8}{6x\times y}=\frac{5}{9}\Rightarrow\frac{20}{3y}=\frac{5}{9}$.
$\therefore 15y=180\Rightarrow y=12$.
अत: B का धन 12 मास तक निवेशित रहा.

4. हेमन्त : संदीप = (50000 × 36) : (70000 × 28)
= 180 : 196 = 45 : 49.
अत: इनके लाभ का बँटवारा 45:49 के अनुपात में होगा.

5. प्रकाश : सुनील : अनिल = 11 लाख : 16·5 लाख : 8·25 लाख
$=11:16\cdot5:8\cdot25=11:\frac{165}{10}:\frac{825}{100}$
$=11:\frac{33}{2}:\frac{33}{4}=44:66:33=4:6:3.$
कुल लाभ = 19·5 लाख रु०.
अनिल का भाग = ₹ $\left(19\cdot5\text{ लाख}\times\frac{3}{13}\right)$ = ₹ (1·5 लाख × 3) = 4·5 लाख रु०.
अनिल के भाग का 5% = ₹ $\left(4\cdot5\text{ लाख}\times\frac{50}{100}\right)$ = 2·25 लाख रु०.

6. गौतम : जतिन = (60000 × 24) : (35000 × 16)
= (144 : 560) = 9 : 35.
अत: 2 वर्ष बाद कुल लाभ गौतम तथा जतिन में 9:35 के अनुपात में बँटेगा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. सरिता : नीता = (50000 × 12) : (80000 × 6)
= 60 : 48 = 5 : 4.

कुल लाभ = ₹ 18000.

सरिता का भाग = ₹ $\left(18000\times\frac{5}{9}\right)$ = ₹ 10000.

8. $P : Q : R$ = (45000 × 2) : (70000 × 2) : (90000 × 2)
= 90 : 140 : 180 = 9 : 14 : 18.

कुल लाभ = ₹ 164000.

Q का भाग = ₹ $\left(164000\times\frac{14}{41}\right)$ = ₹ 56000.

9. माना निनाद की राशि = ₹ x. तब, विकास की राशि = ₹ $2x$, मानव की राशि = ₹ $6x$.

निनाद : विकास : मानव $= x : 2x : 6x = 1 : 2 : 6$.

कुल लाभ = ₹ 45000.

मानव का भाग = ₹ $\left(45000\times\frac{6}{9}\right)$ = ₹ 30000.

10. शीना : मीना : रीना = 63000 : 56000 : 84000 = 9 : 8 : 12.

माना शीना, मीना, रीना का लाभांश क्रमशः ₹ $9x$, ₹ $8x$ तथा ₹ $12x$ है.

तब, $12x = 54000 \Rightarrow x = 4500$.

∴ कुल अर्जित लाभ = ₹ $(9x + 8x + 12x)$
= ₹ $29x$ = ₹ (29 × 4500) = ₹ 130500.

11. अमन : सामन्त : रचित = (40000 × 24) : (60000 × 18) : (50000 × 15)
= (96 : 108 : 75) = 32 : 36 : 25.

अतः इनके लाभ का अनुपात = 32 . 36 : 25.

12. माना C की पूँजी = ₹ x. तब, B की पूँजी = ₹ $(x + 5000)$ तथा A की पूँजी = ₹ $(x + 9000)$.

तब, $(x+9000)+(x+5000)+x = 50000 \Rightarrow 3x = 36000 \Rightarrow x = 12000$.

∴ C की पूँजी = ₹ 12000, B की पूँजी = ₹ 17000 तथा A की पूँजी = ₹ 21000.

$A : B : C$ = 21000 : 17000 : 12000 = 21 : 17 : 12.

कुल लाभ = ₹ 35000.

A का भाग = ₹ $\left(35000\times\frac{21}{50}\right)$ = ₹ 14700.

13. माना B आरम्भ में x महीने बाद व्यापार में साझीदार बना. तब

A तथा B की पूँजियों का अनुपात = (45000 × 12) : 54000 × $(12 - x)$
= (5 × 12) : 6 × $(12 - x)$ = 60 : $(72 - 6x)$.

$$\therefore \frac{60}{72-6x} = \frac{2}{1} \Rightarrow 144 - 12x = 60$$
$$\Rightarrow 12x = 84 \Rightarrow x = 7.$$

अतः व्यापार आरम्भ होने के 7 महीने बाद B व्यापार में सम्मिलित हुआ.

14. माना आरम्भ में A, B तथा C की पूँजियाँ क्रमशः ₹ $5x$, ₹ $6x$ तथा ₹ $8x$ थी.

A, B तथा C की पूँजियों का अनुपात

$= \{(5x\times12)+(5x+5x \text{ का } 60\%)\times12\} : (6x\times24) : (8x\times12+4x\times12)$

$= \left\{120x+\left(60x\times\frac{60}{100}\right)\right\} : (144x) : (144x)$

$= (120x+36x) : (144x) : (144x) = (156x) : (144x) : (144x) = 13 : 12 : 12.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. माना A की पूँजी = ₹ x. तब,
A, B तथा C की पूँजियों का अनुपात $=(x\times12):(2x\times6):(3x\times4)=12x:12x:12x=1:1:1.$
$\therefore$ C का भाग = ₹ $\left(27000\times\frac{1}{3}\right)$ = ₹ 9000.

16. आरम्भ में A, B तथा C की पूँजियों का अनुपात $=\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}=105:40:36.$
माना A, B, C ने आरम्भ में क्रमशः ₹ $105x$, ₹ $40x$ तथा ₹ $36x$ लगाये.
पूरे वर्ष में A, B, C की पूँजियों का अनुपात
$=\left\{(105x\times4)+\left(105x\times\frac{150}{100}\right)\times8\right\}:(40x\times12):(36x\times12)$
$=(420x+1260x):(480x):(432x)=(1680x):(480x):(432x)$
$=105:30:27=35:10:9.$
कुल वार्षिक लाभ = ₹ 21600.
इसमें से B का लाभ = ₹ $\left(21600\times\frac{10}{54}\right)$ = ₹ 4000.

17. A की पूँजी = ₹ [(50000 × 4) + (25000 × 8)] = ₹ 400000.
B की पूँजी = ₹ $\left[(45000\times4)+\left(45000\times\frac{2}{3}\times8\right)\right]$ = ₹ 420000.
C की पूँजी = ₹ (70000 × 8) = ₹ 560000.
$A:B:C=400000:420000:560000=40:42:56=20:21:28.$
कुल लाभ = ₹ 41400.
C का भाग = ₹ $\left(41400\times\frac{28}{69}\right)$ = ₹ 16800.

18. माना A, ₹ $\frac{x}{6}$, $\frac{y}{6}$ माह के लिए निवेश करता है;
B, ₹ $\frac{x}{3}$, $\frac{y}{3}$ माह के लिए निवेश करता है;
तथा C, ₹ $\left\{x-\left(\frac{x}{6}+\frac{x}{3}\right)\right\}$ = ₹ $\frac{x}{2}$, y माह के लिए निवेश करता है.
$A:B:C=\left(\frac{x}{6}\times\frac{y}{6}\right):\left(\frac{x}{3}\times\frac{y}{3}\right):\left(\frac{x}{2}\times y\right)=\frac{xy}{36}:\frac{xy}{9}:\frac{xy}{2}=1:4:18.$
कुल लाभ = ₹ 46000.
इसमें, B का भाग = ₹ $\left(46000\times\frac{4}{23}\right)$ = ₹ 8000.

19. माना आरम्भ में A की पूँजी = ₹ $4x$ तथा B की पूँजी = ₹ $5x$.
3 माह बाद A की पूँजी = ₹ $\left[4x-\left(\frac{1}{4}\times4x\right)\right]$ = ₹ $3x$.
3 माह बाद B की पूँजी = ₹ $\left[5x-\left(\frac{1}{5}\times5x\right)\right]$ = ₹ $4x$.
$\therefore$ A की पूँजी = ₹ $[(4x\times3)+(3x\times7)]$ = ₹ $(12x+21x)$ = ₹ $33x$.
B की पूँजी = ₹ $[(5x\times3)+(4x\times7)]$ = ₹ $(15x+28x)$ = ₹ $43x$.
$\therefore$ $A:B=33x:43x=33:43.$
कुल लाभ = ₹ 7600.
इस लाभ में A का भाग = ₹ $\left(7600\times\frac{33}{76}\right)$ = ₹ 3300.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

20. माना आरम्भ में A तथा B की पूँजियाँ क्रमश: ₹ $6x$ तथा ₹ $5x$ थी.

माना B का धन $(7 + y)$ महीने तक व्यापार में रहा. तब

$$\frac{(6x\times 7)}{(5x\times 7)+\left(\frac{5x}{2}\times y\right)}=\frac{4}{5}\Rightarrow\frac{84}{70+5y}=\frac{4}{5}$$

$$\Rightarrow 4(70+5y)=420\Rightarrow 20y=140\Rightarrow y=7.$$

अत: B का धन $(7 + 7)$ अर्थात 14 महीने तक व्यापार में रहा.

21. दिया है: $4A = 6B = 11C = k$ (माना). तब, $A=\frac{k}{4}, B=\frac{k}{6}$ तथा $C=\frac{k}{11}$.

$$\therefore\ A:B:C=\frac{k}{4}:\frac{k}{6}:\frac{k}{11}=\frac{1}{4}:\frac{1}{6}:\frac{1}{11}=33:22:12.$$

22. माना कुल निवेश = ₹ x. तब, A का निवेश = ₹ $\frac{x}{3}$. शेष निवेश = ₹ $\left(x-\frac{x}{3}\right)=$ ₹ $\frac{2x}{3}$.

$\therefore\ B+C=\frac{2x}{3}$. दिया है : $B=A+C=\frac{x}{3}+C\Rightarrow B-C=\frac{x}{3}$.

$B+C=\frac{2x}{3}$ तथा $B-C=\frac{x}{3}$ को हल करने पर $B=\frac{x}{2}$ तथा $C=\left(\frac{2x}{3}-\frac{x}{2}\right)=\frac{x}{6}$.

$$\therefore\ A:B:C=\frac{x}{3}:\frac{x}{2}:\frac{x}{6}=2:3:1.$$

कुल लाभ = ₹ 90000.

इसमें से C का भाग = ₹ $\left(90000\times\frac{1}{6}\right)$ = ₹ 15000.

23. कुल लाभ में B का भाग $=\frac{15}{31}$ तथा A का भाग $=\left(1-\frac{15}{31}\right)=\frac{16}{31}$.

कुल लाभ में A तथा B के भाग का अनुपात $=\frac{16}{31}:\frac{15}{31}=16:15.$

माना B की पूँजी ₹ x, 6 माह के लिए,

तब A तथा B की पूँजियों का अनुपात $=(36000\times 8):(6x)=48000:x.$

$$\therefore\ \frac{48000}{x}=\frac{16}{15}\Rightarrow 16x=48000\times 15\Rightarrow x=\frac{48000\times 15}{16}=45000.$$

अत: B का धन = ₹ 45000.

24. माना इनकी पूँजियाँ क्रमश: ₹ x, ₹ y तथा ₹ z है. तब,

$14x:8y:7z=5:7:8$

अत: $\frac{14x}{8y}=\frac{5}{7}\Rightarrow 40y=98x\Rightarrow y=\frac{98x}{40}=\frac{49x}{20}$.

तथा $\frac{14x}{7z}=\frac{5}{8}\Rightarrow\frac{2x}{z}=\frac{5}{8}\Rightarrow 5z=16x\Rightarrow z=\frac{16x}{5}$.

$$\therefore\ x:y:z=x:\frac{49x}{20}:\frac{16x}{5}=20x:49x:64x=20:49:64.$$

अत: इनकी पूँजियों का अनुपात 20 : 49 : 64 है.

25. $(A + B)$ का कार्य $=\frac{7}{11}$ तथा C का कार्य $=\left(1-\frac{7}{11}\right)=\frac{4}{11}$.

$$\therefore\ (A+B):C=\frac{7}{11}:\frac{4}{11}=7:4.$$

A, B, C को मिला कुल धन = ₹ 16500.

इसमें C का भाग = ₹ $\left(16500\times\frac{4}{11}\right)$ = ₹ 6000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

26. मीनाक्षी : अभय = (12000 × 12) : (9000 × 7) = 144 : 63 = 16 : 7.
कुल लाभ = ₹ 4416.
मीनाक्षी का भाग = ₹ $\left(4416\times\frac{16}{23}\right)$ = ₹ 3072.

27. प्रभा : अमित = (32000 × 12) : (22000 × 7) = (384 : 154) = 192 : 77.
कुल लाभ = ₹ 16409.
प्रभा का भाग = ₹ $\left(16409\times\frac{192}{269}\right)$ = ₹ 11712.

28. माना B व्यापार में x महीने बाद साझीदार बना. तब
$(45000 \times 12) : 54000 \times (12 - x) = 2 : 1$
$\Rightarrow \frac{45000\times12}{54000\times(12-x)} = \frac{2}{1} \Rightarrow \frac{45\times12}{54\times(12-x)} = \frac{2}{1}$
$\Rightarrow 1296 - 108x = 540 \Rightarrow 108x = (1296 - 540) = 756 \Rightarrow x = 7.$
अत: B व्यापार में 7 महीने बाद साझीदार बना.

29. A, B, C, D के किराये का अनुपात = (18 × 4) : (25 × 2) : (28 × 5) : (21 × 3)
= 72 : 50 : 140 : 63
माना किराये में A का भाग = ₹ $72x$, B का भाग = ₹ $50x$, C का भाग = ₹ $140x$.
तथा D का भाग = ₹ $63x$.
$\therefore 72x = 3600 \Rightarrow x = \frac{3600}{72} = 50.$
चरागाह का कुल किराया = ₹ $(72x + 50x + 140x + 63x)$ = ₹ $325x$
= ₹ (325 × 50) = ₹ 16250.

30. $S : M : K = 8 : 12 : 14 = 4 : 6 : 7.$
कुल किराया = ₹ 578.
किराये में कियारा का भाग = ₹ $\left(578\times\frac{7}{17}\right)$ = ₹ 238.

प्रश्नमाला 13B

1. तीन साझीदारों A, B तथा C ने क्रमश: ₹ 40000, ₹ 38000 तथा ₹ 42000 लगाकर एक व्यापार आरम्भ किया. एक वर्ष के अन्त में ₹ 55200 के कुल लाभ में से प्रत्येक का लाभांश ज्ञात कीजिए.
2. A ₹ 5000 लगाकर एक व्यापार आरम्भ करता है तथा B दो महीने बाद ₹ 4000 लगाकर व्यापार में सम्मिलित हो जाता है. व्यापार आरम्भ होने के 6 महीने बाद C, ₹ 8000 लगाकर सम्मिलित हो जाता है. यदि वर्ष के अन्त में कुल लाभ ₹ 22200 मिला हो, तो इसमें से प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.
3. तीन ग्वाले A, B, C मिलकर एक चरागाह ₹ 5880 किराये पर लेते हैं. इसमें A अपनी 18 गाय 4 महीने चराता है; B अपनी 16 गाय 6 महीने चराता है तथा C अपनी 14 गाय 9 महीने चराता है. प्रत्येक को कितना-कितना किराया देना पड़ेगा?
4. A, B, C मिलकर एक व्यापार आरम्भ करते हैं. आरम्भ में इनकी पूँजियाँ $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{5}$ के अनुपात में हैं. चार माह बाद, B अपनी आधी पूँजी निकाल लेता है. वर्ष के अन्त में ₹ 41500 के कुल लाभ में से C का भाग ज्ञात कीजिए.
5. A तथा B ने मिलकर व्यापार आरम्भ किया तथा 4 : 5 के अनुपात में धन लगाया. 3 माह बाद A ने अपनी पूँजी का $\frac{1}{4}$ भाग तथा B ने अपनी पूँजी का $\frac{1}{5}$ भाग वापिस ले लिया. व्यापार आरम्भ करने के 10 माह बाद ₹ 60800 के लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. A और B ने क्रमशः ₹ 50000 तथा ₹ 60000 लगाकर एक व्यापार आरम्भ किया. A को व्यापार का प्रबन्ध देखने के लिए कुल लाभ का $12\frac{1}{2}\%$ दिया जाता है तथा शेष लाभ को उनकी पूँजी के अनुपात में बाँटा जाता है. ₹ 8800 के कुल लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए. (एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)

7. A और B एक व्यापार में क्रमशः ₹ 10000 तथा ₹ 40000 लगाकर साझेदारी करते हैं. B को व्यापार की देखभाल के लिए ₹ 1000 प्रतिमाह मिलते हैं. प्रत्येक की पूँजी पर 5% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करने के बाद, वार्षिक लाभ को साझीदारों में उनकी पूँजी के अनुपात में बाँट दिया जाता है. ₹ 40000 के वार्षिक लाभ में से प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.

8. A तथा B मिलकर एक व्यापार आरम्भ करते हैं. A अकेला ही ₹ 450000 की कुल पूँजी इस शर्त पर लगाता है कि आधी पूँजी पर B उसे 10% वार्षिक दर से ब्याज देगा तथा लाभ को दोनों में बराबर-बराबर बाँटा जायेगा. लाभ को बराबर-बराबर बाँटने से पहले B को निरीक्षण कार्य के लिए ₹ 1200 प्रतिमाह भी दिया जाता है. यदि वर्ष के अन्त में B की आय, A की आय से आधी हो, तो कुल वार्षिक लाभ ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

9. A, B और C एक व्यापार में क्रमशः ₹ 12000, ₹ 15000 तथा ₹ 18000 निवेश करते हैं. व्यापार का प्रबन्ध देखने के लिए A को वार्षिक लाभ का 25% दिया जाता है. शेष लाभ को A, B और C में उनके पूँजी-निवेश के अनुपात में बाँट दिया जाता है. यदि वर्ष के अन्त में A को B तथा C को मिलने वाली राशि से ₹ 1000 कम मिले हों, तो उस वर्ष का लाभ ज्ञात कीजिए. (एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

10. तीन साझीदार A, B और C एक व्यापार आरम्भ करते हैं. A को प्रबन्धक तथा B को सहायक प्रबन्धक के रूप में कार्य करने के लिए कुल लाभ का क्रमशः 10% तथा 5% मिलता है. शेष लाभ को उनकी पूँजी के अनुपात में बाँटा जाता है. इस व्यापार में A तथा B की पूँजियाँ क्रमशः ₹ 700000 तथा ₹ 600000 हैं. यदि B को कुल लाभ का 35% मिलता हो, तो C की पूँजी ज्ञात करें. (एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

11. चार साझेदारों के व्यापार की कुल पूँजी ₹ 400000 है. इसमें से आधी पूँजी A ने लगाई तथा शेष आधा B और C ने मिलकर बराबर-बराबर लगाई. उन्होंने D को व्यापार का प्रबन्धक बनाया तथा सहमति हुई कि पहले D को कुल लाभ का 10% तथा B और C में से प्रत्येक को कुल लाभ का 5% दिया जायेगा तथा शेष लाभ को A, B, C में उनकी पूँजी के अनुपात में बाँट दिया जायेगा. ₹ 12600 के कुल लाभ में से A, B, C, D के भाग ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

12. A तथा B मिलकर व्यापार आरम्भ करते हैं तथा क्रमशः ₹ 5 लाख तथा ₹ 6 लाख लगाते हैं. वर्ष के अन्त में कुल लाभ का 12·5%, A को प्रबन्धक के रूप में मिलता है तथा शेष लाभ को उनके द्वारा लगाई गई पूँजियों के अनुपात में बाँट दिया जाता है. यदि कुल लाभ ₹ 880000 हो, तो प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.

13. A तथा B एक व्यापार में साझेदार हैं. यदि B ने कुल पूँजी का $\frac{1}{5}$ भाग 10 माह के लिए निवेशित किया हो तथा उसे 1 वर्ष बाद कुल लाभ का $\frac{1}{3}$ भाग मिला हो, तो ज्ञात कीजिए कि A ने अपनी पूँजी कितने माह के लिए निवेशित की? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

14. दो साझेदारों A तथा B द्वारा निवेशित पूँजियों का अनुपात 11 : 12 है तथा उनके लाभांशों का अनुपात 2 : 3 है. यदि A ने अपनी पूँजी 8 माह के लिए निवेशित की हो, तो B ने अपनी पूँजी कितने समय के लिए निवेशित की?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

15. राम और रहीम एक व्यापार में साझेदार हैं. राम कुल पूँजी का एक-तिहाई 8 मास के लिए निवेशित करता है. तदुपरान्त अपने निवेश में 50% की कमी कर देता है. दो वर्ष के अन्त में राम को कुल लाभ का $\frac{1}{4}$ भाग प्राप्त होता है. रहीम ने अपनी पूँजी कितने समय के लिए निवेशित की? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

16. A, B तथा C ने मिलकर ₹ 13825 में एक मकान 1 वर्ष के लिए किराये पर लिया. ये 4 मास तक इसमें इकट्ठे रहे. तत्पश्चात C मकान छोड़कर चला गया. अगले 5 मास बाद B भी मकान छोड़कर चला गया. दिये जाने वाले कुल किराये में प्रत्येक का अलग-अलग भाग ज्ञात कीजिए. (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17. आशीष ने ₹ 500000 के प्रारम्भिक निवेश से एक व्यापार आरम्भ किया. प्रथम वर्ष में उसे 4% हानि हुई, दूसरे वर्ष उसे 5% का लाभ हुआ तथा तीसरे वर्ष यह लाभ बढ़कर 10% हो गया. तीन वर्ष की अवधि के बाद उसका शुद्ध लाभ (Net Profit) ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 13B)

1. A का भाग = ₹ 18400, B का भाग = ₹ 17480, C का भाग = ₹ 19320
2. A का भाग = ₹ 9000, B का भाग = ₹ 6000, C का भाग = ₹ 7200
3. A का किराये का भाग = ₹ 1440, B का किराये का भाग = ₹ 1920, C का किराये का भाग = ₹ 2520
4. ₹ 9000 **5.** A का भाग = ₹ 26400, B का भाग = ₹ 34400
6. A का कुल भाग = ₹ 4600, B का कुल भाग = ₹ 4200
7. A का भाग = ₹ 5600, B का भाग = ₹ 34400
8. ₹ 91800 **9.** ₹ 10000 **10.** ₹ 400000
11. A का भाग = ₹ 5040, B का भाग = ₹ 3150, C का भाग = ₹ 3150, D का भाग = ₹ 1260.
12. A का भाग = ₹ 460000, B का भाग = ₹ 420000 **13.** 5 महीने के लिए
14. 11 माह के लिए **15.** 2 वर्ष के लिए
16. $A \rightarrow$ ₹ 6636, $B \rightarrow$ ₹ 4977, $C \rightarrow$ ₹ 2212. **17.** ₹ 54400.

दिये गये प्रश्नों के हल] प्रश्नमाला 13B

1. A, B, C की पूँजियों का अनुपात = 40000 : 38000 : 42000 = 20 : 19 : 21.
कुल लाभ में A, B, C के भागों का अनुपात = 20 : 19 : 21.
अनुपात पदों का योग = (20 + 19 + 21) = 60.
कुल लाभ = ₹ 55200.
$\therefore$ A का भाग = ₹ $\left(55200\times\frac{20}{60}\right)$ = ₹ 18400; B का भाग = ₹ $\left(55200\times\frac{19}{60}\right)$ = ₹ 17480;
C का भाग = ₹ $\left(55200\times\frac{21}{60}\right)$ = ₹ 19320.

2. A की पूँजी = ₹ 5000, 12 माह के लिए = ₹ (5000 × 12), 1 माह के लिए = ₹ 60000, 1 माह के लिए,
B की पूँजी = ₹ 4000, 10 माह के लिए = ₹ (4000 × 10), 1 माह के लिए = ₹ 40000, 1 माह के लिए,
C की पूँजी = ₹ 8000, 6 माह के लिए = ₹ (8000 × 6), 1 माह के लिए = ₹ 48000, 1 माह के लिए,
$\therefore$ A, B, C की पूँजियों का अनुपात = 60000 : 40000 : 48000 = 15 : 10 : 12.
अनुपात पदों का योग = (15 + 10 + 12) = 37.
कुल लाभ = ₹ 22200.
$\therefore$ A का भाग = ₹ $\left(22200\times\frac{15}{37}\right)$ = ₹ 9000; B का भाग = ₹ $\left(22200\times\frac{10}{37}\right)$ = ₹ 6000;
C का भाग = ₹ $\left(22200\times\frac{12}{37}\right)$ = ₹ 7200.

3. A द्वारा की गई खपत = 18 गाय 4 महीने के लिए = (18 × 4) गाय 1 महीने के लिए = 72 गाय 1 महीने के लिए,
B द्वारा की गई खपत = 16 गाय 6 महीने के लिए = (16×6) गाय 1 महीने के लिए = 96 गाय 1 महीने के लिए,
C द्वारा की गई खपत = 14 गाय 9 महीने के लिए = (14×9) गाय 1 महीने के लिए = 126 गाय 1 महीने के लिए,
$\therefore$ A, B, C की खपत का अनुपात = 72 : 96 : 126 = 12 : 16 : 21.
अनुपात पदों का योग = (12 + 16 + 21) = 49.
कुल किराया = ₹ 5880.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

A द्वारा दिया जाने वाला किराया = ₹ $\left(5880\times\frac{12}{49}\right)$ = ₹ 1440;

B द्वारा दिया जाने वाला किराया = ₹ $\left(5880\times\frac{16}{49}\right)$ = ₹ 1920;

C द्वारा दिया जाने वाला किराया = ₹ $\left(5880\times\frac{21}{49}\right)$ = ₹ 2520.

4. A, B, C की पूँजियों का अनुपात = $\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{5}$ = 15 : 10 : 6.

माना प्रारम्भ में A, B, C ने क्रमशः ₹ $15x$, ₹ $10x$ तथा ₹ $6x$ लगाये.

A की कुल पूँजी = ₹ $(15x)$, 12 माह के लिए = ₹ $(15x\times12)$, 1 माह के लिए = ₹ $(180x)$, 1 माह के लिए

B की कुल पूँजी = ₹ [$(10x)$, 4 माह के लिए] + [₹ $(5x)$, 8 माह के लिए]

= ₹ [$(40x)$, 1 माह के लिए] + [₹ $(40x)$, 1 माह के लिए] = ₹ $(80x)$, 1 माह के लिए

C की कुल पूँजी = ₹ $6x$, 12 माह के लिए = ₹ $(6x \times 12)$, 1 माह के लिए = ₹ $(72x)$, 1 माह के लिए

A, B, C की पूँजियों का अनुपात = $180x : 80x : 72x$ = 45 : 20 : 18.

अनुपात पदों का योग = (45 + 20 + 18) = 83.

वर्ष के अन्त में कुल लाभ = ₹ 41500.

कुल वार्षिक लाभ में से C का भाग = ₹ $\left(41500\times\frac{18}{83}\right)$ = ₹ 9000.

5. माना आरम्भ में A तथा B ने क्रमशः ₹ $4x$ तथा ₹ $5x$ लगाये.

A की पूँजी = (₹ $4x$, 3 माह के लिए) + ₹ $\left(4x-\frac{1}{4}\times4x\right)$, 7 माह के लिए

= (₹ $12x$, 1 माह के लिए) + (₹ $3x$, 7 माह के लिए)

= (₹ $12x$, 1 माह के लिए) + (₹ $21x$, 1 माह के लिए) = ₹ $33x$, 1 माह के लिए.

B की पूँजी = (₹ $5x$, 3 माह के लिए) + ₹ $\left[\left(5x-\frac{1}{5}\times5x\right)\right.$, 7 माह के लिए $\left.\right]$

= (₹ $15x$, 1 माह के लिए) + (₹ $4x$, 7 माह के लिए)

= (₹ $15x$, 1 माह के लिए) + (₹ $28x$, 1 माह के लिए) = ₹ $43x$, 1 माह के लिए.

A तथा B की पूँजियों का अनुपात = $33x : 43x$ = 33 : 43.

अनुपात पदों का योग = (33 + 43) = 76.

वर्ष के अन्त में कुल लाभ = ₹ 60800.

∴ A का भाग = ₹ $\left(60800\times\frac{33}{76}\right)$ = ₹ 26400;

B का भाग = ₹ $\left(60800\times\frac{43}{76}\right)$ = ₹ 34400.

6. A तथा B की पूँजियों का अनुपात = 50000 : 60000 = 5 : 6.

कुल लाभ = ₹ 8800.

प्रबन्धक के रूप में A को मिला धन = ₹ 8800 का $\frac{25}{2}\%$ = ₹ $\left(8800\times\frac{25}{2}\times\frac{1}{100}\right)$ = ₹ 1100.

शुद्ध लाभ = ₹ (8800 – 1100) = ₹ 7700.

इस लाभ में A तथा B के भागों का अनुपात = 5 : 6.

अनुपात पदों का योग = (5 + 6) = 11.

∴ शुद्ध लाभ में A का भाग = ₹ $\left(7700\times\frac{5}{11}\right)$ = ₹ 3500.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

शुद्ध लाभ में B का भाग = ₹ $\left(7700\times\frac{6}{11}\right)$ = ₹ 4200.

अतः A का कुल भाग = ₹ (1100 + 3500) = ₹ 4600; B का कुल भाग = ₹ 4200.

7. A तथा B की पूँजियों का अनुपात = 10000 : 40000 = 1 : 4.

कुल वार्षिक लाभ = ₹ 40000.

A को मिला ब्याज = ₹ 10000 का 5% = ₹ $\left(10000\times\frac{5}{100}\right)$ = ₹ 500.

B को मिला ब्याज = ₹ 40000 का 5% = ₹ $\left(40000\times\frac{5}{100}\right)$ = ₹ 2000.

B को प्रबन्धक के रूप में मिला धन = ₹ (1000 × 12) = ₹ 12000.

वार्षिक लाभ में से कुल खर्च = ₹ (500 + 2000 + 12000) = ₹ 14500.

शुद्ध लाभ = ₹ (40000 – 14500) = ₹ 25500.

A तथा B के भागों का अनुपात = 1 : 4.

अनुपात पदों का योग = (1 + 4) = 5.

∴ A का लाभांश = ₹ $\left(25500\times\frac{1}{5}\right)$ = ₹ 5100; B का लाभांश = ₹ $\left(25500\times\frac{4}{5}\right)$ = ₹ 20400.

अतः A का कुल भाग = ₹ (500 + 5100) = ₹ 5600.

तथा B का कुल भाग = ₹ (2000 + 12000 + 20400) = ₹ 34400.

8. माना कुल वार्षिक लाभ = ₹ x, व्यापार में लगी कुल पूँजी = ₹ 450000.

इसमें से आधी पूँजी = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times 450000\right)$ = ₹ 225000.

B द्वारा A को दिया गया ब्याज = ₹ $\left(225000\times\frac{10}{100}\right)$ = ₹ 22500.

B को निरीक्षण कार्य के लिए मिला धन = ₹ (1200 × 12) = ₹ 14400.

शुद्ध वार्षिक लाभ = ₹ $(x - 14400)$, इसमें से प्रत्येक का भाग = ₹ $\frac{1}{2}(x - 14400)$.

A की कुल आय = ₹ $\left[22500+\frac{1}{2}(x-14400)\right]$.

B की कुल आय = ₹ $\left[14400+\frac{1}{2}(x-14400)-22500\right]$.

परन्तु दिया है कि, B की आय = $\frac{1}{2}$ × (A की आय)

$$\therefore \quad 14400 + \frac{1}{2}(x - 14400) - 22500 = \frac{1}{2}\times\left[22500+\frac{1}{2}(x-14400)\right]$$

$$\Rightarrow \quad \frac{1}{4}(x - 14400) = (11250 + 22500 - 14400)$$

$$\Rightarrow \quad x - 14400 = (4 \times 19350) \Rightarrow x = (77400 + 14400) \Rightarrow x = 91800.$$

अतः कुल वार्षिक लाभ = ₹ 91800.

9. माना कि वार्षिक लाभ = ₹ x.

A, B, C की पूँजियों का अनुपात = 12000 : 15000 : 18000 = 4 : 5 : 6.

प्रबन्धन के लिए A को मिला धन = ₹ x का 25% = ₹ $\left(x\times\frac{25}{100}\right)$ = ₹ $\frac{x}{4}$.

शेष लाभ = ₹ $\left(x-\frac{x}{4}\right)$ = ₹ $\frac{3x}{4}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

इस लाभ में से :

A का भाग = ₹ $\left(\frac{3x}{4}\times\frac{4}{15}\right)$ = ₹ $\frac{x}{5}$; B का भाग = ₹ $\left(\frac{3x}{4}\times\frac{5}{15}\right)$ = ₹ $\frac{x}{4}$;

C का भाग = ₹ $\left(\frac{3x}{4}\times\frac{6}{15}\right)$ = ₹ $\frac{3x}{10}$.

A को मिला कुल धन = ₹ $\left(\frac{x}{4}+\frac{x}{5}\right)$ = ₹ $\frac{9x}{20}$.

B तथा C को मिला कुल धन = ₹ $\left(\frac{x}{4}+\frac{3x}{10}\right)$ = ₹ $\frac{11x}{20}$.

दिया है कि :

A को मिला धन = [(B और C को मिला धन) – 1000].

$\therefore \quad \frac{9x}{20}=\frac{11x}{20}-1000 \Rightarrow \frac{11x}{20}-\frac{9x}{20}=1000 \Rightarrow \frac{x}{10}=1000 \Rightarrow x=10000.$

अत: वार्षिक लाभ = ₹ 10000.

10. माना C की पूँजी ₹ x लाख तथा कुल लाभ ₹ y है.

A को प्रबन्धक के रूप में मिला धन = ₹ y का 10% = ₹ $\frac{y}{10}$.

B को सहायक प्रबन्धक के रूप में मिला धन = ₹ y का 5% = ₹ $\frac{y}{20}$.

शेष लाभ = ₹ $\left[y-\left(\frac{y}{10}+\frac{y}{20}\right)\right]$ = ₹ $\frac{17y}{20}$.

A, B, C की पूँजियों का अनुपात = (7 लाख) : (6 लाख) : (x लाख) = $7:6:x$.

इन पदों का योग = $(7+6+x)=(13+x)$.

इस लाभ में B का भाग = ₹ $\left[\frac{17y}{20}\times\frac{6}{(13+x)}\right]$ = ₹ $\frac{51y}{10(13+x)}$.

B को मिला कुल धन = ₹ $\left[\frac{y}{20}+\frac{51y}{10(13+x)}\right]$ = ₹ $\left[\frac{1}{20}+\frac{51}{10(13+x)}\right]y$

= ₹ $\left[\frac{(13+x)+102}{20(13+x)}\right]y$ = ₹ $\frac{(x+115)y}{20(13+x)}$.

परन्तु, B को मिला कुल धन = कुल लाभ का 35%

$\therefore \quad \frac{(x+115)y}{20(13+x)}=\left(y\times\frac{35}{100}\right) \Rightarrow \frac{x+115}{20(13+x)}=\frac{7}{20}$

$\Rightarrow \quad 20x+2300=1820+140x \Rightarrow 120x=480 \Rightarrow x=4.$

$\therefore$ C की पूँजी = ₹ 4 लाख = ₹ 400000.

11. A की पूँजी = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times 400000\right)$ = ₹ 200000.

शेष पूँजी = ₹ (400000 – 200000) = ₹ 200000.

B की पूँजी = C की पूँजी = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times 200000\right)$ = ₹ 100000.

A, B, C की पूँजियों का अनुपात = 200000 : 100000 : 100000 = 2 : 1 : 1.

कुल लाभ = ₹ 12600.

D को प्रबन्धन के लिए मिला धन = ₹ 12600 का 10% = ₹ 1260.

B को प्रबन्धन के लिए मिला धन = ₹ 12600 का 5% = ₹ 630.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

C को प्रबन्धन के लिए मिला धन = ₹ 12600 का 5% = ₹ 630.

प्रबन्धन के लिए दिया गया धन = ₹ (1260 + 630 + 630) = ₹ 2520.

शेष लाभ = ₹ (12600 – 2520) = ₹ 10080.

इसमें A का भाग = ₹ $\left(10080\times\frac{2}{4}\right)$ = ₹ 5040, इसमें B का भाग = ₹ $\left(10080\times\frac{1}{4}\right)$ = ₹ 2520,

इसमें C का भाग = ₹ $\left(10080\times\frac{1}{4}\right)$ = ₹ 2520.

A का कुल भाग = ₹ 5040; B का कुल भाग = ₹ (630 + 2520) = ₹ 3150;

C का कुल भाग = ₹ (630 + 2520) = ₹ 3150; D का कुल भाग = ₹ 1260.

12. प्रबन्धक के रूप में A को मिला धन = ₹ $\left(880000\times\frac{25}{2\times100}\right)$ = ₹ 110000.

शेष लाभ = ₹ (880000 – 110000) = ₹ 770000.

A तथा B की पूँजियों का अनुपात = 5 लाख : 6 लाख = 5 : 6.

$\therefore$ B का भाग = ₹ $\left(770000\times\frac{6}{11}\right)$ = ₹ 420000.

A का भाग = ₹ $\left(110000+770000\times\frac{5}{11}\right)$ = ₹ 460000.

13. माना कुल पूँजी = ₹ x.

तब, B ने ₹ $\frac{x}{5}$, 10 माह के लिए निवेशित किये.

माना A ने ₹ $\frac{4x}{5}$, y माह के लिए निवेश किये.

तब, $\dfrac{\frac{4x}{5}\times y}{\frac{x}{5}\times10}=\dfrac{\left(\frac{2}{3}\right)}{\left(\frac{1}{3}\right)}\Rightarrow\frac{2y}{5}=2\Rightarrow y=\frac{5\times2}{2}=5.$

$\therefore$ A ने अपनी पूँजी 5 महीनों के लिए निवेश की.

14. माना A ने ₹ $11x$, 8 माह के लिए निवेश किये तथा B ने ₹ $12x$, y माह के लिए निवेश किये. तब

$$\frac{11x\times8}{12x\times y}=\frac{2}{3}\Rightarrow\frac{88}{12y}=\frac{2}{3}$$

$$\Rightarrow 24y=3\times88\Rightarrow y=\frac{3\times88}{24}=11.$$

अत: B ने अपनी पूँजी 11 माह के लिए निवेश की.

15. माना कुल पूँजी = ₹ x. तब,

राम ₹ $\frac{x}{3}$, 8 मास के लिए तथा ₹ $\frac{x}{6}$, 16 मास के लिए निवेशित करता है.

माना रहीम ₹ $\frac{2x}{3}$, y मास के लिए निवेशित करता है.

तब, $\dfrac{\left(\frac{x}{3}\times8\right)+\left(\frac{x}{6}\times16\right)}{\left(\frac{2x}{3}\times y\right)}=\dfrac{\left(\frac{1}{4}\right)}{\left(\frac{3}{4}\right)}\Rightarrow\dfrac{\left(\frac{8x}{3}+\frac{8x}{3}\right)}{\left(\frac{2xy}{3}\right)}=\left(\frac{1}{4}\times\frac{4}{3}\right)=\frac{1}{3}$

$$\Rightarrow\left(\frac{16x}{3}\times\frac{3}{2xy}\right)=\frac{1}{3}\Rightarrow\frac{8}{y}=\frac{1}{3}\Rightarrow y=24 \text{ माह} = 2 \text{ वर्ष}.$$

अत: रहीम ने अपनी पूँजी 2 वर्ष के लिए निवेशित की.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

16. स्पष्ट है कि A, B तथा C उस मकान में क्रमशः 12 महीने, 9 महीने तथा 4 महीने रहे.
अतः इनका किराया क्रमशः 12 : 9 : 4 के अनुपात में होगा.

A द्वारा देय किराया = ₹ $\left(\frac{12}{25}\times 13825\right)$ = ₹ 6636.

B द्वारा देय किराया = ₹ $\left(\frac{9}{25}\times 13825\right)$ = ₹ 4977.

C द्वारा देय किराया = ₹ $\left(\frac{4}{25}\times 13825\right)$ = ₹ 2212.

17. 3 वर्ष के बाद पूँजी = ₹ $\left\{500000\times\left(1-\frac{4}{100}\right)\times\left(1+\frac{5}{100}\right)\times\left(1+\frac{10}{100}\right)\right\}$

= ₹ $\left(500000\times\frac{24}{25}\times\frac{21}{20}\times\frac{11}{10}\right)$ = ₹ 554400.

शुद्ध लाभ = ₹ (554400 – 500000) = ₹ 54400.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

14 मिश्र समानुपात (COMPOUND PROPORTION)

सामान्य नियम

त्रैराशिक विधि (CHAIN RULE) : यदि चार राशियाँ समानुपाती हों तथा इनमें से तीन राशियाँ ज्ञात हों, तो चौथी राशि को x मान कर समानुपात के गुण का प्रयोग करके इसका मान ज्ञात करते हैं.

$$(a : b) :: (c : x) \Rightarrow (a \times x) = (b \times c) \Rightarrow x = \frac{(b \times c)}{a}.$$

सीधा अनुपात : यदि दो राशियाँ इस प्रकार हों कि एक राशि के घटने (या बढ़ने) पर दूसरी राशि भी उसी अनुपात में घटे (या बढ़े), तो ये राशियाँ सीधे अनुपात में कहलाती हैं.

विलोमानुपात : यदि दो राशियाँ इस प्रकार हों कि एक राशि के घटने (या बढ़ने) पर दूसरी राशि भी उसी अनुपात में बढ़े (या घटे), तो ये राशियाँ विलोमानुपात में कहलाती हैं.

मिश्र समानुपात : ऐसे समानुपात को जिसमें दो से अधिक अनुपात हों, मिश्र समानुपात कहते हैं.

इस प्रकार के प्रश्नों में त्रैराशिक विधि को बार-बार दोहराते हैं.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. यदि 15 कलमों का मूल्य ₹ 198 हो, तो 25 कलमों का मूल्य कितना होगा?

हल : माना अभीष्ट मूल्य = ₹ x.

अधिक कलम, अधिक मूल्य **(सीधा अनुपात)**

$15 : 25 :: 198 : x$

$\Rightarrow (15 \times x) = (25 \times 198) \Rightarrow x = \frac{(25 \times 198)}{15} \Rightarrow x = 330.$

अत: 25 कलमों का मूल्य = ₹ 330.

प्रश्न 2. यदि 25 आदमी किसी कार्य को 27 घण्टे में समाप्त करें, तो 15 आदमी इस कार्य को कितने समय में समाप्त कर सकेंगे?

हल : माना अभीष्ट समय = x घण्टे.

कम आदमी, अधिक घण्टे **(विलोमानुपात)**

$15 : 25 :: 27 : x$

$\Rightarrow (15 \times x) = (25 \times 27) \Rightarrow x = \frac{(25 \times 27)}{15} \Rightarrow x = 45.$

अत: 15 आदमी इस कार्य को 45 घण्टे में समाप्त कर सकेंगे.

प्रश्न 3. यदि 45 व्यक्ति 300 किग्रा० चावल 12 दिन में खायें, तो 24 व्यक्ति 80 किग्रा० चावल कितने दिन में खायेंगे?

हल: माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x.

कम व्यक्ति, अधिक दिन **(विलोमानुपात)**

कम चावल, कम दिन **(सीधा अनुपात)**

$\left.\begin{array}{ll} \text{व्यक्ति} & 24 : 45 \\ \text{मात्रा} & 300 : 80 \end{array}\right\} :: 12 : x$

$\therefore \ (24 \times 300 \times x) = (45 \times 80 \times 12) \Rightarrow x = \frac{(45 \times 80 \times 12)}{(24 \times 300)} = 6.$

अत: अभीष्ट दिन = 6.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 4. यदि 35 व्यक्ति 49 मीटर लम्बी दीवार को 3 दिन में बना सकें, तो 20 व्यक्ति 6 दिन में ऐसी कितनी लम्बी दीवार बना सकेंगे?

हल: माना दीवार की अभीष्ट लम्बाई = x मीटर.

कम व्यक्ति, कम लम्बाई **(सीधा अनुपात)**

अधिक दिन, अधिक लम्बाई **(सीधा अनुपात)**

$$\left.\begin{array}{l}\text{व्यक्ति } 35 : 20\\ \text{दिन } \ \ 3 : \ \ 6\end{array}\right\} :: 49 : x$$

$$\therefore\ (35\times3\times x) = (20\times6\times49) \Rightarrow x = \frac{(20\times6\times49)}{(35\times3)} = 56.$$

अत: दीवार की अभीष्ट लम्बाई = 56 मीटर.

प्रश्न 5. यदि 24 मजदूर प्रतिदिन 7 घण्टे कार्य करके एक खाई को 18 दिन में खोद सकें तो कितने मजदूर 9 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके इस खाई को 16 दिन में खोद सकेंगे?

हल: माना मजदूरों की अभीष्ट संख्या = x.

अधिक घण्टे प्रतिदिन कार्य, कम मजदूर **(विलोमानुपात)**

कम दिन, अधिक मजदूर **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{l}\text{घण्टे प्रतिदिन } 9 : 7\\ \text{दिन } 16 : 18\end{array}\right\} :: 24 : x$$

$$\therefore\ (9\times16\times x) = (7\times18\times24) \Rightarrow x = \frac{(7\times18\times24)}{(9\times16)} = 21.$$

अत: मजदूरों की अभीष्ट संख्या = 21.

प्रश्न 6. यदि 17 व्यक्ति 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 26 मीटर लम्बी खाई को 18 दिन में खोद सकें, तो कितने व्यक्ति और लगाये जायें कि वे इसी प्रकार की 39 मीटर लम्बी खाई को 9 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 12 दिन में खोद सकें?

हल : माना कुल अभीष्ट व्यक्तियों की संख्या = x.

प्रतिदिन अधिक घण्टे कार्य, कम व्यक्ति **(विलोमानुपात)**

अधिक लम्बाई, अधिक व्यक्ति **(सीधा अनुपात)**

कम दिन, अधिक व्यक्ति **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{l}\text{घण्टे (प्रतिदिन) } 9 : 8\\ \text{लम्बाई } 26 : 39\\ \text{दिन } 12 : 18\end{array}\right\} :: 17 : x$$

$$\therefore\ (9\times26\times12\times x) = (8\times39\times18\times17) \Rightarrow x = \frac{(8\times39\times18\times17)}{(9\times26\times12)} = 34.$$

अतिरिक्त व्यक्तियों की संख्या = (34 – 17) = 17.

प्रश्न 7. यदि 35 घोड़ों के लिए 540 किग्रा० अनाज 21 दिन के लिए पर्याप्त हो, तो 28 घोड़ों के लिए 720 किग्रा० अनाज कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा?

हल : माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x. तब

अधिक अनाज, अधिक दिन **(सीधा अनुपात)**

कम घोड़े, अधिक दिन **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{l}\text{अनाज (भार) } 540 : 720\\ \text{घोड़े } \ \ 28 : \ \ 35\end{array}\right\} :: 21 : x$$

$$\therefore\ (540\times28\times x) = (720\times35\times21)$$

$$\Rightarrow x = \frac{(720\times35\times21)}{(540\times28)} = 35.$$

अत: अभीष्ट दिनों की संख्या = 35.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 8. एक किले में 850 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से 3300 सैनिकों की खाद्य सामग्री थी. 7 दिन के बाद कुछ और सैनिक आने से तथा प्रत्येक को 825 ग्राम प्रतिदिन देने से शेष सामग्री केवल 17 दिन में समाप्त हो गई. किले में कितने सैनिक और आ गये?

हल : माना नये सैनिकों की अभीष्ट संख्या $= x$.

850 ग्राम प्रति व्यक्ति की दर से 3300 सैनिकों की शेष सामग्री (32 – 7) अर्थात 25 दिन की थी.

$(3300 + x)$ सैनिकों को 825 ग्राम प्रति व्यक्ति देने पर यह सामग्री 17 दिन चली.

कम राशन प्रति व्यक्ति, अधिक व्यक्ति **(विलोमानुपात)**

कम दिन, अधिक व्यक्ति **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{lll} \text{राशन} & 825 : & 850 \\ \text{दिन} & 17 : & 25 \end{array}\right\} :: 3300 : (3300 + x)$$

$\therefore\ 825 \times 17 \times (3300 + x) = (850 \times 25 \times 3300)$

$\Rightarrow (3300 + x) = \dfrac{(850 \times 25 \times 3300)}{(825 \times 17)} = 5000$

$\Rightarrow x = (5000 - 3300) = 1700.$

अत: नये सैनिकों की संख्या = 1700.

प्रश्न 9. यदि 9 इंजन 8 घण्टे प्रतिदिन कार्यरत रहने पर 24 मीट्रिक टन कोयले की खपत करते हों, तो 8 इंजन प्रतिदिन 13 घण्टे कार्यरत रहकर कितने कोयले की खपत करेंगे जबकि पहली प्रकार के 3 इंजन उतनी खपत करते हों, जितनी दूसरी प्रकार के 4 ईंजन?

हल: माना कोयले की अभीष्ट खपत $= x$ मीट्रिक टन.

कम इंजन, कम कोयले की खपत **(सीधा अनुपात)**

अधिक कार्य घण्टे, अधिक कोयले की खपत **(सीधा अनुपात)**

खपत की दर कम, कोयले की खपत कम **(सीधा अनुपात)**

पहली प्रकार के इंजन 1 इकाई खपत करें तो प्रत्येक ऐसा इंजन प्रति घण्टा $\frac{1}{3}$ इकाई खपत करेगा.

दूसरी प्रकार का प्रत्येक इंजन प्रति घण्टा $\frac{1}{4}$ इकाई खपत करेगा.

$$\left.\begin{array}{lll} \text{इंजनों की संख्या} & 9 : & 8 \\ \text{कार्य घण्टे (प्रतिदिन)} & 8 : & 13 \\ \text{खपत की दर} & \frac{1}{3} : & \frac{1}{4} \end{array}\right\} :: 24 : x$$

$\therefore \left(9 \times 8 \times \frac{1}{3} \times x\right) = \left(8 \times 13 \times \frac{1}{4} \times 24\right) \Rightarrow x = \dfrac{(26 \times 24)}{24} = 26.$

अत: कोयले की अभीष्ट खपत = 26 मीट्रिक टन.

प्रश्नमाला 14.A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए:

1. 12 पुरुष एक कार्य को 24 दिन में पूरा करते हैं. 8 पुरुष इस कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकेंगे?
   (*a*) 28 दिन (*b*) 36 दिन (*c*) 48 दिन (*d*) 52 दिन
   (*e*) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
2. 120 मजदूर किसी कार्य को 15 दिनों में समाप्त कर सकते हैं. इसी कार्य को 10 दिन में समाप्त करने हेतु कितने मजदूर लगाने होंगे? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
   (*a*) 150 (*b*) 180 (*c*) 200 (*d*) 210

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3. 18 बच्चे एक कार्य को 12 दिन में समाप्त कर सकते हैं. इसी कार्य को 8 दिन में समाप्त करने के लिए कितने बच्चे लगाने होंगे? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) 12 (b) 18 (c) 24 (d) 27 (e) इनमें से कोई नहीं

4. 56 व्यक्ति किसी कार्य को 24 दिन में समाप्त कर सकते हैं. 42 व्यक्ति उसी कार्य को कितने दिन में समाप्त कर सकेंगे? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 18 दिन (b) 32 दिन (c) 48 दिन (d) 98 दिन (e) इनमें से कोई नहीं

5. एक कैन्टीन में एक सप्ताह के लिए 238 किग्रा० चावल की आवश्यकता हो, तो 49 दिन के लिए कितना चावल चाहिए? (जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2007)
(a) 1715 किग्रा० (b) 1764 किग्रा० (c) 1568 किग्रा० (d) 1617 किग्रा० (e) इनमें से कोई नहीं

6. 10 नल जिनमें से एक ही दर से पानी प्रवाहित होता है, एक टंकी को 24 मिनट में भर सकते हैं. यदि 2 नल खराब हो जायें, तो शेष नल इस खाली टंकी को भरने में कितना समय लेंगे? (रेलवे परीक्षा, 2009)
(a) 26 मिनट (b) 28 मिनट (c) 29 मिनट (d) 30 मिनट

7. यदि एक बाल्टी का $\frac{4}{9}$ भाग 1 मिनट में भरा जा सके, तो शेष भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे?
(a) 1 मिनट (b) $\frac{9}{4}$ मिनट (c) $\frac{5}{4}$ मिनट (d) $\frac{4}{5}$ मिनट
(होटल मैनेजमैंट परीक्षा, 2010)

8. एक पानी की टंकी का $\frac{3}{16}$ भाग 15 मिनट में भरता है. बाकी टंकी कितनी देर में भरेगी?
(a) 61 मिनट (b) 65 मिनट (c) 79 मिनट (d) 81 मिनट

9. यदि 1 आदमी किसी काम को 1 दिन में पूरा कर सकता हो, तो 5 आदमी मिलकर इससे 5 गुने कार्य को कितने समय में पूरा करेंगे? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) 25 दिन (b) 1 दिन (c) 5 दिन (d) 10 दिन

10. एक कैंप में भाग लेने वाले 1600 व्यक्तियों के लिए 60 दिन की खाद्य सामग्री है. परन्तु इस कैंप में केवल 1200 व्यक्ति भाग ले सके. यह खाद्य सामग्री कितने दिनों में समाप्त होगी? (रेलवे परीक्षा, 2008)
(a) 75 दिन (b) 90 दिन (c) 80 दिन (d) 100 दिन

11. एक किले में 150 सैनिकों के लिए 50 दिन के भोजन का प्रावधान था. 20 दिन बाद 50 सैनिक किले को छोड़ गये. बाकी बचा भोजन कितने दिन तक चलेगा? (दिल्ली मैट्रो रेलवे परीक्षा, 2010)
(a) 40 दिन (b) 45 दिन (c) 42 दिन (d) 50 दिन

12. 21 जिल्दसाज 1400 पुस्तकों की जिल्द 15 दिन में तैयार कर सकते हैं. 800 पुस्तकों की जिल्द 20 दिन में तैयार करने के लिए कितने जिल्दसाज चाहियें? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)
(a) 7 (b) 9 (c) 12 (d) 14 (e) इनमें से कोई नहीं

13. 60 आदमी 14 दिन में 280 किग्रा० चावल का उपभोग करते हैं. 30 आदमी कितने दिन में 120 किग्रा० चावल का उपभोग करेंगे? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)
(a) 8 दिन (b) 12 दिन (c) 7 दिन (d) 9 दिन (e) इनमें से कोई नहीं

14. यदि 12 बढ़ई प्रतिदिन 6 घण्टा कार्य करके 24 दिन में 460 कुर्सियाँ बनायें, तो 18 बढ़ई प्रतिदिन 8 घण्टा कार्य करके 36 दिन में कितनी कुर्सियाँ बनायेंगे? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 1260 (b) 1320 (c) 920 (d) 1380

15. 7 आदमी किसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं. उससे दुगुने कार्य को 8 दिन में पूरा करने के लिए कितने अतिरिक्त आदमियों की आवश्यकता होगी? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 28 (b) 21 (c) 14 (d) 7

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

16. रवि किसी दूरी को प्रतिदिन 9 घण्टे विश्राम करके 40 दिन में तय कर सकता है. पहले से दुगुनी दूरी को, दुगुनी चाल से, प्रतिदिन दुगुने समय विश्राम करके वह कितने दिन में तय करेगा ?
(a) 40 दिन (b) 80 दिन (c) 50 दिन (d) 100 दिन
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2010)

17. 18 व्यक्ति प्रतिदिन 6 घण्टे कार्य करके एक छोटे सभा भवन को 30 दिन में बनाते हैं. इस सभा भवन की तुलना में 16 गुना बड़े सभा भवन को प्रतिदिन 6 घण्टे कार्य करते हुए 27 दिन में बनाने के लिए कितने व्यक्तियों की आवश्यकता होगी ?
(दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2009)
(a) 320 (b) 300 (c) 280 (d) 275

18. 5 किमी० लम्बी सड़क को 100 दिन में बनाने हेतु 280 मजदूर लगाये गये. किन्तु, 80 दिन बाद ज्ञात हुआ कि $3\frac{1}{2}$ किमी० लम्बी सड़क बनी है. कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा करने हेतु अब और कितने लोगों की जरूरत है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) 480 (b) 80 (c) 200 (d) 100

19. 3 आदमी अथवा 6 लड़के एक काम को 40 दिन में पूरा करते हैं, तो 6 आदमी तथा 8 लड़के इसी काम को कितने दिन में पूरा करेंगे ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 7 दिन (b) 8 दिन (c) 10 दिन (d) 12 दिन

20. यदि 5 आदमी अथवा 7 महिलायें प्रतिदिन ₹ 5250 कमाते हों, तो 7 आदमी तथा 13 महिलायें प्रतिदिन कितना धन कमायेंगे ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 11600 (b) ₹ 11700 (c) ₹ 16100 (d) ₹ 17100

21. यदि 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 25 व्यक्ति किसी कार्य को 15 दिन में समाप्त करें तो 20 व्यक्ति 10 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके इससे दुगुने कार्य को कितने दिन में समाप्त कर सकेंगे ? (बी०एड० प्रवेश परीक्षा, 2010)
(a) 50 दिन (b) 40 दिन (c) 30 दिन (d) 25 दिन

22. 8 पुरुष प्रतिदिन 9 घण्टे कार्य करके एक काम को 20 दिन में पूरा करते हैं. 7 पुरुष प्रतिदिन 10 घण्टे कार्य करके उस काम को कितने दिन में पूरा करेंगे ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)
(a) 21 दिन (b) $20\frac{3}{5}$ दिन (c) $20\frac{4}{7}$ दिन (d) $21\frac{3}{7}$ दिन (e) इनमें से कोई नहीं

23. कुछ व्यक्ति एक काम को 90 दिन में पूरा करते हैं. यदि 15 व्यक्ति कम हो जायें तो 10 दिन अधिक लगेंगे. आरम्भ में कितने व्यक्ति थे ?
(रेलवे परीक्षा, 2009)
(a) 160 (b) 150 (c) 145 (d) 120

24. किसी कार्य को कुछ श्रमिकों द्वारा 22 दिन में पूरा किया जा सकता था. किन्तु 3 श्रमिकों के अनुपस्थित रहने के कारण उसे 24 दिन में पूरा किया गया. आरम्भ में लगाये जाने वाले श्रमिकों की संख्या कितनी थी ?
(a) 33 (b) 18 (c) 36 (d) 25
(रेलवे परीक्षा, 2005)

25. एक छावनी में 3300 व्यक्तियों के लिए 850 ग्राम प्रति व्यक्ति की दर से 32 दिन का भोजन है. 7 दिन बाद कुछ और व्यक्ति छावनी में आ गये. अब 825 ग्राम प्रति व्यक्ति की दर से वह भोजन 17 दिन तक पर्याप्त रहा. कितने व्यक्ति नये आये ?
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)
(a) 1500 (b) 1700 (c) 1800 (d) 1600

26. यदि 6 समान मशीनें एक निश्चित चाल से 1 मिनट में 270 बोतलें बनाती हों, तो इसी चाल से ऐसी ही 10 मशीनें 4 मिनट में कितनी बोतलें बनायेंगी ?
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)
(a) 1800 (b) 648 (c) 2700 (d) 10800

27. किसी छावनी में 200 व्यक्तियों की भोजन सामग्री 30 दिन के लिए थी. 10 दिन बाद 50 व्यक्ति और आ जाने से यह सामग्री कितने दिन के लिये पर्याप्त होगी ?
(रेलवे परीक्षा, 2009)
(a) 12 दिन (b) 15 दिन (c) 20 दिन (d) 16 दिन

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

28. 15 गायें 9 दिन में 2700 किग्रा० अनाज खाती हैं. 18 गायें 30 दिन में कितने किलोग्राम अनाज खायेंगी ?

(*a*) 12350 किग्रा० (*b*) 10800 किग्रा० (*c*) 9750 किग्रा० (*d*) 10250 किग्रा०

(रेलवे परीक्षा, 2004)

29. 17·5 मीटर ऊँचे एक ध्वज-दण्ड की परछाई 40·25 मीटर लम्बी है. इसी समय पर कितने ऊँचे भवन की परछाई 28·75 मीटर लम्बी होगी ?

(*a*) 10 मीटर (*b*) 12·5 मीटर (*c*) 17·5 मीटर (*d*) 21·25 मीटर

30. यदि 9 परीक्षक 5 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके कुछ उत्तर-पुस्तिकाओं को 12 दिन में जाँच सकें, तो 4 परीक्षकों को इससे दुगुनी उत्तर-पुस्तिकाओं को 30 दिन में जाँचने के लिए कितने घण्टे प्रतिदिन कार्य करना होगा ?

(*a*) 6 (*b*) 8 (*c*) 9 (*d*) 10

31. यदि 18 पम्प 7 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 2170 टन पानी 10 दिन में निकाल सकें, तो 16 पम्प 9 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 1736 टन पानी कितने दिन में निकाल सकेंगे ?

(*a*) 6 दिन (*b*) 7 दिन (*c*) 8 दिन (*d*) 9 दिन

32. यदि 5 ईंजिन, 9 घण्टे प्रतिदिन कार्यरत रहने पर 6 मीट्रिक टन कोयले की खपत करें, तो 8 ईंजिन, 10 घण्टे प्रतिदिन कार्यरत रह कर, कितने कोयले की खपत करेंगे, जबकि पहली प्रकार के 3 ईंजिन उतनी खपत करते हैं, जितनी कि दूसरी प्रकार के 4 ईंजिन ?

(*a*) $3\frac{1}{8}$ मी० टन (*b*) $6\frac{12}{25}$ मी० टन (*c*) 8 मी० टन (*d*) $8\frac{8}{9}$ मी० टन

33. 10 पाईप एक टंकी को 28 मिनट में भरते हैं. 3 पाईप खराब हो जाने पर टंकी कितनी देर में भरी जायेगी ?

(*a*) 40 मिनट (*b*) 32 मिनट 36 सै० (*c*) 25 मिनट 12 सै० (*d*) 8 मिनट 24 सै०

34. एक निश्चित लम्बाई की रस्सी 14 सेमी० त्रिज्या के बेलन की परिधि पर 70 बार लपेटी जा सकती है. यह रस्सी 20 सेमी० की त्रिज्या के बेलन पर कितनी बार लपेटी जायेगी ?

(*a*) 40 (*b*) 49 (*c*) 100 (*d*) इनमें से कोई नहीं

35. यदि 4·5 मीटर लम्बी लोहे की एक समांग छड़ का भार 17·1 किग्रा० हो, तो इसी प्रकार की 12 मीटर लम्बी छड़ का भार कितना होगा ?

(*a*) 51·2 किग्रा० (*b*) 45·6 किग्रा० (*c*) 53 किग्रा० (*d*) 56 किग्रा०

36. एक मानचित्र में यदि 0·8 सेमी० द्वारा वास्तविक दूरी 8·8 किमी० को प्रदर्शित किया जाए, तो 80·5 सेमी० किसी वास्तविक दूरी को व्यक्त करेगा ?

(*a*) 805 किमी० (*b*) 855·5 किमी० (*c*) 644 किमी० (*d*) इनमें से कोई नहीं

37. यदि 7 मकड़ी 7 दिन में 7 जाल बुनें, तो 1 मकड़ी 1 जाल कितने दिन में बनायेगी ? **(रेलवे परीक्षा, 2003)**

(*a*) 1 दिन (*b*) $3\frac{1}{2}$ दिन (*c*) 7 दिन (*d*) 49 दिन

38. यदि 7 औरतें 7 झाड़ुओं से 7 मंजिलों को 7 घण्टे में साफ करें, तो 3 औरतें, 3 झाड़ुओं से 3 मंजिलों को साफ करने में कितने घण्टे लेंगी ?

(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2001)

(*a*) $\frac{7}{3}$ घण्टे (*b*) 3 घण्टे (*c*) 7 घण्टे (*d*) $16\frac{1}{3}$ घण्टे

39. 4 बुनकर 4 चटाई 4 दिनों में बुन सकते हैं. इसी गति से 8 बुनकरों द्वारा 8 दिनों में कितनी चटाइयाँ बुनी जा सकती हैं ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

(*a*) 4 (*b*) 8 (*c*) 12 (*d*) 16

40. यदि 400 व्यक्ति 9 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके किसी कार्य का $\frac{1}{4}$ भाग 10 दिन में समाप्त कर सकें, तो कितने अतिरिक्त व्यक्ति और लगाये जायें कि वे सभी 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके, शेष कार्य को 20 दिन में समाप्त कर सकें ?

(*a*) 225 (*b*) 250 (*c*) 275 (*d*) 325

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

41. 60 व्यक्तियों को कोई कार्य 62 दिन में समाप्त करना था. उन्होंने 32 दिन तक मिलकर कार्य किया तथा कार्य का $\frac{2}{3}$ भाग समाप्त कर लिया. शेष कार्य को समाप्त करने हेतु कितने व्यक्तियों की आवश्यकता होगी ?
(a) 32 (b) 30 (c) 36 (d) 40

42. एक ठेकेदार ने किसी कार्य को 40 दिन में पूरा करने का ठेका लिया. उसने आरम्भ में 100 व्यक्ति कार्य पर लगाये तथा 35 दिन बाद 100 व्यक्ति और लगाकर समय पर कार्य पूर्ण कर दिया. यदि वह अतिरिक्त व्यक्ति कार्यरत नहीं करता तो ठीक समय से कितने दिन बाद कार्य समाप्त होता ?
(a) 3 (b) 5 (c) 6 (d) 9

43. एक ठेकेदार ने कोई कार्य 38 दिन में समाप्त करने का ठेका लिया तथा 30 व्यक्ति काम पर लगाये. 25 दिन बाद उसने 5 व्यक्ति और लगाये तथा कार्य नियत समय से 1 दिन पहले समाप्त कर दिया. यदि वह अतिरिक्त व्यक्ति नहीं लगाता तो नियत समय से कितने दिन बाद कार्य समाप्त होता ?
(a) 1 (b) $1\frac{1}{2}$ (c) $1\frac{1}{4}$ (d) $1\frac{3}{4}$

44. 5 व्यक्ति 7 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके एक प्रवेश सूची 8 दिन में तैयार कर सकते हैं. इस कार्य को 4 दिन में पूरा कराने के लिए 2 व्यक्ति और सम्मिलित कर लियें जायें, तो उन्हें प्रतिदिन कितने घंटे काम करना होगा ?
(a) 8 घण्टे (b) 9 घण्टे (c) 10 घण्टे (d) 12 घण्टे
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

45. 4 आदमी तथा 6 महिलायें मिलकर किसी कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 आदमी तथा 7 महिलायें मिलकर इस कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकते हैं. 10 महिलायें इसे कितने दिनों में पूरा करेंगी ?
(a) 35 दिन (b) 40 दिन (c) 45 दिन (d) 50 दिन
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

46. भारतवर्ष के एक मानचित्र में दिल्ली और कलकत्ता के बीच की वास्तविक दूरी 1450 किमी० को 5 सेमी० से प्रदर्शित किया गया है. इस मानचित्र में किस स्केल का प्रयोग किया गया है ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2004)**
(a) $1 : (15 \times 10^6)$ (b) $1 : (20 \times 10^6)$ (c) $1 : (25 \times 10^6)$ (d) $1 : (29 \times 10^6)$

47. यदि x आदमी x घण्टे प्रतिदिन कार्य करके x इकाई कार्य x दिन में समाप्त करें, तो y आदमी y घण्टे प्रतिदिन कार्य करके y दिन में कितने इकाई कार्य करेंगे ?
(a) $\frac{x^2}{y^3}$ (b) $\frac{x^3}{y^2}$ (c) $\frac{y^2}{x^3}$ (d) $\frac{y^3}{x^2}$

48. यदि 18 जिल्दसाज 10 घण्टे में 900 पुस्तकों पर जिल्द चढ़ायें, तो 660 पुस्तकों पर 12 घण्टे में कितने जिल्दसाज जिल्द चढ़ा सकेंगे ?
(a) 22 (b) 14 (c) 13 (d) 11

49. यदि 35 घोड़ों के लिए 270 किग्रा० अनाज 21 दिन के लिए पर्याप्त हो, तो 28 घोड़ों के लिए 360 किग्रा० अनाज कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा ?
(a) 35 (b) 28 (c) 42 (d) $31\frac{1}{2}$

50. यदि 16 व्यक्ति 7 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके एक फसल को 48 दिन में काटें, तो 14 व्यक्ति 12 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके इस फसल को कितने दिन में काटेंगे ?
(a) 46 (b) 35 (c) 32 (d) 30

51. यदि कुछ व्यक्ति 100 मीटर लम्बी, 50 मीटर चौड़ी तथा 10 मीटर गहरी खाई को 10 दिन में खोद सकें तो यही व्यक्ति 30 दिन में 25 मीटर चौड़ी तथा 15 मीटर गहरी कितनी लम्बी खाई खोद सकेंगे ?
(a) 400 मीटर (b) 200 मीटर (c) 100 मीटर (d) $88\frac{8}{9}$ मीटर

52. 7 आदमी अथवा 10 औरतें एक 100 मीटर लम्बी दीवार को 10 दिन में बना लेते हैं. 14 आदमी तथा 20 औरतें ऐसी 600 मीटर लम्बी दीवार को कितने दिन में बनायेंगे ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**
(a) 15 (b) 20 (c) 25 (d) 30

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

53. यदि 300 व्यक्ति किसी कार्य को 16 दिन में समाप्त करें तो कितने व्यक्ति इस कार्य के $\frac{1}{5}$ भाग को 15 दिन में समाप्त कर लेंगे ?

(*a*) 56 (*b*) 60 (*c*) 64 (*d*) 72

54. 20 व्यक्ति किसी कार्य के $\frac{1}{3}$ भाग को 20 दिन में समाप्त कर लेते हैं. कितने व्यक्ति और लगाये जायें कि शेष को पूरा करने में 25 दिन और लगें ?

(*a*) 10 (*b*) 12 (*c*) 15 (*d*) 20

55. एक कारीगर M मिनट में J वस्तुयें बनाता है. $\frac{2}{3}$ घण्टे में वह कितनी वस्तुयें बनायेगा ?

(*a*) $\frac{2M}{3J}$ (*b*) $\frac{2J}{3M}$ (*c*) $\frac{40M}{J}$ (*d*) $\frac{40J}{M}$

(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2003)

56. एक सैनिक शिविर में 95 सैनिकों के लिए 200 दिन की खाद्य-सामग्री थी. 5 दिन बाद 30 सैनिक दूसरे कैम्प में चले गये. अब यह खाद्य-सामग्री और कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगी ?

(*a*) $136\frac{16}{19}$ दिन (*b*) 280 दिन (*c*) 285 दिन (*d*) 375 दिन

57. एक सैनिक शिविर में 500 सैनिकों के लिए 27 दिन की खाद्य-सामग्री थी. 3 दिन बाद 300 सैनिक और आ गये. शेष सामग्री कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगी ?

(*a*) 15 दिन (*b*) 16 दिन (*c*) $17\frac{1}{2}$ दिन (*d*) 18 दिन

58. एक शिविर में ठहरे सैनिकों के लिए एक निश्चित अवधि के लिए खाद्य-सामग्री थी. 10 दिन बाद इनमें से $\frac{1}{5}$ सैनिकों के छोड़कर जाने पर ज्ञात हुआ कि शेष सामग्री उतने ही दिन और चलेगी जितने दिन के लिए आरम्भ में निश्चित की गई थी. यह निश्चित अवधि कितने दिन की थी ?

(*a*) 15 दिन (*b*) 25 दिन (*c*) 35 दिन (*d*) 50 दिन

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 14A)

1. (*b*)	**2.** (*b*)	**3.** (*d*)	**4.** (*b*)	**5.** (*e*)	**6.** (*d*)	**7.** (*c*)	**8.** (*b*)	**9.** (*b*)	**10.** (*c*)
11. (*b*)	**12.** (*b*)	**13.** (*b*)	**14.** (*d*)	**15.** (*c*)	**16.** (*b*)	**17.** (*a*)	**18.** (*c*)	**19.** (*d*)	**20.** (*d*)
21. (*c*)	**22.** (*c*)	**23.** (*b*)	**24.** (*c*)	**25.** (*b*)	**26.** (*a*)	**27.** (*d*)	**28.** (*b*)	**29.** (*b*)	**30.** (*c*)
31. (*b*)	**32.** (*c*)	**33.** (*a*)	**34.** (*b*)	**35.** (*b*)	**36.** (*d*)	**37.** (*c*)	**38.** (*d*)	**39.** (*d*)	**40.** (*c*)
41. (*a*)	**42.** (*b*)	**43.** (*a*)	**44.** (*c*)	**45.** (*b*)	**46.** (*d*)	**47.** (*d*)	**48.** (*d*)	**49.** (*a*)	**50.** (*c*)
51. (*a*)	**52.** (*a*)	**53.** (*c*)	**54.** (*b*)	**55.** (*d*)	**56.** (*c*)	**57.** (*a*)	**58.** (*d*)		

दिये गये प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 14A

1. माना अभीष्ट दिनों की संख्या $= x$.

कम पुरुष, अधिक दिन (विलोमानुपात)

$8:12::24:x \Rightarrow 8x = (12\times24) \Rightarrow x = \frac{(12\times24)}{8} = 36$ दिन.

2. माना अभीष्ट मजदूरों की संख्या $= x$.

कम दिन, अधिक मजदूर (विलोमानुपात)

$10:15::120:x \Rightarrow 10x = (15\times120) \Rightarrow x = \frac{(15\times120)}{10} = 180.$

अभीष्ट मजदूरों की संख्या = 180.

3. माना अभीष्ट बच्चों की संख्या $= x$.

कम दिन, अधिक बच्चे (विलोमानुपात)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$8:12::18:x \Rightarrow 8x=(12\times18)=x=\frac{(12\times18)}{8}=27.$

अभीष्ट बच्चों की संख्या = 27.

4. माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x.

कम व्यक्ति, अधिक दिन (विलोमानुपात)

$42:56::24:x \Rightarrow 42\times x=56\times24$

$\Rightarrow x=\frac{(56\times24)}{42}=32$ दिन.

5. माना चावल की अभीष्ट मात्रा = x किग्रा०.

अधिक दिन, अधिक चावल (सीधा अनुपात)

$7:49::238:x \Rightarrow 7\times x=49\times238$

$\Rightarrow x=\frac{(49\times238)}{7}=1666$ किग्रा०.

6. माना अभीष्ट समय = x मिनट.

कम नल, अधिक समय (विलोमानुपाती)

$8:10::24:x \Rightarrow 8x=10\times24 \Rightarrow x=\frac{10\times24}{8}=30$ मिनट.

7. माना शेष भाग को भरने में लगा समय = x मिनट.

शेष भाग $=\left(1-\frac{4}{9}\right)=\frac{5}{9}.$

अधिक भाग, अधिक समय (सीधा अनुपात)

$\frac{4}{9}:\frac{5}{9}::1:x \Rightarrow \frac{4}{9}\times x=\frac{5}{9}\times1 \Rightarrow x=\left(\frac{5}{9}\times\frac{9}{4}\right)=\frac{5}{4}$ मिनट.

8. माना शेष भाग को भरने में लगा समय = x मिनट.

शेष भाग $=\left(1-\frac{3}{16}\right)=\frac{13}{16}.$

अधिक भाग, अधिक समय (सीधा अनुपात)

$\frac{3}{16}:\frac{13}{16}::15:x \Rightarrow \frac{3}{16}\times x=\frac{13}{16}\times15$

$\therefore x=\frac{13}{16}\times15\times\frac{16}{3}=65$ मिनट.

9. माना अभीष्ट समय = x दिन.

अधिक आदमी, कम दिन (विलोमानुपात)

अधिक कार्य, अधिक दिन (सीधा अनुपात)

$\left.\begin{array}{ll}\text{आदमी} & 5:1\\ \text{कार्य} & 1:5\end{array}\right\}::1:x$

$\therefore (5\times1\times x)=(1\times5\times1) \Rightarrow x=1$ दिन.

10. माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x.

कम व्यक्ति, अधिक दिन (विलोमानुपात)

$1200:1600::60:x$

$\Rightarrow 1200\times x=1600\times60 \Rightarrow x=\frac{1600\times60}{1200}=80$ दिन.

11. अब 150 सैनिकों के लिए (50 – 20) दिन अर्थात 30 दिन की सामग्री थी.

शेष बचे सैनिक = (150 – 50) = 100.

माना शेष भोजन x दिन चलेगा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

कम सैनिक, अधिक दिन (विलोमानुपात)

$100:150::30:x \Rightarrow 100\times x = 150\times 30 \Rightarrow x = \frac{(150\times 30)}{100} = 45$ दिन.

12. माना अभीष्ट जिल्दसाजों की संख्या $= x$.

कम पुस्तकें, कम जिल्दसाज (सीधा अनुपात)

अधिक दिन, कम जिल्दसाज (विलोमानुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{पुस्तकें} & 1400 : 800 \\ \text{दिन} & 20 : 15 \end{array}\right\} :: 21 : x$$

$\therefore\ 1400\times 20\times x = 800\times 15\times 21$

$\Rightarrow x = \frac{(800\times 15\times 21)}{(1400\times 20)} \Rightarrow x = 9$ जिल्दसाज.

13. माना अभीष्ट दिनों की संख्या $= x$.

कम आदमी, अधिक दिन (विलोमानुपात)

कम चावल, कम दिन (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{आदमी} & 30 : 60 \\ \text{चावल} & 280 : 120 \end{array}\right\} :: 14 : x$$

$\therefore\ (30\times 280\times x) = (60\times 120\times 14) \Rightarrow x = \frac{(60\times 120\times 14)}{(30\times 280)} \Rightarrow x = 12$ दिन.

14. माना अभीष्ट कुर्सियों की संख्या $= x$.

अधिक बढ़ई, अधिक कुर्सियाँ (सीधा अनुपात)

अधिक घण्टे प्रतिदिन, अधिक कुर्सियाँ (सीधा अनुपात)

अधिक दिन, अधिक कुर्सियाँ (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{बढ़ई} & 12 : 18 \\ \text{घण्टे / दिन} & 6 : 8 \\ \text{दिन} & 24 : 36 \end{array}\right\} :: 460 : x$$

$\therefore\ (12\times 6\times 24\times x) = (18\times 8\times 36\times 460)$

$\Rightarrow x = \frac{(18\times 8\times 36\times 460)}{(12\times 6\times 24)} \Rightarrow x = 1380$ कुर्सियाँ.

15. माना कुल x आदमियों की आवश्यकता है.

कम दिन, अधिक आदमी (विलोमानुपात)

अधिक कार्य, अधिक आदमी (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{दिन} & 8 : 12 \\ \text{कार्य} & y : 2y \end{array}\right\} :: 7 : x$$

$\therefore\ (8\times y\times x) = (12\times 2y\times 7) \Rightarrow x = \frac{(12\times 2y\times 7)}{(8\times y)} \Rightarrow x = 21.$

अतिरिक्त आदमियों की संख्या $= (21 - 7) = 14.$

16. माना अभीष्ट दिनों की संख्या $= x$.

अधिक दूरी, अधिक दिन (सीधा अनुपात)

तेज चाल, कम दिन (विलोमानुपात)

अधिक विश्राम, अधिक दिन (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{दूरी} & y : 2y \\ \text{चाल} & 2z : z \\ \text{विश्राम घण्टे} & 9 : 18 \end{array}\right\} :: 40 : x$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore (y\times 2z\times 9\times x) = (2y\times z\times 18\times 40) \Rightarrow x = \dfrac{(2y\times z\times 18\times 40)}{(y\times 2z\times 9)}$

$\Rightarrow x = 80$ दिन.

17. माना अभीष्ट व्यक्तियों की संख्या $= x$.

अधिक घण्टे कार्य, कम व्यक्ति (विलोमानुपात)

कम दिन, अधिक व्यक्ति (विलोमानुपात)

अधिक बड़ा भवन, अधिक व्यक्ति (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll} \text{घण्टे प्रतिदिन} & 6 : 6 \\ \text{दिन} & 27 : 30 \\ \text{भवन का माप} & y : 16y \end{array}\right\} :: 18 : x$$

$\therefore (6\times 27\times y\times x) = (6\times 30\times 16y\times 18)$

$\Rightarrow x = \dfrac{(6\times 30\times 16y\times 18)}{(6\times 27\times y)} \Rightarrow x = 320$ व्यक्ति.

18. शेष दिन = (100 – 80) दिन = 20 दिन.

शेष सड़क की लम्बाई $= \left(5 - \dfrac{7}{2}\right)$ किमी० $= \dfrac{3}{2}$ किमी०.

माना अब कुल मजदूरों की संख्या $= x$.

कम लम्बाई, कम मजदूर **(सीधा अनुपात)**

कम दिन, अधिक मजदूर **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{ll} \text{लम्बाई} & \dfrac{7}{2} : \dfrac{3}{2} \\ \text{दिन} & 20 : 80 \end{array}\right\} :: 280 : x$$

$\therefore \left(\dfrac{7}{2}\times 20\times x\right) = \left(\dfrac{3}{2}\times 80\times 280\right) \Rightarrow 70x = 3\times 40\times 280$

$\Rightarrow x = \dfrac{(3\times 40\times 280)}{70} = 480.$

बढ़ाये जाने वाले मजदूरों की संख्या = (480 – 280) = 200.

19. 3 आदमी ≡ 6 लड़के ⇒ एक आदमी ≡ 2 लड़के.

∴ 6 आदमी + 8 लड़के ≡ (6 × 2) लड़के + 8 लड़के = 20 लड़के.

माना अभीष्ट दिनों की संख्या $= x$.

अधिक लड़के, कम दिन (विलोमानुपात)

$20 : 6 :: 40 : x \Rightarrow 20x = (6\times 40) \Rightarrow x = \dfrac{(6\times 40)}{20} = 12$ दिन.

20. 5 आदमी ≡ 7 महिलायें ⇒ 1 आदमी $\equiv \dfrac{7}{5}$ महिलायें.

(7 आदमी + 13 महिलायें) $\equiv \left[\left(7\times\dfrac{7}{5}\right)+13\right]$ महिलायें $= \dfrac{114}{5}$ महिलायें.

माना अभीष्ट धन = ₹ x.

अधिक महिलायें, अधिक धन (सीधा अनुपात)

$7 : \dfrac{114}{5} :: 5250 : x \Rightarrow 7x = \dfrac{114}{5}\times 5250$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\Rightarrow x = \frac{(114 \times 1050)}{7} = 17100.$$

अभीष्ट धन = ₹ 17100.

21. माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x.

कम व्यक्ति, अधिक दिन **(विलोमानुपात)**

अधिक घण्टे प्रतिदिन, कम दिन **(विलोमानुपात)**

अधिक कार्य, अधिक दिन **(सीधा अनुपात)**

$$\left.\begin{array}{rl} \text{व्यक्ति} & 20 : 25 \\ \text{घण्टे प्रतिदिन} & 10 : 8 \\ \text{कार्य} & 1 : 2 \end{array}\right\} :: 15 : x$$

$\therefore\ (20 \times 10 \times 1 \times x) = (25 \times 8 \times 2 \times 15) \Rightarrow x = \dfrac{200 \times 30}{200} \Rightarrow x = 30$ दिन.

22. माना अभीष्ट दिनों की संख्या = x.

कम पुरुष, अधिक दिन **(विलोमानुपात)**

अधिक घण्टे प्रतिदिन, कम दिन **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{rl} \text{पुरुष} & 7 : 8 \\ \text{घण्टे प्रतिदिन} & 10 : 9 \end{array}\right\} :: 20 : x$$

$\therefore\ (7 \times 10 \times x) = (8 \times 9 \times 20) \Rightarrow x = \dfrac{144}{7} = 20\dfrac{4}{7}$ दिन.

23. माना आरम्भ में x व्यक्ति थे.

अधिक दिन, कम व्यक्ति **(विलोमानुपात)**

$100 : 90 :: x : (x - 15)$

$\Rightarrow 100 \times (x - 15) = 90x \Rightarrow 100x - 1500 = 90x \Rightarrow 10x = 1500 \Rightarrow x = 150.$

अभीष्ट व्यक्तियों की संख्या = 150.

24. माना आरम्भ में लगाये जाने वाले श्रमिकों की संख्या = x.

कम श्रमिक, अधिक दिन **(विलोमानुपात)**

$(x - 3) : x :: 22 : 24 \Rightarrow 24(x - 3) = 22x$

$\Rightarrow (24x - 22x) = 72 \Rightarrow 2x = 72 \Rightarrow x = 36.$

25. 3300 व्यक्तियों के लिए 850 ग्राम प्रति व्यक्ति की दर से (32 – 7) = 25 दिन का भोजन है.

माना x व्यक्ति और आ गये. तब

$(3300 + x)$ व्यक्तियों के लिए 825 ग्राम प्रति व्यक्ति की दर से 17 दिन का भोजन है.

कम भोजन/व्यक्ति, ज्यादा व्यक्तियों के लिए **(विलोमानुपात)**

कम दिन, ज्यादा व्यक्तियों के लिए **(विलोमानुपात)**

$$\left.\begin{array}{rl} \text{भोजन} & 825 : 850 \\ \text{दिन} & 17 : 25 \end{array}\right\} :: 3300 : (3300 + x)$$

$\Rightarrow 825 \times 17 \times (3300 + x) = 850 \times 25 \times 3300$

$\Rightarrow (3300 + x) = \dfrac{850 \times 25 \times 3300}{825 \times 17} = 5000$

$\Rightarrow x = (5000 - 3300) = 1700.$ नये व्यक्ति = 1700.

26. माना बोतलों की अभीष्ट संख्या = x.

अधिक मशीनें, अधिक बोतलें **(सीधा अनुपात)**

अधिक समय, अधिक बोतलें **(सीधा अनुपात)**

$$\left.\begin{array}{rl} \text{मशीनें} & 6 : 10 \\ \text{समय (मिनटों में)} & 1 : 4 \end{array}\right\} :: 270 : x$$

$\therefore\ (6 \times 1 \times x) = (10 \times 4 \times 270) \Rightarrow x = 1800$ बोतलें.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

27. 200 व्यक्तियों के लिए शेष सामग्री 20 दिन के लिए थी.
माना 250 व्यक्तियों के लिए यह सामग्री x दिन के लिए पर्याप्त है.
अधिक व्यक्ति, कम दिन (विलोमानुपात)

$250:200::20:x \Rightarrow 250\times x = 200\times 20 \Rightarrow x = \frac{200\times 20}{250} = 16$ दिन.

28. माना अनाज की अभीष्ट मात्रा $= x$ किग्रा०.
अधिक गायें, अधिक किग्रा० (सीधा अनुपात)
अधिक दिन, अधिक किग्रा० (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll}\text{गायें} & 15:18\\ \text{दिन} & 9:30\end{array}\right\}::2700:x$$

$\therefore (15\times 9\times x) = (18\times 30\times 2700) \Rightarrow x = \frac{(18\times 30\times 2700)}{(15\times 9)} = 10800$ किग्रा०.

29. माना भवन की अभीष्ट ऊँचाई $= x$ मीटर.
कम परछाई, कम ऊँचाई (सीधा अनुपात)

$40{\cdot}25:28{\cdot}75::17{\cdot}5:x$

$\Rightarrow 40{\cdot}25\times x = 28{\cdot}75\times 17{\cdot}5$

$\Rightarrow x = \frac{(28{\cdot}75\times 17{\cdot}5)}{40{\cdot}25} = \frac{2875\times 175}{40250} = \frac{25}{2} = 12{\cdot}5$ m.

30. माना प्रतिदिन कार्य घण्टे $= x$.
कम परीक्षक, अधिक कार्य घण्टे (विलोमानुपात)
अधिक दिन, कम कार्य घण्टे (विलोमानुपात)
अधिक उत्तर-पुस्तिकायें, अधिक कार्य घण्टे (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll}\text{परीक्षक} & 4:9\\ \text{दिन} & 30:12\\ \text{उ० पुस्तिकायें} & 1:2\end{array}\right\}::5:x$$

$\therefore (4\times 30\times 1\times x) = (9\times 12\times 2\times 5) \Rightarrow x = \frac{1080}{120} = 9$ घण्टे प्रतिदिन.

31. माना अभीष्ट दिनों की संख्या $= x$.
कम पम्प, अधिक दिन (विलोमानुपात)
अधिक घण्टे प्रति दिन, कम दिन (विलोमानुपात)
कम टन पानी, कम दिन (सीधा अनुपात)

$$\left.\begin{array}{ll}\text{पम्प} & 16:18\\ \text{घण्टे / दिन} & 9:7\\ \text{मात्रा (टनों में)} & 2170:1736\end{array}\right\}::10:x$$

$\therefore (16\times 9\times 2170\times x) = (18\times 7\times 1736\times 10) \Rightarrow x = \frac{(18\times 7\times 1736\times 10)}{(16\times 9\times 2170)} = 7$ दिन.

32. माना कोयले की अभीष्ट खपत $= x$ टन.
अधिक ईंजन, कोयले की अधिक खपत (समानुपात)
अधिक कार्य घण्टे प्रतिदिन, कोयले की अधिक खपत (सीधा अनुपात)
खपत दर कम, कोयले की कम खपत (सीधा अनुपात)

माना पहले 3 ईंजन 1 इकाई खपत करें, तो प्रत्येक ईंजन की खपत $= \frac{1}{3}$.

इसी प्रकार, दूसरी प्रकार के प्रत्येक ईंजन की खपत $= \frac{1}{4}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\left.\begin{array}{lll} \text{ईंजन} & 5 & : 8 \\ \text{कार्य घण्टे} & 9 & : 10 \\ \text{खपत दर} & \frac{1}{3} & : \frac{1}{4} \end{array}\right\} :: 6 : x$$

$\therefore \left(5\times9\times\frac{1}{3}\times x\right)=\left(8\times10\times\frac{1}{4}\times6\right)\Rightarrow 15x=120\Rightarrow x=8$ मी० टन.

33. माना अभीष्ट समय $= x$ मिनट.

कम पाईप, अधिक समय **(विलोमानुपात)**

$7:10::28:x\Rightarrow 7x=10\times28\Rightarrow x=\frac{(10\times28)}{7}=40$ मिनट.

34. माना यह रस्सी x बार लपेटी जायेगी.

अधिक त्रिज्या का बेलन, कम बार (विलोमानुपात)

$\therefore\ 20:14::70:x\Rightarrow 20x=(14\times70)\Rightarrow x=\frac{(14\times70)}{20}=49$ बार.

16. $(A+B)$ का 10 मिनट का भराव कार्य $=10\left(\frac{1}{20}+\frac{1}{60}\right)=\frac{10\times 4}{60}=\frac{2}{3}$. शेष भाग $=\left(1-\frac{2}{3}\right)=\frac{1}{3}$.

$\frac{1}{60}$ भाग भरने में B लेता है = 1 मिनट.

$\frac{1}{3}$ भाग भरने में B लेगा $=\left(60\times\frac{1}{3}\right)$ मिनट = 20 मिनट.

17. पहली 2 मिनट में भरा गया भाग $=\left(\frac{1}{6}+\frac{1}{7}\right)=\frac{13}{42}$.

पहली 6 मिनट में भरा गया भाग $=\left(\frac{13}{42}\times 3\right)=\frac{13}{14}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

शेष भाग $=\left(1-\frac{13}{14}\right)=\frac{1}{14}$.

अब पहले नल की बारी है.

$\frac{1}{6}$ भाग भरने में लगा समय = 1 मिनट.

$\frac{1}{14}$ भाग भरने में लगा समय $=\left(1\times\frac{6}{1}\times\frac{1}{14}\right)$ मिनट $=\frac{3}{7}$ मिनट.

अभीष्ट समय $=6\frac{3}{7}$ मिनट.

18. स्पष्ट है कि दूसरा निकासी पाईप टंकी को 20 मिनट में खाली करेगा.

दोनों पाईपों का 1 मिनट का निकासी कार्य $=\left(\frac{1}{40}+\frac{1}{20}\right)=\frac{3}{40}$.

भरी टंकी खाली होने में लगा समय $=\frac{40}{3}$ मिनट $=13\frac{1}{3}$ मिनट.

19. माना हौज भरने में लगा समय = x मिनट. तब,

$$\frac{x}{6}+\frac{x}{8}+\frac{(x-2)}{24}=1\Rightarrow 4x+3x+(x-2)=24$$

$$\Rightarrow 8x=26\Rightarrow 4x=13\Rightarrow x=\frac{13}{4}.$$

अभीष्ट समय $=\frac{13}{4}$ मिनट = 3 मिनट 15 सै०.

20. माना नल B भरे हौज को x मिनट में खाली करता है.

दोनों नलों का 1 मिनट का भराव कार्य $=\left(\frac{1}{20}-\frac{1}{x}\right)$.

$\therefore \frac{1}{20}-\frac{1}{x}=\frac{1}{100}\Rightarrow\frac{1}{x}=\left(\frac{1}{20}-\frac{1}{100}\right)=\frac{4}{100}=\frac{1}{25}\Rightarrow x=25.$

$\therefore$ भरे हौज को खाली करने में B लेता है 25 मिनट.

25 मिनट में B द्वारा निकासी किये गये पानी की मात्रा = (5 × 60 × 25) लीटर = 7500 लीटर.

21. दूसरे नल का 1 घण्टे का शुद्ध भराव कार्य $=\left(\frac{1}{8}-\frac{1}{12}\right)=\frac{1}{24}$.

अत: दूसरा नल छेद न होने पर टंकी को 24 घण्टे में भर देगा.

$\therefore$ टंकी की धारिता = (6 × 24 × 60) लीटर = 8640 लीटर.

22. $(A+B)$ का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{60}+\frac{1}{75}\right)=\frac{9}{300}=\frac{3}{100}$.

$(A+B+C)$ का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{50}$.

C का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{3}{100}-\frac{1}{50}\right)=\frac{1}{100}$.

$\therefore$ पाईप C भरी टंकी को 100 मिनट में खाली कर देगा.

23. पहले पाईप द्वारा आधी टंकी को भरने में लगा समय = 3 घण्टे.

4 पाईपों का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{6}\times 4\right)=\frac{2}{3}$.

$\frac{2}{3}$ भाग भरने में लगा समय = 1 घण्टा.

$\frac{1}{2}$ भाग भरने में लगा समय $=\left(1\times\frac{3}{2}\times\frac{1}{2}\right)=\frac{3}{4}$ घण्टा = 45 मिनट.

$\therefore$ टंकी भरने में लगा समय = 3 घण्टे 45 मिनट.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

24. माना टंकी को भरने में A तथा B लेते हैं क्रमश: x घण्टे तथा $(x + 6)$ घण्टे. तब

$$\frac{1}{x}+\frac{1}{(x+6)}=\frac{1}{4}\Rightarrow\frac{x+6+x}{x(x+6)}=\frac{1}{4}$$

$$\Rightarrow 8x+24=x^2+6x\Rightarrow x^2-2x-24=0$$

$$\Rightarrow x^2-6x+4x-24=0\Rightarrow x(x-6)+4(x-6)=0$$

$$\Rightarrow (x-6)(x+4)=0\Rightarrow x=6.$$

$\therefore$ A द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = 6 घण्टे.

25. टंकी की धारिता = $(13{\cdot}5 \times 12)$ लीटर = 162 लीटर.

9 लीटर धारिता वाली बाल्टियों की अभीष्ट संख्या $=\frac{162}{9}=18.$

26. माना बाल्टी P की धारिता = x लीटर. तब, Q की धारिता $=\frac{x}{3}$ लीटर.

टंकी की धारिता = $(60x)$ लीटर.

$(P + Q)$ की धारिता $=\left(x+\frac{x}{3}\right)$ लीटर $=\frac{4x}{3}$ लीटर.

दोनों बाल्टियों के कुल फेरे $=\left(60x+\frac{4x}{3}\right)=\left(60x\times\frac{3}{4x}\right)=45.$

27. माना इस हौज को भरने में कुल $2x$ मिनट लगते हैं. तब,

(B का x मिनट का कार्य) + [$(A + B)$ का x मिनट का कार्य] = 1

$$\Rightarrow\frac{x}{40}+\left(\frac{1}{60}+\frac{1}{40}\right)x=1\Rightarrow\frac{x}{40}+\frac{5x}{120}=1\Rightarrow(3x+5x)=120$$

$$\Rightarrow 8x=120\Rightarrow x=15.$$

$\therefore$ अभीष्ट समय = 30 मिनट.

28. $(A + B)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{12}+\frac{1}{15}\right)=\frac{9}{60}=\frac{3}{20}.$

$(A + C)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{12}+\frac{1}{20}\right)=\frac{8}{60}=\frac{2}{15}.$

2 घण्टे में भरा गया भाग $=\left(\frac{3}{20}+\frac{2}{15}\right)=\frac{17}{60}.$

6 घण्टे में भरा गया भाग $=\left(\frac{17}{60}\times 3\right)=\frac{17}{20}.$

शेष भाग $=\left(1-\frac{17}{20}\right)=\frac{3}{20}.$

अब, $(A + B)$ की बारी है जो $\frac{3}{20}$ भाग को 1 घण्टे में भरते हैं.

अत: अभीष्ट समय = $(6 + 1)$ घण्टे = 7 घण्टे.

29. $(A + B + C)$ का 2 घण्टे का भराव कार्य $=\left(\frac{1}{6}\times 2\right)=\frac{1}{3}.$

शेष भाग $=\left(1-\frac{1}{3}\right)=\frac{2}{3}.$

$\frac{2}{3}$ भाग को $(A + B)$ भरते हैं = 7 घण्टे में.

पूरी टंकी को $(A + B)$ भरेंगे $=\left(7\times\frac{3}{2}\right)$ घण्टे में $=\frac{21}{2}$ घण्टे में.

$(A + B)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{2}{21}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$(A+B+C)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{1}{6}$.

C का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{6}-\frac{2}{21}\right)=\frac{3}{42}=\frac{1}{14}$.

अत: C अकेला खाली टंकी को 14 घण्टे में भरेगा.

30. दोनों पाईपों के कार्यरत होने पर 1 घण्टे का शुद्ध निकासी कार्य $=\left(\frac{1}{5}-\frac{1}{8}\right)=\frac{3}{40}$.

$\frac{3}{40}$ भाग खाली होता है = 1 घण्टे में

$\frac{3}{4}$ भाग खाली होता है $=\left(1\times\frac{40}{3}\times\frac{3}{4}\right)$ घण्टे में = 10 घण्टे में.

31. पम्प द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{1}{3}$.

(पम्प + छेद) द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{2}{7}$.

छेद द्वारा 1 घण्टे का निकासी कार्य $=\left(\frac{1}{3}-\frac{2}{7}\right)=\frac{1}{21}$.

$\therefore$ छेद से भरी टंकी का सारा जल 21 घण्टे में निकल जायेगा.

32. पहले दोनों पाईपों का 4 मिनट का भराव कार्य $=4\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{10}\right)=\frac{4\times5}{30}=\frac{2}{3}$.

माना तीसरा पाईप खोलने के x घण्टे बाद टंकी खाली हो जायेगी. तब

$$x\times\frac{1}{5}=\frac{2}{3}+\frac{x}{6}\Rightarrow\frac{x}{5}-\frac{x}{6}=\frac{2}{3}$$

$$\Rightarrow(6x-5x)=20\Rightarrow x=20.$$

अभीष्ट समय = 20 मिनट.

33. माना तीसरा नल x मिनट में भरी टंकी को खाली कर देता है. तब

$$6\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{18}\right)+\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{18}-\frac{1}{x}\right)\times16\cdot5=0$$

$$\Rightarrow\frac{11}{15}+\frac{181\cdot5}{90}=\frac{16\cdot5}{x}$$

$$\Rightarrow\frac{(66+181\cdot5)}{90}=\frac{16\cdot5}{x}\Rightarrow x=\frac{16\cdot5\times90}{247\cdot5}=6.$$

अत: तीसरा नल 6 मिनट में भरी टंकी को खाली कर देगा.

प्रश्नमाला 16B

1. दो नल एक टंकी को क्रमश: 12 मिनट तथा 18 मिनट में भर सकते हैं. 2 मिनट तक दोनों नल खाली टंकी में खोल दिये जाते हैं तथा इसके बाद पहले नल को बन्द कर दिया जाता है. इसके बाद कितने मिनट में टंकी पूर्ण रूप से भर जायेगी ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

2. एक टंकी को भरने के लिए तीन पाईप लगे हैं जिनके व्यास क्रमश: 1 सेमी०, $1\frac{1}{3}$ सेमी० तथा 2 सेमी० हैं. एक निश्चित समय में प्रत्येक पाईप से बहने वाले पानी की मात्रा उस पाईप के व्यास के वर्ग के समानुपाती है. सबसे अधिक व्यास वाला पाईप इस टंकी को 61 मिनट में भर देता है. यदि तीनों पाईप इकट्ठे खोल दिये जायें तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा ?

(रेलवे परीक्षा, 2006)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3. एक नल किसी टंकी को 16 मिनट में भर सकता है तथा दूसरा नल इसे 8 मिनट में खाली कर सकता है. यदि टंकी पहले से ही आधी भरी हुई हो तथा दोनों नल एक साथ खोल दिये जायें तो टंकी भर जायेगी या खाली होगी तथा इसमें कितना समय लगेगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

4. दो नल A तथा B एक पानी की टंकी को क्रमशः 15 घण्टे व 20 घण्टे में भर सकते हैं. भरी टंकी को एक तीसरा नल C, 25 घण्टे में खाली कर सकता है. खाली टंकी में तीनों नलों को एक साथ खोल दिया जाता है तथा 11 घण्टे बाद C को बन्द कर दिया जाता है. ज्ञात कीजिए कि टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

5. दो नल A तथा B किसी हौज को क्रमशः 30 मिनट तथा 40 मिनट में भर सकते हैं तथा तीसरा नल C उस हौज से 50 लीटर प्रति मिनट की दर से पानी बाहर निकालता है. यदि तीनों नल एक साथ खाली टंकी में खोल दिये जायें तथा 1 घण्टे में हौज भर जाये, तो हौज की धारिता ज्ञात कीजिए.

6. एक नल की कार्य-क्षमता दूसरे नल की अपेक्षा तीन गुनी है. यदि दोनों नल मिलकर एक खाली हौज को 18 घण्टे में भरें, तो पहला नल उस हौज को कितने घण्टे में भरेगा?

7. A, B की तुलना में दुगुना अच्छा कार्यकर्ता है तथा वे दोनों मिलकर किसी कार्य को 14 दिन में पूरा करते हैं. A अकेला इस कार्य को पूरा करने में कितने दिन लेगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

8. A, B, C एक कार्य को क्रमशः 10 दिन, 12 दिन तथा 15 दिन में समाप्त करते हैं. परन्तु कार्य आरम्भ होने के 2 दिन बाद, A काम छोड़ कर चला जाता है तथा B कार्य समाप्त होने से 3 दिन पहले काम छोड़ जाता है. कार्य कितने दिन में समाप्त हुआ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

9. तीन पाईप A, B, C एक टंकी को क्रमशः 10 घण्टे, 12 घण्टे तथा 15 घण्टे में भर सकते हैं. पहले खाली टंकी में A को खोल दिया गया. एक घण्टे बाद B को भी खोल दिया गया तथा A के कार्यरत होने के 2 घण्टे बाद C को भी खोल दिया गया. पूरी टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

10. दो नल एक टंकी को क्रमशः 30 मिनट तथा 36 मिनट में भर सकते हैं. दोनों पाईप एक साथ खाली टंकी में खोल दिये जाते हैं परन्तु अवरुद्ध होने के कारण पहले पाईप से कुल मात्रा का $\frac{5}{6}$ भाग तथा दूसरे पाईप से कुल मात्रा का $\frac{9}{10}$ भाग बहता है. कुछ देर में पाईपों को साफ करने के बाद, $15\frac{1}{2}$ मिनट में टंकी भर जाती है. पाईपों में पानी का पूरा बहाव कितनी देर बाद आरम्भ हुआ?

11. दो नल एक टंकी को क्रमशः 15 मिनट तथा 12 मिनट में भर सकते हैं तथा तीसरा नल भरी टंकी को 6 मिनट में खाली कर सकता है. पहले दोनों नल 5 मिनट तक खुले रहते हैं तथा इसके बाद तीसरा नल भी खोल दिया जाता है. टंकी कितनी देर में खाली हो जायेगी?

12. एक टंकी में दो नल A तथा B लगे हैं जो इसे क्रमशः 20 मिनट तथा 30 मिनट में भर सकते हैं तथा इसमें एक निकासी नल C लगा है. एक व्यक्ति नल A तथा B खोलकर चला जाता है तथा तभी वापिस लौटता है जबकि टंकी को भर जाना चाहिए था. परन्तु, वह वापिस आकर देखता है कि नल C भी खुला रह गया था. अब वह इसे बन्द कर देता है. इसके बाद टंकी 3 मिनट में भर जाती है. भरी टंकी को अकेला नल C कितनी देर में खाली कर देगा?

13. एक पानी की टंकी में 8 नल लगे हैं. इनमें से कुछ पानी भरने के लिए तथा शेष पानी बाहर निकालने के लिए हैं. पानी भरने वाला प्रत्येक नल टंकी को 12 घण्टे में भर सकता है तथा पानी बाहर निकालने वाला प्रत्येक नल भरी टंकी को 36 घण्टे में खाली कर सकता है. सभी नल खाली टंकी में एक साथ खोलने पर टंकी 3 मिनट में भर जाती है. पानी भरने वाले नलों की संख्या ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)**

14. पाईप A तथा B एक टंकी को क्रमशः 36 मिनट तथा 45 मिनट में भरते हैं. यदि दोनों पाईप खोल दिये जायें तो कितने समय बाद A को बन्द किया जाये कि टंकी पूर्णतया कुल 25 मिनट में भर जाये?

15. दो पाईप A तथा B एक टंकी को क्रमशः 15 घण्टे तथा 20 घण्टे में भर सकते हैं, जबकि एक तीसरा पाईप C पूरी भरी हुई टंकी को 25 घण्टे में खाली कर सकता है. आरम्भ में तीनों पाईप एक साथ खोल दिये जाते हैं. 10 घण्टे बाद पाईप C को बन्द कर दिया जाता है. कुल कितने समय में टंकी पूर्णतः भर जायेगी? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 16B)

1. 13 मिनट	2. 36 मिनट	3. 8 मिनट	4. 12 घण्टे	5. 1200 लीटर
6. 24 घण्टे	7. 21 दिन	8. 7 दिन	9. 4 घण्टे 52 मिनट	10. 1 मिनट
11. 45 मिनट	12. 48 मिनट	13. 5	14. 16 मिनट	15. 12 घण्टे

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 16B

1. पहले नल का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{12}$, दूसरे नल का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{18}$.

दोनों नलों का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{12}+\frac{1}{18}\right)=\frac{5}{36}$.

2 मिनट में इन नलों द्वारा भरा गया भाग $=\left(\frac{5}{36}\times 2\right)=\frac{5}{18}$.

शेष भाग $=\left(1-\frac{5}{18}\right)=\frac{13}{18}$.

$\frac{1}{18}$ भाग भरने में दूसरा नल समय लेता है = 1 मिनट.

$\frac{13}{18}$ भाग भरने में दूसरा नल समय लेगा $=\left(1\times\frac{18}{1}\times\frac{13}{18}\right)$ मिनट = 13 मिनट.

2. एक निश्चित समय में इन पाईपों से बहने वाले पानी की मात्रा का अनुपात $=1:\frac{16}{9}:4=\frac{1}{4}:\frac{4}{9}:1$

तीसरे पाईप का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{61}$.

पहले पाईप का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{4}\times\frac{1}{61}\right)=\frac{1}{244}$.

दूसरे पाईप का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{4}{9}\times\frac{1}{61}\right)=\frac{4}{549}$.

तीनों पाईपों का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{61}+\frac{1}{244}+\frac{4}{549}\right)=\frac{61}{2196}=\frac{1}{36}$.

अत: तीनों पाईप खाली टंकी को 36 मिनट में भर देंगे.

3. चूँकि टंकी को खाली करने वाले नल की तेज गति है, अत: दोनों नल एक साथ खोलने पर टंकी खाली होगी.

1 मिनट में खाली होने वाला टंकी का भाग $=\left(\frac{1}{8}-\frac{1}{16}\right)=\frac{1}{16}$.

$\frac{1}{16}$ भाग को खाली होने में लगा समय = 1 मिनट.

$\frac{1}{2}$ भाग को खाली होने में लगा समय $=\left(1\times 16\times\frac{1}{2}\right)$ मिनट = 8 मिनट.

4. $(A+B+C)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{20}-\frac{1}{25}\right)=\frac{23}{300}$.

$(A+B+C)$ का 10 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{23}{300}\times 10\right)=\frac{23}{30}$.

टंकी का शेष भाग $=\left(1-\frac{23}{30}\right)=\frac{7}{30}$.

$(A+B)$ का 1 घण्टे का कार्य $=\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{20}\right)=\frac{7}{60}$.

अब, $\frac{7}{60}$ भाग भरने में समय लगता है = 1 घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\frac{7}{30}$ भाग भरने में समय लगेगा $=\left(1\times\frac{60}{7}\times\frac{7}{30}\right)=2$ घण्टे.

टंकी को भरने में लगा कुल समय = (10 + 2) घण्टे = 12 घण्टे.

5. माना हौज की धारिता = x लीटर.

C द्वारा किया गया निकासी कार्य = 50 लीटर प्रति मिनट.

C का 1 मिनट का निकासी कार्य $=\frac{50}{x}$.

$(A+B+C)$ का 1 मिनट का भराव कार्य $=\left(\frac{1}{30}+\frac{1}{40}-\frac{50}{x}\right)=\left(\frac{7}{120}-\frac{50}{x}\right)$.

$(A+B+C)$ का 1 घण्टे का भराव कार्य $=\left(\frac{7}{120}-\frac{50}{x}\right)\times 60=\left(\frac{7}{2}-\frac{3000}{x}\right)$.

$\therefore \frac{7}{2}-\frac{3000}{x}=1\Rightarrow\frac{3000}{x}=\left(\frac{7}{2}-1\right)=\frac{5}{2}\Rightarrow 5x=6000\Rightarrow x=1200.$

अत: हौज में कुल 1200 लीटर पानी आता है.

6. पहले तथा दूसरे नल की कार्य-क्षमता का अनुपात = 3 : 1.

इन नलों द्वारा हौज को भरने में लगे समय का अनुपात = 1 : 3.

माना पहला नल हौज को x घण्टे में भरता है.

तब, दूसरा नल हौज को $3x$ घण्टे में भरेगा.

पहले नल द्वारा एक घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{1}{x}$.

दूसरे नल द्वारा एक घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{1}{3x}$.

दोनों नलों द्वारा एक घण्टे में भरा गया भाग $=\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{3x}\right)=\frac{4}{3x}$.

परन्तु दोनों नल हौज को 18 घण्टे में भरते हैं.

$\therefore$ दोनों नलों द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{1}{18}$.

$\therefore \frac{4}{3x}=\frac{1}{18}\Rightarrow 3x=72\Rightarrow x=24$.

अत: पहला नल खाली हौज को 24 घण्टे में भरेगा.

7. A तथा B की कार्य-क्षमता का अनुपात = 2 : 1.

A तथा B द्वारा इस कार्य को समाप्त करने में लगे समय का अनुपात = 1 : 2.

माना A तथा B इस कार्य को करने में क्रमश: x तथा $2x$ दिन लेते हैं.

तब, A का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{x}$ तथा B का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{2x}$.

$\therefore (A+B)$ का 1 दिन का कार्य $=\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{2x}\right)=\frac{3}{2x}$.

$\therefore \frac{3}{2x}=\frac{1}{14}\Rightarrow 2x=42\Rightarrow x=21.$

अत: A अकेला इस कार्य को 21 दिन में पूरा करेगा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. A का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{10}$, B का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{12}$, C का 1 दिन का कार्य $=\frac{1}{15}$.

$(A+B+C)$ का 1 दिन का कार्य $=\left(\frac{1}{10}+\frac{1}{12}+\frac{1}{15}\right)=\frac{15}{60}=\frac{1}{4}$.

2 दिन का $(A+B+C)$ का कार्य $=\left(\frac{1}{4}\times 2\right)=\frac{1}{2}$.

अन्तिम 3 दिनों में C द्वारा किया गया कार्य $=\left(3\times\frac{1}{15}\right)=\frac{1}{5}$.

शेष कार्य $=1-\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{5}\right)=\left(1-\frac{7}{10}\right)=\frac{3}{10}$.

यह कार्य B तथा C ने मिलकर किया.

$(B+C)$ का 1 दिन का कार्य $=\left(\frac{1}{12}+\frac{1}{15}\right)=\frac{(5+4)}{60}=\frac{9}{60}=\frac{3}{20}$.

$\frac{3}{20}$ कार्य को करने में $(B+C)$ लेते हैं = 1 दिन.

$\frac{3}{10}$ कार्य को करने में $(B+C)$ लेते हैं $=\left(1\times\frac{20}{3}\times\frac{3}{10}\right)=2$ दिन.

$\therefore$ कार्य पूर्ण होने में लगा समय = (2 + 3 + 2) दिन = 7 दिन.

9. A द्वारा 2 घण्टे का भराव + B द्वारा 1 घण्टे का भराव $=\left(\frac{2}{10}+\frac{1}{12}\right)=\frac{17}{60}$.

शेष भाग $=\left(1-\frac{17}{60}\right)=\frac{43}{60}$.

$(A+B+C)$ द्वारा 1 घण्टे का भराव $=\left(\frac{1}{10}+\frac{1}{12}+\frac{1}{15}\right)=\frac{15}{60}=\frac{1}{4}$.

$\frac{1}{4}$ भाग को भरने में लगा समय = 1 घण्टा.

$\frac{43}{60}$ भाग को भरने में लगा समय $=\left(1\times\frac{4}{1}\times\frac{43}{60}\right)$ घण्टे $=\frac{43}{15}$ घण्टे.

टंकी को भरने में लगा कुल समय $=\left(2+\frac{43}{15}\right)$ घण्टे $=\frac{73}{15}$ घण्टे = 4 घण्टे 52 मिनट.

10. $\frac{31}{2}$ मिनट में टंकी का भरा गया भाग $=\left(\frac{1}{30}+\frac{1}{36}\right)\times\frac{31}{2}=\frac{341}{360}$.

माना दोनों पाईप x मिनट तक अवरुद्ध रहे.

इन x मिनटों में भरा गया भाग $=\left(\frac{x}{30}\times\frac{5}{6}+\frac{x}{36}\times\frac{9}{10}\right)=\frac{19x}{360}$.

शेष भाग $=\left(1-\frac{19x}{360}\right)=\frac{(360-19x)}{360}$.

$\therefore \frac{360-19x}{360}=\frac{341}{360}\Rightarrow 360-19x=341\Rightarrow 19x=(360-341)=19\Rightarrow x=1$.

अतः दोनों पाईप 1 मिनट तक अवरुद्ध रहे.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. 5 मिनट में भरा गया टंकी का भाग $=\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{12}\right)\times 5=\frac{3}{4}$.

तीनों नल खोलने पर 1 मिनट में खाली हुआ भाग $=\frac{1}{6}-\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{12}\right)=\frac{1}{60}$.

$\frac{1}{60}$ भाग खाली होने में लगा समय = 1 मिनट.

$\frac{3}{4}$ भाग खाली होने में लगा समय $=\left(60\times\frac{3}{4}\right)$ मिनट = 45 मिनट.

12. $(A+B)$ का 1 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{20}+\frac{1}{30}\right)=\frac{5}{60}=\frac{1}{12}$.

स्पष्ट है कि $(A+B)$ खाली टंकी को 12 मिनट में भरेंगे.

माना C अकेला भरी टंकी को x मिनट में खाली कर देता है.

तब, C का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{x}$.

$(A+B+C)$ का 12 मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{12}-\frac{1}{x}\right)\times 12=\frac{(x-12)}{x}$.

$(A+B)$ का 3 मिनट का कार्य $=\left(3\times\frac{1}{12}\right)=\frac{1}{4}$.

$\therefore\ \frac{x-12}{x}+\frac{1}{4}=1\Rightarrow 4x-48+x=4x\Rightarrow x=48.$

अत: भरी टंकी को C, 48 मिनट में खाली कर देगा.

13. माना पानी भरने वाले नलों की संख्या $=x$.

तब, पानी बाहर निकालने वाले नलों की संख्या $=(8-x)$.

पानी भरने वाले प्रत्येक नल का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{1}{12}$.

पानी भरने वाले x नलों का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{x}{12}$.

पानी बाहर निकालने वाले प्रत्येक नल का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{1}{36}$.

पानी बाहर निकालने वाले $(8-x)$ नलों का 1 घण्टे का कार्य $=\frac{(8-x)}{36}$.

सभी नलों का 1 घण्टे का भराव कार्य $=\left\{\frac{x}{12}-\frac{(8-x)}{36}\right\}=\frac{(x-2)}{9}$.

सभी नलों द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = 3 घण्टे.

सभी नलों का 1 घण्टे का भराव कार्य $=\frac{1}{3}$.

$\therefore\ \frac{x-2}{9}=\frac{1}{3}\Rightarrow x-2=3\Rightarrow x=5.$

अत: पानी भरने वाले नलों की संख्या = 5.

14. A का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{36}$, B का 1 मिनट का कार्य $=\frac{1}{45}$.

माना A को x मिनट बाद बन्द कर दिया गया.

तब, $(A+B)$ का x मिनट का कार्य $=\left(\frac{1}{36}+\frac{1}{45}\right)x=\frac{x}{20}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

B का $(25-x)$ मिनट का कार्य $=\frac{(25-x)}{45}$.

$\therefore \frac{x}{20}+\frac{(25-x)}{45}=1 \Rightarrow 9x+4(25-x)=180 \Rightarrow 5x=80 \Rightarrow x=16.$

अतः A को 16 मिनट बाद बन्द किया जायेगा.

15. तीनों पाईपों का 10 घण्टे का भराव कार्य $=10\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{20}-\frac{1}{25}\right)=\frac{10(20+15-12)}{300}=\frac{23}{30}$.

शेष भाग $=\left(1-\frac{23}{30}\right)=\frac{7}{30}$.

$(A+B)$ द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\left(\frac{1}{15}+\frac{1}{20}\right)=\frac{7}{60}$.

$\frac{7}{60}$ भाग भरा जाता है = 1 घण्टे में

$\frac{7}{30}$ भाग भरा जायेगा $=\left(1\times\frac{60}{7}\times\frac{7}{30}\right)$ घण्टे में = 2 घण्टे में.

टंकी को भरने में लगा कुल समय = (10 + 2) घण्टे = 12 घण्टे.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17 समय तथा दूरी (TIME AND DISTANCE)

आवश्यक तथ्य एवं सूत्र

(*i*) चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$.

(*ii*) दूरी = (चाल × समय).

(*iii*) x किमी०/घण्टा $= \left(x \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सैकण्ड.

(*iv*) y मीटर/सैकण्ड $= \left(y \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा.

(*v*) यदि A तथा B की चालों का अनुपात $a : b$ हो, तो एक ही दूरी तय करने में इनके द्वारा लिये गये समय का अनुपात = $b : a$.

(*vi*) माना कोई व्यक्ति एक निश्चित दूरी x किमी०/घण्टा की चाल से तथा इतनी ही दूरी y किमी०/घण्टा की चाल से तय करता है. तब,

पूरी यात्रा में औसत चाल $= \frac{2xy}{(x+y)}$ **किमी०/घण्टा.**

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. एक स्कूटर सवार 54 किमी० प्रति घण्टा की चाल से 1 मिनट में कितनी दूरी तय करेगा?

हल : चाल = 54 किमी० प्रति घण्टा

$= \left(54 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर प्रति सैकण्ड = 15 मीटर प्रति सैकण्ड.

1 सैकण्ड में तय की गई दूरी = 15 मीटर.

1 मिनट में तय की गई दूरी = (15 × 60) मीटर = 900 मीटर.

प्रश्न 2. स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति 5 मीटर प्रति सैकण्ड की चाल से 3 घण्टे 20 मिनट में कितने किलोमीटर दूरी तय करेगा?

हल : चाल = 5 मीटर प्रति सैकण्ड

$= \left(5 \times \frac{18}{5}\right)$ किमी० प्रति घण्टा = 18 किमी० प्रति घण्टा.

1 घण्टे में तय की गई दूरी = 18 किमी०.

$\frac{10}{3}$ घण्टे में तय की गई दूरी $= \left(18 \times \frac{10}{3}\right)$ किमी० = 60 किमी०.

प्रश्न 3. एक व्यक्ति कार द्वारा नगर A से नगर B तक 72 किमी० प्रति घण्टा की चाल से जाता है. वह नगर B से नगर A तक 48 किमी० प्रति घण्टा की चाल से वापिस लौटता है. पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल कितनी है?

हल : SHORT CUT METHOD :

याद रहे : औसत चाल $= \frac{2xy}{(x+y)}$ किमी० प्रति घण्टा.

$\therefore$ **औसत चाल** $= \frac{(2 \times 72 \times 48)}{(72+48)}$ किमी० प्रति घण्टा.

$= \left(\frac{2 \times 72 \times 48}{120}\right)$ किमी० प्रति घण्टा = 57·6 किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 4. मैं अपने घर से कॉलिज के लिए एक निश्चित समय पर चलता हूँ. यदि मैं 5 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चलूं तो मुझे 7 मिनट की देरी हो जाती है. परन्तु, यदि मैं 6 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चलूं तो ठीक समय से 5 मिनट पहले पहुँचता हूँ. मेरे घर से कॉलिज की दूरी कितनी है?

हल : माना मेरे घर से कॉलिज की दूरी = x किमी०.

दोनों चालों से लगे समय में अन्तर = 12 मिनट.

$$\therefore \frac{x}{5}-\frac{x}{6}=\frac{12}{60} \Rightarrow \frac{x}{5}-\frac{x}{6}=\frac{1}{5}$$

$$\Rightarrow (6x-5x)=6 \Rightarrow x=6.$$

अभीष्ट दूरी = 6 किमी०.

प्रश्न 5. दो साईकिल सवार बराबर दूरी क्रमशः 15 किमी० प्रति घण्टा तथा 16 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तय करते हैं. यह दूरी तय करने में एक सवार को दूसरे सवार से 16 मिनट अधिक लगते हैं. यह दूरी कितनी है?

हल : माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{15}-\frac{x}{16}=\frac{16}{60} \Rightarrow (16x-15x)=64 \Rightarrow x=64.$$

अतः अभीष्ट दूरी = 64 किमी०.

प्रश्न 6. एक कार 840 किमी० की दूरी एक निश्चित समान चाल से तय करती है. यदि कार की चाल 10 किमी० प्रति घण्टा अधिक होती, तो इस दूरी को तय करने में 2 घण्टे कम लगते. कार की वास्तविक चाल ज्ञात कीजिए.

हल : माना कार की वास्तविक चाल = x किमी० प्रति घण्टा. तब

$$\frac{840}{x}-\frac{840}{(x+10)}=2 \Rightarrow 840\times[(x+10)-x]=2x\,(x+10)$$

$$\Rightarrow 2x^2+20x-8400=0 \Rightarrow x^2+10x-4200=0$$

$$\Rightarrow x^2+70x-60x-4200=0 \Rightarrow x\,(x+70)-60\,(x+70)=0$$

$$\Rightarrow (x+70)\,(x-60)=0 \Rightarrow x=60.$$ [$\because$ चाल ऋणात्मक नहीं हो सकती]

अतः कार की वास्तविक चाल = 60 किमी० प्रति घण्टा.

प्रश्न 7. अपनी वास्तविक चाल की $\frac{5}{6}$ चाल से चलकर एक रेलगाड़ी 10 मिनट देरी से अपने गंतव्य स्थान पर पहुँचती है. वास्तविक चाल से अपनी यात्रा यह कितनी देर में तय करती है?

हल : नई चाल = वास्तविक चाल का $\frac{5}{6}$

$\Rightarrow$ नई चाल से यात्रा पूरी करने में लगा समय = वास्तविक चाल से लगे समय का $\frac{6}{5}$

$\Rightarrow \frac{6}{5}\times$ (वास्तविक चाल से लगा समय) − (वास्तविक चाल से लगा समय) = 10 मिनट

$\Rightarrow \left(\frac{6}{5}-1\right)\times$ वास्तविक चाल से लगा समय = 10 मिनट

$\Rightarrow$ वास्तविक चाल से लगा समय = (5×10) मिनट = 50 मिनट.

प्रश्न 8. एक व्यक्ति को अपनी यात्रा में 7 घण्टे 20 मिनट लगते हैं. यदि वह एक तिहाई यात्रा 60 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तय करे तथा शेष यात्रा 45 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तय करे तो उसने कुल कितनी दूरी तय की?

हल : माना कुल यात्रा = x किमी०. तब,

यात्रा का पहला भाग $=\frac{x}{3}$ किमी०, यात्रा का दूसरा भाग $=\frac{2x}{3}$ किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\therefore \frac{(x/3)}{60}+\frac{(2x/3)}{45}=\frac{22}{3} \Rightarrow \frac{x}{180}+\frac{2x}{135}=\frac{22}{3}$$

$$\Rightarrow (3x+8x)=(180\times 22) \Rightarrow 11x=180\times 22 \Rightarrow x=\frac{180\times 22}{11}=360.$$

अत: कुल यात्रा = 360 किमी०.

प्रश्न 9. एक व्यक्ति मोटर साईकिल द्वारा एक निश्चित दूरी तय करता है. यदि वह 6 किमी० प्रति घण्टा की चलता तो उसे 8 मिनट अधिक लगते. परन्तु, यदि वह 4 किमी० प्रति घण्टा तेज चलता तो उसे $4\frac{1}{2}$ मिनट कम लगते. दूरी ज्ञात कीजिए.

हल : माना अभीष्ट दूरी = x किमी० तथा वास्तविक चाल = y किमी०/घण्टा. तब,

$$\frac{x}{(y-6)}-\frac{x}{y}=\frac{8}{60} \Rightarrow x\left[\frac{1}{(y-6)}-\frac{1}{y}\right]=\frac{2}{15}$$

$$\Rightarrow x\left[\frac{y-(y-6)}{y(y-6)}\right]=\frac{2}{15} \Rightarrow y(y-6)=45x \qquad ...(i)$$

तथा $$\frac{x}{y}-\frac{x}{(y+4)}=\frac{9}{120} \Rightarrow x\left[\frac{1}{y}-\frac{1}{(y+4)}\right]=\frac{3}{40}$$

$$\Rightarrow x\left[\frac{(y+4)-y}{y(y+4)}\right]=\frac{3}{40} \Rightarrow 3y(y+4)=160x \qquad ...(ii)$$

(i) को (ii) से भाग देने पर :

$$\frac{(y-6)}{3(y+4)}=\frac{9}{32} \Rightarrow 27y+108=32y-192$$

$$\Rightarrow 5y=300 \Rightarrow y=60.$$

(ii) में $y=60$ रखने पर $3\times 60\times 64=160x$.

$$\therefore x=\frac{3\times 60\times 64}{160}=72.$$

अभीष्ट दूरी = 72 किमी०.

प्रश्न 10. एक सिपाही को अपने से 100 मीटर आगे एक चोर दिखाई दिया. जैसे ही सिपाही ने उसका पीछा करना आरम्भ किया, चोर ने भागना आरम्भ कर दिया. यदि चोर की चाल 8 किमी० प्रति घण्टा हो तथा सिपाही की चाल 10 किमी० प्रति घण्टा हो, तो कितने मीटर भागने के बाद चोर पकड़ा जायेगा?

हल : सिपाही की चोर के सापेक्ष चाल = (10 – 8) किमी० प्रति घण्टा = 2 किमी० प्रति घण्टा.

100 मीटर दूरी को सापेक्ष चाल से तय करने में लगा समय $=\left(\frac{1}{2000}\times 100\right)$ घण्टा $=\frac{1}{20}$ घण्टा.

$\frac{1}{20}$ घण्टे में चोर द्वारा तय की गई दूरी $=\left(8\times\frac{1}{20}\right)$ किमी० $=\left(\frac{2}{5}\times 1000\right)$ मीटर = 400 मीटर.

प्रश्नमाला 17A

नीचे दिये गये प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. दो रेलगाड़ियों की चाल 6 : 7 के अनुपात में हैं. यदि दूसरी रेलगाड़ी 4 घण्टे में 364 किमी० चले, तो पहली रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

   (a) 60 किमी०/घण्टा (b) 72 किमी०/घण्टा (c) 78 किमी०/घण्टा (d) 84 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2. तीन कारों की चाल 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं. समान दूरी तय करने में इन कारों द्वारा लिए गये समय में क्रमशः अनुपात होगा :
(a) 2 : 3 : 4 (b) 4 : 3 : 2 (c) 4 : 3 : 6 (d) 6 : 4 : 3

3. एक व्यक्ति A से B तक x किमी० प्रति घण्टा की औसत चाल से गया तथा वापिस B से A तक y किमी० प्रति घण्टा की औसत चाल से लौटा. पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल कितनी थी ?
(a) $\frac{(x+y)}{2xy}$ (b) $\frac{2xy}{(x+y)}$ (c) $\frac{x}{(x+y)}$ (d) $\left(\frac{1}{x}+\frac{1}{y}\right)$
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

4. A तथा B किसी एक ही दूरी को क्रमशः 9 किमी०/घण्टा तथा 10 किमी०/घण्टा की चाल से तय करते हैं. यदि A द्वारा लिया गया समय B द्वारा लिये गये समय से 36 मिनट अधिक हो तो यह दूरी कितनी है ?
(a) 48 किमी० (b) 54 किमी० (c) 60 किमी० (d) 66 किमी०
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

5. A, B से दुगुना तेज धावक है तथा B, C से तिगुना तेज धावक है. यदि C ने कोई दूरी 1 घण्टा 54 मिनट में तय की हो, तो A उसे तय करने में कितना समय लेगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 19 मिनट (b) 38 मिनट (c) 51 मिनट (d) 57 मिनट

6. एक रेलगाड़ी ने 19 घण्टे में 1235 किमी० की दूरी तय की. यदि एक कार की औसत गति रेलगाड़ी की औसत गति का $\frac{4}{5}$ हो, तो कार 22 घण्टे में कितनी दूरी तय करेगी ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
(a) 1234 किमी० (b) 1144 किमी० (c) 1134 किमी० (d) 1244 किमी० (e) इनमें से कोई नहीं

7. A अपने घर से अपने विद्यालय 3 किमी० प्रति घण्टा की चाल से जाने पर 5 मिनट देरी से पहुँचता है. यदि वह 4 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चले तो विद्यालय के समय से 5 मिनट पहले पहुँच जाता है. उसके घर से विद्यालय की दूरी कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
(a) 1 किमी० (b) 2 किमी० (c) 3 किमी० (d) 4 किमी०

8. एक लड़का 1 किमी० की दूरी तय करने के लिए p किमी०/घण्टा की गति से दौड़ रहा है परन्तु फिसलन के कारण उसकी चाल q किमी०/घण्टा कम हो जाती है. यदि इस दूरी को तय करने हेतु उसे r घण्टे लगें, तो निम्न में से कौनसा सम्बन्ध सही है ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)**
(a) $\frac{1}{r}=(p-q)$ (b) $r=(p-q)$ (c) $\frac{1}{r}=(p+q)$ (d) $r=(p+q)$

9. एक राजमार्ग पर दो स्थान A तथा B एक दूसरे से 100 किमी० की दूरी पर हैं. एक कार A से तथा अन्य कार B से रवाना होती है. यदि दोनों कार एक ही दिशा में चलें तो परस्पर 5 घण्टे में मिलती हैं. यदि वे एक-दूसरे की ओर विपरीत दिशाओं में चलें तो 1 घण्टे में मिलती हैं. तेज चलने वाली कार की चाल कितनी है ?
(a) 60 किमी०/घण्टा (b) 50 किमी०/घण्टा (c) 40 किमी०/घण्टा (d) 32 किमी०/घण्टा
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

10. अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलने पर कोई व्यक्ति अपने कार्यालय सामान्य समय की तुलना में 20 मिनट देरी से पहुँचता है. उसके द्वारा अपने कार्यालय पहुँचने में लिए जाने वाला सामान्य समय कितना है ?
(a) 75 मिनट (b) 60 मिनट (c) 40 मिनट (d) 30 मिनट
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

11. एक व्यक्ति A से B तक 60 किमी० प्रति घण्टा की गति से जाता है तथा B से A तक 40 किमी० प्रति घण्टा की गति से लौटता है. सम्पूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत गति कितनी है ? **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2009)**
(a) 50 किमी०/घण्टा (b) 48 किमी०/घण्टा (c) 45 किमी०/घण्टा (d) 55 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

12. विश्रामों को छोड़कर एक बस की गति 64 किमी० प्रति घण्टा है और विश्रामों सहित बस की गति 48 किमी० प्रति घण्टा है. प्रत्येक 1 घण्टे में बस कितने समय विश्राम के लिए रुकती है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
(*a*) 12·5 मिनट (*b*) 15 मिनट (*c*) 10 मिनट (*d*) 18 मिनट (*e*) इनमें से कोई नहीं

13. एक व्यक्ति 24 किमी० की दूरी 6 किमी०/घण्टा की चाल से, एक अन्य 24 किमी० की दूरी 8 किमी०/घण्टा की चाल से तथा एक अन्य 24 किमी० की दूरी 12 किमी०/घण्टा की चाल से तय करता है. पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
(*a*) $8\frac{2}{3}$ किमी०/घण्टा (*b*) 8 किमी०/घण्टा (*c*) $2\frac{10}{13}$ किमी०/घण्टा (*d*) 9 किमी०/घण्टा

14. एक व्यक्ति अपने गंतव्य पर जो 90 किमी० की दूरी पर है 3 घण्टे में पहुँचना चाहता है. वह प्रथम आधी दूरी 20 किमी०/घण्टा की चाल से तय करता है. शेष यात्रा के लिए उसकी औसत चाल कितनी होगी ?
(*a*) 40 किमी०/घण्टा (*b*) 50 किमी०/घण्टा (*c*) 60 किमी०/घण्टा (*d*) 70 किमी०/घण्टा

15. रमन अपने घर से पास के एक शहर में कार द्वारा 50 किमी०/घण्टा की गति से गया तथा 45 किमी०/घण्टा की गति से वापिस आया. वापस आने में यदि उसे एक घण्टा अधिक लगा हो, तो रमन के घर से उस शहर की दूरी कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)**
(*a*) 450 किमी० (*b*) 225 किमी० (*c*) 900 किमी० (*d*) 500 किमी० (*e*) इनमें से कोई नहीं

16. एक स्कूल बस एक गाँव से स्कूल तक की दूरी 12 किमी०/घण्टा की गति से तय करती है तथा 8 मिनट देरी से स्कूल पहुँचती है. अगले दिन यह बस 20 किमी०/घण्टा की गति से तय करती है तथा समय से 10 मिनट पहले स्कूल पहुँच जाती है. गाँव तथा स्कूल के बीच की दूरी कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)**
(*a*) 15 किमी० (*b*) 6 किमी० (*c*) 9 किमी० (*d*) 12 किमी० (*e*) इनमें से कोई नहीं

17. एक कार पहले 35 किमी० की यात्रा 45 मिनट में तथा शेष 69 किमी० यात्रा 75 मिनट में तय करती है. कार की औसत गति कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)**
(*a*) 42 किमी०/घण्टा (*b*) 50 किमी०/घण्टा (*c*) 52 किमी०/घण्टा (*d*) 60 किमी०/घण्टा
(*e*) इनमें से कोई नहीं

18. रमेश 760 किमी० की कुछ दूरी रेलगाड़ी द्वारा तथा कुछ कार द्वारा तय करता है. यदि वह 160 किमी० रेलगाड़ी द्वारा तथा शेष कार द्वारा तय करे तो उसे 8 घण्टे लगते हैं. यदि वह 240 किमी० रेलगाड़ी द्वारा तथा शेष कार द्वारा तय करे, तो उसे 12 मिनट अधिक लगते हैं. रेलगाड़ी तथा कार की गतियाँ क्रमशः कितनी कितनी हैं ?
(*a*) 90 किमी०/घण्टा, 60 किमी०/घण्टा (*b*) 100 किमी०/घण्टा, 80 किमी०/घण्टा
(*c*) 80 किमी०/घण्टा, 70 किमी०/घण्टा (*d*) 100 किमी०/घण्टा, 90 किमी०/घण्टा
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2007)

19. एक व्यक्ति एक निश्चित दूरी तय करने में साईकिल से जाने तथा स्कूटर से लौटने में 6 घण्टे 30 मिनट लेता है. यदि वह दोनों ओर साईकिल से जाये तो 2 घण्टे 10 मिनट अधिक लगते हैं. दोनों ओर स्कूटर से जाने में कितना समय लगेगा ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)**
(*a*) 2 घण्टे (*b*) $4\frac{1}{3}$ घण्टे (*c*) $3\frac{1}{3}$ घण्टे (*d*) $5\frac{1}{3}$ घण्टे

20. अपनी सामान्य गति की $\frac{2}{3}$ गति से चलने पर एक रेलगाड़ी अपने गंतव्य पर 3 घण्टे देरी से पहुँचती है. सामान्य गति से यह यात्रा पूरी करने में उसे कितना समय लगेगा ? **(ए०ए०ओ० परीक्षा, 2006)**
(*a*) 6 घण्टे (*b*) 8 घण्टे (*c*) 10 घण्टे (*d*) 12 घण्टे

21. 6000 किमी० की एक उड़ान में एक वायुयान को मौसम खराब होने के कारण अपनी औसत गति 400 किमी० घण्टा कम करनी पड़ी तथा उसके उड़ान के समय में 30 मिनट की वृद्धि हो गई. उड़ान का मूल समय कितना था ?
(*a*) $1\frac{1}{2}$ घण्टा (*b*) $2\frac{1}{2}$ घण्टे (*c*) $3\frac{1}{2}$ घण्टे (*d*) $4\frac{1}{2}$ घण्टे
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

22. स्टेशनों पर रुकने के समय को सम्मिलित करने पर किसी रेलगाड़ी की चाल 28 किमी०/घण्टा है, जबकि, स्टेशनों पर रुकने के समय को हटाकर उसकी चाल 42 किमी०/घण्टा है. कितने समय प्रति घण्टा की औसत से रेलगाड़ी स्टेशनों पर रुकी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 14 मिनट (*b*) 6 मिनट (*c*) 10 मिनट (*d*) 20 मिनट

23. एक जीप एक कार का पीछा कर रही है जो जीप से 5 किमी० आगे है. उनकी चाल क्रमश: 90 किमी०/घण्टा तथा 75 किमी०/घण्टा है. जीप, कार को कितने समय के बाद पकड़ लेगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 18 मिनट (*b*) 20 मिनट (*c*) 24 मिनट (*d*) 25 मिनट

24. कार *A* ने 448 किमी० की दूरी 8 घण्टे में तय की तथा कार *B* ने 9 घण्टे में कार *A* से 110 किमी० अधिक दूरी तय की. कार *A* कार *B* की गति का अनुपात है क्रमश: **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 31 : 28 (*b*) 29 : 32 (*c*) 55 : 2 (*d*) 62 : 55 (*e*) इनमें से कोई नहीं

25. एक रेलगाड़ी तथा एक कार की गति का अनुपात क्रमश: 16 : 15 है. एक बस 480 किमी० की दूरी 8 घण्टे में तय करती है. बस की गति रेलगाड़ी की गति की तीन-चौथाई है. 6 घण्टे में कार कितनी दूरी तय करेगी ?

(*a*) 450 किमी० (*b*) 480 किमी० (*c*) 360 किमी० (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

26. एक कार, जीप और ट्रैक्टर की गति का अनुपात क्रमश: 3 : 5 : 2 है. जीप की गति ट्रैक्टर की गति की 250% है, जो 12 घण्टे में 360 किमी० दूरी तय करता है. कार तथा जीप की मिलाकर औसत गति कितनी है ?

(*a*) 60 किमी०/घण्टा (*b*) 75 किमी०/घण्टा (*c*) 40 किमी०/घण्टा (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

27. एक मालगाड़ी दिल्ली से मुम्बई के लिए 40 किमी०/घण्टा की औसत चाल से रवाना होती है. उसके 2 घण्टे बाद एक एक्सप्रैस गाड़ी दिल्ली से मुम्बई के लिए 60 किमी०/घण्टा की औसत चाल से चलकर पहले रवाना हुई मालगाड़ी के समान्तर पथ पर रवाना होती है. दिल्ली से किस दूरी पर एक्सप्रैस गाड़ी मालगाड़ी से जा मिलेगी ?

(*a*) 230 किमी० (*b*) 240 किमी० (*c*) 260 किमी० (*d*) 280 किमी०

28. एक कार शहर *Y* से शहर *Z* की दूरी 60 किमी०/घण्टा की गति से तथा शहर *Z* से शहर *Y* की दूरी 65 किमी०/घण्टा की गति से तय करती है. कार की औसत गति कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 62·5 किमी०/घण्टा (*b*) 62 किमी०/घण्टा (*c*) 62·4 किमी०/घण्टा (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं

29. एक व्यक्ति एक खड़ी हुई बस को 18 सेकण्ड में पार करता है. यही बस 4 सेकण्ड में एक खम्भा पार करती है. बस तथा उस व्यक्ति की गतियों का अनुपात है क्रमश: **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 9 : 2 (*b*) 9 : 4 (*c*) 18 : 5 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं

30. दो शहर *A* तथा *B* एक-दूसरे से 500 किमी० की दूरी पर हैं. एक रेलगाड़ी प्रात: 8 बजे *A* से *B* की ओर 70 किमी०/घण्टा की गति से चलती है. 10 बजे एक अन्य गाड़ी *B* से *A* की ओर 110 किमी०/घण्टा की गति से चलती है. दोनों गाड़ियाँ आपस में कब मिलेंगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 1 बजे अपराह्न (*b*) 12 बजे दोपहर (*c*) 12·30 बजे अपराह्न (*d*) 1·30 बजे अपराह्न

31. एक कार कुछ दूरी $4\frac{1}{2}$ घण्टे में तय कर सकती है. यदि इसकी गति 5 किमी०/घण्टा बढ़ा दी जाये तो वही दूरी तय करने में आधा घण्टा कम लगेगा. कार की धीमी गति कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

(*a*) 50 किमी०/घण्टा (*b*) 40 किमी०/घण्टा (*c*) 45 किमी०/घण्टा (*d*) 60 किमी०/घण्टा

32. एक किसान 61 किमी० की दूरी 9 घण्टे में तय करता है. वह आंशिक रूप से 4 किमी०/घण्टा की दर से पैदल तथा 9 किमी०/घण्टा की दर से साईकिल द्वारा तय करता है. पैदल तय की गई दूरी कितनी है ?

(*a*) 17 किमी० (*b*) 16 किमी० (*c*) 15 किमी० (*d*) 14 किमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

33. 54 किमी०/घण्टा के वेग को मीटर/सैकण्ड में बदलने पर प्राप्त होता है : (रेलवे परीक्षा, 2009)
(a) 14 मीटर/सैकण्ड (b) 21 मीटर/सैकण्ड (c) 15 मीटर/सैकण्ड (d) 27 मीटर/सैकण्ड

34. यदि किसी सवारी गाड़ी की चाल अपनी सामान्य चाल से 10 किमी०/घण्टा बढ़ा दी जाये तो वह 360 किमी० की दूरी तय करने में 3 घण्टे कम समय लेगी. गाड़ी की सामान्य गति कितनी है ?
(a) 25 किमी०/घण्टा (b) 30 किमी०/घण्टा (c) 40 किमी०/घण्टा (d) 60 किमी०/घण्टा

35. एक साईकिल सवार 100 मीटर अर्द्धव्यास के एक गोलाकार रास्ते का एक चक्कर 2 मिनट में पूरा करता है साईकिल सवार की गति कितनी है ? ($\pi = 3{\cdot}14$ लें) (रेलवे परीक्षा, 2009)
(a) 200 मीटर/मिनट (b) 314 मीटर/मिनट (c) 300 मीटर/मिनट (d) 900 मीटर/मिनट

36. एक रेलगाड़ी अपनी सामान्य चाल की $\frac{7}{11}$ चाल से चलकर किसी स्थान पर 22 घण्टे में पहुँचती है. यदि रेलगाड़ी अपनी सामान्य चाल से चली होती, तो कितने समय की बचत होती ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(a) 14 घण्टे (b) 7 घण्टे (c) 8 घण्टे (d) 16 घण्टे

37. एक एक्सप्रैस रेलगाड़ी ने 100 किमी०/घण्टा की औसत चाल से एक दूरी प्रत्येक 75 किमी० के बाद 3 मिनट रुकते हुए तय की. कितनी देर में यह रेलगाड़ी 600 किमी० की दूरी पर स्थित गन्तव्य स्थान पर पहुँचेगी ?
(a) 6 घण्टे 21 मिनट (b) 6 घण्टे 24 मिनट (c) 6 घण्टे 27 मिनट (d) 6 घण्टे 30 मिनट
(मैनेजमैंट परीक्षा, 2003)

38. एक कार की चाल 10 मीटर/सैकण्ड है. इसकी चाल कितने किमी० प्रति घण्टा है ?
(a) 32 किमी०/घण्टा (b) 36 किमी०/घण्टा (c) 40 किमी०/घण्टा (d) 50 किमी०/घण्टा
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

39. एक रेलगाड़ी 40 किमी०/घण्टा की औसत चाल से चलकर अपने गंतव्य स्थान पर ठीक समय पर पहुँच जाती है. यदि इसकी औसत चाल 35 किमी०/घण्टा हो, तो यह अपने गंतव्य स्थान पर 15 मिनट देरी से पहुँचती है. यह दूरी कितनी है ?
(a) 30 किमी० (b) 40 किमी० (c) 70 किमी० (d) 80 किमी०

40. एक सिपाही किसी चोर का पीछा कर रहा है तथा चोर से 100 मीटर पीछे है. यदि सिपाही तथा चोर की चालों का अनुपात 5 : 4 हो, तो पकड़े जाने पर चोर कितनी दूरी तय कर चुका होगा ?
(a) 80 मीटर (b) 200 मीटर (c) 400 मीटर (d) 600 मीटर
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

41. किसी दूरी को तय किये जाने वाले समय में 20% कमी करने हेतु एक कार चालक को कार की चाल में कितने प्रतिशत वृद्धि करनी होगी ?
(a) 20% (b) 25% (c) 30% (d) 40%

42. 30 किमी० दूरी तय करने में A, B से 2 घण्टे अधिक लेता है. यदि A अपनी चाल दुगुनी कर दे तो इस दूरी को तय करने में B से 1 घण्टा कम लेगा. A की चाल कितनी है ?
(a) 5 किमी०/घण्टा (b) 6 किमी०/घण्टा (c) 6·25 किमी०/घण्टा (d) 7·5 किमी०/घण्टा

43. एक कार कुछ दूरी को एक निश्चित चाल से 8 घण्टे में तय करती है. यदि इस चाल में 4 किमी०/घण्टा की वृद्धि कर दी जाये, तो यही दूरी $7\frac{1}{2}$ घण्टे में तय की जाती है. यह दूरी कितनी है ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2003)
(a) 420 किमी० (b) 480 किमी० (c) 640 किमी० (d) ज्ञात नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं

44. एक व्यक्ति को एक निश्चित दूरी तक पैदल जाने तथा वापिस घुड़सवारी करके आने में 5 घण्टे 45 मिनट लगते हैं. दोनों ओर घुड़सवारी करने पर उसके 2 घण्टे बच जाते हैं. दोनों ओर पैदल यात्रा करने पर उसे कितना समय लगेगा ?
(a) 3 घण्टे 45 मिनट (b) 7 घण्टे 30 मिनट (c) 7 घण्टे 45 मिनट (d) 11 घण्टे 45 मिनट

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

45. A तथा B की चालों का अनुपात 3:4 है. एक निश्चित दूरी B ने 24 मिनट में तय की है. इस दूरी को तय करने में A कितना समय लेगा ?

(a) 18 मिनट (b) 32 मिनट (c) $10\frac{6}{7}$ मिनट (d) $13\frac{5}{7}$ मिनट

46. एक कार किसी दूरी को 10 घण्टे में तय करती है. यदि इस यात्रा की आधी दूरी 40 किमी०/घण्टा की चाल से तथा शेष आधी दूरी 60 किमी०/घण्टा की चाल से पूरी की हो, तो यह कितनी दूरी है ?

(a) 400 किमी० (b) 480 किमी० (c) 380 किमी० (d) 300 किमी०

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

47. एक व्यक्ति बिन्दु A से बिन्दु B तक 4 किमी०/घण्टा की गति से जाता है तथा वापिस बिन्दु B से बिन्दु A तक 6 किमी०/घण्टा की गति से लौटता है. A से B तक पहुँचने तथा B से A तक आने में लगे समय का अनुपात क्या होगा ?

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

(a) 5 : 3 (b) 2 : 3 (c) 2 : 1 (d) 4 : 3 (e) 3 : 2

48. एक व्यक्ति जो पहाड़ी के ढ़लान के अनुदिश $4\frac{1}{2}$ किमी०/घण्टा की चाल से तथा ढ़लान की विपरीत दिशा में 3 किमी०/घण्टा की चाल से चल सकता है. पहाड़ी के ऊपर जाकर वापिस अपने प्रारम्भिक स्थान पर 5 घण्टे में आता है. वह पहाड़ी पर कितनी ऊँचाई तक चढ़ा ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

(a) 13·5 किमी० (b) 3 किमी० (c) 15 किमी० (d) 9 किमी०

49. एक रेलगाड़ी अपनी सामान्य गति से कुछ दूरी तय करती है. यदि इसकी गति 6 किमी०/घण्टा अधिक होती तो यह दूरी 4 घण्टे कम समय में तय की जाती तथा यदि इसकी गति 6 किमी०/घण्टा कम होती तो यह दूरी 6 घण्टे अधिक समय में तय की जाती. यात्रा की कुल दूरी कितनी है ?

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)

(a) 700 किमी० (b) 740 किमी० (c) 720 किमी० (d) 760 किमी०

50. एक वायुयान अपने निश्चित समय से 30 मिनट बाद उड़ना आरम्भ करता है तथा 1500 किमी० दूरी पर ठीक समय पर पहुँचने के लिए इसकी गति में 250 किमी० प्रति घण्टा की वृद्धि की जाती है. उसकी सामान्य गति कितनी थी ?

(a) 720 किमी०/घण्टा (b) 740 किमी०/घण्टा (c) 730 किमी०/घण्टा (d) 750 किमी०/घण्टा

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)

51. मुम्बई एक्सप्रैस मुम्बई जाने के लिए दिल्ली से 14 : 30 बजे चलती है तथा इसकी चाल 60 किमी०/घण्टा है. राजधानी एक्सप्रैस मुम्बई जाने के लिए उसी दिन दिल्ली से 16 : 30 बजे चलती है तथा इसकी चाल 80 किमी०/घण्टा है. ये दोनों गाड़ियाँ दिल्ली से कितनी दूरी पर मिलेंगी ?

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)

(a) 120 किमी० (b) 360 किमी० (c) 480 किमी० (d) 500 किमी०

52. सुभाष तथा सुशील अपने-अपने घर से 8 किमी० दूर जाने के लिए चलना आरम्भ करते हैं तथा एक-दूसरे की ओर चलते हैं. वे 1 घण्टा 15 मिनट बाद मिलते हैं. यदि सुभाष 4 किमी०/घण्टा की औसत चाल से चले, तो सुशील की औसत चाल कितनी होगी ?

(रेलवे परीक्षा, 2005)

(a) 3 किमी०/घण्टा (b) 4 किमी०/घण्टा (c) $2\frac{2}{5}$ किमी०/घण्टा (d) $3\frac{1}{2}$ किमी०/घण्टा

53. एक व्यक्ति किसी दूरी को तय करने में पैदल चलकर जाने तथा घुड़सवारी द्वारा वापिस आने में 4 घण्टे 30 मिनट का समय लेता है. वह उसी दूरी को पैदल चलकर जाने तथा आने में 8 घण्टे 20 मिनट का समय लेता है. उसी दूरी को घुड़सवारी द्वारा जाने तथा आने में उसे कितना समय लगेगा ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) 20 मिनट (b) 30 मिनट (c) 40 मिनट (d) 1 घण्टा

54. दो रेलगाड़ियाँ क्रमशः स्टेशन A तथा B से क्रमशः 50 किमी०/घण्टा तथा 60 किमी०/घण्टा की चाल से एक दूसरे की ओर एक ही समय में चलना आरम्भ करती हैं. जब ये परस्पर मिलती हैं, तो दूसरी रेलगाड़ी पहली रेलगाड़ी से 120 किमी० अधिक चल चुकी होती है. A तथा B के बीच की दूरी कितनी है ?

(a) 990 किमी० (b) 1200 किमी० (c) 1320 किमी० (d) 1440 किमी०

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 17A)

1. (c)	2. (d)	3. (b)	4. (b)	5. (a)	6. (b)	7. (b)	8. (a)	9. (a)	10. (b)
11. (b)	12. (b)	13. (b)	14. (c)	15. (a)	16. (c)	17. (c)	18. (b)	19. (b)	20. (a)
21. (b)	22. (d)	23. (b)	24. (e)	25. (a)	26. (a)	27. (b)	28. (c)	29. (a)	30. (b)
31. (b)	32. (b)	33. (c)	34. (b)	35. (b)	36. (c)	37. (a)	38. (b)	39. (c)	40. (c)
41. (b)	42. (a)	43. (b)	44. (c)	45. (b)	46. (b)	47. (e)	48. (d)	49. (c)	50. (d)
51. (c)	52. (c)	53. (c)	54. (c)						

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 17A

1. दूसरी रेलगाड़ी की चाल $= \frac{364}{4}$ किमी०/घण्टा = 91 किमी०/घण्टा.

   पहली रेलगाड़ी की चाल $= \left(\frac{6}{7} \times 91\right)$ किमी०/घण्टा = 78 किमी०/घण्टा.

2. तीन कारों की चाल का अनुपात = 2 : 3 : 4.

   समान दूरी तय करने में इनके द्वारा लिये गये समय का अनुपात $= \frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{4} = 6 : 4 : 3.$

3. माना A से B तक दूरी = s किमी०.

   A से B तक जाने तथा A तक वापिस आने में लगा समय $= \left(\frac{s}{x} + \frac{s}{y}\right) = \frac{s(x+y)}{xy}$

   कुल दूरी = $2s$ किमी०.

   औसत गति $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{समय}} = \frac{2s \times xy}{s(x+y)} = \frac{2xy}{(x+y)}.$

4. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

   $\frac{x}{9} - \frac{x}{10} = \frac{36}{60} \Rightarrow \frac{x}{9} - \frac{x}{10} = \frac{3}{5} \Rightarrow 10x - 9x = 54 \Rightarrow x = 54.$

   ∴ अभीष्ट दूरी = 54 किमी०.

5. C द्वारा लिया गया समय = 1 घण्टा 54 मिनट = 114 मिनट.

   B द्वारा लिया गया समय $= \frac{1}{3} \times$ (C द्वारा लिया गया समय)

   $= \left(\frac{1}{3} \times 114\right)$ मिनट = 38 मिनट.

   A द्वारा लिया गया समय $= \frac{1}{2} \times$ (B द्वारा लिया गया समय)

   $= \left(\frac{1}{2} \times 38\right)$ मिनट = 19 मिनट.

6. रेलगाड़ी की औसत गति $= \frac{1235}{19}$ किमी०/घण्टा = 65 किमी०/घण्टा.

   कार की औसत गति $= \left(\frac{4}{5} \times 65\right)$ किमी०/घण्टा = 52 किमी०/घण्टा.

   22 घण्टे में कार द्वारा तय की गई दूरी = (52 × 22) किमी० = 1144 किमी०.

7. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. दोनों समयों में अन्तर = 10 मिनट $= \frac{1}{6}$ घण्टा.

   $\therefore \frac{x}{3} - \frac{x}{4} = \frac{1}{6} \Rightarrow (4x - 3x) = 2 \Rightarrow x = 2.$

   अत: अभीष्ट दूरी = 2 किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} \Rightarrow (p-q) = \frac{1}{r}$.

9. माना A पर स्थित कार की चाल x किमी०/घण्टा है तथा B पर स्थित कार की चाल y किमी०/घण्टा है, जहाँ $y > x$.

पहली दशा में

$5y - 5x = 100 \Rightarrow y - x = 20 \quad \ldots(i)$

दूसरी दशा में

$y + x = 100 \quad \ldots(ii)$

इन्हें हल करने पर $y = 60$ तथा $x = 40$.

तेज चलने वाली कार की चाल = 60 किमी०/घण्टा.



10. माना वास्तविक चाल = x किमी०/घण्टा.

तब, नई चाल $= \frac{3x}{4}$ किमी०/घण्टा.

माना कुल दूरी = y किमी०.

$$\frac{y}{(3x/4)} - \frac{y}{x} = \frac{20}{60} \Rightarrow \left(\frac{4}{3} - 1\right)\frac{y}{x} = \frac{1}{3} \Rightarrow \frac{y}{x} = 1.$$

$\therefore$ वास्तविक चाल से लिया गया समय = 1 घण्टा = 60 मिनट.

11. **Short Cut Method**

औसत गति $= \frac{2xy}{(x+y)} = \left(\frac{2 \times 60 \times 40}{100}\right)$ किमी०/घण्टा = 48 किमी०/घण्टा.

12. 1 घण्टे में बस की रुकने वाली दूरी = (64 – 48) किमी० = 16 किमी०.

इस दूरी को तय करने में लगा समय $= \left(\frac{16}{64} \times 60\right)$ मिनट = 15 मिनट.

$\therefore$ 1 घण्टे में विश्राम का समय = 15 मिनट.

13. कुल दूरी = (24 + 24 + 24) किमी० = 72 किमी०.

कुल समय $= \left(\frac{24}{6} + \frac{24}{8} + \frac{24}{12}\right)$ घण्टे = (4 + 3 + 2) घण्टे = 9 घण्टे.

औसत चाल $= \frac{72}{9}$ किमी०/घण्टा = 8 किमी०/घण्टा.

14. प्रथम दूरी = 45 किमी०, चाल = 20 किमी०/घण्टा.

इस दूरी को तय करने में लगा समय $= \frac{45}{20}$ घण्टे $= \frac{9}{4}$ घण्टे.

शेष दूरी = (90 – 45) किमी० = 45 किमी०, शेष समय $= \left(3 - \frac{9}{4}\right)$ घण्टे $= \frac{3}{4}$ घण्टे.

इस दूरी के लिए औसत चाल $= \frac{45}{(3/4)}$ किमी०/घण्टा $= \left(\frac{45 \times 4}{3}\right)$ किमी०/घण्टा

= 60 किमी०/घण्टा.

15. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{45} - \frac{x}{50} = 1 \Rightarrow (10x - 9x) = 450 \Rightarrow x = 450.$$

अभीष्ट दूरी = 450 किमी०.

16. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. दोनों समयों में अन्तर = 18 मिनट.

$$\therefore \frac{x}{12} - \frac{x}{20} = \frac{18}{60} \Rightarrow \frac{x}{12} - \frac{x}{20} = \frac{3}{10}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow 5x - 3x = 18 \Rightarrow 2x = 18 \Rightarrow x = 9.$

अत: अभीष्ट दूरी = 9 किमी०.

17. कुल दूरी = (35 + 69) किमी० = 104 किमी०.

इसे तय करने में लगा कुल समय = (45 + 75) मिनट = 120 मिनट = 2 घण्टे.

औसत गति $= \frac{104}{2}$ किमी०/घण्टा = 52 किमी०/घण्टा.

18. माना रेलगाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा तथा कार की चाल = y किमी०/घण्टा.

तब $\frac{160}{x} + \frac{600}{y} = 8$ ...(*i*)

$\frac{240}{x} + \frac{520}{y} = 8\frac{1}{5} \Rightarrow \frac{240}{x} + \frac{520}{y} = \frac{41}{5}$

$\therefore \frac{1200}{x} + \frac{2600}{y} = 41$ ...(*ii*)

(*ii*) को 3 से तथा (*i*) को 13 से गुणा करके घटाने पर :

$\frac{3600}{x} - \frac{2080}{x} = 19 \Rightarrow 19x = (3600 - 2080) = 1520 \Rightarrow x = 80.$

(*i*) में $x = 80$ रखने पर :

$\frac{160}{80} + \frac{600}{y} = 8 \Rightarrow \frac{600}{y} = (8 - 2) = 6 \Rightarrow 6y = 600 \Rightarrow y = 100.$

$\therefore$ रेलगाड़ी की चाल = 80 किमी०/घण्टा, कार की चाल = 100 किमी०/घण्टा.

19. माना दूरी = a किमी०, साईकिल की चाल = x किमी०/घण्टा, स्कूटर की चाल = y किमी०/घण्टा.

$\therefore \frac{a}{x} + \frac{a}{y} = \frac{13}{2}$ ...(*i*) तथा $\frac{2a}{x} = \frac{26}{3} \Rightarrow \frac{a}{x} = \frac{13}{3}$ ...(*ii*)

(*i*) में $\frac{a}{x} = \frac{13}{3}$ रखने पर $\frac{a}{y} = \left(\frac{13}{2} - \frac{13}{3}\right) = \frac{13}{6}.$

दोनों ओर स्कूटर से जाने में लगा समय $= \frac{2a}{y} = \left(2 \times \frac{13}{6}\right)$ घण्टे $= \frac{13}{3}$ घण्टे $= 4\frac{1}{3}$ घण्टे.

20. माना रेलगाड़ी की सामान्य गति x किमी०/घण्टा है तथा उसे यात्रा पूरी करने में लगा समय y घण्टे है.

तब, कुल दूरी = xy किमी०.

नई गति $= \frac{2x}{3}$ किमी०/घण्टा. अब लगा समय = $(y + 3)$ घण्टे.

$\therefore$ कुल दूरी $= \frac{2x}{3}(y+3)$ किमी०.

अत: $xy = \frac{2x}{3}(y+3) \Rightarrow 2(y+3) = 3y \Rightarrow 2y + 6 = 3y \Rightarrow y = 6.$

$\therefore$ अभीष्ट समय = 6 घण्टे.

21. माना वायुयान की मूल गति = x किमी०/घण्टा. नई गति = $(x - 400)$ किमी०/घण्टा.

$\frac{6000}{(x-400)} - \frac{6000}{x} = \frac{1}{2} \Rightarrow 6000 \times \left[\frac{1}{(x-400)} - \frac{1}{x}\right] = \frac{1}{2}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow 12000 \times \frac{[x-(x-400)]}{(x-400)\,x} = 1 \Rightarrow x^2 - 400x - 4800000 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 2400x + 2000x - 4800000 = 0$

$\Rightarrow x(x-2400) + 2000(x-2400) = 0 \Rightarrow (x-2400)(x+2000) = 0$

$\Rightarrow x = 2400$ [$\because$ गति ऋणात्मक नहीं हो सकती]

अत: वायुयान की मूल गति = 2400 किमी०/घण्टा.

उड़ान का मूल समय $= \frac{6000}{2400}$ घण्टे $= 2\frac{1}{2}$ घण्टे.

22. स्टेशनों पर रुकने का समय = 42 किमी० प्रति घण्टा की दर से (42 – 28) किमी० तय करने में लगा समय

$= \frac{14}{42}$ घण्टे $= \left(\frac{1}{3} \times 60\right)$ मिनट = 20 मिनट.

23. जीप की कार के सापेक्ष चाल = (90 – 75) किमी०/घण्टा = 15 किमी०/घण्टा.

सापेक्ष चाल से 5 किमी० दूरी तय करने में लगा समय $= \left(\frac{1}{15} \times 5\right)$ घण्टा $= \frac{1}{3}$ घण्टा.

$= \left(\frac{1}{3} \times 60\right)$ मिनट = 20 मिनट.

24. अभीष्ट अनुपात $= \frac{448}{8} : \frac{(448+110)}{9} = 56 : \frac{558}{9} = 56 : 62 = 28 : 31.$

25. बस की गति $= \frac{480}{8}$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.

$\frac{3}{4} \times$ रेलगाड़ी की गति = बस की गति = 60 किमी०/घण्टा

$\Rightarrow$ रेलगाड़ी की गति $= \left(\frac{4}{3} \times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 80 किमी०/घण्टा.

कार की गति $= \frac{15}{16} \times$ रेलगाड़ी की गति $= \left(\frac{15}{16} \times 80\right)$ किमी०/घण्टा = 75 किमी०/घण्टा.

6 घण्टे में कार द्वारा तय की गई दूरी = (75 × 6) किमी० = 450 किमी०.

26. ट्रैक्टर की गति $= \frac{360}{12}$ किमी०/घण्टा = 30 किमी०/घण्टा

$\Rightarrow$ जीप की गति $= \left(30 \times \frac{250}{100}\right)$ किमी०/घण्टा = 75 किमी०/घण्टा

$\Rightarrow$ कार की गति $= \left(75 \times \frac{3}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 45 किमी०/घण्टा.

कार तथा जीप की औसत गति $= \frac{(45+75)}{2}$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.

27. मालगाड़ी द्वारा 2 घण्टे में तय की गई दूरी = (40 × 2) किमी० = 80 किमी०.

एक्सप्रैस गाड़ी की मालगाड़ी के सापेक्ष गति = (60 – 40) किमी०/घण्टा = 20 किमी०/घण्टा.

80 किमी० दूरी को सापेक्ष गति से तय करने में लगा समय $= \frac{80}{20}$ घण्टे = 4 घण्टे.

4 घण्टे में एक्सप्रैस गाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = (60 × 4) किमी० = 240 किमी०.

दूसरी विधि :

माना दोनों रेलगाड़ियाँ t घण्टे बाद मिलती हैं.

तब $40t = 60(t-2) \Rightarrow 20t = 120 \Rightarrow t = 6.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6 घण्टे में मालगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = (40 × 6) किमी० = 240 किमी०.

अत: एक्सप्रैस गाड़ी मालगाड़ी से, दिल्ली से 240 किमी० की दूरी पर मिलेगी.

28. Short Cut Method

औसत गति $= \frac{2xy}{(x+y)} = \left(\frac{2\times60\times65}{125}\right)$ किमी०/घण्टा $= \frac{312}{5}$ किमी०/घण्टा = 62·4 किमी०/घण्टा.

29. माना बस की लम्बाई = x मीटर.

बस की गति $= \frac{x}{4}$ मीटर/सैकण्ड, व्यक्ति की गति $= \frac{x}{18}$ मीटर/सैकण्ड.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{x}{4} : \frac{x}{18} = 9:2.$

30. माना ये रेलगाड़ियाँ 8 बजे के x घण्टे बाद मिलती हैं.

A से चलने वाली रेलगाड़ी द्वारा x घण्टे में तय की गई दूरी = $70x$ किमी०.

B से चलने वाली रेलगाड़ी द्वारा $(x-2)$ घण्टे में तय की गई दूरी = $110\,(x-2)$ किमी०.

$\therefore\ 70x + 110(x-2) = 500 \Rightarrow 180x = (500+220) = 720 \Rightarrow x = 4.$

अत: ये रेलगाड़ियाँ आपस में 12 बजे दोपहर मिलेंगी.

31. माना कार की धीमी गति = x किमी०/घण्टा.

तब $x \times \frac{9}{2} = (x+5)\times 4 \Rightarrow 9x = 8x + 40 \Rightarrow x = 40.$

अत: अभीष्ट धीमी गति = 40 किमी०/घण्टा.

32. माना पैदल तय की गई दूरी = x किमी०.

तब, साईकिल द्वारा तय की गई दूरी = $(61-x)$ किमी०.

$\therefore\ \frac{x}{4} + \frac{61-x}{9} = 9 \Rightarrow 9x + 4\,(61-x) = 324$

$\Rightarrow 5x = (324-244) = 80 \Rightarrow x = 16.$

अत: पैदल तय की गई दूरी = 16 किमी०.

33. 54 किमी०/घण्टा $= \left(54 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सैकण्ड = 15 मीटर/सैकण्ड.

34. माना सामान्य गति = x किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{360}{x} - \frac{360}{(x+10)} = 3 \Rightarrow \frac{1}{x} - \frac{1}{(x+10)} = \frac{3}{360} = \frac{1}{120}$$

$$\Rightarrow \frac{(x+10)-x}{x\,(x+10)} = \frac{1}{120} \Rightarrow x^2 + 10x - 1200 = 0$$

$$\Rightarrow x^2 + 40x - 30x - 1200 = 0 \Rightarrow x\,(x+40) - 30\,(x+40) = 0$$

$$\Rightarrow (x+40)\,(x-30) = 0 \Rightarrow x = 30\ [\because\ x \neq -40]$$

$\therefore$ सवारी गाड़ी की सामान्य चाल = 30 किमी०/घण्टा.

35. गोलाकार रास्ते की परिधि $= 2\pi R = (2\times3\cdot14\times100)$ मीटर = 628 मीटर.

2 मिनट में तय की गई दूरी = 628 मीटर.

1 मिनट में तय की गई दूरी $= \frac{628}{2}$ मीटर = 314 मीटर.

$\therefore$ साईकिल सवार की गति = 314 मीटर/मिनट.

36. माना रेलगाड़ी की सामान्य चाल = x किमी०/घण्टा.

नई चाल $= \frac{7x}{11}$ किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दूरी = (चाल × समय) $= \left(\frac{7x}{11} \times 22\right)$ किमी० = $14x$ किमी०.

सामान्य चाल से लगा समय $= \frac{14x}{x}$ घण्टे = 14 घण्टे.

37. 600 किमी० दूरी तय करने में लगा समय $= \left(\frac{600}{100}\right)$ घण्टे = 6 घण्टे.

पड़ावों की संख्या $= \left(\frac{600}{75} - 1\right) = 7$.

रुकने का कुल समय = (7 × 3) मिनट = 21 मिनट.

कुल समय लगा = 6 घण्टे 21 मिनट.

38. 10 मीटर/सैकण्ड $= \left(10 \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 36 किमी०/घण्टा.

39. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{35} - \frac{x}{40} = \frac{15}{60} \Rightarrow \frac{x}{35} - \frac{x}{40} = \frac{1}{4}$$

$$\Rightarrow (8x - 7x) = 70 \Rightarrow x = 70.$$

∴ अभीष्ट दूरी = 70 किमी.

40. सिपाही द्वारा 1 मीटर का अन्तर पूरा करने पर चोर चलता है = 4 मीटर.

सिपाही द्वारा 100 मीटर का अन्तर पूरा करने पर चोल चलता है = (4 × 100) मीटर = 400 मीटर.

41. माना पहले चाल = x किमी०/ घण्टा तथा इस दूरी को तय करने में लगा समय = y घण्टे.

तब, दूरी = xy किमी०.

नया समय = (y का 80%) घण्टे $= \left(y \times \frac{80}{100}\right)$ घण्टे $= \frac{4y}{5}$ घण्टे.

नई चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{xy}{(4y/5)}$ किमी०/ घण्टा $= \frac{5x}{4}$ किमी०/ घण्टा.

चाल में वृद्धि $= \left(\frac{5x}{4} - x\right)$ किमी०/ घण्टा $= \frac{x}{4}$ किमी०/ घण्टा.

चाल में वृद्धि % $= \left(\frac{x}{4} \times \frac{1}{x} \times 100\right)\% = 25\%$.

42. माना A की चाल = x किमी०/घण्टा.

दोनों चालों से लगे समय में अन्तर = 3 घण्टे.

$$\therefore \frac{30}{x} - \frac{30}{2x} = 3 \Rightarrow \frac{1}{x} - \frac{1}{2x} = \frac{1}{10} \Rightarrow \frac{1}{2x} = \frac{1}{10} \Rightarrow 2x = 10 \Rightarrow x = 5.$$

अत: A की चाल = 5 किमी०/घण्टा.

43. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{(15/2)} - \frac{x}{8} = 4 \Rightarrow \frac{2x}{15} - \frac{x}{8} = 4 \Rightarrow (16x - 15x) = 480 \Rightarrow x = 480.$$

∴ अभीष्ट दूरी = 480 किमी०.

44. (x किमी० पैदल जाने में लगा समय) + (x किमी० घुड़सवारी में लगा समय) $= \frac{23}{4}$ घण्टे.

$\Rightarrow$ (2x किमी० पैदल जाने में लगा समय) + (2x किमी० घुड़सवारी में लगा समय) $= \frac{23}{2}$ घण्टे

$\Rightarrow$ (2x किमी० पैदल जाने में लगा समय) $+ \left(\frac{23}{4} - 2\right)$ घण्टे $= \frac{23}{2}$ घण्टे

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow$ ($2x$ किमी० पैदल जाने में लगा समय) $= \left(\frac{23}{2} - \frac{15}{4}\right)$ घण्टे $= \frac{31}{4}$ घण्टे = 7 घण्टे 45 मिनट.

45. A तथा B की चालों का अनुपात = 3 : 4

A तथा B द्वारा समान दूरी तय करने में लगे समय का अनुपात = 4 : 3.

माना A ने $4x$ मिनट तथा B ने $3x$ मिनट में यह दूरी तय की. तब

$3x = 24 \Rightarrow x = 8.$

A द्वारा लिया गया समय = $4x$ मिनट = (4×8) मिनट = 32 मिनट.

46. माना कुल दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{2\times 40} + \frac{x}{2\times 60} = 10 \Rightarrow \frac{x}{80} + \frac{x}{120} = 10$$

$$\Rightarrow 3x + 2x = 2400 \Rightarrow 5x = 2400 \Rightarrow x = 480.$$

अभीष्ट दूरी = 480 किमी०.

47. माना दूरी AB = दूरी BA = x किमी०.

A से B तक जाने में लगा समय $= \frac{x}{4}$ घण्टे.

B से A तक आने में लगा समय $= \frac{x}{6}$ घण्टे.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{x}{4} : \frac{x}{6} = \frac{1}{4} : \frac{1}{6} = 3 : 2.$

48. माना वह पहाड़ी पर x किमी० चढ़ा. तब,

$$\frac{x}{3} + \frac{x}{4\cdot 5} = 5 \Rightarrow \frac{x}{3} + \frac{2x}{9} = 5$$

$$\Rightarrow 3x + 2x = 45 \Rightarrow 5x = 45 \Rightarrow x = 9.$$

अभीष्ट ऊँचाई = 9 किमी०.

49. माना कुल दूरी = x किमी० तथा सामान्य गति = y किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{x}{y} - \frac{x}{y+6} = 4 \quad \text{...(i)}$$

$$\frac{x}{y-6} - \frac{x}{y} = 6 \quad \text{...(ii)}$$

(*i*) से : $x\left[\frac{1}{y} - \frac{1}{y+6}\right] = 4 \Rightarrow x\left[\frac{y+6-y}{y(y+6)}\right] = 4 \Rightarrow \frac{6x}{y(y+6)} = 4$ ...(iii)

(*ii*) से : $x\left[\frac{1}{y-6} - \frac{1}{y}\right] = 6 \Rightarrow x\left[\frac{y-(y-6)}{y(y-6)}\right] = 6 \Rightarrow \frac{6x}{y(y-6)} = 6$ ...(iv)

(*iii*) को (*iv*) से भाग देने पर :

$$\frac{6x}{y(y+6)} \times \frac{y(y-6)}{6x} = \frac{4}{6} \Rightarrow \frac{y-6}{y+6} = \frac{2}{3} \Rightarrow 3y - 18 = 2y + 12 \Rightarrow y = 30.$$

(*ii*) में $y = 30$ रखने पर : $\frac{6x}{30\times 36} = 4 \Rightarrow x = (4\times 180) = 720.$

$\therefore$ यात्रा की कुल दूरी = 720 किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

50. माना वायुयान की सामान्य गति = x किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{1500}{x}-\frac{1500}{(x+250)}=\frac{1}{2}\Rightarrow\frac{1}{x}-\frac{1}{(x+250)}=\frac{1}{3000}$$

$$\Rightarrow\frac{(x+250)-x}{x(x+250)}=\frac{1}{3000}\Rightarrow x(x+250)=750000$$

$$\Rightarrow x^2+250x-750000=0\Rightarrow x^2+1000x-750x-750000=0$$

$$\Rightarrow x(x+1000)-750(x+1000)=0\Rightarrow(x+1000)(x-750)=0$$

$$\Rightarrow x=750.$$

$\therefore$ वायुयान की सामान्य गति = 750 किमी०/घण्टा.

51. दोनों रेलगाड़ियों के चलने के समय में अन्तर = [(16 : 30 बजे) – (14 : 30) बजे] = 2 घण्टे.
तेज गाड़ी की धीमी गाड़ी के सापेक्ष चाल = (80 – 60) किमी०/घण्टा = 20 किमी०/घण्टा.
मुम्बई एक्सप्रैस द्वारा 2 घण्टे में तय की गई दूरी = (60 × 2) किमी० = 120 किमी०.
सापेक्ष चाल से 120 किमी० दूरी तय करने में लगा समय $=\frac{120}{20}$ घण्टे = 6 घण्टे.
(6 + 2) घण्टे में मुम्बई एक्सप्रैस द्वारा तय की गई दूरी = (60 × 8) किमी० = 480 किमी०.
अत: ये दोनों गाड़ियाँ दिल्ली से 480 किमी० दूरी पर मिलेंगी.

52. सुभाष द्वारा $1\frac{1}{4}$ घण्टे में तय की गई दूरी $=\left(4\times\frac{5}{4}\right)$ किमी० = 5 किमी०.
सुशील द्वारा $1\frac{1}{4}$ घण्टे में तय की गई दूरी = (8 – 5) किमी० = 3 किमी०.
सुशील की औसत चाल $=\left(3\times\frac{4}{5}\right)$ किमी०/घण्टा $=2\frac{2}{5}$ किमी०/घण्टा.

53. पैदल चलकर केवल जाने में लगा समय $=\left(\frac{1}{2}\times8\frac{1}{3}\right)$ घण्टे $=\left(\frac{1}{2}\times\frac{25}{3}\right)$ घण्टे
$=\frac{25}{6}$ घण्टे = 4 घण्टे 10 मिनट.
घुड़सवारी द्वारा आने में लगा समय = (4 घण्टे 30 मिनट) – (4 घण्टे 10 मिनट)
= 20 मिनट
घुड़सवारी द्वारा जाने तथा आने में लगा समय = (2 × 20) मिनट = 40 मिनट.

54. माना ये रेलगाड़ियाँ चलने के x घण्टे बाद मिलती हैं. तब
$60x-50x=120\Rightarrow10x=120\Rightarrow x=12.$
12 घण्टे में पहली रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = (50 × 12) किमी० = 600 किमी०.
12 घण्टे में दूसरी रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी = (60 × 12) किमी० = 720 किमी०.
दूरी AB = (600 + 720) किमी० = 1320 किमी०.

प्रश्नमाला 17B

1. एक साईकिल सवार 5 मीटर प्रति सैकण्ड की चाल से 2 घण्टे 20 मिनट में कितने किलोमीटर दूरी तय करेगा?
2. एक व्यक्ति 6 किमी०/घण्टा की चाल से 4 मिनट में कितने मीटर दूरी तय करेगा?
3. 3 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चलकर मैं अपने गन्तव्य पर 40 मिनट देर से पहुँचता हूँ तथा 4 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चलकर मैं अपने गन्तव्य पर निर्धारित समय से 30 मिनट पहले पहुँच जाता हूँ. मेरे गन्तव्य की दूरी कितनी है? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

4. एक व्यक्ति स्थान A से स्थान B की दूरी 20 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तथा B से A तक की दूरी 30 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तय करता है. यदि पूरी यात्रा में उसे 5 घण्टे लगे हों तो A से B तक की दूरी ज्ञात कीजिए.

5. तीन कारों की चाल 2:3:4 के अनुपात में हैं. इन कारों द्वारा समान दूरी तय करने में लिये गये समय का अनुपात कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

6. दो स्टेशनों A तथा B के बीच की दूरी 200 किमी० है. एक मोटर साईकिल सवार स्टेशन A से प्रातः 7 बजे 20 किमी० प्रति घण्टा की चाल से B के लिए चलता है. एक अन्य मोटर साईकिल सवार स्टेशन B से उसी दिन प्रातः 8 बजे, 25 किमी० प्रति घण्टा की चाल से स्टेशन A की ओर चलता है. वे आपस में किस समय मिलेंगे ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

7. शिवांगी एक नियत समय पर अपने घर से विद्यालय के लिए चलना आरम्भ करती है. यदि उसकी चाल 5 किमी० प्रति घण्टा हो तो वह 7 मिनट देरी से विद्यालय पहुँचती है. यदि उसकी चाल 6 किमी० प्रति घण्टा हो, तो वह ठीक समय से 5 मिनट पहले विद्यालय पहुँच जाती है. उसके घर से विद्यालय की दूरी कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

8. एक कार द्वारा 100 किमी० की दूरी एक निश्चित चाल से की जानी थी. परन्तु आधी दूरी तय करने के बाद इंजिन में कुछ खराबी हो जाने के कारण इसने शेष दूरी उस चाल की आधी चाल से तय की तथा गन्तव्य स्थान पर वह 2 घण्टे देरी से पहुँचा. कार की प्रारम्भिक चाल कितनी थी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

9. दो स्थान A तथा B एक दूसरे से 80 किमी० के फासले पर स्थित हैं. एक कार A से चलना आरम्भ करती है तथा दूसरी B से. यदि वे एक ही दिशा में चलें तो 8 घण्टे बाद परस्पर मिलती हैं. यदि वे एक दूसरे की विपरीत दिशा में चलें तो 1 घण्टा 20 मिनट बाद मिलती हैं. प्रत्येक कार की गति ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

10. दो रेलगाड़ियाँ दो स्थानों से जिनके बीच की दूरी 650 किमी० है, एक दूसरे की ओर चलती हैं. यदि वे एक ही समय पर चलें तो 10 घण्टे बाद मिलती हैं. परन्तु, यदि एक गाड़ी दूसरी गाड़ी से 4 घण्टे 20 मिनट देरी से चले तो वे दूसरी गाड़ी के चलने के 8 घण्टे बाद मिलती हैं. प्रत्येक गाड़ी की औसत गति ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**

11. एक रेलगाड़ी $193\frac{1}{3}$ किमी० की दूरी $4\frac{1}{4}$ घण्टे में तय करती है जबकि यह रास्ते में 10 मिनट के लिए एक स्थान पर 5-5 मिनटों के लिए दो स्थानों पर तथा 3 मिनट के लिए एक स्थान पर रुकती है. इस रेलगाड़ी की औसत चाल ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)**

12. एक व्यक्ति मोटर साईकिल द्वारा एक निश्चित दूरी तय करता है. यदि वह 6 किमी०/घण्टा धीरे चलता तो उसे 8 मिनट अधिक लगते. परन्तु, यदि वह 4 किमी०/घण्टा तेज चलता तो उसे $4\frac{1}{2}$ मिनट कम लगते. दूरी ज्ञात कीजिए.

13. एक व्यक्ति साईकिल पर किसी चाल से कुछ दूरी तय करता है. यदि वह 3 किमी० प्रति घण्टा तेज चलता तो उसे वह दूरी तय करने में 40 मिनट कम लगते. यदि वह 2 किमी० प्रति घण्टा धीरे चलता, तो उसे 40 मिनट अधिक लगते. कुल दूरी तथा उस व्यक्ति की साईकिल द्वारा प्रारम्भिक चाल ज्ञात कीजिए.

14. एक खरगोश एक कुत्ते से 100 मीटर आगे है. उसने पीछे मुड़कर कुत्ते को देखा तथा 12 किमी० प्रति घण्टा की गति से भागना आरम्भ किया. आधा मिनट बाद कुत्ते ने खरगोश को देखा तथा 16 किमी० प्रति घण्टा की गति से उसका पीछा किया. वह कब उसे पकड़ लेगा ?

15. एक व्यक्ति ने 3990 किमी० की दूरी का कुछ भाग वायुयान द्वारा, कुछ भाग जलयान द्वारा तथा शेष भाग थल यान से तय किया. वायुयान, जलयान तथा थल पर की गई यात्रा में लिये गये समय का अनुपात 1:16:2 है तथा यान के साधनों की औसत गतियों का अनुपात क्रमशः 20:1:3 है. यदि उसकी कुल औसत गति 42 किमी० प्रति घण्टा हो, तो जलयान द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए.

16. एक रेलगाड़ी को किसी स्टेशन से चलने के 3 घण्टे बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक घण्टा रुकना पड़ा. इसके बाद यह रेलगाड़ी मूलगति की 75% गति से आगे चली तथा अपने गंतव्य स्थान पर 4 घण्टे देरी से पहुँची. यदि

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दुर्घटना उसी रेलवे लाईन पर 150 किमी० आगे हुई होती, तो गाड़ी केवल $3\frac{1}{2}$ घण्टे विलम्ब से पहुँचती. यात्रा की दूरी तथा गाड़ी की मूल गति ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)**

17. एक मालगाड़ी स्टेशन A से स्टेशन B की ओर जाती हुई, चलने के ठीक 1 घण्टे के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है. वहाँ पर 30 मिनट रुकने के बाद वह अपनी प्रारम्भिक चाल की $\frac{4}{5}$ चाल से पुन: चलना आरम्भ कर देती है तथा इसी चाल से B पर 2 घण्टे देरी से पहुँचती है. यदि गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले 80 किमी० और अधिक चल लेती, तो वह ठीक एक घण्टा देरी से पहुँचती. गाड़ी की प्रारम्भिक चाल ज्ञात कीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 17B)

1. 42 किमी० **2.** 400 मीटर **3.** 14 किमी० **4.** 60 किमी० **5.** 6 : 4 : 3 **6.** 12 बजे दोहपर
7. 6 किमी० **8.** 25 किमी०/घण्टा **9.** 35 किमी०/घण्टा, 25 किमी०/घण्टा
10. 30 किमी०/घण्टा, 35 किमी०/घण्टा **11.** 50 किमी०/घण्टा **12.** 72 किमी०
13. 12 किमी०, 40 किमी०/घण्टा **14.** 3 मिनट **15.** 1520 किमी०
16. 1200 किमी०, 100 किमी०/घण्टा **17.** 20 किमी०/घण्टा

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 17B

1. साईकिल सवार की चाल = 5 मीटर/सै० $=\left(5\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 18 किमी०/घण्टा.
1 घण्टे में तय की गई दूरी = 18 किमी०.
$\frac{7}{3}$ घण्टे में तय की गई दूरी $=\left(18\times\frac{7}{3}\right)$ किमी० = 42 किमी०.

2. व्यक्ति की चाल = 6 किमी०/घण्टा $=\left(6\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सैकण्ड $=\frac{5}{3}$ मीटर/सैकण्ड.
1 सैकण्ड में तय की गई दूरी $=\frac{5}{3}$ मीटर.
(4 × 60) सैकण्ड में तय की गई दूरी $=\left(\frac{5}{3}\times4\times60\right)$ मीटर = 400 मीटर.

3. माना मेरे गन्तव्य की दूरी = x किमी०. तब
$$\frac{x}{3}-\frac{x}{4}=\frac{(30+40)}{60}\Rightarrow\frac{x}{3}-\frac{x}{4}=\frac{7}{6}$$
$$\Rightarrow 4x-3x=14\Rightarrow x=14.$$
अभीष्ट दूरी = 14 किमी०.

4. माना दूरी AB = दूरी BA = x किमी०. तब
$$\frac{x}{20}+\frac{x}{30}=5\Rightarrow 3x+2x=300$$
$$\Rightarrow 5x=300\Rightarrow x=60.$$
$\therefore$ दूरी AB = 60 किमी०.

5. माना कारों की चाल क्रमश: $2x$ किमी०/घण्टा, $3x$ किमी०/घण्टा तथा $4x$ किमी०/घण्टा है.
माना इनके द्वारा तय की गई समान दूरी = d किमी०.
तब, इनके द्वारा लिया गया समय है क्रमश: $\frac{d}{2x}$ घण्टे, $\frac{d}{3x}$ घण्टे तथा $\frac{d}{4x}$ घण्टे.
अभीष्ट अनुपात $=\frac{d}{2x}:\frac{d}{3x}:\frac{d}{4x}=\frac{1}{2}:\frac{1}{3}:\frac{1}{4}=6:4:3.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. माना पहला मोटर साईकिल सवार X है तथा दूसरा Y है.
माना X के स्टेशन A से चलने के t घण्टे बाद दोनों सवार मिलते हैं.
तब, (X द्वारा t घण्टे में तय की गई दूरी) + [Y द्वारा $(t-1)$ घण्टे में तय की गई दूरी] = 200 किमी०.

$\therefore\ 20t + 25(t-1) = 200 \Rightarrow 45t - 25 = 200$

$$\Rightarrow 45t = 225 \Rightarrow t = \frac{225}{45} = 5 \text{ घण्टे.}$$

अत: वे दोनों (7 बजे + 5 घण्टे) = 12 बजे दोपहर मिलेंगे.

7. माना अभीष्ट दूरी = x किमी०. तब

$$\frac{x}{5} - \frac{x}{6} = \frac{12}{60} \Rightarrow \frac{x}{5} - \frac{x}{6} = \frac{1}{5}$$

$$\Rightarrow 6x - 5x = 6 \Rightarrow x = 6.$$

$\therefore$ उसके घर से विद्यालय की दूरी = 6 किमी०.

8. माना प्रारम्भिक चाल = x किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{50}{(x/2)} - \frac{50}{x} = 2 \Rightarrow \frac{100}{x} - \frac{50}{x} = 2$$

$$\Rightarrow 2x = (100 - 50) = 50 \Rightarrow x = 25.$$

अत: प्रारम्भिक चाल = 25 किमी०/घण्टा.

9. माना A तथा B से चलने वाली कारों की गति क्रमश: x किमी० प्रति घण्टा तथा y किमी० प्रति घण्टा है तथा कार क्रमश: A तथा B हैं.

दशा 1 : जब दोनों कारें एक ही दिशा में चलें :

इस दशा में :

(कार A द्वारा 8 घण्टे में चली दूरी) − (कार B द्वारा 8 घण्टे में चली दूरी)
= 80 किमी०.

$\Rightarrow 8x - 8y = 80$

$\Rightarrow x - y = 10$ ...(i)

दशा 2 : जब दोनों कारें विपरीत दिशा में चलें :

इस दशा में :

(कार A द्वारा $\frac{4}{3}$ घण्टे में चली दूरी) + (कार B द्वारा $\frac{4}{3}$ घण्टे में चली दूरी) = 80 किमी०

$$\Rightarrow \frac{4x}{3} + \frac{4y}{3} = 80 \Rightarrow 4x + 4y = 240 \Rightarrow x + y = 60 \quad \text{...(ii)}$$

(i) तथा (ii) को जोड़ने पर : $2x = 70 \Rightarrow x = 35$.

(i) में $x = 35$ रखने पर : $35 - y = 10 \Rightarrow y = (35 - 10) = 25$.

कार A की गति = 35 किमी०/घण्टा.

कार B की गति = 25 किमी०/घण्टा.

10. माना रेलगाड़ियों A तथा B की औसत गति क्रमश: x किमी०/ घण्टा तथा y किमी०/घण्टा है.

स्थिति 1. जब A तथा B एक ही समय पर चलें :

तब, A द्वारा 10 घण्टे में तय की गई दूरी = $(10x)$ किमी०.

B द्वारा 10 घण्टे में तय की गई दूरी = $(10y)$ किमी०.

$\therefore\ 10x + 10y = 650 \Rightarrow x + y = 65$ ...(i)

स्थिति 2. जब गाड़ी B, गाड़ी A से 4 घण्टे 20 मिनट देरी से चले :

$12\frac{1}{3}$ घण्टे में A द्वारा तय की गई दूरी $= \left(\frac{37x}{3}\right)$ किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8 घण्टे में B द्वारा तय की गई दूरी = $(8y)$ किमी०.

$\therefore \frac{37x}{3}+8y=650 \Rightarrow 37x+24y=1950$ ...(ii)

(i) को 37 से गुणा करके इसमें से (ii) घटाने पर, $13y=455 \Rightarrow y=35$.

अब (i) में $y=35$ रखने पर, $x=30$.

अतः इन गाड़ियों की औसत गति क्रमशः 30 किमी०/घण्टा तथा 35 किमी०/घण्टा हैं.

11. रेलगाड़ी द्वारा लिया गया कुल समय $=\frac{17}{4}$ घण्टे.

रुकने में लिया गया समय = (10 + 5 + 5 + 3) मिनट $=\frac{23}{60}$ घण्टे.

दूरी तय करने में लगा समय $=\left(\frac{17}{4}-\frac{23}{60}\right)$ घण्टे $=\frac{(255-23)}{60}$ घण्टे $=\frac{232}{60}$ घण्टे $=\frac{58}{15}$ घण्टे.

दी गई दूरी $=\left(\frac{580}{3}\right)$ किमी०.

रेलगाड़ी की औसत चाल $=\left(\frac{580}{3}\times\frac{15}{58}\right)$ किमी०/घण्टा = 50 किमी०/घण्टा.

12. माना कुल दूरी = x किमी० तथा सामान्य गति = y किमी० प्रति घण्टा.

$$\frac{x}{(y-6)}-\frac{x}{y}=\frac{8}{60} \Rightarrow \frac{x}{(y-6)}-\frac{x}{y}=\frac{2}{15} \quad ...(i)$$

$$\frac{x}{y}-\frac{x}{(y+4)}=\frac{9}{2\times 60} \Rightarrow \frac{x}{y}-\frac{x}{(y+4)}=\frac{3}{40} \quad ...(ii)$$

(i) से : $x\left[\frac{1}{(y-6)}-\frac{1}{y}\right]=\frac{2}{15} \Rightarrow x\left[\frac{y-(y-6)}{y(y-6)}\right]=\frac{2}{15}$

$$\Rightarrow \frac{x}{y(y-6)}=\frac{1}{45} \quad ...(iii)$$

(ii) से : $x\left[\frac{1}{y}-\frac{1}{(y+4)}\right]=\frac{3}{40} \Rightarrow x\left[\frac{(y+4)-y}{y(y+4)}\right]=\frac{3}{40}$

$$\Rightarrow \frac{x}{y(y+4)}=\frac{3}{160} \quad ...(iv)$$

(iii) को (iv) से भाग देने पर :

$$\frac{y(y+4)}{y(y-6)}=\left(\frac{1}{45}\times\frac{160}{3}\right) \Rightarrow \frac{y+4}{y-6}=\frac{32}{27}$$

$$\Rightarrow 27y+108=32y-192$$

$$\Rightarrow 5y=300 \Rightarrow y=60.$$

(iii) में $y=60$ रखने पर : $\frac{x}{60\times 54}=\frac{1}{45} \Rightarrow x=\frac{60\times 54}{45}=72.$

अभीष्ट दूरी = 72 किमी०.

13. माना कुल दूरी = x किमी० तथा प्रारम्भिक चाल = y किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{x}{y}-\frac{x}{(y+3)}=\frac{40}{60} \Rightarrow \frac{x}{y}-\frac{x}{(y+3)}=\frac{2}{3} \quad ...(i)$$

$$\frac{x}{(y-2)}-\frac{x}{y}=\frac{40}{60} \Rightarrow \frac{x}{(y-2)}-\frac{x}{y}=\frac{2}{3} \quad ...(ii)$$

(i) से : $x\left[\frac{1}{y}-\frac{1}{(y+3)}\right]=\frac{2}{3} \Rightarrow x\left[\frac{y+3-y}{y(y+3)}\right]=\frac{2}{3}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\Rightarrow \frac{x}{y(y+3)} = \frac{2}{9} \qquad \ldots(iii)$$

(ii) से : $x\left[\frac{1}{(y-2)} - \frac{1}{y}\right] = \frac{2}{3} \Rightarrow x\left[\frac{y-(y-2)}{(y-2)\,y}\right] = \frac{2}{3}$

$$\Rightarrow \frac{x}{(y-2)\,y} = \frac{1}{3} \qquad \ldots(iv)$$

(iii) को (iv) से भाग देने पर : $\frac{x}{y(y+3)} \times \frac{(y-2)\,y}{x} = \left(\frac{2}{9} \times \frac{3}{1}\right) = \frac{2}{3}$

$\therefore \frac{(y-2)}{(y+3)} = \frac{2}{3} \Rightarrow 3y-6 = 2y+6 \Rightarrow y = 12.$

(iii) में $y = 12$ रखने पर : $\frac{x}{12 \times 15} = \frac{2}{9} \Rightarrow x = \left(\frac{2}{9} \times 12 \times 15\right) = 40.$

अत: कुल दूरी = 12 किमी० तथा प्रारम्भिक चाल = 40 किमी०/घण्टा.

14. खरगोश का वेग = 12 किमी०/घण्टा $= \left(12 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर / सै० $= \frac{10}{3}$ मीटर / सै०.

कुत्ते का वेग = 16 किमी०/ घण्टा $= \left(16 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर / सै० $= \frac{40}{9}$ मीटर / सै०.

माना कुत्ता t सैकण्ड बाद खरगोश को पकड़ लेता है.

तब, t सैकण्ड में कुत्ते द्वारा तय की गई दूरी $= \left(\frac{40t}{9}\right)$ मीटर.

$(t+30)$ सैकण्ड में खरगोश द्वारा तय की गई दूरी $= \frac{10}{3}(t+30)$ मीटर.

$\frac{10}{3}(t+30) + 100 = \frac{40t}{9} \Rightarrow \left(\frac{40t}{9} - \frac{10t}{3}\right) = 200$

$\Rightarrow \frac{(40t-30t)}{9} = 200 \Rightarrow 10t = 1800 \Rightarrow t = 180$ सै० = 3 मिनट.

अत: कुत्ता खरगोश को 3 मिनट में पकड़ लेगा.

15. माना वायुयान, जलयान तथा तल पर यात्राओं में लिये गये समय क्रमश: x घण्टे, $16x$ घण्टे तथा $2x$ घण्टे हैं तब इन यानों की गति क्रमश: $20y$ किमी० प्रति घण्टा, y किमी० प्रति घण्टा तथा $3y$ किमी० प्रति घण्टा है.

तब कुल दूरी $= [(20y \times x) + (y \times 16x) + (3y \times 2x)]$ किमी० $= (42xy)$ किमी०.

$\therefore 42xy = 3990 \Rightarrow xy = \frac{3990}{42} \Rightarrow xy = 95.$

कुल लिया गया समय $= (x + 16x + 2x)$ घण्टे $= 19x$ घण्टे.

$\therefore \frac{3990}{19x} = 42 \Rightarrow 19x \times 42 = 3990$

$\Rightarrow x = \frac{3990}{19 \times 42} \Rightarrow x = 5.$

$x = 5$ रखने पर $5y = 95 \Rightarrow y = 19.$

$\therefore x = 5$ तथा $y = 19.$

अत: जलयान द्वारा तय की गई दूरी $= (16 \times x \times y)$ किमी०

$= (16 \times 5 \times 19)$ किमी० = 1520 किमी०.

16. माना यात्रा की कुल दूरी = d किमी० तथा रेलगाड़ी की मूल गति = x किमी०/घण्टा.

इस चाल से यात्रा पूरी करने में लगा समय $= \frac{d}{x}$ घण्टे.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3 घण्टे में रेलगाड़ी द्वारा चली दूरी = $3x$ किमी०.

शेष दूरी = $(d-3x)$ किमी०.

दुर्घटना के बाद रेलगाड़ी की गति = $\frac{75x}{100}$ किमी०/ घण्टा = $\frac{3x}{4}$ किमी०/ घण्टा.

शेष दूरी तय करने में लगा समय = $\frac{(d-3x)}{(3x/4)}$ घण्टे = $\frac{4(d-3x)}{3x}$ घण्टे.

अत: रेलगाड़ी द्वारा पूरी यात्रा में लिया गया समय = $\left\{3+1+\frac{4(d-3x)}{3x}\right\}$ घण्टे = $\frac{4d}{3x}$ घण्टे.

सामान्य चाल से पूरी यात्रा में लिया गया समय = $\frac{d}{x}$ घण्टे.

$\therefore \frac{4d}{3x}-\frac{d}{x}=4 \Rightarrow \frac{(4d-3d)}{3x}=4 \Rightarrow d=12x.$ ...(i)

यदि रेलगाड़ी 150 किमी० आगे चलकर दुर्घटनाग्रस्त होती, तो रेलगाड़ी द्वारा लिया गया समय

$=3+1+\frac{150}{x}+\frac{\{d-(150+3x)\}}{(3x/4)}=4+\frac{150}{x}+\frac{4\{d-(150+3x))}{3x}=\frac{(4d-150)}{3x}$ घण्टे.

$\therefore \frac{(4d-150)}{3x}-\frac{d}{x}=\frac{7}{2} \Rightarrow \frac{(4d-150)-3d}{3x}=\frac{7}{2} \Rightarrow 2d-21x=300.$ ...(ii)

(i) तथा (ii) को हल करने पर, $x = 100$ तथा $d = 1200$.

अत: यात्रा की कुल दूरी = 1200 किमी० तथा गाड़ी की मूल गति = 100 किमी०/ घण्टा.

17. माना दूरी $AB = d$ किमी० तथा मालगाड़ी की प्रारम्भिक चाल = x किमी०/घण्टा.

इस चाल से यात्रा पूरी करने में लगा समय = $\frac{d}{x}$ घण्टे.

1 घण्टे में मालगाड़ी द्वारा चली दूरी = x किमी०.

शेष दूरी = $(d-x)$ किमी०.

दुर्घटना के बाद मालगाड़ी की चाल = $\frac{4x}{5}$ किमी०/घण्टा.

शेष दूरी तय करने में लगा समय = $\frac{(d-x)}{(4x/5)}$ घण्टे = $\frac{5(d-x)}{4x}$ घण्टे.

मालगाड़ी द्वारा लिया गया कुल समय = $\left\{1+\frac{1}{2}+\frac{5(d-x)}{4x}\right\}$ घण्टे = $\left\{\frac{3}{2}+\frac{5(d-x)}{4x}\right\}$ घण्टे.

$$\therefore \frac{3}{2}+\frac{5(d-x)}{4x}=\frac{d}{x}+2 \Rightarrow \frac{5(d-x)}{4x}-\frac{d}{x}=\frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow \frac{5(d-x)-4d}{4x}=\frac{1}{2} \Rightarrow 2d-10x=4x$$

$$\Rightarrow 2d=14x \Rightarrow d=7x. \quad ...(i)$$

यदि मालगाड़ी 80 किमी० आगे चलकर दुर्घटनाग्रस्त हुई होती, तो :

मालगाड़ी द्वारा लिया गया कुल समय $=1+\frac{80}{x}+\frac{1}{2}+\frac{d-(80+x)}{(4x/5)}$

$$\therefore 1+\frac{80}{x}+\frac{1}{2}+\frac{d-(80+x)}{(4x/5)}=\frac{d}{x}+1$$

$$\Rightarrow \frac{80}{x}-\frac{100}{x}+\frac{5d}{4x}-\frac{5}{4}+\frac{1}{2}=\frac{d}{x}$$

$$\Rightarrow \frac{d}{4x}-\frac{20}{x}=\frac{3}{4} \Rightarrow d=(80+3x) \quad ...(ii)$$

(i) तथा (ii) को हल करने पर : $x = 20$ तथा $d = 140$.

अत: गाड़ी की प्रारम्भिक चाल = 20 किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

18 रेल सम्बन्धित प्रश्न (PROBLEMS ON TRAINS)

सामान्य नियम

1. (*i*) x किमी० प्रति घण्टा $= \left(x \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर प्रति सैकण्ड.

   (*ii*) x मीटर प्रति सैकण्ड $= \left(x \times \frac{18}{5}\right)$ किमी० प्रति घण्टा.

2. x मीटर लम्बी रेलगाड़ी द्वारा एक खड़े व्यक्ति अथवा खम्भे को पार करने में लगा समय = अपनी चाल से x मी० दूरी तय करने में लगा समय.

3. x मीटर लम्बी रेलगाड़ी द्वारा y मीटर लम्बी स्थिर वस्तु (जैसे: प्लेटफार्म, पुल, सुरंग, खड़ी गाड़ी आदि) को पार करने में लगा समय = $(x + y)$ मीटर दूरी तय करने में लगा समय.

4. (*i*) माना किसी रेलगाड़ी की चाल x किमी० प्रतिघण्टा है तथा इसी की दिशा में कोई चलायमान वस्तु y किमी० प्रति घण्टा की चाल से जा रही है. तब गाड़ी की उस वस्तु के सापेक्ष चाल = $(x - y)$ किमी० प्रति घण्टा.

   (*ii*) माना किसी रेलगाड़ी की चाल x किमी० प्रति घण्टा है तथा इसकी विपरीत दिशा में कोई चलायमान वस्तु y किमी० प्रति घण्टा की चाल से आ रही है. तब,
   गाड़ी की उस वस्तु के सापेक्ष चाल = $(x + y)$ किमी० प्रति घण्टा.

5. (*i*) माना a मीटर लम्बी रेलगाड़ी x मीटर प्रति सैकण्ड की चाल से जा रही है तथा b मीटर लम्बी रेलगाड़ी इसी की दिशा में समान्तर पटरी पर y मीटर प्रति सैकण्ड की गति से जा रही है. तब,
   तेज गाड़ी द्वारा दूसरी गाड़ी को पार करने में लगा समय $= \left(\frac{a+b}{x-y}\right)$ सै०.

   (*ii*) माना a मीटर लम्बी रेलगाड़ी x मीटर प्रति सैकण्ड की चाल से जा रही है तथा b मीटर लम्बी रेलगाड़ी इसकी विपरीत दिशा में y मीटर प्रति सैकण्ड की गति से जा रही है. तब,
   इन गाड़ियों द्वारा एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \left(\frac{a+b}{x+y}\right)$ सै०.

6. (*i*) माना एक रेलगाड़ी की लम्बाई a मीटर है. यह रेलगाड़ी x मीटर प्रति सैकण्ड की गति से जा रही है. एक व्यक्ति y मीटर प्रति सै० की दर से गाड़ी की दिशा में दौड़ रहा है.
   इस व्यक्ति को पार करने में गाड़ी द्वारा लिया गया समय $= \frac{a}{(x-y)}$ सै०.

   (*ii*) माना एक रेलगाड़ी की लम्बाई a मीटर है. यह रेलगाड़ी x मीटर प्रति सैकण्ड की गति से जा रही है. एक व्यक्ति y मीटर प्रति सै० की दर से गाड़ी की विपरीत दिशा में दौड़ रहा है.
   इस व्यक्ति को पार करने में गाड़ी द्वारा लिया गया समय $= \frac{a}{(x+y)}$ सै०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 72 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही 60 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक बिजली के खम्भे को कितनी देर में पार कर लेगी?

हल : गाड़ी की चाल $= \left(72 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सैकण्ड.

खम्भे को पार करने में लगा समय = 60 मीटर दूरी तय करने में लगा समय $= \frac{60}{20}$ सै० = 3 सैकण्ड.

प्रश्न 2. 350 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 54 किमी०/घण्टा की चाल से 250 मीटर लम्बी गुफा को कितनी देर में पार कर लेगी?

हल : गाड़ी की चाल $= \left(54 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 15 मीटर/सै०.

गुफा को पार करने में लगा समय = (350 + 250) मीटर दूरी तय करने में लगा समय

$= \frac{600}{15}$ सै० = 40 सै०.

प्रश्न 3. एक रेलगाड़ी 120 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 10 सैकण्ड में तथा एक खम्भे को 4 सैकण्ड में पार करती है. रेलगाड़ी की लम्बाई तथा चाल किमी०/घण्टा में ज्ञात कीजिए.

हल : माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर. तब,

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{x}{4}$ मीटर/सै०.

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{(x+120)}{10}$ मीटर/सै०.

$\therefore \frac{x}{4} = \frac{(x+120)}{10} \Rightarrow 10x = 4x + 480$

$\Rightarrow 6x = 480 \Rightarrow x = 80.$

∴ रेलगाड़ी की लम्बाई = 80 मीटर.

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{80}{4}$ मीटर/सै० $= \left(20 \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 72 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 4. 62 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही 120 मीटर लम्बी रेलगाड़ी उसी दिशा में 8 किमी०/घण्टा की चाल से भागे जा रहे व्यक्ति को कितनी देर में पार कर लेगी?

हल : रेलगाड़ी की व्यक्ति के सापेक्ष चाल = (62 – 8) किमी०/घण्टा $= \left(54 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 15 मीटर/सैकण्ड.

रेलगाड़ी द्वारा व्यक्ति को पार करने में लगा समय

= 120 मीटर दूरी को 15 मीटर/सैकण्ड की चाल से तय करने में लगा समय

$= \left(120 \times \frac{1}{15}\right)$ सैकण्ड = 8 सैकण्ड.

प्रश्न 5. 64 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही 200 मीटर लम्बी रेलगाड़ी अपने सामने से 8 किमी०/घण्टा की चाल से भागे आ रहे व्यक्ति को कितनी देर में पार कर लेगी?

हल : रेलगाड़ी की व्यक्ति के सापेक्ष चाल = (64 + 8) किमी०/घण्टा

$= \left(72 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सै०.

रेलगाड़ी द्वारा व्यक्ति को पार करने में लगा समय

= 20 मीटर/सै० की चाल से 200 मीटर दूरी तय करने में लगा समय

$= \frac{200}{20}$ सै० = 10 सैकण्ड.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 6. 100 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी अपनी विपरीत दिशा से 5 किमी० प्रति घण्टा की चाल से अपनी ओर आते हुए व्यक्ति को 6 सैकण्ड में पार कर जाती है. गाड़ी की चाल क्या है ?

हल : माना गाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

गाड़ी की व्यक्ति के सापेक्ष चाल = $(x + 5)$ किमी०/घण्टा $= \left\{(x+5)\times\frac{5}{18}\right\}$ मीटर/सै०.

$$\therefore \frac{100}{(x+5)\times\frac{5}{18}} = 6 \Rightarrow \frac{360}{(x+5)} = 6 \Rightarrow x+5 = \frac{360}{6} = 60 \Rightarrow x = 55 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

अत: गाड़ी की चाल = 55 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 7. 126 मीटर तथा 114 मीटर लम्बी दो रेलगाड़ियाँ विपरीत दिशाओं में क्रमानुसार 30 किमी०/घण्टा तथा 42 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं. मिलने के कितने समय बाद वे एक दूसरे को पार कर लेंगी ?

हल : रेलगाड़ियों की लम्बाई का योग = (126 + 114) मीटर = 240 मीटर.

आपेक्षिक चाल = (30 + 42) किमी०/घण्टा $= \left(72\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सै०.

अभीष्ट समय $= \left(\frac{240}{20}\right)$ सै० = 12 सैकण्ड.

प्रश्नमाला 18A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. 100 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 30 किमी० प्रति घण्टा की चाल से जाते हुए रेलवे लाईन के पास खड़े व्यक्ति को कितनी देर में पार करेगी ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**
   (*a*) 12 सैकण्ड (*b*) 15 सैकण्ड (*c*) 10 सैकण्ड (*d*) 11 सैकण्ड
2. 171 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 45 किमी० प्रति घण्टा की चाल से 229 मीटर लम्बे पुल को कितने समय में पार करेगी ?
   (*a*) 30 सैकण्ड (*b*) 35 सैकण्ड (*c*) 32 सैकण्ड (*d*) 40 सैकण्ड
   (रेलवे परीक्षा, 2006)
3. 180 मीटर लम्बी रेलगाड़ी अपने समान लम्बाई के प्लेटफार्म को पार करने में 18 सैकण्ड लेती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)**
   (*a*) 22 मीटर/सै० (*b*) 10 मीटर/सै० (*c*) 15 मीटर/सै० (*d*) 18 मीटर/सै० (*e*) इनमें से कोई नहीं
4. 125 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 60 किमी० प्रति घण्टा की चाल से चलकर एक पुल को 30 सैकण्ड में पार कर जाती है. पुल की लम्बाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
   (*a*) 375 मीटर (*b*) 225 मीटर (*c*) 125 मीटर (*d*) इनमें से कोई नहीं
5. एक रेलगाड़ी की बिना रुके औसत चाल 90 किमी०/घण्टा है. बार-बार रुकने के कारण इसकी औसत चाल 80 किमी०/घण्टा हो जाती है. गाड़ी कितने मिनट प्रति घण्टे रुकती है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**
   (*a*) $13\frac{1}{3}$ मिनट/घण्टा (*b*) $6\frac{2}{3}$ मिनट/घण्टा (*c*) 8 मिनट/घण्टा (*d*) 12 मिनट/घण्टा
6. एक 250 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक सिग्नल के खम्भे को 15 सैकण्ड में पार करती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
   (*a*) 48 किमी०/घण्टा (*b*) 60 किमी०/घण्टा (*c*) 72 किमी०/घण्टा (*d*) 64 किमी०/घण्टा
   (*e*) इनमें से कोई नहीं
7. एक 280 मीटर लम्बी रेलगाड़ी की गति 60 किमी०/घण्टा है. यह रेलगाड़ी 220 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को पार करने में कितना समय लेगी ? **(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2008)**
   (*a*) 20 सैकण्ड (*b*) 25 सैकण्ड (*c*) 30 सैकण्ड (*d*) 35 सैकण्ड

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. 108 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही 240 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक प्लेटफार्म को 20 सैकण्ड में पार कर जाती है. एक व्यक्ति इसी प्लेटफार्म को 5 मिनट में पार करता है. उस व्यक्ति की चाल कितनी है ?
(a) 1·8 मीटर/सै० (b) 2·2 मीटर/सै० (c) 1·2 मीटर/सै० (d) 1·6 मीटर/सै०
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

9. एक 240 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक प्लेटफार्म को 20 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?
(a) 10 मीटर/सै० (b) 12 मीटर/सै० (c) 18 मीटर/सै० (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

10. एक रेलगाड़ी एक बिजली के खम्भे को 5 सैकण्ड में पार कर जाती है तथा एक 600 मीटर लम्बे पुल को 35 सैकण्ड में. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?
(बी०बी०ए० परीक्षा, 2007)
(a) 40 किमी०/घण्टा (b) 64 किमी०/घण्टा (c) 72 किमी०/घण्टा (d) 84 किमी०/घण्टा

11. एक रेलगाड़ी 90 किमी०/घण्टा की चाल से एक पुल को 36 सैकण्ड में पार कर जाती है. इसी पुल को एक दूसरी रेलगाड़ी जो पहली रेलगाड़ी से 100 मीटर छोटी है, 45 किमी०/घण्टा की चाल से कितने समय में पार कर लेगी ?
(a) 61 सैकण्ड (b) 63 सैकण्ड (c) 62 सैकण्ड (d) 64 सैकण्ड

12. एक समान चाल से चलती हुई रेलगाड़ी 162 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 18 सैकण्ड में तथा एक अन्य 120 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 15 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?
(a) 40·6 किमी०/घण्टा (b) 42 किमी०/घण्टा (c) 50·4 किमी०/घण्टा (d) 67·2 किमी०/घण्टा
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

13. एक रेलगाड़ी एक समान चाल से चलकर 122 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 17 सैकण्ड में तथा 210 मीटर लम्बे पुल को 25 सैकण्ड में पार करती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
(a) 46·5 किमी०/घण्टा (b) 37·5 किमी०/घण्टा (c) 37·6 किमी०/घण्टा (d) 39·6 किमी०/घण्टा

14. एक 240 मीटर लम्बी रेलगाड़ी को एक खम्भे को पार करने में जितना समय लगता है, उतनी ही गति से उसे अपनी लम्बाई की दुगुनी लम्बाई के प्लेटफार्म को पार करने में उससे 40 सैकण्ड अधिक लगते हैं. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 6 मीटर/सैकण्ड (b) 24 मीटर/सैकण्ड (c) 36 मीटर/सैकण्ड (d) 12 मीटर/सैकण्ड
(e) इनमें से कोई नहीं

15. एक रेलगाड़ी 110 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 40 सैकण्ड में तथा उस प्लेटफार्म पर खड़े लड़के को 30 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
(a) 100 मीटर (b) 110 मीटर (c) 220 मीटर (d) 330 मीटर

16. दो रेलगाड़ियों में से प्रत्येक 210 मीटर लम्बी है. इनमें से एक रेलगाड़ी प्लेटफार्म पर खड़ी है तथा दूसरी इस गाड़ी की ओर समान्तर पटरी पर 84 किमी०/घण्टा की चाल से आ रही है. परस्पर मिलने के कितनी देर बाद यह गाड़ी खड़ी गाड़ी को पार कर जायेगी ?
(a) 9 सैकण्ड (b) 12 सैकण्ड (c) 15 सैकण्ड (d) 18 सैकण्ड

17. दो रेलगाड़ियाँ *A* तथा *B* एक ही बिन्दु से एक ही समय पर आरम्भ होकर क्रमशः 60 किमी०/घण्टा तथा 72 किमी०/घण्टा की चाल से एक ही दिशा में जाती हैं. यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लम्बाई 240 मीटर हो, तो *B* द्वारा *A* को पार करने में कितना समय लगेगा ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2005)**
(a) 1 मिनट 12 सै० (b) 1 मिनट 24 सै० (c) 2 मिनट 12 सै० (d) 2 मिनट 24 सै०
(e) इनमें से कोई नहीं

18. 60 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही 240 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी अपनी विपरीत दिशा में 48 किमी०/घण्टा की गति से आ रही एक 270 मीटर लम्बी रेलगाड़ी को कितने समय में पार करेगी ?
(a) 17 सैकण्ड (b) 13 सैकण्ड (c) 12 सैकण्ड (d) 8 सैकण्ड (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

19. 120 मीटर और 90 मीटर लम्बी दो रेलगाड़ियाँ क्रमशः 80 किमी०/घण्टा तथा 55 किमी०/घण्टा की चाल से एक दूसरे की ओर समान्तर पटरियों पर दौड़ रही हैं. यदि उनके बीच की दूरी 90 मीटर हो, तो वे कितने समय में एक दूसरे को पार कर जायेंगी ? (होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2009)

(a) 5·6 सैकण्ड (b) 7·2 सैकण्ड (c) 8 सैकण्ड (d) 9 सैकण्ड

20. दो व्यक्ति क्रमशः 2 किमी०/घण्टा तथा 4 किमी०/घण्टा की चाल से उसी दिशा में जा रहे हैं जिस दिशा में एक रेलगाड़ी जा रही है. यह रेलगाड़ी इन्हें क्रमशः 9 सैकण्ड तथा 10 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ?

(a) 72 मीटर (b) 54 मीटर (c) 50 मीटर (d) 45 मीटर

21. 240 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी अपने सामने से विपरीत दिशा में 3 किमी०/घण्टा की चाल से रेलवे लाईन के साथ-साथ आ रहे व्यक्ति को 10 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(a) 63 किमी०/घण्टा (b) 75 किमी०/घण्टा (c) 83·4 किमी०/घण्टा (d) 86·4 किमी०/घण्टा

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

22. एक रेलगाड़ी 30 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही है. एक व्यक्ति उसी दिशा में पटरियों के समान्तर 15 किमी०/घण्टा की गति से दौड़ रहा है. यदि रेलगाड़ी उस व्यक्ति को 48 सैकण्ड में पार करे तो रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ? (रेलवे परीक्षा, 2008)

(a) 220 मीटर (b) 300 मीटर (c) 250 मीटर (d) 200 मीटर

23. दो रेलगाड़ियाँ जिनकी चाल 3 : 4 के अनुपात में हैं, समान्तर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में जा रही हैं. यदि प्रत्येक रेलगाड़ी एक खम्भे को पार करने में 3 सैकण्ड ले, तो वे कितने समय में एक दूसरे को पार कर लेंगी ?

(a) 3 सैकण्ड (b) 4 सैकण्ड (c) 7 सैकण्ड (d) 21 सैकण्ड

24. समान लम्बाई की दो रेलगाड़ियाँ एक दूसरे के समान्तर पटरियों पर एक ही दिशा में क्रमशः 56 किमी०/घण्टा तथा 46 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं. तेज गति वाली रेलगाड़ी दूसरी रेलगाड़ी को 36 सैकण्ड में पार कर जाती है. प्रत्येक रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ?

(a) 50 मीटर (b) 60 मीटर (c) 72 मीटर (d) 80 मीटर

25. एक ही चाल से जा रही एक रेलगाड़ी 96 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 12 सैकण्ड में तथा 141 मीटर लम्बे प्लेटफार्म को 15 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की लम्बाई तथा चाल हैं क्रमशः (रेलवे परीक्षा, 2006)

(a) 64 मी० तथा 44 किमी०/घण्टा (b) 64 मी० तथा 54 किमी०/घण्टा

(c) 84 मी० तथा 54 किमी०/घण्टा (d) 84 मी० तथा 60 किमी०/घण्टा

26. दो मालगाड़ियाँ जिनमें से प्रत्येक 500 मीटर लम्बी है, समान्तर पटरियों पर एक दूसरे की विपरीत दिशा में क्रमशः 45 किमी०/घण्टा तथा 30 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं. धीमी गति वाली रेलगाड़ी दूसरी गाड़ी के चालक को कितनी देर में पार कर जायेगी ?

(a) 12 सैकण्ड (b) 24 सैकण्ड (c) 48 सैकण्ड (d) 60 सैकण्ड

27. एक दूसरे की विपरीत दिशाओं में जा रही दो रेलगाड़ियाँ प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को क्रमशः 27 सैकण्ड तथा 17 सैकण्ड में पार करती हैं तथा एक दूसरे को 23 सैकण्ड में पार करती हैं. इनकी चालों का अनुपात है:

(a) 1 : 3 (b) 3 : 2 (c) 3 : 4 (d) इनमें से कोई नहीं

28. 48 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही एक रेलगाड़ी अपने से आधी लम्बाई की रेलगाड़ी को जो इसकी विपरीत दिशा में 42 किमी०/घण्टा की चाल से आ रही है उसे 12 सैकण्ड में पार कर जाती है. यह रेलगाड़ी एक प्लेटफार्म को 45 सैकण्ड में पार कर जाती है. इस प्लेटफार्म की लम्बाई कितनी है ?

(a) 400 मीटर (b) 450 मीटर (c) 560 मीटर (d) 600 मीटर

29. दो स्टेशन A तथा B एक दूसरे से 220 किमी० दूरी पर हैं. एक रेलगाड़ी A से 80 किमी०/घण्टा की चाल से B की ओर जाती है. 30 मिनट बाद दूसरी रेलगाड़ी 100 किमी०/घण्टा की चाल से B से A की ओर जाती है. दोनों रेलगाड़ियाँ A से कितनी दूरी पर मिलेंगी ?

(a) 120 किमी० (b) 130 किमी० (c) 140 किमी० (d) 150 किमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30. दो स्टेशन A तथा B एक दूसरे से 110 किमी० दूरी पर स्थित हैं. एक रेलगाड़ी A से प्रात: 7 बजे B की ओर 20 किमी०/घण्टा की चाल से चलती है. दूसरी रेलगाड़ी उसी दिन प्रात: 8 बजे B से A की ओर 25 किमी०/घण्टा की चाल से चलती है. वे किस समय मिलेंगी ?

(*a*) प्रात: 9 बजे (*b*) प्रात: 10 बजे (*c*) प्रात: 10·30 बजे (*d*) प्रात: 11 बजे

31. 120 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही एक रेलगाड़ी A इसी की दिशा में समान्तर पटरी पर जा रही गाड़ी B को 2 मिनट में पार कर जाती है. यदि इन गाड़ियों की लम्बाईयाँ क्रमश: 100 मीटर तथा 200 मीटर हों, तो B की चाल कितनी है ?

(*a*) 111 किमी०/घण्टा (*b*) 123 किमी०/घण्टा (*c*) 127 किमी०/घण्टा (*d*) 129 किमी०/घण्टा

32. प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति ने अनुभव किया कि एक रेलगाड़ी उसे 6 सैकण्ड में पार कर गई. इस गाड़ी के विपरीत दिशा में जाने वाली गाड़ी ने इस व्यक्ति को 9 सैकण्ड में पार किया. यदि दोनों गाड़ियों की लम्बाई बराबर हों, तो एक दूसरे को पार करने में ये गाड़ियाँ कितना समय लेंगी ?

(*a*) 6·8 सैकण्ड (*b*) 7·2 सैकण्ड (*c*) 6·2 सैकण्ड (*d*) 7·8 सैकण्ड

33. एक रेलगाड़ी A मेरठ से साँय 4 बजे चलकर साँय 5 बजे गाजियाबाद पहुँचती है. दूसरी रेलगाड़ी B गाजियाबाद से साँय 4 बजे चलकर साँय 5·30 बजे मेरठ पहुँचती है. दोनों रेलगाड़ियाँ कितने बजे एक दूसरे को मिलेंगी ?

(*a*) साँय 4·36 बजे (*b*) साँय 4·42 बजे (*c*) साँय 4·48 बजे (*d*) साँय 4·50 बजे

34. एक रेलगाड़ी पटना से हावड़ा के लिए तथा दूसरी हावड़ा से पटना के लिए एक ही समय पर चलती हैं. मिलने के बाद ये रेलगाड़ियाँ क्रमश: 9 घण्टे तथा 16 घण्टे में अपने गंतव्य स्थान पर पहुँचती हैं. इनकी चालों में क्या अनुपात है ?

(*a*) 2 : 3 (*b*) 4 : 3 (*c*) 6 : 7 (*d*) 9 : 16

35. दो रेलगाड़ियाँ X तथा Y, स्टेशन A तथा B से क्रमश: B तथा A की ओर एक ही समय पर चलना प्रारम्भ करती हैं. एक दूसरे को मिलने के बाद वे क्रमश: 4 घण्टे 48 मिनट तथा 3 घण्टे 20 मिनट में B तथा A पर पहुँचती हैं. यदि X की चाल 45 किमी०/घण्टा हो, तो Y की चाल कितनी है ?

(*a*) 60 किमी०/घण्टा (*b*) 54 किमी०/घण्टा (*c*) 64·8 किमी०/घण्टा (*d*) 37·5 किमी०/घण्टा

36. दो व्यक्ति एक रेलवे लाईन के साथ-साथ एक ही दिशा में क्रमश: 3 किमी०/घण्टा तथा 6 किमी०/घण्टा की चाल से जा रहे हैं. उनके पीछे से आ रही एक रेलगाड़ी उन्हें क्रमश: 9 सैकण्ड तथा 10 सैकण्ड में पार कर जाती है. इस रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(*a*) 23·2 किमी०/घण्टा (*b*) 33 किमी०/घण्टा (*c*) 35 किमी०/घण्टा (*d*) 40 किमी०/घण्टा

37. दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमश: 60 किमी०/घण्टा तथा 40 किमी०/घण्टा की चाल से समान्तर पटरियों पर जा रही हैं. तेज रफ्तार वाली रेलगाड़ी धीमी गति वाली रेलगाड़ी में बैठे एक व्यक्ति को 18 सैकण्ड में पार कर जाती है. तेज गति वाली गाड़ी की लम्बाई कितनी है ?

(*a*) 100 मीटर (*b*) 90 मीटर (*c*) 72 मीटर (*d*) 108 मीटर

38. एक रेलगाड़ी एक खम्भे को 20 सैकण्ड में पार करती है तथा 100 मीटर लम्बे एक प्लेटफार्म को 30 सैकण्ड में पार करती है. इस रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 100 मीटर (*b*) 150 मीटर (*c*) 180 मीटर (*d*) 200 मीटर (*e*) इनमें से कोई नहीं

39. 90 किमी०/घण्टा की गति से जा रही एक 200 मीटर लम्बी गाड़ी को एक विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी 15 सैकण्ड में पार कर जाती है. दूसरी गाड़ी की लम्बाई कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2003)**

(*a*) 175 मीटर (*b*) 275 मीटर (*c*) 187·5 मीटर (*d*) ज्ञात नहीं किया जा सकता (*e*) इनमें से कोई नहीं

40. चलती हुई रेलगाड़ी में बैठा हुआ एक यात्री बाहर 1 मिनट में टेलीफोन के 21 खम्भे गिनता है. यदि प्रत्येक दो खम्भों के बीच की दूरी 50 मीटर हो, तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2002)**

(*a*) 57 किमी०/घण्टा (*b*) 60 किमी०/घण्टा (*c*) 63 किमी०/घण्टा (*d*) 55 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

41. एक व्यक्ति एक खड़ी हुई रेलगाड़ी को 5 मिनट में पार करता है. यही रेलगाड़ी एक खम्भे को 48 सैकण्ड में पार करती है. व्यक्ति तथा रेलगाड़ी की चालों के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 3 : 25 (*b*) 4 : 25 (*c*) 25 : 3 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(*e*) इनमें से कोई नहीं

42. 60 किमी०/घण्टा की दर से गतिमान 750 मीटर लम्बी रेलगाड़ी को एक सिग्नल पोस्ट को पार करने में कितना समय लगेगा ? **(रेलवे परीक्षा, 2010)**

(*a*) 50 सैकण्ड (*b*) 40 सैकण्ड (*c*) 55 सैकण्ड (*d*) 45 सैकण्ड

43. एक रेलगाड़ी *A* एक स्थिर रेलगाड़ी *B* को 50 सैकण्ड में तथा उसी गति से एक खम्भे को 20 सैकण्ड में पार करती है. यदि *A* की लम्बाई 240 मीटर हो, तो *B* की लम्बाई कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 360 मीटर (*b*) 260 मीटर (*c*) 300 मीटर (*d*) ज्ञात नहीं की जा सकती
(*e*) इनमें से कोई नहीं

44. एक 300 मीटर लम्बी रेलगाड़ी ने रेलवे लाइन के साथ-साथ रेलगाड़ी की ही दिशा में 3 किमी०/घण्टा की चाल से जा रहे व्यक्ति को 33 सैकण्ड में पार किया. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(*a*) 30 किमी०/घण्टा (*b*) 32 किमी०/घण्टा (*c*) $32\frac{8}{11}$ किमी०/घण्टा (*d*) $35\frac{8}{11}$ किमी०/घण्टा

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

45. एक 180 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक अपने से विपरीत दिशा में चल रही 270 मीटर लम्बी रेलगाड़ी को 10·8 सैकण्ड में पार कर जाती है. यदि पहली रेलगाड़ी की चाल 60 किमी०/घण्टा हो, तो दूसरी रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(*a*) 80 किमी०/घण्टा (*b*) 90 किमी०/घण्टा (*c*) 150 किमी०/घण्टा (*d*) ज्ञात नहीं की जा सकती
(*e*) इनमें से कोई नहीं **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 18A)

1. (*a*)	2. (*c*)	3. (*e*)	4. (*a*)	5. (*b*)	6. (*b*)	7. (*c*)	8. (*c*)	9. (*d*)	10. (*c*)
11. (*d*)	12. (*c*)	13. (*d*)	14. (*d*)	15. (*d*)	16. (*d*)	17. (*d*)	18. (*a*)	19. (*c*)	20. (*c*)
21. (*c*)	22. (*d*)	23. (*a*)	24. (*a*)	25. (*c*)	26. (*c*)	27. (*b*)	28. (*a*)	29. (*a*)	30. (*b*)
31. (*a*)	32. (*b*)	33. (*a*)	34. (*b*)	35. (*b*)	36. (*b*)	37. (*a*)	38. (*d*)	39. (*d*)	40. (*b*)
41. (*b*)	42. (*d*)	43. (*a*)	44. (*d*)	45. (*b*)					

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 18A

1. रेलगाड़ी की चाल $= \left(30 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर प्रति सै० $= \frac{25}{3}$ मीटर प्रति सै०.

अभीष्ट समय $= \frac{(100)}{(25/3)}$ सैकण्ड $= \frac{(100 \times 3)}{25}$ सैकण्ड = 12 सैकण्ड.

2. रेलगाड़ी की चाल $= \left(45 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर प्रति सैकण्ड $= \frac{25}{2}$ मीटर प्रति सैकण्ड.

अभीष्ट समय = रेलगाड़ी द्वारा (171 + 229) मीटर दूरी तय करने में लगा समय

$= \left(400 \times \frac{2}{25}\right)$ सैकण्ड = 32 सैकण्ड.

3. प्लेटफार्म को पार करने में तय की गई दूरी = (180 + 180) मीटर = 360 मीटर.

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{360}{18}$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सै०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

4. रेलगाड़ी की चाल $= \left(60 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{50}{3}$ मीटर/सै०.

माना पुल की लम्बाई $= x$ मीटर.

$\left(\frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \text{समय}\right) \Rightarrow \frac{(125+x)}{(50/3)} = 30 \Rightarrow 125 + x = 500 \Rightarrow x = 375.$

अत: पुल की लम्बाई = 375 मीटर.

5. बिना रुके लिया गया समय = 8 घण्टे, रुकते हुए लिया गया समय = 9 घण्टे.

9 घण्टे में से रुकने में लगा समय = 1 घण्टा = 60 मिनट.

1 घण्टे में से रुकने में लगा समय $= \left(\frac{60}{9}\right)$ मिनट $= 6\frac{2}{3}$ मिनट.

6. रेलगाड़ी की चाल $= \left(\frac{250}{15}\right)$ मीटर/सै० $= \left(\frac{250}{15} \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.

7. रेलगाड़ी की चाल $= \left(60 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{50}{3}$ मीटर/सै०.

अभीष्ट समय = (280 + 220) मीटर दूरी तय करने में लगा समय

$= \left(500 \times \frac{3}{50}\right)$ सैकण्ड = 30 सैकण्ड.

8. रेलगाड़ी की चाल $= \left(108 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 30 मीटर/सै०.

माना प्लेटफार्म की लम्बाई $= x$ मीटर.

$\frac{(240+x)}{30} = 20 \Rightarrow 240 + x = 600 \Rightarrow x = (600 - 240) = 360$ मी०.

व्यक्ति की चाल $= \frac{(360)}{(5 \times 60)}$ मीटर/सै० = 1·2 मीटर/सैकण्ड.

9. चूँकि प्लेटफार्म की लम्बाई नहीं दी गई है, अत: रेलगाड़ी की चाल ज्ञात नहीं की जा सकती.

अत: उत्तर (*d*) सही है.

10. माना रेलगाड़ी की लम्बाई $= x$ मीटर. तब,

$\frac{x}{5} = \frac{(600+x)}{35} \Rightarrow 35x = 3000 + 5x \Rightarrow 30x = 3000 \Rightarrow x = 100.$

अत: रेलगाड़ी की लम्बाई = 100 मीटर.

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{100}{5}$ मीटर/सै० $= \left(20 \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 72 किमी०/घण्टा.

11. माना पहली रेलगाड़ी की लम्बाई $= x$ मीटर तथा पुल की लम्बाई $= y$ मीटर.

पहली रेलगाड़ी की चाल $= \left(90 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 25 मीटर/सैकण्ड.

$\therefore \frac{(x+y)}{25} = 36 \Rightarrow x + y = 900.$ ...(*i*)

दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई = (x – 100) मीटर, पुल की लम्बाई $= y$ मीटर.

दूसरी रेलगाड़ी की चाल $= \left(45 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{25}{2}$ मीटर/सै०.

पुल पार करने में इस गाड़ी द्वारा लिया गया समय $= \frac{(x-100)+y}{(25/2)}$ सै०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \frac{2[(x+y)-100]}{25} \text{ सै०} = \left[\frac{2(x+y)-200}{25}\right] \text{ सै०}$$

$$= \frac{(2\times900-200)}{25} \text{ सै०} = \frac{1600}{25} \text{ सै०} = 64 \text{ सै०.}$$

12. माना रेलगाड़ी की चाल $= x$ मीटर/सै० तथा इसकी लम्बाई $= y$ मीटर. तब

$$\frac{(162+y)}{x} = 18 \Rightarrow 18x - y = 162 \qquad \ldots(i)$$

$$\frac{(120+y)}{x} = 15 \Rightarrow 15x - y = 120 \qquad \ldots(ii)$$

(i) में से (ii) घटाने पर $3x = 42 \Rightarrow x = 14$.

$\therefore$ रेलगाड़ी की चाल = 14 मीटर/सै० $= \left(14\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा.

$= \frac{252}{5}$ किमी०/घण्टा = 50·4 किमी०/घण्टा.

13. माना रेलगाड़ी की लम्बाई $= x$ मीटर. तब

$$\frac{(x+122)}{17} = \frac{(x+210)}{25} \Rightarrow 25x + 3050 = 17x + 3570$$

$$\Rightarrow 8x = 520 \Rightarrow x = 65 \text{ मीटर.}$$

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{(65+122)}{17}$ मीटर/सै० $= \left(\frac{187}{17}\right)$ मीटर/सै०

$= \left(11\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा $= \frac{198}{5}$ किमी०/घण्टा

= 39·6 किमी०/घण्टा.

14. माना रेलगाड़ी की चाल $= x$ मीटर/सैकण्ड. तब

$$\frac{240}{x} + 40 = \frac{(240+480)}{x} \Rightarrow \frac{720}{x} - \frac{240}{x} = 40$$

$$\Rightarrow 40x = (720-240) = 480 \Rightarrow x = 12.$$

$\therefore$ रेलगाड़ी की चाल = 12 मीटर/सैकण्ड.

15. माना रेलगाड़ी की लम्बाई $= x$ मीटर. तब

$$\frac{(110+x)}{40} = \frac{x}{30} \Rightarrow 3300 + 30x = 40x \Rightarrow 10x = 3300 \Rightarrow x = 330 \text{ मीटर.}$$

16. चल रही गाड़ी की चाल $= \left(84\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{70}{3}$ मीटर/सैकण्ड.

खड़ी गाड़ी को पार करने में चली गई दूरी = (210 + 210) मीटर = 420 मीटर.

अभीष्ट समय $= \left(420\times\frac{3}{70}\right)$ सैकण्ड = 18 सैकण्ड.

17. तेज गाड़ी की धीमी गाड़ी के सापेक्ष चाल = (72 – 60) किमी०/घण्टा

$= \left(12\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{10}{3}$ मीटर/सै०.

अभीष्ट समय = सापेक्ष चाल से (240 + 240) मीटर दूरी तय करने में लगा समय

$= \left(480\times\frac{3}{10}\right)$ सैकण्ड = 144 सैकण्ड = 2 मिनट 24 सैकण्ड.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

18. रेलगाड़ियों की सापेक्ष चाल = (60 + 48) किमी०/घण्टा $= \left(108 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 30 मीटर/सै०.

कुल तय की गई दूरी = (240 + 270) मीटर = 510 मीटर.

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{510}{30}$ सैकण्ड = 17 सैकण्ड.

19. रेलगाड़ियों के सापेक्ष चाल = (80 + 55) किमी०/घण्टा

$$= \left(135 \times \frac{5}{18}\right) \text{ मीटर/सै०} = \frac{75}{2} \text{ मीटर/सै०.}$$

कुल दूरी = (90 + 120 + 90) मीटर = 300 मीटर.

अभीष्ट समय $= \left(300 \times \frac{2}{75}\right)$ सैकण्ड = 8 सैकण्ड.

20. माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x किमी० तथा चाल = y किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{x}{(y-2)} = \frac{9}{60 \times 60} \Rightarrow 3600x = 9y - 18 \Rightarrow y - 400x = 2 \quad \ldots(i)$$

तथा $$\frac{x}{(y-4)} = \frac{10}{60 \times 60} \Rightarrow 360x = y - 4 \Rightarrow y - 360x = 4 \quad \ldots(ii)$$

(i) तथा (ii) को हल करने पर $40x = 2 \Rightarrow x = \frac{1}{20}$.

रेलगाड़ी की लम्बाई $= \frac{1}{20}$ किमी० $= \left(\frac{1}{20} \times 1000\right)$ मीटर = 50 मीटर.

21. माना रेलगाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

रेलगाड़ी की सामने से आ रहे व्यक्ति के सापेक्ष चाल = $(x + 3)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore (x+3) \times \frac{5}{18} = \frac{240}{10} \Rightarrow 5(x+3) = 432$$

$$\Rightarrow 5x = (432 - 15) = 417 \Rightarrow x = 83 \cdot 4.$$

∴ रेलगाड़ी की चाल = 83·4 किमी०/घण्टा.

22. माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर.

रेलगाड़ी की व्यक्ति के सापेक्ष चाल = (30 – 15) किमी०/घण्टा

$$= \left(15 \times \frac{5}{18}\right) \text{ मीटर/सै०} = \frac{25}{6} \text{ मीटर/सै०.}$$

$$\therefore \frac{x}{(25/6)} = 48 \Rightarrow 6x = 25 \times 48 \Rightarrow x = 200 \text{ मीटर.}$$

23. माना गाड़ियों की चाल क्रमशः $3x$ मीटर/सै० तथा $4x$ मीटर/सै० हैं.

इनके द्वारा 3 सैकण्ड में तय की गई दूरियाँ क्रमशः $9x$ मीटर तथा $12x$ मीटर हैं.

अतः इन गाड़ियों की लम्बाईयाँ क्रमशः $9x$ मीटर तथा $12x$ मीटर हैं.

इन गाड़ियों की सापेक्ष चाल = $(3x + 4x)$ मीटर/सै० = $7x$ मीटर/सै०.

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{(9x + 12x)}{7x}$ सै० = 3 सैकण्ड.

24. तेज गाड़ी की धीमी गाड़ी के सापेक्ष चाल = (56 – 46) किमी०/घण्टा

$$= \left(10 \times \frac{5}{18}\right) \text{ मीटर/सै०} = \frac{25}{9} \text{ मीटर/सै०.}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

माना प्रत्येक गाड़ी की लम्बाई = x मीटर. तब

$$\frac{2x}{\left(\frac{25}{9}\right)} = 36 \Rightarrow \frac{18x}{25} = 36 \Rightarrow x = \frac{36 \times 25}{18} = 50 \text{ मीटर.}$$

25. माना रेलगाड़ी की लम्बाई = L मीटर तथा चाल = x मी०/सै० है. तब

$$\frac{(96+L)}{12} = \frac{(141+L)}{15} \Rightarrow 15(96+L) = 12(141+L) \Rightarrow 3L = (1692 - 1440) = 252 \Rightarrow L = 84$$

∴ रेलगाड़ी की लम्बाई = 84 मीटर.

चाल $= \frac{(96+84)}{12}$ मी०/सै० $= \left(\frac{180}{12} \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 54 किमी०/घण्टा.

26. मालगाड़ियों की सापेक्ष गति = (45 + 30) किमी०/घण्टा $= \left(75 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{125}{6}$ मीटर/सै०.

तय की गई दूरी = (500 + 500) मीटर = 1000 मीटर.

अभीष्ट समय $= \left(1000 \times \frac{6}{125}\right)$ सैकण्ड = 48 सैकण्ड.

27. माना इन रेलगाड़ियों की चाल क्रमशः x मीटर/सै० तथा y मीटर/सै० हैं.

तब, पहली रेलगाड़ी की लम्बाई = $27x$ मीटर.

दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई = $17y$ मीटर.

$$\therefore \frac{(27x+17y)}{(x+y)} = 23 \Rightarrow 27x+17y = 23x+23y \Rightarrow 4x = 6y \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{3}{2}.$$

अतः अभीष्ट अनुपात = 3 : 2.

28. माना पहली रेलगाड़ी की लम्बाई = $2x$ मीटर तथा दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर.

इन गाड़ियों के सापेक्ष चाल = (48 + 42) किमी०/घण्टा

$= \left(90 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सैकण्ड = 25 मीटर/सैकण्ड.

$$\therefore \frac{(2x+x)}{25} = 12 \Rightarrow 3x = 300 \Rightarrow x = 100.$$

पहली गाड़ी की लम्बाई = 200 मीटर.

माना प्लेटफार्म की लम्बाई = y मीटर.

$$\therefore \frac{(200+y)}{45} = \left(48 \times \frac{5}{18}\right) = \frac{40}{3} \Rightarrow 600 + 3y = 1800$$

$$\Rightarrow 3y = 1200 \Rightarrow y = 400.$$

अतः प्लेटफार्म की लम्बाई = 400 मीटर.

29. माना ये रेलगाड़ियाँ A से x किमी० की दूरी पर मिलेंगी. तब,

$$\frac{x}{80} - \frac{(200-x)}{100} = \frac{1}{2} \Rightarrow 5x - 4(220-x) = 200$$

$$\Rightarrow 9x = 1080 \Rightarrow x = 120.$$

अतः दोनों रेलगाड़ियाँ A से 120 किमी० की दूरी पर मिलेंगी.

30. माना दोनों रेलगाड़ियाँ 7 बजे से x घण्टे बाद मिलती हैं. तब

A द्वारा x घण्टे में तय की गई दूरी = $(20x)$ किमी०.

B द्वारा $(x-1)$ घण्टे में तय की गई दूरी = $25(x-1)$ किमी०.

$$\therefore 20x + 25(x-1) = 110 \Rightarrow 45x = 135 \Rightarrow x = 3.$$

अतः दोनों रेलगाड़ियाँ प्रातः 10 बजे मिलेंगी.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

31. माना रेलगाड़ी B की चाल $= x$ किमी०/घण्टा.

A की B के सापेक्ष चाल $= (120 - x)$ किमी०/घण्टा

$$= \left[(120-x)\times\frac{5}{18}\right] \text{ मीटर/सैकण्ड } = \frac{(600-5x)}{18} \text{ मीटर/सै०.}$$

$$\therefore \frac{30}{\frac{(600-5x)}{18}} = 120 \Rightarrow \frac{5400}{(600-5x)} = 120 \Rightarrow \frac{45}{(600-5x)} = 1$$

$$\Rightarrow 600 - 5x = 45 \Rightarrow 5x = (600-45) = 555$$

$$\Rightarrow x = 111 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

32. माना प्रत्येक गाड़ी की लम्बाई $= x$ मीटर.

पहली गाड़ी की चाल $= \frac{x}{6}$ मीटर/सैकण्ड.

दूसरी गाड़ी की चाल $= \frac{x}{9}$ मीटर/सैकण्ड.

आपेक्षिक चाल $= \left(\frac{x}{6}+\frac{x}{9}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{5x}{18}$ मीटर/सै०

अभीष्ट समय $= \frac{(x+x)}{(5x/18)}$ सैकण्ड $= \left(\frac{2x\times18}{5x}\right)$ सैकण्ड $= \frac{36}{5}$ सैकण्ड $= 7{\cdot}2$ सैकण्ड.

33. माना अभीष्ट दूरी $= x$ किमी०.

A द्वारा लिया गया समय $= 1$ घण्टा, B द्वारा लिया गया समय $= \frac{3}{2}$ घण्टे.

A की चाल $= x$ किमी०/घण्टा, B की चाल $= \left(x\times\frac{2}{3}\right)$ किमी०/घण्टा.

माना ये रेलगाड़ियाँ सायं 4 बजे के y घण्टे बाद मिलती हैं.

तब, $xy + \frac{2xy}{3} = x \Rightarrow y + \frac{2y}{3} = 1 \Rightarrow \frac{5y}{3} = 1 \Rightarrow y = \frac{3}{5}$ घण्टे

$$\Rightarrow y = \left(\frac{3}{5}\times60\right) \text{ मिनट} = 36 \text{ मिनट.}$$

अत: दोनों गाड़ियाँ सायं 4:36 बजे मिलेंगी.

34. **विशेष संक्षिप्त विधि :**

(A की चाल) : (B की चाल) $= \left(\sqrt{b}:\sqrt{a}\right) = \sqrt{16}:\sqrt{9} = 4:3.$

35. **विशेष संक्षिप्त विधि :**

$$\frac{X \text{ की चाल}}{Y \text{ की चाल}} = \left(\frac{Y \text{ द्वारा } A \text{ तक पहुँचने में लिया गया समय}}{X \text{ द्वारा } B \text{ तक पहुँचने में लिया गया समय}}\right)^{\frac{1}{2}}$$

$$\Rightarrow \frac{45}{y} = \sqrt{\frac{10}{3}\times\frac{5}{24}} = \sqrt{\frac{25}{36}} = \frac{5}{6}$$

$$\Rightarrow y = \frac{6\times45}{5} \Rightarrow y = 54.$$

$\therefore Y$ की चाल $= 54$ किमी०/घण्टा.

36. माना रेलगाड़ी की चाल $= x$ किमी०/घण्टा.

इन व्यक्तियों के सापेक्ष रेलगाड़ी की चाल क्रमश: $(x-3)$ किमी०/घण्टा तथा $(x-6)$ किमी०/घण्टा हैं.

$$\therefore (x-3)\times\frac{5}{18}\times9 = (x-6)\times\frac{5}{18}\times10 \Rightarrow 9(x-3) = 10(x-6) \Rightarrow x = 33.$$

अभीष्ट चाल $= 33$ किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

37. तेज गाड़ी की धीमी गाड़ी के सापेक्ष चाल = (60 – 40) किमी०/घण्टा

$$= \left(20 \times \frac{5}{18}\right) \text{ मीटर/सै०} = \frac{50}{9} \text{ मीटर/सै०.}$$

अभीष्ट गाड़ी की लम्बाई = सापेक्ष गति से 18 सैकण्ड में तय की गई दूरी

$$= \left(\frac{50}{9} \times 18\right) \text{ मीटर} = 100 \text{ मीटर.}$$

38. माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर. तब

$$\frac{x}{20} = \frac{x+100}{30} \Rightarrow 30x = 20x + 2000$$

$$\Rightarrow 10x = 2000 \Rightarrow x = 200 \text{ मीटर.}$$

39. दूसरी गाड़ी की लम्बाई ज्ञात करने हेतु उस गाड़ी की चाल भी ज्ञात होना आवश्यक है, जो नहीं दी गई है. अतः दूसरी गाड़ी की लम्बाई ज्ञात नहीं की जा सकती.

40. 21 खम्भों के बीच की दूरी = (20 × 50) मीटर = 1000 मीटर.

समय = 1 मिनट = 60 सैकण्ड.

गाड़ी की औसत चाल $= \frac{1000}{60}$ मीटर/सै० $= \left(\frac{1000}{60} \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.

41. माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर

तब, व्यक्ति की चाल $= \frac{x}{(5 \times 60)}$ मीटर/सै० $= \frac{x}{300}$ मीटर/सै०.

तथा, रेलगाड़ी की चाल $= \frac{x}{48}$ मीटर/सै०.

(व्यक्ति की चाल) : (रेलगाड़ी की चाल) $= \frac{x}{300} : \frac{x}{48} = \frac{1}{300} : \frac{1}{48}$

$$= 48 : 300 = 4 : 25.$$

42. रेलगाड़ी की चाल = 60 किमी०/घण्टा $= \left(60 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{50}{3}$ मीटर/सै०.

अभीष्ट समय $= \frac{750}{(50/3)}$ सैकण्ड $= \frac{(750 \times 3)}{50}$ सैकण्ड = 45 सैकण्ड.

43. माना स्थिर रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर. तब

$$\frac{240+x}{50} = \frac{240}{20} \Rightarrow \frac{240+x}{50} = 12 \Rightarrow 240 + x = 600$$

$$\Rightarrow x = (600 - 240) = 360 \text{ मीटर.}$$

44. माना रेलगाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

व्यक्ति के सापेक्ष रेलगाड़ी की चाल = $(x - 3)$ किमी०/घण्टा $= \frac{(x-3) \times 5}{18}$ मीटर/सैकण्ड.

$$\therefore \frac{(x-3) \times 5}{18} = \frac{300}{33} \Rightarrow x - 3 = \left(\frac{100}{11} \times \frac{18}{5}\right) = \frac{360}{11}$$

$$\Rightarrow 11x - 33 = 360 \Rightarrow 11x = 393 \Rightarrow x = 35\frac{8}{11} \text{ किमी०/घण्टा.}$$

45. माना दूसरी रेलगाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

पहली गाड़ी की दूसरी गाड़ी के सापेक्ष चाल = $(60 + x)$ किमी०/घण्टा

$$= \left[(60+x) \times \frac{5}{18}\right] \text{ मीटर/सैकण्ड.}$$

$$\therefore \frac{(60+x) \times 5}{18} = \frac{(180+270)}{10 \cdot 8} \Rightarrow (60+x) = \left(\frac{4500}{108} \times \frac{18}{5}\right) \Rightarrow 60 + x = 150$$

$$\Rightarrow x = 90 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 18B

1. एक रेलगाड़ी 30 किमी० की दूरी तय करने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इसके परिणामस्वरूप गाड़ी की चाल अपनी सामान्य चाल की $\frac{4}{5}$ हो गई तथा यह अपने गंतव्य स्थान पर 45 मिनट देरी से पहुंची. यदि दुर्घटना इस दुर्घटनास्थल से 18 किमी० आगे हुई होती तो यह रेलगाड़ी अपने गंतव्य पर केवल 36 मिनट देर से पहुँचती. रेलगाड़ी की सामान्य चाल कितनी थी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
2. एक 100 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 60 किमी० प्रति घण्टा की चाल से जा रही है. यह अपने सामने से दुगुनी चाल से आ रही रेलगाड़ी को 10 सैकण्ड में पार कर जाती है. दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
3. एक मालगाड़ी शहर X से शहर Y की ओर जाते हुए 1 घण्टे बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर इसे आधा-घण्टा रोक लिया जाता है. इसके बाद यह अपनी सामान्य चाल की $\frac{4}{5}$ चाल से चलकर Y पर 2 घण्टे देरी से पहुँचती है. यदि दुर्घटना से पहले यह 80 किमी० और चली होती, तो केवल एक घण्टे देरी से पहुँचती. दुर्घटना से पहले मालगाड़ी की चाल कितनी थी तथा X और Y के बीच दूरी कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
4. 100 मीटर लम्बी रेलगाड़ी अपने सामने से 5 किमी०/घण्टा की चाल से आ रहे व्यक्ति को $7\frac{1}{5}$ सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी की चाल कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
5. दो रेलगाड़ियाँ 650 किमी० की दूरी पर स्थित दो बिन्दुओं से एक दूसरी की ओर चलना आरम्भ करती हैं. यदि वे दोनों एक ही समय पर एक दूसरी की ओर चलें तो 10 घण्टे बाद मिलती हैं. परन्तु यदि इनमें से एक दूसरी से 4 घण्टे 20 मिनट बाद चले तो बाद में चलने वाली रेलगाड़ी के चलने के 8 घण्टे बाद ये दोनों मिलती हैं. प्रत्येक रेलगाड़ी की औसत चाल ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**
6. 125 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 60 किमी०/घण्टा की सामान्य चाल से जा रही है. यदि यह एक पुल को 30 सैकण्ड में पार करे तो पुल की लम्बाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
7. दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 30 किमी०/घण्टा तथा 58 किमी०/घण्टा की गति से जा रही हैं. धीमी गति वाली रेलगाड़ी में बैठा हुआ एक व्यक्ति तेज गति वाली रेलगाड़ी को 18 सैकण्ड में पार कर जाता है. तेज गति वाली रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
8. दो रेलगाड़ियाँ जो एक दूसरे की विपरीत दिशा में क्रमशः 75 किमी०/घण्टा तथा 60 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं, एक दूसरे को 8 सैकण्ड में पार कर जाती हैं. जब वे एक ही दिशा में जाती हैं तो तेज गाड़ी में बैठा हुआ एक यात्री अनुभव करता है कि वह दूसरी गाड़ी को 30 सैकण्ड में पार कर लेता है. गाड़ियों की लम्बाइयाँ ज्ञात कीजिए.
9. दो रेलगाड़ियाँ जिनमें से प्रत्येक 80 मीटर लम्बी है, समान्तर पटरियों पर चल रही हैं. यदि वे एक दिशा में जा रही हैं, तो तेज गति वाली रेलगाड़ी दूसरी रेलगाड़ी को एक मिनट में पार कर जाती है. जब वे विपरीत दिशा में जाती हैं तो एक दूसरे को 3 सैकण्ड में पार कर जाती हैं. प्रत्येक गाड़ी की चाल मीटर/सैकण्ड में ज्ञात कीजिए.
10. 72 किमी०/घण्टा की गति से जा रही एक रेलगाड़ी समान्तर पटरी पर उसी दिशा में 54 किमी०/घण्टा की गति से जा रही 192 मीटर लम्बी रेलगाड़ी के पास पहुँच जाती है तथा इसे पूर्णतया $1\frac{1}{2}$ मिनट में पार कर जाती है. यदि ये दोनों गाड़ियाँ विपरीत दिशाओं में जा रही हों, तो कितने समय में एक दूसरे को पार कर जायेंगी ? तेज गति से जा रही रेलगाड़ी की लम्बाई भी ज्ञात करें.
11. 126 मीटर तथा 114 मीटर लम्बी दो रेलगाड़ियाँ विपरीत दिशाओं में क्रमशः 30 किमी०/घण्टा तथा 42 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं. मिलने के कितने समय बाद वे एक दूसरे को पार कर लेंगी ?
12. 100 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी अपनी विपरीत दिशा से 5 किमी०/घण्टा की चाल से अपनी ओर आते हुए व्यक्ति को 6 सैकण्ड में पार कर जाती है. गाड़ी की चाल कितनी है ?

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13. 54 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही एक रेलगाड़ी एक प्लेटफार्म को 20 सैकण्ड में पार कर जाती है. रेलगाड़ी अपनी ही दिशा में 6 किमी०/घण्टा की चाल से भागे जा रहे व्यक्ति को 12 सैकण्ड में पार कर जाती है. गाड़ी की लम्बाई तथा प्लेटफार्म की लम्बाई ज्ञात कीजिए.

14. दो रेलगाड़ियाँ समान्तर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में क्रमश: 75 किमी०/घण्टा तथा 60 किमी०/घण्टा की चाल से जा रही हैं तथा एक दूसरे को 8 सैकेण्ड में पार कर जाती हैं. जब वे एक ही दिशा में जा रही होती हैं तो कम गति वाली रेलगाड़ी में बैठे व्यक्ति को दूसरी रेलगाड़ी $32\frac{1}{2}$ सैकण्ड में पार कर जाती है. प्रत्येक रेलगाड़ी की लम्बाई ज्ञात करें.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 18B)

1. 30 किमी०/घण्टा **2.** 400 मीटर **3.** 20 किमी०/घण्टा, 140 किमी० **4.** 45 किमी०/घण्टा
5. 30 किमी०/घण्टा, 35 किमी०घण्टा **6.** 375 मीटर **7.** 140 मीटर **8.** 125 मीटर, 175 मीटर
9. 2 8 मीटर/सै०, $25\frac{1}{3}$ मीटर/सै० **10.** $12\frac{6}{7}$ सै०, 258 मीटर **11.** 12 सै० **12.** 55 किमी०/घण्टा
13. गाड़ी की लम्बाई = 160 मीटर, प्लेटफार्म की लम्बाई = 140 मीटर **14.** 168.75 मीटर, 131.25 मीटर

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 18B

1. माना कुल दूरी = x किमी० तथा सामान्य चाल = y किमी०/घण्टा. तब,

$$\frac{(x-30)}{\frac{4}{5}y}-\frac{(x-30)}{y}=\frac{45}{60}\Rightarrow\frac{5(x-30)}{4y}-\frac{(x-30)}{y}=\frac{3}{4}$$

$$\Rightarrow(5x-150)-(4x-120)=3y$$

$$\Rightarrow x-3y=30 \qquad \ldots(i)$$

तथा $$\frac{(x-48)}{\frac{4}{5}y}-\frac{(x-48)}{y}=\frac{36}{60}\Rightarrow\frac{5(x-48)}{4y}-\frac{(x-48)}{y}=\frac{3}{5}$$

$$\Rightarrow 25(x-48)-20(x-48)=12y$$

$$\Rightarrow 5x-12y=240 \qquad \ldots(ii)$$

(i) को 5 से गुणा करके (ii) में से घटाने पर : $3y=90\Rightarrow y=30$.

अत: रेलगाड़ी की सामान्य चाल = 30 किमी०/घण्टा.

2. माना दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई = x मीटर.

पहली रेलगाड़ी की चाल = 60 किमी०/घण्टा, दूसरी रेलगाड़ी की चाल = 120 किमी०/घण्टा.

ये दोनों रेलगाड़ियाँ एक दूसरे की विपरीत दिशा में जा रही हैं.

∴ इनकी सापेक्ष गति = (60 + 120) किमी०/घण्टा

$$=\left(180\times\frac{5}{18}\right)\text{ मीटर/सै०} = 50\text{ मीटर/सै०}.$$

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $=\frac{(100+x)}{50}$ सै०.

$$\therefore\ \frac{(100+x)}{50}=10\Rightarrow(100+x)=500\Rightarrow x=400.$$

अत: दूसरी गाड़ी की लम्बाई = 400 मीटर.

3. माना मालगाड़ी की सामान्य चाल = x किमी०/घण्टा तथा $XY = y$ किमी०.

माना यह बिन्दु A पर दुर्घटनाग्रस्त होती है, जहाँ $XA = x$ किमी०. तब

$$1+\frac{1}{2}+\frac{(y-x)}{\frac{4}{5}x}=\frac{y}{x}+2$$



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \frac{5(y-x)}{4x} - \frac{y}{x} = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow 5y - 5x - 4y = 2x \Rightarrow y - 7x = 0$ ...(i)

पुन: माना यह बिन्दु B पर दुर्घटनाग्रस्त होती है, जहाँ $AB = 80$ किमी०. तब

$$\frac{(x+80)}{x} + \frac{1}{2} + \frac{y-(x+80)}{\frac{4x}{5}} = \frac{y}{x} + 1$$

$$\Rightarrow \frac{(x+80)}{x} + \frac{5(y-x-80)}{4x} - \frac{y}{x} = \frac{1}{2}$$

$\Rightarrow 4(x+80) + 5(y-x-80) - 4y = 2x$

$\Rightarrow 4x + 320 + 5y - 5x - 400 - 4y = 2x \Rightarrow y - 3x = 80$ ...(ii)

(i) से (ii) में $y = 7x$ रखने पर, $7x - 3x = 80 \Rightarrow 4x = 80 \Rightarrow x = 20.$

(i) में $x = 20$ रखने पर, $y = 140.$

अत: मालगाड़ी की सामान्य चाल = 20 किमी०/घण्टा तथा दूरी XY=140 किमी०.

4. माना रेलगाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

व्यक्ति के सापेक्ष रेलगाड़ी की चाल = $(x + 5)$ किमी०/घण्टा

$= \left[(x+5) \times \frac{5}{18}\right]$ मीटर/सैकण्ड.

$$\therefore \frac{100}{\frac{5(x+5)}{18}} = \frac{36}{5} \Rightarrow \frac{20 \times 18}{x+5} = \frac{36}{5} \Rightarrow \frac{10}{x+5} = \frac{1}{5} \Rightarrow x + 5 = 50 \Rightarrow x = 45.$$

अत: रेलगाड़ी की चाल = 45 किमी०/घण्टा.

5. माना इन रेलगाड़ियों की औसत चाल क्रमश: x किमी०/घण्टा तथा y किमी० प्रति घण्टा हैं.

जब दोनों एक साथ एक दूसरे की ओर चलती हैं तो सापेक्ष चाल = $(x + y)$ किमी०/घण्टा.

$\therefore 10(x+y) = 650 \Rightarrow x + y = 65$ ...(i)

दूसरी दशा में पहली रेलगाड़ी दूसरी से $4\frac{20}{60}$ घण्टे अर्थात $\frac{13}{3}$ घण्टे पहले चलती है.

पहली रेलगाड़ी द्वारा $\frac{13}{3}$ घण्टे में तय की गई दूरी $= \frac{13x}{3}$ किमी०.

शेष दूरी $(x + y)$ किमी०/घण्टा की दर से 8 घण्टे में तय की जाती है.

$$\therefore \frac{13x}{3} + 8(x+y) = 650 \Rightarrow \frac{13x}{3} + 8 \times 65 = 650$$

$$\Rightarrow \frac{13x}{3} = (650 - 520) = 130 \Rightarrow x = \frac{130 \times 3}{13} \Rightarrow x = 30.$$

(i) में $x = 30$ रखने पर, $y = 35.$

अत: इन रेलगाड़ियों की चाल क्रमश: 30 किमी०/घण्टा तथा 35 किमी०/घण्टा हैं.

6. रेलगाड़ी की चाल $= \left(60 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{50}{3}$ मीटर/सै०.

माना पुल की लम्बाई = x मीटर. तब,

$$\frac{(125+x)}{(50/3)} = 30 \Rightarrow 3(125+x) = 1500$$

$$\Rightarrow 3x = (1500 - 375) = 1125 \Rightarrow x = 375.$$

$\therefore$ पुल की लम्बाई = 375 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. धीमी गति वाली रेलगाड़ी की चाल = 30 किमी०/घण्टा.
तेज गति वाली रेलगाड़ी की चाल = 58 किमी०/घण्टा.
दोनों रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में जा रही हैं.
इनकी सापेक्ष चाल = (58 – 30) किमी०/घण्टा $= \left(28\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{70}{9}$ मीटर/सै०.
इस चाल से 18 सै० में तय की गई दूरी $= \left(\frac{70}{9}\times 18\right)$ मीटर = 140 मीटर.
तेज चाल वाली गाड़ी की लम्बाई = 140 मीटर.

8. विपरीत दिशा में जा रही रेलगाड़ियों की आपेक्षिक चाल = (75 + 60) किमी०/घण्टा
$= \left(135\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{75}{2}$ मीटर/सै०.
इस चाल से 8 सैकण्ड में तय की गई दूरी $= \left(\frac{75}{2}\times 8\right)$ मीटर = 300 मीटर.
अत: दोनों गाड़ियों की लम्बाई का योग = 300 मीटर.
एक ही दिशा में जा रही रेलगाड़ियों की सापेक्ष चाल = (75 – 60) किमी०/सै०
$= \left(15\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{25}{6}$ मीटर/सै०.
इस चाल से 30 सैकण्ड में तय की गई दूरी $= \left(\frac{25}{6}\times 30\right)$ मीटर = 125 मीटर.
धीमी चलने वाली गाड़ी की लम्बाई = 125 मीटर.
दूसरी गाड़ी की लम्बाई = (300 – 125) मीटर = 175 मीटर.

9. माना रेलगाड़ियों की चाल क्रमश: x मीटर/सै० तथा y मीटर/सै० हैं.
जब वे एक ही दिशा में जाती हैं तो उनकी सापेक्ष चाल = $(x-y)$ मीटर/सै०.
जब वे विपरीत दिशा में जाती हैं तो उनकी सापेक्ष चाल = $(x+y)$ मीटर/सै०.

$$\frac{160}{(x-y)} = 60 \Rightarrow 3(x-y) = 8 \Rightarrow 3x - 3y = 8 \quad \ldots(i)$$

$$\frac{160}{(x+y)} = 3 \Rightarrow 3(x+y) = 160 \Rightarrow 3x + 3y = 160 \quad \ldots(ii)$$

(i) तथा (ii) को जोड़ने पर : $6x = 168 \Rightarrow x = 28$.
(i) में $x = 28$ रखने पर $84 - 3y = 8 \Rightarrow 3y = 76 \Rightarrow y = \frac{76}{3}$.
अभीष्ट चाल हैं क्रमश: 28 मीटर/सै० तथा $25\frac{1}{3}$ मीटर/सै०.

10. माना तेज चलने वाली गाड़ी की लम्बाई = x मीटर.
तेज चलने वाली रेलगाड़ी की चाल $= \left(72\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सै०,
धीमी चलने वाली रेलगाड़ी की चाल $= \left(54\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 15 मीटर/सै०.
इन गाड़ियों की आपेक्षिक चाल = (20 – 15) मीटर/सै० = 5 मीटर/सै०.
$(192+x)$ मीटर दूरी तय करने में लगा समय $= \left(\frac{3}{2}\times 60\right)$ सै० = 90 सैकण्ड.
$\therefore \frac{(192+x)}{5} = 90 \Rightarrow 192 + x = 450 \Rightarrow x = (450 - 192) = 258$.
∴ तेज रेलगाड़ी की लम्बाई = 258 मीटर.
जब गाड़ियाँ विपरीत दिशाओं में चलती हैं तो सापेक्ष गति = (20 + 15) मी०/सै० = 35 मीटर/सै०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दोनों गाड़ियों की लम्बाई का योग = (192 + 258) मीटर = 450 मीटर.

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{450}{35}$ सैकण्ड $= \frac{90}{7}$ सैकण्ड $= 12\frac{6}{7}$ सैकण्ड.

11. रेलगाड़ियों की लम्बाइयों का योग = (126 + 114) मीटर = 240 मीटर.

आपेक्षिक चाल = (30 + 42) किमी०/घण्टा = $\left(72 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 20 मीटर/सै०.

अभीष्ट समय $= \frac{240}{20}$ सै० = 12 सै०.

12. माना गाड़ी की चाल = x किमी०/घण्टा.

गाड़ी की आपेक्षिक चाल = $(x + 5)$ किमी०/घण्टा = $\left\{(x+5) \times \frac{5}{18}\right\}$ मीटर/सै०.

$\therefore \frac{100}{(x+5) \times \frac{5}{18}} = 6 \Rightarrow 30x + 150 = 1800 \Rightarrow 30x = 1650 \Rightarrow x = 55.$

अत: गाड़ी की चाल 55 किमी०/घण्टा है.

13. गाड़ी की चाल = $\left(54 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = 15 मीटर/सै०.

व्यक्ति के सापेक्ष गाड़ी की चाल = (54 – 6) किमी०/घण्टा = $\left(48 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{40}{3}$ मीटर/सै०.

माना गाड़ी की लम्बाई = x मीटर.

गाड़ी द्वारा व्यक्ति को पार करने में लगा समय $= \frac{x}{(40/3)}$ सै० $= \frac{3x}{40}$ सै०.

$\therefore \frac{3x}{40} = 12 \Rightarrow x = \frac{(12 \times 40)}{3} = 160.$

अत: गाड़ी की लम्बाई = 160 मीटर.

माना प्लेटफार्म की लम्बाई = y मीटर.

प्लेटफार्म को पार करने में लगा समय $= \frac{(160+y)}{15}$ सैकण्ड.

$\therefore \frac{(160+y)}{15} = 20 \Rightarrow (160+y) = 300 \Rightarrow y = 140.$

अत: प्लेटफार्म की लम्बाई = 140 मीटर.

14. पहली रेलगाड़ी की गति = $\left(75 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{125}{6}$ मीटर/सै०.

दूसरी रेलगाड़ी की गति = $\left(60 \times \frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{50}{3}$ मीटर/सै०.

विपरीत दिशा में जा रही गाड़ियों की सापेक्षित गति = $\left(\frac{125}{6} + \frac{50}{3}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{225}{6}$ मीटर/सै०.

एक दूसरे को पार करने में लिया गया समय = 8 सैकण्ड.

दोनों गाड़ियों की लम्बाई का योग = $\left(\frac{225}{6} \times 8\right)$ मी० = 300 मीटर.

समान दिशा में जाते हुए गाड़ियों की आपेक्षिक गति = $\left(\frac{125}{6} - \frac{50}{3}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{25}{6}$ मीटर/सै०.

$\frac{63}{2}$ सै० में इस गति से तय की गई दूरी = $\left(\frac{25}{6} \times \frac{63}{2}\right)$ मीटर = 131·25 मीटर.

दूसरी रेलगाड़ी की लम्बाई = 131·25 मीटर.

पहली रेलगाड़ी की लम्बाई = (300 – 131·25) मीटर = 168·75 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

19 धारा तथा नाव सम्बन्धी प्रश्न (BOATS AND STREAMS)

सामान्य नियम

माना शान्त जल में नाव का वेग = a किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग = b किमी०/घण्टा.

1. (*i*) धारा की दिशा में नाव का वेग (अनुप्रवाह) = $(a + b)$ किमी०/घण्टा.
   (*ii*) धारा की विपरीत दिशा में नाव का वेग (ऊर्ध्वप्रवाह) = $(a - b)$ किमी०/घण्टा.
2. यदि धारा की दिशा में नाव का वेग = x किमी०/घण्टा
   तथा धारा की विपरीत दिशा में नाव का वेग = y किमी०/घण्टा.
   तब, शान्त जल में नाव का वेग $= \frac{1}{2}(x+y)$ किमी०/घण्टा,
   धारा का वेग $= \frac{1}{2}(x-y)$ किमी०/घण्टा.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. एक तैराक की चाल धारा की दिशा में 10 किमी० प्रति घण्टा है तथा धारा के विरुद्ध 6 किमी० प्रति घण्टा है. धारा का वेग तथा शान्त जल में तैराक की चाल ज्ञात कीजिए.

हल : धारा की दिशा में चाल = 10 किमी०/घण्टा.
धारा के विरुद्ध चाल = 6 किमी०/घण्टा.
धारा का वेग $= \frac{1}{2}(10-6)$ किमी०/घण्टा = 2 किमी०/घण्टा.
शान्त जल में तैराक की चाल $= \frac{1}{2}(10+6)$ किमी०/घण्टा = 8 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 2. एक नाविक धारा के विरुद्ध 15 किमी० जाता है तथा धारा की दिशा में 25 किमी० जाता है. उसे प्रत्येक दशा में 5 घण्टे लगते हैं. धारा का वेग तथा शान्त जल में नाविक की चाल ज्ञात कीजिए.

हल : धारा की दिशा में चाल $= \frac{25}{5}$ किमी०/घण्टा = 5 किमी०/घण्टा.
धारा के विरुद्ध चाल $= \frac{15}{5}$ किमी०/घण्टा = 3 किमी०/घण्टा.
धारा का वेग $= \frac{1}{2}(5-3)$ किमी०/घण्टा = 1 किमी०/घण्टा.
शान्त जल में नाविक की चाल $= \frac{1}{2}(5+3)$ किमी०/घण्टा = 4 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 3. एक नाविक का शान्त जल में वेग 6 किमी० प्रति घण्टा है तथा धारा का वेग 2 किमी० प्रति घण्टा है. नदी में नाविक को स्थान *A* से स्थान *B* तक जाने तथा वापिस *A* तक आने में कुल 4 घण्टे 30 मिनट लगते हैं. दूरी *AB* ज्ञात कीजिए.

हल : धारा की दिशा में वेग = (6 + 2) किमी०/घण्टा = 8 किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत वेग = (6 – 2) किमी०/घण्टा = 4 किमी०/घण्टा.
माना दूरी $AB = x$ किमी०. तब

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\frac{x}{8}+\frac{x}{4}=\frac{9}{2} \Rightarrow x+2x=36 \Rightarrow 3x=36 \Rightarrow x=12.$

अभीष्ट दूरी = 12 किमी०.

प्रश्न 4. शान्त जल में एक नाव 13 किमी० प्रति घण्टा की चाल से जाती है तथा धारा का वेग 4 किमी० प्रति घण्टा है. धारा के अनुकूल 68 किमी० दूरी तय करने में इसे कितना समय लगेगा?

हल : धारा के अनुकूल नाव की चाल = (13 + 4) किमी०/घण्टा = 17 किमी०/घण्टा.

धारा के अनुकूल 68 किमी० जाने में लगा समय $=\frac{68}{17}$ घण्टे = 4 घण्टे.

प्रश्न 5. एक नाव धारा की दिशा में 30 किमी० दूरी 2 घण्टे 30 मिनट में तय करती है तथा धारा के विपरीत इतनी दूरी तय करने में इसे 3 घण्टे 45 मिनट लगते हैं. धारा का वेग ज्ञात कीजिए.

हल : धारा की दिशा में नाव का वेग $=\frac{30}{(5/2)}$ किमी०/घण्टा = 12 किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत नाव का वेग $=\frac{30}{(15/4)}$ किमी०/घण्टा $=\frac{(30\times4)}{15}$ किमी०/घण्टा = 8 किमी०/घण्टा.

धारा का वेग $=\frac{1}{2}(12-8)$ किमी०/घण्टा = 2 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 6. एक नदी में धारा का वेग 2 किमी०/घण्टा है. इसमें एक मोटर बोट 6 किमी० धारा के विपरीत जाकर वापिस प्रारम्भिक बिन्दु पर 33 मिनट में पहुँचती है. मोटर बोट की शान्त जल में चाल कितनी है?

हल : माना मोटर बोट की शान्त जल में चाल = x किमी०/घण्टा.

तब, धारा की दिशा में मोटर बोट की चाल = $(x+2)$ किमी०/घण्टा.

तथा, धारा के विपरीत मोटर बोट की चाल = $(x-2)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{6}{(x+2)}+\frac{6}{(x-2)}=\frac{33}{60} \Rightarrow \frac{1}{(x+2)}+\frac{1}{(x-2)}=\frac{11}{120}$$

$$\Rightarrow \frac{(x-2)+(x+2)}{(x+2)(x-2)}=\frac{11}{120} \Rightarrow 240x=11(x^2-4)$$

$$\therefore 11x^2-240x-44=0 \Rightarrow 11x^2-242x+2x-44=0$$

$$\Rightarrow 11x(x-22)+2(x-22)=0 \Rightarrow (x-22)(11x+2)=0 \Rightarrow x=22.$$

$\therefore$ मोटर बोट की शान्त जल में चाल = 22 किमी०/घण्टा.

प्रश्नमाला 19A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. एक नाव धारा की दिशा में 24 किमी० दूरी 4 घण्टे में तय करती है तथा धारा के विपरीत इतनी ही दूरी तय करने में 6 घण्टे लेती है. शान्त जल में नाव की चाल कितनी है? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)**
   (*a*) 3.5 किमी०/घण्टा (*b*) 5.5 किमी०/घण्टा (*c*) 6 किमी०/घण्टा (*d*) आँकड़े अपर्याप्त
   (*e*) इनमें से कोई नहीं
2. एक नाव धारा की दिशा में 8 किमी० दूरी 1 घण्टे में तय करती है तथा धारा के विपरीत 2 किमी० दूरी 1 घण्टे में तय करती है. धारा का वेग कितना है? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
   (*a*) 2 किमी०/घण्टा (*b*) 3 किमी०/घण्टा (*c*) 4 किमी०/घण्टा (*d*) 5 किमी०/घण्टा
3. एक नाविक धारा के अनुदिश 5 मिनट में 1 किमी० की गति से तथा धारा के विपरीत 1 घण्टे में 6 किमी० की गति से नाव खेता है. धारा का वेग कितना है? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
   (*a*) 6 किमी०/घण्टा (*b*) 10 किमी०/घण्टा (*c*) 3 किमी०/घण्टा (*d*) 12 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

4. एक नाव धारा की विपरीत दिशा में 48 मिनट में 12 किमी० की दूरी तय करती है. यदि धारा की गति 2 किमी०/घण्टा हो, तो शान्त जल में नाव की गति कितनी होगी ?
(a) 17 किमी०/घण्टा (b) 15 किमी०/घण्टा (c) 13 किमी०/घण्टा (d) 2·25 किमी०/घण्टा

5. एक मोटर बोट बहाव की दिशा में 9 किमी० की दूरी तय करने में 2 घण्टे लेती है तथा बहाव की विपरीत दिशा में वही दूरी तय करने में 6 घण्टे लेती है. स्थिर पानी में बोट की चाल कितनी है ? (सी०डी०एस० परीक्षा, 2010)
(a) 3 किमी०/घण्टा (b) 2 किमी०/घण्टा (c) 1·5 किमी०/घण्टा (d) 1 किमी०/घण्टा

6. एक आदमी धारा के विपरीत 15 मिनट में तीन-चौथाई किलोमीटर नाव खे सकता है तथा उसी दूरी को वापिस तय करनें में उसे 10 मिनट लगते हैं. उसकी शान्त जल में चाल का धारा की चाल से क्या अनुपात है ?
(a) 3 : 5 (b) 5 : 3 (c) 1 : 5 (d) 5 : 1
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

7. कोई मोटर बोट शान्त जल में 36 किमी०/घण्टा की चाल से चलती है. यह धारा के विपरीत दिशा में 1 घण्टे 45 मिनट में 56 किमी० जाती है. उतनी ही दूरी को धारा के अनुकूल तय करने में उसे कितना समय लगेगा ?
(a) 2 घण्टे 25 मिनट (b) 3 घण्टे (c) 1 घण्टा 24 मिनट (d) 2 घण्टे 21 मिनट
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

8. किसी मोटर बोट की शान्त जल में चाल 45 किमी०/घण्टा है. यदि धारा के अनुकूल 80 किमी० की दूरी तय करने में मोटर बोट 1 घण्टा 20 मिनट का समय ले तो उतनी ही दूरी धारा के विपरीत दिशा में तय करने में वह कितना समय लेगी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) 3 घण्टे (b) 1 घण्टा 20 मिनट (c) 2 घण्टे 40 मिनट (d) 2 घण्टे 55 मिनट

9. किसी धारा के प्रवाह की चाल 4 किमी०/घण्टा है. एक नाव धारा के प्रवाह के प्रतिकूल 6 किमी० जाकर अपने पहले वाले स्थान पर 2 घण्टे में लौट आती है. नाव को धारा के प्रवाह के प्रतिकूल जाने में लगा समय कितना है?
(a) 1 घण्टा (b) $1\frac{1}{5}$ घण्टा (c) $1\frac{1}{4}$ घण्टा (d) $1\frac{1}{2}$ घण्टा
(बीमा कम्पनी परीक्षा, 2010)

10. एक नदी का प्रवाह 2 किमी० प्रति घण्टा है. एक व्यक्ति को नदी के प्रवाह के विरुद्ध खेने में उसके प्रवाह के साथ खेने से दुगुना समय लगता है. व्यक्ति की स्थिर जल में खेने की दर क्या है ?
(a) 6 किमी०/घण्टा (b) 4 किमी०/घण्टा (c) 10 किमी०/घण्टा (d) 8 किमी०/घण्टा
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2006)

11. एक नौका अनुप्रवाह की दिशा में चलते हुए 30 किमी० की दूरी 2 घण्टे में तय करती है जबकि वापिस आते समय नौका को वही दूरी तय करने में 6 घण्टे लग जाते हैं. यदि प्रवाह की गति, नौका की गति से आधी हो, तो उस नौका की गति कितनी है ?
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) 15 किमी०/घण्टा (b) 5 किमी०/घण्टा (c) 10 किमी०/घण्टा (d) तय नहीं कर सकते
(e) इनमें से कोई नहीं

12. एक व्यक्ति 1 किमी० की दूरी को धारा की दिशा में 10 मिनट में तथा धारा के विपरीत दिशा में 30 मिनट में तय करता है. धारा की गति कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 1 किमी०/घण्टा (b) 2 किमी०/घण्टा (c) 4 किमी०/घण्टा (d) 3 किमी०/घण्टा

13. अनुप्रवाह जाती हुई एक नौका 20 किमी० की दूरी 2 घण्टे में तय करती है तथा ऊर्ध्वप्रवाह वही दूरी 5 घण्टे में तय करती है. स्थिर पानी में नौका की गति कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) 7 किमी०/घण्टा (b) 8 किमी०/घण्टा (c) 9 किमी०/घण्टा (d) 10 किमी०/घण्टा

14. एक व्यक्ति नदी में 48 किमी० दूरी तक जाने तथा वापिस आने में 14 घण्टे का समय लेता है. वह धारा की दिशा में जितने समय में 4 किमी० जाता है उतने ही समय में धारा के विपरीत 3 किमी० जाता है. धारा की गति कितनी है ?
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)
(a) 1 किमी०/घण्टा (b) 1·5 किमी०/घण्टा (c) 1·8 किमी०/घण्टा (d) 3·5 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. एक नदी में धारा का वेग 1 किमी०/घण्टा है. एक मोटर बोट धारा के विपरीत 35 किमी० जाकर प्रारम्भिक बिन्दु पर वापिस आने में 12 घण्टे लेती है. शान्त जल में मोटर बोट का वेग कितना है ?
(a) 6 किमी०/घण्टा (b) 7 किमी०/घण्टा (c) 8 किमी०/घण्टा (d) 5 किमी०/घण्टा
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2003)

16. एक नाव धारा के विपरीत 30 किमी० तथा धारा की दिशा में 44 किमी० दूरी तय करने में 10 घण्टे लेती है. यही नाव उसी चाल से धारा के विपरीत 40 किमी० तथा धारा की दिशा में 55 किमी० दूरी तय करने में 13 घण्टे लेती है. शान्त जल में नाव की चाल कितनी है ?
(a) 3 किमी०/घण्टा (b) 8 किमी०/घण्टा (c) 11 किमी०/घण्टा (d) 12 किमी०/घण्टा

17. एक नाव धारा की दिशा में कुछ दूरी 1 घण्टे में तय करती है तथा धारा की विपरीत दिशा में यही दूरी $1\frac{1}{2}$ घण्टे में तय करती है. यदि धारा का वेग 3 किमी०/घण्टा हो, तो शान्त जल में नाव का वेग क्या होगा ?
(a) 12 किमी०/घण्टा (b) 13 किमी०/घण्टा (c) 14 किमी०/घण्टा (d) 15 किमी०/घण्टा
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2003)

18. शान्त जल में एक नाव की चाल $9\frac{1}{3}$ किमी० प्रति घण्टा है. धारा की दिशा में एक विशेष दूरी तय करने में वह जितना समय लेती है, धारा के विपरीत उतनी ही दूरी तय करने में वह इससे तिगुना समय लेती है. धारा का वेग कितना है ?
(a) $3\frac{1}{3}$ किमी०/घण्टा (b) $3\frac{1}{9}$ किमी०/घण्टा (c) $4\frac{2}{3}$ किमी०/घण्टा (d) $4\frac{1}{2}$ किमी०/घण्टा

19. एक निश्चित दूरी तय करने में एक नाव धारा के अनुकूल जाने में, धारा के प्रतिकूल जाने में लिए गये समय से आधा समय लेती है. स्थिर जल में नाव की चाल तथा धारा के वेग का अनुपात कितना है ?
(a) 2 : 1 (b) 3 : 1 (c) 1 : 2 (d) 1 : 3
(रेलवे परीक्षा, 2006)

20. एक नाव किसी दूरी को धारा की विपरीत दिशा में 8 घण्टे 48 मिनट में तय करती है तथा धारा की दिशा में इस दूरी को 4 घण्टे में तय करती है. शान्त जल में नाव की चाल तथा धारा के वेग का अनुपात क्या है ?
(a) 2 : 1 (b) 3 : 2 (c) 8 : 3 (d) अपर्याप्त आँकड़े
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2003)

21. एक तैराक शान्त जल में 5 किमी०/घण्टा की चाल से तैर सकता है. यदि धारा का वेग 1 किमी०/घण्टा हो तो इस तैराक को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने तथा प्रारम्भिक बिन्दु तक वापिस आने में 1 घण्टा लगता है. वह स्थान प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)
(a) 2.4 किमी० (b) 2.5 किमी० (c) 3 किमी० (d) 3.6 किमी०

22. एक तैराक धारा के विरुद्ध $11\frac{1}{4}$ मिनट में $\frac{3}{4}$ किमी० दूरी तय करता है तथा वहाँ से वापिस $7\frac{1}{2}$ मिनट में प्रारम्भिक बिन्दु पर पहुँच जाता है. शान्त जल में तैराक की चाल कितनी है ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)**
(a) 2 किमी०/घण्टा (b) 3 किमी०/घण्टा (c) 4 किमी०/घण्टा (d) 5 किमी०/घण्टा

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 19A)

1. (e)	2. (b)	3. (c)	4. (a)	5. (a)	6. (d)	7. (c)	8. (c)	9. (d)	10. (a)
11. (c)	12. (b)	13. (a)	14. (a)	15. (a)	16. (b)	17. (d)	18. (c)	19. (b)	20. (c)
21. (a)	22. (d)								

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 19A

1. धारा की दिशा में नाव की चाल $= \frac{24}{4}$ किमी०/घण्टा = 6 किमी०/घण्टा.

धारा के विरुद्ध नाव की चाल $= \frac{24}{6}$ किमी०/घण्टा = 4 किमी०/घण्टा.

शान्त जल में नाव की चाल $= \frac{1}{2}(6+4)$ किमी०/घण्टा = 5 किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2. धारा की दिशा में नाव की चाल = 8 किमी०/घण्टा.
धारा के विरुद्ध नाव की चाल = 2 किमी०/घण्टा.
धारा का वेग $=\frac{1}{2}(8-2)$ किमी०/घण्टा = 3 किमी०/घण्टा.

3. धारा के अनुदिश नाव की चाल $=\left(\frac{1}{5}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 12 किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत नाव की चाल = 6 किमी०/घण्टा.
धारा का वेग $=\frac{1}{2}(12-6)$ किमी०/घण्टा = 3 किमी०/घण्टा.

4. धारा की विपरीत दिशा में नाव की चाल $=\left(\frac{12}{48}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 15 किमी०/घण्टा.
माना शान्त जल में नाव की चाल = x किमी०/घण्टा.
धारा की गति = 2 किमी०/घण्टा.
$\therefore\ x-2=15 \Rightarrow x=17.$
अत: शान्त जल में नाव की चाल = 17 किमी०/घण्टा.

5. बहाव की दिशा में मोटर बोट की चाल $=\frac{9}{2}$ किमी०/घण्टा.
बहाव के विपरीत मोटर बोट की चाल $=\frac{9}{6}$ किमी०/घण्टा $=\frac{3}{2}$ किमी०/घण्टा.
स्थिर पानी में मोटर बोट की चाल $=\frac{1}{2}\left(\frac{9}{2}+\frac{3}{2}\right)$ किमी०/घण्टा = 3 किमी०/घण्टा.

6. धारा के विपरीत तैराक की चाल $=\left(\frac{3}{4}\times\frac{1}{15}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 3 किमी०/घण्टा.
धारा की दिशा में तैराक की चाल $=\left(\frac{3}{4}\times\frac{1}{10}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा $=\frac{9}{2}$ किमी०/घण्टा.
अभीष्ट अनुपात $=\frac{1}{2}\left(\frac{9}{2}+3\right):\frac{1}{2}\left(\frac{9}{2}-3\right)=\frac{15}{2}:\frac{3}{2}=5:1.$

7. शान्त जल में मोटर बोट की चाल = 36 किमी०/घण्टा.
माना धारा का वेग = x किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत मोटर बोट की चाल $=\left(\frac{56}{7/4}\right)$ किमी०/घण्टा $=\left(\frac{56\times 4}{7}\right)$ किमी०/घण्टा = 32 किमी०/घण्टा
$\therefore\ 36-x=32 \Rightarrow x=(36-32)=4.$
अत: धारा का वेग = 4 किमी०/घण्टा.
धारा के अनुकूल 56 किमी० जाने में लगा समय $=\frac{56}{(36+4)}$ घण्टे
$=\frac{56}{40}$ घण्टे $=\frac{7}{5}$ घण्टे = 1 घण्टा 24 मिनट.

8. शान्त जल में मोटर बोट की चाल = 45 किमी०/घण्टा.
माना धारा का वेग = x किमी०/घण्टा
धारा के अनुकूल वेग $=\left(\frac{80}{4/3}\right)$ किमी०/घण्टा $=\frac{(80\times 3)}{4}$ किमी०/घण्टा = 60 किमी०/घण्टा.
$\therefore\ 45+x=60 \Rightarrow x=15.$ अत: धारा का वेग = 15 किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत वेग = (45 – 15) किमी०/घण्टा = 30 किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत 80 किमी० तय करने में लगा समय $=\frac{80}{30}$ घण्टे $=\frac{8}{3}$ घण्टे = 2 घण्टे 40 मिनट.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

9. माना शान्त जल में चाल = x किमी०/घण्टा. तब

$$\frac{6}{(x-4)}+\frac{6}{(x+4)}=2 \Rightarrow 6\left[\frac{1}{(x-4)}+\frac{1}{(x+4)}\right]=2$$

$$\therefore \frac{(x+4)+(x-4)}{(x-4)(x+4)}=\frac{2}{6}=\frac{1}{3} \Rightarrow x^2-16=6x$$

$$\Rightarrow x^2-6x-16=0 \Rightarrow x^2-8x+2x-16=0 \Rightarrow x(x-8)+2(x-8)=0$$

$$\Rightarrow (x-8)(x+2)=0 \Rightarrow x=8.$$

$\therefore$ शान्त जल में वेग = 8 किमी०/घण्टा.

धारा के प्रतिकूल वेग = (8 – 4) किमी०/घण्टा = 4 किमी०/घण्टा

अभीष्ट समय $=\frac{6}{4}$ घण्टे $=\frac{3}{2}$ घण्टे $=1\frac{1}{2}$ घण्टा.

10. माना स्थिर जल में खेने की दर = x किमी०/घण्टा तथा दूरी = y किमी०. तब

$$\frac{y}{(x-2)}=\frac{2y}{(x+2)} \Rightarrow \frac{1}{(x-2)}=\frac{2}{(x+2)}$$

$$\Rightarrow 2x-4=x+2 \Rightarrow x=6.$$

$\therefore$ स्थिर जल पें खेने की दर = 6 किमी०/घण्टा.

11. माना नौका की गति = x किमी०/घण्टा. तब, प्रवाह की गति $=\frac{x}{2}$ किमी०/घण्टा.

अनुप्रवाह गति $=\left(x+\frac{x}{2}\right)$ किमी०/घण्टा $=\frac{3x}{2}$ किमी०/घण्टा.

परन्तु, अनुप्रवाह गति $=\frac{30}{2}$ किमी०/घण्टा = 15 किमी०/घण्टा.

$\therefore \frac{3x}{2}=15 \Rightarrow 3x=30 \Rightarrow x=10.$

$\therefore$ नौका की गति = 10 किमी०/घण्टा.

12. धारा की दिशा में गति $=\left(\frac{1}{10}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 6 किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत दिशा में गति $=\left(\frac{1}{30}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा = 2 किमी०/घण्टा.

धारा की गति $=\frac{1}{2}(6-2)$ किमी०/घण्टा = 2 किमी०/घण्टा.

13. धारा की दिशा में नौका की गति $=\frac{20}{2}$ किमी०/घण्टा = 10 किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत नौका की गति $=\frac{20}{5}$ किमी०/घण्टा = 4 किमी०/घण्टा.

स्थिर पानी में नौका की गति $=\frac{1}{2}(10+4)$ किमी०/घण्टा = 7 किमी०/घण्टा.

14. माना उस व्यक्ति की शान्त जल में चाल = x किमी०/घण्टा तथा धारा की गति = y किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{48}{x+y}+\frac{48}{x-y}=14 \qquad ...(i)$$

तथा $\frac{4}{(x+y)}=\frac{3}{(x-y)} \Rightarrow 4x-4y=3x+3y \Rightarrow x=7y \qquad ...(ii)$

(i) में $x=7y$ रखने पर : $\frac{48}{8y}+\frac{48}{6y}=14$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \frac{6}{y}+\frac{8}{y}=14 \Rightarrow 14y=14 \Rightarrow y=1.$

$\therefore$ धारा की गति = 1 किमी०/घण्टा.

15. माना शान्त जल में मोटर बोट का वेग = x किमी०/घण्टा.
धारा की दिशा में वेग = $(x+1)$ किमी०/घण्टा, धारा के विपरीत वेग = $(x-1)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{35}{(x+1)}+\frac{35}{(x-1)}=12 \Rightarrow \frac{1}{(x-1)}+\frac{1}{(x+1)}=\frac{12}{35}$$

$$\Rightarrow \frac{(x+1+x-1)}{(x^2-1)}=\frac{12}{35} \Rightarrow 12x^2-12=70x$$

$$\Rightarrow 6x^2-35x-6=0 \Rightarrow 6x^2-36x+x-6=0$$

$$\Rightarrow 6x(x-6)+(x-6)=0 \Rightarrow (x-6)(6x+1)=0 \Rightarrow x=6.$$

$\therefore$ शान्त जल में मोटर बोट का वेग = 6 किमी०/घण्टा.

16. माना धारा के विपरीत नाव की चाल = x किमी०/घण्टा तथा धारा की दिशा में चाल = y किमी०/घण्टा.

तब, $\frac{30}{x}+\frac{44}{y}=10 \quad ...(i)$ तथा $\frac{40}{x}+\frac{55}{y}=13 \quad ...(ii)$

(ii) को 4 से तथा (i) को 5 से गुणा करके घटाने पर :

$$\left(\frac{160}{x}-\frac{150}{x}\right)=2 \Rightarrow \frac{10}{x}=2 \Rightarrow 2x=10 \Rightarrow x=5.$$

(i) में $x=5$ रखने पर $\frac{44}{y}=4 \Rightarrow 4y=44 \Rightarrow y=11.$

$\therefore$ शान्त जल में नाव की चाल $=\frac{1}{2}(5+11)$ किमी०/घण्टा = 8 किमी०/घण्टा.

17. माना शान्त जल में नाव का वेग = x किमी०/घण्टा. तब,
धारा की दिशा में नाव का वेग = $(x+3)$ किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत नाव का वेग = $(x-3)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore (x+3)\times 1=(x-3)\times\frac{3}{2} \Rightarrow 2x+6=3x-9 \Rightarrow x=15.$$

अत: शान्त जल में नाव का वेग = 15 किमी०/घण्टा.

18. माना धारा का वेग = x किमी०/घण्टा.

धारा की दिशा में वेग $=\left(\frac{28}{3}+x\right)$ किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत वेग $=\left(\frac{28}{3}-x\right)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore 3\left(\frac{28}{3}-x\right)=\left(\frac{28}{3}+x\right) \Rightarrow 4x=\left(28-\frac{28}{3}\right)=\frac{56}{3} \Rightarrow x=\frac{14}{3}=4\frac{2}{3}.$$

अत: धारा का वेग $=4\frac{2}{3}$ किमी०/घण्टा.

19. माना धारा के अनुकूल नाव की गति = x किमी०/घण्टा.

तब, धारा के विपरीत नाव की गति $=\frac{x}{2}$ किमी०/घण्टा.

$\therefore$ शान्त जल में नाव की चाल $=\frac{1}{2}\left(x+\frac{x}{2}\right)$ किमी०/घण्टा $=\frac{3x}{4}$ किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

धारा का वेग $= \frac{1}{2}\left(x - \frac{x}{2}\right)$ किमी०/घण्टा $= \frac{x}{4}$ किमी०/घण्टा.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{3x}{4} : \frac{x}{4} = 3:1.$

20. माना शान्त जल में नाव की चाल $= x$ किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग $= y$ किमी०/घण्टा.
धारा की दिशा में नाव की चाल $= (x + y)$ किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत नाव की चाल $= (x - y)$ किमी०/घण्टा.

$(x+y)\times 4 = (x-y)\times\frac{44}{5} \Rightarrow 20x + 20y = 44x - 44y \Rightarrow 24x = 64y \Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{64}{24} = \frac{8}{3}.$

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात $= 8 : 3.$

21. धारा की दिशा में तैराक की चाल $= (5 + 1)$ किमी०/घण्टा $= 6$ किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत तैराक की चाल $= (5 - 1)$ किमी०/घण्टा $= 4$ किमी०/घण्टा,
माना अभीष्ट दूरी $= x$ किमी०. तब

$\frac{x}{6} + \frac{x}{4} = 1 \Rightarrow 2x + 3x = 12 \Rightarrow 5x = 12 \Rightarrow x = 2\cdot 4.$

अत: अभीष्ट दूरी $= 2\cdot 4$ किमी०.

22. धारा के विरुद्ध तैराक की चाल $= \left(\frac{3}{4}\times\frac{4}{45}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा $= 4$ किमी०/घण्टा.

धारा की दिशा में तैराक की चाल $= \left(\frac{3}{4}\times\frac{2}{15}\times 60\right)$ किमी०/घण्टा $= 6$ किमी०/घण्टा.

शान्त जल में तैराक की चाल $= \frac{1}{2}(4+6)$ किमी०/घण्टा $= 5$ किमी०/घण्टा.

प्रश्नमाला 19B

1. एक नदी में धारा का वेग 4 किमी०/घण्टा है. एक नाव एक निश्चित बिन्दु से धारा के विपरीत 6 किमी० दूरी तय करके वापिस उसी बिन्दु पर 2 घण्टे में पहुँच जाती है. नाव का शान्त जल में वेग ज्ञात कीजिए तथा धारा के विपरीत जाने में समय ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
2. नदी में एक व्यक्ति किसी निश्चित बिन्दु से धारा के विपरीत d किमी० दूरी तय करके वापिस उसी बिन्दु तक 5 घण्टे 15 मिनट में पहुँच जाता है. वह धारा के विपरीत $2d$ किमी० की दूरी 7 घण्टे में तैर सकता है. यही $2d$ किमी० दूरी धारा की दिशा में तय करने में उसे कितना समय लगेगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
3. एक स्टीमर धारा के विपरीत 20 किमी० दूरी तय करने में उतना ही समय लेता है जितना कि वह धारा की दिशा में 50 किमी० दूरी तय करने में लेता है. यदि धारा का वेग 3 किमी०/घण्टा हो, तो शान्त जल में स्टीमर का वेग ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**
4. एक नाविक अपनी नाव से 30 किमी० धारा के विपरीत जाने में तथा 44 किमी० धारा की दिशा में जाने में 10 घण्टे लेता है. वह 40 किमी० धारा के विपरीत जाने में तथा 55 किमी० धारा की दिशा में जाने में 13 घण्टे लेता है. धारा का वेग तथा शान्त जल में नाव की गति ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**
5. एक स्टीमर को धारा की दिशा में एक बन्दरगाह से दूसरी बन्दरगाह तक पहुँचने में 4 घण्टे लगते हैं. धारा की विपरीत दिशा में उसी दूरी को तय करने में उसे 5 घण्टे लगते हैं. यदि धारा की गति 2 किमी०/घण्टा हो, तो दोनों बन्दरगाहों के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**
6. एक नाविक नदी में बहाव की ओर 3 घण्टे 45 मिनट में 30 किमी० नाव चलाता है तथा बहाव के विरुद्ध 2 घण्टे 30 मिनट में 15 किमी० नाव चलाता है. स्थिर पानी में नाव की गति तथा प्रवाह की गति ज्ञात कीजिए.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. एक व्यक्ति शान्त जल में 5 किमी० प्रति घण्टा की दर से तैर सकता है. एक निश्चित दूरी को धारा की दिशा में तैरकर पार करने में उसे जो समय लगता है उससे तिगुना समय उसे इस दूरी को धारा के विपरीत पार करने में लगता है. धारा का वेग ज्ञात कीजिए.

8. एक व्यक्ति नाव द्वारा धारा के विपरीत बिन्दु A से बिन्दु B तक 21 किमी० की दूरी तय करके वापिस बिन्दु A तक आने में 10 घण्टे लेता है. यदि उसे धारा की दिशा में 7 किमी० दूरी तय करने में उतना ही समय लगे जितना कि धारा की विपरीत दिशा में 3 किमी० दूरी तय करने में लगता है, तो धारा का वेग तथा शान्त जल में नाव का वेग ज्ञात कीजिए.

9. एक नाविक नदी में धारा के विपरीत $\left(\frac{3}{4}\right)$ किमी० जाने में 11 मिनट 15 सैकण्ड लेता है तथा वापिस 7 मिनट 30 सैकण्ड में प्रारम्भिक बिन्दु पर पहुँच जाता है. शान्त जल में नाविक की चाल तथा धारा का वेग ज्ञात कीजिए.

10. एक तैराक शान्त जल में 3·5 किमी० प्रति घण्टा की चाल से तैर सकता है. यदि धारा के विरुद्ध एक निश्चित दूरी तय करने में लगा समय, धारा की दिशा में इतनी ही दूरी तय करने में लगे समय का 2 गुना हो, तो धारा का वेग ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 19B)

1. 8 किमी०/घण्टा, 1 घण्टा 30 मिनट
2. 3 घण्टे 30 मिनट
3. 7 किमी०/घण्टा
4. 3 किमी०/घण्टा, 8 किमी०/घण्टा
5. 80 किमी०
6. 7 किमी०/घण्टा, 1 किमी०/घण्टा
7. 2·5 किमी०/घण्टा
8. 2 किमी०/घण्टा, 5 किमी०/घण्टा
9. 5 किमी०/घण्टा, 1 किमी०/घण्टा
10. 1·5 किमी०/घण्टा.

दिये गये प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 19B

1. माना शान्त जल में नाव का वेग = x किमी०/घण्टा.
धारा की दिशा में नाव का वेग = $(x+4)$ किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत नाव का वेग = $(x-4)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{6}{(x-4)}+\frac{6}{(x+4)}=2 \Rightarrow \frac{1}{(x-4)}+\frac{1}{(x+4)}=\frac{1}{3}$$

$$\Rightarrow \frac{(x+4)+(x-4)}{(x^2-16)}=\frac{1}{3} \Rightarrow x^2-16=6x \Rightarrow x^2-6x-16=0$$

$$\Rightarrow x^2-8x+2x-16=0 \Rightarrow x(x-8)+2(x-8)=0 \Rightarrow (x-8)(x+2)=0$$

$\Rightarrow x=8$. [$\therefore$ नाव का वेग ऋणात्मक नहीं हो सकता]

$\therefore$ शान्त जल में नाव का वेग = 8 किमी०/घण्टा

धारा के विपरीत जाने में लगा समय $=\frac{6}{(8-4)}$ घण्टे $=\frac{6}{4}$ घण्टे $=\frac{3}{2}$ घण्टे

= 1 घण्टा 30 मिनट.

2. माना शान्त जल में तैराक की चाल = x किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग = y किमी०/घण्टा.
धारा की दिशा में तैराक का वेग = $(x+y)$ किमी०/घण्टा.
धारा के विपरीत तैराक का वेग = $(x-y)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{d}{(x+y)}+\frac{d}{(x-y)}=\frac{21}{4} \quad ...(i) \qquad \text{तथा} \qquad \frac{2d}{(x-y)}=7 \Rightarrow \frac{d}{(x-y)}=\frac{7}{2} \quad ...(ii)$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(ii) से (i) में मान रखने पर $\frac{d}{(x+y)}+\frac{7}{2}=\frac{21}{4}$

$$\Rightarrow \frac{d}{(x+y)}=\left(\frac{21}{4}-\frac{7}{2}\right)=\frac{7}{4}\Rightarrow \frac{2d}{(x+y)}=\frac{7}{2}.$$

अभीष्ट समय $=\frac{7}{2}$ घण्टे = 3 घण्टे 30 मिनट.

3. माना शान्त जल में स्टीमर का वेग = x किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत स्टीमर का वेग = $(x-3)$ किमी०/घण्टा.

धारा की दिशा में स्टीमर का वेग = $(x+3)$ किमी०/घण्टा.

$$\frac{20}{(x-3)}=\frac{50}{x+3}\Rightarrow 20\,(x+3)=50\,(x-3)$$

$$\Rightarrow 30x=(60+150)=210\Rightarrow x=7.$$

शान्त जल में स्टीमर का वेग = 7 किमी०/घण्टा.

4. माना शान्त जल में वेग = x किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग = y किमी०/घण्टा.

धारा की दिशा में नाव का वेग = $(x+y)$ किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत नाव का वेग = $(x-y)$ किमी०/घण्टा

$\frac{30}{(x-y)}+\frac{44}{(x+y)}=10$ ...(i) तथा $\frac{40}{(x-y)}+\frac{55}{(x+y)}=13$ ...(ii)

$\therefore \left.\begin{array}{ll} 30a+44b=10 & ...(iii) \\ 40a+55b=13 & ...(iv)\end{array}\right\}$ जहाँ $\frac{1}{x-y}=a$ तथा $\frac{1}{x+y}=b.$

(iii) को 4 से तथा (iv) को 3 से गुणा करके घटाने पर :

$(176b-165b)=(40-39)\Rightarrow 11b=1\Rightarrow b=\frac{1}{11}.$

(iii) में $b=\frac{1}{11}$ रखने पर $30a+4=10\Rightarrow 30a=6\Rightarrow a=\frac{1}{5}.$

$\therefore x-y=5$ तथा $x+y=11.$

इन्हें हल करने पर $x=8$ तथा $y=3$.

$\therefore$ धारा का वेग = 3 किमी०/घण्टा, शान्त जल में नाव की गति = 8 किमी०/घण्टा.

5. माना दोनों बन्दरगाहों के बीच की दूरी = x किमी०. तब,

धारा की दिशा में स्टीमर की चाल $=\left(\frac{x}{4}\right)$ किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत स्टीमर की चाल $=\left(\frac{x}{5}\right)$ किमी०/घण्टा.

धारा की गति $=\frac{1}{2}\left(\frac{x}{4}-\frac{x}{5}\right)$ किमी०/घण्टा $=\frac{x}{40}$ किमी०/घण्टा.

$\therefore \frac{x}{40}=2\Rightarrow x=80$ किमी०.

6. धारा की दिशा में नाव की चाल $=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}=\frac{30}{\left(3\frac{3}{4}\right)}$ किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \left(30 \times \frac{4}{15}\right) \text{ किमी०/घण्टा} = 8 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

धारा के विरुद्ध नाव की चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{15}{\left(2\frac{1}{2}\right)}$ किमी०/घण्टा $= \left(15 \times \frac{2}{5}\right)$ किमी०/घण्टा $= 6$ किमी०/घण्टा.

स्थिर पानी में नाव की गति $= \frac{1}{2}(8+6)$ किमी०/घण्टा $= 7$ किमी०/घण्टा.

प्रवाह की गति $= \frac{1}{2}(8-6)$ किमी०/घण्टा $= 1$ किमी०/घण्टा.

7. माना धारा का वेग $= x$ किमी०/घण्टा तथा निश्चित दूरी $= y$ किमी०.

धारा की दिशा में व्यक्ति की चाल $= (5 + x)$ किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत व्यक्ति की चाल $= (5 - x)$ किमी०/घण्टा.

$$\therefore \frac{y}{(5-x)} = \frac{3y}{5+x} \Rightarrow (5+x) = 3(5-x)$$

$$\Rightarrow 4x = 10 \Rightarrow x = 2 \cdot 5 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

8. माना शान्त जल में नाव का वेग $= x$ किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग $= y$ किमी०/घण्टा.

तब, धारा के अनुकूल नाव का वेग $= (x + y)$ किमी०/घण्टा.

धारा के विपरीत नाव का वेग $= (x - y)$ किमी०/घण्टा.

$$\frac{21}{(x-y)} + \frac{21}{(x+y)} = 10 \Rightarrow \frac{(x+y)+(x-y)}{(x^2-y^2)} = \frac{10}{21} \Rightarrow 10(x^2-y^2) = 42x$$

$$\frac{7}{(x+y)} = \frac{3}{(x-y)} \Rightarrow 7(x-y) = 3(x+y) \Rightarrow 4x = 10y \Rightarrow y = \frac{2x}{5}.$$

$y = \frac{2x}{5}$ रखने पर

$$10\left(x^2 - \frac{4x^2}{25}\right) = 42x \Rightarrow \frac{210x^2}{25} = 42x$$

$$\Rightarrow x = \left(\frac{42 \times 5}{42}\right) = 5 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

$$\therefore y = \left(\frac{2}{5} \times 5\right) \text{ किमी०/घण्टा} = 2 \text{ किमी०/घण्टा.}$$

शान्त जल में नाव का वेग $= 5$ किमी०/घण्टा तथा धारा का वेग $= 2$ किमी०/घण्टा.

9. $\frac{45}{4 \times 60}$ घण्टे में धारा के विपरीत तय की गई दूरी $= \frac{3}{4}$ किमी०.

1 घण्टे में धारा के विपरीत तय की गई दूरी $= \left(\frac{3}{4} \times \frac{16}{3}\right)$ किमी० $= 4$ किमी०.

धारा के विपरीत चाल $= 4$ किमी०/घण्टा.

$\frac{15}{2 \times 60}$ घण्टे में धारा की दिशा में तय की गई दूरी $= \frac{3}{4}$ किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

1 घण्टे में धारा की दिशा में तय की गई दूरी $= \left(\frac{3}{4} \times 8\right)$ किमी०/घण्टा = 6 किमी०/घण्टा

शान्त जल में नाविक की चाल $= \frac{1}{2}(4+6)$ किमी०/घण्टा = 5 किमी०/घण्टा.

धारा का वेग $= \frac{1}{2}(6-4)$ किमी०/घण्टा = 1 किमी०/घण्टा.

10. माना धारा का वेग $= x$ किमी०/घण्टा तथा दूरी $= y$ किमी०.

धारा की दिशा में तैराक का वेग $= (3 \cdot 5 + x)$ किमी० प्रति घण्टा.

धारा के विरुद्ध तैराक का वेग $= (3 \cdot 5 - x)$ किमी० प्रति घण्टा.

$$\therefore \frac{y}{(3 \cdot 5 - x)} = \frac{\frac{5}{2}y}{(3 \cdot 5 + x)} \Rightarrow \frac{1}{(3 \cdot 5 - x)} = \frac{5}{2(3 \cdot 5 + x)}$$

$$\Rightarrow 7 + 2x = 17 \cdot 5 - 5x \Rightarrow 7x = 10 \cdot 5 \Rightarrow x = 1 \cdot 5.$$

अत: धारा का वेग = 1·5 किमी०/घण्टा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

20 मिश्रण (ALLIGATION & MIXTURE)

सामान्य नियम

मिश्रण: बहुधा एक सस्ती तथा दूसरी महंगी वस्तु को एक विशेष अनुपात में मिलाकर एक नया मिश्रण प्राप्त करते हैं।

औसत-मूल्य: मिश्रण के एक इकाई माप के क्रय-मूल्य को **औसत-मूल्य** कहते हैं.

माना सस्ती वस्तु की 1 इकाई का क्रय-मूल्य = ₹ c.

माना महंगी वस्तु की 1 इकाई का क्रय-मूल्य = ₹ d.

माना, औसत मूल्य = ₹ m. तब,

(सस्ती वस्तु की मात्रा) : (महंगी वस्तु की मात्रा) = $(d-m) : (m-c)$.



(सस्ती वस्तु की मात्रा) : (महंगी वस्तु की मात्रा) = $(d-m) : (m-c)$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. ₹ 63 प्रति किग्रा० की चाय, ₹ 90 प्रति किग्रा० की चाय के साथ किस अनुपात में मिलाई जाये कि मिश्रण का क्रय-मूल्य ₹ 72 प्रति किग्रा० हो जाये?

हल : मिश्रण नियम द्वारा :



∴ (सस्ती चाय की मात्रा) : (महंगी चाय की मात्रा) = 18 : 9 = 2 : 1.

प्रश्न 2. ₹ 37 प्रति किग्रा० के कितने चावल, ₹ 48·40 प्रति किग्रा० वाले 25 किग्रा० चावल से मिलाये जायें कि मिश्रण को ₹ 46 प्रति किग्रा० बेचने से 15% लाभ हो?

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल : 1 किग्रा० मिश्रण का विक्रय-मूल्य = ₹ 46, लाभ = 15%.

1 किग्रा० मिश्रण का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{115}\times 46\right)$ = ₹ 40.

अब मिश्रण नियम द्वारा :

(1 किग्रा० सस्ते चावल का क्र०-मूल्य) (₹ 37)

(1 किग्रा० महँगे चावल का क्र०-मूल्य) (₹ 48·40)

औसत मूल्य (₹ 40·00)

8·40

3

∴ (सस्ते चावल की मात्रा) : (महंगे चावल की मात्रा) = 8·4 : 3 = 84 : 30 = 14 : 5.

माना x किग्रा० सस्ते चावल, 25 किग्रा० महँगे चावल में मिलाये जायें.

तब, $\frac{x}{25}=\frac{14}{5}\Rightarrow x=\left(\frac{14}{5}\times 25\right)\Rightarrow x=70.$

अत: अभीष्ट मात्रा = 70 किग्रा०.

प्रश्न 3. दूध और पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण को क्रय-मूल्य पर भी बेचने से 20% लाभ हो?

हल : माना 1 किग्रा० दूध का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

तब, 1 किग्रा० मिश्रण का विक्रय-मूल्य = ₹ 1.

∴ 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100}{120}\times 1\right)$ = ₹ $\frac{5}{6}$.

अब मिश्रण नियम द्वारा:

(1 किग्रा० दूध का क्र०-मूल्य) (₹ 1)

(1 किग्रा० पानी का क्र०-मूल्य) (₹ 0)

औसत मूल्य ₹ $\frac{5}{6}$

$\frac{5}{6}$

$\frac{1}{6}$

∴ दूध : पानी = $\frac{5}{6}:\frac{1}{6}$ = 5 : 1.

प्रश्न 4. दो बर्तनों A तथा B में दूध और पानी के मिश्रण हैं. इनमें दूध और पानी का अनुपात क्रमश: 5 : 2 तथा 8 : 5 है. इन मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाये कि नये मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 9 : 4 हो?

हल : माना दूध का क्रय मूल्य ₹ 1 प्रति लीटर है.

A के 1 लीटर में दूध की मात्रा = $\frac{5}{7}$ लीटर.

B के 1 लीटर में दूध की मात्रा = $\frac{8}{13}$ लीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

A तथा B के 1 लीटर मिश्रण में दूध की मात्रा $= \frac{9}{13}$ लीटर.

A के 1 लीटर मिश्रण का मूल्य = ₹ $\frac{5}{7}$.

B के 1 लीटर मिश्रण का मूल्य = ₹ $\frac{8}{13}$.

1 लीटर मिश्रण का औसत मूल्य = ₹ $\frac{9}{13}$.



अभीष्ट अनुपात $= \frac{1}{13} : \frac{2}{91} = 7 : 2.$

प्रश्नमाला 20A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. ₹ 14·40 प्रति किग्रा० के गेहूँ को ₹ 11·40 प्रति किग्रा० के गेहूँ के साथ किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य ₹ 12·60 प्रति किग्रा० हो जाये ?
   (*a*) 1 : 3 (*b*) 2 : 3 (*c*) 3 : 4 (*d*) 4 : 5
2. एक दुकानदार को ₹ 30 प्रति किग्रा० के चावल को ₹ 40 प्रति किग्रा० के चावल के साथ किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य ₹ 33 प्रति किग्रा० हो जाये ?
   (*a*) 3 : 7 (*b*) 5 : 7 (*c*) 7 : 3 (*d*) 7 : 5
3. ₹ 36 प्रति लीटर के दूध के साथ पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण का मूल्य ₹ 28 प्रति लीटर हो जाये ?
   (*a*) 9 : 7 (*b*) 7 : 9 (*c*) 9 : 2 (*d*) 7 : 2
4. 30% सान्द्रता वाले ऐलकोहल को 50% सान्द्रता वाले ऐल्कोहल में किस अनुपात में मिलाया जाये कि 35% सान्द्रता वाला ऐल्कोहल प्राप्त हो ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
   (*a*) 2 : 1 (*b*) 3 : 1 (*c*) 6 : 7 (*d*) 3 : 5
5. ₹ 48 प्रति किग्रा० मूल्य वाली 60 किग्रा० चीनी में ₹ 55 प्रति किग्रा० वाली कितनी चीनी मिलाई जाये ताकि मिश्रित चीनी का मूल्य ₹ 52·50 प्रति किग्रा० हो जाये ? **(रेलवे परीक्षा, 2005)**
   (*a*) 90 किग्रा० (*b*) 95 किग्रा० (*c*) 102 किग्रा० (*d*) 108 किग्रा०
6. एक पंसारी ₹ 60 प्रति किग्रा० की चाय को ₹ 65 प्रति किग्रा० की चाय के साथ किस अनुपात में मिलाये कि मिश्रण को ₹ 68·20 प्रति किग्रा० की दर से बेचने पर उसे 10% लाभ हो ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
   (*a*) 3 : 2 (*b*) 3 : 4 (*c*) 3 : 5 (*d*) 4 : 5
7. एक दुकानदार ₹ 100 प्रति किग्रा० के शुद्ध घी को ₹ 50 प्रति किग्रा० वाले वनस्पति घी के साथ मिलाकर मिश्रण को ₹ 96 प्रति किग्रा० की दर से बेचकर 20% लाभ कमाता है. किस अनुपात में दोनों प्रकार के घी मिलाये गये ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2008)**
   (*a*) 1 : 2 (*b*) 3 : 2 (*c*) 3 : 1 (*d*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. पानी के साथ सिप्रिट को किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण को लागत मूल्य पर बेचने से $16\frac{2}{3}\%$ लाभ मिले ?

(a) 1 : 4 (b) 1 : 5 (c) 1 : 6 (d) 1 : 3 **(रेलवे परीक्षा, 2002)**

9. सिप्रिट के साथ पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि मिश्रण को लागत मूल्य पर बेचने से 20% लाभ हो ?

(a) 5 : 2 (b) 5 : 1 (c) 5 : 3 (d) 5 : 4 **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2005)**

10. एक डिब्बे में 50 किग्रा० दूध है. उसमें से 5 किग्रा० दूध निकाल कर उतना ही पानी भर दिया गया. इस प्रक्रिया को दो बार और दोहराया गया. अन्त में डिब्बे में कितना दूध बचा ? **(इन्शयूरेन्स कम्पनी परीक्षा, 2006)**

(a) 34·50 किग्रा० (b) 35·45 किग्रा० (c) 35·50 किग्रा० (d) 36·45 किग्रा०

11. शुद्ध दूध से भरे किसी बर्तन से 20% दूध निकालकर उतनी ही मात्रा में पानी डाल दिया जाता है. यह प्रक्रिया कुल तीन बार की जाती है. तीसरी प्रक्रिया के बाद बर्तन में शुद्ध दूध की मात्रा घटकर कितनी रह जायेगी ?

(a) 40% (b) 50% (c) 51·2% (d) 58·8% **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

12. एक कनस्तर शराब से भरा था. इसमें से 8 लीटर शराब निकाल कर खाली बचे भाग में 8 लीटर पानी भर दिया गया. यह प्रक्रिया तीन बार और दोहराई गई. अन्त में प्राप्त घोल में शराब तथा पानी का अनुपात 16 : 65 रह गया. प्रारम्भ में कनस्तर में कितनी शराब थी ?

(a) 18 लीटर (b) 24 लीटर (c) 32 लीटर (d) 42 लीटर

13. एक कनस्तर में बने मिश्रण में दो द्रवों A तथा B का अनुपात 7 : 5 था. इसमें से 9 लीटर मिश्रण निकाल कर उसके स्थान पर B भरने पर प्राप्त मिश्रण में इन द्रवों का अनुपात 7 : 9 हो गया. कनस्तर में आरम्भ में द्रव A की मात्रा कितनी थी ?

(a) 10 लीटर (b) 20 लीटर (c) 21 लीटर (d) 25 लीटर

14. एक बर्तन में एक द्रव भरा है जिसमें 3 भाग पानी तथा 5 भाग शीरा है. इसमें से कितने मिश्रण को निकाल कर उसके स्थान पर उतना ही पानी भर दें कि शेष द्रव में आधा पानी तथा आधा शीरा हो ?

(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{4}$ (c) $\frac{1}{5}$ (d) $\frac{1}{7}$

15. एक व्यापारी के पास 1000 किग्रा० चावल हैं. इसका कुछ भाग वह 8% लाभ पर तथा शेष 18% लाभ पर बेचता है. यदि कुल मात्रा पर उसे 14% लाभ मिले तो 8% लाभ पर उसने कितना चावल बेचा ?

(a) 400 किग्रा० (b) 560 किग्रा० (c) 600 किग्रा० (d) 640 किग्रा०

16. एक व्यक्ति के पास ₹ 100000 थे. वह इसमें से कुछ धन को 9% वार्षिक दर पर तथा शेष धन को 10% वार्षिक दर से साधारण ब्याज पर देता है. यदि इनसे उसकी कुल वार्षिक आय ₹ 9400 हो, तो 10% की दर पर उसने कितना धन उधार दिया ?

(a) ₹ 60000 (b) ₹ 40000 (c) ₹ 36500 (d) ₹ 45000

17. नीता ₹ 180 प्रति किग्रा० की चाय को ₹ 200 प्रति किग्रा० की चाय के साथ 5 : 3 के अनुपात में मिलाकर बने मिश्रण को ₹ 210 प्रति किग्रा० के भाव से बेचती है. उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा ?

(a) 10% (b) 11% (c) 12% (d) 13%

18. दो बर्तनों A तथा B में रखे मिश्रणों में दूध और पानी के अनुपात क्रमशः 5 : 3 तथा 2 : 3 हैं. इन दोनों मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाये कि नये मिश्रण में आधा दूध तथा आधा पानी हो ?

(a) 10 : 9 (b) 9 : 10 (c) 5 : 2 (d) 4 : 5

19. 729 मिली० मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 2 है. इसमें कितना पानी और डाला जाये कि नये मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 हो ?

(a) 79 मिली० (b) 72 मिली० (c) 81 मिली० (d) 91 मिली०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 20A)

1. (*b*)	2. (*c*)	3. (*d*)	4. (*b*)	5. (*d*)	6. (*a*)	7. (*b*)	8. (*c*)	9. (*b*)	10. (*a*)
11. (*c*)	12. (*b*)	13. (*c*)	14. (*c*)	15. (*a*)	16. (*b*)	17. (*c*)	18. (*d*)	19. (*c*)	

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 20A

1. मिश्रण नियम द्वारा :

(1 किग्रा० सस्ते गेहूँ का क्रय मूल्य) (1440 पैसे) — (1 किग्रा० महँगे गेहूँ का क्रय मूल्य) (1140 पैसे)

औसत मूल्य (1260 पैसे)

120 — 180

अभीष्ट अनुपात = 120 : 180 = 2 : 3.

2. मिश्रण नियम द्वारा :

(1 किग्रा० सस्ते चावल का क्रय मूल्य) (₹ 30) — (1 किग्रा० महँगे चावल का क्रय मूल्य) (₹ 40)

औसत मूल्य (₹ 33)

7 — 3

अभीष्ट अनुपात = 7 : 3.

3. मिश्रण नियम द्वारा :

(1 किग्रा० दूध का क्रय मूल्य) (₹ 36) — (1 किग्रा० पानी का क्रय मूल्य) (₹ 0)

औसत मूल्य (₹ 28)

28 — 8

अभीष्ट अनुपात = 28 : 8 = 7 : 2.

4. मिश्रण नियम द्वारा :

(पहली प्रकार के घोल की सान्द्रता) (30%) — (दूसरी प्रकार के घोल की सान्द्रता) (50%)

मिश्रण की सान्द्रता (35%)

15 — 5

अभीष्ट अनुपात = 15 : 5 = 3 : 1.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. मिश्रण नियम द्वारा :

(सस्ती चीनी का भाव प्रति किग्रा०) (₹ 48) (महँगी चीनी का भाव प्रति किग्रा०) (₹ 55)

औसत मूल्य (₹ 52·50)

2·50 4·50

इन दोनों का अनुपात $= 2 \cdot 50 : 4 \cdot 50 = \frac{250}{450} = \frac{5}{9} = 5 : 9.$

अभीष्ट भार $= \left(\frac{9}{5} \times 60\right)$ किग्रा० = 108 किग्रा०.

6. 1 किग्रा० मिश्रण का विक्रय मूल्य = ₹ 68·20, लाभ = 10%

माना 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ x. तब

$x \times \frac{110}{100} = 68 \cdot 20 \Rightarrow 11x = 682 \Rightarrow x = 62.$

∴ 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ 62.

(1 किग्रा० सस्ती चाय का क्रय मूल्य) (₹ 60) (1 किग्रा० महँगी चाय का क्रय मूल्य) (₹ 65)

औसत मूल्य (₹ 62)

3 2

अभीष्ट अनुपात = 3 : 2.

7. 1 किग्रा० मिश्रण का विक्रय मूल्य = ₹ 96, लाभ अर्जित = 20%.

माना 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$x \times \frac{120}{100} = 96 \Rightarrow 12x = 960 \Rightarrow x = 80.$

∴ 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ 80

(1 किग्रा० शुद्ध घी का क्रय मूल्य) (₹ 100) (1 किग्रा० वनस्पति का क्रय मूल्य) (₹ 50)

औसत मूल्य (₹ 80)

30 20

अभीष्ट अनुपात = 30 : 20 = 3 : 2.

8. माना 1 किग्रा० सिप्रिट का क्रय मूल्य = ₹ 100.

तब, 1 किग्रा० मिश्रण का विक्रय मूल्य = ₹ 100, लाभ अर्जित $= \frac{50}{3}\%$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

माना 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$$x \times \frac{350}{3 \times 100} = 100 \Rightarrow x = \frac{100 \times 300}{350} = \frac{600}{7}.$$

$\therefore$ 1 किग्रा० मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ $\frac{600}{7}$.



अभीष्ट अनुपात $= \frac{100}{7} : \frac{600}{7} = 100 : 600 = 1 : 6.$

9. माना 1 इकाई सिप्रिट का क्रय मूल्य = ₹ 100.

तब, 1 इकाई मिश्रण का विक्रय मूल्य = ₹ 100, लाभ अर्जित = 20%.

माना 1 इकाई मिश्रण का क्रय मूल्य = ₹ x. तब,

$$x \times \frac{120}{100} = 100 \Rightarrow x = \frac{100 \times 100}{120} = \frac{250}{3}.$$



अभीष्ट अनुपात $= \frac{250}{3} : \frac{50}{3} = 250 : 50 = 5 : 1.$

10. दूध की शेष मात्रा $= a\left(\frac{a-b}{a}\right)^n$, जहाँ $a = 50, b = 5$ तथा $n = 3$

$$= 50 \times \left(\frac{50-5}{50}\right)^3 = 50 \times \left(\frac{45}{50}\right)^3 = 50 \times \left(\frac{9}{10}\right)^3$$

$$= \frac{50 \times 9 \times 9 \times 9}{10 \times 10 \times 10} = \frac{729}{20} \text{ लीटर} = 36{\cdot}45 \text{ लीटर.}$$

11. माना कुल दूध = 100 लीटर प्रत्येक बार ली गई मात्रा = 20 लीटर.

तीन क्रियाओं के बाद बने घोल में दूध की मात्रा $= a\left(\frac{a-b}{a}\right)^n$, जहाँ $a = 100, b = 20, n = 3$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \left[100\times\left(\frac{100-20}{100}\right)^3\right] \text{ लीटर } = \left[100\times\left(\frac{80}{100}\right)^3\right] \text{ लीटर } = 100\times\left(\frac{4}{5}\right)^3 \text{ लीटर}$$

$$= \left(\frac{100\times 64}{125}\right) \text{ लीटर} = \frac{256}{5} \text{ लीटर} = 51\cdot 2 \text{ लीटर.}$$

अभीष्ट % = 51·2%.

12. माना कनस्तर में प्रारम्भ में a लीटर शराब थी.

4 प्रक्रियाओं के बाद कनस्तर में बची शराब $= a\left(\frac{a-8}{a}\right)^4$.

$$\therefore \frac{a\left(1-\frac{8}{a}\right)^4}{a} = \frac{16}{81} \Rightarrow \left(1-\frac{8}{a}\right)^4 = \left(\frac{16}{81}\right) = \left(\frac{2}{3}\right)^4$$

$$\Rightarrow 1-\frac{8}{a} = \frac{2}{3} \Rightarrow \frac{8}{a} = \left(1-\frac{2}{3}\right) = \frac{1}{3} \Rightarrow a = 24.$$

अत: कनस्तर में प्रारम्भ में 24 लीटर शराब थी.

13. माना आरम्भ में द्रव A तथा B क्रमश: $7x$ लीटर तथा $5x$ लीटर थे.

अब कुल मिश्रण = $(12x - 9)$ लीटर.

इस मिश्रण में $A = (12x-9)\times\frac{7}{12}$ तथा $B = (12x-9)\times\frac{5}{12}$.

पुन: भरने पर, $A = (12x-9)\times\frac{7}{12} = \frac{(84x-63)}{12} = \frac{(28x-21)}{4}$

तथा $B = (12x-9)\times\frac{5}{12}+9 = \frac{(60x-45)}{12}+9 = \frac{(60x-45+108)}{12} = \frac{60x+63}{12} = \frac{(20x+21)}{4}$.

$$\therefore \frac{(28x-21)}{4}\times\frac{4}{(20x+21)} = \frac{7}{9} \Rightarrow 7\,(20x+21) = 9\,(28x-21)$$

$$\Rightarrow (252-140)x = 147+189 = 336$$

$$\Rightarrow 112x = 336 \Rightarrow x = 3.$$

आरम्भ में A की मात्रा = (7×3) लीटर = 21 लीटर.

14. माना आरम्भ में पानी = 3 लीटर तथा शीरा = 5 लीटर. कुल द्रव = 8 लीटर.

माना x लीटर मिश्रण निकाल कर इतना ही पानी डाल दें.

तब $(8-x)$ लीटर मिश्रण में शीरा $= \frac{5}{8}(8-x)$ लीटर तथा पानी $= \frac{3}{8}(8-x)$ लीटर.

नये मिश्रण में शीरा $= \frac{5\,(8-x)}{8}$ लीटर तथा पानी $= \left\{\frac{3(8-x)}{8}+x\right\}$ लीटर.

$$\therefore \frac{5(8-x)}{8} = \frac{3(8-x)}{8}+x \Rightarrow \frac{40-5x}{8} = \frac{24-3x+8x}{8}$$

$$\Rightarrow 40-5x = 24+5x \Rightarrow 10x = 16 \Rightarrow x = \frac{16}{10} = \frac{8}{5}.$$

निकाला गया मिश्रण = 8 लीटर का $\frac{1}{5}$ भाग.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15.

(पहले भाग पर लाभ %) (दूसरे भाग पर लाभ %)

(8) (18)

औसत लाभ %

(14)

4 6

(पहला भाग) : (दूसरा भाग) = 4 : 6 = 2 : 3.

8% लाभ पर बेचा गया भाग $= \left(1000 \times \frac{2}{5}\right)$ किग्रा० = 400 किग्रा०.

16. कुल धन पर ब्याज की औसत दर $\% = \left(\frac{100 \times 9400}{100000 \times 1}\right)\% = 9 \cdot 4\%$.

(पहले भाग पर दर %) (दूसरे भाग पर दर %)

(9) (10)

औसत दर %

(9·4)

0·6 0·4

(पहला भाग) : (दूसरा भाग) $= \frac{0 \cdot 6}{0 \cdot 4} = \frac{3}{2} = 3 : 2.$

10% की दर पर दिया गया धन = ₹ $\left(100000 \times \frac{2}{5}\right)$ = ₹ 40000.

17. माना पहली प्रकार की 5 किग्रा० चाय के साथ दूसरे प्रकार की 3 किग्रा० चाय मिलाती है.
तब क्रय मूल्य = ₹ $[(180 \times 5) + (200 \times 3]$ = ₹ $(900 + 600)$ = ₹ 1500.
विक्रय मूल्य = ₹ (210×8) = ₹ 1680.
लाभ = ₹ $(1680 - 1500)$ = ₹ 180.
लाभ % $= \left(\frac{180}{1500} \times 100\right)\% = 12\%$.

18. माना A में दूध $= \frac{5}{8}$ लीटर, B में दूध $= \frac{2}{5}$ लीटर, मिश्रण में दूध $= \frac{1}{2}$ लीटर
माना 1 लीटर दूध का क्रय मूल्य = ₹ 1. तब
मिश्रण नियम द्वारा :

(A में 1 लीटर मिश्रण का क्रय मूल्य) (B में 1 लीटर मिश्रण का क्रय मूल्य)

$\left(₹ \frac{5}{8}\right)$ $\left(₹ \frac{2}{5}\right)$

औसत मूल्य

$\left(₹ \frac{1}{2}\right)$

$\frac{1}{10}$ $\frac{1}{8}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$A : B = \frac{1}{10} : \frac{1}{8} = 4 : 5.$

19. दिये गये मिश्रण में दूध की मात्रा $= \left(729 \times \frac{7}{9}\right)$ मिली० = 567 मिली०.

इस मिश्रण में पानी की मात्रा = (729 – 567) मिली० = 162 मिली०.

माना पानी की अभीष्ट मात्रा = x मिली०. तब,

$$\frac{567}{162+x} = \frac{7}{3} \Rightarrow 1134 + 7x = 1701 \Rightarrow 7x = 567 \Rightarrow x = 81.$$

अतः पानी की अभीष्ट मात्रा = 81 मिली०.

प्रश्नमाला 20B

1. बाजार में दो टाईप के स्टील A तथा B उपलब्ध हैं. टाईप A में 5% निक्कल है तथा टाईप B में 40% निक्कल है. दोनों प्रकार के स्टील कितनी-कितनी मात्रा में मिलाये जायें कि कुल 140 टन स्टील प्राप्त हो, जिसमें 30% निक्कल हो ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)
2. तीन गिलासों की धारिताओं का अनुपात 1 : 2 : 3 है. इनमें एल्कोहल तथा पानी के मिश्रण भरे हैं. पहले, दूसरे तथा तीसरे गिलास में अल्कोहल तथा पानी के अनुपात क्रमशः (1 : 5), (3 : 5) तथा (5 : 7) हैं. इन गिलासों के मिश्रणों को एक अन्य बर्तन में डाल दिया जाता है. इस बर्तन में अल्कोहल तथा पानी का अनुपात ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)
3. नमक व पानी के घोल में 15% नमक है. इस घोल से 30 किग्रा० पानी को वाष्प के रूप में उड़ा देने पर शेष घोल में 20% नमक है. प्रारम्भिक दशा में घोल कितना था ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
4. एल्कोहल तथा पानी के 5 लीटर घोल में एल्कोहल की सान्द्रता 20% है. इसमें से 2 लीटर घोल निकाल कर उसके स्थान पर 2 लीटर पानी डाल दिया जाता है. नये घोल में एल्कोहल की सान्द्रता कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
5. एक बर्तन में अम्ल तथा पानी का घोल है जिसमें अम्ल की सान्द्रता 36% है. इसमें से 4 लीटर घोल निकाल कर उसके स्थान पर इतना ही पानी मिला दिया जाता है. इस घोल में अम्ल की सान्द्रता 30% है. उस बर्तन में घोल की मात्रा कितनी थी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
6. एक बर्तन में दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 है तथा दूसरे बर्तन में यह अनुपात 8 : 5 है. दोनों बर्तनों में से किस अनुपात में मिश्रण लिये जायें कि इन्हें मिलाकर बने मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 42 : 23 हो जाये ?
7. दो बर्तनों A तथा B में रखे घोलों में स्प्रिट तथा पानी का अनुपात क्रमशः 5 : 2 तथा 7 : 6 है. एक नये बर्तन C में A तथा B घोलों का मिश्रण है तथा इस मिश्रण में स्प्रिट और पानी का अनुपात 8 : 5 है. C में A तथा B का अनुपात कितना-कितना है ?
8. तीन बर्तनों में पानी भरा है. पहले बर्तन का $\frac{1}{3}$ भाग पानी दूसरे बर्तन में उंडेल दिया जाता है. इसके बाद दूसरे बर्तन के $\frac{1}{4}$ भाग पानी को तीसरे बर्तन में उंडेल दिया जाता है. इसके बाद तीसरे बर्तन के $\frac{1}{10}$ भाग पानी को पहले बर्तन में उंडेल दिया जाता है. यदि अन्त में प्रत्येक बर्तन में 9 लीटर पानी हो, तो आरम्भ में प्रत्येक बर्तन में पानी की मात्रा कितनी-कितनी थी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)
9. रमेश ने ₹ 120000 में से कुछ धन A को 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से तथा शेष धन B को 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से उधार दिया. यदि 2 वर्ष के अन्त में उसे कुल ब्याज ₹ 25920 प्राप्त हुआ हो, तो भिन्न-भिन्न दरों पर उसने कितना-कितना रुपया उधार दिया ?
10. एक व्यापारी के पास 6 क्विन्टल चीनी थी. इसमें से उसने कुछ चीनी 7% लाभ पर तथा शेष 17% लाभ पर बेची. सारी चीनी पर उसे 11% लाभ हुआ. ज्ञात कीजिए कि उसने 7% लाभ पर कितनी चीनी बेची ?

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. एक व्यक्ति ने 188 किमी० दूरी 10 घण्टे में तय की. इसमें से उसने कुछ दूरी साईकिल द्वारा 8 किमी० प्रति घण्टा की दर से तथा शेष दूसरी मोपेड से 35 किमी०/घण्टा की चाल से तय की. मोपेड से तय की गई दूरी कितनी है?

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 20B)

1. $A = 40$ टन, $B = 100$ टन 2. 29 : 43 3. 120 किग्रा० 4. 12% 5. 24 लीटर 6. 4 : 7
7. 7 : 9 8. 12 लीटर, 8 लीटर, 7 लीटर 9. ₹ 72000, ₹ 48000 10. 3.6 क्विन्टल 11. 75·2 किमी०

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 20B

1.

(टाईप A में निक्कल का %) (5%) (टाईप B में निक्कल का %) (40%)

निक्कल की औसत % (30%)

10 25

टाईप A : टाईप $B = 10 : 25 = 2 : 5$.

140 टन में A की मात्रा $= \left(140 \times \frac{2}{7}\right)$ टन $= 40$ टन.

140 टन में B की मात्रा $= \left(140 \times \frac{5}{7}\right)$ टन $= 100$ टन.

2. माना तीन गिलास A, B, C हैं जिनकी धारिता क्रमशः 1 लीटर, 2 लीटर तथा 3 लीटर हैं.

A में एल्कोहल $= \left(1 \times \frac{1}{6}\right)$ लीटर $= \frac{1}{6}$ लीटर, पानी $= \left(1 - \frac{1}{6}\right)$ लीटर $= \frac{5}{6}$ लीटर.

B में एल्कोहल $= \left(2 \times \frac{3}{8}\right)$ लीटर $= \frac{3}{4}$ लीटर, पानी $= \left(2 - \frac{3}{4}\right)$ लीटर $= \frac{5}{4}$ लीटर.

C में एल्कोहल $= \left(3 \times \frac{5}{10}\right)$ लीटर $= \frac{3}{2}$ लीटर, पानी $= \left(3 - \frac{3}{2}\right)$ लीटर $= \frac{3}{2}$ लीटर.

इन गिलासों के मिश्रण में एल्कोहल $= \left(\frac{1}{6} + \frac{3}{4} + \frac{3}{2}\right)$ लीटर $= \frac{(2+9+18)}{12}$ लीटर $= \frac{29}{12}$ लीटर.

इन गिलासों के मिश्रण में पानी $= \left(\frac{5}{6} + \frac{5}{4} + \frac{3}{2}\right)$ लीटर $= \frac{(10+15+18)}{12}$ लीटर $= \frac{43}{12}$ लीटर.

नये बर्तन में एल्कोहल : पानी $= \frac{29}{12} : \frac{43}{12} = 29 : 43$.

3. माना कुल घोल का भार $= x$ किग्रा०.

इस घोल में पानी का भार $= \frac{85x}{100}$ किग्रा० $= \frac{17x}{20}$ किग्रा०,

तथा नमक का भार $= \left(x - \frac{17x}{20}\right)$ किग्रा० $= \frac{3x}{20}$ किग्रा०.

30 किग्रा० पानी वाष्प के रूप में उड़ने के बाद घोल का भार $= (x - 30)$ किग्रा०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

इस घोल में नमक का भार $= \frac{3x}{20}$ किग्रा०.

$$\therefore \frac{\left(\frac{3x}{20}\right)}{(x-30)} \times 100 = 20 \Rightarrow \frac{3x}{20} \times \frac{1}{(x-30)} \times 100 = 20$$

$$\Rightarrow \frac{3x}{(x-30)} = \frac{20}{5} = 4 \Rightarrow 3x = 4x - 120 \Rightarrow x = 120.$$

अत: कुल घोल का भार = 120 किग्रा०.

4. 3 लीटर घोल में एल्कोहल की मात्रा $= \left(3 \times \frac{20}{100}\right)$ लीटर $= \frac{3}{5}$ लीटर.

इस घोल में पानी की मात्रा $= \left(3 - \frac{3}{5}\right)$ लीटर $= \frac{12}{5}$ लीटर.

नये 5 लीटर घोल में एल्कोहल की मात्रा $= \frac{3}{5}$ लीटर.

$\therefore$ इस घोल की सान्द्रता $\% = \left(\frac{\frac{3}{5}}{5} \times 100\right)\% = \left(\frac{3}{5} \times \frac{1}{5} \times 100\right)\% = 12\%.$

5. माना कुल घोल की मात्रा = x लीटर.

$(x-4)$ लीटर घोल में अम्ल की मात्रा $= (x-4) \times \frac{36}{100}$ लीटर $= \frac{(9x-36)}{25}$ लीटर.

नये घोल के x लीटर में अम्ल की मात्रा $= \frac{(9x-36)}{25}$ लीटर.

इस घोल की सान्द्रता = 30%

$$\therefore \frac{(9x-36)}{25 \times x} \times 100 = 30 \Rightarrow 30x = 4(9x-36)$$

$$\Rightarrow 6x = 144 \Rightarrow x = 24.$$

अत: आरम्भ में उस बर्तन में घोल की मात्रा 24 लीटर थी.

6. माना दूध का क्रय-मूल्य ₹ 1 प्रति लीटर है.

माना ये बर्तन A तथा B हैं. तथा नये मिश्रण का बर्तन C है.

A के 1 लीटर में दूध की मात्रा $= \frac{7}{10}$ लीटर.

B के 1 लीटर में दूध की मात्रा $= \frac{8}{13}$ लीटर.

C के 1 लीटर में दूध की मात्रा $= \frac{42}{65}$ लीटर.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अभीष्ट अनुपात $= \frac{2}{65} : \frac{7}{130} = 4 : 7.$

7. A में स्प्रिट की मात्रा $= \frac{5}{7}$ लीटर, B में स्प्रिट की मात्रा $= \frac{7}{13}$ लीटर,

तथा C में स्प्रिट की मात्रा $= \frac{8}{13}$ लीटर.

माना 1 लीटर स्प्रिट का क्रय-मूल्य = ₹ 1.

मिश्रण-नियम द्वारा:

(A के 1 लीटर मिश्रण का क्रय-मूल्य) (B के 1 लीटर मिश्रण का क्रय-मूल्य)

$\left(₹\frac{5}{7}\right)$ $\left(₹\frac{7}{13}\right)$

औसत मूल्य

$\left(₹\frac{8}{13}\right)$

$\frac{1}{13}$ $\frac{9}{91}$

$A : B = \frac{1}{13} : \frac{9}{91} = 7 : 9.$

8. माना आरम्भ में पहले, दूसरे तथा तीसरे बर्तन में क्रमशः x लीटर, y लीटर तथा z लीटर पानी था.

क्रिया 1. पहले बर्तन से निकाला गया पानी $= \frac{x}{3}$ ली०. इसमें शेष पानी $= \left(x - \frac{x}{3}\right)$ ली० $= \frac{2x}{3}$ ली०.

अब दूसरे बर्तन में पानी $= \left(y + \frac{x}{3}\right)$ ली०.

क्रिया 2. दूसरे बर्तन से निकाला गया पानी $= \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)$ ली०. इसमें शेष पानी $= \frac{3}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)$ ली०.

अब तीसरे बर्तन में कुल पानी $= \left\{z + \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)\right\}$ ली०.

क्रिया 3. तीसरे बर्तन से निकाला गया पानी $= \frac{1}{10}\left\{z + \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)\right\}$ ली०.

इसमें शेष पानी $= \frac{9}{10}\left\{z + \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)\right\}$ ली०.

अब पहले बर्तन में पानी $= \left[\frac{2x}{3} + \frac{1}{10}\left\{z + \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)\right\}\right]$ ली० $= \left(\frac{27x}{40} + \frac{y}{40} + \frac{z}{10}\right)$ ली०.

अब, प्रत्येक बर्तन में 9 लीटर पानी है.

$\therefore \quad \frac{3}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right) = 9 \Rightarrow \frac{3y + x}{3} = 9 \times \frac{4}{3} = 12 \Rightarrow 3y + x = 36$ ...(i)

$\frac{9}{10}\left\{z + \frac{1}{4}\left(y + \frac{x}{3}\right)\right\} = 9 \Rightarrow z + \frac{3y + x}{12} = 9 \times \frac{10}{9} = 10 \Rightarrow 12z + 3y + x = 120$ ...(ii)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\frac{27x}{40}+\frac{y}{40}+\frac{z}{10}=9 \Rightarrow 27x+y+4z=360 \quad ...(iii)$$

(ii) में से (i) घटाने पर, $12z = 84 \Rightarrow z = 7$.

(iii) को 3 से गुणा करने पर, $81x + 3y + 12z = 1080$ ...(iv)

(iv) में से (ii) घटाने पर $80x = 960 \Rightarrow x = 12$.

(i) में $x = 12$ रखने पर $3y = 24 \Rightarrow y = 8$.

अतः $x = 12, y = 8, z = 7$.

अतः आरम्भ में पहले, दूसरे तथा तीसरे बर्तन में क्रमशः 12 लीटर, 8 लीटर, 7 लीटर पानी था.

9. ₹ 120000 का 2 वर्ष का कुल ब्याज = ₹ 25920.

ब्याज की औसत दर $=\left(\frac{100\times25920}{120000\times2}\right)\%$ वार्षिक = 10·8% वार्षिक.

(पहली ब्याज की दर %) (10)

(दूसरी ब्याज की दर %) (12)

औसत दर % (10·8)

1·2

0·8

दोनों धनों का अनुपात $=1\cdot2:0\cdot8=\frac{1\cdot2}{0\cdot8}=\frac{12}{8}=\frac{3}{2}=3:2$.

10% की दर पर दिया गया धन = ₹ $\left(120000\times\frac{3}{5}\right)$ = ₹ 72000.

12% की दर पर दिया गया धन = ₹ (120000 – 72000) = ₹ 48000.

10. पहले भाग पर लाभ % (7)

दूसरे भाग पर लाभ % (17)

औसत लाभ % (11)

6

4

दोनों भागों का अनुपात = 6 : 4 = 3 : 2.

7% लाभ पर बेची गई चीनी का भार $=\left(6\times\frac{3}{5}\right)$ क्विन्टल $=\frac{18}{5}$ क्विन्टल = 3·6 क्विन्टल.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. कुल दूरी = 188 किमी०, समय = 10 घण्टे

$\Rightarrow$ औसत चाल $= \left(\frac{188}{10}\right)$ किमी०/घण्टा = 18·8 किमी०/घण्टा

(साइकिल से चाल प्रति घण्टा) (8 किमी०)

(मोपेड से चाल प्रति घण्टा) (35 किमी०)

औसत चाल/घण्टा (18·8 किमी०)

16·2

10·8

साईकिल तथा मोपेड से तय की गई दूरियों का अनुपात = 16·2 : 10·8

$$= \frac{162}{108} = \frac{162 \div 54}{108 \div 54} = \frac{3}{2} = 3:2.$$

मोपेड से तय की गई दूरी $= \left(188 \times \frac{2}{5}\right)$ किमी० $= \frac{376}{5}$ किमी० = 75·2 किमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

21 साधारण ब्याज (SIMPLE INTEREST)

सामान्य नियम

जब कोई व्यक्ति किसी साहूकार अथवा बैंक से रुपया उधार लेता है, तो दूसरे का धन प्रयोग करने के लिए उसे अतिरिक्त धन देना पड़ता है. इस अतिरिक्त धन को **ब्याज** कहते हैं.

उधार लिए गये धन को **मूलधन** (मू०)कहते हैं

मूलधन तथा ब्याज के योगफल को **मिश्रधन** कहते हैं.

साधारण ब्याज : जो ब्याज केवल मूलधन पर एक निश्चित अवधि के लिए एक ही दर पर लगाया जाता है, उसे साधारण ब्याज (सा० ब्याज) कहते हैं.

सूत्र

(*i*) साधारण ब्याज $= \dfrac{(\text{मू०} \times \text{दर} \times \text{समय})}{100}$.

(*ii*) मू० $= \dfrac{(100 \times \text{सा० ब्याज})}{(\text{दर} \times \text{समय})}$.

(*iii*) दर $= \dfrac{(100 \times \text{सा० ब्याज})}{(\text{मू०} \times \text{समय})}$.

(*iv*) समय $= \dfrac{(100 \times \text{सा० ब्याज})}{(\text{मू०} \times \text{दर})}$.

(*v*) माना कोई धन T वर्ष बाद देय है तथा ब्याज की दर $R\%$ वार्षिक है. तब

तत्काल धन $= \dfrac{\text{देय धन} \times 100}{100 + (R \times T)}$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. ₹ 6000 पर 6% वार्षिक दर से 8 माह का साधारण ब्याज तथा मिश्रधन ज्ञात कीजिए.

हल : मूलधन = ₹ 6000, दर = 6% वार्षिक, समय $= \dfrac{8}{12}$ वर्ष $= \dfrac{2}{3}$ वर्ष.

साधारण ब्याज = ₹ $\left(6000 \times 6 \times \dfrac{2}{3} \times \dfrac{1}{100}\right)$ = ₹ 240.

मिश्रधन = ₹ (6000 + 240) = ₹ 6240.

प्रश्न 2. ₹ 2500 का 5% वार्षिक दर से 219 दिन का साधारण ब्याज कितना होगा ?

हल : मूलधन = ₹ 2500, दर = 5% वार्षिक, समय $= \dfrac{219}{365}$ वर्ष $= \dfrac{3}{5}$ वर्ष.

साधारण ब्याज = ₹ $\left(2500 \times \dfrac{5}{100} \times \dfrac{3}{5}\right)$ = ₹ 75.

प्रश्न 3. ₹ 3200 पर 4 अप्रैल 2012 से 16 जून 2012 तक का 5% वार्षिक दर पर साधारण ब्याज कितना होगा ?

टिप्पणी : जिस दिन धन जमा होता है वह दिन ब्याज हेतु नहीं गिना जाता. परन्तु जिस दिन धन निकाला जाता है वह दिन ब्याज हेतु गिना जाता है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल : मूलधन = ₹ 3200, दर = 5% वार्षिक

अप्रैल मई जून

↓ ↓

समय = (26 + 31 + 16) दिन = 73 दिन = $\frac{73}{365}$ वर्ष = $\frac{1}{5}$ वर्ष.

∴ साधारण ब्याज = ₹ $\left(3200\times\frac{5}{100}\times\frac{1}{5}\right)$ = ₹ 32.

प्रश्न 4. किसी धन का साधारण ब्याज की 8% वार्षिक दर से 3 वर्ष का मिश्रधन ₹ 6944 है. वह धन ज्ञात कीजिए.

हल : माना मूलधन = ₹ x. तब,

साधारण ब्याज = ₹ $\left(x\times\frac{8}{100}\times3\right)$ = ₹ $\frac{6x}{25}$.

∴ मिश्रधन = ₹ $\left(x+\frac{6x}{25}\right)$ = ₹ $\frac{31x}{25}$.

∴ $\frac{31x}{25}=6944 \Rightarrow x=\frac{6944\times25}{31}=5600.$

अत: अभीष्ट धन = ₹ 5600.

प्रश्न 5. किसी धन का साधारण ब्याज से 2 वर्ष का मिश्रधन ₹ 8700 तथा $3\frac{1}{2}$ वर्ष का मिश्रधन ₹ 9600 है. मूलधन तथा ब्याज की दर ज्ञात करें.

हल : $\frac{3}{2}$ वर्ष का ब्याज = ₹ (9600 – 8700) = ₹ 900.

2 वर्ष का ब्याज = ₹ $\left(900\times\frac{2}{3}\times2\right)$ = ₹ 1200.

∴ मूलधन = ₹ (8700 – 1200) = ₹ 7500.

∴ दर = $\left(\frac{100\times1200}{7500\times2}\right)$% वार्षिक = 8% वार्षिक.

अत: मूलधन = ₹ 7500 तथा दर = 8% वार्षिक.

प्रश्न 6. साधारण ब्याज की किस दर से कोई धन 8 वर्ष में दुगुना हो जायेगा?

हल : माना मूलधन = ₹ x. तब, सा० ब्याज = ₹ x, समय = 8 वर्ष.

∴ दर = $\left(\frac{100\times x}{x\times8}\right)$% वार्षिक = 12·5% वार्षिक.

प्रश्न 7. एक व्यापारी ने ₹ 45000 का ऋण दो बैंकों से लिया. एक ऋण के लिए 8% वार्षिक ब्याज दिया तथा दूसरे ऋण के लिए 12% वार्षिक. यदि एक वर्ष का कुल ब्याज ₹ 4440 हो, तो 8% की दर पर कितना धन लिया गया?

हल : माना 8% की दर पर लिया गया धन = ₹ x.

तब, 12% की दर पर लिया गया धन = ₹ $(45000-x)$.

∴ $\left(x\times\frac{8}{100}\times1\right)+\left\{(45000-x)\times\frac{12}{100}\times1\right\}=4440$

$\Rightarrow \frac{2x}{25}+\frac{3(45000-x)}{25}=4440$

$\Rightarrow 2x+135000-3x=111000 \Rightarrow x=(135000-111000)=24000.$

अत: 8% की दर पर लिया गया धन = ₹ 24000.

प्रश्न 8. कोई धन किसी निश्चित दर पर 2 वर्ष के लिए साधारण ब्याज पर दिया गया. यदि ब्याज की दर 3% अधिक होती तो ₹ 108 ब्याज अधिक मिलता. मूलधन ज्ञात कीजिए.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल : माना मूलधन = ₹ x तथा दर = R % वार्षिक. तब

$$\left\{\frac{x\times(R+3)\times 2}{100}\right\}-\left(\frac{x\times R\times 2}{100}\right)=108$$

$$\Rightarrow\left(\frac{x\times R\times 2}{100}\right)+\left(\frac{x\times 3\times 2}{100}\right)-\left(\frac{x\times R\times 2}{100}\right)=108$$

$$\Rightarrow\frac{3x}{50}=108\Rightarrow x=\frac{108\times 50}{3}=1800.$$

अत: मूलधन = ₹ 1800.

प्रश्न 9. 3 वर्ष बाद देय ₹ 1092 बराबर वार्षिक किस्तों में चुकाना है. यदि साधारण ब्याज की दर 12% वार्षिक हो, तो प्रत्येक किस्त का मान ज्ञात कीजिए.

हल : माना वार्षिक किस्त का मान = ₹ x. तब,

₹ x का 2 वर्ष का मिश्रधन + ₹ x का 1 वर्ष का मिश्रधन + ₹ x = 1092

$$\Rightarrow\left(x+\frac{x\times 2\times 12}{100}\right)+\left(x+\frac{x\times 1\times 12}{100}\right)+x=1092$$

$$\Rightarrow\left(x+\frac{6x}{25}\right)+\left(x+\frac{3x}{25}\right)+x=1092$$

$$\Rightarrow\frac{31x}{25}+\frac{28x}{25}+x=1092\Rightarrow(31x+28x+25x)=(1092\times 25)$$

$$\Rightarrow 84x=1092\times 25\Rightarrow x=\frac{1092\times 25}{84}=325.$$

अत: प्रत्येक किस्त का मान = ₹ 325.

प्रश्नमाला 21A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. ₹ 988 की राशि पर 18% वार्षिक दर से 5 वर्ष के अन्त में कितना साधारण ब्याज अर्जित होगा ?

   (*a*) ₹ 711.36 (*b*) ₹ 889.20 (*c*) ₹ 799.25 (*d*) ₹ 805.40

   (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)

2. एक व्यक्ति ने ₹ 8500 साधारण ब्याज पर 9% वार्षिक दर से उधार लिये. $2\frac{1}{2}$ वर्ष के अन्त में उसे कितना धन वापिस देना होगा ? **(रेलवे परीक्षा, 2005)**

   (*a*) ₹ 10412.50 (*b*) ₹ 11412.50 (*c*) ₹ 12412.50 (*d*) ₹ 13412.50

3. ₹ 3600 की राशि को दो भागों में इस प्रकार विभक्त करें कि पहले भाग पर 5% वार्षिक दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज, दूसरे भाग पर $6\frac{1}{4}$% वार्षिक दर से 4 वर्ष के साधारण ब्याज के बराबर हो. ये राशियाँ हैं क्रमश:

   (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

   (*a*) ₹ 2250 तथा ₹ 1350 (*b*) ₹ 2150 तथा ₹ 1450

   (*c*) ₹ 2350 तथा ₹ 1250 (*d*) ₹ 2050 तथा ₹ 1550

4. X तथा Y को दो समान राशियाँ 7.5% वार्षिक दर से क्रमश: 4 वर्ष तथा 5 वर्ष के लिए उधार दी गई. यदि इनके द्वारा दिये गये ब्याज में ₹ 150 का अन्तर हो, तो प्रत्येक दी गई राशि कितनी है ?

   (*a*) ₹ 500 (*b*) ₹ 1000 (*c*) ₹ 2000 (*d*) ₹ 3000

   (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

5. अरुण ने 4 वर्ष के लिए किसी धनराशि का साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर निवेश किया. यदि उसने इसी राशि को 6 वर्ष के लिए निवेश किया होता तो उसके द्वारा अर्जित ब्याज की राशि पहले अर्जित ब्याज की राशि से

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

50% अधिक होती. ब्याज की वार्षिक दर क्या है ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

(a) 4% (b) 8% (c) 5% (d) निर्धारित नहीं की जा सकती

(e) इनमें से कोई नहीं

6. एक राशि का साधारण ब्याज की किसी दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश किया गया. यदि यह निवेश 3% अधिक ब्याज की दर पर किया जाता, तो ₹ 72 अधिक मिलते. यह राशि कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) ₹ 1200 (b) ₹ 1500 (c) ₹ 1600 (d) ₹ 1800

7. ब्याज पर धन देने वाले एक व्यक्ति को ज्ञात हुआ कि उसके धन पर ब्याज की दर में 8% से $7\frac{3}{4}$% गिरावट होने पर उसकी वार्षिक आय में ₹ 61.50 की कमी हो जाती है. उसकी पूँजी कितनी है ?

(a) ₹ 26000 (b) ₹ 24600 (c) ₹ 23800 (d) ₹ 22400

(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2009)

8. किसी राशि पर 8% वार्षिक दर से 6 वर्ष में उपचित साधारण ब्याज ₹ 1200 है. इस मूलधन से तिगुनी राशि पर 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष के अन्त में साधारण ब्याज कितना होगा ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

(a) ₹ 3750 (b) ₹ 1250 (c) ₹ 3650 (d) ₹ 1950 (e) इनमें से कोई नहीं

9. किसी धनराशि का एक तिहाई 3% वार्षिक दर पर, $\frac{1}{6}$ भाग 6% वार्षिक दर पर तथा शेष धनराशि 8% वार्षिक दर पर निवेश की जाती है. यदि एक वर्ष में कुल साधारण ब्याज ₹ 600 मिले तो वह धनराशि कितनी है ?

(a) ₹ 6000 (b) ₹ 6666 (c) ₹ 7500 (d) ₹ 10000

(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2010)

10. समिता ने 6% वार्षिक दर से साधारण ब्याज पर कोई ऋण लिया. यह दर प्रति वर्ष 1.5% वार्षिक दर से बढ़ती है. तीन वर्ष की समाप्ति पर वह ₹ 8190 ब्याज के रूप में देती है. यह ऋण-राशि कितनी है ?

(a) ₹ 36000 (b) ₹ 35400 (c) ₹ 36800 (d) निर्धारित नहीं की जा सकती

(e) इनमें से कोई नहीं (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

11. ₹ 2400 का किसी निश्चित ब्याज की दर से 4 वर्ष का मिश्रधन ₹ 3264 हो जाता है. ब्याज दर में 1% वृद्धि करने पर इसी धनराशि का उतने ही समय में मिश्रधन कितना हो जायेगा ? (दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2010)

(a) ₹ 3260 (b) ₹ 3310 (c) ₹ 3360 (d) ₹ 3460

12. A ने B को ₹ 5000, 2 वर्ष के लिए तथा C को ₹ 3000, 4 वर्ष के लिए साधारण ब्याज की एक ही दर से उधार दिये. उसने उन दोनों से ब्याज के रूप में कुल ₹ 2200 प्राप्त किये. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?

(a) 5% (b) 7% (c) 8% (d) 10%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

13. ₹ 2500 पर 6 वर्ष में उपचित साधारण ब्याज ₹ 1875 है. इसी दर पर इतने ही समय के लिए ₹ 6875 पर कितना साधारण ब्याज उपचित होगा ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

(a) ₹ 4556.50 (b) ₹ 5025.25 (c) ₹ 4895.25 (d) ₹ 5245.50 (e) इनमें से कोई नहीं

14. कितने समय में 3% वार्षिक दर से ₹ 8000 का साधारण ब्याज उतना ही होगा जितना कि 4% वार्षिक दर से ₹ 6000 का साधारण ब्याज 5 वर्ष में होगा ? (रेलवे परीक्षा, 2007)

(a) 3 वर्ष (b) 4 वर्ष (c) 5 वर्ष (d) 6 वर्ष

15. साधारण ब्याज की एक निश्चित दर से कोई धन 20 वर्ष में दुगुना हो जाता है. इस धन को तिगुना होने में कितना समय लगेगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) 30 वर्ष (b) 38 वर्ष (c) 41 वर्ष (d) 40 वर्ष

16. कम से कम कितने वर्षों में ₹ 2600 का $6\frac{2}{3}$% वार्षिक दर से साधारण ब्याज पूरे रुपयों में होगा ?

(a) 6 वर्ष (b) 5 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) 2 वर्ष

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17. कितने वर्षों में 12% वार्षिक दर से ₹ 3000 का साधारण ब्याज ₹ 1080 हो जायेगा ?

(a) 3 वर्ष (b) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (c) 2 वर्ष (d) $3\frac{1}{2}$ वर्ष

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

18. कोई धनराशि साधारण ब्याज की किसी दर से 8 वर्ष में ₹ 2900 तथा 10 वर्ष में ₹ 3000 हो जाती है. वार्षिक ब्याज की दर कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

(a) 4% (b) $2\frac{1}{2}$% (c) 3% (d) 2%

19. कोई धन 8 वर्ष में साधारण ब्याज की किस दर से दुगुना हो जायेगा ? (होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2010)

(a) 16% (b) 14% (c) 12.5% (d) 8%

20. 5% वार्षिक दर से 3 महीने के लिए निवेश किये गये कितने मूलधन पर साधारण ब्याज ₹ 25 होगा ?

(a) ₹ 1800 (b) ₹ 1850 (c) ₹ 1900 (d) ₹ 2000

(रेलवे परीक्षा, 2009)

21. विश्वास ने कुल ₹ 30000 उधार लिये. इसका एक भाग 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से तथा शेष भाग 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से लिया गया. यदि 2 वर्ष बाद कुल ₹ 36480 का भुगतान किया गया हो, तो 12% की दर पर ली गई राशि कितनी थी ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

(a) ₹ 16000 (b) ₹ 18000 (c) ₹ 17500 (d) ₹ 12000 (e) इनमें से कोई नहीं

22. किसी राशि पर साधारण ब्याज मूलधन का $\frac{1}{4}$ है तथा वर्षों की संख्या प्रतिशत दर के बराबर है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ? (रेलवे परीक्षा, 2009)

(a) 2.5% (b) 5% (c) $7\frac{1}{2}$% (d) 10%

23. कितने समय में ₹ 10000 का साधारण ब्याज 6% वार्षिक दर से ₹ 450 हो जायेगा ?

(a) 8 माह (b) 9 माह (c) 10 माह (d) 1 वर्ष 3 माह

24. साधारण ब्याज की वार्षिक दर 11.5% से 10% हो जाने पर एक व्यक्ति को 1 वर्ष में ₹ 55.50 की हानि होती है, मूलधन कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

(a) ₹ 3700 (b) ₹ 7400 (c) ₹ 8325 (d) ₹ 11100

25. साधारण ब्याज की वार्षिक दर $6\frac{1}{2}$% से 8% हो जाने के कारण एक व्यक्ति की वार्षिक आय में ₹ 40.50 की वृद्धि हो जाती है. मूलधन कितना है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

(a) ₹ 2500 (b) ₹ 2700 (c) ₹ 3000 (d) ₹ 3500

26. कोई धन साधारण ब्याज की एक विशेष दर पर 2 वर्ष के लिए उधार दिया गया. यदि ब्याज की दर 1% वार्षिक अधिक होती तो इससे ₹ 240 अधिक आय होती. यह धन कितना है ?

(a) ₹ 5000 (b) ₹ 6000 (c) ₹ 8000 (d) ₹ 12000

27. ₹ 4000 को दो भागों में साधारण ब्याज पर उधार दिया गया. यदि एक भाग पर ब्याज की दर 8% वार्षिक हो तथा दूसरे भाग पर यह दर 10% वार्षिक हो तथा कुल वार्षिक ब्याज ₹ 352 मिले, तो 8% वार्षिक दर पर कितना धन दिया गया ? (मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)

(a) ₹ 1600 (b) ₹ 1800 (c) ₹ 2400 (d) ₹ 2800

28. कोई धन साधारण ब्याज से 30 वर्ष में तिगुना हो जाता है. ब्याज की वार्षिक दर क्या है ?

(a) 6% (b) $6\frac{2}{3}$% (c) $7\frac{1}{3}$% (d) 10%

29. साधारण ब्याज की किस वार्षिक दर पर किसी धन का 10 वर्ष का ब्याज उस धन का $\frac{2}{5}$ होगा ?

(a) 4% (b) $5\frac{2}{3}$% (c) 6% (d) $6\frac{2}{3}$%

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30. एक राशि साधारण ब्याज पर 10 वर्ष में दुगुनी हो जाती है. कितने वर्षों में यह समान ब्याज दर पर तिगुनी हो जायेगी ? (रेलवे परीक्षा, 2006)

(*a*) 25 वर्ष (*b*) 20 वर्ष (*c*) 30 वर्ष (*d*) 15 वर्ष

31. कितने समय में किसी धन में साधारण ब्याज की 5% वार्षिक दर से 40% की वृद्धि हो जायेगी ?

(*a*) 5 वर्ष (*b*) 6 वर्ष (*c*) 7 वर्ष (*d*) 8 वर्ष

32. एक व्यक्ति क्रमशः 6 वर्ष, 10 वर्ष तथा 12 वर्ष के लिए साधारण ब्याज की क्रमशः 10%, 12% तथा 15% वार्षिक दर पर धन लगाता है. यदि 3 वर्ष बाद प्रत्येक स्कीम से बराबर ब्याज मिले, तो इन मूलधनों का अनुपात क्या होगा ? (रेलवे परीक्षा, 2002)

(*a*) 2 : 3 : 4 (*b*) 3 : 4 : 6 (*c*) 4 : 6 : 2 (*d*) 6 : 3 : 2

33. एक व्यक्ति ₹ 10000 के एक भाग को 5% तथा दूसरे भाग को 6% वार्षिक दर पर निवेशित करता है. यदि 5% पर निवेशित राशि, 6% पर निवेशित राशि से प्रतिवर्ष ₹ 76.50 अधिक ब्याज दे, तो 6% पर निवेशित धनराशि कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

(*a*) ₹ 3600 (*b*) ₹ 3550 (*c*) ₹ 3850 (*d*) ₹ 4000

34. ₹ 2500 का 6 वर्ष के अन्त में उपचित ब्याज ₹ 1650 है. इसी दर पर तथा इसी अवधि के लिए ₹ 6875 का कितना साधारण ब्याज होगा ?

(*a*) ₹ 4536.50 (*b*) ₹ 5035.25 (*c*) ₹ 4995.25 (*d*) ₹ 4637.50 (*e*) इनमें से कोई नहीं

35. सुहित ने विकास से साधारण ब्याज पर 14% वार्षिक दर से 3 वर्ष के लिए ₹ 6300 उधार लिए. उसने इसमें कुछ और धनराशि जोड़कर मोहित को उतनी ही अवधि के लिए 16% वार्षिक दर पर साधारण ब्याज पर उधार दे दिये. इस सारे लेन-देन में सुहित को ₹ 618 का लाभ हुआ. उसने मोहित को कितनी राशि उधार दी थी ?

(*a*) ₹ 7000 (*b*) ₹ 6800 (*c*) ₹ 7200 (*d*) निर्धारित नहीं की जा सकती

(*e*) इनमें से कोई नहीं (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)

36. श्री वर्मा ₹ 14500 की राशि का 6 वर्ष के लिए साधारण ब्याज पर निवेश करते हैं. ब्याज की किस वार्षिक दर पर उन्हें ₹ 21460 मिलेंगे ? (जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2008)

(*a*) 4% (*b*) 10% (*c*) 6% (*d*) 8% (*e*) इनमें से कोई नहीं

37. एक महाजन एक ग्रामीण को ₹ 4000 तीन वर्ष के लिए उधार देता है. इसके कुछ भाग पर साधारण ब्याज की दर 10% वार्षिक है तथा शेष भाग पर यह दर 12% वार्षिक है. 3 वर्ष बाद उसे कुल धनराशि ₹ 5350 प्राप्त हुई. उसने 12% ब्याज पर कितनी धनराशि दी ? (बी०बी०ए० परीक्षा, 2007)

(*a*) ₹ 2000 (*b*) ₹ 2250 (*c*) ₹ 2500 (*d*) ₹ 2275

38. साधारण ब्याज की 4% वार्षिक दर से 4 वर्ष बाद देय ₹ 848 के ऋण के निपटान हेतु कितना वार्षिक भुगतान करना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

(*a*) ₹ 212 (*b*) ₹ 200 (*c*) ₹ 250 (*d*) ₹ 225

39. A को B के $1\frac{1}{2}$ वर्ष बाद ₹ 1573 देने हैं तथा B को A के 6 माह बाद ₹ 1444.50 देने हैं. यदि साधारण ब्याज की दर 14% वार्षिक हो तथा अभी एक दूसरे के कर्ज का निपटारा करना हो तो किसको कितने रुपये देने होंगे ?

(*a*) A, ₹ 28.50 (*b*) B, ₹ 17.50 (*c*) A, ₹ 56.00 (*d*) B, ₹ 50.00

40. आशीष ने कुछ धन उधार लिया जिस पर ब्याज की दर पहले 2 वर्ष तक 6% वार्षिक, अगले 3 वर्ष तक 9% वार्षिक तथा इसके बाद 14% वार्षिक थी. यदि 9 वर्ष बाद उसने कुल साधारण ब्याज ₹ 11400 दिया हो, तो उसने कुल कितना धन उधार लिया ?

(*a*) ₹ 12000 (*b*) ₹ 14000 (*c*) ₹ 16000 (*d*) ₹ 18000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

41. यदि समान वार्षिक दर से समान समय के लिए ₹ x का साधारण ब्याज ₹ y हो तथा ₹ y का साधारण ब्याज ₹ z हो, तो निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(*a*) $xyz = 1$ (*b*) $z^2 = xy$ (*c*) $x^2 = yz$ (*d*) $y^2 = zx$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 21A)

1. (b)	2. (a)	3. (a)	4. (c)	5. (d)	6. (a)	7. (b)	8. (e)	9. (d)	10. (e)
11. (c)	12. (d)	13. (e)	14. (c)	15. (d)	16. (c)	17. (a)	18. (d)	19. (c)	20. (d)
21. (d)	22. (b)	23. (b)	24. (a)	25. (b)	26. (d)	27. (c)	28. (b)	29. (a)	30. (b)
31. (d)	32. (d)	33. (c)	34. (e)	35. (b)	36. (d)	37. (c)	38. (b)	39. (d)	40. (a)
41. (d)									

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 21A

1. मूलधन = ₹ 988, दर = 18% वार्षिक, समय = 5 वर्ष.

साधारण ब्याज $= \dfrac{\text{मू०} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100} = ₹\left(\dfrac{988\times18\times5}{100}\right)$

$= ₹\ \dfrac{4446}{5} = ₹\ 889.20.$

2. मूलधन = ₹ 8500, दर = 9% वार्षिक, समय $= \dfrac{5}{2}$ वर्ष.

साधारण ब्याज $= ₹\left(8500\times\dfrac{9}{100}\times\dfrac{5}{2}\right) = ₹\left(\dfrac{3825}{2}\right) = ₹\ 1912.50$

वापिस किया गया धन = ₹ (8500 + 1912.50) = ₹ 10412.50.

3. माना पहला भाग = ₹ x तथा दूसरा भाग = ₹ $(3600 - x)$.

$x\times\dfrac{5}{100}\times3 = (3600-x)\times\dfrac{25}{4}\times\dfrac{1}{100}\times4$

$\Rightarrow \dfrac{3x}{20} = \dfrac{(3600-x)}{4} \Rightarrow 12x = 72000 - 20x$

$\Rightarrow 32x = 72000 \Rightarrow x = \dfrac{72000}{32} = 2250.$

∴ पहला भाग = ₹ 2250, दूसरा भाग = ₹ (3600 – 2250) = ₹ 1350.

4. माना प्रत्येक राशि = ₹ x. तब

$\left(x\times\dfrac{15}{2}\times\dfrac{1}{100}\times5\right) - \left(x\times\dfrac{15}{2}\times\dfrac{1}{100}\times4\right) = 150$

$\Rightarrow \dfrac{3x}{8} - \dfrac{3x}{10} = 150 \Rightarrow 15x - 12x = 6000 \Rightarrow 3x = 6000 \Rightarrow x = 2000.$

अत: प्रत्येक राशि = ₹ 2000.

5. माना मूलधन = ₹ P तथा दर = R % वार्षिक.

$P\times\dfrac{R}{100}\times6 = P\times\dfrac{R}{100}\times4\times\dfrac{150}{100}.$

स्पष्ट है कि इससे R ज्ञात नहीं किया जा सकता.

6. माना अभीष्ट राशि = ₹ P तथा दर = R % वार्षिक. तब

$\left\{P\times\dfrac{(R+3)}{100}\times2\right\} - \left(P\times\dfrac{R}{100}\times2\right) = 72$

$\Rightarrow \left(P\times\dfrac{R}{100}\times2\right) + \dfrac{6P}{100} - \left(P\times\dfrac{R}{100}\times2\right) = 72 \Rightarrow \dfrac{6P}{100} = 72$

$\Rightarrow P = \dfrac{72\times100}{6} = 1200.$ अत: अभीष्ट राशि = ₹ 1200.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. माना अभीष्ट राशि = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{8}{100}\times1\right)-\left(x\times\frac{31}{4}\times\frac{1}{100}\times1\right)=61\cdot50$$

$$\Rightarrow\frac{2x}{25}-\frac{31x}{400}=61\cdot50\Rightarrow32x-31x=61\cdot50\times400\Rightarrow x=24600.$$

∴ अभीष्ट राशि = ₹ 24600.

8. पहला मूलधन = ₹ $\left(\frac{100\times1200}{8\times6}\right)$ = ₹ 2500.

नया मूलधन = ₹ 7500.

अभीष्ट ब्याज = ₹ $\left(7500\times\frac{10}{1000}\times2\right)$ = ₹ 1500.

9. माना अभीष्ट धनराशि = ₹ x.

$$\left(\frac{x}{3}\times\frac{3}{100}\times1\right)+\left(\frac{x}{6}\times\frac{6}{100}\times1\right)+\left(\frac{x}{2}\times\frac{8}{100}\times1\right)=600$$

$$\Rightarrow\frac{x}{100}+\frac{x}{100}+\frac{4x}{100}=600\Rightarrow6x=600\times100\Rightarrow x=10000.$$

∴ अभीष्ट राशि = ₹ 10000.

10. माना ऋण-राशि = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{6}{100}\times1\right)+\left(x\times\frac{15}{2}\times\frac{1}{100}\times1\right)+\left(x\times\frac{9}{100}\times1\right)=8190$$

$$\Rightarrow\frac{3x}{50}+\frac{3x}{40}+\frac{9x}{100}=8190\Rightarrow12x+15x+18x=1638000$$

$$\Rightarrow45x=1638000\Rightarrow x=36400.$$

∴ ऋण राशि = ₹ 36400.

11. मूलधन = ₹ 2400, वर्ष = 4 वर्ष, सा० ब्याज = ₹ (3264 – 2400) = ₹ 864.

दर = $\left(\frac{100\times864}{2400\times4}\right)$% वार्षिक = 9% वार्षिक.

नई दर = 10% वार्षिक.

इच्छित ब्याज = ₹ $\left(2400\times\frac{10}{100}\times4\right)$ = ₹ 960.

मिश्रधन = ₹ (2400 + 960) = ₹ 3360.

12. माना ब्याज की दर = R % वार्षिक. तब

$$\left(5000\times\frac{R}{100}\times2\right)+\left(3000\times\frac{R}{100}\times4\right)=2200$$

$$\Rightarrow(100R+120R)=2200\Rightarrow220R=2200\Rightarrow R=10.$$

अत: ब्याज की दर = 10% वार्षिक.

13. मूलधन = ₹ 2500, समय = 6 वर्ष, सा० ब्याज = ₹ 1875

दर = $\left(\frac{100\times1875}{6\times2500}\right)$% वार्षिक = $\frac{25}{2}$% वार्षिक.

अभीष्ट ब्याज = ₹ $\left(6875\times\frac{25}{2}\times6\times\frac{1}{100}\right)$ = ₹ $\left(\frac{20625}{4}\right)$ = ₹ 5156.25.

14. सा० ब्याज = ₹ $\left(6000\times\frac{4}{100}\times5\right)$ = ₹ 1200.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अपेक्षित समय $= \left(\frac{100 \times 1250}{x \times 8 \times 3}\right)$ वर्ष $= 5$ वर्ष

17. माना मूलधन $= ₹\ x$, समय $= 20$ वर्ष, मिश्रधन $= ₹\ 2x$

तो सा० ब्याज $= ₹\ (2x - x) = ₹\ x$

दर $= \left(\frac{100 \times x}{x \times 20}\right)\%$ $= 5\%$ वार्षिक

अब मूलधन $= ₹\ x$, दर $= 5\%$ वार्षिक, मिश्रधन $= ₹\ 3x$

तो ब्याज $= ₹\ (3x - x) = ₹\ 2x$

अपेक्षित समय $= \left(\frac{100 \times 2x}{x \times 5}\right)$ वर्ष $= 40$ वर्ष

18. मूलधन $= ₹\ 2600$, दर $= \frac{20}{3}\%$ वार्षिक, माना समय $= x$ वर्ष

तो ब्याज $= ₹\ \left(2600 \times \frac{20}{3} \times \frac{1}{100} \times x\right) = ₹\ \left(\frac{520}{3} \times x\right)$

स्पष्ट है कि $x = 3$ (पूरे रुपयों में लेने हेतु)

$\therefore$ समय $= \left(\frac{100 \times 1080}{5000 \times 12}\right)$ वर्ष $= 3$ वर्ष

19. 2 वर्ष का ब्याज $= ₹\ (3000 - 2900) = ₹\ 100$

x वर्ष का ब्याज $= ₹\ \left(100 \times \frac{1}{2} \times 8\right) = ₹\ 400$

मूलधन $= ₹\ (2900 - 400) = ₹\ 2500$, ब्याज $= ₹\ 400$, समय $= 8$ वर्ष

दर $= \left(\frac{100 \times 400}{2500 \times 8}\right)\% = 2\%$

20. माना मूलधन $= ₹\ x$ तब, मिश्रधन $= ₹\ 2x$

मूलधन $= ₹\ x$, सा० ब्याज $= ₹\ x$, समय $= 8$ वर्ष

दर $= \left(\frac{100 \times x}{x \times 8}\right)\%$ वार्षिक $= 12.5\%$ वार्षिक

21. दर $= 4\%$ वार्षिक, समय $= \frac{3}{12}$ वर्ष $= \frac{1}{4}$ वर्ष, सा० ब्याज $= ₹\ 25$

मूलधन $= ₹\ \left(100 \times 25 \times \frac{1}{5} \times \frac{4}{1}\right) = ₹\ 2000$

22. माना 12% की दर पर ली गई राशि $= ₹\ x$ तथा 10% की दर पर ली गई राशि $= ₹\ (30000 - x)$

$\therefore x \times \frac{12}{100} \times 2 + (30000 - x) \times \frac{10}{100} \times 2 = (36480 - 30000)$

$\Rightarrow \frac{6x}{25} + \frac{(30000 - x)}{5} = 6480 \Rightarrow 6x + 150000 - 5x = 6480 \times 25$

$\Rightarrow x = (162000 - 150000) = 12000$

12% पर ली गई राशि $= ₹\ 12000$

23. माना मूलधन $= ₹\ x$ तब, सा० ब्याज $= ₹\ \frac{x}{4}$, माना दर $= R\%$ तथा समय $= R$ वर्ष

$\therefore x \times \frac{R}{100} \times R = \frac{x}{4} \Rightarrow R^2 = 25 \Rightarrow R = 5$

दर $= 5\%$ वार्षिक

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23. मूलधन = ₹ 10000, दर = 6%, सा० ब्याज = ₹ 450.

समय $=\left(\frac{100\times450}{10000\times6}\right)$ वर्ष $=\frac{3}{4}$ वर्ष $=\left(\frac{3}{4}\times12\right)$ माह = 9 माह.

24. माना मूलधन = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{23}{2}\times\frac{1}{100}\times1\right)-\left(x\times\frac{10}{100}\times1\right)=\frac{111}{2}$$

$$\Rightarrow\frac{23x}{200}-\frac{x}{10}=\frac{111}{2}\Rightarrow23x-20x=11100$$

$$\Rightarrow3x=11100\Rightarrow x=3700.$$

∴ मूलधन = ₹ 3700.

25. माना मूलधन = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{8}{100}\times1\right)-\left(x\times\frac{13}{2}\times\frac{1}{100}\times1\right)=\frac{81}{2}$$

$$\Rightarrow\frac{2x}{25}-\frac{13x}{200}=\frac{81}{2}\Rightarrow16x-13x=8100\Rightarrow3x=8100\Rightarrow x=2700.$$

∴ मूलधन = ₹ 2700.

26. माना मूलधन = ₹ x तथा दर = R % वार्षिक.

$$\left\{x\times\frac{(R+1)}{100}\times2\right\}-\left(x\times\frac{R}{100}\times2\right)=240$$

$$\Rightarrow\left(x\times\frac{R}{100}\times2\right)+\frac{x\times1\times2}{100}-\left(x\times\frac{R}{100}\times2\right)=240$$

$$\Rightarrow x=(240\times50)=12000.$$

∴ मूलधन = ₹ 12000.

27. माना पहला भाग = ₹ x. तब, दूसरा भाग = ₹ $(4000-x)$. तब

$$\left(x\times\frac{8}{100}\times1\right)+\left\{(4000-x)\times\frac{10}{100}\times1\right\}=352$$

$$\Rightarrow\frac{2x}{25}+\frac{(4000-x)}{10}=352\Rightarrow4x+20000-5x=17600$$

$$\Rightarrow x=(20000-17600)\Rightarrow x=2400.$$

∴ अभीष्ट धन = ₹ 2400.

28. माना मूलधन = ₹ x. तब, मिश्रधन = ₹ $3x$.

∴ सा० ब्याज = ₹ $(3x-x)$ = ₹ $2x$, समय = 30 वर्ष.

दर $=\left(\frac{100\times2x}{x\times30}\right)$% वार्षिक $=\frac{20}{3}$% वार्षिक $=6\frac{2}{3}$% वार्षिक.

29. माना मूलधन = ₹ x. तब, सा० ब्याज = ₹ $\frac{2x}{5}$, समय = 10 वर्ष.

दर $=\left(\frac{100\times\frac{2x}{5}}{x\times10}\right)$% वार्षिक = 4% वार्षिक.

30. माना मूलधन = ₹ x. तब, मिश्रधन = ₹ $2x$, समय = 10 वर्ष.

∴ मूलधन = ₹ x, सा० ब्याज = ₹ x, समय = 10 वर्ष.

अत: दर $=\left(\frac{100\times x}{x\times10}\right)$% वार्षिक = 10% वार्षिक.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अब, मूलधन = ₹ x, मिश्रधन = ₹ $3x$, दर = 10% वार्षिक.

∴ मूलधन = ₹ x, सा० ब्याज = ₹ $2x$, दर = 10% वार्षिक.

∴ समय $= \left(\frac{100\times 2x}{x\times 10}\right)$ वर्ष = 20 वर्ष.

31. माना मूलधन = ₹ x. तब, मिश्रधन = ₹ (x का 140%) = ₹ $\left(\frac{140x}{100}\right)$ = ₹ $\frac{7x}{5}$.

∴ मूलधन = ₹ x, सा० ब्याज = ₹ $\left(\frac{7x}{5}-x\right)$ = ₹ $\frac{2x}{5}$, दर = 5% वार्षिक.

समय $= \left(\frac{100\times\frac{2x}{5}}{x\times 5}\right)$ वर्ष = 8 वर्ष.

32. माना मूलधन क्रमशः ₹ x, ₹ y तथा ₹ z हैं. तब

$$\frac{x\times 6\times 10}{100}=\frac{y\times 10\times 12}{100}=\frac{z\times 12\times 15}{100}=k \quad (\text{माना})$$

$$\Rightarrow \frac{3x}{5}=\frac{6y}{5}=\frac{9z}{5}=k$$

$$\Rightarrow x=\frac{5k}{3}, y=\frac{5k}{6}, z=\frac{5k}{9}$$

$$\Rightarrow x:y:z=\frac{5k}{3}:\frac{5k}{6}:\frac{5k}{9}=\frac{1}{3}:\frac{1}{6}:\frac{1}{9}=6:3:2.$$

33. माना 6% की दर पर दिया गया धन = ₹ x.

तब 5% की दर पर दिया गया धन = ₹ $(10000-x)$.

$$(10000-x)\times\frac{5}{100}\times 1-\left(x\times\frac{6}{100}\times 1\right)=76\cdot 50$$

$$\Rightarrow 50000-5x-6x=7650$$

$$\Rightarrow 11x=(50000-7650)=42350 \Rightarrow x=3850.$$

अतः 6% की दर पर दिया गया धन = ₹ 3850.

34. मूलधन = ₹ 2500, सा० ब्याज = ₹ 1650, समय = 6 वर्ष.

∴ दर $= \left(\frac{100\times 1650}{2500\times 6}\right)\%$ वार्षिक = 11% वार्षिक.

अब, मूलधन = ₹ 6875, समय = 6 वर्ष, दर = 11% वार्षिक.

∴ सा० ब्याज = ₹ $\left(6875\times 6\times 11\times\frac{1}{100}\right)$ = ₹ $\frac{9075}{2}$ = ₹ 4537·50.

35. माना अभीष्ट राशि = ₹ $(6300+x)$. तब

$$\left[(6300+x)\times\frac{16}{100}\times 3\right]-\left(6300\times\frac{14}{100}\times 3\right)=618$$

$$\Rightarrow \frac{4(6300+x)}{25}-882=206 \Rightarrow \frac{4(6300+x)}{25}=1088$$

$$\Rightarrow (6300+x)=\left(1088\times\frac{25}{4}\right)=272\times 25=6800 \Rightarrow x=500.$$

अभीष्ट राशि = ₹ (6300 + 500) = ₹ 6800.

36. माना ब्याज की दर R % वार्षिक है.

सा० ब्याज = ₹ (21460 – 14500) = ₹ 6960.

$$14500\times\frac{R}{100}\times 6=6960 \Rightarrow R=\frac{6960}{145\times 6}=8\% \text{ वार्षिक.}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

37. माना 12% ब्याज पर दी गई राशि = ₹ x.

तब 10% ब्याज पर दी गई राशि = ₹ $(4000 - x)$.

सा० ब्याज = ₹ $(5350 - 4000)$ = ₹ 1350.

$$\left(x\times\frac{12}{100}\times3\right)+\left\{(4000-x)\times\frac{10}{100}\times3\right\}=1350$$

$$\Rightarrow \frac{9x}{25}+\frac{3(4000-x)}{10}=1350 \Rightarrow 18x+15(4000-x)=67500$$

$$\Rightarrow 18x-15x=67500-60000 \Rightarrow 3x=7500 \Rightarrow x=2500.$$

$\therefore$ 12% ब्याज पर दी गई राशि = ₹ 2500.

38. माना प्रत्येक वार्षिक किस्त = ₹ x. तब

$$\left(x+\frac{x\times4\times3}{100}\right)+\left(x+\frac{x\times4\times2}{100}\right)+\left(x+\frac{x\times4\times1}{100}\right)+x=848$$

$$\Rightarrow \frac{28x}{25}+\frac{27x}{25}+\frac{26x}{25}+x=848$$

$$\Rightarrow (28x+27x+26x+25x)=848\times25 \Rightarrow 106x=848\times25$$

$$\Rightarrow x=\frac{848\times25}{106}=200.$$

अत: प्रत्येक किस्त = ₹ 200.

39. तत्काल धन $=\dfrac{\text{देयधन}\times100}{100+(\text{दर}\times\text{समय})}$.

A के कर्ज का तत्काल धन = ₹ $\left\{\dfrac{1573\times100}{100+\left(14\times\frac{3}{2}\right)}\right\}$ = ₹ $\left(\dfrac{1573\times100}{121}\right)$ = ₹ 1300.

B के कर्ज का तत्काल धन = ₹ $\left\{\dfrac{1444\cdot50\times100}{100+\left(14\times\frac{1}{2}\right)}\right\}$ = ₹ $\left(\dfrac{144450}{107}\right)$ = ₹ 1350.

अत: B द्वारा A को ₹ 50 देने होंगे.

40. माना मूलधन = ₹ x. तब

$$\left(x\times\frac{6}{100}\times2\right)+\left(x\times\frac{9}{100}\times3\right)+\left(x\times\frac{14}{100}\times4\right)=11400$$

$$\Rightarrow \frac{3x}{25}+\frac{27x}{100}+\frac{14x}{25}=11400 \Rightarrow (12x+27x+56x)=1140000$$

$$\Rightarrow 95x=114000 \Rightarrow x=\frac{1140000}{95}=12000.$$

अत: उधार लिया गया धन = ₹ 12000.

41. माना दर = R % वार्षिक तथा समय = T वर्ष.

तब, $\dfrac{x\times R\times T}{100}=y$ तथा $\dfrac{y\times R\times T}{100}=z$

$\Rightarrow R\times T=\dfrac{100\times y}{x}$ तथा $R\times T=\dfrac{100\times z}{y}$

$$\Rightarrow \frac{100\times y}{x}=\frac{100\times z}{y} \Rightarrow \frac{y}{x}=\frac{z}{y} \Rightarrow y^2=zx.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 21B

1. कोई धनराशि साधारण ब्याज पर 3 वर्ष में ₹ 1016 तथा 7 वर्ष में ₹ 1304 हो जाती है. धनराशि तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

2. साधारण ब्याज की किस वार्षिक प्रतिशत दर से कोई धनराशि 12 वर्ष में स्वयं की दुगुनी हो जायेगी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

3. किसी धन का 2 वर्ष 4 माह का 6% वार्षिक दर से मिश्रधन ₹ 4047 हो जाता है. मूलधन ज्ञात कीजिए.

4. किसी धनराशि का साधारण ब्याज की किसी दर से 2 वर्ष का मिश्रधन ₹ 756 तथा $3\frac{1}{2}$ वर्ष का मिश्रधन ₹ 873 हो जाता है. ब्याज की दर ज्ञात कीजिए.

5. कोई व्यक्ति ₹ 375000 की राशि को अपने पुत्र तथा पुत्री में जो क्रमश: 12 वर्ष तथा 14 वर्ष की आयु के हैं, इस प्रकार बाँटना चाहता है कि प्रत्येक को 18 वर्ष का होने पर 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से समान धनराशि मिले. प्रत्येक का भाग ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

6. ₹ 28740 को तीन भागों में इस प्रकार बाँटिये कि 12% वार्षिक दर से इनके साधारण ब्याज पर क्रमश: 1 वर्ष, 2 वर्ष तथा 3 वर्ष के मिश्रधन बराबर हों.

7. किसी राशि का साधारण ब्याज से 3 वर्ष का मिश्रधन ₹ 9440 हो जाता है. यदि ब्याज की दर में 25% की वृद्धि कर दी जाये तो वह राशि उतने ही समय में ₹ 9800 हो जाती है. राशि तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिए.

8. कोई धन 3 वर्ष के लिए साधारण ब्याज पर उधार दिया गया. यदि ब्याज की दर 2% अधिक होती तो ₹ 360 अधिक ब्याज मिलता. धन ज्ञात कीजिए.

9. किसी धन पर एक निश्चित दर से एक निश्चित समय के लिए साधारण ब्याज मूलधन का $\frac{16}{25}$ है. यदि दर प्रतिशत वार्षिक तथा वर्षों के संख्यात्मक मान बराबर हों, तो दर तथा समय ज्ञात कीजिए.

10. 5 वर्ष बाद देय ₹ 3600 के ऋण को बराबर वार्षिक किस्तों में चुकाना है. यदि ब्याज की दर 10% वार्षिक हो, तो प्रत्येक किस्त कितने रुपये की है ?

11. कोई व्यक्ति ₹ 140000 दो प्रकार के बॉडों में निवेश करना चाहता है. बॉड A पर 12% वार्षिक आय है तथा बॉड B पर 16% वार्षिक. परन्तु, यह प्रतिबन्ध है कि बॉड B में निवेश राशि बॉड A में निवेश राशि के 40% से अधिक नहीं हो सकती. वह व्यक्ति प्रतिवर्ष कितनी अधिकतम आय प्राप्त कर सकता है ?

12. किसी व्यक्ति ने स्टेट बैंक में लगातार 3 वर्ष तक 11% वार्षिक साधारण ब्याज पर प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में एक निश्चित धनराशि जमा की. यदि 3 वर्ष बाद उसके बैंक खाते में ₹ 15006 हों, तो ज्ञात कीजिए कि प्रतिवर्ष उसने कितना धन जमा किया ?

13. एक 10 वर्ष के लड़के को अपने पिता से ₹ 50000 प्राप्त हुये जो एक ट्रस्ट में जमा कर दिये गये. ट्रस्ट ने यह धन 4% वार्षिक साधारण ब्याज पर दे दिया. यह ट्रस्ट ₹ 1200 प्रति वर्ष इस लड़के को देता है तथा ट्रस्ट का खर्च ₹ 300 वार्षिक है. 18 वर्ष की आयु होने पर उस लड़के को ट्रस्ट से कितना धन मिलेगा ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

14. एक व्यक्ति ₹ 9000 इस शर्त पर उधार लेता है कि उधार दी गई धनराशि को ₹ 1000 मासिक की दस किस्तों में दस मास में वापिस करना होगा. साधारण ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 21B)

1. ₹ 800, 9% वार्षिक
2. $8\frac{1}{3}$% वार्षिक
3. ₹ 3550
4. 13% वार्षिक
5. पुत्र का भाग = ₹ 180000, पुत्री का भाग = ₹ 195000
6. ₹ 10540, ₹ 9520, ₹ 8680
7. राशि = ₹ 8000, दर = 6% वार्षिक
8. मूलधन = ₹ 6000
9. दर = 8% वार्षिक, समय = 8 वर्ष
10. प्रत्येक किस्त = ₹ 600
11. ₹ 18400
12. ₹ 4100
13. ₹ 54000
14. $26\frac{2}{3}$% वार्षिक

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 21B

1. 4 वर्ष का ब्याज = ₹ (1304 – 1016) = ₹ 288.

3 वर्ष का ब्याज = ₹ $\left(\frac{288}{4}\times 3\right)$ = ₹ 216.

∴ मूलधन = ₹ (1016 – 216) = ₹ 800, ब्याज = ₹ 216, समय = 3 वर्ष

दर = $\left(\frac{100\times 216}{800\times 3}\right)$% वार्षिक = 9% वार्षिक.

अत: मूलधन = ₹ 800 तथा दर = 9% वार्षिक.

2. माना मूलधन = ₹ x. तब, सा० ब्याज = ₹ x, समय = 12 वर्ष.

दर = $\left(\frac{100\times x}{x\times 12}\right)$% वार्षिक = $8\frac{1}{3}$% वार्षिक.

3. माना मूलधन = ₹ x, समय = $2\frac{1}{3}$ वर्ष = $\frac{7}{3}$ वर्ष, दर = 6% वार्षिक.

सा० ब्याज = ₹ $\left(x\times\frac{7}{3}\times\frac{6}{100}\right)$ = ₹ $\frac{7x}{50}$.

∴ मिश्रधन = ₹ $\left(x+\frac{7x}{50}\right)$ = ₹ $\frac{57x}{50}$.

अत: $\frac{57x}{50} = 4047 \Rightarrow x = \frac{4047\times 50}{57} = 3550.$

अत: मूलधन = ₹ 3550.

4. $\frac{3}{2}$ वर्ष का ब्याज = ₹ (873 – 756) = ₹ 117.

2 वर्ष का ब्याज = ₹ $\left(117\times\frac{2}{3}\times 2\right)$ = ₹ 156.

∴ मूलधन = ₹ (756 – 156) = ₹ 600.

दर = $\left(\frac{100\times 156}{600\times 2}\right)$% वार्षिक = 13% वार्षिक.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. माना पुत्र का भाग = ₹ x. तब, पुत्री का भाग = ₹ $(375000 - x)$.

₹ x का 6 वर्ष का मिश्रधन = ₹ $(375000 - x)$ का 4 वर्ष का मिश्रधन

$$\Rightarrow \left(x + x \times 6 \times \frac{5}{100}\right) = (375000 - x) + \left[(375000 - x) \times \frac{5}{100} \times 4\right]$$

$$\Rightarrow \frac{13x}{10} = (375000 - x)\left(1 + \frac{1}{5}\right) \Rightarrow \frac{13x}{10} = \frac{6(375000 - x)}{5}$$

$$\Rightarrow 13x = 12(375000 - x) \Rightarrow 25x = 12 \times 375000$$

$$\Rightarrow x = \frac{12 \times 375000}{25} = 180000.$$

∴ पुत्र का भाग = ₹ 180000, पुत्री का भाग = ₹ (375000 – 180000) = ₹ 195000.

6. माना अभीष्ट भाग क्रमशः ₹ x, ₹ y तथा ₹ z हैं. तब

₹ x का 1 वर्ष का मिश्रधन = ₹ y का 2 वर्ष का मिश्रधन = ₹ z का 3 वर्ष का मिश्रधन

$$\Rightarrow \left(x + x \times \frac{12}{100} \times 1\right) = \left(y + y \times \frac{12}{100} \times 2\right) = \left(z + z \times \frac{12}{100} \times 3\right)$$

$$\Rightarrow \frac{28x}{25} = \frac{31y}{25} = \frac{34z}{25} = k \text{ (माना)}$$

$$\Rightarrow x = \frac{25k}{28}, y = \frac{25k}{31}, z = \frac{25k}{34}$$

$$\Rightarrow x : y : z = \frac{25k}{28} : \frac{25k}{31} : \frac{25k}{34} = \frac{1}{28} : \frac{1}{31} : \frac{1}{34}$$

$$\Rightarrow x : y : z = (31 \times 34) : (28 \times 34) : (28 \times 31) = (31 \times 17) : (28 \times 17) : (14 \times 31)$$

$$= 527 : 476 : 434.$$

इन पदों का योग = (527 + 476 + 434) = 1437.

∴ पहला भाग = ₹ $\left(\frac{28740 \times 527}{1437}\right)$ = ₹ 10540;

दूसरा भाग = ₹ $\left(\frac{28740 \times 476}{1437}\right)$ = ₹ 9520;

तीसरा भाग = ₹ $\left(\frac{28740 \times 434}{1437}\right)$ = ₹ 8680.

7. माना मूलधन = ₹ x तथा दर = R % वार्षिक. तब

$$\left(x + x \times \frac{R}{100} \times 3\right) = 9440 \Rightarrow (100 + 3R)\,x = 944000 \qquad \ldots(i)$$

ब्याज की नई दर $= \left(\frac{125R}{100}\right)\% = \left(\frac{5R}{4}\right)\%.$

$$\left(x + x \times \frac{5R}{4 \times 100} \times 3\right) = 9800 \Rightarrow (80 + 3R)\,x = 784000 \qquad \ldots(ii)$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*i*) को (*ii*) से भाग देने पर :

$$\frac{(100+3R)}{(80+3R)}=\frac{944000}{784000}\Rightarrow\frac{100+3R}{80+3R}=\frac{59}{49}$$

$$\Rightarrow 4900+147R=4720+177R\Rightarrow 30R=180\Rightarrow R=6.$$

अत: ब्याज की अभीष्ट दर = 6% वार्षिक.

(*i*) में $R = 6$ रखने पर :

$$x=\frac{784000}{98}=8000.$$

अत: मूलधन = ₹ 8000.

8. माना मूलधन = ₹ x, दर = R % वार्षिक, समय = 3 वर्ष. तब,

$$\left[x\times\frac{(R+2)}{100}\times3\right]-\left(x\times\frac{R}{100}\times3\right)=360$$

$$\Rightarrow\left(x\times\frac{R}{100}\times3\right)+\left(x\times\frac{2}{100}\times3\right)-\left(x\times\frac{R}{100}\times3\right)=360$$

$$\Rightarrow\frac{6x}{100}=360\Rightarrow x=\frac{360\times100}{6}=6000.$$

∴ मूलधन = ₹ 6000.

9. माना मूलधन = ₹ x. तब, साधारण ब्याज = ₹ $\frac{16x}{25}$.

माना दर = R % वार्षिक तथा समय = R वर्ष.

तब, $\frac{x\times R\times R}{100}=\frac{16x}{25}\Rightarrow R^2=\left(\frac{16}{25}\times100\right)=64\Rightarrow R=8.$

∴ दर = 8% वार्षिक तथा समय = 8 वर्ष.

10. माना प्रत्येक किस्त = ₹ x. तब

$$\left(x+x\times4\times\frac{10}{100}\right)+\left(x+x\times3\times\frac{10}{100}\right)+\left(x+x\times2\times\frac{10}{100}\right)+\left(x+x\times1\times\frac{10}{100}\right)+x=3600$$

$$\Rightarrow\frac{7x}{5}+\frac{13x}{10}+\frac{6x}{5}+\frac{11x}{10}+x=3600$$

$$\Rightarrow(14x+13x+12x+11x+10x)=36000\Rightarrow60x=36000\Rightarrow x=600.$$

प्रत्येक किस्त = ₹ 600.

11. माना बॉड A में निवेशित राशि = ₹ x.

तब, बॉड B में निवेशित राशि = ₹ $\left(x\times\frac{40}{100}\right)$ = ₹ $\frac{2x}{5}$.

$$x+\frac{2x}{5}=140000\Rightarrow7x=700000\Rightarrow x=100000.$$

बॉड A में निवेशित राशि = ₹ 100000.

बॉड B में निवेशित राशि = ₹ (140000 – 100000) = ₹ 40000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अभीष्ट आय = ₹ $\left\{\left(100000\times1\times\frac{12}{100}\right)+\left(40000\times1\times\frac{16}{100}\right)\right\}$

= ₹ (12000 + 6400) = ₹ 18400.

12. माना प्रति वर्ष बैंक में जमा कराई गई धनराशि = ₹ x. तब,

(₹ x का 3 वर्ष का मिश्रधन) + (₹ x का 2 वर्ष का मिश्रधन)

+ (₹ x का 1 वर्ष का मिश्रधन) = ₹ 15006

$$\Rightarrow\left(x+x\times\frac{11}{100}\times3\right)+\left(x+x\times\frac{11}{100}\times2\right)+\left(x+x\times\frac{11}{100}\times1\right)=15006$$

$$\Rightarrow\frac{133x}{100}+\frac{61x}{50}+\frac{111x}{100}=15006$$

$$\Rightarrow(133x+122x+111x)=1500600\Rightarrow366x=1500600\Rightarrow x=4100.$$

अत: अभीष्ट धन = ₹ 4100.

13. कुल ब्याज = ₹ $\left(50000\times\frac{4}{100}\times8\right)$ = ₹ 16000.

कुल खर्च = ₹ $[(1200\times8)+(300\times8)]$ = ₹ 12000.

राशि जो लड़के को मिलती है = ₹ $[(50000+16000)-12000]$ = ₹ 54000.

14. ब्याज = ₹ $[(1000\times10)-9000]$ = ₹ 1000.

स्पष्ट है कि ₹ 9000 का 1 महीने का ब्याज, ₹ 8000 का 1 महीने का ब्याज,

₹ 7000 का 1 महीने का ब्याज + ... + ₹ 1000 का 1 महीने का ब्याज = ₹ 1000.

$$[9000+8000+7000+\ldots\ldots+1000]\times\frac{R}{100}\times\frac{1}{12}=1000$$

$$\Rightarrow45000\times\frac{R}{100}\times\frac{1}{12}=1000$$

$$\Rightarrow R=\frac{100\times12\times1000}{45000}=\frac{80}{3}=26\frac{2}{3}\%.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

22 चक्रवृद्धि ब्याज (COMPOUND INTEREST)

सामान्य नियम

चक्रवृद्धि ब्याज : कभी-कभी उधार दिये गये धन को चुकता करने के लिए एक निश्चित अवधि तय कर ली जाती है. यह अवधि प्राय: **वार्षिक** अथवा **छमाही** अथवा ***तिमाही*** होती है. इस अवधि की समाप्ति के बाद ब्याज को मूलधन में जोड़ने पर बना मिश्रधन, अगली अवधि के लिए मूलधन बन जाता है.

प्रत्येक अवधि के लिए यही क्रिया दोहराई जाती है.

अन्त में प्राप्त मिश्रधन ही **चक्रवृद्धि मिश्रधन** कहलाता है.

चक्रवृद्धि ब्याज = (चक्रवृद्धि मिश्रधन) – (मूलधन).

चक्रवृद्धि मिश्रधन के लिए सूत्र

1. माना मूलधन = ₹ P, दर = R% वार्षिक तथा समय = n वर्ष.

(*i*) जब ब्याज वार्षिक देय हो, तब **चक्रवृद्धि मिश्रधन** $= P\left(1+\frac{R}{100}\right)^n$.

(*ii*) जब ब्याज **छमाही देय** हो, तब दर $=\left(\frac{R}{2}\right)$% **प्रति छमाही** तथा **समय = ($2n$) छमाही.**

$\therefore$ **चक्रवृद्धि मिश्रधन** $= P\times\left(1+\frac{R}{2\times100}\right)^{2n}$.

(*iii*) जब ब्याज तिमाही देय हो, तब दर $=\left(\frac{R}{4}\right)$% **प्रति तिमाही** तथा **समय = ($4n$) तिमाही.**

$\therefore$ **चक्रवृद्धि मिश्रधन** $= P\times\left(1+\frac{R}{4\times100}\right)^{4n}$.

(*iv*) जब समय एक परिमेय संख्या हो, जैसे $4\frac{2}{3}$ वर्ष तथा ब्याज वार्षिक देय हो, तब

चक्रवृद्धि मिश्रधन $= P\times\left(1+\frac{R}{100}\right)^4\times\left(1+\frac{\frac{2}{3}R}{100}\right)$.

(*v*) जब ब्याज की दर पहले वर्ष $= R_1$%, दूसरे वर्ष $= R_2$% तथा तीसरे वर्ष $= R_3$% हो, तब

चक्रवृद्धि मिश्रधन $= P\times\left(1\times\frac{R_1}{100}\right)\times\left(1+\frac{R_2}{100}\right)\times\left(1+\frac{R_3}{100}\right)$.

2. माना कोई धन = ₹ x, n वर्ष बाद देय है तथा ब्याज की दर = R% वार्षिक है,

तो इस धन का वर्तमान मूल्य $=\dfrac{x}{\left(1+\frac{R}{100}\right)^n}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. ₹ 6750 का $6\frac{2}{3}$% वार्षिक दर से 3 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए.

हल : मूलधन = ₹ 6750, दर $= \frac{20}{3}$% वार्षिक, समय = 3 वर्ष.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{6750\times\left(1+\frac{20}{3\times100}\right)^3\right\}$

= ₹ $\left(6750\times\frac{16}{15}\times\frac{16}{15}\times\frac{16}{15}\right)$ = ₹ 8192.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (8192 – 6750) = ₹ 1442.

प्रश्न 2. ₹ 16000 का 10% वार्षिक दर से 1 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए जबकि ब्याज प्रति छमाही देय हो.

हल : मूलधन = ₹ 16000, दर = 5% प्रति छमाही, समय = 2 छमाही.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{16000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^2\right\}$

= ₹ $\left(16000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\right)$ = ₹ 17640.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (17640 – 16000) = ₹ 1640.

प्रश्न 3. ₹ 125000 का 8% वार्षिक दर से 9 माह का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज तिमाही देय हो.

हल : मूलधन = ₹ 125000, दर $= \frac{8}{4}$% प्रति तिमाही = 2% प्रति तिमाही, समय = 3 तिमाही.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{125000\times\left(1+\frac{2}{100}\right)^3\right\}$

= ₹ $\left(125000\times\frac{51}{50}\times\frac{51}{50}\times\frac{51}{50}\right)$ = ₹ 132651.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (132651 – 125000) = ₹ 7651.

प्रश्न 4. ₹ 9000 का 10% वार्षिक दर पर 2 वर्ष 4 माह का चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा, जबकि ब्याज वार्षिक देय हो?

हल : मूलधन = ₹ 9000, दर = 10% वार्षिक, समय $= 2\frac{4}{12}$ वर्ष $= 2\frac{1}{3}$ वर्ष.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{9000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^2\times\left(1+\frac{10\times\frac{1}{3}}{100}\right)\right\}$

= ₹ $\left(9000\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\times\frac{31}{30}\right)$ = ₹ 11253.

∴ चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (11253 – 9000) = ₹ 2253.

प्रश्न 5. किसी धन का 12% वार्षिक दर पर 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 180 है. मूलधन ज्ञात कीजिए.

हल : माना मूलधन = ₹ x, दर = 12% वार्षिक, समय = 2 वर्ष.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{x\times\left(1+\frac{12}{100}\right)^2\right\}$ = ₹ $\left\{x\times\frac{28}{25}\times\frac{28}{25}\right\}$ = ₹ $\left(\frac{784x}{625}\right)$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left(\frac{784x}{625}-x\right)$ = ₹ $\left\{\frac{(784x-625x)}{625}\right\}$ = ₹ $\frac{159x}{625}$.

साधारण ब्याज = ₹ $\left(x\times\frac{12}{100}\times 2\right)$ = ₹ $\frac{6x}{25}$.

$\therefore \frac{159x}{625}-\frac{6x}{25}=180 \Rightarrow (159x-150x)=180\times 625$

$\Rightarrow 9x=180\times 625 \Rightarrow x=\frac{180\times 625}{9}=12500.$

अतः मूलधन = ₹ 12500.

प्रश्न 6. चक्रवृद्धि ब्याज पर दिये गये धन के 2 वर्ष तथा 3 वर्ष के मिश्रधन क्रमशः ₹ 9680 तथा ₹ 10648 हो जाते हैं. दर प्रतिशत तथा मूलधन ज्ञात कीजिए.

हल : ₹ 9680 का 1 वर्ष का ब्याज = ₹ (10648 – 9680) = ₹ 968.

दर = $\left(\frac{100\times 968}{9680\times 1}\right)$% वार्षिक = 10% वार्षिक.

माना मूलधन = ₹ x तब $x\left(1+\frac{10}{100}\right)^2=9680$.

$\therefore x\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}=9680 \Rightarrow x=\left(9680\times\frac{10}{11}\times\frac{10}{11}\right)=8000.$

अतः मूलधन = ₹ 8000 तथा दर = 10% वार्षिक.

प्रश्न 7. किसी धन का 8% वार्षिक दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 2080 है. इस धन का इसी दर पर इतने ही समय का साधारण ब्याज कितना होगा?

हल : माना अभीष्ट धन = ₹ x तब

$x\left(1+\frac{8}{100}\right)^2-x=2080 \Rightarrow \left(x\times\frac{27}{25}\times\frac{27}{25}-x\right)=2080$

$\therefore (729x-625x)=625\times 2080 \Rightarrow 104x=625\times 2080$

$\Rightarrow x=(625\times 20)=12500.$

$\therefore$ मूलधन = ₹ 12500.

साधारण ब्याज = ₹ $\left(12500\times\frac{8}{100}\times 2\right)$ = ₹ 2000.

प्रश्न 8. कितने समय में 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से ₹ 2000 का मिश्रधन ₹ 2420 हो जायेगा?

हल : माना अभीष्ट समय = n वर्ष. तब

$2000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^n=2420 \Rightarrow \left(\frac{11}{10}\right)^n=\frac{2420}{2000}=\frac{121}{100}=\left(\frac{11}{10}\right)^2 \Rightarrow n=2.$

$\therefore$ अभीष्ट समय = 2 वर्ष.

प्रश्न 9. कितने समय में ₹ 800 का 10% वार्षिक दर से छमाही देय चक्रवृद्धि मिश्रधन ₹ 926·10 हो जायेगा?

हल : माना अभीष्ट समय = n वर्ष = $2n$ छमाही, दर = 5% प्रति छमाही. तब

$800\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^{2n}=926\cdot 10$

$\Rightarrow \left(\frac{21}{20}\right)^n=\frac{926\cdot 10}{800}=\frac{92610}{80000}=\frac{9261}{8000}=\left(\frac{21}{20}\right)^3 \Rightarrow n=3$ छमाही.

अभीष्ट समय = 3 छमाही = $1\frac{1}{2}$ वर्ष.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 10. किसी धन पर एक निश्चित दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 160 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 170 है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?

हल : 1 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ 80.

2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर = ₹ (170 – 160) = ₹ 10.

₹ 80 का 1 वर्ष का ब्याज = ₹ 10.

$\therefore$ दर $= \left(\frac{10}{80} \times 100\right)\% = 12\frac{1}{2}\%$ वार्षिक.

प्रश्न 11. 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष बाद देय ₹ 14580 का वर्तमान मूल्य कितना होगा ?

हल : अभीष्ट मूल्य = ₹ $\left\{\frac{14580}{\left(1+\frac{8}{100}\right)^2}\right\}$ = रु० $\left(14580 \times \frac{25}{27} \times \frac{25}{27}\right)$ = रु० 12500.

अत: देय धन का वर्तमान मूल्य ₹ 12500 है.

प्रश्नमाला 22A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. ₹ 45000 पर 15% वार्षिक दर से 2 वर्ष के अन्त में कितना चक्रवृद्धि ब्याज उपचित होगा ?
(a) ₹ 16411.50 (b) ₹ 14461.50 (c) ₹ 16461.50 (d) ₹ 14641.50
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

2. ₹ 10000 का 3 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा जबकि ब्याज की दर प्रथम वर्ष 4%, द्वितीय वर्ष 5% तथा तृतीय वर्ष 6% हो ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(a) ₹ 1600 (b) ₹ 1625.80 (c) ₹ 1575.20 (d) ₹ 2000

3. ₹ 160000 का 2 वर्ष में 10% वार्षिक दर से छमाही देय चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा ?
(a) ₹ 34846 (b) ₹ 34481 (c) ₹ 19448 (d) ₹ 37946

4. ₹ 16000 का 20% वार्षिक दर से 9 माह का चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा जबकि ब्याज त्रैमासिक संयोजित हो ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(a) ₹ 2530 (b) ₹ 2524 (c) ₹ 2522 (d) ₹ 2518

5. अर्द्धवार्षिक रूप में संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज की 12% वार्षिक दर से ₹ 2500 की धनराशि कितने वर्ष में ₹ 2809 हो जायेगी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) 1 वर्ष (b) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (c) 2 वर्ष (d) $2\frac{1}{2}$ वर्ष

6. 12% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से ₹ 125000 की धनराशि कितने समय में ₹ 148877 हो जायेगी, जबकि ब्याज अर्द्धवार्षिक रूप में संयोजित होता हो ?
(a) $3\frac{1}{2}$ वर्ष (b) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (c) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (d) 2 वर्ष

7. ₹ 1000 की धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर कितना होगा ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)
(a) ₹ 2.00 (b) ₹ 2.50 (c) ₹ 3.00 (d) ₹ 3.50

8. चक्रवृद्धि ब्याज से कौनसी धनराशि 1 वर्ष के अन्त में ₹ 650 तथा 2 वर्ष के अन्त में ₹ 676 हो जायेगी ?
(a) ₹ 520 (b) ₹ 572 (c) ₹ 600 (d) ₹ 625
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

9. 10% वार्षिक दर से 3 वर्ष के लिए किसी धनराशि के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 620 है, तो वह धनराशि कितनी होगी ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 40000 (b) ₹ 12000 (c) ₹ 10000 (d) ₹ 20000

10. किसी धन का 4% वार्षिक दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 102 है. उसी धन का उसी दर से उतनी ही अवधि के लिए साधारण ब्याज कितना होगा ? (होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 99 (b) ₹ 100 (c) ₹ 101 (d) ₹ 102

11. एक राशि पर 3 वर्ष के अन्त में 15% वार्षिक दर से उपचित चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 6500.52 है. राशि कितनी है ?
(a) ₹ 12480 (b) ₹ 10500 (c) ₹ 14800 (d) ₹ 13620 (e) इनमें से कोई नहीं
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2008)

12. ₹ 18000 पर 10% वार्षिक दर से 3 वर्ष में प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा ?
(a) ₹ 5628 (b) ₹ 5400 (c) ₹ 5940 (d) ₹ 5958 (e) इनमें से कोई नहीं
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2007)

13. ₹ 20000 पर 3 वर्ष के अन्त में ₹ 7200 साधारण ब्याज उपचित होता है. उसी राशि पर उसी अवधि का उसी दर से चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)
(a) ₹ 8342.36 (b) ₹ 8098.56 (c) ₹ 8246.16 (d) ₹ 8112.86 (e) इनमें से कोई नहीं

14. ₹ 8000 का 15% वार्षिक दर से 2 वर्ष 4 माह का वार्षिक रूप में संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा ?
(a) ₹ 2980 (b) ₹ 3091 (c) ₹ 3109 (d) ₹ 3100
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

15. किसी धनराशि के 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 40 है. वह धनराशि कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) ₹ 4000 (b) ₹ 3600 (c) ₹ 4200 (d) ₹ 3200

16. ₹ 6000 का 10% वार्षिक दर से $1\frac{1}{2}$ वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज कितना है जबकि ब्याज वार्षिक रूप में संयोजित हो ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) ₹ 910 (b) ₹ 870 (c) ₹ 930 (d) ₹ 900

17. किसी धनराशि पर एक निश्चित दर से 2 वर्ष के साधारण ब्याज तथा चक्रवृद्धि ब्याज क्रमशः ₹ 900 तथा ₹ 954 हैं. वह धनराशि कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) ₹ 3700 (b) ₹ 4650 (c) ₹ 3850 (d) ₹ 3750

18. चक्रवृद्धि ब्याज की किसी दर से कोई धनराशि 2 वर्ष में ₹ 2420 तथा 3 वर्ष में ₹ 2662 हो जाती है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप में संयोजित होता है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(a) 6% (b) 8% (c) 9% (d) 10%

19. किसी धन पर 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 282.15 है तथा साधारण ब्याज ₹ 270 है. ब्याज की वार्षिक दर कितने है ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)
(a) 8% (b) 9% (c) 10% (d) 12%

20. किसी राशि पर 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से प्रथम वर्ष का ब्याज ₹ 48 है. दूसरे वर्ष का ब्याज क्या होगा ?
(a) ₹ 48 (b) ₹ 51.84 (c) ₹ 56.48 (d) ₹ 96

21. कोई धन चक्रवृद्धि ब्याज से 15 वर्ष में दुगुना हो जाता है. कितने वर्षों में यह अपने से 8 गुना हो जायेगा ?
(a) 20 वर्ष (b) 30 वर्ष (c) 40 वर्ष (d) 45 वर्ष
(एम०बी०ए० परीक्षा, 2004)

22. चक्रवृद्धि ब्याज पर जमा की गई ₹ 12000 की धनराशि 5 वर्ष में दुगुनी हो जाती है. 20 वर्ष बाद यह कितनी हो जायेगी ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(a) ₹ 144000 (b) ₹ 120000 (c) ₹ 150000 (d) ₹ 192000

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23. सोनिका ने 2 वर्ष के लिए ₹ 5800 का निवेश किया. 2 वर्ष के अन्त में चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 594.50 किस वार्षिक दर पर मिलेगा ?
(a) 5% (b) 4% (c) 6% (d) 8% (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

24. ₹ 15000 पर 2 वर्ष में उपचित चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 2496 है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?
(a) 8% (b) 10% (c) 6% (d) निर्धारित नहीं की जा सकती
(e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

25. किसी धन पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 35 है. वह धन कितना है ?
(a) ₹ 10000 (b) ₹ 13000 (c) ₹ 14000 (d) ₹ 15000 (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

26. ₹ 5000 का $1\frac{1}{2}$ वर्ष में 4% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज का अन्तर कितना होगा जबकि ब्याज क्रमशः वार्षिक तथा छमाही देय हो ?
(a) ₹ 2.04 (b) ₹ 3.06 (c) ₹ 4.80 (d) ₹ 8.30
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

27. वह धन कितना है जिसका दूसरे वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज 10% वार्षिक दर से ₹ 132 है ?
(a) ₹ 1000 (b) ₹ 1200 (c) ₹ 1320 (d) इनमें से कोई नहीं

28. किसी धन पर एक निश्चित दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 120 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 129 है. ब्याज की वार्षिक दर क्या है ?
(a) 12% (b) $12\frac{1}{2}$% (c) 14% (d) 15%

29. ₹ 1025 का ऋण दो बराबर वार्षिक किस्तों में चुकाना है. यदि चक्रवृद्धि ब्याज की दर 5% वार्षिक हो, तो प्रत्येक किस्त का मान कितना होगा ?
(a) ₹ 550 (b) ₹ 560 (c) ₹ 560.75 (d) ₹ 551.25

30. ₹ 66200 का ऋण तीन बराबर वार्षिक किस्तों में चुकाना है. यदि चक्रवृद्धि ब्याज की दर 10% वार्षिक हो, तो प्रत्येक किस्त का मान कितना होगा ?
(a) ₹ 13310 (b) ₹ 19965 (c) ₹ 26620 (d) ₹ 23540

31. कुछ धन उधार लिया गया तथा उसे दो वार्षिक किस्तों में चुकाया गया. यदि प्रत्येक किस्त का मान ₹ 882 हो तथा ब्याज की दर 5% वार्षिक हो, तो कितना धन उधार लिया गया ?
(a) ₹ 1620 (b) ₹ 1640 (c) ₹ 1680 (d) ₹ 1780

32. एक पेड़ की ऊँचाई में प्रतिवर्ष $\frac{1}{8}$ गुना वृद्धि होती है. यदि पेड़ की वर्तमान ऊँचाई 64 सेमी० हो, तो 2 वर्ष बाद इसकी ऊँचाई कितनी होगी ?
(a) 70 सेमी० (b) 80 सेमी० (c) 81 सेमी० (d) 84 सेमी०

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 22A)

1. (e)	2. (c)	3. (b)	4. (c)	5. (a)	6. (b)	7. (b)	8. (d)	9. (d)	10. (b)
11. (a)	12. (d)	13. (b)	14. (c)	15. (a)	16. (c)	17. (d)	18. (d)	19. (b)	20. (b)
21. (d)	22. (d)	23. (a)	24. (a)	25. (c)	26. (a)	27. (b)	28. (d)	29. (d)	30. (c)
31. (b)	32. (c)								

दिये गये प्रश्नों के हल : प्रश्नमाला 22A

1. मूलधन = ₹ 45000, दर = 15% वार्षिक, समय = 2 वर्ष.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{45000\times\left(1+\frac{15}{100}\right)^2\right\}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= ₹\left(45000\times\frac{23}{20}\times\frac{23}{20}\right) = ₹\,\frac{119025}{2}.$$

चक्रवृद्धि ब्याज $= ₹\left(\frac{119025}{2}-45000\right) = ₹\,\frac{29025}{2} = ₹\,14512\cdot50.$

2. चक्रवृद्धि मिश्रधन $= ₹\left\{10000\times\left(1+\frac{4}{100}\right)\times\left(1+\frac{5}{100}\right)\times\left(1+\frac{6}{100}\right)\right\}$

$$= ₹\left(10000\times\frac{26}{25}\times\frac{21}{20}\times\frac{53}{50}\right) = ₹\,\frac{57876}{5}.$$

चक्रवृद्धि ब्याज $= ₹\left(\frac{57876}{5}-10000\right) = ₹\frac{7876}{5} = ₹\,1575\cdot20.$

3. मूलधन = ₹ 160000, दर = 5% प्रति छमाही, समय = 4 छमाही.

चक्रवृद्धि मिश्रधन $= ₹\left\{160000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^4\right\} = ₹\left(160000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\right) = ₹\,194481.$

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (194481 – 160000) = ₹ 34481.

4. मूलधन = ₹ 16000, दर = 5% त्रैमासिक, समय = 3 तिमाही.

चक्रवृद्धि मिश्रधन $= ₹\left\{16000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^3\right\} = ₹\left(16000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\right) = ₹\,18522.$

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (18522 – 16000) = ₹ 2522.

5. मूलधन = ₹ 2500, मिश्रधन = ₹ 2809, दर = 6% अर्द्धवार्षिक.
माना समय = n छमाही. तब

$$2500\times\left(1+\frac{6}{100}\right)^n = 2809 \Rightarrow \left(\frac{53}{50}\right)^n = \frac{2809}{2500} = \left(\frac{53}{50}\right)^2 \Rightarrow n = 3.$$

∴ समय = 2 छमाही = 1 वर्ष.

6. मूलधन = ₹ 125000, मिश्रधन = ₹ 148877, दर = 6% प्रति छमाही.
माना समय = n छमाही. तब

$$125000\times\left(1+\frac{6}{100}\right)^n = 148877 \Rightarrow \left(\frac{53}{50}\right)^n = \frac{148877}{125000} = \left(\frac{53}{50}\right)^3.$$ अतः $n = 3$.

∴ समय = 3 छमाही $= 1\frac{1}{2}$ वर्ष.

7. सा० ब्याज $= ₹\left(\frac{1000\times5\times2}{100}\right) = ₹\,100.$

चक्रवृद्धि ब्याज $= ₹\left\{1000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^2-1000\right\} = ₹\left\{\left(1000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\right)-1000\right\}$

$$= ₹\left(\frac{205}{2}\right) = ₹\,102.50$$

अभीष्ट अन्तर = ₹ (102.50 – 100) = ₹ 2.50.

8. माना अभीष्ट धनराशि = ₹ x तथा दर = R% वार्षिक. तब

$x\left(1+\frac{R}{100}\right) = 650$ ...(*i*) $\qquad x\left(1+\frac{R}{100}\right)^2 = 676$ ...(*ii*)

(*ii*) को (*i*) से भाग देने पर : $\left(1+\frac{R}{100}\right) = \frac{676}{650}.$

$$\therefore \frac{R}{100} = \left(\frac{676}{650}-1\right) = \frac{(676-650)}{650} = \frac{26}{650} = \frac{1}{25} \Rightarrow R = \left(\frac{1}{25}\times100\right) = 4.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(i) में $R = 4$ रखने पर : $x\left(1+\frac{4}{100}\right)=650 \Rightarrow x\times\frac{26}{25}=650 \Rightarrow x=\left(650\times\frac{25}{26}\right)=625$.

अभीष्ट धनराशि = ₹ 625.

9. माना राशि = ₹ 100. तब

साधारण ब्याज = ₹ $\left(\frac{100\times10\times3}{100}\right)$ = ₹ 30.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{100\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^3\right\}$ = ₹ $\left(100\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\right)$ = ₹ $\frac{1331}{10}$.

∴ चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left(\frac{1331}{10}-100\right)$ = ₹ $\frac{331}{10}$.

(चक्रवृद्धि ब्याज) – (साधारण ब्याज) = ₹ $\left(\frac{331}{10}-30\right)$ = ₹ $\frac{31}{10}$.

यदि दोनों ब्याजों का अन्तर ₹ $\frac{31}{10}$ है, तो मूलधन = ₹ 100.

यदि दोनों ब्याजों का अन्तर ₹ 620 है, तो मूलधन = ₹ $\left(100\times\frac{10}{31}\times620\right)$ = ₹ 20000.

10. माना मूलधन = ₹ x. तब

$$x\left(1+\frac{4}{100}\right)^2-x=102 \Rightarrow \left(x\times\frac{26}{25}\times\frac{26}{25}\right)-x=102$$

$$\therefore \left(\frac{676x}{625}-x\right)=102 \Rightarrow (676x-625x)=102\times625$$

$$\Rightarrow 51x=102\times625 \Rightarrow x=1250.$$

∴ साधारण ब्याज = ₹ $\left(1250\times\frac{4}{100}\times2\right)$ = ₹ 100.

11. माना अभीष्ट राशि = ₹ x. तब

$$x\times\left(1+\frac{15}{100}\right)^3-x=\frac{650052}{100} \Rightarrow \left(x\times\frac{23}{20}\times\frac{23}{20}\times\frac{23}{20}\right)-x=\frac{650052}{100}$$

$$\Rightarrow (12167x-8000x)=\frac{650052}{100}\times8000$$

$$\Rightarrow x=\left(\frac{650052}{100}\times\frac{8000}{4167}\right)=(156\times80)=12480.$$

12. चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{18000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^3-18000\right\}$

= ₹ $\left\{\left(18000\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\right)-18000\right\}$ = ₹ (23958 – 18000) = ₹ 5958.

13. दर = $\left(\frac{100\times7200}{20000\times3}\right)$% वार्षिक = 12% वार्षिक.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{20000\times\left(1+\frac{12}{100}\right)^3-20000\right\}$

= ₹ $\left\{20000\times\frac{28}{25}\times\frac{28}{25}\times\frac{28}{25}-20000\right\}$

= ₹ $\left(\frac{702464}{25}-20000\right)$ = ₹ $\frac{202464}{25}$ = ₹ 8098·56.

14. चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{8000\times\left(1+\frac{15}{100}\right)^2\times\left(1+\frac{15\times\frac{4}{12}}{100}\right)\right\}$

= ₹ $\left\{8000\times\frac{23}{20}\times\frac{23}{20}\times\frac{21}{20}\right\}$ = ₹ 11109.

∴ चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ (11109 – 8000) = ₹ 3109.

15. माना धनराशि = ₹ x. तब

साधारण ब्याज = ₹ $\left(x\times\frac{10}{100}\times2\right)$ = ₹ $\frac{x}{5}$.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{x\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^2-x\right\}$ = ₹ $\left(\frac{21x}{100}\right)$.

(चक्रवृद्धि ब्याज) – (साधारण ब्याज) = ₹ $\left(\frac{21x}{100}-\frac{x}{5}\right)$ = ₹ $\frac{x}{100}$.

∴ $\frac{x}{100}=40\Rightarrow x=4000$.

अत: मूलधन = ₹ 4000.

16. चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{6000\times\left(1+\frac{10}{100}\right)\times\left(1+\frac{5}{100}\right)-6000\right\}$

= ₹ $\left(6000\times\frac{11}{10}\times\frac{21}{20}-6000\right)$ = ₹ (6930 – 6000) = ₹ 930.

17. माना मूलधन = ₹ x तथा दर = R% वार्षिक.

$\frac{x\times R\times2}{100}=900\Rightarrow x\times R=\frac{900\times100}{2}=45000$

$\left[x\left(1+\frac{R}{100}\right)^2-x\right]=954\Rightarrow x\left(1+\frac{R^2}{10000}+\frac{2R}{100}\right)-x=954$

$\Rightarrow\frac{xR\times R}{10000}+\frac{xR}{50}=954\Rightarrow\frac{45000\times R}{10000}+\frac{45000}{50}=954$

$\Rightarrow\frac{9R}{2}=(954-900)=54\Rightarrow R=\frac{54\times2}{9}=12.$

∴ $x\times12=45000\Rightarrow x=3750$. अत: धनराशि = ₹ 3750.

18. ₹ 2420 का 1 वर्ष का ब्याज = ₹ (2662 – 2420) = ₹ 242.

∴ ब्याज की दर = $\left(\frac{100\times242}{2420\times1}\right)$% वार्षिक = 10% वार्षिक.

19. 1 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ $\left(\frac{1}{2}\times270\right)$ = ₹ 135.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर = ₹ (282.15 – 270) = ₹ 12.15

₹ 135 का 1 वर्ष का ब्याज = ₹ 12.15.

ब्याज की दर $= \frac{(12 \cdot 15 \times 100)}{(135 \times 1)}\%$ वार्षिक = 9% वार्षिक.

20. दूसरे वर्ष का ब्याज = ₹ 48 + ₹ 48 का 1 वर्ष का ब्याज

$$= ₹\left(48 + \frac{48 \times 8 \times 1}{100}\right) = ₹\,(48 + 3.84) = ₹\,51.84.$$

21. माना मूलधन = ₹ x. तब, 15 वर्ष में मिश्रधन = ₹ $2x$.

$$x \times \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{15} = 2x \Rightarrow \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{15} = 2 \quad \ldots(i)$$

माना n वर्ष में मूलधन 8 गुना हो जायेगा. तब

$$x \times \left(1 \times \frac{R}{100}\right)^{n} = 8x \Rightarrow \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{n} = 8 = 2^3 = \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{45} \Rightarrow n = 45 \text{ वर्ष.}$$

22. $$12000 \times \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{5} = 24000 \Rightarrow \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{5} = 2$$

$$\Rightarrow \left\{\left(1 + \frac{R}{100}\right)^{5}\right\}^{4} = 2^4 = 16.$$

20 वर्ष बाद मिश्रधन = ₹ $\left\{12000 \times \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{20}\right\}$ = ₹ (12000 × 16) = ₹ 192000.

23. चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ (5800 + 594.50) = ₹ 6394.50.

$$5800 \times \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{2} = \frac{639450}{100}$$

$$\Rightarrow \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{2} = \frac{639450}{5800 \times 100} = \frac{441}{400} = \left(\frac{21}{20}\right)^{2}$$

$$\Rightarrow 1 + \frac{R}{100} = \frac{21}{20} \Rightarrow \frac{R}{100} = \left(\frac{21}{20} - 1\right) = \frac{1}{20} \Rightarrow R = \left(100 \times \frac{1}{20}\right) = 5\%.$$

24. चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ (15000 + 2496) = ₹ 17496.

$$15000 \times \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{2} = 17496 \Rightarrow \left(1 + \frac{R}{100}\right)^{2} = \frac{17496}{15000} = \frac{729}{625} = \left(\frac{27}{25}\right)^{2}$$

$$\therefore \left(1 + \frac{R}{100}\right) = \frac{27}{25} \Rightarrow \frac{R}{100} = \left(\frac{27}{25} - 1\right) = \frac{2}{25} \Rightarrow R = \left(\frac{2}{25} \times 100\right) = 8.$$

अत: ब्याज की दर = 8% वार्षिक.

25. माना मूलधन = ₹ x. तब

साधारण ब्याज = ₹ $\left(x \times \frac{5}{100} \times 2\right)$ = ₹ $\frac{x}{10}$.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{x \times \left(1 + \frac{5}{100}\right)^{2} - x\right\}$ = ₹ $\left(x \times \frac{21}{20} \times \frac{21}{20} - x\right)$ = ₹ $\frac{41x}{400}$.

$$\frac{41x}{400} - \frac{x}{10} = 35 \Rightarrow (41x - 40x) = (35 \times 400) \Rightarrow x = 14000.$$

∴ मूलधन = ₹ 14000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

26. अभीष्ट अन्तर = ₹ $\left[5000\times\left(1+\frac{2}{100}\right)^3-5000\times\left(1+\frac{4}{100}\right)\left(1+\frac{2}{100}\right)\right]$

$$= ₹\left[\left(5000\times\frac{51}{50}\times\frac{51}{50}\times\frac{51}{50}\right)-\left(5000\times\frac{26}{25}\times\frac{51}{50}\right)\right]$$

$$= ₹\left[5100\times\left(\frac{2601}{2500}-\frac{26}{25}\right)\right] = ₹\left(5100\times\frac{1}{2500}\right) = ₹\frac{51}{25} = ₹\,2\cdot04.$$

27. माना मूलधन = ₹ x.

दूसरे वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज = (2 वर्ष का मिश्रधन) – (1 वर्ष का मिश्रधन)

$$= ₹\left\{x\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^2-x\times\left(1+\frac{10}{100}\right)\right\} = ₹\left\{\left(x\times\frac{11}{10}\times\frac{11}{10}\right)-\left(x\times\frac{11}{10}\right)\right\}$$

$$= ₹\left(\frac{121x}{100}-\frac{11x}{10}\right) = ₹\left(\frac{121x-110x}{100}\right) = ₹\frac{11x}{100}.$$

$\frac{11x}{100} = 132 \Rightarrow x = \left(\frac{132\times100}{11}\right) = 1200.$ अत: मूलधन = ₹ 1200.

28. 1 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ 60.

2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर = ₹ (129 – 120) = ₹ 9.

₹ 60 का 1 वर्ष का ब्याज = ₹ 9.

$\therefore$ दर $= \left(\frac{9}{60}\times100\right)\% = 15\%$ वार्षिक.

29. माना प्रत्येक किस्त का मान = ₹ x. तब

(1 वर्ष बाद देय ₹ x का वर्तमान मूल्य) + (2 वर्ष बाद देय ₹ x का वर्तमान मूल्य) = ₹ 1025

$$\Rightarrow \frac{x}{\left(1+\frac{5}{100}\right)}+\frac{x}{\left(1+\frac{5}{100}\right)^2} = 1025 \Rightarrow \frac{20x}{21}-\frac{400x}{441} = 1025$$

$$\Rightarrow (420x+400x) = (1025\times441) \Rightarrow 820x = (1025\times441)$$

$$\Rightarrow x = \frac{1025\times441}{820} = \frac{2205}{4} = 551\cdot25.$$

अत: प्रत्येक किस्त का मान = ₹ 551.25.

30. माना प्रत्येक किस्त का मान = ₹ x. तब

$$\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)}+\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^2}+\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^3} = 66200$$

$$\Rightarrow \frac{10x}{11}+\frac{100x}{121}+\frac{1000x}{1331} = 66200$$

$$\Rightarrow (1210x+1100x+1000x) = (66200\times1331)$$

$$\Rightarrow 3310x = 66200\times1331 \Rightarrow x = \frac{66200\times1331}{3310} = 26620.$$

$\therefore$ प्रत्येक किस्त का मान = ₹ 26620.

31. उधार लिया गया धन

= (1 वर्ष बाद देय ₹ 882 का वर्तमान मूल्य) + (2 वर्ष बाद देय ₹ 882 का वर्तमान मूल्य)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= ₹\left\{\frac{882}{\left(1+\frac{5}{100}\right)}+\frac{882}{\left(1+\frac{5}{100}\right)^2}\right\} = ₹\left\{\left(882\times\frac{20}{21}\right)+\left(882\times\frac{20}{21}\times\frac{20}{21}\right)\right\}$$

$= ₹\ (840 + 800) = ₹\ 1640.$

32. वार्षिक वृद्धि दर $=\left(\frac{1}{8}\times100\right)\% = \frac{25}{2}\%$.

2 वर्ष बाद ऊँचाई $=\left\{64\times\left(1+\frac{25}{2\times100}\right)^2\right\}$ सेमी०

$=\left(64\times\frac{9}{8}\times\frac{9}{8}\right)$ सेमी० = 81 सेमी०.

प्रश्नमाला 22B

1. यदि किसी धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज की दर से 1 वर्ष के अर्द्ध-वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 30 हो, तो वह धनराशि ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
2. ₹ 15000 की धनराशि पर 2 वर्ष में उपार्जित वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 96 है. इस पर ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
3. वह धनराशि ज्ञात कीजिए जो 8% वार्षिक ब्याज की दर से 6 मास में ₹ 26010 हो जायेगी, जबकि ब्याज त्रैमासिक रूप में संयोजित हो. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
4. ₹ 66300 को A तथा B में इस प्रकार बाँटिये कि 10 वर्ष बाद B के भाग का चक्रवृद्धि मिश्रधन 8 वर्ष बाद के A के भाग के चक्रवृद्धि मिश्रधन के बराबर हो, जबकि ब्याज की दर 10% वार्षिक है. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
5. एक टी०वी० सैट ₹ 19650 के नकद भुगतान अथवा ₹ 3100 के नकद भुगतान तथा तीन समान वार्षिक किस्तों में उपलब्ध है. यदि दुकानदार वार्षिक रूप से संयोजित 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से लगाये, तो प्रत्येक किस्त में दी जाने वाली धनराशि ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
6. 3 वर्ष बाद देय ₹ 4913 का वर्तमान मूल्य क्या होगा जबकि ब्याज की दर $6\frac{1}{4}\%$ वार्षिक हो ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
7. कोई धन चक्रवृद्धि ब्याज पर 3 वर्ष में ₹ 6690 तथा 6 वर्ष में ₹ 10035 हो जाता है. धन ज्ञात कीजिए.
8. किसी धन पर एक निश्चित दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 225 है तथा इसी धन पर इसी दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹ 153 है. मूलधन तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**
9. एक व्यक्ति ने कुछ राशि उधार ली तथा इसे ₹ 8820 प्रति वर्ष को दो समान किस्तों में वापिस लौटा दिया. यदि चक्रवृद्धि ब्याज की दर 5% वार्षिक हो, तो उधार ली गई राशि ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**
10. एक व्यक्ति ने ₹ 19860 उधार लिये तथा कुल मिश्रधन का तीन समान किस्तों में भुगतान किया. यदि ब्याज 10% वार्षिक दर से संयोजित हो, तो वार्षिक किस्त की राशि ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 22B)

1. ₹ 18750	2. 8% वार्षिक	3. ₹ 25000	4. $A \to$ ₹ 36300, $B \to$ ₹ 30000
5. ₹ 6655	6. ₹ 4096	7. ₹ 4460	8. ₹ 1875
9. ₹ 16400	10. ₹ 7986		

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 22B

1. माना मूलधन = ₹ x, दर $= \frac{8}{2}\%$ प्रति छमाही = 4% प्रति छमाही, समय = 2 छमाही.

$\therefore$ चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{x\times\left(1+\frac{4}{100}\right)^2\right\} =$ ₹ $\left(x\times\frac{26}{25}\times\frac{26}{25}\right) =$ ₹ $\left(\frac{676x}{625}\right)$.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left(\frac{676x}{625}-x\right) =$ ₹ $\left(\frac{676x-625x}{625}\right) =$ ₹ $\frac{51x}{625}$.

पुन: ₹ x पर 8% वार्षिक दर से 1 वर्ष का सा० ब्याज = ₹ $\left(x\times\frac{8}{100}\times 1\right) =$ ₹ $\frac{2x}{25}$.

(चक्रवृद्धि ब्याज) – (साधारण ब्याज) = ₹ $\left(\frac{51x}{625}-\frac{2x}{25}\right) =$ ₹ $\frac{x}{625}$.

$\therefore \frac{x}{625} = 30 \Rightarrow x = (625\times 30) = 18750.$

अत: मूलधन = ₹ 18750.

2. माना ब्याज की दर = R % वार्षिक. तब,

साधारण ब्याज = ₹ $\left(15000\times\frac{R}{100}\times 2\right) =$ ₹ $300R$.

चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ $\left\{15000\times\left(1+\frac{R}{100}\right)^2 - 15000\right\}$

$= ₹ \left\{15000\times\left(1+\frac{R^2}{10000}+\frac{2\times R}{100}\right) - 15000\right\}$

$= ₹ \left(\frac{3}{2}R^2 + 300R\right)$.

$\therefore \left(\frac{3}{2}R^2 + 300R\right) - (300R) = 96 \Rightarrow \frac{3}{2}R^2 = 96$

$\therefore R^2 = \left(96\times\frac{2}{3}\right) = 64 = 8^2 \Rightarrow R = 8.$

अत: ब्याज की दर = 8% वार्षिक.

3. माना धनराशि = ₹ x. ब्याज की दर $= \frac{8}{4}\%$ त्रैमासिक = 2% त्रैमासिक, समय = 2 तिमाही.

चक्रवृद्धि मिश्रधन = ₹ $\left\{x\times\left(1+\frac{2}{100}\right)^2\right\} =$ ₹ $\left(x\times\frac{51}{50}\times\frac{51}{50}\right) =$ ₹ $\left(\frac{2601x}{2500}\right)$

$\therefore \frac{2601x}{2500} = 26010 \Rightarrow x = \frac{2500\times 26010}{2601} = 25000.$

अभीष्ट धनराशि = ₹ 25000.

4. माना A का भाग = ₹ x. तब, B का भाग = ₹ $(66300 - x)$.

$$x\times\left(1+\frac{10}{100}\right)^8 = (66300-x)\left(1+\frac{10}{100}\right)^{10}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow x\times\left(\frac{11}{10}\right)^8=(66300-x)\left(\frac{11}{10}\right)^{10}\Rightarrow x=(66300-x)\times\frac{121}{100}$

$\Rightarrow 100x=(66300\times121)0-121x\Rightarrow 221x=(66300\times121)$

$\Rightarrow x=\frac{66300\times121}{221}=36300.$

$\therefore$ A का भाग = ₹ 36300, B का भाग = ₹ (66300 – 36300) = ₹ 30000.

5. ₹ 3100 के नकद भुगतान के बाद शेष नकद मूल्य = ₹ (19650 – 3100) = ₹ 16550.

माना प्रत्येक वार्षिक किस्त = ₹ x.

1 वर्ष बाद देय ₹ x, 2 वर्ष बाद देय ₹ x, 3 वर्ष बाद देय ₹ x के वर्तमान मूल्य

क्रमशः ₹ $\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)}$, ₹ $\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^2}$, ₹ $\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^3}$

अर्थात् ₹ $\frac{10x}{11}$, ₹ $\frac{100x}{121}$ तथा ₹ $\frac{1000x}{1331}$ हैं.

$\therefore \frac{10x}{11}+\frac{100x}{121}+\frac{1000x}{1331}=16550\Rightarrow(1210x+110x+1000x)=(16550\times1331)$

$\therefore 3310x=16550\times1331\Rightarrow x=\frac{16550\times1331}{3310}=6655.$

अतः प्रत्येक वार्षिक किस्त = ₹ 6655.

6. अभीष्ट वर्तमान मूल्य = ₹ $\left\{\frac{4913}{\left(1+\frac{25}{4\times100}\right)^3}\right\}$

= ₹ $\left(\frac{4913\times16\times16\times16}{17\times17\times17}\right)$ = ₹ 4096.

7. माना मूलधन = ₹ x तथा दर = R% वार्षिक. तब

$x\left(1+\frac{R}{100}\right)^3=6690$ ...(*i*)

तथा $x\left(1+\frac{R}{100}\right)^6=10035$ ...(*ii*)

भाग देने पर $\left(1+\frac{R}{100}\right)^3=\frac{10035}{6690}=\frac{3}{2}$

यह मान (*i*) में रखने पर : $x\times\frac{3}{2}=6690\Rightarrow x=\left(6690\times\frac{2}{3}\right)=4460.$

$\therefore$ मूलधन = ₹ 4460.

8. 1 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ $\left(\frac{225}{3}\right)$ = ₹ 75.

2 वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ (75 × 2) = ₹ 150.

2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज = ₹ 153.

2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर = ₹ (153 – 150) = ₹ 3.

₹ 75 पर 1 वर्ष का ब्याज = ₹ 3.

$\therefore$ दर $\left(\frac{100\times3}{75\times1}\right)$% वार्षिक = 4% वार्षिक.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

मूलधन = ₹ $\left(\frac{100\times225}{3\times4}\right)$ = ₹ 1875.

9. 1 वर्ष बाद देय ₹ 8820 का वर्तमान मूल्य = ₹ $\frac{8820}{\left(1+\frac{5}{100}\right)}$ = ₹ $\left(8820\times\frac{20}{21}\right)$ = ₹ 8400.

2 वर्ष बाद देय ₹ 8820 का वर्तमान मूल्य = ₹ $\frac{8820}{\left(1+\frac{5}{100}\right)^2}$ = ₹ $\left(8820\times\frac{20}{21}\times\frac{20}{21}\right)$ = ₹ 8000.

उधार ली गई राशि = ₹ (8400 + 8000) = ₹ 16400.

10. माना प्रत्येक वार्षिक किस्त = ₹ x.

इन किस्तों के कुल वर्तमान मूल्य

$$= ₹ \left\{\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)}+\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^2}+\frac{x}{\left(1+\frac{10}{100}\right)^3}\right\}$$

$$= ₹ \left(\frac{10x}{11}+\frac{100x}{121}+\frac{1000x}{1331}\right)=\frac{(1210x+1100x+1000x)}{1331}=\frac{3310x}{1331}$$

$$\therefore \frac{3310x}{1331}=19860 \Rightarrow x=\frac{19860\times1331}{3310}=7986.$$

अत: प्रत्येक किस्त की राशि = ₹ 7986.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23 क्षेत्रफल (AREA)

सामान्य नियम

I. (*i*) आयत का क्षेत्रफल = (लम्बाई × चौड़ाई).

$\therefore$ लम्बाई $= \left(\frac{\text{क्षेत्रफल}}{\text{चौड़ाई}}\right)$, चौड़ाई $= \left(\frac{\text{क्षेत्रफल}}{\text{लंबाई}}\right)$.

(*ii*) आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई).

II. (*i*) वर्ग का क्षेत्रफल $= (\text{भुजा})^2 = \frac{1}{2} \times (\text{विकर्ण})^2$. (*ii*) वर्ग का विकर्ण = ($\sqrt{2} \times$ भुजा).

III. कमरे की चार दीवारों का क्षेत्रफल = 2×(लम्बाई + चौड़ाई)×ऊँचाई.

IV. (*i*) त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2} \times \text{आधार} \times \text{ऊँचाई}\right)$.

(*ii*) त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$, जहाँ $s = \frac{1}{2}(a+b+c)$ तथा a, b, c त्रिभुज की भुजायें हैं.

(*iii*) समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left[\frac{\sqrt{3}}{4} \times (\text{भुजा})^2\right]$.

(*iv*) a भुजा वाली समबाहु त्रिभुज के अन्त: वृत्त की त्रिज्या $= \frac{a}{2\sqrt{3}}$.

(*v*) a भुजा वाली समबाहु त्रिभुज के परिवृत्त की त्रिज्या $= \frac{a}{\sqrt{3}}$.



V. (*i*) समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = (आधार×ऊँचाई).

(*ii*) समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ (विकर्णों का गुणनफल).

(*iii*) किसी समचतुर्भुज के विकर्णों के आधे भाग एवं समचतुर्भुज की एक भुजा, एक समकोण त्रिभुज बनाते हैं जिसका कर्ण चतुर्भुज की भुजा होती है.

VI. समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times$ (समान्तर भुजाओं का योग) × उनके बीच की दूरी.

VII. एक चतुर्भुज के विकर्ण की लम्बाई d सेमी० है तथा इसके विपरीत शीर्षों से विकर्ण पर डाले गये लम्बों की लम्बाई p_1 तथा p_2 हैं. तब, इस चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}(p_1 + p_2)d$.



VIII. (*i*) वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2$.

(*ii*) वृत्त की परिधि $= 2\pi R$.

(*iii*) अर्द्ध-वृत्त का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times \pi R^2$.

(*iv*) अर्द्ध-वृत्त की परिमिति $= (\pi R + 2R)$.

(*v*) चाप की लम्बाई $= \frac{2\pi R\theta}{360}$.

(*vi*) वृत्तखण्ड AOB का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times (\text{चाप } AB) \times R = \frac{\pi R^2 \theta}{360}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. एक आयताकार भूखण्ड की लम्बाई तथा चौड़ाई क्रमश: 40 मीटर तथा 30 मीटर हैं. भूखण्ड का क्षेत्रफल तथा इसके विकर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिए.



हल : लम्बाई = 40 मीटर, चौड़ाई = 30 मीटर.

भूखण्ड का क्षेत्रफल = (40 × 30) वर्ग मीटर

= 1200 वर्ग मीटर.

माना आयताकार भूखण्ड $ABCD$ है. तब

विकर्ण $AC = \sqrt{AB^2 + BC^2} = \sqrt{(40)^2 + (30)^2} = \sqrt{1600 + 900} = \sqrt{2500} = 50$ मीटर.

प्रश्न 2. एक आयत की लम्बाई 15 सेमी० तथा इसके विकर्ण की लम्बाई 17 सेमी० है. आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.



हल : माना दी गई आयत $ABCD$ है जिसमें

$AB = 15$ सेमी० तथा $AC = 17$ सेमी०.

$BC^2 = (AC)^2 - (AB)^2$

$= (17)^2 - (15)^2 = (289 - 225) = 64.$

$\therefore BC = \sqrt{64} = 8$ सेमी०.

∴ लम्बाई = 15 सेमी० तथा चौड़ाई = 8 सेमी०.

अत: आयत का क्षेत्रफल = (15 × 8) वर्ग सेमी० = 120 वर्ग सेमी०.

प्रश्न 3. एक कमरा 20 मीटर लम्बा तथा 15 मीटर चौड़ा है. इसके फर्श पर 60 सेमी० चौड़ी दरी बिछाने का खर्च ₹ 20 प्रति मीटर की दर से कितना होगा?

हल : फर्श की लम्बाई = 20 मीटर तथा चौड़ाई = 15 मीटर.

फर्श का क्षेत्रफल = (20 × 15) वर्ग मीटर = 300 वर्ग मीटर.

∴ दरी की चौड़ाई $= \frac{60}{100}$ मीटर $= \frac{3}{5}$ मीटर.

दरी की लम्बाई = (क्षेत्रफल ÷ चौड़ाई) $= \left(300 \times \frac{5}{3}\right)$ मीटर = 500 मीटर.

दरी बिछाने का खर्च = ₹ (500 × 20) = ₹ 10000.

प्रश्न 4. एक आयताकार पार्क की लम्बाई 90 मीटर तथा चौड़ाई 60 मीटर है. इसके अन्दर चारों ओर 5 मीटर चौड़ा रास्ता है. इस रास्ते पर ₹ 15 प्रति वर्ग मीटर की दर से रोड़ी बिछाने का खर्च क्या होगा?

हल : पार्क की लम्बाई = 90 मीटर तथा चौड़ाई = 60 मीटर.

पार्क का क्षेत्रफल = (90 × 60) वर्ग मी० = 5400 वर्ग मी०.

रास्ते को छोड़कर शेष भाग की लम्बाई = (90 – 2×5) मी०

= 80 मीटर.

रास्ते को छोड़कर शेष भाग की चौड़ाई = (60 – 2×5) मी०

= 50 मीटर.

रास्ते को छोड़कर शेष भाग का क्षेत्रफल = (80 × 50) वर्गमीटर = 4000 वर्गमीटर.

रास्ते का क्षेत्रफल = (5400 – 4000) वर्ग मीटर = 1400 वर्ग मी०.

रास्ते पर रोड़ी बिछाने का खर्च = ₹ (1400 × 15) = ₹ 21000.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 5. उस वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करें जिसके विकर्ण की लम्बाई 6 मीटर है.

हल : वर्ग का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}d^2 = \left(\frac{1}{2}\times 6\times 6\right)$ वर्ग मी० = 18 वर्ग मी०.

प्रश्न 6. एक वर्ग की प्रत्येक भुजा की लम्बाई में 20% वृद्धि करने पर इसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?

हल : माना वर्ग की प्रत्येक भुजा = 10 मीटर.

तब, वर्ग का क्षेत्रफल = (10 × 10) वर्ग मी० = 100 वर्ग मीटर.

नये वर्ग की प्रत्येक भुजा = 10 मीटर का 120%

$= \left(10\times\frac{120}{100}\right)$ मीटर = 12 मीटर.

नये वर्ग का क्षेत्रफल = (12 × 12) वर्गमीटर = 144 वर्गमीटर.

क्षेत्रफल में वृद्धि % = (144 – 100)% = 44%.

प्रश्न 7. एक त्रिभुजाकार खेत की भुजायें क्रमशः 20 मीटर, 21 मीटर तथा 29 मीटर लम्बी हैं. इस खेत में ₹ 25 प्रति वर्ग मीटर की दर से फसल काटने का खर्च क्या होगा?

हल : यहाँ $a = 20$ मीटर, $b = 21$ मीटर तथा $c = 29$ मीटर.

$\therefore\ s = \frac{1}{2}\ (20 + 21 + 29)$ मीटर = 35 मी०,

$(s-a) = 15$ मी०, $(s-b) = 14$ मी० तथा $(s-c) = 6$ मीटर.

$\therefore\ \Delta = \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{35\times 15\times 14\times 6} = (5\times 7\times 3\times 2)$ वर्ग मी० = 210 वर्ग मी०.

फसल काटने का खर्च = ₹ (210 × 25) = ₹ 5250.

प्रश्न 8. एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 है तथा इस त्रिभुज का क्षेत्रफल 216 वर्ग सेमी० है. इस त्रिभुज की परिमिति कितनी है?

हल : माना त्रिभुज की भुजायें $3x$ सेमी०, $4x$ सेमी० तथा $5x$ सेमी० हैं. तब

$s = \frac{1}{2}(3x+4x+5x) = 6x,\ (s-a) = 3x, (s-b) = 2x$ तथा $(s-c) = x.$

$\Delta = \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{6x\times 3x\times 2x\times x} = 6x^2$

$\therefore\ 6x^2 = 216 \Rightarrow x^2 = 36 = 6\times 6 \Rightarrow x = 6.$

अतः त्रिभुज की परिमिति = $(3x + 4x + 5x)$ सेमी० = $12\,x$ सेमी० = (12 × 6) सेमी० = 72 सेमी०.

प्रश्न 9. दो त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 4 : 3 है तथा इनकी ऊँचाइयों का अनुपात 3 : 4 है. इनके आधार की लम्बाइयों का अनुपात क्या होगा?

हल : माना त्रिभुजों के आधार क्रमशः x_1 तथा x_2 तथा ऊँचाइयाँ क्रमशः $3y$ तथा $4y$ हैं.

$$\frac{\frac{1}{2}\times x_1\times 3y}{\frac{1}{2}\times x_2\times 4y} = \frac{4}{3} \Rightarrow \frac{3x_1}{4x_2} = \frac{4}{3} \Rightarrow \frac{x_1}{x_2} = \left(\frac{4}{3}\times\frac{4}{3}\right) = \frac{16}{9}.$$

$\therefore$ इन त्रिभुजों के आधार की लम्बाइयों का अनुपात = 16 : 9.

प्रश्न 10. एक समकोण त्रिभुज का आधार 12 सेमी० तथा कर्ण 13 सेमी० है. इस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.



हल : माना $\Delta\ ABC$ में $\angle B = 90°$.

आधार $BC = 12$ सेमी०, कर्ण $AC = 13$ सेमी०.

$AB^2 = (AC^2 - BC^2) = (13)^2 - (12)^2 = (169 - 144) = 25.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore\ AB = \sqrt{25} = 5$ सेमी०.

त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2} \times 12 \times 5\right)$ वर्ग सेमी० $= 30$ वर्ग सेमी०.

प्रश्न 11. एक समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा 8 सेमी० है. इसका क्षेत्रफल कितना है ? इस त्रिभुज की ऊँचाई भी ज्ञात कीजिए.

हल : त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2\right) = \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 8 \times 8\right)$ वर्ग सेमी० $= 16\sqrt{3}$ वर्ग सेमी.

$\frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ ऊँचाई $= 16\sqrt{3} \Rightarrow \frac{1}{2} \times 8 \times$ ऊँचाई $= 16\sqrt{3}$

$\Rightarrow$ ऊँचाई $= \frac{16\sqrt{3}}{4} = 4\sqrt{3}$ सेमी०.

प्रश्न 12. एक त्रिभुजाकार खेत का आधार इसकी ऊँचाई का तीन गुना है. यदि इस खेत की फसल काटने का खर्च ₹ 100 प्रति हैक्टेयर की दर से ₹ 1350 हो, तो इसका आधार तथा ऊँचाई ज्ञात कीजिए.

हल : खेत का क्षेत्रफल $= \frac{\text{कुल खर्च}}{\text{दर}} = \left(\frac{1350}{100}\right)$ हैक्टेयर $= 13{\cdot}5$ हैक्टेयर

$= (13.5 \times 10000)$ वर्ग मी० $= 135000$ वर्ग मी०.

माना ऊँचाई $= h$ मीटर. तब, आधार $= 3h$ मीटर.

$\therefore\ \frac{1}{2} \times 3h \times h = 135000 \Rightarrow h^2 = \left(135000 \times \frac{2}{3}\right) = 90000$.

$\therefore\ h = \sqrt{90000} = 300$ मीटर.

अत: आधार $= 900$ मीटर तथा ऊँचाई $= 300$ मीटर.

प्रश्न 13. एक समान्तर चतुर्भुज का आधार उसकी ऊँचाई से दुगुना है. यदि इसका क्षेत्रफल 72 वर्ग सेमी० हो तो इसका आधार तथा ऊँचाई ज्ञात कीजिए.

हल : माना ऊँचाई $= x$ सेमी० तथा आधार $= 2x$ सेमी०.

$\therefore$ क्षेत्रफल $=$ आधार $\times$ ऊँचाई $= (2x \times x)$ वर्ग सेमी० $= 2x^2$ वर्ग सेमी०.

परन्तु, क्षेत्रफल $= 72$ वर्ग सेमी०.

$\therefore\ 2x^2 = 72 \Rightarrow x^2 = 36 = 6^2 \Rightarrow x = 6$.

अत: आधार $= (2 \times 6)$ सेमी० $= 12$ सेमी० तथा ऊँचाई $= 6$ सेमी०.

प्रश्न 14. एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 20 सेमी० लम्बी है तथा इसके एक विकर्ण की लम्बाई 24 सेमी० है. समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.



हल : हम जानते हैं कि किसी समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर एक दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं.

अब ΔOAB में $\angle AOB = 90°$, $AB = 20$ सेमी०,

$OA = \frac{1}{2} AC = \left(\frac{1}{2} \times 24\right)$ सेमी० $= 12$ सेमी०.

$\therefore\ OB^2 = AB^2 - OA^2 = (20)^2 - (12)^2 = (400 - 144) = 256$.

अत: $OB = \sqrt{256} = 16$ सेमी०. अत: $BD = 2 \times OB = (2 \times 16)$ सेमी० $= 32$ सेमी०.

$\therefore$ समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times AC \times BD = \left(\frac{1}{2} \times 24 \times 32\right)$ वर्ग सेमी० $= 384$ वर्ग सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 15. एक पहिया 88 किमी० दूरी तय करने में 4000 चक्कर लगाता है. पहिये की त्रिज्या ज्ञात कीजिए.

हल : 4000 चक्करों में तय की गई दूरी = (88 × 1000) मीटर.

1 चक्कर में तय की गई दूरी $= \frac{(88\times1000)}{4000}$ मीटर = 22 मीटर.

∴ पहिये की परिधि = 22 मीटर.

माना पहिये की त्रिज्या = R मीटर.

तब, $2\pi R = 22 \Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times R = 22$

$\Rightarrow R = \left(22\times\frac{7}{44}\right)$ मीटर $= \frac{7}{2}$ मीटर $= 3\cdot5$ मीटर.

प्रश्न 16. बस के एक पहिये की त्रिज्या 70 सेमी० है. इसे 66 किमी०/घण्टा की गति के लिए प्रति मिनट कितने चक्कर लगाने होंगे ?

हल : बस की चाल = (66 × 1000) मीटर/घण्टा $= \left(\frac{66\times1000}{60}\right)$ मीटर/मिनट = 1100 मीटर/मिनट.

1 मिनट में तय की गई दूरी = 1100 मीटर.

पहिये की परिधि $= \left(2\times\frac{22}{7}\times70\right)$ सेमी० = 440 सेमी० $= \frac{440}{100}$ मीटर $= \frac{22}{5}$ मीटर.

एक चक्कर में तय की गई दूरी $= \frac{22}{5}$ मीटर.

1 मिनट में लगाये गये चक्करों की संख्या $= \left(1100\times\frac{5}{22}\right) = 250.$

प्रश्नमाला 23A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. एक आयत का क्षेत्रफल 252 वर्ग सेमी० है. इसकी लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 9 : 7 है. इसकी परिमिति कितनी है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)**
   (*a*) 64 सेमी० (*b*) 68 सेमी० (*c*) 128 सेमी० (*d*) 96 सेमी० (*e*) इनमें से कोई नहीं
2. उस आयत की परिमिति कितनी होगी जिसकी एक भुजा 10 सेमी० तथा विकर्ण 26 सेमी० हो ?
दोनों वृत्तों के क्षेत्रफलों में अन्तर $=\pi\times\left[(28)^2-(21)^2\right]$ वर्ग सेमी॰.

$=\left[\frac{22}{7}\times(28+21)\times(28-21)\right]$ वर्ग सेमी॰ $=\left(\frac{22}{7}\times49\times7\right)$ वर्ग सेमी॰ $=1078$ वर्ग सेमी॰.

80. माना आयत की लम्बाई $=x$ तथा चौड़ाई $=y$.

नई लम्बाई $=\left(\frac{160}{100}\times x\right)=\frac{8x}{5}$. माना नई चौड़ाई $=z$.

तब $\frac{8x}{5}\times z=xy\Rightarrow z=\frac{5y}{8}$.

चौड़ाई में कमी $=\left(y-\frac{5y}{8}\right)=\frac{3y}{8}$.

चौड़ाई में कमी $\%=\left(\frac{3y}{8}\times\frac{1}{y}\times100\right)\%=\frac{75}{2}\%=37\frac{1}{2}\%$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

81. समकोण समद्विबाहु त्रिभुज में कर्ण $AC = 5$ सेमी०.

माना $AB = BC = x$ सेमी०. तब

$x^2 + x^2 = 5^2 \Rightarrow 2x^2 = 25 \Rightarrow x^2 = \frac{25}{2}$



त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2} \times x \times x\right)$ वर्ग सेमी० $= \left(\frac{1}{2}x^2\right)$ वर्ग सेमी०

$= \left(\frac{1}{2} \times \frac{25}{2}\right)$ वर्ग सेमी० $= \frac{25}{4}$ वर्ग सेमी० $= 6{\cdot}25$ सेमी०^2.

82. माना त्रिभुज की प्रत्येक भुजा $= 3x$ सेमी०. तब

$3x = 6 \Rightarrow x = 2.$



समषटभुज का क्षेत्रफल $= \Delta ABC$ का क्षेत्रफल $-3 \times (\Delta ADE$ का क्षेत्रफल$)$

$= \left[\left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 6 \times 6\right) - \left(3 \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times 2 \times 2\right)\right]$ वर्ग सेमी०.

$= (9\sqrt{3} - 3\sqrt{3})$ वर्ग सेमी० $= 6\sqrt{3}$ वर्ग सेमी०.

83. दिया है: $a + b + 26 = 60 \Rightarrow a + b = 34 \Rightarrow (a+b)^2 = (34)^2$.

$a^2 + b^2 = (26)^2$.

$2ab = (a+b)^2 - (a^2 + b^2) = (34)^2 - (26)^2 = (34+26)(34-26)$

$\Rightarrow 2ab = 60 \times 8 \Rightarrow ab = 240.$



ΔABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times a \times b = \left(\frac{1}{2} \times 240\right) = 120$ सेमी०^2.

84. माना $a = 3$ सेमी०, $b = 4$ सेमी० तथा $c = 5$ सेमी०.

$\therefore s = \frac{1}{2}(a+b+c) = \frac{1}{2}(3+4+5)$ सेमी० $= 6$ सेमी०.

$\therefore \Delta = \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{6 \times 3 \times 2 \times 1} = \sqrt{36} = 6$ सेमी०^2.

85. माना $a = 20$ मीटर, $b = 21$ मीटर तथा $c = 29$ मीटर. तब

$s = \frac{1}{2}(a+b+c) = \frac{1}{2}(20+21+29)$ मीटर $= 35$ मीटर.

$\therefore \Delta = \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{35 \times 15 \times 14 \times 6}$

$= \sqrt{7 \times 7 \times 5 \times 5 \times 6 \times 6} = (7 \times 5 \times 6) = 210$ वर्ग सेमी०.

अभीष्ट खर्च = ₹ (210×9) = ₹ 1890.

86. $\Delta = \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2\right) = \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 8 \times 8\right)$ वर्ग सेमी० $= 16\sqrt{3}$ वर्ग सेमी०.

87. माना प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०. तब, क्षेत्रफल $= \left(\frac{\sqrt{3}}{4}a^2\right)$ वर्ग सेमी०.

$\therefore \frac{\sqrt{3}}{4}a^2 = 4\sqrt{3} \Rightarrow a^2 = 16 \Rightarrow a = 4.$

अतः प्रत्येक भुजा = 4 सेमी०.

88. $\Delta = \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2\right) = \left[\frac{\sqrt{3}}{4} \times (2\sqrt{3})^2\right]$ वर्ग सेमी० $= \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 12\right)$ वर्ग सेमी० $= 3\sqrt{3}$ वर्ग सेमी०.

$\frac{1}{2} \times 2\sqrt{3} \times h = 3\sqrt{3} \Rightarrow \sqrt{3} \times h = 3\sqrt{3} \Rightarrow h = 3$ सेमी०.

अतः त्रिभुज की ऊँचाई = 3 सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

89. माना प्रत्येक भुजा = a सेमी०, तब, क्षेत्रफल = $\left(\frac{\sqrt{3}}{4}a^2\right)$ वर्ग सेमी०.

$$\left\{\frac{\sqrt{3}}{4}(a+2)^2-\frac{\sqrt{3}}{4}a^2\right\}=2\sqrt{3}\Rightarrow\frac{\sqrt{3}}{4}.\left\{(a+2)^2-a^2\right\}=2\sqrt{3}$$

$$4a+4=\left(2\sqrt{3}\times\frac{4}{\sqrt{3}}\right)=8\Rightarrow 4a=4\Rightarrow a=1.$$

अत: त्रिभुज की प्रत्येक भुजा = 1 सेमी०.

90. $\frac{1}{2}\times a\times$ ऊँचाई $=\frac{\sqrt{3}}{4}a^2\Rightarrow$ ऊँचाई $=\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\times a\right)$

$\therefore\ \frac{\sqrt{3}}{2}\times a=\sqrt{6}\Rightarrow a=\frac{\sqrt{6}\times 2}{\sqrt{3}}=2\sqrt{2}.$

अत: क्षेत्रफल $=\left\{\frac{\sqrt{3}}{4}\times(2\sqrt{2})^2\right\}$ सेमी०^2 $=\left(\frac{\sqrt{3}}{4}\times 8\right)$ सेमी०^2 $=(2\sqrt{3})$ सेमी०^2.

91. माना त्रिभुज की प्रत्येक भुजा = a. तब



$$x^2=a^2-\left(\frac{a}{2}\right)^2=\left(a^2-\frac{a^2}{4}\right)=\frac{3a^2}{4}\Rightarrow a^2=\frac{4x^2}{3}.$$

$$\therefore\ \Delta=\frac{\sqrt{3}}{4}\times a^2=\left(\frac{\sqrt{3}}{4}\times\frac{4x^2}{3}\right)=\frac{\sqrt{3}x^2}{3}.$$

92. माना त्रिभुज की ऊँचाई = h सेमी०. तब

$\frac{1}{2}\times 24\times h=\frac{\sqrt{3}}{4}\times 24\times 24\Rightarrow h=12\sqrt{3}$ सेमी०.

$3r=12\sqrt{3}$ (नोट करें) $\Rightarrow r=4\sqrt{3}$.

अन्त:वृत्त का क्षेत्रफल $=\pi r^2=\pi\times(4\sqrt{3})^2=(48\pi)$ वर्ग सेमी०.

93. $\pi r^2=462\Rightarrow\frac{22}{7}\times r^2=462\Rightarrow r^2=\left(462\times\frac{7}{22}\right)=147\Rightarrow r=7\sqrt{3}$ सेमी०

त्रिभुज की ऊँचाई $=3r=21\sqrt{3}$ सेमी०.



$$\therefore\ h^2=a^2-\left(\frac{a}{2}\right)^2=\left(a^2-\frac{a^2}{4}\right)=\frac{3a^2}{4}$$

$$\Rightarrow\frac{3a^2}{4}=(21\sqrt{3})^2=1323$$

$$\Rightarrow a^2=\left(\frac{1323\times 4}{3}\right)=(441\times 4)\Rightarrow a=(21\times 2)=42 \text{ सेमी०.}$$

त्रिभुज का परिमाप = (3 × 42) सेमी० = 126 सेमी०.

94. माना वर्ग की प्रत्येक भुजा = a सेमी०. तब, वर्ग का विकर्ण $=\sqrt{2}a$.

$\therefore\ \sqrt{2}a=12\sqrt{2}\Rightarrow a=12.$

त्रिभुज की परिमिति = वर्ग की परिमिति = (4 × 12) सेमी० = 48 सेमी०.

त्रिभुज की प्रत्येक भुजा $=\left(\frac{1}{3}\times 48\right)$ सेमी० = 16 सेमी०.

त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\left(\frac{\sqrt{3}}{4}\times 16\times 16\right)$ वर्ग सेमी० $=64\sqrt{3}$ वर्ग सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

95. माना त्रिभुज की भुजायें $5x$ सेमी०, $5x$ सेमी० तथा $4x$ सेमी० हैं. तब
$(5x+5x+4x)=14 \Rightarrow 14x=14 \Rightarrow x=1.$
$\therefore a=5$ सेमी०, $b=5$ सेमी० तथा $c=4$ सेमी०.
$\Rightarrow s=\frac{1}{2}(5+5+4)=7, (s-a)=2, (s-b)=2$ तथा $(s-c)=3$
$\Rightarrow \Delta=\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}=\sqrt{7\times2\times2\times3}=2\sqrt{21}$ वर्ग सेमी०.

96. माना त्रिभुज की शेष भुजायें a तथा b हैं. तब,
$a^2+b^2=(13)^2=169$ तथा $\frac{1}{2}\times ab=30 \Rightarrow ab=60.$
$(a+b)^2=(a^2+b^2)+2ab=(169+2\times60)=289.$
$(a-b)^2=(a^2+b^2)-2ab=(169-2\times60)=49.$
$\therefore (a+b)=\sqrt{289}=17$ तथा $(a-b)=\sqrt{49}=7.$
इन्हें हल करने पर, $a=12$ तथा $b=5$.
अत: छोटी भुजा की लम्बाई = 5 सेमी०.

97. हम जानते हैं कि प्रत्येक त्रिभुज में इसकी दो भुजाओं का योग सदैव तीसरी भुजा से बड़ा होता है.
अत: किसी समद्विबाहु त्रिभुज की भुजायें 7 सेमी०, 7 सेमी० तथा 15 सेमी० नहीं हो सकतीं.
अत: ये भुजायें 7 सेमी०, 15 सेमी० तथा 15 सेमी० हैं.
$\therefore$ इस त्रिभुज की परिमिति = (7 + 15 + 15) सेमी० = 37 सेमी०.

98. $\frac{1}{2}\times12$ ऊँचाई = 12 × 12 $\Rightarrow$ ऊँचाई = 24 सेमी० $\Rightarrow$ शीर्ष लम्ब = 24 सेमी०.

99. $\frac{1}{2}\times$ आधार $\times 90 = 60\times60 \Rightarrow$ आधार $=\frac{(60\times60)}{45}=80$ मीटर.

100. माना वर्ग की प्रत्येक भुजा = a सेमी० तथा त्रिभुज की प्रत्येक भुजा = a सेमी०.
(वर्ग का क्षेत्रफल) : (त्रिभुज का क्षेत्रफल) $=a^2:\frac{\sqrt{3}}{4}a^2=4:\sqrt{3}.$

101. पहले त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\left(\frac{1}{2}\times15\times12\right)$ वर्ग मीटर = 90 वर्ग मीटर.
नई त्रिभुज का क्षेत्रफल = (2 × 90) वर्ग मीटर = 180 वर्ग मीटर.
माना इस त्रिभुज की ऊँचाई = h मीटर.
तब, $\frac{1}{2}\times20\times h=180 \Rightarrow h=18$ मीटर.

102. समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = (आधार × ऊँचाई) = (18 × 8) वर्ग सेमी० = 144 वर्ग सेमी०.

103. माना दिया गया समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ है. जिसमें
$AB=30$ मीटर, $BC=14$ मीटर तथा $AC=40$ मीटर.



$\therefore s=\frac{1}{2}(30+14+40)=42, (s-a)=12, (s-b)=28, (s-c)=2.$
$\Rightarrow \Delta=\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}=\sqrt{42\times12\times28\times2}$
$=\sqrt{7\times7\times6\times6\times4\times4}$
$=(7\times6\times4)=168$ वर्ग मीटर.
$\Rightarrow$ समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल = (2 × 168) वर्ग मीटर = 336 वर्ग मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com



104. स्पष्ट है कि वर्ग का क्षेत्रफल, समचतुर्भुज के क्षेत्रफल से बड़ा होगा.
अत: अभीष्ट अनुपात 1 से बड़ा होगा.

105. समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2} \times d_1 \times d_2\right)$

$\therefore \frac{1}{2} \times 18 \times x = 144 \Rightarrow 9x = 144 \Rightarrow x = 16.$

अत: दूसरा विकर्ण = 16 सेमी॰.

106. माना $d_1 = x$ तथा $d_2 = x$ का 80% $= \left(x \times \frac{80}{100}\right) = \frac{4x}{5}.$

क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2} \times x \times \frac{4x}{5}\right) = \frac{2}{5}x^2.$

अभीष्ट मान $= \frac{2}{5}.$



107. समचतुर्भुज $ABCD$ में :

$OA = \frac{1}{2} \times AC = \left(\frac{1}{2} \times 8\right)$ सेमी॰ = 4 सेमी॰

$AB = 5$ सेमी॰ (दिया है) तथा $\angle AOB = 90°.$

$\therefore OB^2 = (AB^2 - OA^2) = (5)^2 - (4)^2 = (25 - 16) = 9$

$\Rightarrow OB = 3$ सेमी॰ $\Rightarrow BD = (2 \times OB) = 6$ सेमी॰.

$\therefore$ समचतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times AC \times BC = \left(\frac{1}{2} \times 8 \times 6\right)$ वर्ग सेमी॰ = 24 वर्ग सेमी॰.



108. $AB = \left(\frac{1}{4} \times 52\right)$ मीटर = 13 मीटर.

$OA = \left(\frac{1}{2} \times AC\right) = \left(\frac{1}{2} \times 10\right)$ मीटर = 5 मीटर.

$OB^2 = (AB^2 - OA^2) = (13)^2 - (5)^2 = (169 - 25) = 144$

$\Rightarrow OB = \sqrt{144} = 12$ मीटर.

$\Rightarrow$ बड़े विकर्ण की लम्बाई $= BD = (2 \times 12)$ मीटर = 24 मीटर.

109. समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ (समान्तर भुजाओं का योग) $\times$ उनके बीच की दूरी

$= \left\{\frac{1}{2} \times (1 \cdot 5 + 2 \cdot 5) \times 6 \cdot 5\right\}$ वर्ग मी॰ = 13 वर्ग मी॰.

110. माना समलम्ब चतुर्भुज की भुजायें $3x$ सेमी॰ तथा $5x$ सेमी॰ हैं. तब,

$\frac{1}{2}(3x + 5x) \times 12 = 384 \Rightarrow 48x = 384 \Rightarrow x = 8.$

छोटी भुजा की लम्बाई = (3 × 8) सेमी॰ = 24 सेमी॰.



111. अभीष्ट क्षेत्रफल $= \frac{1}{4} \times \pi R^2$

$= \left(\frac{1}{4} \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14\right)$ मी॰^{2} = 154 मी॰^{2}.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

112. ΔABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times BC \times AE$

$$= \frac{1}{2} \times 2BE \times AE = BE \times AE$$

$$= \left(\sqrt{BD^2 - DE^2}\right)(AD + DE)$$

$$= (r^2 - DE^2)^{\frac{1}{2}} (r + DE) = (r - DE)^{\frac{1}{2}} (r + DE)^{\frac{1}{2}} (r + DE)$$

$$= (r - DE)^{1/2} (r + DE)^{3/2}.$$

113. परिवृत्त की त्रिज्या, $R = \frac{abc}{4\Delta}$

$$\Rightarrow R = \left(\frac{8 \times 8 \times 8}{4 \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times 8 \times 8}\right) = \frac{8}{\sqrt{3}}.$$



अन्त:वृत्त की त्रिज्या, $r = \frac{\Delta}{s}$

$$\Rightarrow r = \frac{\frac{\sqrt{3}}{4} \times 8 \times 8}{\frac{1}{2}(8 + 8 + 8)} = \frac{\sqrt{3} \times 16 \times 2}{24} = \frac{4}{\sqrt{3}}.$$

अभीष्ट क्षेत्रफल $= \pi(R^2 - r^2) = \frac{22}{7} \times \left(\frac{64}{3} - \frac{16}{3}\right) = \left(\frac{22}{7} \times 16\right)$ सेमी॰ ^{2}

$= \frac{352}{7}$ सेमी॰ $^2 = 50\frac{2}{7}$ सेमी॰ ^{2}.



114. ΔDEF की परिमिति $= DE + DF + EF$

$= 2\,BC + 2\,AC + 2\,AB$

$= 2\,(BC + AC + AB)$

$= 2 \times (\Delta ABC$ की परिमिति$)$

$\frac{\Delta DEF \text{ की परिमिति}}{\Delta ABC \text{ की परिमिति}} = \frac{2}{1} \Rightarrow$ अभीष्ट अनुपात $= 2 : 1$.

प्रश्नमाला 23B

1. वर्ग $ABCD$ की भुजा CD पर एक बिन्दु X इस प्रकार है कि $CD = 5$ सेमी॰. यदि ΔADX का क्षेत्रफल 42 वर्ग सेमी॰ हो, तो वर्ग की प्रत्येक भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए. **(एस॰एस॰सी॰ परीक्षा, 2006)**
2. एक आयताकार खेल का मैदान 160 मीटर लम्बा तथा 120 मीटर चौड़ा है. इसके चारों ओर अन्दर की ओर समान चौड़ाई का रास्ता बना है. यदि इस रास्ते का क्षेत्रफल 2176 वर्गमीटर हो, तो रास्ते की चौड़ाई ज्ञात कीजिए.
3. एक आयताकार मैदान की लम्बाई 31 मीटर तथा चौड़ाई 14 मीटर है. इसके बाहर चारों ओर 2 मीटर चौड़ा रास्ता बना है. इस रास्ते पर ₹ 7 प्रति वर्ग मीटर की दर से रोड़ी बिछाने का खर्च क्या होगा?
4. एक आयताकार खेत 40 मीटर लम्बा तथा 28 मीटर चौड़ा है. खेत के एक कोने से 12 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा तथा 5 मीटर गहरा गड्ढा खोदकर उसमें से निकाली गई मिट्टी खेत के शेष भाग में समान रूप से फैला दी गई है. ज्ञात कीजिए कि खेत का स्तर कितना ऊँचा उठ गया है. **(एस॰एस॰सी॰ परीक्षा, 2000)**
5. 80 मीटर लम्बे तथा 60 मीटर चौड़े एक आयताकार मैदान के बीचों-बीच परस्पर काटती हुई समान चौड़ाई वाली दो सड़कें हैं. यदि इन सड़कों का क्षेत्रफल 675 वर्ग मीटर हो, तो प्रत्येक सड़क की चौड़ाई कितनी है? **(एस॰एस॰सी॰ परीक्षा, 2001)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. एक आयताकार मैदान की लम्बाई में 60% की वृद्धि करने तथा चौड़ाई में 60% की कमी करने पर इस मैदान के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत कमी अथवा वृद्धि होगी ?
7. एक वर्गाकार मैदान की परिमिति एक वृत्ताकार मैदान की परिमिति के बराबर है. यदि वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल 3025 वर्ग मीटर हो, तो वृत्ताकार मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
8. किसी चतुर्भुज के एक विकर्ण की लम्बाई 30 सेमी० है तथा विपरीत शीर्ष बिन्दुओं से इस विकर्ण पर डाले गये लम्बों की लम्बाइयाँ क्रमश: 6·8 सेमी० तथा 9·6 सेमी० हैं. चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
9. एक चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसमें $AB = 28$ सेमी०, $BC = 26$ सेमी०, $AC = 30$ सेमी०, $AD = 40$ सेमी० तथा $CD = 50$ सेमी० है.
10. एक तार को 28 सेमी० की त्रिज्या के वृत्त के आकार में मोड़ा गया है. इसे यदि वर्ग के आकार में मोड़ा जाये, तो इस वर्ग का क्षेत्रफल कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**
11. एक वृत्ताकार छल्ले का क्षेत्रफल क्या होगा जिसकी बाह्य तथा अन्त: परिधियों के अर्द्धव्यास क्रमश: 21 सेमी० तथा 14 सेमी० हों ?
12. एक वृत्त की त्रिज्या 35 सेमी० है. इसकी 44 सेमी० लम्बी चाप तथा दो त्रिज्याओं के बीच बने वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
13. एक वृत्त की 22 सेमी० लम्बी एक चाप केन्द्र पर 72° का कोण बनाती है. वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए.
14. 10 सेमी० त्रिज्या वाले वृत्त की एक जीवा AB वृत्त के केन्द्र पर समकोण बनाती है. वृत्त के लघु एवं दीर्घ वृत्त खण्डों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए. ($\pi = 3{\cdot}14$ लें) **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
15. एक वृत्त की त्रिज्या 28 सेमी० है. इसकी एक चाप केन्द्र पर 72° का कोण बनाती है. इस चाप की लम्बाई ज्ञात कीजिए तथा इस प्रकार बने वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
16. बस के एक पहिये का व्यास 140 सेमी० है. 66 किमी० प्रति घण्टा की चाल के लिये यह पहिया प्रति मिनट कितने चक्कर लगायेगा ?
17. तीन एक केन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्यायें 1 : 2 : 3 के अनुपात में हैं. अन्दर वाले दो वृत्तों के बीच के क्षेत्रफल का बाहर वाले दो वृत्तों के बीच के क्षेत्रफल से अनुपात ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
18. 28 सेमी० की त्रिज्या वाले वृत्त की एक चाप केन्द्र पर 72° का कोण बनाती है. चाप की लम्बाई तथा उससे निर्मित वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
19. दो एक-केन्द्रीय वृत्तों में से बाहरी वृत्त का अर्द्धव्यास 24 सेमी० है. यदि अन्दर वाले वृत्त का क्षेत्रफल उन दोनों वृत्तों के बीच के क्षेत्रफल का एक-तिहाई हो, तो बाहर वाले वृत्त की परिधि का अन्दर वाले वृत्त की परिधि से अनुपात ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**
20. एक त्रिभुजाकार खेत की भुजायें क्रमश: 112 मीटर, 78 मीटर तथा 50 मीटर लम्बी हैं. इस खेत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
21. एक त्रिभुजाकार खेत का परिमाप 450 मीटर है तथा इसकी भुजाओं का अनुपात 5:12:13 है. इस खेत में ₹ 20 प्रति वर्गमीटर की दर से फसल काटने का खर्च क्या होगा ?
22. एक बगीचा त्रिभुजाकार आकृति का है जिसकी प्रत्येक भुजा 10 मीटर लम्बी है. इस बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात करें, जबकि $\sqrt{3} = 1{\cdot}732$.
23. एक समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा 20 सेमी० लम्बी है. इस त्रिभुज की ऊँचाई ज्ञात कीजिए.
24. एक समबाहु $\triangle ABC$ के एक आन्तरिक बिन्दु O से भुजा BC, AC तथा AB पर लम्ब क्रमश: OD, OE तथा OF खींचे गये हैं. इन लम्बों की लम्बाई क्रमश: 24 सेमी०, 20 सेमी० तथा 22 सेमी० हैं. ΔABC का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

25. एक त्रिभुजाकार खेत के आधार की लम्बाई, ऊँचाई से तीन गुनी है. यदि खेत में ₹ 120 प्रति हैक्टेयर की दर से फसल काटने का कुल खर्च ₹ 1620 हो, तो खेत का आधार तथा ऊँचाई ज्ञात कीजिए.

26. एक वृत्त की परिधि उसके व्यास से 16·8 सेमी० अधिक है. वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

27. एक वृत्त में एक अन्त:वर्ग खींचा गया है. वृत्त के क्षेत्रफल का वर्ग के क्षेत्रफल से क्या अनुपात है ?

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

28. संलग्न आकृति में POQ तथा ROS उस वृत्त के व्यास हैं जिसका केन्द्र O तथा त्रिज्या 14 सेमी० है. इसमें छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)



29. एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल एक ऐसे त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर है जिसका आधार 24·8 सेमी० तथा ऊँचाई 16·5 सेमी० हैं. यदि इस समचतुर्भुज का एक विकर्ण 22 सेमी० लम्बा हो, तो दूसरे विकर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिए.

30. एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 20 सेमी० लम्बी है तथा इसके एक विकर्ण की लम्बाई 24 सेमी० है. इस समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिये.

31. एक समान्तर चतुर्भुज का आधार इसकी ऊँचाई का तिगुना है. यदि इसका क्षेत्रफल 108 वर्ग सेमी० हो तो इसका आधार तथा ऊँचाई ज्ञात कीजिए.

32. एक समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 352 वर्ग सेमी० है तथा इसकी समान्तर भुजाओं के बीच की दूरी 16 सेमी० है. यदि समान्तर भुजाओं में से एक भुजा 25 सेमी० लम्बी हो, तो दूसरी भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए.

33. एक समलम्ब चतुर्भुज की समान्तर भुजायें क्रमश: 25 सेमी० तथा 13 सेमी० लम्बी हैं तथा इसकी असमान्तर भुजाओं में से प्रत्येक की लम्बाई 10 सेमी० है. इस समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

34. एक समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ में $AB \parallel DC$, $AB = 78$ सेमी०, $CD = 52$ सेमी०, $AD = 28$ सेमी० तथा $BC = 30$ सेमी० हैं. इस समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 23B)

1. 12 सेमी० 2. 4 मीटर 3. ₹ 1372 4. 34·35 सेमी० 5. 5 मीटर
6. 36% 7. 3850 वर्ग मीटर 8. 246 वर्ग मी० 9. 936 वर्ग सेमी० 10. 1936 वर्ग सेमी०
11. 770 वर्ग सेमी० 12. 770 वर्ग सेमी० 13. 17·5 सेमी० 14. 78·5 वर्ग सेमी०, 235·5 वर्ग सेमी०
15. 492·8 वर्ग सेमी० 16. 250 17. 3 : 5 18. 492·8 वर्ग सेमी०
19. 2 : 1 20. 1680 वर्ग सेमी० 21. ₹ 13500
22. 43·3 वर्ग सेमी० 23. 17·32 वर्ग सेमी० 24. $(1452\sqrt{3})$ वर्ग सेमी०
25. 900 मीटर, 300 मीटर 26. 3·92 सेमी० 27. 11 : 7 28. 266 वर्ग सेमी०
29. 18·6 सेमी० 30. 384 वर्ग सेमी० 31. 18 सेमी०, 6 सेमी० 32. 19 सेमी०
33. 152 वर्ग सेमी० 34. 1680 वर्ग सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 23B

1. माना दिया गया वर्ग $ABCD$ है जिसकी भुजा CD पर बिन्दु X इस प्रकार दिया है कि $CX = 5$ सेमी०.



माना वर्ग की प्रत्येक भुजा $= x$ सेमी०.

स्पष्ट है कि ΔADX में $\angle ADX = 90°$.

दिया है कि ΔADX का क्षेत्रफल $= 42$ वर्ग सेमी०.

$\therefore \frac{1}{2} \times DX \times AD = 42 \Rightarrow \frac{1}{2}(x-5)\,x = 42$

$\Rightarrow x^2 - 5x - 84 = 0 \Rightarrow x^2 - 12x + 7x - 84 = 0$

$\Rightarrow x(x-12) + 7(x-12) = 0 \Rightarrow (x-12)(x+7) = 0$

$\Rightarrow x = 12$ [$\because$ भुजा की लम्बाई ऋणात्मक नहीं हो सकती]

$\therefore$ वर्ग की प्रत्येक भुजा $= 12$ सेमी०.

2. मैदान की लम्बाई $= 160$ मीटर तथा चौड़ाई $= 120$ मीटर.



मैदान का क्षेत्रफल $= (160 \times 120)$ वर्ग मीटर $= 19200$ वर्ग मीटर.

माना रास्ते की चौड़ाई $= x$ मीटर.

रास्ते को छोड़कर शेष मैदान की लम्बाई $= (160 - 2x)$ मी०

तथा चौड़ाई $= (120 - 2x)$ मी०.

रास्ते को छोड़कर मैदान का क्षेत्रफल $= (160 - 2x)(120 - 2x)$ वर्ग मीटर.

रास्ते का क्षेत्रफल $= [19200 - (160 - 2x)(120 - 2x)]$ वर्ग मीटर

$= (560x - 4x^2)$ वर्ग मीटर.

$\therefore 560x - 4x^2 = 2176 \Rightarrow 4x^2 - 560x + 2176 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 140x + 544 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 136x - 4x + 544 = 0 \Rightarrow x(x-136) - 4(x-136) = 0$

$\Rightarrow (x-136)(x-4) = 0 \Rightarrow x = 4 \quad [\because x \neq 136]$

अत: रास्ते की चौड़ाई $= 4$ मीटर.

3. मैदान की लम्बाई $= 31$ मीटर तथा चौड़ाई $= 14$ मीटर.

रास्ते सहित मैदान की लम्बाई $= (31 + 2 \times 2)$ मीटर $= 35$ मीटर तथा चौड़ाई $= (14 + 2 \times 2)$ मी० $= 18$ मी०.

रास्ते का क्षेत्रफल $= [(35 \times 18) - (31 \times 14)]$ वर्ग मी० $= (630 - 434)$ वर्ग मी० $= 196$ वर्ग मी०.

रोड़ी बिछाने का खर्च $=$ ₹ $(196 \times 7) =$ ₹ 1372.

4. खेत की लम्बाई $= 40$ मीटर तथा चौड़ाई $= 28$ मीटर.



मिट्टी का आयतन $= (12 \times 6 \times 5)$ घन मीटर $= 360$ घन मीटर.

गड्ढे का क्षेत्रफल $= (12 \times 6)$ वर्ग मी० $= 72$ वर्ग मी०.

मिट्टी बिछाई जाने वाले भाग का क्षेत्रफल

$= [(40 \times 28) - 72]$ वर्ग मी० $= (1120 - 72)$ वर्ग मी०

$= 1048$ वर्ग मी०.

माना इस भाग की ऊँचाई $= h$ मीटर. तब,

$1048 \times h = 360 \Rightarrow h = \left(\frac{360}{1048} \times 100\right)$ सेमी० $= 34{\cdot}35$ सेमी०.

अत: खेत के स्तर में वृद्धि $= 34{\cdot}35$ सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. माना प्रत्येक सड़क की चौड़ाई = 3 मीटर.

सड़कों का क्षेत्रफल = $ABCD + EFGH - PQRS$

$= (80 \times x + 60 \times x - x \times x)$ वर्ग मी०.

$\therefore 80x + 60x - x^2 = 675 \Rightarrow x^2 - 140x + 675 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 135x - 5x + 675 = 0$

$\Rightarrow x(x - 135) - 5(x - 135) = 0$

$\Rightarrow (x - 135)(x - 5) = 0 \Rightarrow x = 5.$

अतः सड़क की चौड़ाई = 5 मीटर.



6. माना मैदान की मूलरूप से लम्बाई = a मीटर तथा चौड़ाई = b मीटर.

इसका क्षेत्रफल = ab वर्ग मी०.

नई लम्बाई = a का 160% $= \left(a \times \frac{160}{100}\right)$ मी० $= \frac{8a}{5}$ मी०.

नई चौड़ाई = b का 40% $= \left(b \times \frac{40}{100}\right)$ मी० $= \frac{2b}{5}$ मी०.

नया क्षेत्रफल $= \left(\frac{8a}{5} \times \frac{2b}{5}\right)$ वर्ग मी० $= \left(\frac{16}{25}ab\right)$ वर्ग मी०.

क्षेत्रफल में कमी $= \left(ab - \frac{16ab}{25}\right)$ वर्ग मी० $= \frac{9ab}{25}$ वर्ग मी०.

क्षेत्रफल में कमी % $= \left(\frac{9ab}{25} \times \frac{1}{ab} \times 100\right)\% = 36\%.$

7. वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल = 3025 वर्ग मी०.

वर्गाकार मैदान की प्रत्येक भुजा $= \sqrt{3025} = 55$ मीटर.

वर्गाकार मैदान की परिमिति = (4×55) मीटर = 220 मीटर.

वृत्ताकार मैदान की परिमिति = 220 मीटर.

माना इस मैदान की त्रिज्या = R मीटर. तब,

$$2\pi R = 220 \Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} \times R = 220 \Rightarrow R = \left(220 \times \frac{7}{44}\right) = 35 \text{ मीटर.}$$

वृत्ताकार मैदान का क्षेत्रफल $= \pi R^2 = \left(\frac{22}{7} \times 35 \times 35\right)$ वर्ग मी० = 3850 वर्ग मी०.

$$\begin{array}{r|l} 5 & 3025\ (55 \\ & 25 \\ \hline 105 & 525 \\ & 525 \\ \hline & \times \end{array}$$

8. माना दिया गया चतुर्भुज $ABCD$ है जिसमें $AC = 30$ सेमी०

माना $BL \perp AC$ तथा $DM \perp AC$. तब, $BL = 6{\cdot}8$ सेमी० तथा $DM = 9{\cdot}6$ सेमी०.

$ABCD$ का क्षेत्रफल = ΔABC का क्षेत्रफल + ΔDAC का क्षेत्रफल

$$= \left(\frac{1}{2} \times AC \times BL\right) + \left(\frac{1}{2} \times AC \times DM\right)$$

$$= \left[\left(\frac{1}{2} \times 30 \times 6{\cdot}8\right) + \left(\frac{1}{2} \times 30 \times 9{\cdot}6\right)\right] \text{ वर्ग सेमी०}$$

$$= \left[\frac{1}{2} \times 30 \times (6{\cdot}8 + 9{\cdot}6)\right] \text{ वर्ग सेमी०}$$

$= (15 \times 16{\cdot}4)$ वर्ग सेमी० = 246 वर्ग सेमी०.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

9. चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल = ΔABC का क्षेत्र० + $\square ACD$ का क्षेत्र०.



$\square ABC$ में: $s = \frac{1}{2}(AB + BC + AC)$

$= \frac{1}{2}(28 + 26 + 30)$ सेमी०.

$s = 42, (s-a) = 14, (s-b) = 16, (s-c) = 12.$

$\therefore \Delta ABC$ का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{42 \times 14 \times 16 \times 12} = 336$ वर्ग सेमी०.

ΔACD में: $s = \frac{1}{2}(30 + 40 + 50) = 60,$

$(s-d) = 30, (s-e) = 20, (s-f) = 10.$

$\therefore \Delta ACD$ का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-d)(s-e)(s-f)} = \sqrt{60 \times 30 \times 20 \times 10} = 600$ वर्ग सेमी०.

चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल = (336 + 600) वर्ग सेमी० = 936 वर्ग सेमी०.

10. तार की लम्बाई = वृत्त की परिधि = $2\pi R$, जहाँ $R = 28$ सेमी०.

वृत्त की परिधि $= 2\pi R = \left(2 \times \frac{22}{7} \times 28\right)$ सेमी० = 176 सेमी०.

$\therefore$ वर्ग की परिमिति = 176 सेमी० $\Rightarrow$ वर्ग की प्रत्येक भुजा $= \frac{176}{4}$ सेमी० = 44 सेमी०.

वर्ग का क्षेत्रफल = (44 × 44) वर्ग सेमी० = 1936 वर्ग सेमी०.

11. माना छल्ले की बाह्य त्रिज्या = R सेमी० तथा अन्त: त्रिज्या = r सेमी०.

तब, $R = 21$ तथा $r = 14$.

छल्ले का क्षेत्रफल $= (\pi R^2 - \pi r^2) = \pi(R^2 - r^2) = \pi(R+r)(R-r)$

$= \left[\frac{22}{7} \times (21+14) \times (21-14)\right]$ वर्ग सेमी० $= \left(\frac{22}{7} \times 35 \times 7\right)$ वर्ग सेमी०

= 770 वर्ग सेमी०.

12. माना केन्द्रीय कोण = $\theta°$. तब, $\frac{2\pi R\theta}{360} = 44.$

$\therefore 2 \times \frac{22}{7} \times 35 \times \frac{\theta}{360} = 44 \Rightarrow \theta = \left(\frac{44}{220} \times 360\right)° = 72°.$

वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2 \theta}{360} = \left(\frac{22}{7} \times \frac{35 \times 35 \times 72}{360}\right)$ वर्ग सेमी० = 770 वर्ग सेमी०.

13. माना वृत्त की त्रिज्या = R सेमी०. तब,

$2 \times \frac{22}{7} \times R \times \frac{72}{360} = 22 \Rightarrow \frac{44R}{35} = 22 \Rightarrow R = \frac{22 \times 35}{44}$ सेमी० = 17·5 सेमी०.

अत: वृत्त की त्रिज्या = 17·5 सेमी०

14. लघु वृत्त-खण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90}{360} = \frac{157}{2}$ वर्ग सेमी० = 78·5 वर्ग सेमी०.

दीर्घ-वृत्त-खण्ड का क्षेत्रफल = [(3·14 × 10 × 10) − 78·5] वर्ग सेमी०

= (314 − 78·5) वर्ग सेमी० = 235·5 वर्ग सेमी०.

15. यहाँ $r = 28$ सेमी० तथा $\theta = 72°$

$\therefore$ चाप की लम्बाई $= \frac{2\pi r\theta}{360} = \left(2 \times \frac{22}{7} \times 28 \times \frac{72}{360}\right)$ सेमी० = 35·2 सेमी०.

वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2 \theta}{360} = \left(\frac{22}{7} \times 28 \times 28 \times \frac{72}{360}\right)$ वर्ग सेमी० = 492·8 वर्ग सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

16. पहिया द्वारा 1 मिनट में तय की गई दूरी $= \frac{(66\times1000\times100)}{60}$ सेमी॰ = 110000 सेमी॰.

इस पहिया की त्रिज्या = 70 सेमी॰.

इस पहिया की परिधि $= 2\pi R = \left(2\times\frac{22}{7}\times70\right)$ सेमी॰ = 440 सेमी॰.

एक चक्कर में तय की गई दूरी = 440 सेमी॰.

1 मिनट में लगाये गये चक्करों की संख्या $= \left(\frac{110000}{440}\right) = 250.$

17. माना तीन एक-केन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्यायें क्रमशः R, $2R$ तथा $3R$ हैं. तब

अभीष्ट अनुपात $= \frac{\text{अन्दर वाले दो वृत्तों के बीच का क्षेत्रफल}}{\text{बाहर वाले दो वृत्तों के बीच का क्षेत्रफल}}$

$$= \frac{\{\pi\times(2R)^2-\pi R^2\}}{\{\pi\times(3R)^2-\pi\times(2R)^2\}} = \frac{(4\pi R^2-\pi R^2)}{(9\pi R^2-4\pi R^2)} = \frac{3\pi R^2}{5\pi R^2} = \frac{3}{5} = 3:5.$$

18. अभीष्ट चाप की लम्बाई $= \left(\frac{72}{360}\times2\times\frac{22}{7}\times28\right)$ सेमी॰ $= \frac{176}{5}$ सेमी॰ = 35·2 सेमी॰.

वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल $= \left(\frac{22}{7}\times28\times28\times\frac{72}{360}\right)$ वर्ग सेमी॰ $= \frac{2464}{5}$ वर्ग सेमी॰ = 492·8 वर्ग सेमी॰.

19. माना अन्दर वाले वृत्त की त्रिज्या = R सेमी॰.

तब, $\pi R^2 = \frac{1}{3}\times\left[\pi\times(24)^2-\pi R^2\right]$

$\Rightarrow \left(\pi R^2+\frac{1}{3}\pi R^2\right) = 192\pi \Rightarrow \left(R^2+\frac{1}{3}R^2\right) = 192$

$\Rightarrow \frac{4R^2}{3} = 192 \Rightarrow R^2 = \left(192\times\frac{3}{4}\right) = 144 = (12)^2$

$\Rightarrow R = 12$ सेमी॰.



अभीष्ट अनुपात $= \frac{\text{बाहर वाले वृत्त की परिधि}}{\text{अन्दर वाले वृत्त की परिधि}} = \frac{2\pi\times24}{2\pi\times12} = \frac{2}{1} = 2:1.$

20. माना a = 112 मीटर, b = 78 मीटर, c = 50 मीटर.

$s = \frac{1}{2}(a+b+c) = \frac{1}{2}(112+78+50)$ मी॰ = 120 मीटर.

$(s-a) = (120-112)$ मी॰ = 8 मी॰, $(s-b) = (120-78)$ मी॰ = 42 मी॰,

$(s-c) = (120-50)$ मी॰ = 70 मी॰.

$\therefore$ खेत का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{120\times8\times42\times70} = 1680$ वर्ग मी॰.

21. माना खेत की भुजायें क्रमशः $5x$ मीटर, $12x$ मीटर, $13x$ मीटर हैं.

खेत का परिमाप = $(5x+12x+13x)$ मी॰ = $30x$ मी॰.

$\therefore 30x = 450 \Rightarrow x = 15.$

खेत की भुजायें (5×15) मी॰, (12×15) मी॰ तथा (13×15) मी॰

$\therefore a = 75$ मी॰, $b = 180$ मी॰, $c = 195$ मी॰

$s = \frac{1}{2}(a+b+c) = \frac{1}{2}(75+180+195)$ मी॰ = 225 मी॰.

$(s-a) = (225-75)$ मी॰ = 150 मी॰, $(s-b) = (225-180)$ मी॰ = 45 मी॰,

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$(s-c) = (225 - 195)$ मी० $= 30$ मी०.

खेत का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)} = \sqrt{225 \times 150 \times 45 \times 30}$

$= (25 \times 9 \times 6 \times 5)$ वर्ग मी० $= 6750$ वर्ग मी०.

फसल काटने का खर्च = ₹ (6750×20) = ₹ 135000.

22. बगीचे का क्षेत्रफल $= \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2\right)$ वर्ग इकाई जहाँ $a = 10$ मी०

$= \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 10 \times 10\right)$ वर्ग मी० $= \left(25 \times \sqrt{3}\right)$ वर्ग मी० $= (25 \times 1{\cdot}732)$ वर्ग मी० $= 43{\cdot}3$ वर्ग मी०.

23. दिये गये त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2\right) = \left(\frac{\sqrt{3}}{4} \times 20 \times 20\right)$ वर्ग सेमी०

$= (1{\cdot}732 \times 100)$ वर्ग सेमी० $= 173{\cdot}2$ वर्ग सेमी०.

माना त्रिभुज की ऊँचाई $= h$ सेमी०. तब $\frac{1}{2} \times 20 \times h = 173{\cdot}2 \Rightarrow h = 17.32$ सेमी०.

अत: त्रिभुज की ऊँचाई $= 17{\cdot}32$ सेमी०.

24. ΔABC का क्षेत्रफल $= \Delta BOC + \Delta AOC + \Delta AOB$

$$= \left(\frac{1}{2} \times BC \times OD\right) + \left(\frac{1}{2} \times AC \times OE\right) + \left(\frac{1}{2} \times AB \times OF\right)$$

$$= \left[\left(\frac{1}{2} \times x \times 24\right) + \left(\frac{1}{2} \times x \times 20\right) + \left(\frac{1}{2} \times x \times 22\right)\right] \text{ वर्ग सेमी०} = (33\,x) \text{ वर्ग सेमी०.}$$

तथा ΔABC का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} x^2$.

$$\therefore \frac{\sqrt{3}}{4} x^2 = 33\,x \Rightarrow x = \left(\frac{33 \times 4}{\sqrt{3}} \times \frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3}}\right) = 44\sqrt{3}.$$

$\therefore \Delta ABC$ का क्षेत्रफल $= 33x = (33 \times 44\sqrt{3}) = (1452\sqrt{3})$ वर्ग सेमी०.

25. खेत का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1620}{120}\right)$ हैक्टेयर $= \left(\frac{27}{2} \times 10000\right)$ वर्ग मीटर $= 135000$ वर्ग मीटर.

माना खेत की ऊँचाई $= x$ मीटर तथा आधार $= 3\,x$ मीटर. तब

$$\frac{1}{2} \times 3x \times x = 135000 \Rightarrow x^2 = \left(135000 \times \frac{2}{3}\right) = 90000$$

$$\Rightarrow x = \sqrt{90000} = 300.$$

$\therefore$ खेत का आधार $= 900$ मीटर तथा ऊँचाई $= 300$ मीटर.

26. माना दिये गये वृत्त की त्रिज्या $= R$ सेमी०. तब

$$(2\pi R - 2R) = 16{\cdot}8 \Rightarrow 2R(\pi - 1) = \frac{168}{10} \Rightarrow 2R\left(\frac{22}{7} - 1\right) = \frac{84}{5}$$

$$\Rightarrow 2R \times \frac{15}{7} = \frac{84}{5} \Rightarrow R = \left(\frac{84}{5} \times \frac{7}{30}\right) = \frac{98}{25} = 3{\cdot}92.$$

अत: दिये गये वृत्त की त्रिज्या $= 3{\cdot}92$ सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

27. माना वृत्त की त्रिज्या = R. तब, वर्ग का विकर्ण = $2R$.

$$\frac{\text{वृत्त का क्षेत्रफल}}{\text{वर्ग का क्षेत्रफल}} = \frac{\pi R^2}{\frac{1}{2}\times(2R)^2} = \frac{\pi}{2} = \left(\frac{22}{7}\times\frac{1}{2}\right) = \frac{11}{7}.$$



अभीष्ट अनुपात = 11 : 7.

28. छायांकित भाग का क्षेत्रफल

= (अर्द्धवृत्त PRQ का क्षेत्रफल) − (ΔPRQ का क्षेत्रफल) + छोटे वृत्त का क्षेत्रफल

$= \left(\frac{1}{2}\times\pi R^2\right) - \left(\frac{1}{2}\times PQ\times OR\right) + \pi r^2$, जहाँ R बड़े वृत्त की त्रिज्या है तथा r छोटे वृत्त की त्रिज्या है.

$= \left[\left(\frac{1}{2}\times\frac{22}{7}\times14\times14\right) - \left(\frac{1}{2}\times28\times14\right) + \left(\frac{22}{7}\times7\times7\right)\right]$ वर्ग सेमी॰

= (308 − 196 + 154) वर्ग सेमी॰ = 266 वर्ग सेमी॰.

29. समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= \left(\frac{1}{2}\times24\cdot8\times16\cdot5\right)$ वर्ग सेमी॰ = 204·6 वर्ग सेमी॰.

माना समचतुर्भुज का दूसरा विकर्ण = d सेमी॰.

तब, $\frac{1}{2}\times22\times d = 204\cdot6 \Rightarrow d = \frac{204\cdot6}{11}$ सेमी॰ = 18·6 सेमी॰.

30. माना दिया गया समचतुर्भुज $ABCD$ है जिसमें $AB = BC = CD = DA = 20$ सेमी॰ तथा विकर्ण $AC = 24$ सेमी॰.

हम जानते हैं कि समचतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं.



$\therefore AB = 20$ सेमी॰, $OA = \left(\frac{1}{2}\times24\right)$ सेमी॰ = 12 सेमी॰

तथा $\angle AOB = 90°$.

$OB^2 = (AB^2 - OA^2) = (20)^2 - (12)^2 = (400 - 144) = 256$

$\Rightarrow OB = \sqrt{256} = 16$ सेमी॰

$\Rightarrow BD = (2\times OB) = (2\times16)$ सेमी॰ = 32 सेमी॰.

$\therefore$ समचतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल $= \left(\frac{1}{2}\times AC\times BD\right) = \left(\frac{1}{2}\times24\times32\right)$ वर्ग सेमी॰

= 384 वर्ग सेमी॰.

31. माना दिये गये समान्तर चतुर्भुज की ऊँचाई = x सेमी॰ तथा आधार = $3x$ सेमी॰.

तब, इस चतुर्भुज का क्षेत्रफल = $(3x \times x)$ वर्ग सेमी॰ = $(3x^2)$ वर्ग सेमी॰.

$\therefore 3x^2 = 108 \Rightarrow x^2 = 36 = 6^2 \Rightarrow x = 6.$

अत: आधार = (3×6) सेमी॰ = 18 सेमी॰ तथा ऊँचाई = 6 सेमी॰.

32. माना दूसरी भुजा की लम्बाई = x सेमी॰. तब,

$\frac{1}{2}\times(25+x)\times16 = 352 \Rightarrow (25+x) = 44 \Rightarrow x = 19.$

अत: दूसरी भुजा की लम्बाई = 19 सेमी॰.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

33. माना दिया गया समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ है.

जिसमें $AB = 25$ सेमी०, $DC = 13$ सेमी० तथा $AD = BC = 10$ सेमी०.

बिन्दु C से $CE \parallel AD$ खींचो तथा $CL \square AB$ खींचो.



अब, $EB = (AB - AE) = (AB - DC) = (25 - 13)$ सेमी०

$= 12$ सेमी०.

$CE = AD = 10$ सेमी० तथा $AE = DC = 13$ सेमी०.

ΔCEB एक समद्विबाहु त्रिभुज है तथा $CL \square EB$.

अत: $EL = LB = 6$ सेमी०.

$ABCD$ का क्षेत्रफल = समान्तर चतुर्भुज $AECD$ का क्षेत्र० + $\square CEB$ का क्षेत्र०

$$= (AE \times CL) + \left(\frac{1}{2} \times EB \times CL\right) = \left[(13 \times 8) + \left(\frac{1}{2} \times 12 \times 8\right)\right] \text{ वर्ग सेमी०}$$

$= (104 + 48)$ वर्ग सेमी० $= 152$ वर्ग सेमी०.

34. माना दिया गया समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ है. $CE \parallel AD$ तथा $CL \perp AB$ खींचो.

$EB = (AB - AE) = (AB - CD) = (78 - 52)$ सेमी० $= 26$ सेमी०.

$CE = AD = 28$ सेमी० तथा $BC = 30$ सेमी०.



$\square CEB$ में, $s = \frac{1}{2}(28 + 26 + 30) = 42$,

$(s - a) = 14$, $(s - b) = 16$ तथा $(s - c) = 12$.

$\square CEB$ का क्षेत्र० $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{42 \times 14 \times 16 \times 12} = 336$ वर्ग सेमी०.

$\therefore \frac{1}{2} \times EB \times CL = 336 \Rightarrow \frac{1}{2} \times 26 \times CL = 336 \Rightarrow CL = \frac{336}{13}$ सेमी०.

$ABCD$ का क्षेत्रफल = समान्तर चतुर्भुज $AECD$ का क्षेत्र० + ΔCEB का क्षेत्र०

$$= (AE \times CL) + \left(\frac{1}{2} \times EB \times CL\right) = \left[\left(52 \times \frac{336}{13}\right) + \left(\frac{1}{2} \times 26 \times \frac{336}{13}\right)\right] \text{ वर्ग सेमी०}$$

$= (1344 + 336)$ वर्ग सेमी० $= 1680$ वर्ग सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

24 ठोस वस्तुओं के आयतन (VOLUME OF SOLIDS)

सूत्र

1. **घनाभ (CUBOID) :** इसके छः फलक होते हैं तथा प्रत्येक फलक आयताकार होता है. माना घनाभ की लम्बाई = l सेमी०, चौड़ाई = b सेमी० तथा ऊँचाई = h सेमी०. तब,



(i) घनाभ का आयतन = $(l \times b \times h)$ घन सेमी०.

(ii) घनाभ का विकर्ण = $\sqrt{l^2+b^2+h^2}$ सेमी०

(iii) घनाभ के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = $2\,(lb + bh + lh)$ वर्ग सेमी०.

2. **घन (CUBE) :** इसके छः फलक होते हैं तथा प्रत्येक फलक वर्गाकार होता है. माना घन की प्रत्येक भुजा = a सेमी०. तब,



(i) घन का आयतन = a^3 घन सेमी०.

(ii) घन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(6a^2)$ वर्ग सेमी०.

(iii) घन का विकर्ण = $\left(\sqrt{3}a\right)$ सेमी०.

3. **बेलन (CYLINDER):** माना बेलन के आधार की त्रिज्या = r सेमी० तथा बेलन की लम्बाई (अथवा ऊँचाई) = h सेमी०. तब,



(i) बेलन का आयतन = $(\pi r^2 h)$ घन सेमी०.

(ii) बेलन के वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(2\pi rh)$ वर्ग सेमी०.

(iii) बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(2\pi rh + 2\pi r^2)$ वर्ग सेमी०.

4. **शंकु (CONE) :** माना शंकु के आधार की त्रिज्या = r सेमी०, ऊँचाई = h सेमी० तथा तिर्यक ऊँचाई = l सेमी०. तब,



(i) $l = \sqrt{r^2+h^2}$.

(ii) शंकु का आयतन = $\left(\frac{1}{3}\pi r^2 h\right)$ घन सेमी०.

(iii) शंकु का वक्र पृष्ठ = (πrl) वर्ग सेमी०.

(iv) शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ = $(\pi rl + \pi r^2)$ वर्ग सेमी०.

5. **गोला (SPHERE):** माना किसी गोले की त्रिज्या = r सेमी०. तब,

(i) गोले का आयतन = $\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right)$ घन सेमी०.

(ii) गोले का वक्र-पृष्ठ = $(4\pi r^2)$ वर्ग सेमी०.

(iii) अर्द्ध-गोले का आयतन = $\left(\frac{2}{3}\pi r^3\right)$ घन सेमी०.

(iv) अर्द्ध-गोले का सम्पूर्ण पृष्ठ = $3\pi r^2$ वर्ग सेमी०.

6. **शंकु का छिन्नक (FRUSTUM OF A CONE) :**
माना किसी शंकु के छिन्नक के आधार तथा शीर्ष की त्रिज्यायें क्रमशः R सेमी० तथा r सेमी० हैं. माना इसकी ऊँचाई = h सेमी० तथा तिर्यक ऊँचाई = l सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*i*) शंकु के छिन्नक का आयतन $= \frac{\pi h}{3}(R^2 + r^2 + Rr)$ घन सेमी०.

(*ii*) तिर्यक भाग का क्षेत्रफल $= \pi l(R + r)$ वर्ग सेमी०,
जहाँ $l^2 = h^2 + (R - r)^2$.

(*iii*) छिन्नक के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल
= (आधार का क्षेत्रफल) + (शीर्ष भाग का क्षेत्रफल)
+ (वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल)
$= \{\pi R^2 + \pi r^2 + \pi l(R + r)\}$ वर्ग सेमी०
$= \pi[R^2 + r^2 + l(R + r)]$ वर्ग सेमी०.



साधित उदाहरण

प्रश्न 1. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमश: 20 सेमी०, 12 सेमी० तथा 9 सेमी० है. इसका आयतन, सम्पूर्ण पृष्ठ तथा विकर्ण ज्ञात कीजिए.

हल : घनाभ का आयतन $= (l \times b \times h)$
$= (20 \times 12 \times 9)$ सेमी०^3 $= 2160$ सेमी०^3.

घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2 \times [(l \times b) + (b \times h) + (l \times h)]$
$= 2 \times [(20 \times 12) + (12 \times 9) + (20 \times 9)]$ सेमी०^2
$= [2 \times (240 + 108 + 180)]$ सेमी०^2 $= (2 \times 528)$ सेमी०^2 $= 1056$ सेमी०^2.

घनाभ का विकर्ण $= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2}$
$= \sqrt{(20)^2 + (12)^2 + (9)^2} = \sqrt{400 + 144 + 81} = \sqrt{625} = 25$ सेमी०.

प्रश्न 2. 8 मीटर लम्बी, 6 मीटर ऊँची तथा 22.5 सेमी० चौड़ी एक दीवार को बनाने के लिए कितनी ईंटें चाहिये जबकि प्रत्येक ईंट 25 सेमी० लम्बी, 11.25 सेमी० चौड़ी तथा 6 सेमी० ऊँची हो?

हल : दीवार का आयतन $= (800 \times 600 \times 22.5)$ सेमी०^3.
प्रत्येक ईंट का आयतन $= (25 \times 11.25 \times 6)$ सेमी०^3.

$\therefore$ अभीष्ट ईंटों की संख्या $= \frac{\text{दीवार का आयतन}}{\text{प्रत्येक ईंट का आयतन}} = \left(\frac{800 \times 600 \times 22 \cdot 5}{25 \times 11 \cdot 25 \times 6}\right) = 6400.$

प्रश्न 3. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई का अनुपात 8 : 5 : 3 है तथा इसके सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 63200 वर्ग सेमी० है. इसका आयतन ज्ञात कीजिए.

हल : माना लम्बाई $= 8x$ सेमी०, चौड़ाई $= 5x$ सेमी० तथा ऊँचाई $= 3x$ सेमी०.
$\therefore$ घनाभ के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल $= 2 \times [(l \times b) + (b \times h) + (l \times h)]$ सेमी०^2
$= 2 \times [(8x \times 5x) + (5x \times 3x) + (8x \times 3x)]$ सेमी०^2 $= (158x)$ सेमी०^2.

$\therefore 158x = 63200 \Rightarrow x = \frac{63200}{158} = 400.$

अत: लम्बाई $= 3200$ सेमी० $= 32$ मी०, चौड़ाई $= 2000$ सेमी० $= 20$ मी०, ऊँचाई $= 1200$ सेमी० $= 12$ मी०.
$\therefore$ घनाभ का आयतन $= (32 \times 20 \times 12)$ घन मीटर $= 7680$ घन मीटर.

प्रश्न 4. एक घन की प्रत्येक भुजा 8 सेमी० लम्बी है. घन का आयतन, सम्पूर्ण पृष्ठ तथा विकर्ण ज्ञात कीजिए.

हल : घन का आयतन $= a^3 = (8 \times 8 \times 8)$ सेमी०^3 $= 512$ सेमी०^3.
घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = (6 \times 8 \times 8)$ सेमी०^2 $= 384$ सेमी०^2.
घन का विकर्ण $= \sqrt{3}a = 8\sqrt{3}$ सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 5. किसी घन का सम्पूर्ण पृष्ठ 150 वर्ग सेमी० है. इस घन का आयतन ज्ञात कीजिए.

हल : माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०.

तब, घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2$ सेमी०^2.

$\therefore \quad 6a^2 = 150 \Rightarrow a^2 = 25 = 5^2 \Rightarrow a = 5$ सेमी०.

$\therefore$ घन का आयतन $= a^3 = 5^3 = 125$ सेमी०^3.

प्रश्न 6. एक घन के विकर्ण की लम्बाई $6\sqrt{3}$ सेमी० है. इसका आयतन तथा सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

हल : माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०. तब, घन का विकर्ण $= \sqrt{3}\, a$ सेमी०.

$\therefore \sqrt{3}\, a = 6\sqrt{3} \Rightarrow a = 6.$

अत: घन का आयतन $= a^3 = (6\times6\times6)$ सेमी०^3 $= 216$ सेमी०^3.

तथा घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6\,a^2 = (6\times6\times6)$ सेमी०^2 $= 216$ सेमी०^2.

प्रश्न 7. एक लम्बवृत्तीय बेलन की लम्बाई 80 सेमी० तथा आधार की त्रिज्या 3.5 सेमी० हैं. इस बेलन का आयतन, वक्रपृष्ठ तथा सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए.

हल : यहाँ $r = \frac{7}{2}$ सेमी० तथा $h = 80$ सेमी०.

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times\frac{7}{2}\times80\right)$ सेमी०^3 $= 3080$ सेमी०^3.

बेलन का वक्रपृष्ठ $= 2\pi rh = \left(2\times\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times80\right)$ सेमी०^2 $= 1760$ सेमी०^2.

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= \left(2\pi rh + 2\pi r^2\right) = 2\pi r(h+r)$

$$= \left[2\times\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times\left(80+\frac{7}{2}\right)\right] \text{ सेमी०}^2 = (11\times167) \text{ सेमी०}^2 = 1837 \text{ सेमी०}^2.$$

प्रश्न 8. एक बेलनाकार टंकी की धारिता 1848 मीटर^3 तथा इसका व्यास 14 मीटर है. टंकी की गहराई ज्ञात कीजिए.

हल : दिया है : टंकी का अर्द्धव्यास $r = 7$ मीटर तथा टंकी की धरिता $= 1848$ मी^{3}.

माना टंकी की गहराई $= h$ मीटर. तब

$$\pi r^2 h = 1848 \Rightarrow \frac{22}{7}\times7\times7\times h = 1848$$

$$\Rightarrow h = \frac{1848}{154} = 12.$$

$\therefore$ टंकी की गहराई $= 12$ मीटर.

प्रश्न 9. लोहे के बने एक खोखले पाईप की लम्बाई 1 मीटर तथा इसकी अन्दरी चौड़ाई 3 सेमी० है. यह 1 सेमी० मोटी लोहे की चादर का बना है. यदि 1 घन सेमी० लोहे का भार 21 ग्राम हो, तो इस पाईप का भार कितना है?

हल : पाईप की अन्दरी त्रिज्या $= 1{\cdot}5$ सेमी०, बाहरी त्रिज्या $= 2{\cdot}5$ सेमी०.

लोहे का आयतन $= \{\pi\times(2.5)^2\times100 - \pi\times(1{\cdot}5)^2\times100\}$ घन सेमी०

$= \pi\times100\times\{(2{\cdot}5)^2 - (1{\cdot}5)^2\}$ घन सेमी०

$= \left\{\frac{22}{7}\times100\times(2{\cdot}5+1{\cdot}5)\,(2{\cdot}5-1{\cdot}5)\right\}$ घन सेमी०

$= \left(\frac{22}{7}\times100\times4\times1\right)$ घन सेमी० $= \frac{8800}{7}$ घन सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

पाईप का भार $= \left(\frac{8800}{7} \times \frac{21}{1000}\right)$ किग्रा० = 26·4 किग्रा०.

प्रश्न 10. एक शंकु के आधार की त्रिज्या 21 सेमी० तथा ऊँचाई 28 सेमी० है. इसकी तिर्यक ऊँचाई, आयतन, वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल तथा सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

हल : दिया है : $r = 21$ सेमी० तथा $h = 28$ सेमी०.

तिर्यक ऊँचाई, $l = \sqrt{r^2 + h^2} = \sqrt{(21)^2 + (28)^2} = \sqrt{1225} = 35$ सेमी०.

(*i*) शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h = \left(\frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 28\right)$ घन सेमी० = 12936 घन सेमी०.

(*ii*) वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल $= \pi r l = \left(\frac{22}{7} \times 21 \times 35\right)$ वर्ग सेमी० = 2310 वर्ग सेमी०.

(*iii*) सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल $= (\pi r l + \pi r^2) = \left(2310 + \frac{22}{7} \times 21 \times 21\right)$ वर्ग सेमी० = 3696 वर्ग सेमी०.

प्रश्न 11. एक शंक्वाकार तम्बू के आधार की त्रिज्या 7 मीटर तथा ऊँचाई 24 मीटर है. इसे बनाने में 1·25 मीटर चौड़ा कितना कपड़ा लगेगा ?

हल : यहाँ $r = 7$ मीटर तथा $h = 24$ मीटर.

$l = \sqrt{r^2 + h^2} = \sqrt{49 + 576} = \sqrt{625} = 25$ मीटर.

कपड़े का क्षेत्रफल $= \pi r l = \left(\frac{22}{7} \times 7 \times 25\right)$ वर्ग मीटर = 550 वर्ग मीटर.

कपड़े की चौड़ाई = 1·25 मीटर.

कपड़े की लम्बाई $= \frac{\text{क्षेत्रफल}}{\text{चौड़ाई}} = \frac{550}{1 \cdot 25}$ मीटर = 440 मीटर.

प्रश्न 12. दो लम्बवृत्तीय शंकुओं की ऊँचाई का अनुपात 1 : 2 है तथा इनके आधार की परिमिति का अनुपात 3 : 4 है. इनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए.

हल : माना शंकुओं की ऊँचाई क्रमश: $h, 2h$ हैं तथा आधार की त्रिज्यायें क्रमश: r तथा R हैं. तब, $\frac{2\pi r}{2\pi R} = \frac{3}{4} \Rightarrow \frac{r}{R} = \frac{3}{4}$.

दिये गये शंकुओं के आयतनों का अनुपात $= \frac{\frac{1}{3}\pi r^2 h}{\frac{1}{3}\pi R^2 (2h)} = \frac{r^2}{2R^2} = \frac{1}{2} \cdot \left(\frac{r}{R}\right)^2 = \frac{1}{2} \times \left(\frac{3}{4}\right)^2 = \frac{9}{32}$.

अत: अभीष्ट अनुपात = 9 : 32.

प्रश्न 13. एक गोले की त्रिज्या 10·5 सेमी० है. इसका आयतन तथा सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए.

हल : यहाँ $r = \frac{21}{2}$ सेमी०.

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3 = \left(\frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right)$ घन सेमी० = 4851 घन सेमी०.

गोले के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल $= 4\pi r^2$

$= \left(4 \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right)$ वर्ग सेमी० = 1386 वर्ग सेमी०.

प्रश्न 14. एक गोले की त्रिज्या में 50% वृद्धि करने पर इसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी तथा इसके सम्पूर्ण पृष्ठ के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ?

हल : माना गोले की प्रारम्भिक त्रिज्या = r.

तब इसका सम्पूर्ण पृष्ठ $= 4\pi r^2$.

नई त्रिज्या = r का 150% $= \left(r \times \frac{150}{100}\right) = \frac{3r}{2}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

नया सम्पूर्ण पृष्ठ $= 4\pi\left(\frac{3r}{2}\right)^2 = 9\pi r^2$.

सम्पूर्ण पृष्ठ में वृद्धि $\% = \left(\frac{5\pi r^2}{4\pi r^2}\times 100\right)\% = 125\%$.

प्रश्न 15. एक गोले की त्रिज्या में 20% वृद्धि होने पर इसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ?

हल : माना गोले की प्रारम्भिक त्रिज्या $= r$.

तब, इसका आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$.

नई त्रिज्या $= \left(r\times\frac{120}{100}\right) = \frac{6r}{5}$.

नया आयतन $= \frac{4}{3}\pi\left(\frac{6r}{5}\right)^3 = \frac{216}{125}\left(\frac{4}{3}\pi r^3\right)$.

आयतन में वृद्धि $= \frac{4}{3}\pi r^3\left(\frac{216}{125}-1\right) = \frac{4}{3}\pi r^3\times\frac{91}{125}$.

आयतन में वृद्धि $\% = \left\{\frac{\frac{4}{3}\pi r^3}{\frac{4}{3}\pi r^3}\left(\frac{91}{125}\right)\times 100\right\}\% = \frac{364}{5}\% = 72\cdot 8\%$.

प्रश्न 16. धातु के बने 28 सेमी० ऊँचे तथा 6 सेमी० त्रिज्या वाले ठोस बेलन को पिघलाकर गोलियाँ बनाई गई हैं जिनमें से प्रत्येक का व्यास 1·5 सेमी० है. इन गोलियों की संख्या कितनी है ?

हल : बेलन का आयतन $= \pi R^2 H = (\pi\times 6\times 6\times 28)$ घन सेमी०.

एक गोली का अर्द्ध-व्यास $= \frac{3}{4}$ सेमी०.

1 गोली का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{4}{3}\pi\times\left(\frac{3}{4}\right)^3 = \frac{9\pi}{16}$ घन सेमी०.

गोलियों की संख्या $= \frac{\text{बेलन का आयतन}}{\text{1 गोली का आयतन}} = \left(36\times 28\times\pi\times\frac{16}{9\pi}\right) = 1792$.

प्रश्न 17. जस्ते के बने एक गोले का व्यास 18 सेमी० है. इस गोले से 4 मिमी० व्यास की तार खींची गई है. इस तार की लम्बाई कितनी है ?

हल : गोले का अर्द्धव्यास = 9 सेमी०.

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi R^3 = \left\{\frac{4}{3}\pi\times(9)^3\right\}$ घन सेमी०.

तार की त्रिज्या $= \frac{2}{10}$ सेमी० $= \frac{1}{5}$ सेमी०.

माना तार की लम्बाई $= x$ सेमी०. तब $\pi\times\frac{1}{5}\times\frac{1}{5}\times x = \frac{4}{3}\pi\times 9\times 9\times 9 \Rightarrow x = 24300$ सेमी० $= 243$ मीटर.

अत: तार की अभीष्ट लम्बाई = 243 मीटर.

प्रश्न 18. एक शंकु तथा एक गोले की बराबर त्रिज्या तथा बराबर आयतन हैं. गोले के व्यास तथा शंकु की ऊँचाई का अनुपात ज्ञात कीजिए.

हल : माना प्रत्येक की त्रिज्या $= R$ तथा शंकु की ऊँचाई $= h$. तब

$\frac{4}{3}\pi R^3 = \frac{1}{3}\pi R^2 h \Rightarrow \frac{R}{h} = \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{2R}{h} = \frac{2}{4} = \frac{1}{2}$. अभीष्ट अनुपात = 1 : 2.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 19. एक अर्द्ध गोले की त्रिज्या 10·5 सेमी० है. इसका आयतन, वक्र-पृष्ठ तथा सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.

हल : दिया है : $r = \frac{21}{2}$ सेमी०.

(*i*) अर्द्ध-गोले का आयतन $= \frac{2}{3}\pi r^3 = \left(\frac{2}{3} \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right)$ घन सेमी० $= \frac{4851}{2}$ घन सेमी०

$= 2425.5$ घन सेमी०.

(*ii*) अर्द्ध-गोले का वक्र-पृष्ठ $= 2\pi r^2 = \left(2 \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right)$ वर्ग सेमी० $= 693$ वर्ग सेमी०.

(*iii*) अर्द्ध-गोले का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 3\pi r^2 = \left(3 \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right)$ वर्ग सेमी० $= 1039.5$ वर्ग सेमी०.

प्रश्न 20. एक शंकु, एक अर्द्ध-गोला तथा एक बेलन के बराबर आधार तथा बराबर ऊँचाई हैं. इनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए.

हल : माना प्रत्येक की त्रिज्या $= R =$ अर्द्ध गोले की ऊँचाई $=$ बेलन की ऊँचाई.

(शंकु का आयतन) : (अर्द्ध गोले का आयतन) : (बेलन का आयतन)

$$= \left(\frac{1}{3}\pi R^2 \times R\right) : \left(\frac{2}{3}\pi R^3\right) : (\pi R^2 \times R) = \frac{1}{3} : \frac{2}{3} : 1 = 1 : 2 : 3.$$

अतः अभीष्ट अनुपात $= 1 : 2 : 3$.

प्रश्नमाला 24A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. एक कमरा 12 मीटर लम्बा, 9 मीटर चौड़ा तथा 8 मीटर ऊँचा है. इसमें अधिकतम किस लम्बाई का बाँस रखा जा सकता है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**
   (*a*) 17 मीटर (*b*) 16 मीटर (*c*) 15 मीटर (*d*) 14 मीटर
2. (10 मीटर × 10 मीटर × 5 मीटर) विभाओं वाले कमरे में रखी जा सकने वाली सबसे लम्बी छड़ की लम्बाई कितनी होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
   (*a*) $15\sqrt{3}$ मीटर (*b*) 15 मीटर (*c*) $10\sqrt{2}$ मीटर (*d*) $5\sqrt{3}$ मीटर
3. रीता और मीता दोनों के लंच बॉक्स घनाभाकार हैं. रीता के बॉक्स की लम्बाई तथा चौड़ाई मीता के बॉक्स से 10% अधिक है. परन्तु रीता के बॉक्स की गहराई मीता के बॉक्स से 20% कम है. रीता के बॉक्स की धारिता और मीता के बॉक्स की धारिता में क्या अनुपात है ? **(होटल मैनेजमैंट परीक्षा, 2010)**
   (*a*) 11 : 15 (*b*) 15 : 11 (*c*) 125 : 121 (*d*) 121 : 125
4. एक आयताकार जलाशय में 42000 लीटर जल है. यदि जलाशय की लम्बाई 6 मीटर तथा चौड़ाई 3·5 मीटर हो, तो जलाशय में जल की गहराई कितनी है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**
   (*a*) 2 मीटर (*b*) 5 मीटर (*c*) 6 मीटर (*d*) 8 मीटर
5. एक कमरे की चौड़ाई इसकी ऊँचाई की दुगुनी तथा लम्बाई से आधी है. यदि कमरे का आयतन 512 घन मीटर हो, तो कमरे की लम्बाई कितनी है ?
   (*a*) 12 मीटर (*b*) 16 मीटर (*c*) 20 मीटर (*d*) 32 मीटर
6. 8 मीटर लम्बे, 7 मीटर चौड़े तथा 6 मीटर ऊँचे डिब्बे में 8 सेमी० लम्बे, 7 सेमी० चौड़े तथा 6 सेमी० ऊँचे अधिक से अधिक कितने डिब्बे रखे जा सकते हैं ?
   (*a*) 9800000 (*b*) 7500000 (*c*) 1000000 (*d*) 1200000
7. 4 मीटर लम्बी, 3 मीटर ऊँची तथा 13 सेमी० चौड़ी दीवार बनाने के लिए 20 सेमी० लम्बी, 12 सेमी० चौड़ी तथा 6·5 सेमी० ऊँची कितनी ईंटों की आवश्यकता होगी ?
   (*a*) 500 (*b*) 1000 (*c*) 1500 (*d*) 2000

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. 24 मीटर लम्बी, 8 मीटर ऊँची तथा 60 सेमी० चौड़ी दीवार बनाने के लिए 24 सेमी० लम्बी, 12 सेमी० चौड़ी तथा 8 सेमी० ऊँची कितनी ईंटें लगेंगी, जबकि दीवार के कुल आयतन का 10% भाग सीमेंट तथा रेत के मिश्रण से बना हो?
(a) 50000 (b) 45000 (c) 40000 (d) 25000

9. एक घनाभ के विकर्ण की नाप 28 सेमी० है तथा इसके तीनों कोरों की लम्बाई का योग 44 सेमी है. इस घनाभ के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना होगा?
(a) 576 वर्ग सेमी० (b) 1152 वर्ग सेमी० (c) 1728 वर्ग सेमी० (d) 2304 वर्ग सेमी०

10. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई का योग 19 सेमी० है तथा इसके विकर्ण की लम्बाई $5\sqrt{5}$ सेमी० है. इसके सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 361 वर्ग सेमी० (b) 486 वर्ग सेमी० (c) 236 वर्ग सेमी० (d) 125 वर्ग सेमी०

11. एक घनाभ का आयतन 210 घन सेमी० है तथा इसके सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 214 वर्ग सेमी० है. यदि इसके आधार का क्षेत्रफल 42 वर्ग सेमी० हो, तो इस घनाभ की विभायें हैं:
(a) 5 सेमी०, 4 सेमी०, 3 सेमी०, (b) 6 सेमी०, 5 सेमी०, 4 सेमी०,
(c) 7 सेमी०, 6 सेमी०, 5 सेमी०, (d) 8 सेमी०, 7 सेमी०, 6 सेमी०,

12. लोहे का एक शहतीर 9 मीटर लम्बा, 40 सेमी० चौड़ा तथा 20 सेमी० ऊँचा है. यदि 1 घनमीटर लोहे का भार 50 किग्रा० हो, तो शहतीर का भार कितना होगा?
(a) 56 किग्रा० (b) 48 किग्रा० (c) 36 किग्रा० (d) 27 किग्रा०

13. संगमरमर के एक आयताकार टुकड़े की चौड़ाई 28 सेमी० तथा मोटाई 5 सेमी० है. इस टुकड़े का भार 112 किग्रा० है. यदि 1 घन सेमी० संगमरमर का भार 25 ग्राम हो, तो टुकड़े की लम्बाई कितनी है?
(a) 36 सेमी० (b) 37.5 सेमी० (c) 32 सेमी० (d) 26·5 सेमी०

14. एक 45 मीटर चौड़ी तथा 2·5 मीटर गहरी नदी का बहाव 3·6 किमी०/घण्टा है. इससे कितना पानी प्रति मिनट समुद्र में गिरता है?
(a) 6650 घन मीटर (b) 6750 घन मीटर (c) 6850 घन मीटर (d) 6950 घन मीटर

15. एक आयताकार पानी की टंकी के आधार का क्षेत्रफल 6500 वर्ग सेमी० है तथा इसमें भरे पानी का आयतन 2·6 घन मीटर है. टंकी में पानी की गहराई कितनी है?
(a) 3·5 मीटर (b) 4 मीटर (c) 5 मीटर (d) 6 मीटर

16. धातु के बने एक घनाभ का भार 16 किग्रा० है. यदि इसकी सभी विभाओं में से प्रत्येक को पहले का एक-चौथाई कर दें, तो नये घनाभ का भार कितना होगा? **(मैट्रो रेलवे परीक्षा, 2003)**
(a) 0·25 किग्रा० (b) 0·50 किग्रा० (c) 0·75 किग्रा० (d) 1 किग्रा०

17. 1·5 हैक्टेयर के क्षेत्रफल के मैदान में 5 सेमी० गहरी वर्षा गिरने पर इक्कट्ठे हुये पानी का आयतन कितना होगा?
(a) 75 घन मीटर (b) 750 घन मीटर (c) 7500 घन मीटर (d) 75000 घन मीटर

18. एक 0·6 घन मीटर की सोने की चादर को पीटकर इस प्रकार फैलाया गया है कि यह ठीक 1 हैक्टेयर क्षेत्रफल को पूरा का पूरा ढ़क लेती है. इस फैली हुई चादर की मोटाई कितनी है?
(a) 6 मिमी० (b) 0.6 मिमी० (c) ·06 मिमी० (d) ·006 मिमी०

19. एक 24 सेमी० लम्बे, 14 सेमी० चौड़े तथा 7·5 सेमी० ऊँचे घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठ कितना है?
(a) 2520 वर्ग सेमी० (b) 1260 वर्ग सेमी० (c) 1242 वर्ग सेमी० (d) 621 वर्ग सेमी०

20. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई का अनुपात 6 : 5 : 4 है. यदि इसका सम्पूर्ण पृष्ठ 33300 वर्ग सेमी० हो, तो इसका आयतन कितना होगा?
(a) 45000 घन सेमी० (b) 455000 घन सेमी० (c) 405000 घन सेमी० (d) आँकड़े अपर्याप्त

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

21. तैरने के लिए बना एक तालाब 24 मीटर लम्बा तथा 15 मीटर चौड़ा है. कुछ व्यक्तियों के इस तालाब में डुबकी लगाने पर पानी के तल की ऊँचाई में 1 सेमी० की वृद्धि हो जाती है. यदि प्रत्येक व्यक्ति 0·1 घन मीटर पानी विस्थापित करे, तो तालाब में कितने व्यक्ति हैं ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)**

(*a*) 32 (*b*) 36 (*c*) 42 (*d*) 46

22. एक आयताकार लोहे की चादर 48 सेमी० लम्बी तथा 36 सेमी० चौड़ी है. इसके चारों कोनों से चार बराबर वर्ग काटे गये हैं जिनमें से प्रत्येक की भुजा 8 सेमी० है. शेष बची चादर को मोड़कर एक खुला डिब्बा बनाया गया है. इस डिब्बे की धारिता कितनी है ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)**

(*a*) 5110 घन सेमी० (*b*) 5120 घन सेमी० (*c*) 5130 घन सेमी० (*d*) 5140 घन सेमी०

23. एक आयताकार प्लाट 13·5 मीटर लम्बा तथा 2·5 मीटर चौड़ा है. इसमें एक आयताकार टंकी (5 मीटर × 4.5 मीटर × 2.1 मीटर) खोदी गई है. इसमें से निकाली गई मिट्टी को प्लाट के शेष भाग में समान रूप से बिछाया गया है. इससे प्लाट के धरातल की ऊँचाई में कितनी वृद्धि होगी ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)**

(*a*) 4 मीटर (*b*) 4·1 मीटर (*c*) 4·2 मीटर (*d*) 4·3 मीटर

24. धातु से बना एक खुला ट्रंक 50 सेमी लम्बा, 40 सेमी० चौड़ा तथा 23 सेमी० ऊँचा है. इसकी तली तथा प्रत्येक दीवार की मोटाई 3 सेमी० है. यदि ट्रंक के धातु के एक घन सेमी० का भार 0·5 ग्राम हो, तो खाली ट्रंक का भार कितना है ?

(*a*) 6·832 किग्रा० (*b*) 7·576 किग्रा० (*c*) 7·16 किग्रा० (*d*) 8·04 किग्रा०

25. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः a, b, c हैं. इसका आयतन V घन इकाई तथा इसके सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल S वर्ग इकाई है. तब, $\frac{1}{V} = ?$

(*a*) $\frac{1}{2}S(a+b+c)$ (*b*) $\frac{2S}{(a+b+c)}$ (*c*) $2S\,(a+b+c)$ (*d*) $\frac{2}{S}\left(\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}\right)$

26. एक घनाभ के तीन आसन्न पृष्ठों के क्षेत्रफल क्रमशः x, y तथा z वर्ग इकाई हैं तथा इसका आयतन V घन इकाई है. तब, $xyz = ?$

(*a*) V (*b*) V^2 (*c*) $2V$ (*d*) $2V^2$

27. किसी घनाभ के तीन संगत फलकों के क्षेत्रफलों का अनुपात 2 : 3 : 4 है तथा इसका आयतन 9000 घन सेमी० है. घनाभ की सबसे छोटी भुजा की लम्बाई कितनी है ?

(*a*) 10 सेमी० (*b*) 15 सेमी० (*c*) 20 सेमी० (*d*) 30 सेमी०

28. किसी घनाभ की माप 25 सेमी० × 20 सेमी० × 4 सेमी० है. एक घन का आयतन इस घनाभ के आयतन से आधा है. घन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) 400 सेमी०^2 (*b*) 600 सेमी०^2 (*c*) 800 सेमी०^2 (*d*) 1200 सेमी०^2

29. किसी घन के विकर्ण की लम्बाई 6 सेमी० है. घन का आयतन कितना होगा ?

(*a*) $18\sqrt{3}$ सेमी०^3 (*b*) $24\sqrt{3}$ सेमी०^3 (*c*) $28\sqrt{3}$ सेमी०^3 (*d*) $30\sqrt{3}$ सेमी०^3

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)

30. एक घन के विकर्ण की लम्बाई $9\sqrt{3}$ सेमी० है. इसके सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना होगा ?

(*a*) 243 सेमी०^2 (*b*) 486 सेमी०^2 (*c*) 648 सेमी०^2 (*d*) 324 सेमी०^2

31. एक घन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 13254 सेमी०^2 है. इसके विकर्ण की लम्बाई कितनी होगी ?

(*a*) $44\sqrt{3}$ सेमी० (*b*) $45\sqrt{3}$ सेमी० (*c*) $46\sqrt{3}$ सेमी० (*d*) $47\sqrt{3}$ सेमी०

32. एक घन के विकर्ण की माप $4\sqrt{3}$ सेमी० है. इस घन का आयतन कितना होगा ?

(*a*) 16 सेमी०^3 (*b*) 27 सेमी०^3 (*c*) 64 सेमी०^3 (*d*) 48 सेमी०^3

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

33. एक घन का आयतन 512 सेमी०^3 है. इसका सम्पूर्ण पृष्ठ कितना होगा ?
(a) 192 सेमी०^2 (b) 256 सेमी०^2 (c) 320 सेमी०^2 (d) 384 सेमी०^2

34. एक घनाभ का आयतन एक घन से दुगुना है. यदि घनाभ की विभायें 9 सेमी०, 8 सेमी० तथा 6 सेमी० हों, तो घन का सम्पूर्ण पृष्ठ कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(a) 72 सेमी०^2 (b) 216 सेमी०^2 (c) 108 सेमी०^2 (d) 432 सेमी०^2

35. 25 सेमी० भुजा वाले एक घन को पिघलाकर, 5 सेमी० भुजा वाले कितने घन बनेंगे ? **(रेलवे परीक्षा, 2004)**
(a) 100 (b) 120 (c) 125 (d) 150

36. लोहे के तीन घनों के सिरों की लम्बाई क्रमशः 6 सेमी०, 8 सेमी० तथा 10 सेमी० है. इन्हें पिघला कर बनाये गये घन की प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी होगी ? **(मैनेजमैंट परीक्षा, 2008)**
(a) 12 सेमी० (b) 14 सेमी० (c) 16 सेमी० (d) 18 सेमी०

37. एक घन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 150 वर्ग सेमी० है. इसका आयतन कितना होगा ?
(a) 100 सेमी०^3 (b) 125 सेमी०^3 (c) 150 सेमी०^3 (d) 175 सेमी०^3

38. धातु के बने एक घन की प्रत्येक भुजा 12 सेमी० है. इसे पिघला कर तीन छोटे घनों में ढ़ाला गया है. यदि इनमें से दो घनों की भुजायें क्रमशः 6 सेमी० तथा 8 सेमी० हों, तो तीसरे घन की प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी है ?
(a) 10 सेमी० (b) 12 सेमी० (c) 14 सेमी० (d) 18 सेमी०
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)

39. एक ठोस घनाभ की भुजायें क्रमशः 72 सेमी०, 75 सेमी० तथा 135 सेमी० हैं. ऐसे घन की प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी होगी जिसका आयतन इस ठोस घनाभ के आयतन के बराबर हो ?
(a) 75 सेमी० (b) 80 सेमी० (c) 85 सेमी० (d) 90 सेमी०

40. 8 सेमी० कोर वाले दो घनों को उनके सिरों से मिलाने पर प्राप्त घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा ?
(a) 1440 वर्ग सेमी० (b) 830 वर्ग सेमी० (c) 640 वर्ग सेमी० (d) 560 वर्ग सेमी०
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

41. 125 घन सेमी० आयतन वाले तीन समान घनों को परस्पर साथ रखकर किनारे से इस प्रकार जोड़ा गया है कि एक घनाभ बन जाता है. इस घनाभ का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा ? **(बी०एड० प्रवेश परीक्षा, 2007)**
(a) 175 सेमी०^2 (b) 200 सेमी०^2 (c) 300 सेमी०^2 (d) 350 सेमी०^2

42. एक आयताकार लकड़ी का टुकड़ा (6 सेमी० × 9 सेमी० × 12 सेमी०) विभाओं का है. इसे काटकर बराबर आयतन के घन बनाये गये हैं जिनकी संख्या पूर्ण है. ऐसे घनों की कम से कम संख्या कितनी होगी ?
(a) 6 (b) 9 (c) 24 (d) 30
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

43. 15 सेमी० लम्बी कोर वाले घन को एक आयताकार बर्तन में पानी में पूरा डूबो दिया गया है. यदि बर्तन की तली की लम्बाई 20 सेमी० तथा चौड़ाई 15 सेमी० हो तो पानी की सतह में कितनी वृद्धि होगी ?
(a) 11·25 सेमी० (b) 12·5 सेमी० (c) 16 सेमी० (d) 22·5 सेमी०
(रेलवे परीक्षा, 2003)

44. दो घनों के आयतनों का अनुपात 27 : 64 है. इनके सम्पूर्ण पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 3 : 8 (b) 3 : 4 (c) 9 : 16 (d) 27 : 64
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2002)

45. धातु के बने तीन ठोस घनों की कोरें क्रमशः 30 सेमी०, 40 सेमी० तथा 50 सेमी० हैं. इन्हें पिघला कर बनाये गये घन का सम्पूर्ण पृष्ठ कितना होगा ?
(a) 2 वर्ग मीटर (b) 2·15 वर्ग मीटर (c) 2·16 वर्ग मीटर (d) 2·2 वर्ग मीटर

46. एक घन की प्रत्येक भुजा में 50% वृद्धि करने पर इसके आयतन में कितनी वृद्धि होगी ?
(a) 50% (b) 150% (c) $133\frac{1}{3}$% (d) $237\frac{1}{2}$%
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

47. एक घन की प्रत्येक भुजा को दुगुना करने पर इसके सम्पूर्ण पृष्ठ के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ?
(*a*) 150% (*b*) 200% (*c*) 300% (*d*) 600%
(रेलवे परीक्षा, 2005)

48. एक बेलन के आधार की त्रिज्या 3·5 सेमी० तथा लम्बाई 8 सेमी० है. इस बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ कितना है ?
(*a*) 165 सेमी०^2 (*b*) 126·5 सेमी०^2 (*c*) 253 सेमी०^2 (*d*) 214·5 सेमी०^2

49. दो बेलनों की आधार त्रिज्यायें 2 : 3 के अनुपात में हैं तथा इनकी ऊँचाइयों का अनुपात 5 : 3 है. इनके आयतनों का अनुपात कितना है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(*a*) 27 : 28 (*b*) 20 : 27 (*c*) 9 : 4 (*d*) 4 : 9

50. दो बेलनों की आधार त्रिज्यायें क्रमशः 3 : 5 के अनुपात में हैं तथा इनकी ऊँचाइयाँ क्रमशः 2 : 3 के अनुपात में हैं. इनके वक्रपृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(*a*) 2 : 5 (*b*) 2 : 3 (*c*) 3 : 5 (*d*) 5 : 3

51. एक बेलनाकार स्तम्भ का वक्रपृष्ठ 264 वर्ग मीटर तथा आयतन 924 घन मीटर है. इसके व्यास का इसकी ऊँचाई से क्या अनुपात होगा ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)
(*a*) 7 : 6 (*b*) 6 : 7 (*c*) 3 : 7 (*d*) 7 : 3

52. एक बेलन के आधार का व्यास 42 सेमी० है तथा इसके वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल 1320 सेमी०^2 है. इस बेलन की ऊँचाई कितनी है ?
(*a*) 8 सेमी० (*b*) 9 सेमी० (*c*) 10 सेमी० (*d*) 12 सेमी०

53. एक लम्बवृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या तथा ऊँचाई का अनुपात क्रमशः 2 : 3 है. यदि इसका आयतन 12936 सेमी०^3 हो, तो इस बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना होगा ?
(*a*) 3080 सेमी०^2 (*b*) 38808 सेमी०^2 (*c*) 25872 सेमी०^2 (*d*) 2587·2 सेमी०^2

54. एक लम्बवृत्तीय बेलन की ऊँचाई 14 सेमी० है तथा इसका वक्रपृष्ठीय क्षेत्रफल 88 वर्ग सेमी० है. इसके आधार की त्रिज्या कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(*a*) 4 सेमी० (*b*) 8 सेमी० (*c*) 1 सेमी० (*d*) 2 सेमी०

55. दो बेलनों A तथा B के आधारों के अर्द्धव्यास 3 : 2 तथा इनकी ऊँचाईयाँ n : 1 के अनुपात में हैं. यदि बेलन A का आयतन, बेलन B के आयतन का 3 गुना हो, तो n का मान कितना होगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(*a*) $\frac{4}{3}$ (*b*) $\frac{2}{3}$ (*c*) $\frac{3}{4}$ (*d*) $\frac{3}{2}$

56. 0·75 सेमी० त्रिज्या तथा 0·2 सेमी० मोटाई वाले सिक्कों को पिघला कर 3 सेमी० त्रिज्या तथा 8 सेमी० ऊँचाई वाला एक लम्बवृत्तीय बेलन बनाने के लिए कितने सिक्कों की आवश्यकता होगी ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)
(*a*) 640 (*b*) 600 (*c*) 500 (*d*) 480

57. एक लम्बवृत्तीय बेलन के आधार के अर्द्धव्यास तथा उसकी ऊँचाई में से प्रत्येक में 10% वृद्धि कर दिये जाने पर बेलन के आयतन में कितनी वृद्धि होगी ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)
(*a*) 3·31% (*b*) 14·5% (*c*) 33·1% (*d*) 19·5%

58. यदि एक बेलन की ऊँचाई में 15% वृद्धि तथा इसके आधार के अर्द्धव्यास में 10% कमी कर दी जाये तो उसके वक्रपृष्ठ में कितना परिवर्तन होगा ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)
(*a*) 3·5% की कमी (*b*) 3·5% की वृद्धि (*c*) 5% की वृद्धि (*d*) 5% की कमी

59. बेलनाकार आकृति वाले एक गीजर का व्यास 35 सेमी० तथा ऊँचाई 1·2 मीटर है. इसकी दीवारों की मोटाई की उपेक्षा करते हुए इसके बाहरी पार्श्व-पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना होगा ? (रेलवे परीक्षा, 2009)
(*a*) 11200 सेमी०^2 (*b*) 13200 सेमी०^2 (*c*) 12100 सेमी०^2 (*d*) 9600 सेमी०^2

60. एक बेलनाकार खम्भे के वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल 528 मी०^2 है तथा इसका आयतन 2772 मी०^3 है. खम्भे की ऊँचाई कितनी है ?
(*a*) 10·5 मीटर (*b*) 7·5 मीटर (*c*) 8 मीटर (*d*) 5·25 मीटर

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

61. एक ठोस बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ 231 सेमी०^2 है. यदि इसका वक्र-पृष्ठ इसके सम्पूर्ण पृष्ठ का दो-तिहाई हो, तो बेलन का आयतन कितना है ?
(a) 269·5 सेमी०^3 (b) 385 सेमी०^3 (c) 308 सेमी०^3 (d) 363·4 सेमी०^3

62. एक बेलन के वक्र-पृष्ठ तथा सम्पूर्ण पृष्ठ के क्षेत्रफलों का अनुपात 1 : 2 है. यदि इसके सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 616 सेमी०^2 हो, तो बेलन का आयतन कितना है ?
(a) 1078 सेमी०^3 (b) 1232 सेमी०^3 (c) 1848 सेमी०^3 (d) इनमें से कोई नहीं

63. 3 सेमी० त्रिज्या वाले ताँबे के एक गोले को पीट पीट कर 0·2 सेमी० व्यास की एक तार में बदलें, तो इस तार की लम्बाई कितनी होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(a) 9 मीटर (b) 12 मीटर (c) 18 मीटर (d) 36 मीटर

64. एक तार को पिघला कर एक-तिहाई त्रिज्या की तार बनाने पर समान आयतन वाले तार की लम्बाई कितनी होगी ?
(a) 3 गुनी (b) 2 गुनी (c) 6 गुनी (d) 9 गुनी

65. 1·5 सेमी० व्यास तथा 0·2 सेमी० मोटाई के कितने सिक्के पिघलाये जायें जिससे एक ऐसा ठोस बेलन प्राप्त किया जा सके जिसका व्यास 4·5 सेमी० तथा ऊँचाई 10 सेमी० हो ?
(a) 380 (b) 450 (c) 472 (d) 540

66. एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या तथा ऊँचाई का योग 37 मीटर है. बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ 1628 मी०^2 है. बेलन का आयतन कितना है ?
(a) 5240 मी०^3 (b) 4620 मी०^3 (c) 3180 मी०^3 (d) इनमें से कोई नहीं

67. पानी से भरे दो बेलनाकार बर्तनों के आधार की त्रिज्यायें क्रमश: 15 सेमी० तथा 10 सेमी० हैं तथा इनकी ऊँचाइयाँ क्रमश: 35 सेमी० तथा 15 सेमी० हैं. इन बर्तनों के पानी को 15 सेमी० ऊँचे नये बेलनाकार बर्तन में पलट दिये जाने पर यह बर्तन ठीक पूरा भर जाता है. इस बर्तन के आधार की त्रिज्या कितनी है ?
(a) 17·5 सेमी० (b) 18 सेमी० (c) 20 सेमी० (d) 25 सेमी०

68. दो बेलनों के बराबर आयतन हैं तथा इनकी ऊँचाइयों का अनुपात 1 : 3 है. इनकी त्रिज्याओं का अनुपात क्या होगा ?
(a) $4:\sqrt{3}$ (b) $3:2\sqrt{3}$ (c) $2:\sqrt{3}$ (d) $3:\sqrt{3}$

69. यदि 1 घन सेमी० कच्चे लोहे का भार 21 ग्राम हो, तो कच्चे लोहे से बने उस पाईप का भार क्या होगा जिसकी लम्बाई 1 मीटर, अन्दरी व्यास 3 सेमी० तथा दीवार की मोटाई 1 सेमी० हो ?
(a) 18·6 किग्रा० (b) 21 किग्रा० (c) 24·2 किग्रा० (d) 26·4 किग्रा०

70. एक बेलनाकार पाईप का अन्दरी व्यास 2 सेमी० है. इसमें से 6 मीटर प्रति सैकन्ड की दर से पानी बहकर एक बेलनाकार टंकी में गिरता है जिसके आधार की त्रिज्या 60 सेमी० है. 30 मिनट में इस टंकी में पानी के स्तर में कितनी वृद्धि होगी ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)**
(a) 2 मीटर (b) 3 मीटर (c) 4 मीटर (d) 5 मीटर

71. ताँबे की एक गोल छड़ 8 सेमी० लम्बी है तथा इसका व्यास 1 सेमी० है. इसे पिघला कर 18 मीटर लम्बी तथा समान व्यास की तार बनाई गई है. इस तार की त्रिज्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**
(a) $\frac{1}{15}$ सेमी० (b) $\frac{1}{30}$ सेमी० (c) $\frac{2}{15}$ सेमी० (d) $\frac{1}{5}$ सेमी०

72. 2 इंच व्यास का एक पाईप एक टंकी को 1 घन्टे में पूरी भर देता है. यदि पाईप का व्यास 4 इंच हो, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**
(a) 10 मिनट (b) 15 मिनट (c) 30 मिनट (d) 45 मिनट

73. 80 सेमी० व्यास के एक बेलनाकार बर्तन में कुछ पानी भरा है. इसमें 60 सेमी० व्यास का एक गोला पूर्णतया डूबो देने पर पानी के स्तर में कितनी वृद्धि हो जायेगी ?
(a) 22·5 सेमी० (b) 30·5 सेमी० (c) 32·5 सेमी० (d) 35·2 सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

74. 20 सेमी० लम्बे लोहे के पाईप का बाहरी व्यास 25 सेमी० है तथा इसकी दीवारों की मोटाई 1 सेमी० है. पाईप के सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल कितना है ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2006)**

(*a*) 3068 वर्ग सेमी० (*b*) 3168 वर्ग सेमी० (*c*) 3268 वर्ग सेमी० (*d*) 3368 वर्ग सेमी०

75. एक कुयें का व्यास 7 मीटर तथा गहराई 22·5 मीटर है. इसकी अन्दरी सतह पर ₹ 30 प्रति वर्ग मीटर की दर से पलास्टर कराने का खर्च कितना होगा ?

(*a*) ₹ 14650 (*b*) ₹ 14850 (*c*) ₹ 14750 (*d*) ₹ 14950

76. एक आयताकार कागज का साइज 100 सेमी० × 44 सेमी० है. इस कागज को इसकी लम्बाई के अनुदिश मोड़कर एक बेलन बनाया जाता है. बेलन का आयतन कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) 4400 घन सेमी० (*b*) 15400 घन सेमी० (*c*) 35000 घन सेमी० (*d*) 144 घन सेमी०

77. एक 4 मीटर व्यास वाली 56 मीटर लम्बी बेलनाकार सुरंग को खोदने से प्राप्त हुई मिट्टी से एक 48 मीटर लम्बी, 16·5 मीटर चौड़ी तथा 4 मीटर गहरी खाई का कितना भाग भरा जा सकता है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) $\frac{1}{9}$ (*b*) $\frac{2}{9}$ (*c*) $\frac{7}{9}$ (*d*) $\frac{8}{9}$

78. समान अर्द्धव्यास वाले एक लम्ब-वृत्तीय बेलन तथा एक गोले के आयतन बराबर हैं. गोले के व्यास का बेलन की ऊँचाई से अनुपात कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

(*a*) 3 : 2 (*b*) 2 : 3 (*c*) 1 : 2 (*d*) 2 : 1

79. एक ठोस बेलन के आधार का व्यास 16 सेमी० तथा ऊँचाई 2 सेमी० है. इसे पिघलाकर समान माप के 12 गोले बनाये गये हैं. प्रत्येक गोले का व्यास क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

(*a*) 2 सेमी० (*b*) 4 सेमी० (*c*) 3 सेमी० (*d*) $\sqrt{3}$ सेमी०

80. 6 सेमी० व्यास के गोले को पिघलाकर 1 मिमी० त्रिज्या वाला तार बनाया जाये, तो इस तार की लम्बाई क्या होगी ?

(*a*) 20 मीटर (*b*) 30 मीटर (*c*) 36 मीटर (*d*) 40 मीटर

(रेलवे परीक्षा, 2005)

81. यदि किसी गोले के अर्द्धव्यास में 2 मीटर की वृद्धि कर दी जाये तो उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में 704 वर्ग मीटर की वृद्धि हो जाती है. गोले का प्रारम्भिक अर्द्धव्यास कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 16 मीटर (*b*) 15 मीटर (*c*) 14 मीटर (*d*) 13 मीटर

82. 1 सेमी०, 2 सेमी० तथा 3 सेमी० त्रिज्या की तीन गोलाकार गेंदों को पिघलाकर एक नई गेंद बनाई गई है. इस प्रक्रिया में 25% सामग्री नष्ट हुई है. नई गेंद की त्रिज्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 6 सेमी० (*b*) 5 सेमी० (*c*) 3 सेमी० (*d*) 2 सेमी०

83. 3 सेमी०, 4 सेमी० तथा 5 सेमी० त्रिज्याओं वाले तीन गोलों को पिघलाकर एक नया गोला बनाया गया है. बड़े गोले की त्रिज्या कितनी है ? **(होटल मैनेजमैंट परीक्षा, 2009)**

(*a*) 6 सेमी० (*b*) 7·5 सेमी० (*c*) 10 सेमी० (*d*) 12 सेमी०

84. यदि दो गोलों के अर्द्धव्यास क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में हों तो उनके आयतनों का अनुपात क्या होगा ?

(*a*) 9 : 4 (*b*) 3 : 2 (*c*) 8 : 27 (*d*) 27 : 8

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

85. यदि दो गोलों के अर्द्धव्यास क्रमशः 1 : 4 के अनुपात में हों तो उनके पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ?

(*a*) 1 : 2 (*b*) 1 : 4 (*c*) 1 : 8 (*d*) 1 : 16

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

86. r सेमी० त्रिज्या वाली गोलीय खोखली गेंद के अन्तर्गत बड़े से बड़े घन का आयतन कितना होगा ?

(*a*) $\frac{2r^2}{\sqrt{3}}$ सेमी०^3 (*b*) $\frac{4r^2}{3}$ सेमी०^3 (*c*) $\frac{8r^3}{3\sqrt{3}}$ सेमी०^3 (*d*) $\frac{r^3}{3\sqrt{3}}$ सेमी०^3

(होटल मैनेजमैंट परीक्षा, 2009)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

87. 3 सेमी० व्यास वाले धातु के ठोस गोले कितने पिघलाये जायें कि इनसे एक ठोस बेलन बन सके जिसका व्यास 4 सेमी० तथा ऊँचाई 54 सेमी० हो ?
(a) 16 (b) 24 (c) 36 (d) 48

88. किसी 2 सेमी० व्यास वाले ठोस बेलन की लम्बाई क्या होगी जिसे पिघलाकर एक खोखला बेलन बनाया जाये जिसकी लम्बाई 16 सेमी०, मोटाई 2·5 मिमी० तथा बाहरी व्यास 20 सेमी० है ?
(a) 81 सेमी० (b) 29·62 सेमी० (c) 39·5 सेमी० (d) 79 सेमी०

89. एक गोले का आयतन 4851 सेमी०^3 है. इसके वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना होगा ?
(a) 1716 सेमी०^2 (b) 1386 सेमी०^2 (c) 1625 सेमी०^2 (d) 3087 सेमी०^2

90. एक गोले के वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल 5544 सेमी०^2 है. इसका आयतन कितना है ?
(a) 38808 सेमी०^3 (b) 42304 सेमी०^3 (c) 22176 सेमी०^3 (d) 33951 सेमी०^3

91. एक घन तथा एक गोले के सम्पूर्ण पृष्ठ समान हैं. इनके आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) $\sqrt{\pi}:\sqrt{6}$ (b) $\sqrt{\pi}:\sqrt{2}$ (c) $\sqrt{\pi}:\sqrt{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

92. एक घन तथा इसमें ठीक पूरी तरह से फिट हो जाने वाले गोले के आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) $2:\pi$ (b) $4:\pi$ (c) $6:\pi$ (d) $4:3\pi$

93. एक शंकु तथा एक गोले की समान त्रिज्यायें तथा समान आयतन हैं. गोले के व्यास तथा शंकु की ऊँचाई का अनुपात क्या होगा ?
(a) 3 : 1 (b) 1 : 3 (c) 6 : 1 (d) 1 : 2

94. एक बेलन तथा एक शंकु की त्रिज्याओं का अनुपात 3 : 4 है तथा इनकी ऊँचाईयों का अनुपात 2 : 3 है. इनके आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 9 : 8 (b) 3 : 4 (c) 8 : 9 (d) 4 : 3

95. दो शंकुओं के आयतनों का अनुपात 1 : 4 है तथा इनके व्यास 4 : 5 के अनुपात में हैं. इनकी ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 1 : 5 (b) 5 : 4 (c) 5 : 16 (d) 25 : 64

96. दो शंकुओं की ऊँचाइयों का अनुपात 1 : 3 है तथा उनके आधार के व्यास 3 : 5 के अनुपात में हैं. इनके आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 1 : 5 (b) 5 : 9 (c) 3 : 25 (d) इनमें से कोई नहीं

97. समान व्यास तथा समान ऊँचाई वाले एक बेलन, एक शंकु तथा एक गोले के आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 1 : 3 : 2 (b) 2 : 3 : 1 (c) 3 : 1 : 2 (d) 3 : 2 : 1

98. यदि एक गोले, एक बेलन तथा एक शंकु की त्रिज्यायें समान हों तथा इनके सम्पूर्ण पृष्ठ समान हों, तो इनकी ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा ?
(a) $2:1:2\sqrt{2}$ (b) $\sqrt{2}:1:2$ (c) $2:1:3\sqrt{2}$ (d) $6\sqrt{2}:3\sqrt{3}:4$

99. एक शंकु, एक अर्द्ध गोला तथा एक बेलन के समान आधार तथा समान ऊँचाइयाँ हैं. इनके आयतनों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 1 : 2 : 3 (b) 2 : 1 : 3 (c) 2 : 3 : 1 (d) 3 : 2 : 1

100. एक लम्ब-वृत्तीय शंकु की ऊँचाई में 200% की वृद्धि तथा उसके आधार के अर्द्धव्यास में 50% की कमी करने पर शंकु के आयतन में क्या परिवर्तन होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**
(a) 25% की वृद्धि (b) 50% की वृद्धि (c) 25% की कमी (d) कोई परिवर्तन नहीं

101. एक समकोण त्रिभुज की भुजायें 3 सेमी०, 4 सेमी०, 5 सेमी० लम्बी हैं. यदि इसे 3 सेमी० वाली भुजा के अनुदिश घुमाया गया हो, तो इस तरह से बने शंकु का आयतन क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
(a) (16π) सेमी०^3 (b) (12π) सेमी०^3 (c) (15π) सेमी०^3 (d) (20π) सेमी०^3

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

102. धातु के कुछ ठोस लम्ब-वृत्तीय शंकुओं में से प्रत्येक के आधार की त्रिज्या 3 सेमी० तथा ऊँचाई 4 सेमी० है. इन्हें पिघलाकर 6 सेमी० त्रिज्या का एक ठोस गोला बनाया जाता है. इन शंकुओं की संख्या कितनी है ?

(*a*) 12 (*b*) 24 (*c*) 48 (*d*) 6

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

103. यदि किसी लम्बवृत्तीय शंकु के आधार की त्रिज्या तथा उसकी ऊँचाई में से प्रत्येक में 10% की वृद्धि कर दी जाये तो शंकु के आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 20% (*b*) 33·1% (*c*) 44·2% (*d*) 100%

104. एक लम्बवृत्तीय बेलन का आयतन एक गोले के आयतन के बराबर है तथा इनके अर्द्धव्यास भी बराबर हैं. यदि बेलन की ऊँचाई h तथा गोले का व्यास d हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सम्बन्ध सही है ?

(*a*) $h = d$ (*b*) $2h = d$ (*c*) $2h = 3d$ (*d*) $3h = 2d$

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

105. एक ठोस लम्बवृत्तीय शंकु की ऊँचाई 8 सेमी० तथा आधार की त्रिज्या 2 सेमी० है. इस शंकु को पिघलाकर एक गोला बनाया गया है. इस गोले का व्यास कितना है ?

(*a*) 2 सेमी० (*b*) 3 सेमी० (*c*) 4 सेमी० (*d*) 6 सेमी०

106. एक ताँबे के तार की लम्बाई 36 मीटर तथा व्यास 2 मिमी० है. इसे पिघलाकर एक गोला बनाया गया है. गोले का अर्द्धव्यास कितना है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 2·5 सेमी० (*b*) 3 सेमी० (*c*) 3·5 सेमी० (*d*) 4 सेमी०

107. किसी धातु के एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या r सेमी० तथा ऊँचाई 6 सेमी० है. इसे पिघलाकर उतनी ही आधार की त्रिज्या वाला एक ठोस शंकु बनाया जाता है. शंकु की ऊँचाई कितनी है ?

(*a*) 54 सेमी० (*b*) 27 सेमी० (*c*) 18 सेमी० (*d*) 9 सेमी०

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

108. एक शंकु की ऊँचाई 6 सेमी० तथा आधार की त्रिज्या 12 सेमी० है. यदि इस शंकु का आयतन एक गोले के आयतन के बराबर हो, तो गोले की त्रिज्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

(*a*) 8 सेमी० (*b*) 6 सेमी० (*c*) 7.2 सेमी० (*d*) 2·5 सेमी०

109. यदि किसी शंकु की ऊँचाई तथा आधार के अर्द्धव्यास में से प्रत्येक में 100% वृद्धि कर दी जाये तो इसका आयतन प्रारम्भिक आयतन का **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

(*a*) दुगुना हो जायेगा (*b*) 3 गुना हो जायेगा (*c*) 6 गुना हो जायेगा (*d*) 8 गुना हो जायेगा

110. 9 सेमी० ऊँचाई तथा 18 सेमी० आधार के व्यास वाला एक शंकु एक 9 सेमी० त्रिज्या वाले लकड़ी के ठोस गोले से काट लिया जाता है. इस प्रक्रिया में नष्ट हुई लकड़ी कितने प्रतिशत है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(*a*) 55% (*b*) 65% (*c*) 75% (*d*) 60%

111. 3 सेमी० त्रिज्या वाली एक गोलाकार गेंद को पिघलाकर तीन गोलाकार गेंदें बनाई जाती हैं. इनमें से दो गेंदों की त्रिज्यायें क्रमशः 1·5 सेमी० तथा 2 सेमी० हैं. तीसरी गेंद की त्रिज्या कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)**

(*a*) 0·5 सेमी० (*b*) 1 सेमी० (*c*) 1·5 सेमी० (*d*) 2·5 सेमी०

112. 21 सेमी० गहरे तथा 16 सेमी० व्यास वाले एक शंक्वाकार बर्तन में रखे पानी का भार कितना होगा ?

(*a*) 1·256 किग्रा० (*b*) 1·408 किग्रा० (*c*) 2·480 किग्रा० (*d*) 3·875 किग्रा०

(रेलवे परीक्षा, 2006)

113. जस्ते के बने 6 सेमी० त्रिज्या के अर्द्ध-गोले को पिघला कर 75 सेमी० ऊँचाई के शंकु में ढाला गया है. इस शंकु के आधार की त्रिज्या क्या होगी ?

(*a*) 1·4 सेमी० (*b*) 2 सेमी० (*c*) 2·4 सेमी० (*d*) 4·2 सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

114. एक अर्द्ध-गोलाकार आकृति के बर्तन की आन्तरिक त्रिज्या 9 सेमी० है. यह बर्तन किसी द्रव से भरा है. इस द्रव को छोटी बेलनाकार बोतलों से भरा गया है. यदि प्रत्येक बोतल के आधार का व्यास 3 सेमी० तथा ऊँचाई 4 सेमी० हो, तो ऐसी कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी ?

(a) 27 (b) 35 (c) 54 (d) 63

115. एक अर्द्ध गोले तथा एक शंकु के आधार की त्रिज्यायें बराबर हैं. यदि इनकी ऊँचाइयाँ भी समान हों, तो उनके वक्रपृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात क्या होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

(a) $1:\sqrt{2}$ (b) $\sqrt{2}:1$ (c) 1 : 2 (d) 2 : 1

116. धातु की दो गोलाकार गेंदें A तथा B इस प्रकार हैं कि A का व्यास B के व्यास से दुगुना है. A तथा B के आयतनों का अनुपात क्या है ? **(रेलवे परीक्षा, 2006)**

(a) 6 : 1 (b) 8 : 1 (c) 2 : 1 (d) 4 : 1

117. लोहे की उस चादर का क्षेत्रफल क्या होगा जिससे 24 सेमी० ऊँचा तथा 7 सेमी० आधार की त्रिज्या वाला शंकु बनाया जा सके ?

(a) 550 वर्ग सेमी० (b) 1232 वर्ग सेमी० (c) 704 वर्ग सेमी० (d) 616 वर्ग सेमी०

118. एक शंकु तथा एक बेलन के आधारों के क्षेत्रफल समान हैं तथा इनके वक्र-पृष्ठों के क्षेत्रफल भी समान हैं. यदि बेलन की ऊँचाई 3 मीटर हो, तो शंकु की तिर्यक ऊँचाई कितनी होगी ?

(a) 3 मीटर (b) 4 मीटर (c) 6 मीटर (d) 7 मीटर

119. धातु के बने 10·5 सेमी० त्रिज्या वाले एक गोले को पिघलाकर छोटे-छोटे लम्ब-वृत्तीय शंकुओं में ढ़ाला गया है. यदि प्रत्येक शंकु के आधार की त्रिज्या 3·5 सेमी० तथा ऊँचाई 3 सेमी० हो, तो ऐसे शंकुओं की संख्या कितनी होगी ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

(a) 105 (b) 113 (c) 126 (d) 135

120. एक लम्ब-वृत्तीय शंकु के आधार का व्यास 14 सेमी० है तथा इसके वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल 550 वर्ग सेमी० है. इस शंकु का आयतन क्या होगा ?

(a) 1230 घन सेमी० (b) 1231 घन सेमी० (c) 1232 घन सेमी० (d) 1233 घन सेमी०

121. एक बेलनाकार बर्तन की त्रिज्या 18 सेमी० तथा ऊँचाई 32 सेमी० है. रेत से भरे इस बर्तन को पृथ्वी पर उलट कर खाली कर दिया गया तथा रेत को एक शंक्वाकार ढ़ेर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया. यदि इस ढ़ेर की ऊँचाई 24 सेमी० हो, तो इसके आधार की त्रिज्या क्या होगी ?

(a) 12 सेमी० (b) 24 सेमी० (c) 36 सेमी० (d) 48 सेमी०

122. एक लम्ब-वृत्तीय शंकु की त्रिज्या तथा ऊँचाई का अनुपात 3 : 4 है. यदि इसका आयतन 96π घन सेमी० हो, तो इसकी तिर्यक ऊँचाई कितनी है ?

(a) 8 सेमी० (b) 9 सेमी० (c) 10 सेमी० (d) 12 सेमी०

123. एक लम्ब-वृत्तीय शंकु की तिर्यक ऊँचाई 10 सेमी० तथा ऊँचाई 8 सेमी० हैं. इसके वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल कितना है ? ($\pi = 3.14$ लें)

(a) 175·5 सेमी०^2 (b) 185·5 सेमी०^2 (c) 188·4 सेमी०^2 (d) 198·5 सेमी०^2

124. एक शंक्वाकार पहाड़ी की तिर्यक ऊँचाई 2·5 किमी० है तथा इसके आधार का क्षेत्रफल 1·54 वर्ग किमी० है. पहाड़ी की ऊँचाई कितनी है ?

(a) 2·2 किमी० (b) 2·4 किमी० (c) 3 किमी० (d) 3·11 किमी०

125. 5 मिमी० व्यास के एक बेलनाकार पाईप द्वारा पानी 10 मीटर प्रति मिनट की गति से बहकर एक शंक्वाकार बर्तन में गिरता है, जिसके आधार का व्यास 40 सेमी० तथा ऊँचाई 24 सेमी० है. कितनी देर में यह बर्तन पानी से भर जायेगा ?

(a) 48 मिनट 15 सै० (b) 51 मिनट 12 सै० (c) 52 मिनट 1 सै० (d) 55 मिनट

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

126. 10 सेमी० त्रिज्या के एक ठोस गोले को पिघला कर बराबर त्रिज्या वाले 8 छोटे ठोस गोलों में ढ़ाला गया है, तो प्रत्येक गोले की त्रिज्या कितनी होगी ?

(*a*) 1·25 सेमी० (*b*) 2·5 सेमी० (*c*) 3·75 सेमी० (*d*) 5 सेमी०

127. एक लम्बवृत्तीय बेलन एक अर्द्धगोले के परिगत इस प्रकार है कि इनके आधार उभयनिष्ठ हैं. इनके आयतनों में क्या अनुपात है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) 1 : 3 (*b*) 1 : 2 (*c*) 2 : 3 (*d*) 3 : 4

128. यदि r त्रिज्या के एक गोले को समान चार भागों में विभक्त किया जाये, तो चारों भागों का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**

(*a*) $4\pi r^2$ वर्ग इकाई (*b*) $2\pi r^2$ वर्ग इकाई (*c*) $8\pi r^2$ वर्ग इकाई (*d*) $3\pi r^2$ वर्ग इकाई

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 24A)

1. (*a*)	2. (*b*)	3. (*d*)	4. (*a*)	5. (*b*)	6. (*c*)	7. (*b*)	8. (*b*)	9. (*b*)	10. (*c*)
11. (*c*)	12. (*c*)	13. (*c*)	14. (*b*)	15. (*b*)	16. (*a*)	17. (*b*)	18. (*c*)	19. (*c*)	20. (*c*)
21. (*b*)	22. (*b*)	23. (*c*)	24. (*d*)	25. (*d*)	26. (*b*)	27. (*b*)	28. (*b*)	29. (*b*)	30. (*b*)
31. (*d*)	32. (*c*)	33. (*d*)	34. (*b*)	35. (*c*)	36. (*a*)	37. (*b*)	38. (*a*)	39. (*d*)	40. (*c*)
41. (*d*)	42. (*c*)	43. (*a*)	44. (*c*)	45. (*c*)	46. (*d*)	47. (*c*)	48. (*c*)	49. (*b*)	50. (*a*)
51. (*d*)	52. (*c*)	53. (*a*)	54. (*c*)	55. (*a*)	56. (*a*)	57. (*c*)	58. (*b*)	59. (*b*)	60. (*c*)
61. (*a*)	62. (*a*)	63. (*d*)	64. (*d*)	65. (*b*)	66. (*b*)	67. (*d*)	68. (*d*)	69. (*d*)	70. (*b*)
71. (*b*)	72. (*b*)	73. (*a*)	74. (*b*)	75. (*b*)	76. (*b*)	77. (*b*)	78. (*a*)	79. (*b*)	80. (*c*)
81. (*d*)	82. (*c*)	83. (*a*)	84. (*d*)	85. (*d*)	86. (*c*)	87. (*d*)	88. (*d*)	89. (*b*)	90. (*a*)
91. (*a*)	92. (*c*)	93. (*d*)	94. (*a*)	95. (*d*)	96. (*c*)	97. (*c*)	98. (*a*)	99. (*a*)	100. (*c*)
101. (*a*)	102. (*b*)	103. (*b*)	104. (*d*)	105. (*c*)	106. (*b*)	107. (*c*)	108. (*b*)	109. (*d*)	110. (*c*)
111. (*d*)	112. (*b*)	113. (*c*)	114. (*c*)	115. (*b*)	116. (*b*)	117. (*c*)	118. (*c*)	119. (*c*)	120. (*c*)
121. (*c*)	122. (*c*)	123. (*c*)	124. (*b*)	125. (*b*)	126. (*d*)	127. (*d*)	128. (*c*)		

दिये गये प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 24A

1. बाँस की अभीष्ट लम्बाई = कमरे के विकर्ण की लम्बाई

$$= \sqrt{l^2+b^2+h^2} = \sqrt{(12)^2+(9)^2+(8)^2} = \sqrt{144+81+64}$$
$$= \sqrt{289} = 17 \text{ मीटर.}$$

2. छड़ की अभीष्ट लम्बाई = कमरे के विकर्ण की लम्बाई

$$= \sqrt{l^2+b^2+h^2} = \sqrt{(10)^2+(10)^2+5^2} = \sqrt{100+100+25}$$
$$= \sqrt{225} = 15 \text{ मीटर.}$$

3. माना मीता के बॉक्स की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः x, y तथा z है.

तब रीता के बॉक्स की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः $\frac{110x}{100}, \frac{110y}{100}, \frac{80z}{100}$

अर्थात $\frac{11x}{10}, \frac{11y}{10}, \frac{4z}{5}$

$$\therefore \frac{\text{रीता के बॉक्स की धारिता}}{\text{मीता के बॉक्स की धारिता}} = \frac{\left(\frac{11x}{10}\times\frac{11y}{10}\times\frac{4z}{5}\right)}{xyz} = \frac{121}{125}.$$

अभीष्ट अनुपात = 121 : 125.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

4. जलाशय का आयतन = 42000 लीटर = 42 घन मीटर.
माना जलाशय की गहराई = x मीटर. तब,
$6 \times 3 \cdot 5 \times x = 42 \Rightarrow 21x = 42 \Rightarrow x = 2.$
अत: जलाशय की गहराई = 2 मीटर.

5. माना ऊँचाई = x मीटर. तब, चौड़ाई = $2x$ मीटर तथा लम्बाई = $4x$ मीटर.
कमरे का आयतन = $(4x \times 2x \times x)$ घन मीटर = $8x^3$ घन मीटर.
$\therefore 8x^3 = 512 \Rightarrow x^3 = 64 = (4)^3 \Rightarrow x = 4.$
अत: कमरे की लम्बाई = $4x$ मीटर = (4×4) मीटर = 16 मीटर.

6. बड़े डिब्बे का आयतन = $(800 \times 700 \times 600)$ घन सेमी०.
छोटे डिब्बे का आयतन = $(8 \times 7 \times 6)$ घन सेमी०.
डिब्बों की अभीष्ट संख्या $= \dfrac{(800 \times 700 \times 600)}{(8 \times 7 \times 6)} = 1000000.$

7. दीवार का आयतन = $(400 \times 300 \times 13)$ घन सेमी०.
1 ईंट का आयतन = $(20 \times 12 \times 6.5)$ घन सेमी०.
ईंटों की अभीष्ट संख्या $= \dfrac{400 \times 300 \times 13}{20 \times 12 \times 6 \cdot 5} = 1000.$

8. दीवार का कुल आयतन = $(2400 \times 800 \times 60)$ घन सेमी०.
दीवार में लगी ईंटों का कुल आयतन $= \left(2400 \times 800 \times 60 \times \dfrac{90}{100}\right)$ घन सेमी०.
1 ईंट का आयतन = $(24 \times 12 \times 8)$ घन सेमी०.
ईंटों की संख्या $= \left(2400 \times 800 \times 60 \times \dfrac{90}{100} \times \dfrac{1}{24 \times 12 \times 8}\right) = 45000.$

9. विकर्ण $= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2} = 28$ तथा $(l + b + h) = 44.$
अब, $(l^2 + b^2 + h^2) = (l + b + h)^2 - 2(lb + bh + lh)$
$\Rightarrow (28)^2 = (44)^2 -$ (सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल)
$\Rightarrow$ सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = $[(44)^2 - (28)^2]$ वर्ग सेमी० = $(44 + 28)(44 - 28)$ वर्ग सेमी०
= (72×16) वर्ग सेमी० = 1152 वर्ग सेमी०.

10. $(l + b + h) = 19$ तथा $(l^2 + b^2 + h^2) = \left(5\sqrt{5}\right)^2 = 125.$
अब, $(l + b + h)^2 = (l^2 + b^2 + h^2) + 2(lb + bh + lh)$
$\Rightarrow 2(lb + bh + lh) = (l + b + h)^2 - (l^2 + b^2 + h^2) = [(19)^2 - 125] = (361 - 125) = 236.$
$\therefore$ घनाभ के सम्पूर्ण पृष्ठों का क्षेत्रफल = 236 वर्ग सेमी०.

11. $lbh = 210, 2(lb + bh + lh) = 214$ तथा $lb = 42.$
$\therefore h = \dfrac{lbh}{lb} = \dfrac{210}{42} = 5.$
अत: $2(42 + 5b + 5l) = 214 \Rightarrow 42 + 5(l + b) = 107 \Rightarrow 5(l + b) = 65 \Rightarrow l + b = 13.$
$(l - b)^2 = (l + b)^2 - 4lb = (13)^2 - (4 \times 42) = (169 - 168) = 1 \Rightarrow (l - b) = 1.$
$(l + b = 13)$ तथा $(l - b) = 1$ को हल करने पर, $l = 7$ तथा $b = 6.$
अत: घनाभ की विमायें हैं 7 सेमी०, 6 सेमी० तथा 5 सेमी०.

12. शहतीर का आयतन $= \left(9 \times \dfrac{40}{100} \times \dfrac{20}{100}\right)$ घन मीटर $= \dfrac{18}{25}$ घन मीटर.
शहतीर का भार $= \left(\dfrac{18}{25} \times 50\right)$ किग्रा० = 36 किग्रा०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13. माना टुकड़े की लम्बाई = x सेमी०, तब, आयतन = $(x \times 28 \times 5)$ घन सेमी०.

टुकड़े का भार $= \left(x \times 28 \times 5 \times \frac{25}{1000}\right)$ किग्रा०, $= \frac{7x}{2}$ किग्रा०.

$\therefore \frac{7x}{2} = 112 \Rightarrow x = \frac{(112 \times 2)}{7} = 32.$

अत: टुकड़े की लम्बाई = 32 सेमी०.

14. पानी का बहाव $= \frac{3 \cdot 6 \times 1000}{60}$ मीटर/मिनट = 60 मीटर/मिनट.

पानी का अभीष्ट आयतन $= \left(60 \times 45 \times \frac{25}{10}\right)$ घन मीटर = 6750 घन मीटर.

15. टंकी में पानी का आयतन = 2.6 घन मीटर.

टंकी के आधार का क्षेत्रफल $= \left(\frac{6500}{100 \times 100}\right)$ वर्ग मी० $= \frac{13}{20}$ वर्ग मीटर.

पानी की गहराई $= \frac{\text{आयतन}}{\text{क्षेत्रफल}} = \left(2 \cdot 6 \times \frac{20}{13}\right)$ मीटर = 4 मीटर.

16. माना दिये गये घनाभ की लम्बाई = x मी०, चौड़ाई = y मी० तथा ऊँचाई = z मी०.

घनाभ का आयतन = xyz घन मी०.

नई लम्बाई $= \frac{x}{4}$ मी०, नई चौड़ाई $= \frac{y}{4}$ मी०, नई ऊँचाई $= \frac{z}{4}$ मी०.

नये घनाभ का आयतन $= \left(\frac{x}{4} \times \frac{y}{4} \times \frac{z}{4}\right)$ घन मी० $= \frac{xyz}{64}$ घन मी०.

नये घनाभ का भार $= \left(\frac{1}{64} \times 16\right)$ किग्रा० $= \frac{1}{4}$ किग्रा० = 0.25 किग्रा०.

17. मैदान का क्षेत्रफल = $(1 \cdot 5 \times 10000)$ वर्ग मी० = 15000 वर्ग मी०, गहराई $= \frac{5}{100}$ मीटर.

पानी का आयतन = (क्षेत्रफल × गहराई) $= \left(15000 \times \frac{5}{100}\right)$ घन मीटर = 750 घन मीटर.

18. चादर का आयतन = 0.6 घन मी० = $(0.6 \times 100 \times 100 \times 100)$ घन सेमी०.

चादर का क्षेत्रफल = 1 हैक्टेयर = 10000 वर्ग मी० = $(10000 \times 100 \times 100)$ वर्ग सेमी०.

चादर की मोटाई $= \frac{\text{आयतन}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{0 \cdot 6 \times 100 \times 100 \times 100}{10000 \times 100 \times 100}$ सेमी० $= \frac{0 \cdot 6 \times 10}{100}$ मिमी० = 0·06 मिमी०.

19. दिये गये घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठ = $2(lb + bh + lh)$

$= 2 \times (24 \times 14 + 14 \times 7.5 + 24 \times 7.5)$ वर्ग सेमी० = 1242 वर्ग सेमी०.

20. माना लम्बाई = $6x$ सेमी०, चौड़ाई = $5x$ सेमी० तथा ऊँचाई = $4x$ सेमी०. तब,

घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2[(6x \times 5x) + (5x \times 4x) + (6x \times 4x)]$ वर्ग सेमी० $= (148x^2)$ वर्ग सेमी०.

$\therefore 148x^2 = 33300 \Rightarrow x^2 = 225 = (15)^2 \Rightarrow x = 15.$

$\therefore$ लम्बाई = 90 सेमी०, चौड़ाई = 75 सेमी० तथा ऊँचाई = 60 सेमी०

घनाभ का आयतन = $(90 \times 75 \times 60)$ घन सेमी० = 405000 घन सेमी०.

21. माना कुल डुबकी लगाने वालों की संख्या = x. तब,

$x \times 0 \cdot 1 = 24 \times 15 \times \frac{1}{100} \Rightarrow x \times \frac{1}{10} = \frac{18}{5} \Rightarrow x = \left(\frac{18}{5} \times 10\right) \Rightarrow x = 36.$

अत: अभीष्ट व्यक्तियों की संख्या = 36.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

22. डिब्बे की लम्बाई = (48 – 8 × 2) सेमी॰ = 32 सेमी॰.
डिब्बे की चौड़ाई = (36 – 8 × 2) सेमी॰ = 20 सेमी॰.
डिब्बे की ऊँचाई = 8 सेमी॰.
डिब्बे की धारिता = (32 × 20 × 8) घन सेमी॰ = 5120 घन सेमी॰.

23. दिये गये प्लाट का क्षेत्रफल $= \left(\frac{27}{2} \times \frac{5}{2}\right)$ वर्ग मीटर $= \frac{135}{4}$ वर्ग मीटर.

आयताकार टंकी का क्षेत्रफल $= \left(5 \times \frac{9}{2}\right)$ वर्ग मीटर $= \frac{45}{2}$ वर्ग मीटर.

शेष जगह का क्षेत्रफल $= \left(\frac{135}{4} - \frac{45}{2}\right)$ वर्ग मीटर $= \frac{45}{4}$ वर्ग मीटर.

निकाली गई मिट्टी का आयतन $= \left(5 \times \frac{9}{2} \times \frac{21}{10}\right)$ घन मीटर $= \frac{189}{4}$ घन मीटर.

ऊँचाई में वृद्धि $= \left(\frac{189}{4} \times \frac{4}{45}\right)$ मीटर $= \frac{21}{5}$ मीटर = 4·2 मीटर.

24. धातु का आयतन = [(50 × 40 × 23) – (44 × 34 × 20)] घन सेमी॰
= (46000 – 29920) घन सेमी॰ = 16080 घन सेमी॰.

धातु का भार $= \left(16080 \times \frac{5}{10} \times \frac{1}{1000}\right)$ किग्रा॰ = 8·04 किग्रा॰.

25. $\frac{1}{V} = \left(\frac{1}{S} \times \frac{S}{V}\right) = \frac{2(ab+bc+ca)}{S \times abc} = \frac{2}{S}\left(\frac{ab+bc+ca}{abc}\right) = \frac{2}{S}\left(\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}\right)$.

26. दिया है $lb = x, bh = y$ तथा $lh = z$.
$\therefore xyz = (lb) \times (bh) \times (lh) = (lbh)^2 = V^2$.

27. माना $lb = 2x, bh = 3x$ तथा $lh = 4x$. तब, $(lbh)^2 = 24x^3$.
$lbh = 9000 \Rightarrow (lbh)^2 = (9000)^2$

$$\Rightarrow 24x^3 = (9000)^2 \Rightarrow x^3 = \frac{9000 \times 9000}{24} = \frac{27000000}{8} = \left(\frac{300}{2}\right)^3 = (150)^3$$
$$\Rightarrow x = 150$$

$\therefore lb = 300, bh = 450, lh = 600$ तथा $lbh = 9000$

$\Rightarrow h = \frac{lbh}{lb} = \frac{9000}{300} = 30,\ l = \frac{lbh}{bh} = \frac{9000}{450} = 20$ तथा $b = \frac{lbh}{lh} = \frac{9000}{600} = 15$.

⇒ सबसे छोटी भुजा = 15 सेमी॰.

28. घन का आयतन $= \frac{1}{2}(25 \times 20 \times 4)$ सेमी॰^{3} = (1000) सेमी॰^{3} = $(10)^3$ सेमी॰^{3}.
घन की प्रत्येक भुजा = 10 सेमी॰.
घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = (6 \times 10 \times 10)$ सेमी॰^{2} = 600 सेमी॰^{2}.

29. घन का विकर्ण $= \sqrt{3}a$. अत: $\sqrt{3}a = 6 \Rightarrow a = \frac{6}{\sqrt{3}} = \frac{3 \times 2}{\sqrt{3}} = 2\sqrt{3}$ सेमी॰.

घन का आयतन $= a^3 = (2\sqrt{3})^3 = (8 \times 3 \times \sqrt{3}) = 24\sqrt{3}$ सेमी॰^{3}.

30. माना घन की प्रत्येक भुजा = a सेमी॰. तब, इसका विकर्ण $= \sqrt{3}a$ सेमी॰.
$\sqrt{3}a = 9\sqrt{3} \Rightarrow a = 9$ सेमी॰.
अत: घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = (6 \times 9 \times 9)$ सेमी॰^{2} = 486 सेमी॰^{2}.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

31. माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०, तब इसका सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2$ सेमी०^2.

$\therefore\ 6a^2 = 13254 \Rightarrow a^2 = 2209 = (47)^2 \Rightarrow a = 47$ सेमी०.

विकर्ण की लम्बाई $= \sqrt{3}a$ सेमी० $= 47\sqrt{3}$ सेमी०.

$$\begin{array}{r|l} 4 & \overline{22}\ \overline{09}\ (47 \\ & 16 \\ \hline 87 & 609 \\ & 609 \\ \hline & X \end{array}$$

32. माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०, तब, इसका विकर्ण $= \sqrt{3}a$ सेमी०.

$\sqrt{3}a = 4\sqrt{3} \Rightarrow a = 4$ सेमी०.

अत: घन का आयतन $= a^3 = (4)^3 = 64$ सेमी०^3.

33. माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०, तब, इसका आयतन $= a^3$ सेमी०^3.

$\therefore\ a^3 = 512 = (8)^3 \Rightarrow a = 8.$

अत: सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = (6\times8\times8)$ सेमी०^2 $= 384$ सेमी०^2.

34. घनाभ का आयतन $= (9\times8\times6)$ सेमी०^3.

घन का आयतन $= \frac{1}{2}(9\times8\times6)$ सेमी०^3 $= 216$ सेमी०^3.

माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०.

तब, $a^3 = 216 = (6)^3 \Rightarrow a = 6$ सेमी०.

घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = (6\times6\times6)$ सेमी०^2 $= 216$ सेमी०^2.

35. बड़े घन का आयतन $= (25 \times 25 \times 25)$ सेमी०^3.

प्रत्येक छोटे घन का आयतन $= (5 \times 5 \times 5)$ सेमी०^3.

छोटे घनों की संख्या $= \frac{(25\times25\times25)}{(5\times5\times5)} = 125.$

36. नये घन का आयतन $= \left[(6)^3 + (8)^3 + (10)^3\right]$ सेमी०^3

$= (216 + 512 + 1000)$ सेमी०^3 $= 1728$ सेमी०^3.

नये घन की प्रत्येक भुजा $= (1728)^{\frac{1}{3}} = \sqrt[3]{2^3\times6^3}$

$= (2 \times 6)$ सेमी० $= 12$ सेमी०.

37. माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०, तब, सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2$ सेमी०^2.

$\therefore\ 6a^2 = 150 \Rightarrow a^2 = 25 = (5)^2 \Rightarrow a = 5.$

घन का आयतन $= a^3 = 5^3 = 125$ सेमी०^3.

38. माना तीसरे घन की प्रत्येक भुजा $= a$ सेमी०, तब

$(12)^3 = (6)^3 + (8)^3 + a^3 \Rightarrow a^3 = (1728) - (216 + 512) = (1728 - 728) = 1000$

$\Rightarrow a^3 = (10)^3 \Rightarrow a = 10$ सेमी०.

अत: घन की प्रत्येक भुजा $= 10$ सेमी०.

39. घन का आयतन = घनाभ का आयतन

$= (72\times75\times135) = (3^2\times2^3\times3\times5^2\times5\times3^3)$

$= (3^3\times2^3\times3^3\times5^3) = (3\times2\times3\times5)^3 = (90)^3.$

घन की प्रत्येक भुजा $= 90$ सेमी०.

40. घनाभ की लम्बाई $= 16$ सेमी०, चौड़ाई $= 8$ सेमी० तथा ऊँचाई $= 8$ सेमी०.

$\therefore$ घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + lh)$

$= 2(16\times8 + 8\times8 + 16\times8)$ सेमी०^2 $= 2(128 + 64 + 128)$ सेमी०^2 $= 640$ सेमी०^2.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

41. प्रत्येक घन का आयतन = 125 सेमी॰ ^{3} = $(5)^3$ सेमी॰ ^{3}.
प्रत्येक घन की प्रत्येक भुजा = 5 सेमी॰.
नये घनाभ की लम्बाई = (3 × 5) सेमी॰ = 15 सेमी॰, चौड़ाई = 5 सेमी॰, ऊँचाई = 5 सेमी॰.
∴ इस घनाभ का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $2(lb + bh + lh)$
$= 2(15 \times 5 + 5 \times 5 + 15 \times 5)$ सेमी॰ ^{2} $= 2(75 + 25 + 75)$ सेमी॰ ^{2} = 350 सेमी॰ ^{2}.

42. लकड़ी के टुकड़े का आयतन = (6 × 9 × 12) घन सेमी॰ = 648 घन सेमी॰.
सबसे बड़े घन की भुजा = {6, 9, 12 का म॰स॰} सेमी॰ = 3 सेमी॰.
इस घन का आयतन = (3 × 3 × 3) घन सेमी॰ = 27 घन सेमी॰.
अभीष्ट घनों की संख्या $= \left(\frac{648}{27}\right) = 24.$

43. पानी के आयतन में वृद्धि = घन का आयतन.
माना पानी की सतह में वृद्धि = x सेमी॰, तब,

$$20 \times 15 \times x = 15 \times 15 \times 15 \Rightarrow x = \frac{(15 \times 15)}{20} = \frac{45}{4} \text{ सेमी॰} = 11.25 \text{ सेमी॰}.$$

44. माना इन घनों की भुजायें क्रमशः a तथा b हैं. तब,

$$\frac{a^3}{b^3} = \frac{27}{64} = \frac{3^3}{4^3} \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{3}{4}.$$

इनके सम्पूर्ण पृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात $= \frac{6a^2}{6b^2} = \frac{a^2}{b^2} = \left(\frac{a}{b}\right)^2 = \left(\frac{3}{4}\right)^2 = \frac{9}{16} = 9 : 16.$

45. नये घन का आयतन $= \left[\left(\frac{30}{100}\right)^3 + \left(\frac{40}{100}\right)^3 + \left(\frac{50}{100}\right)^3\right]$ घनमीटर

$$= \left[\left(\frac{3}{10}\right)^3 + \left(\frac{4}{10}\right)^3 + \left(\frac{5}{10}\right)^3\right] \text{ घनमीटर} = \left(\frac{27}{1000} + \frac{64}{1000} + \frac{125}{1000}\right) \text{ घनमीटर}$$

$$= \left(\frac{216}{1000}\right) \text{ घनमीटर} = \left(\frac{6}{10}\right)^3 \text{ घनमीटर.}$$

इस घन की प्रत्येक भुजा $= \frac{6}{10}$ मीटर $= \frac{3}{5}$ मीटर.

इस घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2 = \left[6 \times \left(\frac{3}{5}\right)^2\right]$ वर्ग मीटर $= \left(\frac{6 \times 9}{25}\right)$ वर्ग मीटर

$= \frac{54}{25}$ वर्ग मीटर = 2·16 वर्ग मीटर.

46. माना घन की प्रत्येक भुजा = a. तब, इसका आयतन $= a^3$.
नये घन की प्रत्येक भुजा $= \left(a \times \frac{150}{100}\right) = \frac{3a}{2}$. नये घन का आयतन $= \left(\frac{3a}{2}\right)^3 = \frac{27a^3}{8}$.

आयतन में वृद्धि $= \left(\frac{27a^3}{8} - a^3\right) = \frac{19a^3}{8}$.

आयतन में वृद्धि % $= \left(\frac{19a^3}{8} \times \frac{1}{a^3} \times 100\right)\% = \frac{475}{2}\% = 237\frac{1}{2}\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

47. माना घन की प्रत्येक भुजा $= a$. तब, इसका सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6a^2$.

नये घन की प्रत्येक भुजा $= 2a$. नये घन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 6\times(2a)^2 = 24a^2$.

सम्पूर्ण पृष्ठ में वृद्धि $= (24a^2 - 6a^2) = 18a^2$.

सम्पूर्ण पृष्ठ में वृद्धि $\% = \left(\frac{18a^2}{6a^2}\times 100\right)\% = 300\%$.

48. यहाँ $r = \frac{7}{2}$ सेमी० तथा $h = 8$ सेमी०,

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= (2\pi rh + 2\pi r^2)$

$$= 2\pi r(h+r) = \left[2\times\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times\left(8+\frac{7}{2}\right)\right] \text{ सेमी०}^2$$

$$= \left(22\times\frac{23}{2}\right) \text{ सेमी०}^2 = 253 \text{ सेमी०}^2.$$

49. माना बेलनों की आधार त्रिज्यायें क्रमशः $2x$ तथा $3x$ हैं तथा इनकी ऊँचाईयाँ क्रमशः $5y$ तथा $3y$ हैं. तब,

इनके आयतनों का अनुपात $= \frac{\pi\times(2x)^2\times 5y}{\pi\times(3x)^2\times 3y} = \frac{20}{27} = 20:27$.

50. माना बेलनों की आधार त्रिज्यायें क्रमशः $3x$ तथा $5x$ हैं तथा इनकी ऊँचाईयाँ क्रमशः $2y$ तथा $3y$ हैं. तब,

इनके वक्रपृष्ठों के क्षेत्रफलों का अनुपात $= \frac{2\pi\times 3x\times 2y}{2\pi\times 5x\times 3y} = \frac{2}{5} = 2:5$.

51. माना स्तम्भ का अर्द्धव्यास $= r$ मीटर तथा ऊँचाई $= h$ मीटर.

तब, $\frac{\text{वक्रपृष्ठ}}{\text{आयतन}} = \frac{264}{924} \Rightarrow \frac{2\pi rh}{\pi r^2 h} = \frac{2}{7} \Rightarrow r = 7$ मीटर.

$2\pi rh = 264 \Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times 7\times h = 264 \Rightarrow h = \frac{264}{44} = 6$.

$\therefore$ व्यास : ऊँचाई $= 2r : h = 14 : 6 = 7 : 3$.

52. दिया है $2r = 42$ तथा $2\pi rh = 1320$.

$\therefore\ 2\times\frac{22}{7}\times 21\times h = 1320 \Rightarrow 132h = 1320 \Rightarrow h = 10$ सेमी०.

53. माना $r = 2x$ सेमी० तथा $h = 3x$ सेमी०.

तब, $\pi r^2 h = 12936 \Rightarrow \frac{22}{7}\times 4x^2\times 3x = 12936$

$$\Rightarrow x^3 = \left(\frac{12936\times 7}{22\times 12}\right) = (7)^3 \Rightarrow x = 7.$$

$\therefore r = 14$ सेमी० तथा $h = 21$ सेमी०.

अतः सम्पूर्ण पृष्ठ $= (2\pi rh + 2\pi r^2) = 2\pi r(h+r)$

$$= \left[2\times\frac{22}{7}\times 14\times(21+14)\right] \text{ सेमी०}^2 = 3080 \text{ सेमी०}^2.$$

54. दिया है : $h = 14$ सेमी० तथा $2\pi rh = 88$.

$\therefore\ 2\times\frac{22}{7}\times r\times 14 = 88 \Rightarrow r = 1$.

अतः बेलन के आधार की त्रिज्या $= 1$ सेमी०.

55. माना बेलन A का अर्द्धव्यास $= 3x$ तथा बेलन B का अर्द्धव्यास $= 2x$.

माना A की ऊँचाई $= ny$ तथा B की ऊँचाई $= y$.

तब, A का आयतन $= 3\times$ (B का आयतन)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \pi\times(3x)^2\times ny = 3\times\left[\pi\times(2x)^2\times y\right] \Rightarrow 9n(\pi x^2 y) = 12\,(\pi x^2 y)$

$\Rightarrow n = \frac{12}{9} = \frac{4}{3}.$

56. प्रत्येक सिक्के के लिए, $r = \frac{75}{100}$ सेमी० $= \frac{3}{4}$ सेमी० तथा $h = \frac{2}{10}$ सेमी० $= \frac{1}{5}$ सेमी०.

प्रत्येक सिक्के का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\pi\times\frac{9}{16}\times\frac{1}{5}\right)$ सेमी०$^3 = \frac{9\pi}{80}$ सेमी०^3.

माना सिक्कों की अभीष्ट संख्या $= n$.

बनाये जाने वाले बेलन का आयतन $= \pi R^2 H = [\pi\times(3)^2\times 8]$ सेमी०^3 $= 72\,\pi$ सेमी०^3.

$\therefore\ n\times\frac{9\pi}{80} = 72\pi \Rightarrow n = \left(\frac{72\times 80}{9}\right) = 640.$

अत: सिक्कों की अभीष्ट संख्या = 640.

57. माना बेलन के आधार की त्रिज्या $= r$ तथा ऊँचाई $= h$.

तब, बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$.

नया आधार $= \left(r\times\frac{110}{100}\right) = \frac{11r}{10}$, नई ऊँचाई $= \left(h\times\frac{110}{100}\right) = \frac{11h}{10}$.

नये बेलन का आयतन $= \pi\times\left(\frac{11r}{10}\right)^2\times\left(\frac{11h}{10}\right) = \left(\frac{1331}{1000}\right)\pi r^2 h.$

आयतन में वृद्धि $= \left(\frac{1331}{1000}\pi r^2 h - \pi r^2 h\right) = \left(\frac{331}{1000}\right)\pi r^2 h.$

आयतन में वृद्धि % $= \left(\frac{331}{1000}\times\pi r^2 h\times\frac{1}{\pi r^2 h}\times 100\right)\% = \frac{331}{10}\% = 33\cdot 1\%.$

58. माना बेलन के आधार की त्रिज्या $= r$ तथा ऊँचाई $= h$.

तब, बेलन का वक्रपृष्ठ $= 2\pi rh$.

नये आधार की त्रिज्या $= \left(r\times\frac{90}{100}\right) = \frac{9r}{10}$, नई ऊँचाई $= \left(h\times\frac{115}{100}\right) = \frac{23h}{20}$.

नये बेलन का वक्रपृष्ठ $= \left(2\pi\times\frac{9r}{10}\times\frac{23h}{20}\right) = \frac{207}{200}(2\pi rh)$.

वक्रपृष्ठ में वृद्धि $= \left(\frac{207}{200} - 1\right)(2\pi rh) = \frac{7}{200}(2\pi rh)$.

वक्रपृष्ठ में वृद्धि % $= \left(\frac{7}{200}\times 2\pi rh\times\frac{1}{2\pi rh}\times 100\right)\% = \frac{7}{2}\% = 3\cdot 5\%.$

59. दिया है : $r = \frac{35}{2}$ सेमी० तथा $h = (1\cdot 2\times 100)$ सेमी० = 120 सेमी०.

पार्श्व-पृष्ठ का क्षेत्रफल $= 2\pi rh$

$= \left(2\times\frac{22}{7}\times\frac{35}{2}\times 120\right)$ सेमी०^2 = 13200 सेमी०^2.

60. दिया है : $2\pi rh = 528$ तथा $\pi r^2 h = 2772$.

$\frac{\pi r^2 h}{2\pi rh} = \frac{2772}{528} = 5\cdot 25 \Rightarrow r = 10\cdot 5 = \frac{21}{2}.$

$\therefore\ 2\times\frac{22}{7}\times\frac{21}{2}\times h = 528 \Rightarrow h = \frac{528}{66} = 8.$

अत: खम्भे की ऊँचाई = 8 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

61. सम्पूर्ण पृष्ठ = 231 सेमी॰ ^{2}, वक्र-पृष्ठ $=\left(\frac{2}{3}\times 231\right)$ सेमी॰ ^{2} = 154 सेमी॰ ^{2}.

$2\pi rh = 154$ तथा $2\pi rh + 2\pi r^2 = 231$.

$\therefore\ (154 + 2\pi r^2) = 231 \Rightarrow 2\pi r^2 = 77 \Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times r^2 = 77$

$$\Rightarrow r^2 = \left(77\times\frac{7}{44}\right) = \frac{49}{4} = \left(\frac{7}{2}\right)^2 \Rightarrow r = \frac{7}{2}.$$

$\therefore\ 2\times\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times h = 154 \Rightarrow h = 7$.

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times\frac{7}{2}\times 7\right)$ सेमी॰ $^3 = \frac{539}{2}$ सेमी॰ ^{3} = 269·5 सेमी॰ ^{3}.

62. दिया है : $\frac{2\pi rh}{2\pi rh + 2\pi r^2} = \frac{1}{2} \Rightarrow \frac{2\pi rh}{2\pi r(h+r)} = \frac{1}{2} \Rightarrow \frac{h}{(h+r)} = \frac{1}{2} \Rightarrow 2h = h + r \Rightarrow h = r.$

$2\pi rh + 2\pi r^2 \Rightarrow 2\pi r(h+r) = 616$

$\Rightarrow 4\pi r^2 = 616 \quad [\because \underline{h = r}].$

$\Rightarrow 4\times\frac{22}{7}\times r^2 = 616 \Rightarrow r^2 = \left(616\times\frac{7}{88}\right) = 49 \Rightarrow r = 7 = h.$

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\frac{22}{7}\times 7\times 7\times 7\right)$ सेमी॰ ^{3} = 1078 सेमी॰ ^{3}.

63. माना तार की अभीष्ट लम्बाई = x मीटर. गोले की त्रिज्या = 0·1 सेमी॰ $= \frac{1}{1000}$ मी॰.

तब, तार का आयतन = गोले का आयतन

$\Rightarrow \pi\times\left(\frac{1}{1000}\right)^2\times x = \frac{4}{3}\pi\times\left(\frac{3}{100}\right)^3$

$\Rightarrow x = \left(\frac{4}{3}\times\frac{27}{1000000}\times 1000000\right)$ मीटर = 36 मीटर.

64. माना तार की त्रिज्या = r तथा लम्बाई = h.

इस तार का आयतन $= \pi r^2 h$.

नई तार की त्रिज्या $= \frac{r}{3}$. माना नई लम्बाई = H.

इस तार का आयतन $= \pi\left(\frac{r}{3}\right)^2\times H = \frac{\pi r^2 H}{9}$.

$\pi r^2 h = \frac{\pi r^2 H}{9} \Rightarrow H = 9h.$

नई तार की लम्बाई = 9 × (दिये गये तार की लम्बाई).

65. प्रत्येक सिञ्जके का अर्द्धव्यास $=\left(\frac{15}{2\times 10}\right)$ सेमी॰ $= \frac{3}{4}$ सेमी॰, ऊँचाई $= \frac{2}{10}$ सेमी॰ $= \frac{1}{5}$ सेमी॰.

प्रत्येक सिञ्जके का आयतन $=\left\{\pi\times\left(\frac{3}{4}\right)^2\times\frac{1}{5}\right\} = \frac{9\pi}{80}$ सेमी॰ ^{3}.

नये बेलन का अर्द्धव्यास $=\left(\frac{45}{2\times 10}\right)$ सेमी॰ $= \frac{9}{4}$ सेमी॰, ऊँचाई = 10 सेमी॰.

इस बेलन का आयतन $=\left\{\pi\times\left(\frac{9}{4}\right)^2\times 10\right\} = \frac{405\pi}{8}$ सेमी॰ ^{3}.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

माना अभीष्ट सिक्कों की संख्या = n.

तब, $n \times \frac{9\pi}{80} = \frac{405\pi}{8} \Rightarrow n = \left(\frac{405}{8} \times \frac{80}{9}\right) = 450.$

अत: अभीष्ट सिक्कों की संख्या = 450.

66. दिया है : $(r+h) = 37$.

सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2\pi rh + 2\pi r^2 = 2\pi r(r+h) = (2\pi r \times 37)$

$2\pi r \times 37 = 1628 \Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} \times r \times 37 = 1628$

$\Rightarrow r = \left(1628 \times \frac{7}{44 \times 37}\right) = 7.$

$\therefore r = 7$ मीटर तथा $h = 30$ मीटर.

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\frac{22}{7} \times 7 \times 7 \times 30\right)$ मी॰^{3} = 4620 मी॰^{3}.

67. दोनों बर्तनों के पानी का कुल आयतन $= \left[\left\{\pi \times (15)^2 \times 35\right\} + \left\{\pi \times (10)^2 \times 15\right\}\right]$ घन सेमी॰

$= (7875\pi + 1500\pi)$ घन सेमी॰ = 9375 घन सेमी॰.

माना नये बर्तन के आधार की त्रिज्या = r सेमी॰. तब

$\pi r^2 \times 15 = 9375\pi \Rightarrow r^2 = 625 = (25)^2 \Rightarrow r = 25.$

$\therefore$ अभीष्ट त्रिज्या = 25 सेमी॰.

68. माना दिये गये बेलनों की त्रिज्यायें क्रमश: R तथा r हैं तथा ऊँचाईयाँ क्रमश: h तथा $3h$ हैं. तब

$\pi R^2 h = \pi r^2 (3h) \Rightarrow \frac{R^2}{r^2} = \frac{3}{1} \Rightarrow \frac{R}{r} = \frac{\sqrt{3}}{1} = \frac{3}{\sqrt{3}} \Rightarrow R : r = 3 : \sqrt{3}.$

69. पाईप की बाहरी त्रिज्या $= \frac{25}{10}$ सेमी॰ $= \frac{5}{2}$ सेमी॰ तथा अन्दरी त्रिज्या $= \frac{15}{10}$ सेमी॰ $= \frac{3}{2}$ सेमी॰.

लोहे का आयतन $= \left\{\pi \times \left(\frac{5}{2}\right)^2 \times 100 - \pi \times \left(\frac{3}{2}\right)^2 \times 100\right\}$ घन सेमी॰

$= \left\{\pi \times 100 \times \left(\frac{25}{4} - \frac{9}{4}\right)\right\}$ घन सेमी॰ $= \left(\frac{22}{7} \times 400\right)$ घन सेमी॰ $= \frac{8800}{7}$ घन सेमी॰.

लोहे का भार $= \left(\frac{8800}{7} \times \frac{21}{1000}\right)$ किग्रा॰ = 26·4 किग्रा॰.

70. 1 सैकण्ड में गिरने वाले पानी का आयतन $= \left\{\pi \times \left(\frac{1}{100}\right)^2 \times 6\right\}$ घन मीटर.

30 मिनट में गिरने वाले पानी का आयतन $= \left(\pi \times \frac{1}{100} \times \frac{1}{100} \times 6 \times 60 \times 30\right)$ घन मीटर

$= \frac{108\pi}{100}$ घन मीटर $= \frac{27\pi}{25}$ घन मीटर.

माना पानी के स्तर में वृद्धि = x मीटर. तब

$\pi \times \left(\frac{60}{100}\right)^2 \times x = \frac{27\pi}{25} \Rightarrow \frac{9}{25}x = \frac{27}{25} \Rightarrow x = \left(\frac{27}{25} \times \frac{25}{9}\right) = 3.$

अत: पानी के स्तर में वृद्धि = 3 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

71. माना तार की त्रिज्या = r सेमी०. तब

$$\pi\times\left(\frac{1}{2}\right)^2\times 8=\pi r^2\times 1800\Rightarrow r^2=\frac{1}{900}=\left(\frac{1}{30}\right)^2\Rightarrow r=\frac{1}{30}.$$

अत: तार की त्रिज्या $=\frac{1}{30}$ सेमी०.

72. पहले पाईप का आयतन = $[\pi\times(1)^2\times h]$ घन इंच = (πh) घन इंच.

दूसरे पाईप का आयतन = $[\pi\times(2)^2\times h]$ घन इंच = $(4\pi h)$ घन इंच.

दूसरे पाईप से 4 गुना पानी जायेगा.

अत: इस पाईप द्वारा टंकी को भरने में लगा समय $=\left(\frac{1}{4}\times 60\right)$ मिनट = 15 मिनट.

73. माना पानी के स्तर में वृद्धि = h सेमी०. तब

$$\pi\times(40)^2\times h=\frac{4}{3}\pi\times(30)^3\Rightarrow h=\left(\frac{4}{3}\times\frac{27000}{1600}\right)\Rightarrow h=\frac{45}{2}.$$

∴ पानी के स्तर में वृद्धि = 22·5 सेमी०.

74. सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल = बाहरी क्षेत्र० + अन्दरी सतह का क्षेत्र० + अन्तिम छोरों का क्षेत्र०

$$=\left(2\pi\times\frac{25}{2}\times 20\right)+\left(2\pi\times\frac{23}{2}\times 20\right)+2\pi\times\left\{\left(\frac{25}{2}\right)^2-\left(\frac{23}{2}\right)^2\right\}$$

$= (500\,\pi+460\,\pi+48\,\pi)$ वर्ग सेमी०

$= (1008\,\pi)$ वर्ग सेमी० $=\left(1008\times\frac{22}{7}\right)$ वर्ग सेमी० = 3168 वर्ग सेमी०.

75. कुयें की अन्दरी सतह का क्षेत्रफल $=2\pi rh$

$$=\left(2\times\frac{22}{7}\times\frac{7}{2}\times\frac{45}{2}\right)\text{ मीटर}^2=495\text{ मीटर}^2.$$

अभीष्ट खर्च = ₹ (495 × 30) = ₹ 14850.

76. माना बेलन के आधार की त्रिज्या = r सेमी०. तब

$$2\pi r=44\Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times r=44\Rightarrow r=\left(44\times\frac{7}{44}\right)=7\text{ सेमी०}.$$

अत: $r=7$ तथा $h=100$.

$$\therefore\ V=\pi r^2h=\left(\frac{22}{7}\times 7\times 7\times 100\right)\text{ सेमी०}^3=15400\text{ सेमी०}^3.$$

अत: बेलन का आयतन = 15400 घन सेमी०.

77. सुरंग से निकली मिट्टी का आयतन $=\pi r^2h$

$$=\left(\frac{22}{7}\times 2\times 2\times 56\right)\text{ मीटर}^3=(22\times 32)\text{ मीटर}^3.$$

खाई का आयतन $=\left(48\times\frac{33}{2}\times 4\right)$ मीटर^3 = (48 × 66) मीटर^3.

अभीष्ट भाग $=\frac{(22\times 32)}{(48\times 66)}=\frac{2}{9}$.

78. माना प्रत्येक का अर्द्धव्यास = r इकाई तथा बेलन की ऊँचाई = h इकाई. तब,

$$\pi r^2h=\frac{4}{3}\pi r^3\Rightarrow r=\frac{3}{4}h\Rightarrow 2r=\frac{3}{2}h.$$

(गोले का व्यास) : (बेलन की ऊँचाई) $=\frac{2r}{h}=\frac{3}{2}=3:2.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

79. बेलन का आयतन $= \pi R^2 H = (\pi \times 8 \times 8 \times 2)$ सेमी॰^{3} $= (128\pi)$ सेमी॰^{3}.

माना प्रत्येक गोले का व्यास $= 2r$ सेमी॰.

तब, प्रत्येक गोले का आयतन $= \left(\frac{4}{3}\pi r^3\right)$ सेमी॰^{3}.

$\therefore 12 \times \left(\frac{4}{3}\pi r^3\right) = 128\pi \Rightarrow r^3 = 8 = 2^3 \Rightarrow r = 2.$

अत: प्रत्येक गोले का व्यास $= 2r = 4$ सेमी॰.

80. गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi \times \left(\frac{3}{100}\right)^3$ घन मीटर.

माना तार की लम्बाई $= x$ मीटर.

तब, $\pi \times \left(\frac{1}{10} \times \frac{1}{100}\right)^2 \times x = \frac{4}{3}\pi \times \left(\frac{3}{100}\right)^3 \Rightarrow x = \frac{4}{3} \times \frac{27}{10^6} \times 10^6 \Rightarrow x = 36.$

अभीष्ट लम्बाई = 36 मीटर.

81. माना गोले का प्रारम्भिक अर्द्धव्यास $= r$ मीटर.

तब, गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= (4\pi r^2)$ वर्ग मीटर.

गोले का नया अर्द्धव्यास $= (r + 2)$ मीटर.

$\therefore$ नये गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 4\pi(r+2)^2$ वर्ग मीटर.

$\therefore 4\pi(r+2)^2 - 4\pi r^2 = 704$

$\Rightarrow 4\pi(r^2 + 4r + 4) - 4\pi r^2 = 704$

$\Rightarrow 16\pi r + 16\pi = 704 \Rightarrow 16\pi(r+1) = 704$

$\Rightarrow 16 \times \frac{22}{7} \times (r+1) = 704 \Rightarrow (r+1) = \left(704 \times \frac{7}{16 \times 22}\right) = 14 \Rightarrow r = 13.$

$\therefore$ गोले का प्रारम्भिक अर्द्धव्यास = 13 मीटर.

82. तीनों गेंदों को पिघलाने पर प्राप्त आयतन $= \left[\frac{4}{3}\pi \times (1)^3 + \frac{4}{3}\pi \times (2)^3 + \frac{4}{3}\pi \times (3)^3\right]$ सेमी॰^{3}

$= \frac{4}{3}\pi \times \{1 + 8 + 27\}$ सेमी॰^{3} $= (48\pi)$ सेमी॰^{3}.

इनसे बची सामग्री $= \left(48\pi \times \frac{75}{100}\right)$ सेमी॰^{3} $= (36\pi)$ सेमी॰^{3}.

माना नई गेंद की त्रिज्या $= r$ सेमी॰.

$\therefore \frac{4}{3}\pi r^3 = 36\pi \Rightarrow r^3 = \left(36 \times \frac{3}{4}\right) = 27 = 3^3 \Rightarrow r = 3$ सेमी॰.

अत: नई गेंद की त्रिज्या = 3 सेमी॰.

83. माना नये गोले की त्रिज्या $= r$ सेमी॰. तब

$\frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{4}{3}\pi \times \left\{(3)^3 + (4)^3 + (5)^3\right\} \Rightarrow r^3 = (27 + 64 + 125) = 216 = (6)^3$

$\Rightarrow r = 6.$

अत: बड़े गोले की त्रिज्या = 6 सेमी॰.

84. माना गोलों के अर्द्धव्यास क्रमश: $3x$ तथा $2x$ हैं. तब,

इन गोलों के आयतनों का अनुपात $= \dfrac{\frac{4}{3}\pi(3x)^3}{\frac{4}{3}\pi(2x)^3} = \dfrac{27x^3}{8x^3} = \dfrac{27}{8} = 27:8.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

85. माना गोलों के अर्द्धव्यास क्रमशः x तथा $4x$ हैं, तब,

इनके पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात $= \frac{4\pi(x)^2}{4\pi(4x)^2} = \frac{4\pi x^2}{64\pi x^2} = \frac{4}{64} = \frac{1}{16} = 1:16.$

86. बड़े से बड़े सम्भव घन का विकर्ण = गोले का व्यास = $2r$ सेमी०.

इस घन की प्रत्येक भुजा $= \frac{2r}{\sqrt{3}}$ सेमी०.

इस घन का आयतन $= \left(\frac{2r}{\sqrt{3}}\right)^3$ सेमी०^3 $= \frac{8r^3}{3\sqrt{3}}$ सेमी०^3.

87. माना ठोस गोलों की अभीष्ट संख्या = n, तब

$$n \times \frac{4}{3}\pi\left(\frac{3}{2}\right)^3 = \pi \times (2)^2 \times 54 \Rightarrow n \times \frac{4}{3} \times \frac{27}{8} = 4 \times 54$$

$$\therefore n = \frac{4 \times 54 \times 24}{4 \times 27} = 48.$$

गोलों की अभीष्ट संख्या = 48.

88. माना बेलन की अभीष्ट लम्बाई = x सेमी०.

खोखले बेलन का बाहरी अर्द्धव्यास = 10 सेमी०, अन्दरी अर्द्धव्यास = (10 – 0·25) सेमी० = 9·75 सेमी० तथा लम्बाई = 16 सेमी०.

$$\pi \times (1)^2 \times x = \pi\,[(10)^2 - (9{\cdot}75)^2] \times 16 \Rightarrow x = (19{\cdot}75 \times 0{\cdot}25 \times 16) = 79 \text{ सेमी०}.$$

89. माना गोले की त्रिज्या = r सेमी०, तब

$$\frac{4}{3}\pi r^3 = 4851 \Rightarrow \frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times r^3 = 4851$$

$$\Rightarrow r^3 = \left(4851 \times \frac{21}{88}\right) = \frac{441 \times 21}{8} = \left(\frac{21}{2}\right)^3 \Rightarrow r = \frac{21}{2}.$$

गोले के वक्र-पृष्ठ का क्षेत्रफल $= 4\pi r^2$

$$= \left(4 \times \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}\right) \text{ सेमी०}^2 = 1386 \text{ सेमी०}^2.$$

90. माना गोले की त्रिज्या = r सेमी०, तब

$$4\pi r^2 = 5544 \Rightarrow 4 \times \frac{22}{7} \times r^2 = 5544$$

$$\Rightarrow r^2 = \left(5544 \times \frac{7}{88}\right) = 441 = (21)^2 \Rightarrow r = 21.$$

$\therefore$ गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

$$= \left(\frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 21\right) \text{ सेमी०}^3 = 38808 \text{ सेमी०}^3.$$

91. माना घन की प्रत्येक भुजा = a तथा गोले की त्रिज्या = r.

तब, $6a^2 = 4\pi r^2 \Rightarrow \frac{a^2}{r^2} = \frac{4\pi}{6}$.

इनके आयतनों का अनुपात $= \frac{a^3}{\frac{4}{3}\pi r^3} = \frac{3a^3}{4\pi r^3} = \frac{3}{4\pi} \cdot \left(\frac{a^2}{r^2}\right) \cdot \left(\frac{a}{r}\right)$

$$= \frac{3}{4\pi} \times \frac{4\pi}{6} \times \sqrt{\frac{4\pi}{6}} = \sqrt{\frac{\pi}{6}} = \sqrt{\pi} : \sqrt{6}.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

92. माना घन की भुजा = a इकाई. तब, गोले की त्रिज्या $= \frac{a}{2}$ इकाई.

घन का आयतन $= a^3$ घन इकाई तथा गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi \times \frac{a^3}{8} = \frac{\pi a^3}{6}$.

अभीष्ट अनुपात $= a^3 : \frac{\pi a^3}{6} = 6 : \pi$.

93. माना गोले की त्रिज्या = शंकु की त्रिज्या = r तथा शंकु की ऊँचाई = h.

दिया है कि गोले तथा शंकु के आयतन समान हैं.

अतः $\frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{1}{3}\pi r^2 h \Rightarrow 4r = h \Rightarrow \frac{2r}{h} = \frac{1}{2} = 1:2$.

94. माना बेलन की त्रिज्या = $3x$ तथा शंकु की त्रिज्या = $4x$.

माना बेलन की ऊँचाई = $2h$ तथा शंकु की ऊँचाई = $3h$.

इनके आयतनों का अनुपात $= \dfrac{\pi \times (3x)^2 \times 2h}{\frac{1}{3}\pi \times (4x)^2 \times 3h} = \frac{18}{16} = \frac{9}{8} = 9:8$.

95. माना दो शंकुओं के आधार के व्यास क्रमशः $4x$ तथा $5x$ हैं तथा इनकी ऊँचाईयाँ क्रमशः h तथा H हैं. तब

इनके आयतनों का अनुपात $= \dfrac{\frac{1}{3}\pi \times (4x)^2 \times h}{\frac{1}{3}\pi \times (5x)^2 \times H} = \frac{16h}{25H}$.

दिया है : $\frac{16h}{25H} = \frac{1}{4} \Rightarrow \frac{h}{H} = \left(\frac{1}{4} \times \frac{25}{16}\right) = \frac{25}{64} = 25:64$.

96. माना दो शंकुओं के आधार के व्यास क्रमशः $3x$ तथा $5x$ हैं तथा इनकी ऊँचाईयाँ क्रमशः y तथा $3y$ हैं. तब

इनके आयतनों का अनुपात $= \dfrac{\frac{1}{3}\pi \times (3x)^2 \times y}{\frac{1}{3}\pi \times (5x)^2 \times 3y} = \frac{9}{75} = \frac{3}{25} = 3:25$.

97. माना प्रत्येक का अर्द्धव्यास = r तथा प्रत्येक की ऊँचाई = h. तब

इनके आयतनों का अनुपात $= \pi r^2 h : \frac{1}{3}\pi r^2 h : \frac{4}{3}\pi r^3$

$= h : \frac{1}{3}h : \frac{4}{3}r = 3h : h : 4r$

$= 3h : h : 2h = 3:1:2$ [$\because$ गोले में $2r = h$]

98. माना प्रत्येक की त्रिज्या = r तथा गोले की ऊँचाई = $2r$.

माना बेलन की ऊँचाई = h तथा शंकु की ऊँचाई = H.

दिया है : गोले का सम्पूर्ण पृष्ठ = बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ = शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ

$\therefore 4\pi r^2 = (2\pi rh + 2\pi r^2) = (\pi rl + \pi r^2) = \pi r\left(\sqrt{r^2 + H^2}\right) + \pi r^2$

$4\pi r^2 = 2\pi r(h + r) \Rightarrow h + r = 2r \Rightarrow h = r$.

$4\pi r^2 = \pi r\sqrt{r^2 + H^2} + \pi r^2$

$\Rightarrow 4\pi r^2 = \pi r\left[\sqrt{r^2 + H^2} + r\right] \Rightarrow \sqrt{r^2 + H^2} = 3r$

$\Rightarrow r^2 + H^2 = 9r^2 \Rightarrow 8r^2 = H^2 \Rightarrow H = 2\sqrt{2}r$.

इनकी ऊँचाईयों का अनुपात $= 2r : h : H = 2r : r : 2\sqrt{2}r = 2:1:2\sqrt{2}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

99. माना शंकु, अर्द्ध-गोले तथा बेलन में से प्रत्येक की त्रिज्या $= r$ तथा प्रत्येक की ऊँचाई $= h$. तब $h = r$.

इनके आयतनों का अनुपात $= \frac{1}{3}\pi r^2 h : \frac{2}{3}\pi r^3 : \pi r^2 h$

$= \frac{1}{3}\pi r^3 : \frac{2}{3}\pi r^3 : \pi r^3 = 1:2:3.$

100. माना शंकु के आधार की त्रिज्या $= r$ तथा ऊँचाई $= h$.

तब, शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h.$

नई त्रिज्या $= \left(r \times \frac{50}{100}\right) = \frac{r}{2}$, नई ऊँचाई $= \left(h \times \frac{300}{100}\right) = 3h.$

शंकु का नया आयतन $= \frac{1}{3}\pi\left(\frac{r}{2}\right)^2 \times 3h = \frac{1}{4}\pi r^2 h.$

आयतन में कमी $= \left(\frac{1}{3}\pi r^2 h - \frac{1}{4}\pi r^2 h\right) = \left(\frac{1}{3} - \frac{1}{4}\right)\pi r^2 h = \frac{1}{12}\pi r^2 h.$

आयतन में कमी $\% = \left(\frac{1}{12}\pi r^2 h \times \frac{3}{\pi r^2 h} \times 100\right)\% = 25\%.$

101. इस शंकु के लिए $r = 4$ सेमी० तथा $h = 3$ सेमी०.



शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h = \left(\frac{1}{3}\pi \times 16 \times 3\right)$

$= (16\pi)$ सेमी०^3.

102. माना शंकुओं की अभीष्ट संख्या $= n$. तब

$n.\left\{\frac{1}{3}\pi \times (3)^2 \times 4\right\} = \frac{4}{3}\pi \times (6)^3 \Rightarrow 9n = 216 \Rightarrow n = 24.$

अतः शंकुओं की अभीष्ट संख्या $= 24$.

103. माना शंकु के आधार की त्रिज्या $= r$ तथा ऊँचाई $= h$.

तब, शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h.$

नए शंकु के आधार की त्रिज्या $= \left(\frac{110}{100} \times r\right) = \frac{11r}{10}$ तथा नई ऊँचाई $= \left(\frac{110}{100} \times h\right) = \frac{11h}{10}.$

नए शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi\left(\frac{11r}{10}\right)^2 \times \frac{11h}{10} = \frac{1}{3}\pi r^2 h\left(\frac{1331}{1000}\right).$

आयतन में वृद्धि $= \frac{1}{3}\pi r^2 h\left(\frac{1331}{1000} - 1\right) = \frac{1}{3}\pi r^2 h \times \frac{331}{1000}.$

आयतन में वृद्धि $\% = \left(\frac{1}{3}\pi r^2 h \times \frac{331}{1000} \times \frac{3}{\pi r^2 h} \times 100\right)\% = \frac{331}{10}\% = 33{\cdot}1\%.$

104. बेलन का अर्द्धव्यास = गोले का अर्द्धव्यास $= \frac{d}{2}$. बेलन की ऊँचाई $= h$.

दिया है गोले का आयतन = बेलन का आयतन.

$\therefore \frac{4}{3}\pi\left(\frac{d}{2}\right)^3 = \pi\left(\frac{d}{2}\right)^2 \times h \Rightarrow \frac{d^3}{6} = \frac{d^2}{4} \times h \Rightarrow \frac{3h}{2} = d \Rightarrow 3h = 2d.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

105. शंकु का आयतन $=\frac{1}{3}\pi r^2 h=\left(\frac{1}{3}\pi\times4\times8\right)$ सेमी॰^{3} $=\left(\frac{32\pi}{3}\right)$ सेमी॰^{3}.

माना गोले की त्रिज्या $= r$. तब, गोले का आयतन $=\frac{4}{3}\pi r^3$.

$\therefore \frac{4}{3}\pi r^3=\frac{32\pi}{3}\Rightarrow r^3=8\Rightarrow r^3=2^3\Rightarrow r=2\Rightarrow d=2r=4$ सेमी॰.

अत: गोले का व्यास = 4 सेमी॰.

106. तार की लम्बाई = (36 × 100) सेमी॰, तार का अर्द्धव्यास = 1 मिमी॰ $=\frac{1}{10}$ सेमी॰.

तब, तार का आयतन $=\left[\pi\times\left(\frac{1}{10}\right)^2\times36\times100\right]$ सेमी॰^{3} $=(36\pi)$ सेमी॰^{3}.

माना गोले का अर्द्धव्यास $= r$. तब, गोले का आयतन $=\frac{4}{3}\pi r^3$.

$\therefore \frac{4}{3}\pi r^3=36\pi\Rightarrow r^3=\left(36\times\frac{3}{4}\right)=27=3^3\Rightarrow r=3.$

अत: गोले का अर्द्धव्यास = 3 सेमी॰.

107. माना शंकु की ऊँचाई $= h$ सेमी॰. तब

$\pi r^2\times6=\frac{1}{3}\pi r^2 h\Rightarrow h=18.$

अत: शंकु की ऊँचाई = 18 सेमी॰.

108. माना गोले की त्रिज्या $= r$ सेमी॰. तब

$\frac{4}{3}\pi r^3=\frac{1}{3}\pi\times(12)^2\times6\Rightarrow r^3=\left(288\times\frac{3}{4}\right)=216=(6)^3\Rightarrow r=6.$

अत: गोले की त्रिज्या = 6 सेमी॰.

109. माना प्रारम्भिक अर्द्धव्यास $= r$ सेमी॰ तथा ऊँचाई $= h$ सेमी॰.

प्रारम्भिक आयतन $=\frac{1}{3}\pi r^2 h$ घन सेमी॰.

नया अर्द्धव्यास = (r का 200%) $=\left(r\times\frac{200}{100}\right)=2r.$

नई ऊँचाई = (h का 200%) $=\left(h\times\frac{200}{100}\right)=2h.$

नया आयतन $=\frac{1}{3}\pi(2r)^2\times(2h)=8\times\frac{1}{3}\pi r^2 h=8\times$ (प्रारम्भिक आयतन).

110. ठोस गोले का आयतन $=\frac{4}{3}\pi\times(9)^3$ घन सेमी॰ = 972 π घन सेमी॰.

शंकु के लिए $r = 9$ सेमी॰ तथा $h = 9$ सेमी॰.

शंकु का आयतन $=\frac{1}{3}\pi\times(9)^2\times9=243\pi$ घन सेमी॰.

नष्ट हुई लकड़ी = (972 π – 243 π) घन सेमी॰ = 729 π घन सेमी॰.

नष्ट हुई लकड़ी की प्रतिशतता $=\left(\frac{729\pi}{972\pi}\times100\right)\%=75\%.$

111. माना तीसरी गेंद की त्रिज्या $= r$ सेमी॰. तब,

$$\frac{4}{3}\pi\times\left(\frac{3}{2}\right)^3+\frac{4}{3}\pi\times2^3+\frac{4}{3}\pi r^3=\frac{4}{3}\pi\times(3)^3$$

$$\Rightarrow\frac{27}{8}+8+r^3=27\Rightarrow r^3=\left(27-8-\frac{27}{8}\right)=\left(19-\frac{27}{8}\right)=\frac{125}{8}=\left(\frac{5}{2}\right)^3$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow r = \frac{5}{2}$.

अत: तीसरी गेंद की त्रिज्या = 2·5 सेमी०.

112. यहाँ $r = 8$ सेमी० तथा $h = 21$ सेमी०.

पानी का आयतन $= \left(\frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 8 \times 8 \times 21\right)$ घन सेमी० = 1408 घन सेमी० = 1·408 लीटर.

$\therefore$ पानी का भार = 1·408 किग्रा०.

113. अर्द्ध-गोले का आयतन $= \left\{\frac{2}{3}\pi \times (6)^3\right\}$ सेमी०^3 $= (144\pi)$ सेमी०^3.

शंकु का आयतन $= \left\{\frac{1}{3}\pi r^2 \times 75\right\}$ सेमी०^3 $= (25\pi r^2)$ सेमी०^3.

$\therefore 25\pi r^2 = 144\pi \Rightarrow r^2 = \frac{144}{25} = \left(\frac{12}{5}\right)^2 \Rightarrow r = \frac{12}{5} = 2 \cdot 4$.

अत: शंकु के आधार की त्रिज्या = 2·4 सेमी०.

114. अर्द्ध-गोलाकार बर्तन में द्रव का आयतन $= \left(\frac{2}{3}\pi \times 9 \times 9 \times 9\right)$ सेमी०^3 $= (486\,\pi)$ सेमी०^3.

एक भरी बोतल में द्रव का आयतन $= \left\{\pi \times \left(\frac{3}{2}\right)^2 \times 4\right\}$ सेमी०^3 $= (9\pi)$ सेमी०^3.

बोतलों की अभीष्ट संख्या $= \left(\frac{486\pi}{9\pi}\right) = 54$.

115. माना अर्द्ध-गोले तथा शंकु में से प्रत्येक की त्रिज्या $= r$ तथा ऊँचाई $= r$.

शंकु की त्रिर्यक ऊँचाई, $l = \sqrt{h^2 + r^2} = \sqrt{r^2 + r^2} = \sqrt{2r^2} = \sqrt{2}r$.

अर्द्ध गोले का वक्र-पृष्ठ $= 2\pi r^2$.

शंकु का वक्र पृष्ठ $= \pi r l = \pi r \times \sqrt{2}r = \sqrt{2}\,(\pi r^2)$.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{2\pi r^2}{\sqrt{2}(\pi r^2)} = \frac{\sqrt{2}}{1} = \sqrt{2} : 1$.

116. माना B का व्यास $= d$. तब, A का व्यास $= 2d$.

$\Rightarrow B$ का अर्द्धव्यास $= \frac{d}{2}$ तथा, A का अर्द्धव्यास $= d$.

A तथा B के आयतनों का अनुपात $= \frac{\frac{4}{3}\pi d^3}{\frac{4}{3}\pi\left(\frac{d}{2}\right)^3} = \frac{8}{1} = 8 : 1$.

117. चादर का क्षेत्रफल = शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ $= (\pi r l + \pi r^2)$.

अब, $r = 7$ तथा $h = 24 \Rightarrow l^2 = (r^2 + h^2) = (49 + 576) = 625$

$\Rightarrow l = \sqrt{625} = 25$.

चादर का क्षेत्रफल $= (\pi r l + \pi r^2) = \pi r(l + r)$

$= \left[\frac{22}{7} \times 7 \times (25 + 7)\right]$ सेमी०^2 $= 704$ सेमी०^2.

118. $\pi r^2 = \pi R^2 \Rightarrow r = R$.

$\pi r l = 2\pi r h = 2\pi r \times 3 \Rightarrow l = 6$.

अत: तिर्यक ऊँचाई = 6 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

119. माना शंकुओं की अभीष्ट संख्या = n. तब,

$$n\times\frac{1}{3}\pi\times\frac{7}{2}\times\frac{7}{2}\times3=\frac{4}{3}\pi\times\frac{21}{2}\times\frac{21}{2}\times\frac{21}{2}\Rightarrow\frac{49n}{4}=\frac{3087}{2}\Rightarrow n=\frac{3087}{2}\times\frac{4}{49}=126.$$

120. दिया है : $r = 7$ सेमी० तथा वक्रपृष्ठ, $\pi rl = 550$.

$$\therefore \frac{22}{7}\times7\times l=550\Rightarrow l=\frac{550}{22}=25 \text{ सेमी०.}$$

$$h^2=(l^2-r^2)=(25)^2-(7)^2=(625-49)=576=(24)^2\Rightarrow h=24 \text{ सेमी०.}$$

शंकु का आयतन $=\frac{1}{3}\pi r^2h=\left(\frac{1}{3}\times\frac{22}{7}\times7\times7\times24\right)$ सेमी०^3 = 1232 सेमी०^3.

121. माना शंकु के आधार की त्रिज्या = r सेमी०. तब

$$\pi\times(18)^2\times32=\frac{1}{3}\pi\times r^2\times24\Rightarrow 8r^2=18\times18\times32$$

$$\therefore r^2=\frac{18\times18\times32}{8}=(18\times2)^2=(36)^2\Rightarrow r=36.$$

अत: शंकु के आधार की त्रिज्या = 36 सेमी०.

122. माना शंकु की त्रिज्या = $3x$ तथा ऊँचाई = $4x$. तब

$$l^2=(3x)^2+(4x)^2=25x^2=(5x)^2\Rightarrow l=5x.$$

शंकु का आयतन $=\frac{1}{3}\pi r^2h=\frac{1}{3}\pi\times9x^2\times4x=12\pi x^3$.

$$\therefore 12\pi x^3=96\pi\Rightarrow x^3=8=2^3\Rightarrow x=2.$$

∴ तिर्यक ऊँचाई = $5x = (5\times2)$ सेमी० = 10 सेमी०.

123. दिया है : $l = 10$ सेमी० तथा $h = 8$ सेमी०.

$$r^2=(l^2-h^2)=(10)^2-(8)^2=36=6^2\Rightarrow r=6.$$

वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल $=\pi rl=(3\cdot14\times6\times10)$ सेमी०^2 = 188·4 सेमी०^2.

124. दिया है $l = 2\cdot5$ किमी०. माना आधार की त्रिज्या = r किमी० तथा ऊँचाई = h किमी०.

$$\pi r^2=1\cdot54\Rightarrow r^2=\left(\frac{154}{100}\times\frac{7}{22}\right)=\left(\frac{7\times7}{10\times10}\right)\Rightarrow r=\frac{7}{10}=0\cdot7 \text{ किमी०.}$$

$$h^2=(l^2-r^2)=(2\cdot5)^2-(0\cdot7)^2=(2\cdot5+0\cdot7)(2\cdot5-0\cdot7)$$

$$=(3\cdot2\times1\cdot8)=\left(\frac{32\times18}{100}\right)=\left(\frac{16\times36}{100}\right)$$

$$\Rightarrow h=\frac{(4\times6)}{10}=\frac{24}{10}=2\cdot4 \text{ किमी०}$$

125. 1 मिनट में बर्तन में गिरने वाला आयतन $=\left\{\pi\times\left(\frac{2\cdot5}{10}\right)^2\times1000\right\}$ सेमी०^3.

$$=\left\{\pi\times\left(\frac{25}{100}\right)^2\times1000\right\} \text{ सेमी०}^3=\left(\frac{125\pi}{2}\right) \text{ सेमी०}^3.$$

शंक्वाकार बर्तन का आयतन $=\left\{\frac{1}{3}\pi\times(20)^2\times24\right\}$ सेमी०^3 $=(3200\pi)$ सेमी०^3.

बर्तन भरने में लगा समय $=\left(3200\pi\times\frac{2}{125\pi}\right)$ मिनट = 51 मिनट 12 सैकण्ड.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

126. माना प्रत्येक गोले की त्रिज्या = r सेमी०. तब

$$8\times\frac{4}{3}\pi r^3=\frac{4}{3}\pi\times(10)^3\Rightarrow r^3=\frac{1000}{8}=125=(5)^3\Rightarrow r=5.$$

अतः प्रत्येक गोले की त्रिज्या = 5 सेमी०.

127. माना अर्द्धगोले की त्रिज्या = r.

तब, बेलन की त्रिज्या = r तथा बेलन की ऊँचाई = r.

बेलन तथा अर्द्धगोले के आयतनों का अनुपात

$$=\frac{\pi r^2\times r}{\frac{4}{3}\pi r^3}=\frac{3}{4}=3:4.$$



128. एक गोले को समान चार भागों में विभक्त करने पर प्रत्येक भाग की ऊपरी सतह गोले की कुल सतह का $\frac{1}{4}$ भाग होगी तथा नीचे दो अर्द्धवृत्त बनेंगे.

अतः चारों भागों का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल

$$=4\times\left[\left(\frac{1}{4}\times4\pi r^2\right)+\frac{1}{2}(\pi r^2)+\frac{1}{2}(\pi r^2)\right]=4\times\left[\left(\pi r^2+\pi r^2\right)\right]$$

$$=(4\times2\pi r^2)=(8\pi r^2)$$ वर्ग इकाई.

प्रश्नमाला 24B

1. ΔABC एक समकोण त्रिभुज है जिसमें $\angle B=90°$. इस त्रिभुज को भुजा BC के अनुदिश घुमाने पर बने शंकु का आयतन 2512 सेमी०^3 है तथा इस त्रिभुज को भुजा AB के अनुदिश घुमाने पर बने शंकु का आयतन 6028·8 सेमी०^3 है. इस त्रिभुज के कर्ण की लम्बाई ज्ञात कीजिये. (दिया है : $\pi=3.14$)

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

2. धातु के बने एक ठोस आयताकार टुकड़े की लम्बाई 32 सेमी०, चौड़ाई 22 सेमी० तथा ऊँचाई 14 सेमी० है. इसे पिघलाकर एक ठोस बेलन में ढाला गया है जिसकी ऊँचाई 16 सेमी० है. इस बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए $\left(\pi=\frac{22}{7}\text{ लें}\right)$. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

3. धातु के बने एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या r सेमी० तथा ऊँचाई 3 सेमी० है. इसे पिघलाकर आधार की उसी त्रिज्या वाले शंकु में ढ़ाला गया है. इस शंकु की ऊँचाई कितनी है ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

4. एक ठोस बेलन के आधार का व्यास 7 सेमी० है तथा इसकी ऊँचाई 15 सेमी० है. इसमें दो बराबर शंक्वाकार छेद किये गये हैं जिनमें से प्रत्येक का व्यास बेलन की ऊँचाई का $\frac{2}{5}$ तथा ऊँचाई 4 सेमी० है. शेष ठोस का आयतन तथा सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए. $\left(\pi=\frac{22}{7}\text{ लीजिए}\right)$. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)**

5. एक लम्बवृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या तथा ऊँचाई का योग 37 सेमी० है. यदि बेलन के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल 1628 सेमी०^2 हो, तो इसका आयतन ज्ञात कीजिए. $\left(\pi=\frac{22}{7}\text{ लीजिए}\right)$.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)

6. एक लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन एक लम्बवृत्तीय बेलन के आयतन के बराबर है, जिसके आधार की त्रिज्या 30 सेमी० तथा ऊँचाई 9 सेमी० है. शंकु की ऊँचाई 108 सेमी० है. इसके आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)

7. एक बेलनाकार पाईप की भीतरी त्रिज्या 7 सेमी० है. इस पाईप से 5 किमी०/घण्टा की गति से पानी बहकर 100 मीटर लम्बी तथा 44 मीटर चौड़ी एक आयताकार टंकी में गिरता है. कितने समय में इस टंकी में पानी के स्तर में 14 सेमी० की वृद्धि होगी. $\left(\pi=\frac{22}{7}\text{ लीजिए}\right)$ **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. एक बेलनाकार पाईप की भीतरी त्रिज्या 0·5 सेमी० है. इस पाईप से 10 मीटर/मिनट की दर से पानी बहकर एक शंक्वाकार बर्तन में गिरता है जिसकी ऊपरी सिरे की त्रिज्या 20 सेमी० तथा गहराई 21 सेमी० है. इस बर्तन को भरने में कितना समय लगेगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**

9. एक वृत्ताकार पाईप का भीतरी व्यास 2 सेमी० है. इसमें से 7 मीटर प्रति सैकण्ड की गति से पानी निकल कर एक बेलनाकार टंकी में गिरता है जिसके आधार की त्रिज्या 40 सेमी० है. आधे घण्टे में टंकी में पानी का स्तर कितना बढ़ेगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**

10. एक टंकी घनाभ आकार की है जिसकी लम्बाई 7·2 मीटर तथा चौड़ाई 2·5 मीटर है. 5 सेमी० × 3 सेमी० के अनुप्रस्थ काट वाले एक पाईप से 10 मीटर प्रति सैकण्ड की गति से पानी इस टंकी में भरा जा रहा है. ज्ञात कीजिए कि 40 मिनट बाद टंकी में पानी का स्तर कितना ऊँचा उठ जायेगा ? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)**

11. एक घन के विकर्ण की लम्बाई 17·32 सेमी० है. घन का आयतन ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2005)**

12. एक 14 सेमी० लम्बे धातु के बेलनाकार पाईप के बाह्य तथा आन्तरिक पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अन्तर 44 वर्ग सेमी० है. यदि पाईप 99 घन सेमी० आयतन वाली धातु का बना हो, तो पाईप के बाह्य तथा आन्तरिक अर्द्धव्यास ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)**

13. 4·4 मीटर लम्बे, 2·6 मीटर चौड़े तथा 1 मीटर ऊँचे लोहे के टुकड़े को पिघला कर एक खोखला बेलनाकार पाईप बनाया गया है जिसकी अन्दर से त्रिज्या 30 सेमी० है तथा जिसकी दीवार की मोटाई 5 सेमी० है. पाईप की लम्बाई ज्ञात कीजिए.

14. किसी ठोस का आकार एक लम्ब वृत्तीय बेलन जैसा है जिसके दोनों सिरे अर्द्धगोलाकार हैं. ठोस की कुल ऊँचाई 35 सेमी० है तथा बेलन का व्यास उसकी ऊँचाई का $\frac{1}{4}$ है. उस ठोस का आयतन तथा सम्पूर्ण-पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

15. एक कुएँ का अन्दरी व्यास 5·6 मीटर है तथा इसे 10 मीटर गहरा खोदा गया है. इसमें से निकाली गई मिट्टी को कुएँ के चारों ओर 7 मीटर चौड़े रास्ते पर फैलाया गया है. रास्ते की ऊँचाई ज्ञात कीजिए.

16. जस्ते के बने एक खोखले बेलनाकार पाईप की लम्बाई 3·5 मीटर, बाहरी व्यास 2·4 सेमी० तथा दीवार की मोटाई 2 मिमी० है. इस पाईप का भार क्या होगा जबकि 1 घन सेमी० जस्ते का भार 11·4 ग्राम है ?

17. एक सर्कस का टैन्ट 7 मीटर की ऊँचाई तक बेलनाकार तथा उसके ऊपर शंकु के आकार का है. बेलनाकार भाग का व्यास 10 मीटर तथा टैन्ट की कुल ऊँचाई 19 मीटर है. टैन्ट को बनाने में ₹ 35 प्रति वर्ग मीटर की दर से कपड़ा लगाने का व्यय ज्ञात कीजिए.

18. 45 सेमी० ऊँची एक बाल्टी एक शंकु के छिन्नक के रूप में है. इसके सिरों की त्रिज्यायें क्रमशः 28 सेमी० तथा 7 सेमी० हैं. बाल्टी की धारिता तथा पृष्ठ-क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)**

19. 120 सेमी० लम्बे एक रोलर का व्यास 84 सेमी० है. एक खेल के मैदान को समतल करने के लिए यदि इसे 1000 चक्कर लगाने पड़ें, तो ₹ 5 प्रति वर्ग मीटर की दर से कितना धन खर्च होगा ?

20. लोहे के एक खम्भे का कुछ भाग एक लम्ब-वृत्तीय बेलन है तथा शेष भाग एक लम्ब-वृत्तीय शंकु है. बेलन तथा शंकु में से प्रत्येक के आधार की त्रिज्या 8 सेमी० है. बेलनाकार भाग की ऊँचाई 240 सेमी० तथा शंक्वाकार भाग की ऊँचाई 36 सेमी० है. इस खम्भे का भार ज्ञात कीजिए जबकि 1 घन सेमी० लोहे का भार 7·5 ग्राम है.

21. एक अर्द्ध-गोले पर एक खोखला बेलन टिका कर रखने से एक बर्तन बना है. अर्द्ध-गोले का व्यास 12 सेमी० तथा बर्तन की कुल ऊँचाई 16 सेमी० है. बर्तन की धारिता ज्ञात कीजिए.

22. धातु की बनी एक गोलाकार गेंद की त्रिज्या 3 सेमी० है. इसे गला कर तीन अन्य गोलाकार गेंदों में ढ़ाला जाता है. यदि इनमें से दो गेंदों की त्रिज्यायें क्रमशः 1·5 सेमी० तथा 2 सेमी० हों, तो तीसरी गेंद का व्यास ज्ञात कीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23. एक लम्ब-वृत्तीय बेलन तथा एक गोले के आयतनों का अनुपात 3 : 2 है. यदि गोले की त्रिज्या बेलन के आधार की त्रिज्या की दुगुनी हो, तो बेलन तथा गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)

24. किसी लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन एक लम्बवृत्तीय बेलन के आयतन के बराबर है. यह बेलन 9 सेमी० ऊँचा है तथा इसके आधार का व्यास 60 सेमी० है. शंकु की ऊँचाई 108 सेमी० है. शंकु के आधार का व्यास ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2000)

25. r सेमी० अर्द्धव्यास वाले एक ठोस अर्द्धगोले में से अधिकतम आयतन वाला एक गोला काटा गया है. अर्द्धगोले के आयतन का गोले के आयतन से अनुपात ज्ञात कीजिए.
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2003)

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 24B)

1. 26 सेमी०	**2.** 2640 सेमी०^2	**3.** 9 सेमी०	**4.** 502·07 सेमी०^3, 444·7 सेमी०^2	
5. 4620 सेमी०^3	**6.** 15 सेमी०	**7.** 8 घण्टे	**8.** 11 मिनट 12 सैकण्ड	
9. 7·875 मीटर	**10.** 2 मीटर	**11.** 1 मीटर^3	**12.** 7 सेमी०, 6·5 सेमी०	**13.** 112 मीटर
14. 1257·67 सेमी०^3, 770 सेमी०^2		**15.** 89 सेमी०	**16.** 5·52 किग्रा०	**17.** ₹ 14850
18. 48510 घन सेमी०, 8074 वर्ग सेमी०		**19.** ₹ 15840	**20.** 380·16 किग्रा०	
21. 1584 घन सेमी०	**22.** 5 सेमी०	**23.** 2 : 1	**24.** 30 सेमी०	**25.** 4 : 1

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 24B





1. भुजा BC के अनुदिश घुमाने पर

$r = BC = a, h = AB = c$.

इस शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi \times a^2 \times c$.

भुजा AB के अनुदिश घुमाने पर बने शंकु के लिए

$r = AB = c, h = BC = a$.

इस शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi \times c^2 \times a$.

$\therefore \frac{1}{3}\pi \times a^2 \times c = 2512$ तथा $\frac{1}{3}\pi \times c^2 \times a = 6028 \cdot 8$

भाग देने पर $\frac{a^2 c}{c^2 a} = \frac{2512}{6028 \cdot 8} \Rightarrow \frac{a}{c} = \frac{25120}{60288} = \frac{5}{12}$.

माना $a = 5x$ तथा $c = 12x$.

तब, $\frac{1}{3} \times 3 \cdot 14 \times 25x^2 \times 12x = 2512 \Rightarrow x^3 = \frac{2512 \times 3 \times 100}{314 \times 25 \times 12} = 8 = 2^3$

$\Rightarrow x = 2$.

$\therefore b^2 = (c^2 + a^2) = (12x)^2 + (5x)^2 = 169x^2 = (169 \times 4)$

$\Rightarrow b = \sqrt{169 \times 4} = (13 \times 2) = 26$ सेमी०.

अत: कर्ण की लम्बाई = 26 सेमी०.

2. दिये गये ठोस आयताकार टुकड़े का आयतन = (32 × 22 × 14) सेमी०^3 = 9856 सेमी०^3.

दिया गया है, बेलन की ऊँचाई = 16 सेमी०. माना बेलन की त्रिज्या = r सेमी०

तब, $\pi r^2 \times 16 = 9856 \Rightarrow r^2 = \left(9856 \times \frac{1}{16} \times \frac{7}{22}\right) = 196 \Rightarrow r = \sqrt{196} = 14$ सेमी०.

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2\pi rh + 2\pi r^2$

$= 2\pi r(h + r) = \left[2 \times \frac{22}{7} \times 14 \times (16 + 14)\right]$ सेमी०^2

$= (88 \times 30)$ सेमी०^2 = 2640 सेमी०^2.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

बेलन का आयतन $= (\pi \times r^2 \times 3)$ सेमी॰^{3}.

3. माना शंकु की ऊँचाई $= h$ सेमी॰. दिया है शंकु के लिए आधार की त्रिज्या $= r$ सेमी॰.

तब, शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$.

$\therefore 3\pi r^2 = \frac{1}{3}\pi r^2 h \Rightarrow h = 9$.

अतः शंकु की ऊँचाई = 9 सेमी॰.

4. प्रत्येक शंक्वाकार छेद की त्रिज्या $= \left(\frac{1}{2}\times\frac{2}{5}\times 15\right)$ सेमी॰ = 3 सेमी॰.

प्रत्येक शंक्वाकार छेद की ऊँचाई = 4 सेमी॰.

2 शंक्वाकार छेदों का कुल आयतन $= \left(2\times\frac{1}{3}\pi\times 3\times 3\times 4\right)$ सेमी॰^{3} $= (24\pi)$ सेमी॰^{3}.

दिये गये ठोस बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\pi\times\frac{7}{2}\times\frac{7}{2}\times 15\right)$ सेमी॰ $= \frac{735\pi}{4}$ सेमी॰^{3}.

शेष ठोस का आयतन $= \left(\frac{735\pi}{4} - 24\pi\right)$ सेमी॰^{3} $= \left(\frac{639\pi}{4}\right)$ सेमी॰^{3}.

$= \left(\frac{639}{4}\times\frac{22}{7}\right)$ सेमी॰^{3} $= \frac{7029}{14}$ सेमी॰^{3} $= 502{\cdot}07$ सेमी॰^{3}.

शेष ठोस का सम्पूर्ण पृष्ठ = (बेलन का वक्र पृष्ठ + शेष आधार का क्षेत्रफल + शंक्वाकार 2 छेदों का वक्र पृष्ठ)

$= 2\pi r_1 h + 2\pi\left(r_1^2 - r_2^2\right) + 2\pi r_2 \times l$, जहाँ $r_1 = 3{\cdot}5$ सेमी॰, $r_2 = 3$ सेमी॰, $l = \sqrt{3^2+4^2} = 5$ सेमी॰

$= 2\pi\left[3{\cdot}5\times 15 + \left\{(3{\cdot}5)^2 - 3^2\right\} + 3\times 5\right]$ सेमी॰^{2} $= 2\pi(52{\cdot}5 + 3{\cdot}25 + 15)$ सेमी॰^{2}

$= \left(2\times\frac{22}{7}\times 70{\cdot}75\right)$ सेमी॰^{2} $= \frac{3113}{7}$ सेमी॰^{2} $= 444{\cdot}7$ सेमी॰^{2}.

5. माना लम्बवृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या $= r$ सेमी॰, तथा ऊँचाई $= h$ सेमी॰.

$\therefore (h + r) = 37$.

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ = 1628 सेमी॰^{2}

$\Rightarrow 2\pi rh + 2\pi r^2 = 1628$

$\Rightarrow 2\pi r(h + r) = 1628 \Rightarrow 2\pi r\times 37 = 1628$

$\Rightarrow 2\pi r = \frac{1628}{37} = 44 \Rightarrow 2\times\frac{22}{7}\times r = 44 \Rightarrow r = \left(44\times\frac{7}{44}\right) = 7$ सेमी॰.

$\therefore r = 7$ सेमी॰ तथा $h = (37 - 7)$ सेमी॰ = 30 सेमी॰.

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

$= \left(\frac{22}{7}\times 7\times 7\times 30\right)$ सेमी॰^{3} = 4620 सेमी॰^{3}.

6. माना शंकु के आधार की त्रिज्या $= r$ सेमी॰. तब

$\frac{1}{3}\pi r^2\times 108 = \pi\times(30)^2\times 9 \Rightarrow 36r^2 = 8100 \Rightarrow r^2 = \frac{8100}{36} = \left(\frac{90}{6}\right)^2 = (15)^2 \Rightarrow r = 15$.

अतः शंकु के आधार की त्रिज्या = 15 सेमी॰.

7. पानी के बहाव की दर = 5 किमी॰/घण्टा $= \left(5\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सैकण्ड $= \frac{25}{18}$ मीटर/सैकण्ड.

1 सैकण्ड में बहने वाले पानी का आयतन $= \left(\pi\times\frac{7}{100}\times\frac{7}{100}\times\frac{25}{18}\right)$ मीटर^3

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \left(\frac{49}{7200} \times \frac{22}{7}\right) \text{ मीटर}^3 = \left(\frac{77}{3600}\right) \text{ मीटर}^3.$$

टंकी में पानी का आयतन = (100 × 44 × 0·14) मीटर^3 = 616 मीटर^3.

अभीष्ट समय $= \left(616 \times \frac{3600}{77}\right)$ सैकण्ड $= \left(\frac{616 \times 3600}{77} \times \frac{1}{60 \times 60}\right)$ घण्टे = 8 घण्टे.

8. बेलनाकार पाईप की त्रिज्या $= \frac{1}{2}$ सेमी०.

पानी के बहाव की गति = 10 मीटर/मिनट = 1000 सेमी०/मिनट.

इस पाईप से प्रति मिनट बहने वाले पानी का आयतन $= \pi r^2 h$

$$= \left\{\pi \times \left(\frac{1}{2}\right)^2 \times 1000\right\} \text{ सेमी०}^3 = (250\,\pi) \text{ सेमी०}^3.$$

शंक्वाकार बर्तन के लिए $r = 20$ सेमी० तथा $h = 21$ सेमी०.

इस बर्तन का आयतन $= \left\{\frac{1}{3}\pi \times (20)^2 \times 21\right\}$ सेमी०^3 $= (2800\pi)$ सेमी०^3.

अभीष्ट समय $= \left(\frac{2800\pi}{250\pi}\right)$ मिनट $= \frac{56}{5}$ मिनट = 11 मिनट 12 सैकण्ड.

9. वृत्ताकार पाईप का भीतरी अर्द्धव्यास = 1 सेमी०.

1 सै० में इस पाईप से निकले पानी का आयतन $= \pi r^2 h = \left(\frac{22}{7} \times 1 \times 1 \times 700\right)$ घन सेमी० = 2200 घन सेमी०

आधे घण्टे में इस पाईप से टंकी में गिरने वाले पानी का आयतन

= (2200 × 60 × 30) घन सेमी० = 3960000 घन सेमी०.

माना बेलनाकार टंकी में पानी के स्तर में वृद्धि = h सेमी०. तब,

$$\frac{22}{7} \times 40 \times 40 \times h = 3960000 \Rightarrow h = \left(3960000 \times \frac{7}{22} \times \frac{1}{1600}\right) = 787 \cdot 5 \text{ सेमी०} \Rightarrow h = 7 \cdot 875 \text{ मीटर}$$

पानी के स्तर में अभीष्ट वृद्धि = 7·875 मीटर.

10. माना टंकी में पानी की अभीष्ट गहराई = x मीटर.

इस टंकी में पानी का आयतन $= (7 \cdot 2 \times 2 \cdot 5 \times x)$ मीटर^3 $= (18x)$ मीटर^3.

40 मिनट में टंकी में भरे पानी का आयतन $= \left(\frac{5}{100} \times \frac{3}{100} \times 10 \times 40 \times 60\right)$ मीटर^3 = 36 मीटर^3.

$\therefore\ 18x = 36 \Rightarrow x = 2.$

पानी के ऊँचे उठे स्तर की गहराई = 2 मीटर.

11. माना घन की प्रत्येक भुजा = a सेमी०. तब, घन के विकर्ण की लम्बाई $= (\sqrt{3}a)$ सेमी०.

$\therefore\ \sqrt{3}a = 17 \cdot 32 \Rightarrow 1 \cdot 732a = 17 \cdot 32 \Rightarrow a = 10.$

अत: घन की प्रत्येक भुजा = 10 सेमी०.

$\therefore$ घन का आयतन $= (10 \times 10 \times 10)$ सेमी०^3 = 1000 सेमी०^3 = 1 मी०^3.

12. माना पाईप के बाह्य तथा आन्तरिक अर्द्धव्यास क्रमश: R सेमी० तथा r सेमी० हैं.

पाईप की लम्बाई = 14 सेमी०.

पाईप के बाह्य पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(2\pi R \times 14)$ वर्ग सेमी० = $(28\,\pi R)$ वर्ग सेमी०.

पाईप के आन्तरिक पृष्ठ का क्षेत्रफल = $(2\pi r \times 14) = (28\,\pi r)$ वर्ग सेमी० .

$$(28\,\pi R - 28\,\pi r) = 44 \Rightarrow 28\pi\,(R - r) = 44 \Rightarrow (R - r) = \left(44 \times \frac{1}{28} \times \frac{7}{22}\right) = \frac{1}{2}.$$

पाईप के धातु का आयतन

$$= \left(\frac{1}{3}\pi R^2 \times 14\right) - \left(\frac{1}{3}\pi r^2 \times 14\right) = \frac{14\pi}{3}(R^2 - r^2) \text{ घन सेमी०}$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$= \frac{14}{3} \times \frac{22}{7} \times (R^2 - r^2) = \frac{44}{3}(R^2 - r^2)$ घन सेमी०.

$\therefore \frac{44}{3}(R^2 - r^2) = 99 \Rightarrow (R^2 - r^2) = \left(99 \times \frac{3}{44}\right) = \frac{27}{4}$.

$\therefore (R^2 - r^2) = \frac{27}{4}$. तथा $(R - r) = \frac{1}{2}$.

भाग देने पर : $(R + r) = \left(\frac{27}{4} \times \frac{2}{1}\right) = \frac{27}{2}$.

$R - r = \frac{1}{2}$ तथा $R + r = \frac{27}{2}$ को हल करने पर, $R = 7$ तथा $r = 6{\cdot}5$.

अत: पाईप की बाह्य त्रिज्या = 7 सेमी० तथा आन्तरिक त्रिज्या = 6·5 सेमी०.

13. लोहे के टुकड़े का आयतन = (440 × 260 × 100) घन सेमी०.

पाईप की अन्दरी त्रिज्या = 30 सेमी० तथा बाहरी त्रिज्या = 35 सेमी०.

माना पाईप की लम्बाई = x मीटर. तब,

पाईप का आयतन = $\{\pi(R^2 - r^2) \times x \times 100\} = [\pi \times \{(35)^2 - (30)^2\} \times x \times 100]$ घन सेमी०

$= \left(\frac{22}{7} \times 65 \times 5 \times x \times 100\right)$ घन सेमी०.

$\therefore \frac{22}{7} \times 65 \times 5 \times x \times 100 = 440 \times 260 \times 100 \Rightarrow x = \frac{440 \times 260 \times 100 \times 7}{22 \times 65 \times 500} = 112$.

अत: पाईप की अभीष्ट लम्बाई = 112 मीटर.

14. एक लम्बवृत्तीय बेलन दिया गया है जिसके दोनों सिरे अर्द्ध-गोलाकार हैं.

माना बेलन का व्यास = d सेमी०.

प्रत्येक अर्द्धगोले की त्रिज्या $= \frac{d}{2}$ सेमी०.

बेलन की ऊँचाई = $4d$ सेमी०.

पूर्ण ठोस की ऊँचाई $= \left(4d + \frac{d}{2} + \frac{d}{2}\right)$ सेमी० = $5d$ सेमी०.

$\therefore 5d = 35 \Rightarrow d = 7$.

अर्द्ध गोले की त्रिज्या $= \frac{d}{2} = \frac{7}{2}$ सेमी०.

बेलन की ऊँचाई = (4 × 7) सेमी० = 28 सेमी०.

दिये गये ठोस का आयतन = (बेलन का आयतन) + (दो अर्द्धगोलों का आयतन) $= \left(\pi r^2 h + 2 \times \frac{2}{3}\pi r^3\right)$

$= \left[\left(\frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2} \times 28\right) + \left(\frac{4}{3} \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2}\right)\right]$ घन सेमी०

= 1257·67 घन सेमी०.

दिये गये ठोस के सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षेत्रफल

$= (2\pi rh + 2\pi r^2 + 2\pi r^2) = (2\pi rh + 4\pi r^2)$

$= 2\pi r(h + 2r) = \left\{2 \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times (28 + 7)\right\}$ वर्ग सेमी०

= (22 × 35) वर्ग सेमी० = 770 वर्ग सेमी०.

15. कुएँ की त्रिज्या = 2·8 मीटर तथा गहराई = 10 मीटर.

कुएँ से निकाली गई मिट्टी का आयतन $= \pi R^2 H = \left(\frac{22}{7} \times \frac{28}{10} \times \frac{28}{10} \times 10\right)$ घन मीटर $= \frac{1232}{5}$ घन मीटर.

गत्ते सहित कुएँ की त्रिज्या = (2·8 + 7) मीटर = 9·8 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

24. बेलन का आयतन $= \pi R^2 H = (\pi \times 30 \times 30 \times 9)$ सेमी॰^{3} $= (8100\,\pi)$ सेमी॰^{3}.

माना शंकु के आधार की त्रिज्या $= r$ सेमी॰.

तब, शंकु का आयतन $= \left(\frac{1}{3}\pi r^2 \times 108\right)$ सेमी॰^{3}

$\therefore\ 8100\,\pi = \frac{1}{3}\pi r^2 \times 108 = 36\pi r^2 \Rightarrow r^2 = \frac{8100\,\pi}{36\,\pi} = 225 = (15)^2$.

अत: शंकु के आधार का व्यास $= 2\,r = 30$ सेमी॰.



25. अर्द्धगोले का अर्द्धव्यास $= r$ सेमी॰.

अर्द्धगोले में बने गोले का व्यास $= r$ सेमी॰.

अर्द्धगोले में बने गोले का अर्द्धव्यास $= \frac{r}{2}$ सेमी॰.

$$\frac{\text{अर्द्ध गोले का आयतन}}{\text{अर्द्ध गोले में बने गोले का आयतन}} = \frac{\frac{2}{3}\pi r^3}{\frac{4}{3}\pi\left(\frac{r}{2}\right)^3} = \left(\frac{2}{3} \times \frac{3}{4} \times 2^3\right) = \frac{(2 \times 3 \times 8)}{12} = \frac{4}{1}.$$

अत: अभीष्ट अनुपात $= 4 : 1$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

25 दौड़ (RACES)

सामान्य नियम

दौड़: व्यक्तियों की दौड़, घुड़दौड़, नौका-दौड़ तथा तैराकी आदि प्रतिस्पर्धायें दौड़ कहलाती हैं.

(i) जिस मैदान या रास्ते पर ये प्रतिस्पर्धायें होती हैं, उसे **रेस कोर्स** कहते हैं.

(ii) जिस स्थान से दौड़ आरम्भ होती है, उसे **प्रारम्भिक बिन्दु** कहते हैं.

(iii) जिस स्थान पर दौड़ समाप्त होती है, उसे **जीत-बिन्दु** कहते हैं.

(iv) आरम्भ में यदि A प्रारम्भिक बिन्दु पर हो तथा B, A से 12 मीटर आगे हो, तो हम कहते हैं कि A, B को 12 मीटर का स्टार्ट देता है.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 1 किमी० की दौड़ में A, B को 28 मीटर अथवा 7 सैकण्ड से हरा देता है. इस दौड़ को पूरा करने में A कितना समय लेता है?

हल: स्पष्ट है कि B, 7 सैकण्ड में 28 मीटर दौड़ता है.

1 किमी० दौड़ने में B द्वारा लिया गया समय $= \left(\frac{7}{28}\times 1000\right)$ सैकण्ड = 250 सैकण्ड.

1 किमी० दौड़ने में A द्वारा लिया गया समय = (250 – 7) सैकण्ड = 243 सैकण्ड = 4 मिनट 3 सैकण्ड.

∴ अभीष्ट समय = 4 मिनट 3 सैकण्ड.

प्रश्न 2. A, 1 किमी० दौड़ में 3 मिनट 10 सैकण्ड लेता है, जबकि B इस दौड़ में 3 मिनट 20 सैकण्ड लेता है. A, B को कितने मीटर से हराता है?

हल: A, B को 10 सैकण्ड से हराता है.

B द्वारा 200 सैकण्ड में तय की गई दूरी = 1000 मीटर.

B द्वारा 10 सैकण्ड में तय की गई दूरी $= \left(\frac{1000}{200}\times 10\right)$ मीटर = 50 मीटर.

अत: A, B को 50 मीटर से हराता है.

प्रश्न 3. 100 मीटर की दौड़ में A, 8 किमी०/घण्टा की गति से दौड़ता है. यदि A, B को 4 मीटर का आरम्भ दे तथा 15 सैकण्ड से उसे हरा दे, तो B की चाल ज्ञात करें.

हल: A की चाल = 8 किमी०/घण्टा $= \left(8\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० $= \frac{20}{9}$ मीटर/सै०.

A द्वारा 100 मीटर दौड़ने में लिया गया समय $= \left(100\times\frac{9}{20}\right)$ सै० = 45 सै०.

B को 4 मीटर का आरम्भ दिया गया है. अत: B, (100 – 4) मी० = 96 मी० दौड़ता है.

96 मीटर दौड़ने में B द्वारा लिया गया समय = (45 + 15) सै० = 60 सै०.

B की चाल $= \frac{96}{60}$ मीटर/सै० $= \left(\frac{96}{60}\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 5·76 किमी०/घण्टा.

प्रश्न 4. एक किमी० की दौड़ में रवि, नितिन को 400 मीटर से तथा दीपक को 200 मीटर से हरा देता है. दीपक, नितिन को कितने मीटर से हरायेगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2001)**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल : स्पष्ट है कि जितनी देर में रवि 1000 मीटर दौड़ता है, उतनी देर में नितिन दौड़ता है (1000 – 400) मी० अर्थात् 600 मीटर तथा दीपक दौड़ता है (1000 – 200) मी० अर्थात् 800 मीटर.

800 मीटर की दौड़ में दीपक नितिन को हराता है = 200 मीटर से.

1000 मीटर की दौड़ में दीपक नितिन को हराता है = $\left(\frac{200}{800}\times1000\right)$ मीटर से = 250 मीटर से.

अत: 1 किमी० की दौड़ में दीपक नितिन को 250 मीटर से हरायेगा.

प्रश्न 5. 200 मीटर की एक दौड़ में *A*, *B* को 20 मीटर से हरा देता है, जबकि 100 मीटर की दौड़ में *B*, *C* को 5 मीटर से हरा देता है. यह मानते हुए कि विभिन्न दौड़ों में *A*, *B*, *C* की अपनी चालें एक समान रहती हैं, एक किमी० की दौड़ में *A*, *C* को कितने मीटर से हरायेगा? (असिस्टैंट ग्रेड परीक्षा, 2004)

हल : जितने समय में *A* 200 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *B* दौड़ेगा = (200 – 20) मी० = 180 मी०.

∴ जितने समय में *A* 100 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *B* दौड़ेगा = $\left(\frac{180}{200}\times100\right)$ मी० = 90 मी०.

जितने समय में *B* 100 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *C* दौड़ेगा = (100 – 5) मीटर = 95 मीटर.

जितने समय में *B* 90 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *C* दौड़ेगा = $\left(\frac{95}{100}\times90\right)$ मीटर = 85.5 मीटर.

∴ जितने समय में *A* 100 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *C* दौड़ेगा = 85.5 मीटर.

जितने समय में *A* 1000 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में *C* दौड़ेगा = $\left(\frac{85\cdot5}{100}\times1000\right)$ मीटर = 855 मीटर.

अत: 1 किमी० की दौड़ में *A*, *C* को (1000 – 855) मीटर अर्थात् 145 मीटर से हराता है.

प्रश्न 6. एक किमी० दौड़ में तीन व्यक्ति *A*, *B*, *C* भाग लेते हैं. यदि *A*, *B* को 40 मीटर का तथा *C* को 64 मीटर का आरम्भ दे, तो *B*, *C* को कितने मीटर का आरम्भ दे सकता है?

हल : जितनी देर में *A* 1000 मीटर तय करता है, उतनी देर में *B*, (1000 – 40) मी० अर्थात् 960 मीटर दूरी तय करता है तथा *C*, (1000 – 64) मी० अर्थात् 936 मी० दूरी तय करता है.

जितनी देर में *B* 960 मी० दूरी तय करता है, उतनी देर में *C* तय करता है = 936 मी०.

जितनी देर में *B* 1000 मी० दूरी तय करता है, उतनी देर में *C* तय करता है = $\left(\frac{936}{960}\times1000\right)$ मी०
= 975 मी०.

अत: *B*, *C* को (1000 – 975) मी० अर्थात् 25 मीटर का आरम्भ दे सकता है.

प्रश्नमाला 25A

नीचे दिये गये प्रश्नों में से प्रत्येक प्रश्न में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (√) कीजिए:

1. 100 मीटर दौड़ में, *A* इस दूरी को 36 सैकण्ड में तथा *B* 45 सैकण्ड में तय करता है. इस दौड़ में *A*, *B* को कितने मीटर से हराता है?
   (*a*) 20 मीटर से (*b*) 25 मीटर से (*c*) 22·5 मीटर से (*d*) 9 मीटर से
2. *A* एक 200 मीटर की दौड़ में *B* को 35 मीटर अथवा 7 सैकण्ड से हरा देता है. *A* कितनी देर में यह दौड़ पूरी करता है?
   (*a*) 40 सैकण्ड (*b*) 47 सैकण्ड (*c*) 33 सैकण्ड (*d*) इनमें से कोई नहीं
3. 800 मीटर की दौड़ में *A* ने *B* को 15 सैकण्ड से परास्त किया. यदि *A* की चाल 8 किमी०/घण्टा हो, तो *B* की चाल कितनी है? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)
   (*a*) $8\frac{17}{25}$ किमी०/घण्टा (*b*) $7\frac{17}{25}$ किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(c) $2\frac{16}{27}$ किमी०/घण्टा (d) $1\frac{11}{16}$ किमी०/घण्टा

4. A, 1 किमी० की दूरी दौड़कर 3 मिनट 10 सै० में तय करता है जबकि B इसे 3 मिनट 20 सै० में. A, B को कितनी दूरी से हराता है ?
(a) 50 मीटर (b) 52 मीटर (c) 55 मीटर (d) 60 मीटर
(रेलवे परीक्षा, 2005)

5. A, 1 किमी० दौड़ में 4 मिनट 54 सै० लेता है जबकि B इस दौड़ में 5 मिनट लेता है. आरम्भ में A से B कितना मीटर आगे खड़ा हो कि दौड़ के अन्तिम बिन्दु पर दोनों साथ-साथ पहुँचें ?
(a) 14·5 मीटर (b) 16 मीटर (c) 18 मीटर (d) 20 मीटर
(रेलवे परीक्षा, 2003)

6. 1 किमी० की दौड़ में A, B को 100 मीटर से हराता है तथा B, C को 150 मीटर से. इसी दौड़ में A, C को कितने मीटर से हराता है ?
(a) 225 मीटर (b) 235 मीटर (c) 240 मीटर (d) 250 मीटर
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2004)

7. 100 मीटर की दौड़ में A, B को 10 मीटर से तथा C को 13 मीटर से हरा सकता है. 180 मीटर की दौड़ में B, C को कितने मीटर से हरायेगा ?
(a) 4·5 मीटर (b) 5·4 मीटर (c) 5 मीटर (d) 6 मीटर
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2003)

8. 200 मीटर की दौड़ को A तथा B क्रमशः 22 सैकण्ड तथा 25 सैकण्ड में पूरा करते हैं. जब A दौड़ के अन्तिम छोर पर पहुँचेगा तो B उससे कितनी दूर होगा ?
(a) 24 मीटर (b) 30 मीटर (c) 48 मीटर (d) 54 मीटर
(रेलवे परीक्षा, 2004)

9. 500 मीटर की एक दौड़ में दो धावकों A तथा B की चालों का अनुपात 3 : 4 है. आरम्भ में A, B से 140 मीटर आगे है. इस दौड़ में A कितने मीटर से जीत जाता है ?
(a) 60 मीटर (b) 40 मीटर (c) 20 मीटर (d) 10 मीटर

10. A, B से $\frac{5}{3}$ गुना तेज दौड़ता है. आरम्भ में B, A से 80 मीटर आगे है. दौड़ का अन्तिम बिन्दु प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूर है, जबकि A तथा B एक ही समय पर इस बिन्दु पर पहुँचते हैं ?
(a) 160 मीटर (b) 200 मीटर (c) 270 मीटर (d) 330 मीटर

11. 200 मीटर की दौड़ में A, B को 31 मीटर से तथा C को 18 मीटर से हरा सकता है. 350 मीटर की दौड़ में C, B को कितने मीटर से हरायेगा ?
(a) $7\frac{4}{7}$ मीटर (b) $19\frac{1}{2}$ मीटर (c) 25 मीटर (d) $22\frac{3}{4}$ मीटर

12. जितनी देर में A 22·5 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में B, 25 मीटर दूरी तय करता है. एक किलोमीटर की दौड़ में B, A को कितने मीटर से हरायेगा ?
(a) 25 मीटर (b) 50 मीटर (c) $111\frac{1}{9}$ मीटर (d) 100 मीटर

13. 400 मीटर की एक दौड़ में A, B को 5 मीटर से हराता है. इसी रास्ते पर B, C से 4 मीटर से जीत जाता है. इसी रास्ते पर D, C से 16 मीटर से जीत जाता है. यदि A तथा D इस रास्ते पर दौड़ें तो कौन तथा कितने मीटर से जीतेगा ?
(a) A, 7·2 मीटर से (b) A, 8·4 मीटर से (c) D, 7·3 मीटर से (d) D, 8·4 मीटर से
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2002)

14. A, B से 1·375 गुना तेज भागता है. यदि आरम्भ में B, A से 150 मीटर आगे हो तथा दौड़ के अन्तिम बिन्दु पर दोनों साथ-साथ पहुँचें, तो अन्तिम छोर प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है ?
(a) 330 मीटर (b) 440 मीटर (c) 550 मीटर (d) इनमें से कोई नहीं

15. 100 मीटर की दौड़ में A तथा B भाग लेते हैं. A, 5 किमी०/घण्टा की चाल से दौड़ता है. आरम्भ में B, A से 8 मीटर आगे है, फिर भी A उसे 8 सैकण्ड में हरा देता है. ज्ञात करें कि B किस गति से दौड़ता है ?
(a) 4·14 किमी०/घण्टा (b) 4·25 किमी०/घण्टा
(c) 4·4 किमी०/घण्टा (d) 5·15 किमी०/घण्टा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 25A)

1. (*a*) 2. (*c*) 3. (*b*) 4. (*a*) 5. (*d*) 6. (*b*) 7. (*d*) 8. (*a*) 9. (*c*) 10. (*b*)
11. (*c*) 12. (*d*) 13. (*c*) 14. (*c*) 15. (*a*)

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 25A

1. *B* द्वारा लिया गया अधिक समय = (45 – 36) सै० = 9 सै०.

   9 सै० में *B* द्वारा तय की गई दूरी = $\left(\frac{100}{45}\times 9\right)$ मीटर = 20 मीटर.

   अत: *A*, *B* को 20 मीटर से हरा देता है.

2. *B*, 35 मीटर दूरी तय करता है = 7 सै० में.

   B, 200 मीटर दूरी तय करेगा = $\left(\frac{7}{35}\times 200\right)$ सै० में = 40 सै० में.

   ∴ *A* द्वारा लिया गया समय = (40 – 7) सै० = 33 सै०.

3. *A* की चाल = 8 किमी०/घण्टा = $\left(8\times\frac{5}{18}\right)$ मीटर/सै० = $\frac{20}{9}$ मीटर/सै०.

   A द्वारा 800 मीटर दूरी तय करने में लगा समय = $\frac{800}{\left(\frac{20}{9}\right)}$ सै० = 360 सै०.

   B द्वारा 800 मीटर दूरी तय करने में लगा समय = (360 + 15) सै० = 375 सै०.

   B की चाल = $\frac{800}{375}$ मी०/सै० = $\left(\frac{800}{375}\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = $\frac{192}{25}$ किमी०/घण्टा = $7\frac{17}{25}$ किमी०/घण्टा.

4. स्पष्ट है कि *A*, *B* को 10 सै० से हराता है.

   B द्वारा 200 सै० में तय की गई दूरी = 1000 मीटर.

   B द्वारा 10 सै० में तय की गई दूरी = $\left(\frac{1000}{200}\times 10\right)$ मीटर = 50 मीटर.

   अत: *A*, *B* को 50 मीटर से हराता है.

5. स्पष्ट है कि *A*, *B* को 6 सै० से हराता है.

   B द्वारा 300 सै० में तय की गई दूरी = 1000 मीटर.

   B द्वारा 6 सै० में तय की गई दूरी = $\left(\frac{1000}{300}\times 6\right)$ मीटर = 20 मीटर.

   अत: *A* से *B*, 20 मीटर आगे खड़ा होना चाहिए.

6. जितनी देर में *A* 1000 मी० दौड़ता है उतनी देर में *B* दौड़ता है = (1000 – 100) मी० = 900 मी०.

   जितनी देर में *B* 1000 मी० दौड़ता है उतनी देर में *C* दौड़ता है = (1000 – 150) मी० = 850 मी०.

   जितनी देर में *B* 900 मी० दौड़ता है उतनी देर में *C* दौड़ता है = $\left(\frac{850}{1000}\times 900\right)$ मीटर = 765 मीटर.

   A, *C* को (1000 – 765) मी० = 235 मी० से हराता है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. $A : B = 100 : 90$ तथा $A : C = 100 : 87$.

$$\therefore \frac{B}{C} = \left(\frac{B}{A} \times \frac{A}{C}\right) = \left(\frac{90}{100} \times \frac{100}{87}\right) = \frac{30}{29}.$$

जितनी देर में B 30 मीटर दौड़ता है उतनी देर में C दौड़ता है = 29 मीटर.

जितनी देर में B 180 मीटर दौड़ता है उतनी देर में C दौड़ता है = $\left(\frac{29}{30} \times 180\right)$ मी० = 174 मीटर.

अत: B, C को (180 – 174) = 6 मी० से हराता है.

8. 25 सैकण्ड में B द्वारा तय की गई दूरी = 200 मीटर.

22 सैकण्ड में B द्वारा तय की गई दूरी = $\left(\frac{200}{25} \times 22\right)$ मीटर = 176 मीटर.

अत: दौड़ के अन्तिम छोर में B, A से (200 – 176) = 24 मीटर दूर होगा.

9. जीतने के बिन्दु तक पहुँचने के लिए A को दूरी तय करनी होगी = (500 – 140) मी० = 360 मी०.

जितनी देर में A 3 मी० दूरी तय करता है, उतनी देर में B तय करता है = 4 मी०.

जितनी देर में A 360 मी० दूरी तय करता है, उतनी देर में B तय करता है = $\left(\frac{4}{3} \times 360\right)$ मीटर = 480 मीटर.

अत: A, (500 – 480) = 20 मीटर से जीत जाता है.

10. A तथा B की चालों का अनुपात = $\frac{5}{3} : 1$ अर्थात् 5 : 3.

2 मीटर अन्तर हेतु कुल दौड़ = 5 मीटर.

80 मीटर अन्तर हेतु कुल दौड़ = $\left(\frac{5}{2} \times 80\right)$ मीटर = 200 मीटर.

11. $A : B = 200 : 169$ तथा $A : C = 200 : 182$.

$$\therefore \frac{C}{B} = \left(\frac{C}{A} \times \frac{A}{B}\right) = \left(\frac{182}{200} \times \frac{200}{169}\right) = 182 : 169.$$

जितनी देर में C 182 मीटर दौड़ता है, उतनी देर में B दौड़ता है = 169 मीटर.

जितनी देर में C 350 मीटर दौड़ता है, उतनी देर में B दौड़ता है = $\left(\frac{169}{182} \times 350\right)$ मीटर = 325 मीटर.

अत: C, B को (350 – 325) मी० = 25 मीटर से हराता है.

12. जितनी देर म B 25 मोटर दूरी तय करता है उतनी देर में A तय करता है = 22·5 मी०.

जितनी देर में B 1000 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में A तय करता है = $\left(\frac{22 \cdot 5}{25} \times 1000\right)$ मी० = 900 मी०.

अत: B, A को 100 मीटर से हराता है.

13. A दौड़ता है 400 मी० तो B दौड़ता है = 395 मीटर.

B दौड़ता है 400 मी० तो C दौड़ता है = 396 मीटर.

B दौड़ता है 395 मी० तो C दौड़ता है = $\left(\frac{396}{400} \times 395\right)$ मी० = $\frac{(99 \times 79)}{20}$ मी०.

D दौड़ता है 400 मी० तो C दौड़ता है = 384 मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

यदि C दौड़ता है 384 मी० तो D दौड़ता है = 400 मी०.

यदि C दौड़ता है $\frac{(99\times 79)}{20}$ मी० तो D दौड़ता है = $\left(\frac{400}{384}\times\frac{99\times 79}{20}\right)$ मी० = 407·3 मी०.

स्पष्ट है कि D, A से 7·3 मीटर से जीत जाता है.

14. माना दौड़ की कुल लम्बाई = x मीटर.

जितनी देर में A x मीटर दौड़ता है, उतनी देर में B $(x-150)$ मी० दौड़ता है.

$$\therefore \frac{x}{(x-150)}=\frac{1\cdot 375}{1} \Rightarrow x = 1\cdot 375\,x - 150\times 1\cdot 375$$
$$\Rightarrow \cdot 375\,x = 150\times 1\cdot 375 \Rightarrow x = \frac{150\times 1375}{375} = 550.$$

अतः दौड़ की कुल लम्बाई = 550 मीटर.

15. A की चाल = $\left(5\times\frac{5}{18}\right)$ मी०/सै० = $\frac{25}{18}$ मी०/सै०.

100 मीटर दूरी तय करने में A द्वारा लिया गया समय = $\left(100\times\frac{18}{25}\right)$ सै० = 72 सै०.

B द्वारा 92 मीटर दूरी तय करने में लगा समय = (72 + 8) सै० = 80 सै०.

B की चाल = $\left(\frac{90}{80}\times\frac{18}{5}\right)$ किमी०/घण्टा = 4·14 किमी०/घण्टा.

प्रश्नमाला 25B

1. एक किमी० की दौड़ में A, B को 28 मीटर अथवा 7 सैकण्ड से हरा देता है. इस दौड़ को पूरा करने में A कितना समय लेता है?
2. एक किमी० की दौड़ में A, 3 मिनट 10 सै० लेता है जबकि B इस दौड़ में 3 मिनट 20 सैकण्ड लेता है. A, B को कितने मीटर से हराता है?
3. एक किमी० की दौड़ में A, B को 400 मीटर से तथा C को 200 मीटर से हरा देता है. C, B को कितने मीटर से हरायेगा?
4. 200 मीटर की दौड़ में A, B को 20 मीटर से हरा देता है जबकि 100 मीटर की दौड़ में B, C को 5 मीटर से हरा देता है. यह मानते हुए कि विभिन्न दौड़ों में A, B, C की अपनी चालें एक समान रहती हैं. 1 किमी० की दौड़ में A, C को कितने मीटर से हरायेगा? **(असिस्टैन्ट ग्रेड परीक्षा, 2004)**
5. एक किमी० दौड़ में तीन व्यक्ति A, B, C भाग लेते हैं. यदि A, B को 40 मीटर का तथा C को 64 मीटर का आरम्भ दे, तो B, C को कितने मीटर का आरम्भ दे सकता है?
6. जितनी देर में A 22·5 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में B, 25 मीटर दूरी तय करता है. एक किमी० की दौड़ में B, A को कितने मीटर से हरायेगा?
7. 100 मीटर की दौड़ में A, B को 10 मीटर से तथा C को 13 मीटर से हरा सकता है. 180 मीटर की दौड़ में B, C को कितने मीटर से हरायेगा?

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 25B)

1. 4 मिनट 3 सै० 2. 50 मीटर से 3. 250 मीटर से 4. 145 मीटर से 5. 25 मीटर का
6. 100 मीटर से 7. 7 मीटर से

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 25B

1. स्पष्ट है कि B, 7 सैकण्ड में 28 मीटर दौड़ता है.

1 किमी० दौड़ने में B द्वारा लिया गया समय = $\left(\frac{7}{28}\times1000\right)$ सै० = 250 सै०.

1 किमी० दौड़ने में A द्वारा लिया गया समय = (250 – 7) सै० = 243 सै० = 4 मिनट 3 सै०.

अत: अभीष्ट समय = 4 मिनट 3 सै०.

2. A, B को 10 सै० से हराता है.

B द्वारा 200 सै० में तय की गई दूरी = 1000 मीटर.

B द्वारा 10 सै० में तय की गई दूरी = $\left(\frac{1000}{200}\times10\right)$ मी० = 50 मीटर.

अत: A, B को 50 मीटर से हराता है.

3. जितनी देर में A 1000 मीटर दौड़ता है उतनी देर में B दौड़ता है = (1000 – 400) मी० अर्थात् 600 मीटर तथा C दौड़ता है = (1000 – 200) मी० = 800 मी०.

800 मीटर की दौड़ में C, B को हराता है = 200 मीटर से.

1000 मीटर की दौड़ में C, B को हराता है = $\left(\frac{200}{800}\times1000\right)$ मीटर से = 250 मीटर से.

अत: 1 किमी० की दौड़ में C, B को 250 मीटर से हरायेगा.

4. जितने समय में A 200 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में B दौड़ेगा = (200 – 20) मी० = 180 मी०.

जितने समय में A 100 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में B दौड़ेगा = $\left(\frac{180}{200}\times100\right)$ मी० = 90 मी०.

जितने समय में B 100 मीटर दौड़ेगा, C दौड़ेगा = (100 – 5) मीटर = 95 मीटर.

जितने समय में B 90 मीटर दौड़ेगा, C दौड़ेगा = $\left(\frac{95}{100}\times90\right)$ मीटर = 85·5 मीटर.

जितने समय में A 100 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में C दौड़ेगा = 85·5 मी०.

जितने समय में A 1000 मीटर दौड़ेगा, उतने समय में C दौड़ेगा = $\left(\frac{85\cdot5}{100}\times1000\right)$ मी० = 855 मीटर.

अत: 1 किमी० की दौड़ में A, C को (1000 – 855) मीटर अर्थात् 145 मीटर से हराता है.

5. जितनी देर में A 1000 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में B, (1000 – 40) मीटर अर्थात् 960 मीटर दूरी तय करता है तथा C, (1000 – 64) = 936 मी० दूरी तय करता है.

जितनी देर में B 960 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में C तय करता है = 936 मी०.

जितनी देर में B 1000 मीटर दूरी तय करता है उतनी देर में C तय करता है = $\left(\frac{936}{960}\times1000\right)$ मी० = 975 मी०.

अत: B, C को आरम्भ दे सकता है = (1000 – 975) = 25 मीटर का.

6. जितनी देर में B 25 मीटर दौड़ता है, उतनी देर में A दौड़ता है = $\frac{45}{2}$ मीटर.

जितनी देर में B 1000 मीटर दौड़ता है, उतनी देर में A दौड़ता है = $\left(\frac{45}{2}\times\frac{1}{25}\times1000\right)$ मी० = 900 मी०.

अत: B, A को 100 मीटर से हराता है.

7. $A : B = 100 : 90$ तथा $A : C = 100 : 87$.

$\therefore \frac{B}{C}=\left(\frac{B}{A}\times\frac{A}{C}\right)=\left(\frac{90}{100}\times\frac{100}{87}\right)=\frac{30}{29}$.

जितनी देर में B 30 मीटर दौड़ता है उतनी देर में C 29 मीटर दौड़ता है.

जितनी देर में B 180 मीटर दौड़ता है उतनी देर में C दौड़ता है = $\left(\frac{29}{30}\times180\right)$ मी० = 174 मी०.

अत: B, C को हरायेगा = (180 – 174) = 6 मीटर से.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

26 कैलेण्डर (CALENDAR)

सामान्य नियम

इस अध्याय में हम मुख्य रूप से ऐसी विधि विकसित करेंगे जिसके अर्न्तगत किसी भी वर्ष के किसी भी दिन सप्ताह का कौन-सा दिन होगा, यह ज्ञात कर सकेंगे.

ध्यान देने योग्य बातें

(i) **अतिरिक्त दिन (odd days):** किसी दिए हुए अन्तराल में ऐसे दिनों की संख्या जो पूर्ण-सप्ताहों की संख्या से अधिक हों, अतिरिक्त दिन कहलाते हैं.

(ii) **लीप वर्ष:** प्रत्येक ऐसा वर्ष (शताब्दी न हो), जो 4 से पूर्णतया विभक्त हो तथा प्रत्येक वह शताब्दी जो 400 से पूर्णतया विभक्त हो, लीप वर्ष कहलाता है. स्पष्ट है कि जो शताब्दी 400 से विभक्त न हो, लीप वर्ष नहीं होगी.

उदाहरण:

(i) वर्ष 1620, 1860, 1940, 1984, 1996, 2004, 2008 आदि सभी लीप वर्ष हैं.

(ii) वर्ष 400, 800, 1200, 1600, 2000, 2400 आदि सभी लीप वर्ष हैं.

(iii) वर्ष 1726, 1982, 1800, 2100 आदि लीप वर्ष नहीं हैं.

(iii) 1 साधारण वर्ष = 365 दिन तथा 1 लीप-वर्ष = 366 दिन.

(iv) **अतिरिक्त दिनों की गिनती करना:**

I. 1 साधारण वर्ष = 365 दिन = (52 सप्ताह) + (1 दिन).

अतः 1 साधारण वर्ष में 1 अतिरिक्त दिन होता है.

II. 1 लीप वर्ष = 366 दिन = (52 सप्ताह) + (2 दिन).

अतः 1 लीप वर्ष में 2 अतिरिक्त दिन होते हैं.

III. 100 वर्ष = 76 साधारण वर्ष + 24 लीप वर्ष

= 76 अतिरिक्त दिन + (24 × 2) अतिरिक्त दिन

= 124 अतिरिक्त दिन = (17 सप्ताह + 5 दिन)

= 5 अतिरिक्त दिन.

100 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 5.

200 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 10 अर्थात् (1 सप्ताह 3 दिन) = 3 दिन.

300 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 15 अर्थात् (2 सप्ताह 1 दिन) = 1 दिन.

400 वर्ष के अतिरिक्त दिन = (20 + 1) = 21 अर्थात् 0.

800 वर्ष, 1200 वर्ष, 1600 वर्ष, 2000 वर्ष आदि के अतिरिक्त दिन = 0.

दिन	रवि	सोम	मंगल	बुध	बृह०	शुक्र	शनि
अतिरिक्त दिनों की संख्या	0	1	2	3	4	5	6

Download more free pdf at pebexam.blogspot.com

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 15 अगस्त 1947 को भारत देश स्वतंत्र हुआ. वह सप्ताह का कौन-सा दिन था?

हल : (15 अगस्त 1947) = (1946 वर्ष + 1 जनवरी 1947 से 15 अगस्त 1947).

1600 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

300 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 1.

46 वर्ष = (11 लीप वर्ष + 35 सा० वर्ष) = (22 + 35) अति० दिन = 57 अति० दिन ≡ 1 अति० दिन.

जन० फर० मार्च अप्रैल मई जून जुलाई अग०

(31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 15) = 227 दिन = (7 × 32 + 3) दिन = 3 अति० दिन.

कुल अति० दिन = (0 + 1 + 1 + 3) = 5.

अत: अभीष्ट दिन = शुक्रवार.

प्रश्न 2. 8 मार्च 2012 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?

हल : 8 मार्च 2012 = (2011 वर्ष + 1 जनवरी 2012 से 8 मार्च 2012).

1600 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

400 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

11 वर्ष = (2 लीप वर्ष + 9 सा० वर्ष) = (4 + 9) अति० दिन = 6 अति० दिन.

जनवरी फरवरी मार्च

(31 + 29 + 8) दिन = 68 दिन = (7 × 9 + 5) दिन = 5 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिन = (0 + 0 + 6 + 5) दिन = 11 दिन = 4 दिन.

अत: अभीष्ट दिन बृहस्पतिवार होगा.

प्रश्न 3. 31 मई 2020 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

हल : 31 मई 2020 = (2019 वर्ष + 1 जनवरी 2020 से 31 मई 2020).

1600 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

400 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

19 वर्ष = (4 लीप वर्ष + 15 सा० वर्ष) = (4 × 2 + 15 × 1) अति० दिन = 23 अति० दिन ≡ 2 अति० दिन.

जनवरी फरवरी मार्च अप्रैल मई

(31 + 29 + 31 + 30 + 31) = 152 दिन = (7 × 21 + 5) दिन = 5 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिन = (0 + 0 + 2 + 5) = 7 ≡ 0 अति० दिन.

अत: अभीष्ट दिन रविवार होगा.

प्रश्न 4. सिद्ध कीजिए कि वर्ष 2006 तथा वर्ष 2017 के कैलेण्डर एक समान होंगे.

हल: अभीष्ट तथ्य सिद्ध करने हेतु हमें सिद्ध करना होगा कि 1 जनवरी 2017 का साप्ताहिक दिन वही होगा जो 1 जनवरी 2006 को है.

इसके लिए 31 दिसम्बर 2005 तथा 31 दिसम्बर 2016 के बीच अतिरिक्त दिनों की संख्या शून्य होगी.

इस अन्तराल में 2008, 2012, 2016 लीप वर्ष होंगें.

वर्ष	2006	2007	2008	2009	2010	2011	2012	2013	2014	2015	2016
अति० दिन	1	1	2	1	1	1	2	1	1	1	2

∴ कुल अति० दिन = 14 = (7 × 2 + 0) ≡ 0.

अत: वर्ष 2006 तथा 2017 के कैलेण्डर एक समान होंगे.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 5. मार्च 2011 में किस-किस दिन मंगलवार था?

हल : पहले हम 1 मार्च 2011 का दिन ज्ञात करेंगे.

2000 वर्षों में अतिरिक्त दिन = 0

10 वर्ष = (2 लीप वर्ष + 8 सा० वर्ष) = $(2 \times 2 + 8 \times 1)$ अति० दिन.

$\equiv$ 12 अति० दिन $\equiv$ 5 अति० दिन.

जनवरी फरवरी मार्च

$(31 + 28 + 1) = 60$ दिन $\equiv$ 4 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिन $= (0 + 5 + 4) = 9 \equiv 2$ अति० दिन.

$\therefore$ 1 मार्च 2011 को मंगलवार था.

अत: 1 मार्च, 8 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च तथा 29 मार्च 2011 को मंगलवार था.

प्रश्नमाला 26A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (√) कीजिए:

1. x सप्ताह तथा x दिनों में कुल कितने दिन होते हैं?
   (*a*) $7x^2$ (*b*) $8x$ (*c*) $14x$ (*d*) इनमें से कोई नहीं
2. p सप्ताह तथा q दिनों में कुल कितने दिन होते हैं?
   (*a*) $(p + q)$ दिन (*b*) pq दिन (*c*) $(7p + q)$ दिन (*d*) $(7q + p)$ दिन
3. लेखक का जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ. वह सप्ताह का कौन-सा दिन था?
   (*a*) सोमवार (*b*) मंगलवार (*c*) बुधवार (*d*) शुक्रवार
4. 26 जनवरी 1950 को भारतवर्ष गणतन्त्र घोषित हुआ. वह दिन सप्ताह का कौन-सा दिन था?
   (*a*) सोमवार (*b*) मंगलवार (*c*) बृहस्पतिवार (*d*) शनिवार
5. 19 अक्तूबर 2000 को कौन-सा दिन था?
   (*a*) मंगलवार (*b*) बृहस्पतिवार (*c*) शुक्रवार (*d*) शनिवार
6. 11 मार्च 2012 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?
   (*a*) शुक्रवार (*b*) शनिवार (*c*) रविवार (*d*) सोमवार
7. 8 नवम्बर 2018 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?
   (*a*) शुक्रवार (*b*) शनिवार (*c*) रविवार (*d*) बृहस्पतिवार
8. 29 जुलाई 1969 को सप्ताह का कौन-सा दिन था?
   (*a*) सोमवार (*b*) मंगलवार (*c*) बुधवार (*d*) शुक्रवार
9. जुलाई 2007 में पहला सोमवार किस तिथि को था?
   (*a*) 1 जुलाई (*b*) 2 जुलाई (*c*) 3 जुलाई (*d*) 5 जुलाई
10. 5 जून 2007 को मंगलवार था. 5 जून 2006 को कौन-सा दिन था?
    (*a*) रविवार (*b*) सोमवार (*c*) मंगलवार (*d*) बुधवार
11. आज मंगलवार है. आज से 62 दिन बाद कौन-सा दिन होगा?
    (*a*) बुधवार (*b*) मंगलवार (*c*) सोमवार (*d*) रविवार
12. निम्नलिखित में से किस वर्ष का कैलेण्डर वर्ष 1990 के कैलेण्डर जैसा है? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2004)**
    (*a*) 1994 (*b*) 1996 (*c*) 1997 (*d*) 2000

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

13. निम्नलिखित में से किस वर्ष का कैलेण्डर वर्ष 2003 के कैलेण्डर जैसा है ?
(a) 2009 (b) 2010 (c) 2012 (d) 2014

14. 5 मार्च 2012 को सोमवार था. 5 नवम्बर 2012 को कौन-सा दिन होगा ?
(a) सोमवार (b) रविवार (c) मंगलवार (d) बुधवार

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 26A)

1. (b) 2. (c) 3. (c) 4. (c) 5. (b) 6. (c) 7. (d) 8. (b) 9. (b) 10. (b)
11. (c) 12. (b) 13. (d) 14. (a)

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 26A

1. x सप्ताह + x दिन = $(x \times 7)$ दिन + x दिन = $(7x + x)$ दिन = $8x$ दिन.
2. p सप्ताह + q दिन = $(7p + q)$ दिन.
3. 1600 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.
300 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 1.
45 वर्ष = (11 लीप वर्ष + 34 सा० वर्ष) = (22 + 34) अति० दिन = (56) अति० दिन ≡ 0 अति० दिन.
जनवरी = 2 दिन
कुल अतिरिक्त दिन = (0 + 1 + 0 + 2) दिन = 3 दिन.
अत: अभीष्ट दिन बुधवार था.
4. 1600 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 0.
300 वर्ष के अतिरिक्त दिन = 1.
49 वर्ष = (12 लीप वर्ष + 37 सा० वर्ष) = (24 + 37) अति० दिन = 61 अति० दिन
= 8 सप्ताह 5 दिन ≡ 5 अति० दिन.
जनवरी के अतिरिक्त दिन = 5.
कुल अतिरिक्त दिन = (0 + 1 + 5 + 5) ≡ 4.
अत: अभीष्ट दिन बृहस्पतिवार था.
5. 1600 वर्ष के अति० दिन = 0.
300 वर्ष के अति० दिन = 1.
99 वर्ष = (24 लीप वर्ष + 75 सा० वर्ष) = (48 + 75) अति० दिन = 123 अति० दिन ≡ 4 अति० दिन.
जन० फर० मार्च अप्रैल मई जून जुलाई अगस्त सितम्बर अक्तूबर
31 + 29 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 31 + 30 + 19 = 293 दिन = 6 अति० दिन.
कुल अति० दिन = (1 + 4 + 6) अर्थात् 4.
∴ अभीष्ट दिन = बृहस्पतिवार.
6. 2000 वर्ष में अति० दिन = 0.
11 वर्ष = (2 लीप वर्ष + 9 सा० वर्ष) = (4 + 9) अति० दिन ≡ 6 अति० दिन.
जनवरी फरवरी मार्च
(31 + 29 + 11) = 71 अति० दिन ≡ 1 अति० दिन.
कुल अति० दिन = (0 + 6 + 1) = 7 ≡ 0 अति० दिन.
∴ अभीष्ट दिन रविवार था.
7. 8 नवम्बर 2018 = (2017 वर्ष + 1 जनवरी 2018 से 8 नवम्बर 2018).
2000 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

17 वर्ष = (4 लीप वर्ष + 13 सा० वर्ष) = (8 + 13) अति० दिन ≡ 0 अति० दिन.

1 जनवरी से 8 नवम्बर तक दिनों की संख्या

= (31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 31 + 30 + 31 + 8) = 312 दिन = 4 अति० दिन.

कुल अति० दिन = (0 + 0 + 4) = 4.

अभीष्ट दिन बृहस्पतिवार होगा.

8. 1600 वर्ष के अति० दिन = 0.

300 वर्ष के अति० दिन = 1.

68 वर्ष = (17 लीप वर्ष + 51 सा० वर्ष) = (34 + 51) अति० दिन = 85 अति० दिन

= (7 × 12 + 1) अति० दिन ≡ 1 अति० दिन.

जन० फर० मार्च अप्रैल मई जून जुलाई

(31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 29) = 210 अति० दिन ≡ (0 अति० दिन)

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 1 + 1 + 0) = 2.

अत: अभीष्ट दिन मंगलवार था.

9. 2000 वर्षों में अतिरिक्त दिन = 0.

6 वर्ष = (1 लीप वर्ष + 5 साधा० वर्ष) = (2 + 5) अति दिन ≡ 0 अति० दिन.

जनवरी फरवरी मार्च अप्रैल मई जून जुलाई

(31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 1) = 182 दिन = (7 × 26) दिन = 0 अति० दिन.

∴ 1 जुलाई 2007 को रविवार होगा.

अत: 2 जुलाई 2007 को उस माह का पहला सोमवार था.

10. वर्ष 2006 एक साधारण वर्ष है. इसके अतिरिक्त दिन = 1.

अत: अभीष्ट दिन 5 जून 2007 के दिन से 1 दिन पहले होगा.

अभीष्ट दिन = सोमवार.

11. सप्ताह का प्रत्येक दिन 7 दिन बाद आता है.

∴ 63 दिन बाद मंगलवार होगा.

अत: 62 दिन बाद सोमवार होगा.

12. 31 दिसम्बर 1989 के बाद अतिरिक्त दिनों की संख्या

वर्ष	1990	1991	1992	1993	1994	1995
अति० दिन	1	1	2	1	1	1

= 7 दिन ≡ 0 अति० दिन.

अत: वर्ष 1996 का कलैण्डर वर्ष 1990 के समान होगा.

13. 31 दिसम्बर 2002 के बाद अतिरिक्त दिनों की संख्या

वर्ष	2003	2004	2005	2006	2007	2008	2009	2010	2011	2012	2013
अति० दिन	1	2	1	1	1	2	1	1	1	2	1

कुल अति० दिन = 14 दिन ≡ 0 अति० दिन.

∴ वर्ष 2014 का कैलेण्डर वर्ष 2003 जैसा होगा.

14. मार्च की किसी तिथि को जो दिन होगा वही दिन उस वर्ष के नवम्बर मास की उसी तिथि को होगा. अत: अभीष्ट दिन सोमवार होगा.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 26B

1. सिद्ध कीजिए कि किसी शताब्दी का अन्तिम दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार अथवा शनिवार नहीं हो सकता.
2. 10 फरवरी 2012 को शुक्रवार था. 10 फरवरी 2011 को कौन-सा दिन था?
3. 6 जनवरी 2009 को मंगलवार था. 6 जनवरी 2008 को कौन-सा दिन था?
4. 15 जनवरी 2012 को रविवार था. 15 जनवरी 2013 को कौन-सा दिन होगा?
5. 16 जुलाई 1776 को कौन-सा दिन था?
6. 23 जुलाई 1953 को कौन-सा दिन था?
7. 8 अप्रैल 1992 को कौन-सा दिन था?
8. 21 जनवरी 2005 को कौन-सा दिन था?
9. 25 मार्च 2016 को कौन-सा दिन होगा?

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 26B)

2. बृहस्पतिवार	3. रविवार	4. मंगलवार	5. मंगलवार	6. रविवार
7. बुधवार	8. शुक्रवार	9. शुक्रवार		

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 26B

1. 100 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 5.
अत: प्रथम शताब्दी का अन्तिम दिन शुक्रवार होगा.
200 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 10 दिन = 3 दिन.
अत: दूसरी शताब्दी का अन्तिम दिन बुधवार होगा.
300 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 15 दिन = 2 सप्ताह 1 दिन = 1 दिन.
अत: तृतीय शताब्दी का अन्तिम दिन सोमवार होगा.
400 वर्ष में अतिरिक्त दिन = 0.
अत: चौथी शताब्दी का अन्तिम दिन रविवार होगा.
स्पष्ट है कि किसी शताब्दी का अन्तिम दिन मंगलवार, बृहस्पतिवार तथा शनिवार में से कोई नहीं हो सकता.
2. वर्ष 2011 एक साधारण वर्ष है. इसके अतिरिक्त दिन = 1.
अत: 10 फरवरी 2011 का दिन, 10 फरवरी 2012 से 1 दिन पहले होगा.
अत: अभीष्ट दिन = बृहस्पतिवार.
3. वर्ष 2008 एक लीप वर्ष है. इसके अतिरिक्त दिन = 2.
अत: 6 जनवरी 2008 का दिन, 6 जनवरी 2009 से 2 दिन पहले होगा.
अत: 6 जनवरी 2008 को रविवार था.
4. वर्ष 2012 एक लीप वर्ष है. इसके अतिरिक्त दिन = 2.
15 जनवरी 2012 को रविवार था. अत: 15 जनवरी 2013 को मंगलवार होगा.
5. 1600 वर्षों के अति० दिन = 0.
100 वर्षों के अति० दिन = 5.
75 वर्ष = (18 लीप वर्ष + 57 सा० वर्ष) = (18 × 2 + 57) अति० दिन = 93 अति० दिन
= (7 × 13 + 2) अति० दिन = 2 अति० दिन.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

जन० फर० मार्च अप्रैल मई जून जुलाई

(31 + 29 + 31 + 30 + 31 + 30 + 16) = 198 दिन = (7 × 28 + 2) दिन ≡ 2 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 5 + 2 + 2) = 9 = (7 × 1 + 2) ≡ 2 अति० दिन.

∴ अभीष्ट दिन = मंगलवार.

6. 1600 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

300 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 1.

52 वर्ष = (13 लीप वर्ष + 39 सा० वर्ष) = [(13 × 2) + 39] अति० दिन = 65 दिन

= (7 × 9 + 2) अति० दिन ≡ 2 अति० दिन.

जन० फर० मार्च अप्रैल मई जून जुलाई अगस्त

(31 + 28 + 31 + 30 + 31 + 30 + 31 + 23) = 235 दिन = (33 × 7 + 4) दिन ≡ 4 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 1 + 2 + 4) = 7 ≡ 0 अति० दिन.

∴ अभीष्ट दिन = रविवार.

7. 1600 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

300 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 1.

91 वर्ष = (22 लीप वर्ष + 69 सा० वर्ष) = [(22 × 2) + 69] अति० दिन = 113 अति० दिन

= (7 × 16 + 1) अति० दिन ≡ 1 अति० दिन.

जन० फर० मार्च अप्रैल

(31 + 29 + 31 + 8) = 99 दिन = (14 × 7 + 1) दिन ≡ 1 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 1 + 1 + 1) = 3.

∴ अभीष्ट दिन = बुधवार.

8. 1600 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

400 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

4 वर्ष = (1 लीप वर्ष + 3 सा० वर्ष) = (2 + 3) अति० दिन = 5 अति० दिन.

जनवरी → 21 दिन = (3 सप्ताह + 0 दिन) = 0 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 0 + 5 + 0) = 5.

∴ अभीष्ट दिन = शुक्रवार.

9. 1600 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

400 वर्षों के अतिरिक्त दिन = 0.

15 वर्ष = (3 लीप वर्ष + 12 सा० वर्ष) = (3 × 2 + 12 × 1) अति० दिन

= 18 अति० दिन = (7 × 2 + 4) ≡ 4 अति० दिन.

जन० फरवरी मार्च

(31 + 29 + 25) = 85 दिन = (7 × 12 + 1) दिन ≡ 1 अति० दिन.

कुल अतिरिक्त दिनों की संख्या = (0 + 0 + 4 + 1) = 5.

∴ अभीष्ट दिन = शुक्रवार.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

27 घड़ी (CLOCKS)

सामान्य नियम

घड़ी का डायल प्राय: वृत्ताकार होता है जिसकी परिधि को 60 बराबर भागों में बाँटा जाता है. प्रत्येक भाग को मिनट-दूरी कहा जाता है. घड़ी में दो सुइयाँ होती हैं. छोटी सुई घण्टे की सुई तथा बड़ी सुई मिनट की सुई कहलाती है.

कुछ विशेष तथ्य

(i) घण्टे की सुई 1 घण्टे में कोण बनाती है = 30°.
(ii) मिनट की सुई 5 मिनट में कोण बनाती है = 30°.
(iii) घण्टे की सुई 1 घण्टे में तय करती है = 5 मिनट की दूरी.
(iv) मिनट की सुई 1 मिनट में तय करती है = 1 मिनट की दूरी.
(v) प्रत्येक घण्टे में मिनट की सुई, घण्टे की सुई से 55 मिनट की अधिक दूरी तय करती है.
(vi) प्रत्येक घण्टे में दोनों सुई परस्पर सम्पाती होती हैं.
(vii) जब दोनों सुई 90° पर होती हैं, वे 15 मिनट के फासले पर होती हैं. यह प्रति घण्टा दो बार होता है.
(viii) यदि ठीक समय 9 बजे है तथा घड़ी में उस समय 9·15 बजे हैं, तो हम कहते हैं कि घड़ी 15 मिनट तेज है.
(ix) यदि ठीक समय 8 बजे है तथा घड़ी में उस समय 7·45 बजे हैं, तो हम कहते हैं कि घड़ी 15 मिनट सुस्त है.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 7 बजकर 20 मिनट पर घड़ी में घण्टे की सुई तथा मिनट की सुई के बीच का कोण ज्ञात कीजिए.

हल : घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बना कोण = 30°.

घण्टे की सुई द्वारा $7\frac{20}{60}$ घण्टे में बना कोण $= \left(30 \times \frac{22}{3}\right)^\circ = 220^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 20 मिनट में बना कोण = (6 × 20)° = 120°.

अभीष्ट कोण = (220° – 120°) = 100°.



प्रश्न 2. 2 बजकर 40 मिनट पर घड़ी में घण्टे की सुई तथा मिनट की सुई के बीच का कोण ज्ञात कीजिए.

हल : घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बना कोण = 30°.

घण्टे की सुई द्वारा $2\frac{2}{3}$ घण्टे में बना कोण $= \left(30 \times \frac{8}{3}\right)^\circ = 80^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 40 मिनट में बना कोण = (6 × 40)° = 240°.

अभीष्ट कोण = (240° – 80°) = 160°.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 3. एक दीवार घड़ी को एक दिन प्रातः 5 बजे ठीक कर दिया गया. यह घड़ी 24 घण्टे में 16 मिनट सुस्त पड़ जाती है. जब इस घड़ी में चौथे दिन रात के 10 बजे हों, तो इसका ठीक समय क्या होगा?

हल : किसी दिन प्रातः 5 बजे से चौथे दिन रात के 10 बजे तक का समय = 89 घण्टे.

इस घड़ी के 23 घण्टे 44 मिनट अर्थात् $\frac{356}{15}$ घण्टे = ठीक घड़ी के 24 घण्टे

$\Rightarrow$ इस घड़ी के 89 घण्टे = ठीक घड़ी के $\left(24\times\frac{15}{356}\times89\right)$ घण्टे = 90 घण्टे.

अतः ठीक समय है इस घड़ी से (90 – 89) अर्थात 1 घण्टा आगे अर्थात 11 बजे.

प्रश्न 4. एक दीवार घड़ी में एक दिन प्रातः 8 बजे ठीक समय कर दिया गया. यह घड़ी 24 घण्टे में 10 मिनट आगे चलती है, अगले दिन जब इस घड़ी में दोपहर के 1 बजे हों, तो इसका ठीक समय क्या होगा?

हल : किसी दिन प्रातः 8 बजे से अगले दिन दोपहर 1 बजे तक का समय = 29 घण्टे.

इस घड़ी के 24 घण्टे 10 मिनट = ठीक घड़ी के 24 घण्टे.

$\Rightarrow$ इस घड़ी के $\frac{145}{6}$ घण्टे = ठीक घड़ी के 24 घण्टे

$\Rightarrow$ इस घड़ी के 29 घण्टे = ठीक घड़ी के $\left(24\times\frac{6}{145}\times29\right)$ घण्टे = ठीक घड़ी के 28 घण्टे 48 मिनट.

$\Rightarrow$ दोनों समयों में अन्तर = 29 घण्टे – (28 घण्टे 48 मिनट) = 12 मिनट

$\Rightarrow$ ठीक समय = दोपहर 1 बजे से 12 मिनट पहले

= दिन में 12 बजकर 48 मिनट.

प्रश्न 5. किसी घड़ी में 8 बजे तथा 9 बजे के बीच में किस समय मिनट तथा घण्टे की सुई परस्पर सम्पाती होंगी?

हल : 8 बजे, घण्टे की सुई 8 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होंगी.

अतः ये सुइयाँ 40 मिनट के अन्तराल पर हैं.

इन दोनों को परस्पर सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से 40 मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में

मिनट की सुई द्वारा 40 मिनट का अन्तराल पूरा होता है

$=\left(\frac{60}{55}\times40\right)$ मिनट में $=\frac{480}{11}$ मिनट में $=43\frac{7}{11}$ मिनट में.

अतः घड़ी की दोनों सुईयाँ 8 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर परस्पर सम्पाती होंगी.

प्रश्न 6. ज्ञात कीजिए कि 8 बजे तथा 9 बजे के बीच किस समय घड़ी की दोनों सुइयाँ परस्पर सम्पाती नहीं होंगी परन्तु एक सरल रेखा में होंगी?

हल : 8 बजे घड़ी की छोटी सुई 8 पर तथा बड़ी सुई 12 पर होगी.

इन सुइयों के बीच में 20 मिनट का फासला है.

यदि सुइयाँ सम्पाती न हों परन्तु सरल रेखा में हों, तो

इनके बीच में 30 मिनट का फासला होगा.

अतः मिनट वाली सुई को अभी घण्टे वाली सुई से (30 – 20) मिनट

= 10 मिनट का और फासला तय करना होगा.

अब मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = 60 मिनट में.

$\therefore$ मिनट की सुई द्वारा 10 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = $\left(\frac{60}{55}\times10\right)$ मिनट में = $10\frac{10}{11}$ मिनट में.

अतः घड़ी की सुइयाँ सम्पाती नहीं परन्तु सरल रेखा में होंगी = 8 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट पर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 7. 4 बजे तथा 4·30 बजे के बीच में कितने बजे घड़ी की सुईयाँ परस्पर लम्बवत होंगी ?

हल : 4 बजे, घण्टे की सुई 4 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

इनका अन्तराल 20 मिनट का है.

दोनों सुइयों के लम्बवत होने की स्थिति में उनके बीच का अन्तराल 15 मिनट का होना चाहिए.

4 बजे तथा 4·30 बजे के बीच दोनों सुइयों को लम्बवत् होने के लिए मिनट की सुई को (20 – 15) = 5 मिनट का और फासला तय करना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 5 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = $\left(\frac{60}{55}\times 5\right)$ मिनट में = $5\frac{5}{11}$ मिनट में.

अत: 4 बजकर $5\frac{5}{11}$ मिनट पर घड़ी की दोनों सुईयाँ परस्पर लम्बवत् होंगी.

प्रश्नमाला 27A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. 4·56 बजे अपराह्न से 5·32 बजे अपराह्न के बीच का समय 1 घण्टे का कौन-सा भाग है ?
(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{3}{4}$ (c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{1}{2}$
(रेलवे परीक्षा, 2010)

2. सायं 6·50 बजे से सायं 7·38 बजे के बीच का समय 1 घण्टे का कौन-सा भाग है ?
(a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{4}{5}$ (c) $\frac{5}{6}$ (d) $\frac{1}{2}$

3. घड़ी की दोनों सुइयों के बीच का कोण कितने बजे सर्वाधिक होता है ?
(a) 4 बजे (b) 5 बजे (c) 9 बजे (d) 6 बजे
(दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2010)

4. 255 मिनट में घड़ी की मिनट वाली सुई कितने डिग्री घूमती है ?
(a) 90° (b) 450° (c) 1530° (d) 810°
(बी०एड० प्रवेश परीक्षा, 2009)

5. किसी घड़ी की मिनट वाली सुई को $\frac{3\pi}{2}$ रेडियन के कोण की रचना करने में कितना समय लगेगा ?
(a) 60 मिनट (b) 45 मिनट (c) 30 मिनट (d) 15 मिनट
(अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2009)

6. 24 मिनट में घण्टे की सुई कितने अंश घूम जायेगी ?
(a) 60° (b) 24° (c) 12° (d) 18°

7. 2 घण्टे 25 मिनट में छोटी सुई कितने कोण पर घूम जायेगी ?
(a) 67·5° (b) 72·5° (c) 82·5° (d) इनमें से कोई नहीं

8. दिल्ली समय से लन्दन समय साढ़े पाँच घण्टे पीछे है. दिल्ली में यदि प्रात: के 02:35 बजे हैं, तो लन्दन में क्या समय होगा ?
(a) 21 : 05 बजे (b) 21 : 35 बजे (c) 07 : 05 बजे (d) 08 : 05 बजे

9. 3 बजकर 40 मिनट पर घड़ी की दो सुइयों के बीच कितने अंश का कोण होता है ?
(a) 120° (b) 130° (c) 150° (d) इनमें से कोई नहीं
(पुलिस परीक्षा, 2008)

10. 5 बजकर 15 मिनट पर घड़ी की दो सुइयों के बीच कितने अंश का कोण होता है ?
(a) 72·5° (b) 64° (c) 67·5° (d) 58·5°
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2006)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. एक घड़ी हर 30 मिनट में 3 मिनट आगे हो जाती है. यदि प्रातः 5 बजे ठीक समय मिलाया जाये तो 6 घण्टे बाद यह घड़ी क्या समय दिखायेगी ? (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

(a) 10 : 54 प्रातः (b) 11:30 प्रातः (c) 11 : 36 प्रातः (d) 11 : 42 प्रातः (e) 11 : 38 सायं

12. एक घड़ी प्रतिदिन 15 मिनट आगे हो जाती है. इसे दोपहर 12 बजे मिलाया गया. यह घड़ी अगले दिन प्रातः 4 बजे क्या समय दिखायेगी ? (रेलवे परीक्षा, 2006)

(a) 4 : 10 पूर्वाह्न (b) 4 : 15 पूर्वाह्न (c) 4 : 30 पूर्वाह्न (d) 3 : 45 पूर्वाह्न

13. एक घड़ी प्रत्येक घण्टे में 10 सैकण्ड आगे हो जाती है. इसे प्रातः 10 बजे ठीक घड़ी से मिलाया गया. अगले दिन सही समय क्या था जबकि यह सायं 4 बजकर 5 मिनट दर्शाती है ? (रेलवे परीक्षा, 2005)

(a) 4 बजकर 10 मिनट (b) 4 बजकर 5 मिनट (c) सायं 4 बजे (d) सायं 4 बजने में 5 मिनट कम

14. दीवार घड़ी में 3:25 अपराह्न का समय होने पर घण्टे की सुई तथा मिनट की सुई के बीच का न्यूनकोण कितना है ? (पी०सी०एस० परीक्षा, 2005)

(a) $60°$ (b) $52\frac{1}{2}°$ (c) $47\frac{1}{2}°$ (d) $42°$

15. 11 बजे, घण्टे तथा मिनट की सुइयों के बीच का कोण कितना होगा ?

(a) $15°$ (b) $22\frac{1}{2}°$ (c) $30°$ (d) $36°$

16. किसी घड़ी में 5 बजे से 6 बजे के बीच कितने बजे घण्टे तथा मिनट की सुई एक-दूसरे के सम्पाती होंगी ?

(a) 5 बजकर 25 मिनट पर (b) 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट पर

(c) 5 बजकर $26\frac{3}{11}$ मिनट पर (d) इनमें से कोई नहीं

17. किसी घड़ी में 2 बजे से 3 बजे के बीच कितने बजे घण्टे तथा मिनट की सुई एक दूसरे के सम्पाती होंगी ?

(a) 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट पर (b) 2 बजकर $10\frac{5}{11}$ मिनट पर

(c) 2 बजकर 10 मिनट पर (d) इनमें से कोई नहीं

18. किसी घड़ी में 10 बजे तथा 11 बजे के बीच कितने बजे घण्टे तथा मिनट की सुई एक दूसरे के सम्पाती होंगी ?

(a) 10 बजकर 50 मिनट पर (b) 10 बजकर 54 मिनट पर

(c) 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट पर (d) इनमें से कोई नहीं

19. 5·30 बजे तथा 6 बजे के बीच में कितने बजे घड़ी की सुइयाँ परस्पर लम्बवत् होंगी ?

(a) 5 बजकर 43 मिनट पर (b) 5 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर

(c) 5 बजकर $36\frac{7}{11}$ मिनट पर (d) इनमें से कोई नहीं

20. एक दीवार घड़ी 9 बजे टन-टन करने में 9 सेकण्ड लेती है. इस घड़ी को 11 बजे टन-टन करने में कितना समय लगेगा ? (एस०एस०सी० परीक्षा, 2004)

(a) 10 सेकण्ड (b) 11 सेकण्ड (c) 11·25 सेकण्ड (d) 10·80 सेकण्ड

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 27A)

1. (c)	2. (b)	3. (d)	4. (c)	5. (b)	6. (c)	7. (b)	8. (a)	9. (b)	10. (c)
11. (c)	12. (a)	13. (c)	14. (c)	15. (c)	16. (b)	17. (a)	18. (c)	19. (b)	20. (b)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 27A

1. अभीष्ट समय = (5·32 घण्टे – 4·56 घण्टे) = 36 मिनट

अभीष्ट भाग $= \frac{36}{60} = \frac{3}{5}$.

घण्टे	मिनट
$\cancel{5}^{4}$	$\cancel{32}^{92}$
– 4	56
0	36

2. अभीष्ट समय = (19.38 घण्टे) – (18.50 घण्टे)

= 48 मिनट

अभीष्ट भाग $= \frac{48}{60} = \frac{4}{5}$.

घण्टे	मिनट
$\cancel{19}^{18}$	$\cancel{38}^{98}$
– 18	50
0	48

3. स्पष्ट है कि 6 बजे दोनों सुइयों के बीच 180° का कोण होता है, जो सर्वाधिक है.

4. मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 255 मिनट में बना कोण $= (6 \times 255)^\circ = 1530^\circ$.

5. मिनट की सुई द्वारा 2π रेडियन कोण बनाने में लगा समय = 60 मिनट

मिनट की सुई द्वारा $\frac{3\pi}{2}$ रेडियन कोण बनाने में लगा समय $= \left(\frac{60}{2\pi} \times \frac{3\pi}{2}\right)$ मिनट = 45 मिनट.

6. (12 × 60) मिनट में घण्टे की सुई घूमती है = 360°

24 मिनट में घण्टे की सुई घूमती है $= \left(\frac{360}{12 \times 60} \times 24\right)^\circ = 12^\circ$.

7. छोटी सुई द्वारा 12 घण्टे में बना कोण = 360°.

छोटी सुई द्वारा $2\frac{25}{60}$ घण्टे अर्थात् $\frac{29}{12}$ घण्टे में बना कोण $= \left(\frac{360}{12} \times \frac{29}{12}\right)^\circ$

$= \left(\frac{145}{2}\right)^\circ = 72 \cdot 5^\circ$.

8. (5 घण्टे 30 मिनट) – (2 घण्टे 35 मिनट) = 2 घण्टे 55 मिनट

(24 : 00) – (2 : 55) = 21 : 05

अतः लन्दन में उस समय 21 : 05 बजे हैं.

घण्टे	मिनट
$\cancel{24}^{23}$	$\cancel{00}^{60}$
– 2	55
21	05

घण्टे	मिनट
$\cancel{5}^{4}$	$\cancel{30}^{90}$
– 2	35
2	55

9. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बना कोण = 30°

घण्टे की सुई द्वारा $3\frac{40}{60}$ घण्टे में बना कोण $= \left(30 \times \frac{11}{3}\right)^\circ = 110^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 40 मिनट में बना कोण = (6 × 40)° = 240°.

अभीष्ट कोण = (240° – 110°) = 130°.

10. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बना कोण = 30°

घण्टे की सुई द्वारा $5\frac{15}{60}$ घण्टे में बना कोण $= \left(30 \times \frac{21}{4}\right)^\circ = \left(\frac{315}{2}\right)^\circ = (157 \cdot 5)^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 15 मिनट में बना कोण $= (6 \times 15) = 90^\circ$.

अभीष्ट कोण = (157·5 – 90)° = 67·5°.

11. 1 घण्टे में घड़ी में बढ़ा समय = 6 मिनट.

6 घण्टे में घड़ी में बढ़ा समय = (6 × 6) मिनट = 36 मिनट.

अभीष्ट समय = 11 : 36 प्रातः

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

12. 24 घण्टे में बढ़त = 15 मिनट.

16 घण्टे में बढ़त $= \left(\frac{15}{24} \times 16\right)$ मिनट = 10 मिनट.

अत: घड़ी द्वारा दिखाया गया समय = 4 : 10 पूर्वाह्न.

13. पहले दिन प्रात: 10 बजे से अगले दिन सायं 4 बजे तक का समय = (24 + 6) घण्टे = 30 घण्टे.

1 घण्टे में आगे बढ़ती है = 10 सेकण्ड.

30 घण्टे में आगे बढ़ती है = (10 × 30) सेकण्ड $= \frac{300}{60}$ मिनट = 5 मिनट.

अत: जब घड़ी 4 बजकर 5 मिनट दर्शाती है तब सही समय 4 बजे सायं था.

14. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बना कोण = 30°.

घण्टे की सुई द्वारा $3\frac{25}{60}$ घण्टे में बना कोण $= \left(30 \times \frac{41}{12}\right)^\circ = \left(\frac{205}{2}\right)^\circ = (102 \cdot 5)^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बना कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 25 मिनट में बना कोण = (6 × 25)° = 150°.

अभीष्ट कोण $= (150^\circ - 102 \cdot 5^\circ) = 47 \cdot 5^\circ = 47\frac{1}{2}^\circ$.

15. 11 बजे, घण्टे की सुई 11 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

स्पष्ट है कि इनके बीच का कोण = 30°.

16. 5 बजे घण्टे की सुई 5 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

ये सुईयाँ 25 मिनट के अन्तराल पर हैं.

इन दोनों को सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से 25 मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 25 मिनट का अन्तराल पूरा होता है $= \left(\frac{60}{55} \times 25\right)$ मिनट में $= 27\frac{3}{11}$ मिनट में.

∴ दोनों सुईयों के मिलने का समय = 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट.

17. 2 बजे घण्टे की सुई 2 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

ये सुइयाँ 10 मिनट के अन्तराल पर हैं.

इन दोनों को सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से दस मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 10 मिनट का अन्तराल पूरा होता है $= \left(\frac{60}{55} \times 10\right)$ मिनट में $= 10\frac{10}{11}$ मिनट में.

अत: दोनों सुइयों का सम्पाती होने का समय = 2 बजकर $10\frac{10}{11}$ मिनट.

18. 10 बजे घण्टे की सुई 10 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

इन्हें सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से 50 मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 50 मिनट का अन्तराल पूरा होता है $= \left(\frac{60}{55} \times 50\right)$ मिनट में $= 54\frac{6}{11}$ मिनट में.

∴ अभीष्ट समय = 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

19. 5 बजे, घण्टे की सुई 5 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.
इनका अन्तराल 25 मिनट का है.
5·30 बजे तथा 6 बजे के बीच दोनों सुइयों के लम्बवत् होने की स्थिति में मिनट की सुई घण्टे की सूई से 15 मिनट के अन्तराल से आगे होगी.
अत: मिनट की सुई को (25 + 15) = 40 मिनट का और फासला तय करना होगा.
अब मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = 60 मिनट में.
मिनट की सुई द्वारा 40 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = $\left(\frac{60}{55}\times 40\right)$ मिनट में = $43\frac{7}{11}$ मिनट में.
अत: घड़ी की दोनों सुइयाँ लम्बवत् होंगी 5 बजकर $43\frac{7}{11}$ मिनट पर.

20. स्पष्ट है कि यह दीवार घड़ी 11 बजे टन-टन 11 बार करेगी.
अत: इसे 11 बजे टन-टन करने में 11 सेकण्ड लगेंगी.

प्रश्नमाला 27B

1. 3 बजकर 35 मिनट पर घण्टे तथा मिनट की सुइयों के बीच कोण ज्ञात करें.
2. 8 बजकर 15 मिनट पर घण्टे तथा मिनट की सुइयों के बीच कोण ज्ञात करें.
3. 5 बजकर 12 मिनट पर घण्टे तथा मिनट की सुइयों के बीच कोण ज्ञात करें.
4. 10 बजे घण्टे तथा मिनट की सुइयों के बीच कोण ज्ञात करें.
5. घड़ी में 5 बजे से 6 बजे के बीच कितने बजे घण्टे तथा मिनट की सुइयाँ परस्पर सम्पाती होंगी.
6. घड़ी में 10 बजे से 11 बजे के बीच कितने बजे घण्टे तथा मिनट की सुइयाँ परस्पर सम्पाती होंगी.
7. 9 बजे से 10 बजे के बीच किस समय घड़ी की दोनों सुइयाँ एक सीधी रेखा में होंगी परन्तु सम्पाती नहीं.
8. एक दीवार घड़ी जो समान गति से तेज होती जा रही है एक रविवार को प्रात: 8 बजे 5 मिनट धीरे थी. अगले रविवार को रात 8 बजे यह 5 मिनट 48 सेकेण्ड तेज चलती पाई गई. ज्ञात कीजिये कि घड़ी ने कब ठीक समय दिखाया ?

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 27B)

1. $\left(102\frac{1}{2}\right)^\circ$ 2. $\left(157\frac{1}{2}\right)^\circ$ 3. 84° 4. 60° 5. 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट
6. 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट 7. 9 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट 8. बुधवार को 7 बजकर 20 मिनट पर

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 27B

1. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बनाया गया कोण = 30°.
घण्टे की सुई द्वारा $\frac{43}{12}$ घण्टे में बनाया गया कोण

$$=\left(30\times\frac{43}{12}\right)^\circ=\left(\frac{215}{2}\right)^\circ=\left(107\frac{1}{2}\right)^\circ.$$



मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बनाया गया कोण = 6°.
मिनट की सुई द्वारा 35 मिनट में बनाया गया कोण = (6 × 35°) = 210°.
अभीष्ट कोण $=\left(210^\circ-107\frac{1}{2}^\circ\right)=102\frac{1}{2}^\circ$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बनाया गया कोण = 30°.

घण्टे की सुई द्वारा $8\frac{1}{4}$ घण्टे में बनाया गया कोण $=\left(30\times\frac{33}{4}\right)^\circ$

$=\left(\frac{495}{2}\right)^\circ=\left(247\frac{1}{2}\right)^\circ$

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बनाया गया कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 15 मिनट में बनाया गया कोण = (6 × 15)° = 90°.

अभीष्ट कोण $=\left(247\frac{1}{2}^\circ-90^\circ\right)=\left(157\frac{1}{2}\right)^\circ$.

3. घण्टे की सुई द्वारा 1 घण्टे में बनाया गया कोण = 30°.

घण्टे की सुई द्वारा $5\frac{1}{5}$ घण्टे में बनाया गया कोण $=\left(30\times\frac{26}{5}\right)^\circ=156^\circ$.

मिनट की सुई द्वारा 1 मिनट में बनाया गया कोण = 6°.

मिनट की सुई द्वारा 12 मिनट में बनाया गया कोण = (6 × 12)° = 72°.

∴ अभीष्ट कोण = (156° – 72°) = 84°.

4. 10 बजे घण्टे की सुई 10 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

इनके बीच का कोण = 60°.

5. 5 बजे, घण्टे की सुई 5 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

ये सुइयाँ 25 मिनट के अन्तराल पर हैं.

इन दोनों को सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से 25 मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 25 मिनट का अन्तराल पूरा होता है $=\left(\frac{60}{55}\times25\right)$ मिनट में $=27\frac{3}{11}$ मिनट में.

∴ दोनों सुइयों के मिलने का समय = 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट.

6. 10 बजे, घण्टे की सुई 10 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

इन्हें सम्पाती होने के लिए मिनट की सुई को घण्टे की सुई से 50 मिनट अधिक चलना होगा.

मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होता है = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 50 मिनट का अन्तराल पूरा होता है $=\left(\frac{60}{55}\times50\right)$ मिनट में $=54\frac{6}{11}$ मिनट में.

अत: अभीष्ट समय = 10 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट.

7. 9 बजे, घण्टे की सुई 9 पर तथा मिनट की सुई 12 पर होगी.

इनका अन्तराल 15 मिनट का है.

एक सीधी रेखा में होने के लिए जबकि वे सम्पाती न हों, उनका अन्तराल 30 मिनट का होगा.

अत: मिनट की सुई को (30 – 15) मिनट = 15 मिनट का और फासला तय करना होगा.

अब मिनट की सुई द्वारा 55 मिनट का अन्तराल पूरा होगा = 60 मिनट में.

मिनट की सुई द्वारा 15 मिनट का अन्तराल पूरा होगा $=\left(\frac{60}{55}\times15\right)$ मिनट में $=16\frac{4}{11}$ मिनट में.

अत: घड़ी की दोनों सुइयाँ एक सरल रेखा में होंगी परन्तु सम्पाती नहीं = 9 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट पर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. रविवार को प्रातः 8 बजे से अगले रविवार के रात 8 बजे तक का समय = 7 दिन 12 घण्टे = 180 घण्टे.

180 घण्टे में घड़ी तेज़ होती है $= \left(5+5\frac{4}{5}\right)$ मिनट $= \frac{54}{5}$ मिनट.

$\frac{54}{5}$ मिनट तेज होने में समय लगेगा = 180 घण्टे.

1 मिनट तेज होने में समय लगेगा $= \left(180\times\frac{5}{54}\right)$ घण्टे $= \frac{50}{3}$ घण्टे.

5 मिनट तेज होने में समय लगेगा $= \left(\frac{50}{3}\times 5\right)$ घण्टे $= \frac{250}{3}$ घण्टे

= 83 घण्टे 20 मिनट = 3 दिन 11 घण्टे 20 मिनट

अतः रविवार को प्रातः 8 बजे से 3 दिन 11 घण्टे 20 मिनट बाद अर्थात बुधवार को रात 7 बजकर 20 मिनट पर घड़ी ठीक समय दिखायेगी.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

28 स्टॉक तथा शेयर (STOCK AND SHARES)

आवश्यक तथ्य एवं सूत्र

किसी कारखाने अथवा कम्पनी को चलाने के लिए अत्यधिक धन की आवश्यकता होती है. कुछ लोग मिलकर भी इसे चलाना चाहें तो इतना धन इकट्ठा करना इनके सामर्थ्य से बाहर होता है. अत: कुछ लोग मिलकर एक कम्पनी बना लेते हैं तथा इस कम्पनी को चलाने हेतु इसके बारे में विस्तार से अपनी योजनाओं को जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं तथा पब्लिक को इसमें धन लगाने के लिए आमन्त्रित करते हैं. इसके लिए निम्नलिखित तथ्यों का जानना आवश्यक है.

(*i*) **स्टॉक अथवा पूँजी:** कम्पनी चलाने हेतु जिस कुल धन की आवश्यकता होती है, उसे स्टॉक अथवा पूँजी कहते हैं.

(*ii*) **शेयर:** पूरी पूँजी को छोटी-छोटी बराबर मूल्य की इकाइयों में बाँट दिया जाता है. प्रत्येक इकाई को एक शेयर कहते हैं. जिस व्यक्ति के पास ये शेयर होते हैं उसे **शेयर-धारक** कहते हैं.

(*iii*) **लाभांश:** कम्पनी द्वारा अर्जित कुल वार्षिक लाभ में से कुछ भाग शेयर धारकों में बाँट दिया जाता है. इसे लाभांश कहते हैं. यह प्राय: प्रतिशेयर अथवा शेयरों के कुल अंकित पूँजी की प्रतिशतता के रूप में दिया जाता है.

(*iv*) **प्रत्यक्ष मूल्य अथवा अंकित मूल्य:** शेयर सर्टीफिकेट पर छपे मूल्य को उस शेयर का अंकित मूल्य कहते हैं.

(*v*) **बाजारी मूल्य:** विभिन्न कम्पनियों के शेयर, शेयर बाजार में बेचे अथवा खरीदे जाते हैं. जिस मूल्य पर कोई शेयर खरीदा अथवा बेचा जाता है उसे इस शेयर का बाजारी मूल्य कहते हैं.

(*vi*) किसी शेयर के विक्रय मूल्य को कहते हैं:

(*i*) **समतोल मूल्य,** यदि **(वि०मू०) = (अंकित मूल्य).**

(*ii*) **अवमूल्य,** यदि **(वि०मू०) < (अंकित मूल्य).**

(*iii*) **अधिमूल्य,** यदि **(वि०मू०) > (अंकित मूल्य).**

उदाहरण: (*i*) ₹ 8 अधिमूल्य का अर्थ है, अंकित मूल्य से ₹ 8 अधिक.

(*ii*) ₹ 5 अवमूल्य का अर्थ है, अंकित मूल्य से ₹ 5 कम.

(*vii*) **दलाली:** प्राय: शेयर खरीदने तथा बेचने की प्रक्रिया किसी दलाल के माध्यम से होती है, जो कुछ धन दलाली के रूप में लेता है.

ध्यान रहे : (*i*) शेयर खरीदने पर वास्तविक क्रय-मूल्य = (क्र० मू० + दलाली).

(*ii*) शेयर बेचने पर प्राप्त धन = (वि०मू० – दलाली).

ध्यान रहे : (*i*) प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य स्थिर होता है.

(*ii*) शेयर का बाजारी मूल्य परिवर्तित होता रहता है.

(*iii*) किसी शेयर पर लाभांश उसके अंकित मूल्य पर मिलता है.

उदाहरण : ₹ 100 के, ₹ 120 पर 9% स्टॉक का अर्थ है :

(*i*) प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य = ₹ 100.

(*ii*) प्रत्येक शेयर का विक्रय मूल्य = ₹ 120.

(*iii*) 1 शेयर पर वार्षिक लाभांश = ₹ 9.

(*iv*) ₹ 120 की लागत पर 1 वर्ष में आय = ₹ 9.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. ₹ 5400 के 9% स्टॉक का ₹ 90 पर मूल्य कितना होगा?

हल : ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 90.

₹ 5400 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{90}{100}\times 5400\right)$ = ₹ 4860.

प्रश्न 2. ₹ 7000 के 8% स्टॉक का 3 अधिमूल्य पर मूल्य क्या होगा?

हल : ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 103.

₹ 7000 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{103}{100}\times 7000\right)$ = ₹ 7210.

प्रश्न 3. ₹ 4500 के 6% स्टॉक का मूल्य 10 अवमूल्य पर कितना होगा?

हल : ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ (100 – 10) = ₹ 90.

₹ 4500 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{90}{100}\times 4500\right)$ = ₹ 4050.

प्रश्न 4. ₹ 5000 का 8% स्टॉक 120 पर खरीदने हेतु कितने धन की आवश्यकता होगी, जबकि दलाली 2% हो?

हल : ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(120+\frac{2}{100}\times 120\right)$ = ₹ 122.40.

₹ 5000 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{122\cdot 40}{100}\times 5000\right)$ = ₹ 6120.

प्रश्न 5. ₹ 15000 के 9% स्टॉक को 10 अवमूल्य पर बेचने से कितने धन की प्राप्ति होगी जबकि दलाली 2% हो?

हल : ₹ 100 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ $\left\{(100-10)-\left(\frac{2}{100}\times 90\right)\right\}$ = ₹ (90 – 1·80) = ₹ 88·20

₹ 15000 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{88\cdot 20}{100}\times 15000\right)$ = ₹ 13230.

प्रश्न 6. ₹ 105 पर 8% स्टॉक में ₹ 6300 निवेश करने पर वार्षिक आय कितनी होगी?

हल : ₹ 105 निवेश करने पर आय = ₹ 8.

₹ 6300 निवेश करने पर आय = ₹ $\left(\frac{8}{105}\times 6300\right)$ = ₹ 480.

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किस स्टॉक में धन लगाना अधिक लाभप्रद है : 112 पर 8% स्टॉक में अथवा 120 पर 10% स्टॉक में?

हल : माना प्रत्येक स्टॉक में निवेशित धन = ₹ (112 × 120).

प्रथम स्टॉक से आय:

₹ 112 निवेश करने पर वार्षिक आय = ₹ 8.

₹ (112 × 120) निवेश करने पर वार्षिक आय = ₹ $\left(\frac{8}{112}\times 112\times 120\right)$ = ₹ 960.

द्वितीय स्टॉक से आय:

₹ 120 निवेश करने पर वार्षिक आय = ₹ 10.

₹ (112 × 120) निवेश करने पर वार्षिक आय = ₹ $\left(\frac{10}{120}\times 112\times 120\right)$ = ₹ 1120.

स्पष्ट है कि 120 पर 10% स्टॉक में धन लगाना अधिक लाभप्रद है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 8. ₹ 10 वाले 96 शेयरों का $\frac{3}{4}$ अवमूल्य पर क्रय मूल्य कितना होगा, जबकि दलाली $\frac{1}{4}$ प्रति शेयर हो?

हल : 1 शेयर का क्रय मूल्य = ₹ $\left(10-\frac{3}{4}+\frac{1}{4}\right)$ = ₹ $\frac{19}{2}$.

96 शेयरों का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{19}{2}\times 96\right)$ = ₹ 912.

प्रश्नमाला 28A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए:

1. ₹ 2800 के 3·5% स्टॉक का ₹ 94 की दर से मूल्य कितना होगा? **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2010)**
   (*a*) ₹ 2632 (*b*) ₹ 2500 (*c*) ₹ 2362 (*d*) ₹ 2178
2. $4\frac{1}{2}$% स्टॉक में ₹ 9600 निवेश करने पर ₹ 360 वार्षिक आय हो, तो ₹.100 के स्टॉक का मूल्य कितना होगा? **(रेलवे परीक्षा, 2002)**
   (*a*) ₹ 115 (*b*) ₹ 120 (*c*) ₹ 100 (*d*) ₹ 125
3. ₹ 87 की दर वाले $3\frac{1}{4}$% के ₹ 4000 के स्टॉक को ₹ 145 की दर से $6\frac{1}{4}$% के स्टॉक में बदलने पर आय में कितनी वृद्धि होगी? **(रेलवे परीक्षा, 2002)**
   (*a*) ₹ 20 (*b*) ₹ 58 (*c*) ₹ 36·90 (*d*) ₹ 18
4. 8% स्टाक में ₹ 1620 लगाने पर सन्दीप को ₹ 135 वार्षिक आय होती है. ₹ 100 के शेयर का मूल्य कितना है? **(रेलवे परीक्षा, 2007)**
   (*a*) ₹ 108 (*b*) ₹ 96 (*c*) ₹ 80 (*d*) इनमें से कोई नहीं
5. एक व्यक्ति 15% के ऋणपत्र (Debentures) पर, जिसका अंकित मूल्य ₹ 100 है तथा बाजार मूल्य ₹ 104 है, ₹ 1500 वार्षिक आय चाहता है. यदि दलाली 1% हो, तो उसको कितना धन लगाना होगा?
   (*a*) ₹ 19642 (*b*) ₹ 10784 (*c*) ₹ 10504 (*d*) ₹ 15000
   (मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2002)
6. ₹ 16000 के 14% लाभांश वाले शेयर 10% अवमूल्य पर बेचने से कितना धन मिलेगा, जबकि दलाली 1·5% हो? **(इ०गा०वि०वि० परीक्षा, 2004)**
   (*a*) ₹ 14300 (*b*) ₹ 14384 (*c*) ₹ 14184 (*d*) ₹ 15184 (*d*) इनमें से कोई नहीं
7. ₹ 96 के 10% स्टॉक में लगे धन के बराबर, ₹ x के 12% स्टॉक में धन लगाने पर बराबर आय हो, तो x का मान कितना है?
   (*a*) 120 (*b*) 115·20 (*c*) 125·40 (*d*) 80
8. ₹ 96 पर 8% स्टॉक से ₹ 750 वार्षिक आय प्राप्त करने हेतु कितना धन निवेश करना होगा?
   (*a*) ₹ 7200 (*b*) ₹ 9000 (*c*) ₹ 10836 (*d*) ₹ 10940
9. ₹ 84 पर $6\frac{2}{3}$% स्टॉक में धन लगाने से एक व्यक्ति की वार्षिक आय ₹ 860 है. उसकी कुल लागत कितनी है?
   (*a*) ₹ 12900 (*b*) ₹ 13460 (*c*) ₹ 10836 (*d*) ₹ 10940
10. ₹ 100 के 12% स्टॉक से लागत पर 10% ब्याज की प्राप्ति होती है. इस स्टॉक का बाजारी मूल्य कितना है?
   (*a*) ₹ 112 (*b*) ₹ 120 (*c*) ₹ 110 (*d*) ₹ 83·33

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. ₹ 120 के 6% स्टॉक से कितने प्रतिशत वार्षिक आय होती है ?
(a) $7\frac{1}{5}\%$ (b) 6% (c) 5% (d) 20%

12. सजल अपने धन का कुछ भाग ₹ 96 के 9% स्टॉक में तथा शेष भाग ₹ 120 के 12% स्टॉक में लगाता है. यदि दोनों स्टॉकों से वार्षिक लाभांश बराबर हो, तो दोनों स्टॉकों में लगे धनों का अनुपात कितना है ?
(a) 3 : 4 (b) 3 : 5 (c) 4 : 5 (d) 16 : 15

13. राजन ₹ 12100 का कुछ भाग ₹ 90 के 4% स्टॉक पर तथा शेष भाग ₹ 105 के 6% स्टॉक पर निवेश करता है. यदि कुल स्टॉक से उसे ₹ 600 वार्षिक आय हो, तो उसने पहले स्टॉक में कितने धन का निवेश किया ?
(a) ₹ 7200 (b) ₹ 4900 (c) ₹ 6300 (d) ₹ 6750

14. निम्नलिखित में से किस स्टॉक में धन लगाना लाभप्रद है : ₹ 144 के 11% स्टॉक में अथवा ₹ 117 के $9\frac{3}{4}\%$ स्टॉक में ?
(a) ₹ 144 के 11% स्टॉक में (b) ₹ 117 के $9\frac{3}{4}\%$ स्टॉक में
(c) दोनों बराबर लाभ देने वाले हैं (d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

15. ₹ 12750 में ₹ 25 मूल्य वाले कितने शेयर खरीदे जा सकेंगे, जबकि दलाली प्रति शेयर $\frac{1}{2}$ हो ?
(a) 450 (b) 500 (c) 550 (d) 600
(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2002)

16. ₹ 10 वाले, $\frac{3}{4}$ अवमूल्य पर 96 शेयरों का मूल्य कितना होगा जबकि दलाली प्रति शेयर $\frac{1}{4}$ हो ?
(a) ₹ 910 (b) ₹ 912 (c) ₹ 915 (d) ₹ 920
(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2003)

17. 175 शेयरों से वार्षिक आय कितनी होगी, जबकि प्रति शेयर तिमाही लाभांश ₹ 3 हो ?
(a) ₹ 525 (b) ₹ 1800 (c) ₹ 2100 (d) ₹ 2400
(रेलवे परीक्षा, 2004)

18. एक व्यक्ति किसी कम्पनी के ₹ 50 वाले तथा 10% लाभांश वाले शेयर खरीदता है. यदि उसे उसकी लागत पर 12·5% वार्षिक आय प्राप्त हो, तो एक शेयर का बाजार भाव कितना है ? **(एम०बी०ए० परीक्षा, 2006)**
(a) ₹ 37·50 (b) ₹ 40 (c) ₹ 48 (d) ₹ 52

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 28A)

1. (a) 2. (b) 3. (a) 4. (b) 5. (c) 6. (c) 7. (b) 8. (b) 9. (c) 10. (b)
11. (c) 12. (d) 13. (a) 14. (b) 15. (b) 16. (b) 17. (c) 18. (b)

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 28A

1. ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 94.

₹ 2800 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{94}{100}\times 2800\right)$ ₹ 2632.

2. ₹ 360 की वार्षिक आय हेतु निवेश = ₹ 9600.

₹ $\frac{9}{2}$ की वार्षिक आय हेतु निवेश = ₹ $\left(\frac{9600}{360}\times\frac{9}{2}\right)$ = ₹ 120.

अत: ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 120.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3. प्रथम स्टॉक से आय :

₹ 100 के स्टॉक से आय = ₹ $\frac{13}{4}$.

₹ 4000 के स्टॉक से आय = ₹ $\left(\frac{13}{4}\times\frac{1}{100}\times4000\right)$ = ₹ 130.

इस स्टॉक को बेचने पर :

₹ 100 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ 87.

₹ 4000 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{87}{100}\times4000\right)$ = ₹ 3480.

द्वितीय स्टॉक से आय :

₹ 3480 की लागत पर आय = ₹ $\left(\frac{25}{4}\times\frac{1}{145}\times3480\right)$ = ₹ 150.

आय में वृद्धि = ₹ (150 – 130) = ₹ 20.

4. ₹ 135 की वार्षिक आय हेतु निवेश = ₹ 1620.

₹ 8 की वार्षिक आय हेतु निवेश = ₹ $\left(\frac{1620}{135}\times8\right)$ = ₹ 96.

अत: ₹ 100 के शेयर का मूल्य = ₹ 96.

5. ₹ 100 के ऋण पत्र का बाजार मूल्य = ₹ $\left(104+\frac{104\times1}{100}\right)$ = ₹ 105·04

₹ 15 आय हेतु धन लगाना होगा = ₹ 105.04.

₹ 1500 आय हेतु धन लगाना होगा = ₹ $\left(\frac{105\cdot04}{15}\times1500\right)$ = ₹ 10504.

6. ₹ 100 का स्टॉक बेचने से प्राप्त धन = ₹ $\left(90-\frac{90\times1\cdot5}{100}\right)$ = ₹ (90 – 1·35) = ₹ 88.65.

₹ 16000 का स्टॉक बेचने से प्राप्त धन = ₹ $\left(\frac{88\cdot65}{100}\times16000\right)$ = ₹ 14184.

7. ₹ 10 की आय के लिए निवेश = ₹ 96.

₹ 12 की आय के लिए निवेश = ₹ $\left(\frac{96}{10}\times12\right)$ = ₹ 115·20.

अत: x = 115·20.

8. ₹ 8 आय हेतु निवेश = ₹ 96.

₹ 750 आय हेतु निवेश = ₹ $\left(\frac{96}{8}\times750\right)$ = ₹ 9000.

9. ₹ $\frac{20}{3}$ आय हेतु लागत = ₹ 84.

₹ 860 आय हेतु लागत = ₹ $\left(84\times\frac{3}{20}\times860\right)$ = ₹ 10836.

10. ₹ 10 आय के लिए लागत = ₹ 100.

₹ 12 आय के लिए लागत = ₹ $\left(\frac{100}{10}\times12\right)$ = ₹ 120.

अत: ₹ 100 के स्टॉक का बाजारी मूल्य = ₹ 120.

11. ₹ 120 की लागत पर आय = ₹ 6.

₹ 100 की लागत पर आय = ₹ $\left(\frac{6}{120}\times100\right)$ = ₹ 5.

अत: इस स्टॉक से वार्षिक आय = 5%.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

12. माना निवेशित धन का अभीष्ट अनुपात $= x : 1$. तब,

$$\frac{9}{96}\times x=\frac{12}{120}\times 1 \Rightarrow x=\left(\frac{1}{10}\times\frac{96}{9}\right)=\frac{16}{15}.$$

अभीष्ट अनुपात $=\frac{16}{15}:1=16:15.$

13. माना ₹ 90 के 4% स्टॉक में निवेशित धन = ₹ x.

तब, ₹ 105 के 6% स्टॉक में निवेशित धन = ₹ $(12100-x)$.

$$\therefore \left(\frac{4}{90}\times x\right)+\left[\frac{6}{105}\times(12100-x)\right]=600$$

$$\Rightarrow \frac{2x}{45}+\frac{2(12100-x)}{35}=600$$

$$\Rightarrow 14x+217800-18x=189000 \Rightarrow 4x=28800 \Rightarrow x=7200.$$

अत: अभीष्ट धन = ₹ 7200.

14. माना प्रत्येक स्टॉक में निवेश = ₹ (144×117).

प्रथम स्टॉक से वार्षिक आय = ₹ $\left(144\times117\times\frac{11}{144}\right)$ = ₹ 1287.

द्वितीय स्टॉक से वार्षिक आय = ₹ $\left(144\times117\times\frac{39}{4\times117}\right)$ = ₹ 1404.

चूँकि द्वितीय स्टॉक से वार्षिक आय अधिक है, अत: ₹ 117 के $9\frac{3}{4}\%$ स्टॉक में धन लगाना लाभप्रद है.

15. 1 शेयर का मूल्य = ₹ $\left(25+\frac{1}{2}\right)$ = ₹ $\frac{51}{2}$.

शेयरों का कुल मूल्य = ₹ 12750.

शेयरों की संख्या $=\frac{12750}{(51/2)}=\left(12750\times\frac{2}{51}\right)=500.$

16. 1 शेयर का मूल्य = ₹ $\left(10-\frac{3}{4}+\frac{1}{4}\right)$ = ₹ $\frac{19}{2}$.

96 शेयरों का मूल्य = ₹ $\left(\frac{19}{2}\times96\right)$ = ₹ 912.

17. प्रति शेयर वार्षिक लाभांश = ₹ (3×4) = ₹ 12.

175 शेयरों से वार्षिक लाभांश = ₹ (175×12) = ₹ 2100.

18. माना प्रति शेयर लागत = ₹ x. तब,

₹ (x का 12·5%) = ₹ (50 का 10%)

$$\Rightarrow x\times\frac{12\cdot5}{100}=50\times\frac{10}{100}\Rightarrow\frac{25x}{2}=500\Rightarrow x=\frac{500\times2}{25}=40.$$

प्रश्नमाला 28B

1. (*i*) ₹ 8700 के ₹ 94 पर 8% स्टॉक का मूल्य कितना है ?
   (*ii*) ₹ 6000 के 5 अवमूल्य पर 9% स्टॉक का मूल्य कितना है ?
   (*iii*) ₹ 7500 के 16 अधिमूल्य पर 10% स्टॉक का मूल्य कितना है ?
2. (*i*) ₹ 6400 के समतोल पर 8% स्टॉक का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए जबकि दलाली $\frac{1}{4}\%$ हो.
   (*ii*) ₹ 1600 के 10 अधिमूल्य पर 12% स्टॉक का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए जबकि दलाली $\frac{1}{2}\%$ हो.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

3. ₹ 3000 का 10 अवमूल्य पर 8% स्टॉक बेचने पर कितना धन प्राप्त होगा जबकि दलाली 2% हो ?
4. एक व्यक्ति को ₹ 15 अधिमूल्य पर प्राप्त 9% स्टॉक में कितना धन लगाना चाहिए कि ₹ 7560 वार्षिक आय प्राप्त हो ?
5. किस स्टॉक में धन लगाना अधिक लाभप्रद है :
₹ 143 के भाव के 10% स्टॉक में अथवा ₹ 93 के भाव के 7% स्टॉक में ?
6. एक व्यापारी ₹ 8370 का कुछ भाग 6% के ₹ 96 के स्टॉक में निवेश करता है तथा शेष धन 8% के ₹ 120 वाले स्टॉक में निवेश करता है. प्रत्येक लागत से उसे समान वार्षिक लाभांश मिलता है. प्रत्येक स्टॉक में व्यापारी कितना-कितना धन लगाता है.
7. एक व्यक्ति ₹ 5000 का ₹ 156 पर 12% स्टॉक बेचता है. इससे प्राप्त राशि के कुछ भाग को ₹ 90 के 8% स्टॉक में तथा शेष राशि को ₹ 108 के 9% स्टॉक में निवेश करता है. इससे उसकी आय में ₹ 70 की वृद्धि होती है. प्रत्येक स्टॉक पर उसने कितने धन का निवेश किया ? **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)**
8. एक व्यापारी के पास किसी कम्पनी के ₹ 5 वाले 1000 शेयर थे. इनमें से उसने 400 शेयर ₹ 9 प्रति शेयर की दर से बेच दिये तथा इस धन को ₹ 90 के स्टॉक में लगा दिया. यदि शेयरों का लाभांश 9% वार्षिक तथा स्टॉक पर 10% वार्षिक हो, तो व्यापारी की वार्षिक आय ज्ञात कीजिए.
9. एक व्यक्ति ने किसी कम्पनी से ₹ 25 वाले शेयर खरीदे. यह कम्पनी 9% लाभांश देती है. यदि उस व्यक्ति को अपनी लागत पर 10% आय प्राप्त हो तो उसने शेयर किस दर प्रति शेयर खरीदे ?
10. एक कम्पनी ₹ 50 के प्रत्येक शेयर पर 10% अनुलाभ देती है. एक व्यक्ति ने इस कम्पनी के शेयर खरीदे तथा उसे अपनी लागत पर 12·5% लाभ प्राप्त हुआ. उसने किस मूल्य पर शेयर खरीदे ? **(जीवन बीमा निगम परीक्षा, 2006)**
11. कोई व्यक्ति ₹ 10 प्रति शेयर की दर से कुछ शेयर खरीदता है जिनसे वर्ष के अन्त में 8% लाभांश मिलता है. यदि कुल लाभांश ₹ 300 हो, तो उसने कितने शेयर खरीदे ?
12. यदि ₹ 9600 के निवेश से ₹ 360 वार्षिक आय हो तो $4\frac{1}{2}\%$ स्टॉक का बाजारी मूल्य कितना है ? **(रेलवे परीक्षा, 2002)**

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 28B)

1. (*i*) ₹ 8178 (*ii*) ₹ 5700 (*iii*) ₹ 8700
2. (*i*) ₹ 6416 (*ii*) ₹ 1768·80
3. ₹ 2646
4. ₹ 96600
5. 93 का 7% स्टॉक
6. ₹ 4320, ₹ 4050
7. ₹ 3600, ₹ 4200
8. ₹ 670
9. ₹ 22·50
10. ₹ 40 प्रति शेयर
11. 375
12. ₹ 120

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 28B

1. (*i*) ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 94.

₹ 8700 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{94}{100}\times 8700\right)$ = ₹ 8178.

(*ii*) ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ (100 – 5) = ₹ 95.

₹ 6000 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{95}{100}\times 6000\right)$ = ₹ 5700.

(*iii*) ₹ 100 के स्टॉक का मूल्य = ₹ 116.

₹ 7500 के स्टॉक का मूल्य = ₹ $\left(\frac{116}{100}\times 7500\right)$ = ₹ 8700.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2. (i) ₹ 100 के स्टॉक का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(100+\frac{1}{4}\times\frac{100}{100}\right)$ = ₹ (100 + 0·25) = ₹ 100·25.

₹ 6400 के स्टॉक का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{100\cdot25}{100}\times6400\right)$ = ₹ 6416.

(ii) ₹ 100 के स्टॉक का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(110+\frac{1}{2}\times\frac{110}{100}\right)$ = ₹ 110·55.

₹ 1600 के स्टॉक का क्रय-मूल्य = ₹ $\left(\frac{110\cdot55}{100}\times1600\right)$ = ₹ 1768·80.

3. ₹ 100 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(90-\frac{2}{100}\times90\right)$ = ₹ 88·20.

₹ 3000 के स्टॉक का विक्रय मूल्य = ₹ $\left(\frac{88\cdot20}{100}\times3000\right)$ = ₹ 2646.

4. ₹ 9 की वार्षिक आय हेतु निवेशित धन = ₹ 115.

₹ 7560 की वार्षिक आय हेतु निवेशित धन = ₹ $\left(\frac{115}{9}\times7560\right)$ = ₹ 96600.

5. माना कुल निवेशित धन = ₹ (143 × 93).

₹ 143 वाले 10% स्टॉक में धन लगाने पर वार्षिक आय = ₹ $\left(\frac{10}{143}\times143\times93\right)$ = ₹ 930.

₹ 93 वाले 7% स्टॉक में धन लगाने पर वार्षिक आय = ₹ $\left(\frac{7}{93}\times143\times93\right)$ = ₹ 1001.

स्पष्ट है कि ₹ 93 वाले 7% स्टॉक से आय अधिक है. अतः इसी में धन लगाना अधिक लाभप्रद है.

6. माना 6% के ₹ 96 के स्टॉक में निवेशित धन = ₹ x.

तब 8% के ₹ 120 के स्टॉक में निवेशित धन = ₹ $(8370-x)$.

प्रत्येक लागत से समान वार्षिक लाभांश मिलता है.

$$\therefore \frac{6}{96}\times x=\frac{8}{120}\times(8370-x)\Rightarrow\frac{x}{16}=\frac{8370-x}{15}$$

$$\Rightarrow 15x=133920-16x$$

$$\Rightarrow 31x=133920\Rightarrow x=\frac{133920}{31}=4320.$$

∴ 6% के ₹ 96 के स्टॉक में निवेशित धन = ₹ 4320.

8% के ₹ 120 के स्टॉक में निवेशित धन = ₹ (8370 – 4320) = ₹ 4050.

7. ₹ 5000 के 12% स्टॉक से आय = ₹ $\left(\frac{12}{100}\times5000\right)$ = ₹ 600.

इस स्टॉक को ₹ 156 पर बेचने से प्राप्त धन = ₹ $\left(\frac{156}{100}\times5000\right)$ = ₹ 7800.

माना ₹ 90 के 8% में निवेशित धन = ₹ x.

तब ₹ 108 के 9% में निवेशित धन = ₹ $(7800-x)$.

दोनों से कुल वार्षिक आय = ₹ (600 + 70) = ₹ 670.

$$\therefore \frac{8}{90}\times x+\frac{9}{108}\times(7800-x)=670$$

$$\Rightarrow\frac{4x}{45}+\frac{(7800-x)}{12}=670$$

$$\Rightarrow 16x+15(7800-x)=120600\Rightarrow x=(120600-117000)\Rightarrow x=3600.$$

∴ ₹ 90 के 8% में निवेशित धन = ₹ 3600 तथा ₹ 108 के 9% में निवेशित धन = ₹ 4200.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. 600 शेयरों का वास्तविक मूल्य = ₹ (5 × 600) = ₹ 3000.

इन शेयरों पर लाभांश = ₹ $\left(3000\times\frac{9}{100}\right)$ = ₹ 270.

400 शेयरों का विक्रय मूल्य = ₹ (9 × 400) = ₹ 3600.

इन धन से खरीदा गया स्टॉक = ₹ $\left(\frac{100}{90}\times3600\right)$ = ₹ 4000.

इस स्टॉक से आय = ₹ $\left(4000\times\frac{10}{100}\right)$ = ₹ 400.

कुल वार्षिक आय = ₹ (270 + 400) = ₹ 670.

9. माना 1 शेयर ₹ x में खरीदा. तब,

$$\frac{25\times9}{100}=\frac{x\times10}{100}\Rightarrow x=\frac{25\times9}{100}\times10=\frac{225}{10}\Rightarrow x=22\cdot50.$$

अत: प्रति शेयर क्रय मूल्य = ₹ 22·50.

10. माना उसने ₹ x प्रति शेयर की दर से शेयर खरीदे.

1 शेयर पर अनुलाभ = ₹ $\left(50\times\frac{10}{100}\right)$ = ₹ 5.

$$\therefore\ \frac{x\times12\cdot5}{100}=5\Rightarrow x=\frac{5\times100}{12\cdot5}=40.$$

अत: उसने ₹ 40 प्रति शेयर की दर से शेयर खरीदे.

11. माना उसने x शेयर खरीदे. तब

$$\frac{x\times10\times8}{100}=300\Rightarrow x=\frac{300\times100}{10\times8}\Rightarrow x=375.$$

अत: उसने कुल 375 शेयर खरीदे.

12. ₹ 360 आय हेतु निवेश = ₹ 9600.

₹ $\frac{9}{2}$ आय हेतु निवेश = ₹ $\left(\frac{9600}{360}\times\frac{9}{2}\right)$ = ₹ 120.

अत: ₹ 100 के स्टॉक का बाजारी भाव = ₹ 120.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

29 मिती काटा (TRUE DISCOUNT)

सामान्य नियम

मिती काटा: माना किसी कर्जदार व्यक्ति को कोई धन एक निश्चित समय के बाद वापिस देना है. परन्तु, वह इस कर्ज को अभी चुकाना चाहता है. प्रश्न उठता है कि उसे अपना कर्ज चुकाने के लिए कितना धन देना होगा. स्पष्ट है कि तय किये गये ब्याज की दर से जिस धन का मिश्रधन, देय धन हो, उतना ही धन देकर कर्ज चुकता हो जायेगा. इस समय दिये गये धन को **तत्काल धन** कहते हैं तथा देय धन और तत्काल धन के अन्तर को **मिती-काटा** कहते हैं.

(i) **मिती काटा = (देय धन) – (तत्काल धन).**

(ii) **मिती काटा = तत्काल धन पर ब्याज.**

सूत्र

(i) मिती काटा $= \dfrac{(\text{देय धन} \times \text{दर} \times \text{समय})}{\{100 + (\text{दर} \times \text{समय})\}} = ₹\ \dfrac{(x \times R \times T)}{\{100 + (R \times T)\}}$.

(ii) तत्काल धन $= \dfrac{(100 \times \text{देय धन})}{\{100 + (\text{दर} \times \text{समय})\}} = ₹\ \dfrac{(100 \times \text{देयधन})}{\{100 + (R \times T)\}} = \dfrac{(100 \times \text{मिती काटा})}{(\text{दर} \times \text{समय})}$.

(iii) मिती काटा = तत्काल धन पर ब्याज.

(iv) देय धन $= \dfrac{(\text{सा० ब्याज}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{सा० ब्याज}) - (\text{मिती काटा})}$.

(v) (साधारण ब्याज) – (मिती काटा) = मिती काटा पर साधारण ब्याज.

(vi) चक्रवृद्धि ब्याज पर तत्काल धन $= \dfrac{\text{देय धन}}{\left(1+\dfrac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}}$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 3 वर्ष बाद देय ₹ 6500 का तत्काल धन तथा मिती काटा ज्ञात करें जबकि ब्याज की दर 10% वार्षिक हो.

हल : देय धन = ₹ 6500, समय = 3 वर्ष, दर = 10% वार्षिक.

$\therefore$ तत्काल धन $= \dfrac{(100 \times \text{देय धन})}{\{100 + (\text{दर} \times \text{समय})\}} = ₹\ \dfrac{(100 \times 6500)}{\{100 + (10 \times 3)\}} = ₹\left(\dfrac{100 \times 6500}{130}\right) = ₹\ 5000.$

मिती काटा = (देय धन) – (तत्काल धन) = ₹ (6500 – 5000) = ₹ 1500.

प्रश्न 2. 2 वर्ष बाद देय धन पर 8% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 1200 है. देय धन तथा तत्काल धन ज्ञात कीजिए.

हल : मिती काटा = ₹ 1200, दर = 8% वार्षिक, समय = 2 वर्ष.

माना देय धन = ₹ x. तब

मिती काटा $= \dfrac{(x \times R \times T)}{100 + (R \times T)} = ₹\left\{\dfrac{(x \times 8 \times 2)}{100 + (8 \times 2)}\right\} = ₹\left(\dfrac{16x}{116}\right) = ₹\left(\dfrac{4x}{29}\right)$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\therefore \frac{4x}{29} = 1200 \Rightarrow x = \frac{(1200 \times 29)}{4} = 8700.$$

अत: देय धन = ₹ 8700 तथा तत्काल धन = ₹ (8700 − 1200) = ₹ 7500.

प्रश्न 3. 3 वर्ष बाद देय किसी धन पर मिती काटा ₹ 900 है तथा इसी धन पर इसी दर से इतने ही समय का साधारण ब्याज ₹ 1170 है. देय धन तथा दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.

हल : मिती काटा = ₹ 900 तथा साधारण ब्याज = ₹ 1170.

$$\text{देय धन} = \frac{(\text{सा० ब्याज}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{सा० ब्याज}) - (\text{मिती काटा})} = ₹\left(\frac{1170 \times 900}{1170 - 900}\right)$$

$$= ₹\left(\frac{1170 \times 900}{270}\right) = ₹\ 3900.$$

$$\text{दर} = \frac{100 \times \text{सा० ब्याज}}{\text{मूलधन} \times \text{समय}} = \left(\frac{100 \times 1170}{3900 \times 3}\right)\% \text{ वार्षिक} = 10\% \text{ वार्षिक.}$$

प्रश्न 4. 6 माह बाद देय किसी धन पर 8% वार्षिक दर से मिती काटा तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 30 है. देय धन ज्ञात कीजिए.

हल : माना देय धन = ₹ x. तब इस धन पर :

$$\text{साधारण ब्याज} = ₹\left(\frac{x \times 8 \times \frac{6}{12}}{100}\right) = ₹\left(\frac{x}{25}\right).$$

$$\text{मिती काटा} = ₹\left\{\frac{\left(x \times 8 \times \frac{6}{12}\right)}{100 + \left(8 \times \frac{6}{12}\right)}\right\} = ₹\left(\frac{4x}{104}\right) = ₹\left(\frac{x}{26}\right).$$

$$\therefore \frac{x}{25} - \frac{x}{26} = 30 \Rightarrow \frac{(26x - 25x)}{(25 \times 26)} = 30 \Rightarrow x = (30 \times 25 \times 26) \Rightarrow x = 19500.$$

अत: देय धन = ₹ 19500.

प्रश्न 5. एक बिल 1 वर्ष बाद देय है. ऋणदाता आधा धन तत्काल लेकर शेष आधा धन 2 वर्ष बाद लेने को तैयार है. यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो तथा इस सौदे से ₹ 40 का लाभ हो, तो देय धन ज्ञात कीजिए.

हल : माना देय धन = ₹ x. तब

$$\frac{x}{2} + \frac{\left(\frac{x}{2} \times 100\right)}{\{100 + (8 \times 2)\}} - \frac{(x \times 100)}{\{100 + (8 \times 1)\}} = 40$$

$$\Rightarrow \frac{x}{2} + \frac{25x}{58} - \frac{25x}{27} = 40 \Rightarrow \frac{54x}{58} - \frac{25x}{27} = 40$$

$$\Rightarrow \frac{27x}{29} - \frac{25x}{27} = 40 \Rightarrow \frac{(729x - 725x)}{29 \times 27} = 40$$

$$\Rightarrow 4x = 40 \times 29 \times 27 \Rightarrow x = (10 \times 29 \times 27) = 7830.$$

अत: देय धन = ₹ 7830.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 29A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. 2 वर्ष बाद देय ₹ 5800 का तत्काल धन कितना होगा, जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो ?
(a) ₹ 6728 (b) ₹ 4872 (c) ₹ 5000 (d) इनमें से कोई नहीं

2. 8 माह बाद देय किसी धन का 6% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 260 है. देय धन कितना है ?
(a) ₹ 6760 (b) ₹ 6500 (c) ₹ 6240 (d) इनमें से कोई नहीं

3. 3 वर्ष बाद देय किसी धन का 10% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 390 है. देय धन कितना है ?
(a) ₹ 1300 (b) ₹ 1690 (c) ₹ 910 (d) इनमें से कोई नहीं

4. 6 माह बाद देय ₹ 5200 पर मिती काटा ₹ 200 है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?
(a) $7\frac{9}{13}\%$ (b) $8\frac{1}{3}\%$ (c) 8% (d) इनमें से कोई नहीं

5. कुछ समय बाद देय ₹ 2580 का 6% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 180 है. यह धन कितने समय बाद देय है ?
(a) 4 माह (b) 5 माह (c) 1 वर्ष 3 माह (d) 1 वर्ष 4 माह

6. एक निश्चित समय बाद देय किसी धन पर एक निश्चित दर पर मितीकाटा तथा साधारण ब्याज क्रमशः ₹ 170 तथा ₹ 180 हैं. देय धन कितना है ?
(a) ₹ 3500 (b) ₹ 3060 (c) ₹ 6120 (d) इनमें से कोई नहीं

7. एक दुकानदार को किसी व्यापारी को 1 वर्ष बाद देय ₹ 10028 देना है. 3 माह बाद दुकानदार अपना ऋण चुकाना चाहता है. यदि ब्याज की दर 12% वार्षिक हो, तो उसे कितना धन देना होगा ?
(a) ₹ 9200 (b) ₹ 9600 (c) ₹ 9560 (d) ₹ 9025·20

8. एक व्यक्ति ने एक घड़ी ₹ 1950 में नकद खरीदी तथा उसी समय 1 वर्ष बाद देय ₹ 2160 में बेच दी. यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो, तो उस व्यक्ति को कितना लाभ हुआ ?
(a) ₹ 210 (b) ₹ 60 (c) ₹ 50 (d) इनमें से कोई नहीं

9. एक व्यक्ति ने एक गाय ₹ 15000 नकद में खरीदी तथा उसी दिन 2 वर्ष बाद देय ₹ 18720 में उधार बेच दी. यदि ब्याज की दर 10% वार्षिक हो, तो उस व्यक्ति को कितने प्रतिशत लाभ हुआ ?
(a) 2% (b) 3% (c) 5% (d) 4%

10. एक व्यक्ति अपना स्कूटर बेचना चाहता है. इसके दो ग्राहक हैं. एक ग्राहक ₹ 24000 नकद देना चाहता है तथा दूसरा 8 माह बाद देय ₹ 27000. यदि ब्याज की दर 12% वार्षिक हो, तो बेचने वाले व्यक्ति को कौन-सा सौदा लाभप्रद होगा ?
(a) ₹ 24000 नकद (b) 8 माह बाद देय ₹ 27000 (c) दोनों एक जैसे हैं

11. मैंने एक साईकिल ₹ 2000 में नकद खरीदी तथा उसी दिन 6 माह बाद देय ₹ 2415 में उधार बेच दी. यदि ब्याज की दर 10% वार्षिक हो, तो मुझे कितने प्रतिशत लाभ हुआ ?
(a) $16\frac{2}{5}\%$ (b) 15% (c) $12\frac{1}{2}\%$ (d) इनमें से कोई नहीं

12. दो बराबर छमाही किस्तों में देय ₹ 7020 का तत्काल धन कितना होगा जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो ?
(a) ₹ 6750 (b) ₹ 7500 (c) ₹ 6625 (d) ₹ 6500

13. 6 माह के अन्त में देय एक निश्चित धन पर मिती काटा ₹ 24 है तथा उसी धन पर उसी दर से 6 माह का साधारण ब्याज ₹ 25 है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?
(a) $8\frac{1}{3}\%$ (b) $8\frac{3}{4}\%$ (c) $8\frac{1}{2}\%$ (d) 8%

14. एक निश्चित समय बाद देय ₹ 110 के बिल पर मिती काटा ₹ 10 है. इसी बिल पर इसी दर से इससे दुगुने समय के बाद देय बिल पर मिती काटा कितना होगा ?
(a) ₹ 20 (b) ₹ 18·33 (c) ₹ 21·81 (d) ₹ 22

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. एक निश्चित समय बाद देय ₹ 260 के बिल पर मिती काटा ₹ 20 है. इसी दर पर आधे समय के बाद देय इसी बिल पर मिती काटा कितना होगा?

(*a*) ₹ 10 (*b*) ₹ 10·40 (*c*) ₹ 13 (*d*) ₹ 15·20

16. यदि ₹ 700 का 2 वर्ष का साधारण ब्याज, ₹ 826 पर उतने ही समय के लिए तथा उसी दर पर मिती काटे के बराबर हो, तो ब्याज की वार्षिक दर कितनी होगी?

(*a*) 9% (*b*) 8% (*c*) $7\frac{1}{2}\%$ (*d*) $6\frac{3}{4}\%$

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 29A)

1. (*c*) **2.** (*a*) **3.** (*b*) **4.** (*c*) **5.** (*c*) **6.** (*b*) **7.** (*a*) **8.** (*c*) **9.** (*d*) **10.** (*b*)
11. (*b*) **12.** (*c*) **13.** (*a*) **14.** (*b*) **15.** (*b*) **16.** (*a*)

दिये गए प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 29A

1. देय धन = ₹ 5800, दर = 8% वार्षिक, समय = 2 वर्ष.

$$\text{तत्काल धन} = \frac{(100 \times \text{देय धन})}{100 + (\text{दर} \times \text{समय})} = ₹\left\{\frac{100\times5800}{100+(8\times2)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times5800}{116}\right) = ₹\ 5000.$$

2. $$\text{तत्काल धन} = \frac{100 \times \text{मिती काटा}}{\text{दर} \times \text{समय}} = ₹\ \frac{(100\times260)}{\left(6\times\frac{8}{12}\right)} = ₹\ 6500.$$

देय धन = ₹ (6500 + 260) = ₹ 6760.

3. $$\text{तत्काल धन} = \frac{100 \times \text{मिती काटा}}{\text{दर} \times \text{समय}} = ₹\ \frac{(100\times390)}{(10\times3)} = ₹\ 1300.$$

देय धन = ₹ (1300 + 390) = ₹ 1690.

4. तत्काल धन = ₹ (5200 – 200) = ₹ 5000.

$$\text{ब्याज की दर} = \left(\frac{100\times200}{5000\times\frac{6}{12}}\right)\% \text{ वार्षिक} = 8\% \text{ वार्षिक.}$$

5. तत्काल धन = ₹ (2580 – 180) = ₹ 2400.

$$\text{समय} = \left(\frac{100\times180}{2400\times6}\right) \text{ वर्ष} = \frac{5}{4} \text{ वर्ष} = 1 \text{ वर्ष } 3 \text{ माह.}$$

6. $$\text{देय धन} = \frac{(\text{सा० ब्याज}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{सा० ब्याज}) - (\text{मिती काटा})} = ₹\left(\frac{180\times170}{180-170}\right) = ₹\ (18\times170) = ₹\ 3060.$$

7. स्पष्ट है कि अब दुकानदार को देना होगा = 9 माह बाद देय ₹ 10028 का वर्तमान मूल्य

$$= ₹\left\{\frac{100\times10028}{100+\left(12\times\frac{9}{12}\right)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times10028}{109}\right) = ₹\ 9200.$$

8. घड़ी का क्रय मूल्य = ₹ 1950 तथा

विक्रय मूल्य = 1 वर्ष बाद देय ₹ 2160 का तत्काल धन

$$= ₹\ \frac{(100\times2160)}{\{100+(8\times1)\}} = ₹\left(\frac{100+2160}{108}\right) = ₹\ 2000 \text{ नकद.}$$

∴ लाभ = ₹ (2000 – 1950) = ₹ 50.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

9. गाय का क्रय मूल्य = ₹ 15000.

गाय का विक्रय मूल्य = 2 वर्ष बाद देय ₹ 18720 का वर्तमान मूल्य

$$= ₹\left\{\frac{(100\times18720)}{100+(10\times2)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times18720}{120}\right) = ₹\ 15600.$$

लाभ = ₹ (15600 − 15000) = ₹ 600.

$\therefore$ लाभ % $= \left(\frac{600}{15000}\times100\right)\% = 4\%.$

10. 8 माह बाद देय ₹ 27000 का वर्तमान मूल्य $= ₹\left\{\frac{100\times27000}{100+\left(12\times\frac{8}{12}\right)}\right\} = ₹\ 25000.$

नकद मूल्य = ₹ 27000.

अत: 8 माह बाद देय ₹ 27000, बेचने वाले के लिए लाभप्रद है.

11. 6 माह बाद देय ₹ 2415 का वर्तमान मूल्य $= ₹\left\{\frac{100\times2415}{100+\left(10\times\frac{6}{12}\right)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times2415}{105}\right) = ₹\ 2300.$

नकद मूल्य = ₹ 2000.

लाभ % $= \left(\frac{300}{2000}\times100\right)\% = 15\%.$

12. तत्काल धन = 6 माह बाद देय ₹ 3510 का तत्काल धन + 1 वर्ष बाद देय ₹ 3510 का तत्काल धन

$$= ₹\left\{\frac{100\times3510}{100+\left(8\times\frac{1}{2}\right)}\right\} + ₹\left\{\frac{100\times3510}{100+(8\times1)}\right\}$$

$$= ₹\left(\frac{100\times3510}{104}\right) + ₹\left(\frac{100\times3510}{108}\right) = ₹\ (3375+3250) = ₹\ 6625.$$

13. देय धन $= ₹\left(\frac{25\times24}{25-24}\right) = ₹\ 600.$

$\therefore$ ₹ 600 का 6 माह का साधारण ब्याज = ₹ 25.

अत: ब्याज की दर $= \left(\frac{100\times25}{600\times\frac{6}{12}}\right)\%$ वार्षिक $= \frac{25}{3}\%$ वार्षिक $= 8\frac{1}{3}\%$ वार्षिक.

14. ₹ (110 − 10) पर एक निश्चित समय का साधारण ब्याज = ₹ 10.

₹ 100 पर दुगुने समय का ब्याज = ₹ 20.

₹ 120 पर मिती काटा = ₹ 20.

₹ 110 पर मिती काटा $= ₹\left(\frac{20}{120}\times110\right) = ₹\ 18{\cdot}33.$

15. ₹ (260 − 20) पर एक निश्चित समय का सा० ब्याज = ₹ 20.

₹ 240 पर आधे समय का ब्याज = ₹ 10.

₹ 250 पर मिती काटा = ₹ 10.

₹ 260 पर मिती काटा $= ₹\left(\frac{10}{250}\times260\right) = ₹\ 10{\cdot}40.$

16. माना अभीष्ट दर = R% वार्षिक.

तब, साधारण ब्याज $= ₹\left(\frac{700\times R\times2}{100}\right) = ₹\ (14R).$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

तथा, मिती काटा = ₹ $\left\{\frac{826\times R\times 2}{100+(R\times 2)}\right\}$ = ₹ $\left(\frac{1652R}{100+2R}\right)$

$\therefore \frac{1652R}{(100+2R)} = 14R \Rightarrow 1652R = 1400R + 28R^2$

$\Rightarrow 28R^2 - 252R = 0 \Rightarrow 28R(R-9) = 0 \Rightarrow R-9=0 \Rightarrow R=9.$

∴ अभीष्ट दर = 9% वार्षिक.

प्रश्नमाला 29B

1. 2 वर्ष बाद देय ₹ 5220 का तत्काल धन ज्ञात कीजिए जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो.
2. 8 माह बाद देय किसी धन पर 9% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 540 है. देय धन तथा तत्काल धन ज्ञात कीजिए.
3. 1 वर्ष 3 माह बाद देय धन पर 8% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 150 है. देय धन तथा तत्काल धन ज्ञात कीजिए.
4. $3\frac{1}{2}$ वर्ष बाद देय ₹ 1458 का मिती काटा ₹ 378 है. दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
5. किसी निश्चित समय के बाद देय ₹ 2760 का 9% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 360 है. समय ज्ञात कीजिए.
6. मैं अपना स्कूटर बेचना चाहता हूँ. इसके दो ग्राहक हैं. एक ग्राहक ₹ 17050 में नकद लेना चाहता है तथा दूसरा 6 माह बाद देय ₹ 17940 में. यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो, तो कौन-सा सौदा लाभप्रद है?
7. 8 माह बाद देय किसी धन पर 9% वार्षिक दर से मिती काटा तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 36 है. धन ज्ञात कीजिए.
8. एक बिल 9 माह बाद देय है. ऋणदाता आधा धन तत्काल लेकर शेष आधा धन 18 माह बाद लेने को तैयार है. इस सौदे से उसे ₹ 36 लाभ होता है. देय धन कितना है, जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो?
9. 2 वर्ष बाद B को A के ₹ 2204 देने हैं तथा 6 माह बाद A को B के ₹ 1872 देने हैं. यदि दोनों तत्काल एक-दूसरे का ऋण चुकाना चाहें तो किसे दूसरे को कितने रुपये देने होंगे जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो?
10. मैंने एक साईकिल ₹ 1600 में नकद खरीदी तथा उसी दिन 6 माह बाद देय ₹ 1749 में उधार बेच दी. यदि ब्याज की दर 12% वार्षिक हो, तो मेरा लाभ अथवा हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
11. 6 माह बाद देय वह धन ज्ञात कीजिए जिस पर 12% वार्षिक दर से साधारण ब्याज तथा मिती काटा का अन्तर ₹ 57·60 हो.
12. 2 वर्ष बाद देय धन का मिती काटा ₹ 640 है. इसी धन पर इसी दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 800 है. देय धन तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिए.
13. किसी निश्चित समय बाद देय ₹ 371 का मिती काटा ₹ 21 है. इसी दर से इतने ही धन का इससे दुगुने समय का मिती काटा कितना होगा?
14. 7 माह बाद देय एक बिल का वर्तमान मूल्य ₹ 1200 है. यदि बिल का भुगतान $2\frac{1}{2}$ वर्ष बाद देय होता तो इसका वर्तमान मूल्य ₹ 1016 होता. बिल की राशि तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिये.
15. यदि ₹ 1200 का 3 वर्ष का साधारण ब्याज तथा इसी दर पर इतने ही समय के लिए ₹ 1560 का मिती काटा बराबर हो, तो दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
16. 2 वर्ष बाद देय ₹ 2916 का तत्काल धन ज्ञात कीजिए जबकि चक्रवृद्धि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो. मिती काटा भी ज्ञात कीजिए.

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 29B)

1. ₹ 4500 2. ₹ 9540, ₹ 9000 3. ₹ 1650, ₹ 1500 4. 10% वार्षिक
5. 1 वर्ष 8 माह 6. दूसरा 7. ₹ 10600 8. ₹ 11872 9. B, A को ₹ 100 देगा
10. लाभ % = $3\frac{1}{8}$% 11. ₹ 16960 12. ₹ 3200, 12·5% वार्षिक 13. ₹ 39·75
14. ₹ 1270, 10% वार्षिक 15. 10% वार्षिक 16. ₹ 416

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गए प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 29B

1. देय धन = ₹ 5220, दर = 8% वार्षिक, समय = 2 वर्ष.

$\therefore$ तत्काल धन $= \dfrac{(100 \times \text{देय धन})}{100 + (\text{दर} \times \text{समय})} = ₹ \left\{\dfrac{(100\times5220)}{100+(8\times2)}\right\} = ₹ \left(\dfrac{100\times5220}{116}\right) = ₹\ 4500.$

2. माना देय धन = ₹ x. तब

मिती काटा $= \dfrac{x\times R\times T}{100+(R\times T)} = ₹ \left\{\dfrac{x\times9\times\frac{8}{12}}{100+\left(9\times\frac{8}{12}\right)}\right\} = ₹ \left(\dfrac{6x}{106}\right) = ₹\ \dfrac{3x}{53}.$

$\therefore \dfrac{3x}{53} = 540 \Rightarrow x = \left(540\times\dfrac{53}{3}\right) \Rightarrow x = 9540.$

अत: देय धन = ₹ 9540.

तत्काल धन = (देयधन) – (मिती काटा) = ₹ (9540 – 540) = ₹ 9000.

3. माना देय धन = ₹ x. तब

मिती काटा $= \dfrac{x\times R\times T}{100+(R\times T)} = ₹ \dfrac{\left(x\times8\times\frac{5}{4}\right)}{\left[100+\left(8\times\frac{5}{4}\right)\right]} = ₹ \left(\dfrac{10x}{110}\right) = ₹\ \dfrac{x}{11}.$

$\therefore \dfrac{x}{11} = 150 \Rightarrow x = (150\times11) = 1650.$

अत: देय धन = ₹ 1650.

तत्काल धन = (देय धन) – (मिती काटा) = ₹ (1650 – 150) = ₹ 1500.

4. तत्काल धन = (देय धन) – (मिती काटा) = ₹ (1458 – 378) = ₹ 1080.

₹ 1080 पर $\dfrac{7}{2}$ वर्ष का ब्याज = ₹ 378.

अत: दर $= \left(\dfrac{100\times378}{1080\times\frac{7}{2}}\right)\%$ वार्षिक = 10% वार्षिक.

5. तत्काल धन = (देय धन) – (मिती काटा) = ₹ (2760 – 360) = ₹ 2400.

₹ 2400 का 9% वार्षिक दर से सा० ब्याज = ₹ 360.

अत: अभीष्ट समय $= \dfrac{(100\times360)}{(2400\times9)}$ वर्ष $= \dfrac{5}{3}$ वर्ष = 1 वर्ष 8 माह.

6. स्कूटर का नकद मूल्य = ₹ 17050.

6 माह बाद देय ₹ 17940 का तत्काल धन = ₹ $\left\{\dfrac{100\times17940}{100+\left(8\times\frac{1}{2}\right)}\right\} = ₹ \left(\dfrac{100\times17940}{104}\right) = ₹\ 17250.$

स्पष्ट है कि 17250 > 17050.

अत: दूसरा सौदा अधिक लाभप्रद है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. माना देय धन = ₹ x. तब

$$\text{मिती काटा} = ₹\left\{\frac{\left(x\times9\times\frac{2}{3}\right)}{100+\left(9\times\frac{2}{3}\right)}\right\} = ₹\,\frac{3x}{53}.$$

$$\text{साधारण ब्याज} = ₹\left(x\times9\times\frac{2}{3}\times\frac{1}{100}\right) = ₹\,\frac{3x}{50}.$$

$$\therefore \left(\frac{3x}{50}-\frac{3x}{53}\right) = 36 \Rightarrow (159x-150x) = (36\times50\times53)$$

$$\Rightarrow x = \frac{(36\times50\times53)}{9} = 10600.$$

अत: देय धन = ₹ 10600.

8. माना देय धन = ₹ x. तब

$$\frac{x}{2}+\frac{\left(\frac{x}{2}\times100\right)}{\left\{100+\left(8\times\frac{3}{2}\right)\right\}}-\frac{(x\times100)}{\left\{100+\left(8\times\frac{3}{4}\right)\right\}} = 36 \Rightarrow \frac{x}{2}+\frac{25x}{56}-\frac{50x}{53} = 36$$

$$\Rightarrow 1484x+1325x-2800x = (2968\times36) \Rightarrow 9x = (2968\times36) \Rightarrow x = \frac{2968\times36}{9} = 11872.$$

अत: देय धन = ₹ 11872.

9. B पर ऋण = 2 वर्ष बाद देय ₹ 2204 का तत्काल धन

$$= ₹\left\{\frac{100\times2204}{100+(8\times2)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times2204}{116}\right) = ₹\,1900.$$

A पर ऋण = 6 माह बाद देय ₹ 1872 का तत्काल धन

$$= ₹\left\{\frac{100\times1872}{100+\left(8\times\frac{6}{12}\right)}\right\} = ₹\left\{\frac{100\times1872}{(100+4)}\right\} = ₹\left\{\frac{100\times1872}{104}\right\} = ₹\,1800.$$

अत: B, A को ₹ 100 देगा.

10. साईकिल का क्रय-मूल्य = ₹ 1600.

साईकिल का विक्रय-मूल्य = 6 माह बाद देय ₹ 1749 का तत्काल धन

$$= ₹\left\{\frac{(100\times1749)}{100+\left(12\times\frac{1}{2}\right)}\right\} = ₹\left(\frac{100\times1749}{106}\right) = ₹\,1650.$$

लाभ = ₹ (1650 – 1600) = ₹ 50.

$$\text{लाभ \%} = \left(\frac{50}{1600}\times100\right)\% = \frac{25}{8}\% = 3\frac{1}{8}\%.$$

11. माना देय धन = ₹ x. तब

(₹ x का 6 माह का ब्याज) – (6 माह बाद देय ₹ x का मिती काटा) = ₹ 57·60

$$\Rightarrow \left(x\times12\times\frac{1}{2}\times\frac{1}{100}\right)-\left\{\frac{\left(x\times12\times\frac{1}{2}\right)}{100+\left(12\times\frac{1}{2}\right)}\right\} = 57\cdot60$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\Rightarrow \frac{3x}{50} - \frac{3x}{53} = \frac{5760}{100} \Rightarrow 3x\,(53-50) = \left(\frac{288}{5} \times 50 \times 53\right)$

$\Rightarrow 9x = (288 \times 10 \times 53) \Rightarrow x = \frac{(288 \times 10 \times 53)}{9} \Rightarrow x = 16960.$

अतः अभीष्ट धन = ₹ 16960.

12. देय धन = $\frac{(\text{सा० ब्याज}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{सा० ब्याज}) - (\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{800 \times 640}{800 - 640}\right)$ = ₹ $\left(\frac{800 \times 640}{160}\right)$ = ₹ 3200.

तत्काल धन = ₹ (3200 – 640) = ₹ 2560.

₹ 2560 का 2 वर्ष का सा० ब्याज = ₹ 640.

अतः ब्याज की दर = $\left(\frac{100 \times 640}{2560 \times 2}\right)$% वार्षिक = $\frac{25}{2}$% वार्षिक = 12·5% वार्षिक.

13. तत्काल धन = ₹ (371 – 21) = ₹ 350.

₹ 350 पर एक निश्चित समय के लिए ब्याज = ₹ 21.

₹ 350 पर इससे दुगुने समय के लिए ब्याज = ₹ 42.

₹ (350 + 42) पर मिती काटा = ₹ 42.

∴ ₹ 371 पर मिती काटा = ₹ $\left(\frac{42}{392} \times 371\right)$ = ₹ $\frac{159}{4}$ = ₹ 39·75.

14. माना ब्याज की दर = R% वार्षिक.

देय धन = ₹ $\left\{1200 + \left(1200 \times \frac{7}{12} \times \frac{R}{100}\right)\right\}$ = ₹ $(1200 + 7R)$.

तथा देय धन = ₹ $\left\{1016 + \left(1016 \times \frac{5}{2} \times \frac{R}{100}\right)\right\}$ = ₹ $\left(1016 + \frac{127R}{5}\right)$.

$\therefore (1200 + 7R) = \left(1016 + \frac{127R}{5}\right) \Rightarrow \left(\frac{127R}{5} - 7R\right) = (1200 - 1016)$

$\Rightarrow \frac{92R}{5} = 184 \Rightarrow R = \left(\frac{184 \times 5}{92}\right) \Rightarrow R = 10.$

अतः ब्याज की दर = 10% वार्षिक.

देय धन = ₹ $\left[1200 + \left(1200 \times \frac{7}{12} \times \frac{10}{100}\right)\right]$ = ₹ (1200 + 70) = ₹ 1270.

15. स्पष्ट है कि ₹ 1560 का मिती काटा = ₹ 1200 का 3 वर्ष का सा० ब्याज.

∴ ₹ 1200 का 3 वर्ष का सा० ब्याज = ₹ (1560 – 1200) = ₹ 360.

अतः दर = $\frac{(100 \times 360)}{(1200 \times 3)}$% वार्षिक = 10% वार्षिक.

16. तत्काल धन = ₹ $\left\{\frac{2916}{\left(1 + \frac{8}{100}\right)^2}\right\}$ = ₹ $\left(2916 \times \frac{25}{27} \times \frac{25}{27}\right)$ = ₹ 2500.

∴ मिती काटा = ₹ (2916 – 2500) = ₹ 416.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30 महाजनी बट्टा (BANKER'S DISCOUNT)

सामान्य नियम

कई बार एक व्यापारी दूसरे व्यापारी से उधार माल खरीदता है तथा इसका भुगतान हुण्डी द्वारा करता है. हुण्डी एक प्रकार का बिल है जिसमें अंकित धनराशि को खरीददार एक निश्चित समय के अन्त में चुकाने का लिखित वायदा करता है. इस पर खरीददार अपने हस्ताक्षर करके विक्रेता को वापिस कर देता है. हुण्डी को लिखित तिथि के तीन दिन बाद, जिन्हें रियायती दिन कहते हैं, भुनाया जा सकता है.

यदि माल विक्रेता को हुण्डी की अवधि समाप्त होने से पहले धन चाहिए तो वह इसे बैंकर को बेच देता है. बैंकर देय धन पर शेष समय का ब्याज (जिसे **महाजनी बट्टा** कहते हैं), काट कर हुण्डी का भुगतान कर देता है.

(महाजनी बट्टा) – (मिती काटा) = महाजनी लाभ.

महाजनी बट्टा = देय धन पर ब्याज.

सूत्र

1. महाजनी बट्टा = शेष समय के लिए बिल पर ब्याज.
2. महाजनी लाभ = (महाजनी बट्टा) – (मिती काटा) = मिती काटा पर सा० ब्याज = $\frac{(\text{मिती काटा})^2}{\text{तत्काल धन}}$.
3. महाजनी बट्टा = $\frac{\text{देय धन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$.
4. मिती काटा = $\sqrt{\text{तत्काल धन} \times \text{महाजनी लाभ}}$
5. देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा}) - (\text{मिती काटा})}$.
6. मिती काटा = $\frac{\text{महाजनी लाभ} \times 100}{\text{दर} \times \text{समय}}$.

साधित उदाहरण

प्रश्न 1. 2 वर्ष बाद देय ₹ 1850 का महाजनी बट्टा कितना होगा जबकि ब्याज की दर 8% वार्षिक हो?

हल : महाजनी बट्टा = $\frac{\text{देय धन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100} = ₹\left(\frac{1850\times8\times2)}{100}\right) = ₹\ 296.$

प्रश्न 2. 8 माह बाद देय किसी धन के महाजनी बट्टा तथा मिती काटा क्रमश: ₹ 1300 तथा ₹ 1200 हैं. देय धन तथा दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.

हल : देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा}) - (\text{मिती काटा})} = ₹\left\{\frac{(1300\times1200)}{(1300-1200)}\right\} = ₹\ 15600.$

महाजनी बट्टा = देय धन पर ब्याज.

अत: दर = $\frac{(100\times1300)}{\left(15600\times\frac{8}{12}\right)}\% = \frac{25}{2}\% = 12\cdot5\%.$

प्रश्न 3. 8 माह बाद देय धन पर मिती काटा ₹ 216 है तथा इतने ही धन पर उसी दर से $2\frac{1}{2}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 855 है. देय धन तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिये.

हल : देय धन पर $\frac{5}{2}$ वर्ष का सा० ब्याज = ₹ 855.

Download more free pdf ebexam.blogspot.com

देय धन पर $\frac{8}{12}$ वर्ष का सा० ब्याज = ₹ $\left(855\times\frac{2}{5}\times\frac{8}{12}\right)$ = ₹ 228.

∴ महाजनी बट्टा = ₹ 228 तथा मिती काटा = ₹ 216.

देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{228\times216}{228-216}\right)$ = ₹ $\left(\frac{228\times216}{12}\right)$ = ₹ 4104.

महाजनी बट्टा देय धन पर साधारण ब्याज है.

∴ ₹ 4104 पर $\frac{2}{3}$ वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ 228.

अत: दर = $\left(\frac{100\times228}{4104\times\frac{2}{3}}\right)$% वार्षिक = $\frac{25}{3}$% वार्षिक = $8\frac{1}{3}$% वार्षिक.

प्रश्न 4. कुछ समय बाद देय ₹ 1650 पर मिती काटा ₹ 150 है. इस पर महाजनी बट्टा कितना होगा ?

हल : तत्काल धन = (देय धन) − (मिती काटा) = ₹ (1650 − 150) = ₹ 1500.

₹ 1500 पर साधारण ब्याज = ₹ 150.

₹ 1650 पर साधारण ब्याज = ₹ $\left(\frac{150}{1500}\times1650\right)$ = ₹ 165.

अत: महाजनी बट्टा = ₹ 165.

प्रश्न 5. एक निश्चित समय बाद देय ₹ 2028 पर महाजनी बट्टा ₹ 169 है. मिती काटा तथा महाजनी लाभ ज्ञात कीजिए.

हल : देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})}$ = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{\text{महाजनी लाभ}}$

⇒ $\frac{(\text{मिती काटा})}{\text{महाजनी लाभ}}$ = $\frac{\text{देय धन}}{\text{महाजनी बट्टा}}$ = $\frac{2028}{169}$ = $\frac{12}{1}$.

माना महाजनी लाभ = ₹ x. तब, मिती काटा = ₹ $12x$.

महाजनी बट्टा = (मिती काटा) + (महाजनी लाभ) = ₹ $(12x+x)$ = ₹ $13x$.

∴ $13x = 169 \Rightarrow x = 13$.

अत: महाजनी लाभ = ₹ 13 तथा मिती काटा = ₹ (12 × 13) = ₹ 156.

प्रश्न 6. एक निश्चित समय बाद देय किसी धन का वर्तमान मूल्य ₹ 28900 तथा मिती काटा ₹ 850 है. महाजनी बट्टा तथा महाजनी लाभ ज्ञात कीजिए.

हल : मिती काटा = $\sqrt{\text{तत्काल धन} \times \text{महाजनी लाभ}}$

⇒ $(\text{मिती काटा})^2$ = (तत्काल धन) × (महाजनी लाभ)

⇒ महाजनी लाभ = $\frac{(\text{मिती काटा})^2}{\text{तत्काल धन}}$ = ₹ $\left(\frac{850\times850}{28900}\right)$ = ₹ 25.

⇒ महाजनी बट्टा = (मिती काटा + महाजनी लाभ) = ₹ (850 + 25) = ₹ 875.

प्रश्नमाला 30A

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. कुछ समय बाद देय किसी धन पर महाजनी बट्टा तथा मिती काटा क्रमश: ₹ 720 तथा ₹ 600 हैं. देय धन कितना है ?

(a) ₹ 5400 (b) ₹ 4320 (c) ₹ 4050 (d) ₹ 3600

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

2. 4 माह बाद देय किसी धन का महाजनी बट्टा तथा मिती काटा क्रमशः ₹ 515 तथा ₹ 500 हैं. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ? (मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2004)
(a) 8% (b) 9% (c) 10% (d) 7·5%

3. $1\frac{1}{2}$ वर्ष बाद देय किसी धन पर महाजनी बट्टा ₹ 360 है तथा 2 वर्ष बाद देय इसी धन पर मिती काटा ₹ 400 है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?
(a) 10% (b) 8% (c) 9% (d) 12%

4. 9 माह बाद देय किसी धन पर 8% वार्षिक दर से मिती काटा ₹ 300 है. इस धन पर महाजनी बट्टा कितना होगा ?
(a) ₹ 312 (b) ₹ 316 (c) ₹ 318 (d) ₹ 324

5. ₹ 1650 के बिल पर मिती काटा ₹ 150 है. इस पर महाजनी बट्टा कितना होगा ?
(a) ₹ 175 (b) ₹ 165 (c) ₹ 185 (d) ₹ 135

6. 2 वर्ष बाद देय किसी धन पर महाजनी बट्टा, मिती काटा का $\frac{6}{5}$ है. ब्याज की वार्षिक दर कितनी है ?
(a) 8% (b) 9% (c) 10% (d) 7·5%

7. एक निश्चित समय के बाद देय किसी बिल का वर्तमान मूल्य ₹ 1100 है तथा इस बिल पर मिती काटा ₹ 110 है. महाजनी बट्टा कितना होगा ?
(a) ₹ 165 (b) ₹ 121 (c) ₹ 141 (d) इनमें से कोई नहीं

8. कुछ समय बाद देय किसी धन का वर्तमान मूल्य ₹ 1600 है तथा इस पर मिती काटा ₹ 120 है. महाजनी लाभ कितना है ?
(a) ₹ 9 (b) ₹ 10 (c) ₹ 12 (d) ₹ 16

9. 2 वर्ष बाद देय किसी धन का 10% वार्षिक दर से महाजनी लाभ ₹ 160 है. देय धन कितना है ?
(a) ₹ 3200 (b) ₹ 3600 (c) ₹ 4000 (d) ₹ 4800

10. 1 वर्ष बाद देय किसी धन पर 8% वार्षिक दर से महाजनी लाभ ₹ 60 है. इस धन पर मिती काटा कितना होगा ?
(a) ₹ 480 (b) ₹ 960 (c) ₹ 540 (d) ₹ 750

11. 2 वर्ष बाद देय किसी धन पर 10% वार्षिक दर से महाजनी लाभ ₹ 240 है. इसका तत्काल धन कितना होगा ?
(a) ₹ 2400 (b) ₹ 3600 (c) ₹ 6000 (d) ₹ 4800

12. 8 माह बाद देय किसी धन पर $7\frac{1}{2}\%$ वार्षिक दर से महाजनी बट्टा ₹ 210 है. मिती काटा कितना होगा ?
(a) ₹ 200 (b) ₹ 205 (c) ₹ 202·50 (d) इनमें से कोई नहीं

13. 3 वर्ष बाद देय किसी धन पर 9% वार्षिक दर से महाजनी लाभ ₹ 405 है. महाजनी बट्टा कितना होगा ?
(a) ₹ 1620 (b) ₹ 1500 (c) ₹ 1180 (d) ₹ 3645

14. कुछ समय बाद देय किसी धन का वर्तमान मूल्य ₹ 5760 तथा महाजनी लाभ ₹ 160 है. मिती काटा कितना होगा ?
(a) ₹ 360 (b) ₹ 480 (c) ₹ 720 (d) ₹ 960

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 30A)

1. (d) 2. (b) 3. (a) 4. (c) 5. (b) 6. (c) 7. (b) 8. (a) 9. (d) 10. (d)
11. (c) 12. (a) 13. (b) 14. (d)

दिये गये प्रश्नों का हल — प्रश्नमाला 30A

1. देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा}) - (\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{720 \times 600}{120}\right)$ = ₹ 3600.

2. देय धन = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा}) \times (\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा}) - (\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{515 \times 500}{15}\right)$ = ₹ $\frac{51500}{3}$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$\therefore$ ₹ $\frac{51500}{3}$ पर $\frac{1}{3}$ वर्ष का सा० ब्याज = ₹ 515.

अतः ब्याज की दर $= \frac{(515\times100)}{\left(\frac{51500}{3}\times\frac{1}{3}\right)}\%$ वार्षिक = 9% वार्षिक

3. $\frac{2}{3}$ वर्ष का महाजनी बट्टा = ₹ 360 $\Rightarrow$ 2 वर्ष का महाजनी बट्टा = ₹ $\left(360\times\frac{2}{3}\times2\right)$ = ₹ 480.

देय धन $= \frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{480\times400}{80}\right)$ = ₹ 2400.

₹ 2400 का 2 वर्ष का सा० ब्याज = ₹ 480.

अतः ब्याज की दर $= \left(\frac{100\times480}{2400\times2}\right)\%$ वार्षिक = 10% वार्षिक.

4. महाजनी लाभ = मिती काटा पर सा० ब्याज = ₹ $\left(300\times\frac{9}{12}\times\frac{8}{100}\right)$ = ₹ 18.

$\therefore$ महाजनी बट्टा = (मिती काटा) + (महाजनी लाभ) = ₹ (300 + 18) = ₹ 318.

5. देय धन = ₹ 1650, मिती काटा = ₹ 150.

तत्काल धन = ₹ (1650 – 150) = ₹ 1500.

₹ 1500 पर साधारण ब्याज = ₹ 150.

₹ 1650 पर साधारण ब्याज = ₹ $\left(\frac{150}{1500}\times1650\right)$ = ₹ 165.

अतः महाजनी बट्टा = ₹ 165.

6. माना मिती काटा = ₹ x. तब, महाजनी बट्टा = ₹ $\frac{6x}{5}$.

देय धन $= \frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\frac{\left(\frac{6x}{5}\times x\right)}{\left(\frac{6x}{5}-x\right)}$ = ₹ $6x$.

$\therefore$ ₹ $6x$ पर 2 वर्ष का ब्याज = ₹ $\frac{6x}{5}$.

अतः ब्याज की दर $= \left(\frac{100\times\frac{6x}{5}}{6x\times2}\right)\%$ वार्षिक = 10% वार्षिक.

7. महाजनी लाभ $= \frac{(\text{मिती काटा})^2}{\text{वर्तमान मूल्य}}$ = ₹ $\frac{(110\times110)}{1100}$ = ₹ 11.

महाजनी बट्टा = ₹ (110 + 11) = ₹ 121.

8. महाजनी लाभ $= \frac{(\text{मिती काटा})^2}{\text{वर्तमान मूल्य}}$ = ₹ $\left(\frac{120\times120}{1600}\right)$ = ₹ 9.

9. मिती काटा $= \frac{\text{महाजनी लाभ}\times100}{\text{दर}\times\text{समय}}$ = ₹ $\left(\frac{160\times100}{10\times2}\right)$ = ₹ 800.

महाजनी बट्टा = ₹ (800 + 160) = ₹ 960.

देय धन $= \frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})}$ = ₹ $\left(\frac{960\times800}{160}\right)$ = ₹ 4800.

10. महाजनी लाभ = मिती काटा पर साधारण ब्याज.

$\therefore$ मिती काटा = ₹ $\left(\frac{60\times100}{8\times1}\right)$ = ₹ 750.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

11. महाजनी लाभ = मिती काटा पर साधारण ब्याज.

$\therefore$ मिती काटा = ₹ $\left(\frac{240\times100}{10\times2}\right)$ = ₹ 1200.

मिती काटा = तत्काल धन पर साधारण ब्याज.

$\therefore$ तत्काल धन = ₹ $\left(\frac{1200\times100}{10\times2}\right)$ = ₹ 6000.

12. मिती काटा = $\frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times100}{100+(\text{दर}\times\text{समय})}$ = ₹ $\left\{\frac{210\times100}{100+\left(\frac{15}{2}\times\frac{8}{12}\right)}\right\}$

= ₹ $\left(\frac{210\times100}{105}\right)$ = ₹ 200.

13. मिती काटा = $\left(\frac{\text{महाजनी लाभ}\times100}{\text{दर}\times\text{समय}}\right)$ = ₹ $\left(\frac{405\times100}{9\times3}\right)$ = ₹ 1500.

14. मिती काटा = $\sqrt{\text{वर्तमान मूल्य}\times\text{महाजनी लाभ}}$ = ₹ $\left\{\sqrt{5760\times160}\right\}$ = ₹ 960.

प्रश्नमाला 30B

1. ₹ 20600 का एक बिल (अर्थात हुण्डी) 15 जुलाई 2011 को 5 माह के लिए लिखा गया तथा 6 अक्तूबर 2011 को 10% की दर से भुना लिया गया. महाजनी बट्टा, मिती काटा तथा महाजनी लाभ ज्ञात कीजिए. यह भी ज्ञात कीजिए कि विक्रेता को कितना धन मिला ?
2. 8% वार्षिक दर से 6 माह बाद देय किसी धन पर मिती काटा ₹ 375 है. इसी दर पर तथा इतने ही समय के लिए महाजनी बट्टा कितना होगा ?
3. 1 वर्ष 3 माह बाद देय किसी धन का महाजनी बट्टा तथा मिती काटा क्रमशः ₹ 1300 तथा ₹ 1200 हैं. देय धन तथा दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
4. ₹ 1800 पर 9% वार्षिक दर से किसी निश्चित समय का महाजनी बट्टा तथा इसी दर पर इतने ही समय के लिए ₹ 1908 पर मिती काटा बराबर हैं. समय ज्ञात कीजिये.
5. 10 माह बाद देय धन पर मिती काटा ₹ 1200 है. इतने ही धन पर इसी दर से $2\frac{1}{2}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 3780 है. देय धन तथा ब्याज की दर ज्ञात कीजिए.
6. एक निश्चित समय बाद देय किसी धन का वर्तमान मूल्य ₹ 28900 तथा मिती काटा ₹ 850 है. महाजनी बट्टा तथा महाजनी लाभ ज्ञात कीजिए.
7. 1 वर्ष 4 माह बाद देय किसी धन का 9% वार्षिक दर से महाजनी लाभ ₹ 108 है. देय धन ज्ञात कीजिए.
8. $1\frac{1}{2}$ वर्ष बाद देय किसी धन का महाजनी बट्टा, मिती काटा का $\frac{23}{20}$ है. ब्याज की दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
9. 1 वर्ष 3 माह बाद देय किसी धन का महाजनी लाभ, महाजनी बट्टे का $\frac{1}{11}$ है. ब्याज की दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए.
10. एक व्यापारी अपने 10 माह बाद देय बिल का भुगतान देने में 10% काट लेता है. उसे किस दर से ब्याज मिलता है ?

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 30B)

1. महाजनी बट्टा = ₹ 408, मिती काटा = ₹ 400, महाजनी लाभ = ₹ 8, विक्रेता को मिला धन = ₹ 20392
2. ₹ 390
3. ₹ 15600, $6\frac{2}{3}$% वार्षिक
4. 8 माह
5. ₹ 25200, 6% वार्षिक
6. ₹ 25, ₹ 875
7. ₹ 8400
8. 10% वार्षिक
9. 8% वार्षिक
10. $13\frac{1}{3}$% वार्षिक

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 30B

1. देय धन = ₹ 20400.
बिल लिखे जाने की तिथि = 15 जुलाई, 2011 (5 माह के लिए)
देय तिथि = 15 दिसम्बर, 2011.
शुद्ध देय तिथि = 18 दिसम्बर, 2011
बिल भुनाये जाने की तिथि = 6 अक्तूबर, 2011.
शेष समय अक्तू० नव० दिस०
(25 + 30 + 18) दिन = 73 दिन = $\frac{1}{5}$ वर्ष.

महाजनी बट्टा = ₹ 20400 पर 10% वार्षिक दर से $\frac{1}{5}$ वर्ष का ब्याज
$= ₹\left(20400\times\frac{10}{100}\times\frac{1}{5}\right) = ₹\ 408.$

मिती काटा $= ₹\left\{\frac{20400\times10\times\frac{1}{5}}{100+\left(10\times\frac{1}{5}\right)}\right\} = ₹\ 400.$

महाजनी लाभ = ₹ (408 − 400) = ₹ 8.
विक्रेता को मिला धन = ₹ (20400 − 8) = ₹ 20392.

2. महाजनी लाभ = मिती काटा पर साधारण ब्याज $= ₹\left(375\times\frac{8}{100}\times\frac{6}{12}\right) = ₹\ 15.$
महाजनी बट्टा = (मिती काटा) + (महाजनी लाभ) = ₹ (375 + 15) = ₹ 390.

3. महाजनी बट्टा = ₹ 1300 तथा मिती काटा = ₹ 1200.
देय धन $= \frac{(\text{महाजनी बट्टा})\times(\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा})-(\text{मिती काटा})} = ₹\left(\frac{1300\times1200}{100}\right) = ₹\ 15600.$
महाजनी बट्टा = देय धन पर सा० ब्याज
⇒ ₹ 15600 का $\frac{5}{4}$ वर्ष का ब्याज = ₹ 1300.
⇒ दर $= \frac{(100\times1300)}{\left(15600\times\frac{5}{4}\right)}\%$ वार्षिक $= \frac{20}{3}\%$ वार्षिक $= 6\frac{2}{3}\%$ वार्षिक.

4. स्पष्ट है कि ₹ 1908 का वर्तमान मूल्य = ₹ 1800.
∴ ₹ 1800 पर 9% वार्षिक दर से सा० ब्याज = ₹ 108.
अतः समय $= \frac{(100\times108)}{(1800\times9)}$ वर्ष $= \frac{2}{3}$ वर्ष $= \left(\frac{2}{3}\times12\right)$ माह = 8 माह.

5. देय धन पर $\frac{5}{2}$ वर्ष का ब्याज = ₹ 3780.
देय धन पर $\frac{10}{12}$ वर्ष का ब्याज $= ₹\left(3780\times\frac{2}{5}\times\frac{10}{12}\right) = ₹\ 1260.$
महाजनी बट्टा = ₹ 1260 तथा मिती काटा = ₹ 1200.
देय धन $= ₹\left(\frac{1260\times1200}{1260-1200}\right) = ₹\left(\frac{1260\times1200}{60}\right) = ₹\ 25200.$
महाजनी बट्टा = देय धन पर साधारण ब्याज
∴ ₹ 25200 का $\frac{5}{6}$ वर्ष का सा० ब्याज = ₹ 1260.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अत: दर $= \dfrac{(100\times1260)}{\left(25200\times\dfrac{5}{6}\right)}\%$ वार्षिक $= 6\%$ वार्षिक.

6. महाजनी लाभ $= \dfrac{(\text{मिती काटा})^2}{\text{तत्काल धन}} = ₹\left(\dfrac{850\times850}{28900}\right) = ₹\ 25.$

महाजनी बट्टा = (मिती काटा + महाजनी लाभ) = रु (850 + 25) = रु 875.

7. मिती काटा $= \dfrac{(\text{महाजनी लाभ}\times100)}{(\text{दर}\times\text{समय})} = ₹\left(\dfrac{108\times100}{9\times\dfrac{4}{3}}\right) = ₹\ 900.$

महाजनी बट्टा = ₹ (900 + 108) = ₹ 1008.

देय धन $= \dfrac{(\text{महाजनी बट्टा}\times\text{मिती काटा})}{(\text{महाजनी बट्टा}-\text{मिती काटा})} = \dfrac{(\text{महाजनी बट्टा}\times\text{मिती काटा})}{\text{महाजनी लाभ}}$

$= ₹\left(\dfrac{1008\times900}{108}\right) = ₹\ 8400.$

8. माना मिती काटा = ₹ x. तब, महाजनी बट्टा = ₹ $\dfrac{23x}{20}$.

देय धन $= ₹\left\{\dfrac{\left(\dfrac{23x}{20}\times x\right)}{\left(\dfrac{23x}{20}-x\right)}\right\} = ₹\ \dfrac{23x}{3}.$

$\therefore$ ₹ $\dfrac{23x}{3}$ का $\dfrac{3}{2}$ वर्ष का सा० ब्याज = ₹ $\dfrac{23x}{20}$.

अत: दर $= \dfrac{\left(100\times\dfrac{23x}{20}\right)}{\left(\dfrac{23x}{3}\times\dfrac{3}{2}\right)}\%$ वार्षिक $= 10\%$ वार्षिक.

9. माना महाजनी बट्टा = ₹ x. तब, महाजनी लाभ = ₹ $\dfrac{x}{11}$.

मिती काटा = ₹ $\left(x-\dfrac{x}{11}\right) =$ रु० $\dfrac{10x}{11}$.

देय धन $= ₹\left\{\dfrac{\left(x\times\dfrac{10x}{11}\right)}{\left(x-\dfrac{10x}{11}\right)}\right\} = ₹\ 10x.$

₹ $10x$ पर $\dfrac{5}{4}$ वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ x.

$\therefore$ दर $= \dfrac{(100\times x)}{\left(10x\times\dfrac{5}{4}\right)}\%$ वार्षिक $= 10\%$ वार्षिक.

10. माना देय धन = ₹ 100. तब, काटा गया धन = ₹ 10.

बिल वाले व्यापारी को अभी मिलेगा = ₹ 90.

$\therefore$ ₹ 90 पर $\dfrac{10}{12}$ वर्ष का साधारण ब्याज = ₹ 10.

अत: दर $= \left(\dfrac{100\times10}{90\times\dfrac{10}{12}}\right)\%$ वार्षिक $= \dfrac{40}{3}\%$ वार्षिक $= 13\dfrac{1}{3}\%$ वार्षिक.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

31 बीजगणित (ALGEBRA)

आवश्यक तथ्य एवं सूत्र

1. (i) $(a+b)^2 = a^2 + b^2 + 2ab$. (ii) $(a-b)^2 = a^2 + b^2 - 2ab$.
   (iii) $(a+b)^2 - (a-b)^2 = 4ab$. (iv) $(a+b)^2 + (a-b)^2 = 2(a^2 + b^2)$.
   (v) $(a+b+c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 + 2(ab + bc + ca)$.
   (vi) $(a^2 - b^2) = (a+b)(a-b)$.
2. (i) $(a+b)^3 = a^3 + b^3 + 3ab(a+b)$. (ii) $(a-b)^3 = a^3 - b^3 - 3ab(a-b)$.
   (iii) $(a^3 + b^3) = (a+b)(a^2 + b^2 - ab)$. (iv) $(a^3 - b^3) = (a-b)(a^2 + b^2 + ab)$.
   (v) $(a^3 + b^3 + c^3 - 3abc) = (a+b+c)(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca)$.
   (vi) $a + b + c = 0 \Rightarrow a^3 + b^3 + c^3 = 3abc$.
3. (i) **गुणनखण्ड प्रमेय (Factor Theorem) :** यदि $f(x)$ का एक गुणनखण्ड $(x-a)$ हो, तो $f(a) = 0$.
   (ii) **शेषफल प्रमेय (Remainder Theorem) :** यदि $f(x)$ को $(x-a)$ से भाग दें तो शेषफल $= f(a)$.
4. **कुछ विशेष परिणाम :**
   (i) $(x^n - a^n)$ सदैव $(x-a)$ से पूर्णतया विभक्त होगा.
   (ii) $(x^n - a^n)$ तभी $(x+a)$ से पूर्णतया विभक्त होगा, जबकि n एक समसंख्या हो.
   (iii) $(x^n + a^n)$ तभी $(x+a)$ से पूर्णतया विभक्त होगा, जबकि n एक विषम संख्या हो.
   (iv) $(x^n + a^n)$ कभी भी $(x-a)$ से पूर्णतया विभक्त नहीं होगा.
5. **करणी (SURDS)**

   माना a एक धनात्मक परिमेय संख्या है तथा n एक धनपूर्णांक है. तब $\sqrt[n]{a} = a^{\frac{1}{n}}$ को nवें घात की करणी कहते हैं, जबकि किसी भी धनात्मक परिमेय संख्या की nवीं घात a के बराबर नहीं है.

   उदाहरणार्थ : (i) $\sqrt{11}$ एक करणी है, चूँकि किसी भी धनात्मक परिमेय संख्या का वर्ग 11 नहीं है.
   (ii) $\sqrt[3]{12}$ एक करणी है, चूँकि किसी भी धनात्मक परिमेय संख्या का घन 12 नहीं है.
   (iii) $\sqrt{9}$ एक करणी नहीं है, क्योंकि $9 = 3^2$.
   (iv) $\sqrt[3]{8}$ एक करणी नहीं है, क्योंकि $8 = 2^3$.

   नोट : प्रत्येक अपरिमेय संख्या का करणी होना आवश्यक नहीं.
   जैसे : π एक अपरिमेय संख्या है, परन्तु करणी नहीं.
6. **करणी के नियम :**
   (i) $\left(\sqrt[n]{a}\right)^n = \left(a^{1/n}\right)^n = a^{\left(\frac{1}{n} \times n\right)} = a^1 = a.$
   (ii) $\left(\sqrt[n]{a} \times \sqrt[n]{b}\right)^n = \left(a^{\frac{1}{n}} \times b^{\frac{1}{n}}\right)^n = \left\{(ab)^{\frac{1}{n}}\right\}^n = (ab)^{\left(\frac{1}{n} \times n\right)} = (ab)^1 = ab.$
   (iii) $\left(\sqrt[m]{\sqrt[n]{a}}\right)^{mn} = \left\{\left(a^{\frac{1}{n}}\right)^{\frac{1}{m}}\right\}^{mn} = a^{\left(\frac{1}{nm} \times mn\right)} = a^1 = a.$
7. (i) **शुद्ध करणी (Pure Surd) :**
   यदि किसी एकपदी करणी में गुणांक 1 हो, तो यह शुद्ध करणी कहलाती है.
   जैसे : $\sqrt{2}, \sqrt[3]{6}, \sqrt[4]{8}$ आदि सभी शुद्ध करणी हैं.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*ii*) **मिश्र करणी (Mixed Surd) :**

यदि किसी एकपदी करणी में 1 के अतिरिक्त कोई अन्य परिमेय गुणांक हो, तो उसे मिश्र करणी कहते हैं.

जैसे : $3\sqrt{2}$, $5\sqrt[3]{6}$, $2\sqrt[4]{8}$ आदि.

बहुपद (Polynomial) : एक चर x के विभिन्न घात वाले पदों को + चिन्ह से एकत्रित करने पर प्राप्त व्यंजक

$p(x) = a_0x^n + a_1x^{n-1} + a_2x^{n-2} + ... + a_{n-1}x + a_n$

को चर x में एक बहुपद कहते हैं जहाँ a_0, a_1 इत्यादि धनात्मक या ऋणात्मक वास्तविक संख्याएँ हैं एवं n एक पूर्ण संख्या है.

जैसे : $4x^3 - 2x^2 + 5x - 8$ चर x में एक बहुपद है जबकि $5\sqrt{y} + \sqrt{7}y$ चर y में बहुपद नहीं है क्योंकि प्रथम पद $5\sqrt{y}$ में y का घात $\frac{1}{2}$ है जो एक पूर्ण संख्या नहीं है.

बहुपद का घात (Degree of a Polynomial) : किसी बहपद में सबसे बड़े घात वाले पद के घातांक को उस बहुपद का घात कहा जाता है.

जैसे : बहुपद $x^3 + 3x^2 + 2x + 5$ में x के सबसे बड़े घात वाला पद x^3 है. इसका घातांक 3 है. अत: इस बहुपद का घात 3 है.

रैखिक बहुपद (Linear Polynomial) : यदि बहुपद में प्रयुक्त चर का अधिकतम घात 1 हो तो उसे रैखिक बहुपद कहते हैं.

जैसे : $4x$, $2x + 5$, $\sqrt{3} - y$

द्विघाती बहुपद (Quadratic Polynomial) : यदि बहुपद में प्रयुक्त चर का अधिकतम घात 2 हो तो उसे द्विघाती बहुपद कहते हैं.

जैसे : $3x^2$, $2x^2 - 5x + 3$, $y^2 + \frac{3}{5}y$.

प्रश्नमाला 31

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. निम्नलिखित व्यंजकों में से कौन-सा बहुपद है ?

   (*a*) $x + \frac{1}{x} - 2$ (*b*) $\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}} + 3$ (*c*) $\sqrt{3}x^2 + \sqrt{2}x + 6$ (*d*) $x + 2\sqrt[3]{x} + 3$

2. निम्नलिखित व्यंजकों में से कौन-सा बहुपद है ?

   (*a*) $\sqrt{x} - 2$ (*b*) $\frac{1}{\sqrt{x}} + 3$ (*c*) $x - \frac{1}{x}$ (*d*) $2x$

3. निम्नलिखित व्यंजकों में से कौन-सा बहुपद है ?

   (*a*) $x + \frac{1}{x} + 1$ (*b*) $\frac{1}{x} + 3$ (*c*) $\sqrt{x} + 3$ (*d*) -5

4. निम्नलिखित व्यंजकों में से कौन-सा बहुपद है ?

   (*a*) $x^{-2} + x^{-1} + 1$ (*b*) $x + x^{-1} + 2$ (*c*) $x^{-1} + 5$ (*d*) 0

5. निम्नलिखित में से कौन-सा रैखिक बहुपद है ?

   (*a*) $x + \frac{1}{x}$ (*b*) $x + x^2$ (*c*) $x + 8$ (*d*) $\frac{3}{x} + 3$

6. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक द्विपदी है ?

   (*a*) $x^2 + x + 3$ (*b*) $x^3 + 2$ (*c*) $2x^2$ (*d*) $x^2 + 3x + 5$

7. $\sqrt{2}$ किस घात का बहुपद है ?

   (*a*) 2 (*b*) $\frac{1}{2}$ (*c*) 1 (*d*) 0

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. शून्य-बहुपद की घात कितनी है ?

(a) 0 (b) 1 (c) परिभाषित नहीं है (d) इनमें से कोई नहीं

9. यदि $p(x) = x^{\frac{1}{3}} + 3$ हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) $p(x)$ एक बहुपदी है जिसकी घात 3 है (b) $p(x)$ एक बहुपदी है जिसकी घात $\frac{1}{3}$ है

(c) $p(x)$ एक व्यंजक है जो बहुपदी नहीं है (d) इनमें से कोई नहीं

10. यदि $\sqrt{2} = 1{\cdot}414$ हो, तो $\frac{1}{\sqrt{2}} = ?$

(a) 0·471 (b) 0·707 (c) 0·713 (d) 1·707

11. यदि $\sqrt{3} = 1{\cdot}732$ हो, तो $\frac{1}{\sqrt{3}} = ?$

(a) 0·866 (b) 0·433 (c) 0·577 (d) इनमें से कोई नहीं

12. यदि $\frac{3+\sqrt{2}}{3-\sqrt{2}} = a + b\sqrt{2}$ हो, तो

(a) $a = \frac{11}{7}, b = \frac{3}{7}$ (b) $a = \frac{11}{7}, b = \frac{4}{7}$ (c) $a = \frac{11}{7}, b = \frac{5}{7}$ (d) $a = \frac{11}{7}, b = \frac{6}{7}$

13. यदि $\frac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1} = a - b\sqrt{2}$ हो, तो

(a) $a = 3,\ b = 2$ (b) $a = 2,\ b = 3$ (c) $a = 5,\ b = 3$ (d) $a = 3,\ b = 5$

14. यदि $\frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1} = a + b\sqrt{3}$ हो, तो

(a) $a = 2,\ b = 1$ (b) $a = 2,\ b = -1$ (c) $a = 3,\ b = -2$ (d) $a = 1,\ b = -2$

15. यदि $\frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} = a + b\sqrt{15}$ हो, तो

(a) $a = 3,\ b = 2$ (b) $a = 4,\ b = 1$ (c) $a = 5,\ b = 3$ (d) $a = 3,\ b = 5$

16. यदि $\frac{5+2\sqrt{3}}{7+4\sqrt{3}} = a + b\sqrt{3}$ हो, तो

(a) $a = 11,\ b = 6$ (b) $a = -11,\ b = 6$ (c) $a = 11,\ b = -6$ (d) $a = -11,\ b = -6$

17. यदि $\frac{4+2\sqrt{5}}{4-3\sqrt{5}} = a + b\sqrt{5}$ हो, तो

(a) $a = \frac{46}{29}, b = \frac{-20}{29}$ (b) $a = \frac{-46}{29}, b = \frac{20}{29}$ (c) $a = \frac{46}{29}, b = \frac{20}{29}$ (d) $a = \frac{-46}{29}, b = \frac{-20}{29}$

18. यदि $\frac{(3\sqrt{2}-2\sqrt{3})}{(\sqrt{3}+\sqrt{2})} = a + b\sqrt{6}$ हो, तो

(a) $a = 12,\ b = -5$ (b) $a = -12,\ b = 5$ (c) $a = -12,\ b = -5$ (d) $a = 12,\ b = 5$

19. यदि $\sqrt{5} = 2{\cdot}236$ हो, तो $\frac{(3-\sqrt{5})}{(3+\sqrt{5})}$ का मान कितना होगा ?

(a) 0·134 (b) 0·124 (c) 0·764 (d) 0·146

20. यदि $x = \frac{(\sqrt{5}+\sqrt{3})}{(\sqrt{5}-\sqrt{3})}$ हो, तो $\left(x^3 + \frac{1}{x^3}\right) = ?$

(a) 512 (b) 625 (c) 488 (d) 424

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

21. यदि $x=(2+\sqrt{3})$ हो, तो $\left(x^3+\frac{1}{x^3}\right)=?$

(*a*) 52 (*b*) 56 (*c*) 72 (*d*) इनमें से कोई नहीं

22. $\frac{(7+3\sqrt{5})}{(3+\sqrt{5})}+\frac{(7-3\sqrt{5})}{(3-\sqrt{5})}=?$

(*a*) 6 (*b*) 9 (*c*) 3 (*d*) 8

23. $\frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}+\frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}=?$

(*a*) 6 (*b*) 4 (*c*) 12 (*d*) 10

24. $\sqrt{50}\times\sqrt{72}=?$

(*a*) 60 (*b*) 65 (*c*) $6\sqrt{5}$ (*d*) $15\sqrt{2}$

25. $\sqrt{20}\times\sqrt{45}$

(*a*) 25 (*b*) 30 (*c*) 35 (*d*) इनमें से कोई नहीं

26. $\sqrt{20}+\sqrt{80}+\sqrt{45}-\sqrt{180}=?$

(*a*) $4\sqrt{5}$ (*b*) $5\sqrt{3}$ (*c*) $3\sqrt{5}$ (*d*) $5\sqrt{5}$

27. $(125)^{-\frac{1}{3}}=?$

(*a*) -5 (*b*) $\frac{-1}{5}$ (*c*) 5 (*d*) $\frac{1}{5}$

28. $(27)^{\frac{2}{3}}=?$

(*a*) 6 (*b*) 9 (*c*) $\frac{1}{6}$ (*d*) $\frac{1}{9}$

29. $(16)^{\frac{3}{2}}=?$

51. यदि $\Delta ABC \sim \Delta QRP$, $\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta QRP)} = \frac{9}{4}$ तथा BC = 15 सेमी॰ हो, तो PR = ?
(a) 8 सेमी॰ (b) 10 सेमी॰ (c) 12 सेमी॰ (d) $6\frac{2}{3}$ सेमी॰

52. यदि किसी समद्विबाहु ΔABC में $AC = BC$ हो तथा $AB^2 = 2AC^2$ हो, तो $\angle C$ = ?
(a) 30° (b) 45° (c) 60° (d) 90°

53. यदि ΔABC में AB = 16 सेमी॰, BC = 12 सेमी॰ तथा AC = 20 सेमी॰ हो तो ΔABC होगा :
(a) न्यूनकोण त्रिभुज (b) समकोण त्रिभुज (c) अधिककोण त्रिभुज (d) ज्ञात करना संभव नहीं

54. किसी ΔABC में निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $(AB - AC) = BC$ (b) $(AB - AC) > BC$ (c) $(AB - AC) < BC$ (d) इनमें से कोई नहीं

55. किसी ΔABC में निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $(AB + AC) = BC$ (b) $(AB + AC) > BC$ (c) $(AB + AC) < BC$ (d) इनमें से कोई नहीं

56. दी गई ΔABC में यदि AB = 8 सेमी॰, AC = 12 सेमी॰ तथा $\angle A$ का समद्विभाजक AD है तो $BD : DC$ = ?
(a) 2 : 3 (b) 4 : 9 (c) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$ (d) 3 : 2



57. एक ΔABC में $\angle A$ का अर्द्धक AD है.
यदि BD = 5 सेमी॰, DC = 6 सेमी॰ तथा AB = 8 सेमी॰ हो, तो AC = ?
(a) 9 सेमी॰ (b) 9·6 सेमी॰ (c) 7 सेमी॰ (d) 6 सेमी॰



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

58. एक ΔABC में $\angle A$ का अर्द्धक AD है. यदि $AB = 9$ सेमी०, $AC = 12$ सेमी०, $BD = (7 - x)$ सेमी० तथा $DC = x$ सेमी० हो, तो $x = ?$

(a) 4 (b) 4·8 (c) 3·5 (d) 2·5



59. एक त्रिभुज में शीर्ष से डाला गया लम्ब आधार को समद्विभाजित करता है. यह त्रिभुज है :

(a) एक समकोण त्रिभुज (b) एक अधिककोण त्रिभुज
(c) एक समद्विबाहु त्रिभुज (d) एक विषमबाहु त्रिभुज

60. एक समबाहु ΔABC में यदि $AD \perp BC$ हो, तो निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा होगा ?

(a) $2AB^2 = 3AD^2$ (b) $4AB^2 = 3AD^2$ (c) $3AB^2 = 4AD^2$ (d) $3AB^2 = 2AD^2$

61. एक समद्विबाहु ΔABC में $AB = AC = 13$ सेमी० तथा A से BC पर डाले गये लम्ब AD की लम्बाई = 5 सेमी०, तब $BC = ?$

(a) 12 सेमी० (b) 16 सेमी० (c) 18 सेमी० (d) 24 सेमी०



62. एक समबाहु त्रिभुज की प्रत्येक भुजा 10 सेमी० लम्बी है. इस त्रिभुज की ऊँचाई कितनी है ?

(a) $5\sqrt{3}$ सेमी० (b) $6\sqrt{2}$ सेमी० (c) $5\sqrt{2}$ सेमी० (d) $6\sqrt{3}$ सेमी०

63. दी गई आकृति में ΔPQR के अन्दर एक बिन्दु O ऐसा है कि $\angle POR = 90°$, $OP = 6$ सेमी० तथा $OR = 8$ सेमी०. यदि $PQ = 24$ सेमी० तथा $\angle QPR = 90°$ हो, तो $QR = ?$

(a) 25 सेमी० (b) 26 सेमी० (c) 28 सेमी० (d) 32 सेमी०



64. एक समकोण त्रिभुज के कर्ण की लम्बाई 25 सेमी० है. शेष दोनों भुजाओं में से एक भुजा दूसरी भुजा से 5 सेमी० बड़ी है. इन दो भुजाओं की लम्बाईयाँ हैं क्रमश:

(a) 10 सेमी०, 15 सेमी० (b) 12 सेमी०, 17 सेमी० (c) 13 सेमी०, 18 सेमी० (d) 15 सेमी०, 20 सेमी०

65. एक 25 मीटर लम्बी सीढ़ी एक 24 मीटर ऊँचे भवन की छत को छूती है. इस भवन से कितनी दूरी पर सीढ़ी के पाद हैं ?

(a) 1 मीटर (b) 3·5 मीटर (c) 6 मीटर (d) 7 मीटर

66. एक व्यक्ति एक बिन्दु से 24 मीटर पश्चिम की ओर जाकर वहाँ से 10 मीटर उत्तर की ओर जाता है. वह प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है ?

(a) 17 मीटर (b) 26 मीटर (c) 28 मीटर (d) 34 मीटर

67. एक व्यक्ति एक बिन्दु से 12 मीटर दक्षिण की ओर जाकर वहाँ से 35 मीटर पश्चिम की ओर जाता है. वह प्रारम्भिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है ?

(a) 23 मीटर (b) 23·5 मीटर (c) 47 मीटर (d) 37 मीटर

68. जमीन में गड़े हुये दो खम्भे क्रमश: 7 मीटर तथा 13 मीटर ऊँचे हैं तथा इनके बीच की क्षैतिज दूरी 8 मीटर है. इन खम्भों की चोटियों के बीच की दूरी कितनी है ?

(a) 12 मीटर (b) 11 मीटर (c) 10 मीटर (d) 9 मीटर

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

69. किसी समय पर एक उर्ध्वाधर खड़ी 1·8 मीटर लम्बी छड़ की जमीन पर परछाई 45 सेमी० लम्बी है. इसी समय एक 6 मीटर ऊँचे खम्भे की परछाई की लम्बाई कितनी होगी ?

(*a*) 2·4 मीटर (*b*) 1·8 मीटर (*c*) 1·5 मीटर (*d*) 4 मीटर

70. किसी समय पर एक उर्ध्वाधर खड़े 6 मीटर ऊँचे खम्भे की जमीन पर परछाई 3·6 मीटर है. इस मीनार की ऊँचाई कितनी होगी जिसकी उसी समय परछाई की लम्बाई 18 मीटर हो ?

(*a*) 30 मीटर (*b*) 24 मीटर (*c*) 28·8 मीटर (*d*) 32·4 मीटर

71. ΔABC में यदि $AB = 3{\cdot}5$ सेमी० तथा $BC = 7$ सेमी० हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सी नाप AC की लम्बाई नहीं हो सकती ?

(*a*) 3·4 सेमी० (*b*) 4 सेमी० (*c*) 4·5 सेमी० (*d*) 10 सेमी०

72. ΔABC में यदि $AB = 6$ सेमी० तथा $BC = 3{\cdot}2$ सेमी० हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सी नाप AC की लम्बाई नहीं हो सकती ?

(*a*) 3·8 सेमी० (*b*) 2·8 सेमी० (*c*) 9 सेमी० (*d*) 2·9 सेमी०

73. यदि ΔABC में $\angle A = \angle B = 45°$ हो तो सबसे बड़ी भुजा कौन-सी है ?

(*a*) BC (*b*) AC (*c*) AB (*d*) तीनों भुजायें बराबर हैं

74. ΔABC में यदि $\angle A = 60°$ तथा $\angle B = 80°$ हो, तो त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा कौन-सी है ?

(*a*) BC (*b*) AC (*c*) AB (*d*) तीनों भुजायें बराबर हैं

75. यदि ΔABC में $\angle B = 120°$ तथा $\angle C = 40°$ हो, तो त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा कौन-सी है ?

(*a*) BC (*b*) AB (*c*) AC (*d*) इनमें से कोई नहीं

76. दी गई आकृति में $AC > AB$ है तथा $\angle A$ का समद्विभाजक AD है. तब, निम्नलिखित में से सही कथन कौन-सा है ?

(*a*) $\angle ADC = \angle ADB$ (*b*) $\angle ADC < \angle ADB$
(*c*) $\angle ADC > \angle ADB$ (*d*) $\angle ADC = 90°$



77. ΔABC में $\angle B = 35°$, $\angle C = 65°$ तथा $\angle BAC$ का अर्द्धक BC को X पर काटता है. तब, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(*a*) $AX > BX > CX$ (*b*) $BX > CX > AX$
(*c*) $BX > AX > CX$ (*d*) $CX > BX > AX$



78. ΔABC में भुजा BC पर कोई बिन्दु D हो, तो निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?

(*a*) $AB + BC + CA = AD$ (*b*) $AB + BC + CA > AD$
(*c*) $AB + BC + CA = 2AD$ (*d*) $AB + BC + CA > 2AD$



79. दी गई आकृति में यदि $AB > AC$ हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(*a*) $AB < AD$ (*b*) $AB = AD$
(*c*) $AB > AD$ (*d*) निश्चित नहीं किया जा सकता



80. दी गई ΔABC में यदि $\angle A > \angle B$ हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(*a*) $AC > BC$ (*b*) $BC > AC$
(*c*) $AB > BC$ (*d*) $AB > AC$



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

81. दी गई ΔABC में दिया है कि $AB > AC$. यदि $\angle B$ तथा $\angle C$ के अर्द्धक क्रमशः BO तथा CO परस्पर O पर मिलें, तो निम्नलिखित में से सही कथन कौन-सा है ?



(a) $OB > OC$ (b) $OB < OC$
(c) $OB = OC$ (d) इनमें से कोई नहीं

82. ΔABC के अभ्यन्तर में कोई बिन्दु O है. तब निम्नलिखित में से सही कथन कौन-सा है ?

(a) $(OA + OB + OC) > (AB + BC + CA)$ (b) $(OA + OB + OC) > \frac{1}{2}(AB + BC + CA)$
(c) $(OA + OB + OC) < \frac{1}{2}(AB + BC + CA)$ (d) इनमें से कोई नहीं

83. ΔABC तथा ΔDEF में यदि $BC = EF$ तथा $AC = DF$ हो, तो $\Delta ABC \cong \Delta DEF$ तभी होगा जबकि



(a) $\angle A = \angle D$ (b) $\angle B = \angle E$
(c) $\angle C = \angle F$ (d) इनमें से कोई नहीं

84. ΔABC तथा ΔDEF में यदि $\angle B = \angle E$ तथा $\angle C = \angle F$ हो, तो $\Delta ABC \cong \Delta DEF$ तभी होगा जबकि



(a) $BC = EF$ (b) $AB = DF$
(c) $AC = DE$ (d) $\angle A = \angle D$

85. दो त्रिभुजों के सर्वांगसम होने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिबंधता पर्याप्त नहीं है ?
(a) SSA (b) SAS (c) ASA (d) SSS

86. दी गई आकृति में BC का मध्य बिन्दु L है तथा $LM \perp AB$ एवं $LN \perp AC$ इस प्रकार है कि $LM = LN$. तब, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सत्य है ?



(a) $AB = AC$ (b) $AC = BC$
(c) $AB = BC$ (d) इनमें से कोई नहीं

87. दी गई आकृति में ΔABC में $BL \perp AC$ तथा $CM \perp AB$ इस प्रकार हैं कि $BL = CM$. तब निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?



(a) $\Delta ABL \cong \Delta ACM$ (b) $\Delta ABL \cong \Delta AMC$
(c) $\Delta ABL \cong \Delta CAN$ (d) $\Delta ABC \cong \Delta EFD$

88. दी गई आकृति में $AE = DB$, $CB = EF$ तथा $\angle ABC = \angle FED$. तब, निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?



(a) $\Delta ABC \cong \Delta DEF$ (b) $\Delta ABC \cong \Delta EDF$
(c) $\Delta ABC \cong \Delta FED$ (d) $\Delta ABC \cong \Delta EFD$

89. यदि किसी त्रिभुज के दो शीर्षों से विपरीत भुजाओं पर डाले गये लम्ब बराबर हों, तो ऐसी त्रिभुज होगी :
(a) समबाहु त्रिभुज (b) समद्विबाहु त्रिभुज (c) विषमबाहु त्रिभुज (d) समकोण त्रिभुज

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

90. निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) एक त्रिभुज में दो कोण समकोण हो सकते हैं.
(b) एक त्रिभुज में दो कोण अधिक कोण हो सकते हैं.
(c) एक त्रिभुज में दो न्यूनकोण हो सकते हैं.
(d) किसी त्रिभुज की एक भुजा को बढ़ाने पर बना बाह्यकोण प्रत्येक आन्तरिक कोण से छोटा होता है.

91. किसी त्रिभुज के तीनों शीर्षों से विपरीत भुजाओं पर डाले गये लम्बों का प्रतिच्छेद बिन्दु उस त्रिभुज का कौन-सा केन्द्र है ?
(a) केन्द्रक (b) लम्ब-केन्द्र (c) अन्त:केन्द्र (d) परिकेन्द्र

92. किसी त्रिभुज के तीनों शीर्षों से खींचे गये कोणों के समद्विभाजकों का प्रतिच्छेद बिन्दु उस त्रिभुज का कौन-सा केन्द्र है ?
(a) केन्द्रक (b) लम्ब केन्द्र (c) परिकेन्द्र (d) अन्त:केन्द्र

93. किसी त्रिभुज की तीनों माध्यिकाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(a) केन्द्रक (b) अन्त:केन्द्र (c) परि-केन्द्र (d) लम्ब-केन्द्र

94. किसी त्रिभुज की भुजाओं के तीनों लम्ब-अर्द्धकों का प्रतिच्छेद बिन्दु निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(a) लम्ब केन्द्र (b) परिकेन्द्र (c) केन्द्रक (d) अन्त:केन्द्र

95. ΔABC में BC का मध्यबिन्दु D है. तब निम्न में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $AB + AC > AD$ (b) $AB + AC = AD$ (c) $AB + AC = 2AD$ (d) $AB + AC > 2AD$

96. ΔABC की तीन माध्यिकायें AD, BE तथा CF हों, तो निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $(AB + BC + CA) = (AD + BE + CF)$ (b) $(AB + BC + CA) < (AD + BE + CF)$
(c) $(AB + BC + CA) > (AD + BE + CF)$ (d) इनमें से कोई नहीं

97. ΔABC की तीन शीर्षों से ऊँचाईयाँ क्रमश: AL, BM तथा CN हों तो निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $(AB + BC + CA) = (AL + BM + CN)$ (b) $(AB + BC + CA) < (AL + BM + CN)$
(c) $(AB + BC + CA) > (AL + BM + CN)$ (d) इनमें से कोई नहीं

98. किसी त्रिभुज की भुजाओं की लम्बाईयाँ क्रमश: p, q, r हैं. यदि $p^2 + q^2 + r^2 = pq + qr + pr$ हो, तो यह त्रिभुज कौन-सा है ? **(लोक सेवा आयोग परीक्षा, 2008)**
(a) समद्विबाहु त्रिभुज (b) समबाहु त्रिभुज (c) समकोण त्रिभुज (d) अधिककोण त्रिभुज

99. किसी त्रिभुज की भुजायें 3 : 4 : 6 के अनुपात में हैं. यह त्रिभुज है : **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)**
(a) न्यूनकोणीय (b) समकोणीय (c) अधिक कोणीय (d) न्यूनकोणीय अथवा समकोणीय

100. 6 मीटर तथा 11 मीटर ऊँचे दो खम्भे समतल पर खड़े हैं. यदि उनके पाद 12 मीटर की दूरी पर हों, तो उनके शीर्षों के बीच की दूरी कितनी है ?
(a) 12 मीटर (b) 13 मीटर (c) 14 मीटर (d) 15 मीटर

101. एक समकोण त्रिभुज का कर्ण त्रिभुज की छोटी भुजा के दुगुने से 1 मीटर कम है. यदि तीसरी भुजा सबसे छोटी भुजा से 1 मीटर अधिक हो, तो त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा कितनी है ? **(बी०एड० प्रवेश परीक्षा, 2007)**
(a) 3 मीटर (b) 4 मीटर (c) 5 मीटर (d) 6 मीटर

102. एक समकोण त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा, सबसे छोटी भुजा का $\frac{5}{3}$ है. इसकी तीसरी भुजा की लम्बाई 8 सेमी० है. इस त्रिभुज की सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी भुजाओं का योग कितना है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
(a) 16 सेमी० (b) 14 सेमी० (c) 18 सेमी० (d) 12 सेमी० (e) इनमें से कोई नहीं

103. एक त्रिभुज के सबसे बड़े तथा उससे छोटे कोण का अनुपात 3 : 2 है. सबसे छोटा कोण इन दोनों कोणों के योग का 20% है. सबसे बड़े कोण को छोड़कर शेष दो कोणों का योग कितना है ? **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)**
(a) 80° (b) 60° (c) 100° (d) 90° (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

104. किसी त्रिभुज के दो कोणों का अनुपात 4 : 5 है. यदि इन कोणों का योग तीसरे कोण के बराबर हो, तो तीसरे कोण का मान कितना है ?
(a) 80° (b) 40° (c) 50° (d) 90°

105. एक समकोण त्रिभुज की एक भुजा की लम्बाई 126 सेमी० है. अन्य भुजा तथा कर्ण के बीच का अन्तर 42 सेमी० है. कर्ण की लम्बाई कितनी है ?
(a) 168 सेमी० (b) 189 सेमी० (c) 210 सेमी० (d) 378 सेमी०
(मैट्रो रेल परीक्षा, 2002)

106. ABC एक सीधी रेखा है. $\angle ABC$ का मान कितना है ?
(a) 90° (b) 45° (c) 270° (d) 180°

107. यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ हों, इनके क्षेत्रफल क्रमशः 64 सेमी०^2 तथा 121 सेमी०^2 हों तथा QR = 15·4 सेमी० हो, तो BC = ?
(a) 11·4 सेमी० (b) 11·2 सेमी० (c) 11 सेमी० (d) 12·4 सेमी०

108. एक त्रिभुज का एक कोण $\left(\frac{\pi}{4}\right)^c$ तथा दूसरा कोण $\left(\frac{\pi}{6}\right)^c$ है. तीसरे कोण का माप क्या होगा ?
(a) 60° (b) 90° (c) 105° (d) 180°

109. ΔABC तथा ΔDEF में $\angle A = \angle F, \angle B = \angle E$ हो तो निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $\Delta ABC \sim \Delta DEF$ (b) $\Delta ABC \sim \Delta FED$ (c) $\Delta ABC \sim \Delta EFD$ (d) $\Delta ABC \sim \Delta DFE$

110. एक समकोण त्रिभुज की दो भुजायें जो समकोण बनाती हैं क्रमशः $5x$ सेमी० तथा $(3x - 1)$ सेमी० लम्बी हैं. यदि त्रिभुज का क्षेत्रफल 60 वर्ग सेमी० हो, तो त्रिभुज की भुजायें हैं :
(a) 15 सेमी०, 8 सेमी०, 17 सेमी० (b) 16 सेमी०, 10 सेमी०, 18 सेमी०
(c) 13 सेमी०, 12 सेमी०, 20 सेमी० (d) 6 सेमी०, 10 सेमी०, 14 सेमी०

111. दो वृक्षों की ऊँचाई क्रमशः 20 मीटर तथा 28 मीटर है. उनके सिरों के बीच की दूरी 17 मीटर है. इनके बीच की क्षैतिज दूरी कितनी है ?
(a) 30 मीटर (b) 25 मीटर (c) 20 मीटर (d) 15 मीटर

112. दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल क्रमशः 81 वर्ग सेमी० तथा 225 वर्ग सेमी० हैं. इनकी संगत ऊँचाइयों का अनुपात क्या होगा ?
(a) 2 : 3 (b) 2 : 5 (c) 3 : 5 (d) 2 : 7

113. ΔABC में $\angle C = 90°$ तथा बिन्दु C से कर्ण AB पर खींचा गया लम्ब CD है. तब निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?



(a) $\frac{1}{CD^2} = \frac{1}{BC^2} + \frac{1}{CA^2}$ (b) $\frac{1}{CD^2} = \frac{1}{CA^2} + \frac{1}{AD^2}$
(c) $\frac{1}{CD^2} = \frac{1}{CB^2} + \frac{1}{BD^2}$

114. यदि किसी त्रिभुज की तीनों ऊँचाइयों का योग p हो तथा तीनों भुजाओं का योग q हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य होगा ?
(a) $p > q$ (b) $p = q$ (c) $p < q$ (d) $p = 2q$

115. यदि ΔABC में $\angle B = 90°$ तथा $\angle C = 2\angle A$ हो, तो AB^2 = ?
(a) $2\,BC^2$ (b) $3\,BC^2$ (c) $2\,AC^2$ (d) $3\,AC^2$

116. दिये गये ΔABC में AD एक माध्यिका है तथा AD का मध्य बिन्दु E है. BE को मिलाकर आगे बढ़ाने पर यह AC को F पर काटती है. तब निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?



(a) $AF = \frac{AC}{4}$ (b) $AF = \frac{AC}{2}$ (c) $AF = \frac{AC}{3}$ (d) $AF = \frac{2AC}{3}$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

117. किसी त्रिभुज में दो भुजाओं का योग सदैव होगा :

(*a*) तीसरी भुजा से छोटा (*b*) तीसरी भुजा से बड़ा (*c*) तीसरी भुजा के बराबर (*d*) तीसरी भुजा का दो-तिहाई

118. एक व्यक्ति पहले 150 मीटर पूर्व की ओर जाता है और उसके बाद 200 मीटर उत्तर की ओर जाता है. वह अपनी मूल स्थिति से कितनी दूर है ?

(*a*) 350 मीटर (*b*) 250 मीटर (*c*) 50 मीटर (*d*) 625 मीटर

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 36)

1. (*d*)	2. (*c*)	3. (*b*)	4. (*d*)	5. (*b*)	6. (*c*)	7. (*a*)	8. (*c*)	9. (*b*)	10. (*c*)
11. (*b*)	12. (*a*)	13. (*c*)	14. (*c*)	15. (*a*)	16. (*c*)	17. (*b*)	18. (*a*)	19. (*c*)	20. (*d*)
21. (*c*)	22. (*c*)	23. (*c*)	24. (*b*)	25. (*c*)	26. (*b*)	27. (*a*)	28. (*c*)	29. (*a*)	30. (*d*)
31. (*d*)	32. (*b*)	33. (*b*)	34. (*b*)	35. (*d*)	36. (*b*)	37. (*d*)	38. (*c*)	39. (*b*)	40. (*a*)
41. (*a*)	42. (*b*)	43. (*d*)	44. (*c*)	45. (*c*)	46. (*b*)	47. (*c*)	48. (*c*)	49. (*d*)	50. (*c*)
51. (*b*)	52. (*d*)	53. (*b*)	54. (*c*)	55. (*b*)	56. (*a*)	57. (*b*)	58. (*a*)	59. (*c*)	60. (*c*)
61. (*d*)	62. (*a*)	63. (*b*)	64. (*d*)	65. (*d*)	66. (*b*)	67. (*d*)	68. (*c*)	69. (*c*)	70. (*a*)
71. (*a*)	72. (*b*)	73. (*c*)	74. (*b*)	75. (*a*)	76. (*c*)	77. (*c*)	78. (*d*)	79. (*c*)	80. (*b*)
81. (*a*)	82. (*b*)	83. (*c*)	84. (*a*)	85. (*a*)	86. (*a*)	87. (*a*)	88. (*a*)	89. (*b*)	90. (*c*)
91. (*b*)	92. (*d*)	93. (*a*)	94. (*b*)	95. (*d*)	96. (*c*)	97. (*c*)	98. (*b*)	99. (*c*)	100. (*b*)
101. (*a*)	102. (*a*)	103. (*d*)	104. (*d*)	105. (*c*)	106. (*d*)	107. (*b*)	108. (*c*)	109. (*b*)	110. (*a*)
111. (*d*)	112. (*c*)	113. (*a*)	114. (*c*)	115. (*b*)	116. (*c*)	117. (*b*)	118. (*b*)		

दिये गये प्रश्नों के हल प्रश्नमाला 36

1. माना $\angle A = (2x)^\circ, \angle B = (3x)^\circ$ तथा $\angle C = (7x)^\circ$.

तब, $\angle A + \angle B + \angle C = 180^\circ \Rightarrow 2x + 3x + 7x = 180 \Rightarrow 12x = 180 \Rightarrow x = 15$.

सबसे बड़ा कोण $= (7 \times 15)^\circ = 105^\circ$.

2. माना $2A = 3B = 4C = K$. तब $A = \frac{K}{2}, B = \frac{K}{3}, C = \frac{K}{4}$

$\Rightarrow A : B : C = \frac{K}{2} : \frac{K}{3} : \frac{K}{4} = \frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{4} = 6 : 4 : 3$.

3. माना $3A = 4B = 6C = K$. तब $A = \frac{K}{3}, B = \frac{K}{4}, C = \frac{K}{6}$.

$A + B + C = 180^\circ \Rightarrow \frac{K}{3} + \frac{K}{4} + \frac{K}{6} = 180 \Rightarrow 4K + 3K + 2K = (180 \times 12)$

$\Rightarrow 9K = (180 \times 12) \Rightarrow K = (20 \times 12) = 240$.

$\therefore A = \left(\frac{240}{3}\right)^\circ = 80^\circ$.

4. ($A - B = 40$ तथा $B - C = 10$). जोड़ने पर : $A - C = 50$.

माना $A = K$. तब, $B = K - 40$ तथा $C = K - 50$.

अब $A + B + C = 180^\circ \Rightarrow K + K - 40 + K - 50 = 180$

$\Rightarrow 3K = 270 \Rightarrow K = 90$.

$\therefore B = (K - 40)^\circ = (90 - 40)^\circ = 50^\circ$.

5. ($A - B = 45$ तथा $B - C = 30$). इन्हें जोड़ने पर $A - C = 75$.

माना $A = K$. तब $B = K - 45$ तथा $C = K - 75$.

जोड़ने पर $3K - 120 = 180 \Rightarrow 3K = 300 \Rightarrow K = 100$.

$\therefore A + B = K + K - 45 = (200 - 45) = 155$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. जोड़ने पर : $(A+B+C)+B=238° \Rightarrow 180°+B=238°$
$\Rightarrow B=(238°-180°)=58°$.
$58+C=130 \Rightarrow C=(130-58)=72°$.

7. जोड़ने पर : $(A+B+C)+A=240° \Rightarrow 180°+A=240° \Rightarrow A=60°$.
$\therefore B+C=(180°+60°)=120°$.

8. $(2A=3B$ तथा $4B=5C) \Rightarrow 8A=12B$ तथा $12B=15C$
$\Rightarrow 8A=12B=15C=K$ (माना)
$\Rightarrow A=\frac{K}{8}, B=\frac{K}{12}, C=\frac{K}{15}$
$\Rightarrow A:B:C=\frac{K}{8}:\frac{K}{12}:\frac{K}{15}=\frac{1}{8}:\frac{1}{12}:\frac{1}{15}=15:10:8$.

9. दिया है : $A+B=116$ तथा $A-B=24$.
इन्हें हल करने पर $A=70°, B=46°$.
$\therefore C=180°-(70°+46°)=(180-116)°=64°$.

10. माना त्रिभुज के कोण $x°, x°$ तथा $(x+18)°$ हैं. तब,
$x+x+x+18=180 \Rightarrow 3x=162 \Rightarrow x=54$.
$\therefore$ तीसरा कोण $=(54+18)°=72°$.

11. माना त्रिभुज के कोण $x°$, $(2x)°$ तथा $(3x)°$ हैं. तब,
$x+2x+3x=180 \Rightarrow 6x=180 \Rightarrow x=30$.
अत: सबसे छोटा कोण $=30°$.

12. $A<(B+C) \Rightarrow 2A<(A+B+C)=180° \Rightarrow A<90°$.
$B<(A+C) \Rightarrow 2B<(A+B+C)=180° \Rightarrow B<90°$
$C<(A+B) \Rightarrow 2C<(A+B+C)=180° \Rightarrow C<90°$.
$\therefore \Delta ABC$ एक न्यूनकोण त्रिभुज है.

13. $A=B+C \Rightarrow 2A=A+B+C=180° \Rightarrow A=90°$.

14. माना $A>B+C$. तब $2A>A+B+C=180° \Rightarrow A>90°$.
$\therefore \Delta ABC$ एक अधिक कोण त्रिभुज है.

15. $\angle ABC+\angle BAC=\angle ACD \Rightarrow 30°+\angle BAC=110° \Rightarrow \angle BAC=80°$.

16. $\angle ABC=(180°-110°)=70°$ तथा $\angle ACB=(180°-120°)=60°$.
$\angle ABC+\angle ACB+\angle BAC=180° \Rightarrow 70°+60°+\angle BAC=180° \Rightarrow \angle BAC=50°$.

17. ΔABC में $\angle BAC+\angle ABC+\angle ACB=180° \Rightarrow 40°+\angle ABC+90°=180° \Rightarrow \angle ABC=50°$.
ΔBDE में $\angle EBD+\angle BED+\angle BDE=180°$
$\Rightarrow \angle ABC+\angle BED+\angle BDE=180° \Rightarrow 50°+100°+\angle BDE=180° \Rightarrow \angle BDE=30°$.

18. ΔABC में $\angle BAC+\angle ABC+\angle ACB=180° \Rightarrow 30°+50°+\angle ACB=180° \Rightarrow \angle ACB=100°$.
$\therefore \angle ECD=\angle ACD=(180°-100°)=80°$.
ΔECD में $\angle ECD+\angle EDC+\angle CED=180° \Rightarrow 80°+25°+\angle CED=180° \Rightarrow \angle CED=75°$.
$\therefore \angle AED=(180°-75°)=105°$.

19. $\angle ABC=(180°-130°)=50°, \angle BAC=(180°-80°)=100°$.
ΔABC में $\angle ABC+\angle BAC+\angle ACB=180° \Rightarrow 50°+100°+\angle ACB=180° \Rightarrow \angle ACB=30°$.

20. ΔBDC में $\angle CBD+\angle BDC+\angle BCD=180° \Rightarrow 40°+90°+\angle BCD=180° \Rightarrow \angle BCD=50°$.
ΔAEC में $\angle EAC+\angle ACE+AEC=180° \Rightarrow 30°+\angle BCD+\angle AEC=180°$
$\Rightarrow 50°+\angle AEC=150° \Rightarrow \angle AEC=100°$.
$\therefore \angle AEB=(180°-100°)=80°$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

21. $\angle ABC + \angle ACB = (180° - 40°) = 140°$

$\Rightarrow \frac{1}{2}\angle ABC + \frac{1}{2}\angle ACB = 70° \Rightarrow \angle OBC + \angle OCB = 70°$.

$\therefore\ \angle BOC = (180° - 70°) = 110°$.

22. ΔAOC में $\angle OAC + \angle OCA + \angle AOC = 180° \Rightarrow 45° + 65° + \angle AOC = 180° \Rightarrow \angle AOC = 70°$.

$\angle BOD = \angle AOC = 70°$.

ΔBOD में, $\angle BOD + \angle BDO + \angle OBD = 180° \Rightarrow 70° + 85° + \angle OBD = 180°$

$\Rightarrow \angle OBD = (180° - 155°) = 25°$.

23. माना $\angle A = (2x)°, \angle B = (3x)°$ तथा $\angle C = x°$, तब

$\angle A + \angle B + \angle C = 180° \Rightarrow 2x + 3x + x = 180 \Rightarrow 6x = 180 \Rightarrow x = 30$.

$\Rightarrow \angle C = 30° \Rightarrow \angle ACE = (180° - 30°) = 150°$.

$\therefore\ \angle ECD = (\angle ACE - \angle ACD) = (150° - 90°) = 60°$.

24. $\angle ACB + \angle ACD = 180° \Rightarrow \angle ACB + 140° = 180° \Rightarrow \angle ACB = 40°$.

$\angle BAC = \angle EAF - 90°$ (शीर्षाभिमुख कोण)

ΔABC में, $\angle BAC + \angle ABC + \angle ACB = 180°$

$\Rightarrow 90° + \angle ABC + 40° = 180° \Rightarrow \angle ABC = 50°$.

25. $\angle AOC + \angle COD + \angle BOD = 180° \Rightarrow x° + 90° + y° = 180° \Rightarrow x + y = 90$.

$\angle AOE + \angle BOE = 180° \Rightarrow 3x° + 60° = 180° \Rightarrow 3x = 120 \Rightarrow x = 40$.

$\therefore\ 40 + y = 90 \Rightarrow y = (90 - 40) = 50$.

26. ΔAMB में, $\angle AMB + \angle ABM + \angle BAM = 180°$

$\Rightarrow 90° + 70° \angle BAM = 180° \Rightarrow \angle BAM = (180° - 160°) = 20°$.

ΔABC में $\angle BAC + \angle ABC + \angle ACB = 180°$

$\Rightarrow \angle BAC + 70° + 30° = 180° \Rightarrow \angle BAC = (180° - 100°) = 80°$.

$\angle BAN = \frac{1}{2}\angle BAC = \frac{1}{2} \times 80° = 40°$.

$\therefore\ \angle MAN = \angle BAN - \angle BAM = (40° - 20°) = 20°$.

27. माना दी गई त्रिभुज के कोण क्रमशः $(3x)°, (5x)°$ तथा $(7x)°$ हैं.

तब $3x + 5x + 7x = 180 \Rightarrow 15x = 180 \Rightarrow x = 12$.

$\therefore$ त्रिभुज के कोणों के माप हैं 36°, 60° तथा 84°. अतः यह एक न्यूनकोण त्रिभुज है.

28. $\angle BAC = (180° - 110°) = 70°$ तथा $\angle ACB = (180° - 120°) = 60°$.

अब ΔABC में, $\angle BAC + \angle ABC + \angle ACB = 180°$

$\Rightarrow 70° + \angle ABC + 60° = 180° \Rightarrow \angle ABC = (180° - 130°) = 50°$.

29. A तथा D को मिलाकर आगे E तक बढ़ायें.

$\angle CDE = y + 30$ तथा $\angle BDE = z + 45$

$\Rightarrow \angle CDE + \angle BDE = (y + z + 75)° = (55 + 75)° = 130°$.

$\therefore\ x = 130$.



30. $AB \parallel CD$ तथा तिर्यक रेखा BC इन्हें काटती है.

$\therefore\ \angle ABE = \angle DCE = 60°$.

ΔABE में, $\angle EAB + \angle ABE + \angle AEB = 180°$

$\Rightarrow 50° + 60° + \angle AEB = 180° \Rightarrow \angle AEB = 70°$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

31. $\angle CAB + \angle BAE = 180°$, $\angle ABC + \angle CBF = 180°$ तथा $\angle ACB + \angle ACD = 180°$

$\Rightarrow (\angle CAB + \angle ABC + \angle ACB) + (\angle BAE + \angle CBF + \angle ACD) = 540°$

$\Rightarrow 180° + (\angle BAE + \angle CBF + \angle ACD) = 540° \Rightarrow \angle BAE + \angle CBF + \angle ACD = 360°$.

32. अनुपातिकता प्रमेय से : $\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC}$. माना $EC = x$ सेमी०.

$DB = (AB - AD) = (10 - 3{\cdot}6)$ सेमी० $= 6{\cdot}4$ सेमी०.

$\therefore \frac{3{\cdot}6}{6{\cdot}4} = \frac{4{\cdot}5}{x} \Rightarrow \frac{45x}{10x} = \frac{36}{64} = \frac{9}{16} \Rightarrow 90x = 45 \times 16$

$\Rightarrow x = \frac{45 \times 16}{90} = 8.$

अत: $EC = 8$ सेमी०.

33. यहाँ $AD = 2{\cdot}4$ सेमी०, माना $DB = x$ सेमी०.

दिया है : $AE = 3{\cdot}2$ सेमी० तथा $EC = 4{\cdot}8$ सेमी०.

अनुपातिकता प्रमेय से :

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{2{\cdot}4}{x} = \frac{3{\cdot}2}{4{\cdot}8} = \frac{32}{48} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow 2x = (3 \times 2{\cdot}4) \Rightarrow x = \frac{3 \times 2{\cdot}4}{2} = (3 \times 1{\cdot}2) = 3{\cdot}6.$

$\therefore DB = 3{\cdot}6$ सेमी०.

अत: $AB = (AD + DB) = (2{\cdot}4 + 3{\cdot}6)$ सेमी० $= 6$ सेमी०.

34. माना $EC = x$ सेमी०. तब अनुपातिकता प्रमेय से :

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{4}{7} = \frac{6{\cdot}6 - x}{x}$ $[\because AE = AC - EC = 6{\cdot}6 - x]$

$\therefore 4x = 7(6{\cdot}6 - x) \Rightarrow 4x = 7 \times 6{\cdot}6 - 7x \Rightarrow 11x = \frac{7 \times 66}{10}$

$\Rightarrow x = \left(\frac{7 \times 66}{10} \times \frac{1}{11}\right) = \frac{42}{10} = 4{\cdot}2$ सेमी०.

$\therefore AE = (AC - EC) = (6{\cdot}6 - 4{\cdot}2)$ सेमी० $= 2{\cdot}4$ सेमी०.

35. माना $AE = x$ सेमी०. तब $EC = (AC - AE) = (5{\cdot}6 - x)$ सेमी०.

अब, $\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{3}{5} = \frac{x}{5{\cdot}6 - x} \Rightarrow 3(5{\cdot}6 - x) = 5x$

$\Rightarrow 16{\cdot}8 - 3x = 5x \Rightarrow 8x = 16{\cdot}8 \Rightarrow x = 2{\cdot}1.$

$\therefore AE = 2{\cdot}1$ सेमी०.

36. अनुपातिकता प्रमेय से :

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{x}{x-2} = \frac{x+2}{x-1}$

$\Rightarrow x(x-1) = (x+2)(x-2) \Rightarrow x^2 - x = x^2 - 4 \Rightarrow x = 4.$

37. अनुपातिकता प्रमेय से :

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{4}{x-4} = \frac{8}{3x-19} \Rightarrow 4(3x-19) = 8(x-4)$

$\Rightarrow 12x - 76 = 8x - 32 \Rightarrow 4x = (76 - 32) = 44 \Rightarrow x = 11.$

38. माना $AE = x$ सेमी०. तब अनुपातिकता प्रमेय से :

$\frac{AD}{AB} = \frac{AE}{AC} \Rightarrow \frac{4{\cdot}5}{7{\cdot}2} = \frac{x}{6{\cdot}4} \Rightarrow 7{\cdot}2x = 4{\cdot}5 \times 6{\cdot}4$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$\Rightarrow x = \left(\frac{45\times64}{72\times10}\right) = 4 \text{ सेमी०.}$$

39. $\dfrac{\Delta ABC \text{ की परिमिति}}{\Delta DEF \text{ की परिमिति}} = \dfrac{BC}{EF}$. माना $EF = x$ सेमी०. तब,

$\dfrac{25}{15} = \dfrac{9}{x} \Rightarrow 25x = 15\times9 \Rightarrow x = \dfrac{15\times9}{25} = \dfrac{27}{5} = 5\cdot4$ सेमी०.

40. $\dfrac{AB}{DE} = \dfrac{\Delta ABC \text{ की परिमिति}}{\Delta DEF \text{ की परिमिति}} \Rightarrow \dfrac{9\cdot1}{6\cdot5} = \dfrac{35}{x} \Rightarrow \dfrac{35}{x} = \dfrac{7}{5}$

$\Rightarrow 7x = 175 \Rightarrow x = 25.$

$\therefore \Delta DEF$ की परिमिति $= 25$ सेमी०.

41. $\dfrac{AB}{EF} = \dfrac{BC}{DF} = \dfrac{CA}{DE} \Rightarrow E \to A, F \to B, D \to C$

$\therefore \Delta DEF \sim \Delta CAB.$

42. $\angle B = \angle E, \angle C = \angle F$ तथा तीसरा कोण $\angle A =$ तीसरा कोण $\angle D$.

अत: ΔABC तथा ΔDEF समरूप हैं.

परन्तु $AB = 2DE \Rightarrow AB \neq DE$.

$\therefore \Delta ABC$ तथा ΔDEF सर्वांगसम नहीं हैं.

43. $(A \leftrightarrow E, B \leftrightarrow F, C \leftrightarrow D) \Rightarrow \Delta ABC \sim \Delta EFD$.

$\therefore \dfrac{AB}{EF} = \dfrac{BC}{FD}$ सत्य है.

44. ΔDBA तथा ΔDAC में $\angle ADB = \angle CDA = 90°, \angle ABD = \angle CAD = (90° - \angle C)$ तथा $\angle BAD = \angle ACD = 90° - \angle B$.

$\therefore \Delta DBA \sim \Delta DAC \Rightarrow \dfrac{BD}{AD} = \dfrac{AD}{CD} \Rightarrow BD\cdot CD = AD^2$.

45. $(A \leftrightarrow E, B \leftrightarrow D$ तथा $C \leftrightarrow F)$

$\therefore \dfrac{AB}{AC} = \dfrac{DE}{EF}$ (सत्य); $\dfrac{BC}{AB} = \dfrac{FD}{DE}$ (सत्य); $\dfrac{BC}{AB} = \dfrac{EF}{DE}$ (असत्य);

$\dfrac{BC}{AC} = \dfrac{FD}{EF}$ (सत्य).

अत: कथन (c) असत्य है.

46. स्पष्ट है कि $\dfrac{AD}{AB} = \dfrac{AE}{AC} = \dfrac{1}{2}$ तथा $\angle A = \angle A$.

$\therefore \Delta ABC \sim \Delta ADE$ तथा $\dfrac{AB}{AD} = \dfrac{2}{1}$.

$\therefore (\Delta ABC$ का क्षेत्रफल$)$: $(\Delta ADE$ का क्षेत्रफल$) = \left(\dfrac{AB}{AD}\right)^2 = \left(\dfrac{2}{1}\right)^2 = \dfrac{4}{1} = 4:1.$

47. $\dfrac{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta DEF \text{ का क्षेत्रफल}} = \dfrac{AB^2}{DE^2} \Rightarrow \left(\dfrac{AB}{DE}\right)^2 = \dfrac{25}{36} = \left(\dfrac{5}{6}\right)^2$

$\therefore \dfrac{AB}{DE} = \dfrac{5}{6} \Rightarrow AB : DE = 5:6.$

48. $\dfrac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta DEF)} = \left(\dfrac{AB}{DE}\right)^2 = \left(\dfrac{4}{5}\right)^2 = \dfrac{16}{25} = 16:25.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

49. $\frac{ar(\Delta DEF)}{ar(\Delta ABC)} = \frac{EF^2}{BC^2} = \left(\frac{EF}{BC}\right)^2 = \left(\frac{5}{3}\right)^2 = \frac{25}{9}$.

50. माना इन त्रिभुजों की संगत ऊँचाईयाँ क्रमशः h_1 तथा h_2 हैं. तब

$\frac{h_1^2}{h_2^2} = \frac{25}{36} \Rightarrow \left(\frac{h_1}{h_2}\right)^2 = \left(\frac{5}{6}\right)^2 \Rightarrow \frac{h_1}{h_2} = \frac{5}{6} \Rightarrow h_1 : h_2 = 5:6.$

51. संगत भुजाओं का अनुपात $= \frac{\sqrt{9}}{\sqrt{4}} = \frac{3}{2}$.

$\therefore \frac{BC}{PR} = \frac{3}{2} \Rightarrow 3 \times PR = (2 \times BC) = (2 \times 15)$ सेमी॰ $\Rightarrow PR = \frac{30}{3}$ सेमी॰ = 10 सेमी॰.

52. दिया है $AC = BC$.

$\therefore AB^2 = 2AC^2 \Rightarrow AB^2 = AC^2 + AC^2 \Rightarrow AB^2 = AC^2 + BC^2$ $[\because AC = BC]$

$\Rightarrow \angle C = 90°$.

53. $AB^2 + BC^2 = (16)^2 + (12)^2 = (256 + 144) = 400 = (20)^2 = AC^2$.

$\therefore \Delta ABC$ एक समकोण त्रिभुज है.

54. किसी त्रिभुज में किन्हीं दो भुजाओं का अन्तर सदैव तीसरी भुजा से छोटा होता है.

55. किसी त्रिभुज में किन्हीं दो भुजाओं का योग सदैव तीसरी भुजा से बड़ा होता है.

56. $BD : DC = AB : AC = 8 : 12 = 2 : 3$.

57. $\frac{AB}{AC} = \frac{BD}{DC} \Rightarrow \frac{8}{x} = \frac{5}{6} \Rightarrow x = \frac{6 \times 8}{5} = \frac{48}{5} = 9 \cdot 6$ सेमी॰.

58. स्पष्ट है कि $\frac{AB}{AC} = \frac{BD}{DC} \Rightarrow \frac{9}{12} = \frac{7-x}{x} \Rightarrow 9x = 84 - 12x$

$\Rightarrow 21x = 84 \Rightarrow x = 4$.

59. एक समद्विबाहु त्रिभुज में शीर्ष से डाला गया लम्ब आधार को समद्विभाजित करता है.

60. माना ΔABC एक समबाहु त्रिभुज है तथा $AD \perp BC$. तब



$AB^2 + AD^2 + BD^2 = AD^2 + \left(\frac{1}{2}AB\right)^2$ $\left[\because BD = \frac{1}{2}BC = \frac{1}{2}AB\right]$

$\Rightarrow AB^2 - \frac{1}{4}AB^2 = AD^2 \Rightarrow \frac{3}{4}AB^2 = AD^2 \Rightarrow 3AB^2 = 4AD^2$.

61. $BD = \frac{1}{2}BC$ तथा $BD^2 = (AB)^2 - (AD)^2 = (13)^2 - 5^2 = (169 - 25) = 144$.

$\therefore BD = \sqrt{144} = 12$ सेमी॰. अतः $BC = (12 \times 2)$ सेमी॰ = 24 सेमी॰.

62. माना ΔABC एक समबाहु त्रिभुज है जिसमें $AB = AC = BC = 10$ सेमी॰



$AD \perp BC$ खींचो. अब $BD = \frac{1}{2}BC = 5$ सेमी॰.

अब, $AD^2 = AB^2 - BD^2 = (10)^2 - 5^2 = (100 - 25) = 75$

$\Rightarrow AD = \sqrt{75} = \sqrt{25 \times 3} = 5\sqrt{3}$ सेमी॰.

63. समकोण ΔPOR से, $PR^2 = OP^2 = OR^2 = (6)^2 + (8)^2 = (36 + 64) = 100$

$\Rightarrow PR = \sqrt{100} = 10$ सेमी॰.

समकोण ΔPQR से, $QR^2 = PQ^2 + PR^2 = (24)^2 + (10)^2 = (576 + 100) = 676 = (26)^2$

$\Rightarrow QR = 26$ सेमी॰.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

64. माना समकोण त्रिभुज की शेष दो भुजायें x सेमी० तथा $(x+5)$ सेमी० हैं. तब

$x^2+(x+5)^2=(25)^2 \Rightarrow x^2+(x^2+10x+25)=625$

$\therefore\ 2x^2+10x-600=0 \Rightarrow x^2+5x-300=0 \Rightarrow x^2+20x-15x-300=0$

$\Rightarrow x(x+20)-15(x+20)=0 \Rightarrow (x+20)(x-15)=0 \Rightarrow x=15.$

अत: शेष दो भुजायें 15 सेमी० तथा 20 सेमी० लम्बी हैं.

65. माना CB भवन है तथा AB सीढ़ी है. तब



$AB=25$ मीटर तथा $CB=24$ मीटर.

$AC^2=(AB)^2-(CB)^2=(25)^2-(24)^2=(25+24)(25-24)$

$\Rightarrow AC^2=(49\times1)=49=(7)^2 \Rightarrow AC=7$ मीटर.

अत: सीढ़ी के पाद भवन से 7 मीटर की दूरी पर हैं.

66. माना प्रारम्भिक बिन्दु O है.



माना OW पश्चिम दिशा है तथा इस दशा में $OA=24$ मीटर.

अब AN उत्तर दिशा है तथा $AB=10$ मीटर. OB को मिलायें

$OB^2=OA^2+AB^2=(24)^2+(10)^2=(576+100)=676$

$\Rightarrow OB=\sqrt{676}=26$ मीटर.

67. माना प्रारम्भिक बिन्दु O है. माना OS दक्षिण दिशा है तथा इस दशा में



$OA=12$ मीटर.

अब AW पश्चिम दिशा है तथा $AB=35$ मीटर. OB को मिलायें. अब

$OB^2=OA^2+AB^2=(12)^2+(35)^2=(144+1225)=1369$

$\Rightarrow OB=\sqrt{1369}=37$ मीटर.

68. माना दो खम्भे AB तथा CD हैं. तब, $AB=7$ मीटर तथा $CD=13$ मीटर.

$BE \perp CD$ खींचें तथा BD को मिलायें.

अब, $CE=AB=7$ मीटर, $DE=(CD-CE)=(13-7)$ मीटर $=6$ मीटर

तथा $BE=AC=8$ मीटर.



समकोण त्रिभुज $\Delta\, BED$ में,

$BD^2=BE^2+DE^2=(8)^2+(6)^2=64+36=100$

$\Rightarrow BD^2=(10)^2 \Rightarrow BD=10$ मीटर.

अत: इन खम्भों की चोटियों के बीच की दूरी 10 मीटर है.

69. माना खम्भे की परछाई की लम्बाई $=x$ मीटर.

छड़ तथा खंभे की ऊँचाइयों का अनुपात = इनकी परछाईयों की लम्बाईयों का अनुपात

$\Rightarrow 1.8:6=\frac{45}{100}:x \Rightarrow \frac{1\cdot8}{6}=\frac{9}{20x} \Rightarrow \frac{18}{60}=\frac{9}{20x} \Rightarrow \frac{3}{10}=\frac{9}{20x} \Rightarrow 60x=90 \Rightarrow x=\frac{90}{60}=\frac{3}{2}=1\cdot5.$

$\therefore$ खम्भे की परछाई की लम्बाई $=1\cdot5$ मीटर.

70. माना मीनार की ऊँचाई $=x$ मीटर. तब

खम्भे तथा मीनार की ऊँचाईयों का अनुपात = इनकी परछाईयों की लम्बाईयों का अनुपात

$\Rightarrow 6:x=3\cdot6:18$

$\Rightarrow 3\cdot6x=6\times18 \Rightarrow x=\frac{6\times18}{3\cdot6}=\frac{6\times18\times10}{36}=30.$

अत: मीनार की ऊँचाई $=30$ मीटर.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

71. किसी त्रिभुज में किन्हीं दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा होता है परन्तु $(3\cdot5+3\cdot4)<7$ है. अत: यह संभव नहीं.

72. किसी त्रिभुज में किन्हीं दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा होता है. यदि $AC=2\cdot8$ लें, तो $BC+AC=(3\cdot2+2\cdot8)=6$ सेमी० $=AB$. यह संभव नहीं है. अत: AC की लम्बाई 2·8 सेमी० नहीं हो सकती.

73. $\angle C=180^\circ-(45^\circ+45^\circ)=90^\circ$. अत: सबसे बड़ी भुजा AB है.

74. $\angle C=180^\circ-(60^\circ+80^\circ)=40^\circ$.
इनमें सबसे बड़ा कोण $\angle B$ है जिसके सामने की भुजा AC सबसे बड़ी है.

75. $\angle A=180^\circ-(120^\circ+40^\circ)=20^\circ$.
इनमें सबसे छोटा कोण $\angle A$ है जिसके सामने की भुजा BC सबसे छोटी है.

76. $AC>AB\Rightarrow\angle B>\angle C\Rightarrow\angle B+\angle BAD>\angle C+\angle CAD$ $[\because \angle BAD=\angle CAD]$
$\Rightarrow\angle ADC>\angle ADB.$

77. $\angle A=(180^\circ-(35^\circ+65^\circ)=(180^\circ-100^\circ)=80^\circ\Rightarrow\angle BAX=\angle CAX=40^\circ$.
ΔABX में $\angle ABX=35^\circ,\angle BAX=40^\circ,\angle AXB=180^\circ-75^\circ=105^\circ$.
$\angle AXB>\angle BAX>\angle ABX\Rightarrow AB>BX>AX$ ...(i)
ΔACX में $\angle ACX=65^\circ,\angle CAX=40^\circ,\angle AXC=180^\circ-105^\circ=75^\circ$.
$\therefore\angle AXC>\angle ACX>\angle CAX\Rightarrow AC>AX>CX$ ...(ii)
अब (i) तथा (ii) से $AB>BX>AX>CX\Rightarrow BX>AX>CX$.

78. ΔABD में, $AB+BD>AD$. [दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा है]
ΔACD में, $AC+CD>AD$
जोड़ने पर $AB+(BD+CD)+AC>2AD\Rightarrow(AB+BC+CA)>2AD$.

79. $AB>AC\Rightarrow\angle ACB>\angle ABC$ ...(i)
बाह्य कोण $\angle ADB>$ आन्तरिक कोण $\angle ACD$
$\Rightarrow\angle ADB>\angle ACB>\angle ABC$ [(i) से]
$\Rightarrow\angle ADB>\angle ABD\Rightarrow AB>AD.$

80. हम जानते हैं कि बड़े कोण के सामने की भुजा छोटे कोण के सामने की भुजा से बड़ी होती है अत: $\angle A>\angle B\Rightarrow BC>AC$.

81. $AB>AC\Rightarrow\angle C>\angle B\Rightarrow\left(\frac{1}{2}\angle C\right)>\left(\frac{1}{2}\angle B\right)$
$\Rightarrow\angle OCB>\angle OBC\Rightarrow OB>OC.$

82. हम जानते हैं कि किसी त्रिभुज में दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से बड़ा है.



$\therefore(OB+OA)>AB,(OA+OC)>AC,(OB+OC)>BC$
जोड़ने पर $2(OA+OB+OC)>(AB+AC+BC)$
$\Rightarrow(OA+OB+OC)>\frac{1}{2}(AB+BC+CA).$

83. स्पष्ट है कि दो त्रिभुज सर्वांगसम होने के लिए इनकी दो भुजायें तथा उनके बीच के कोण बराबर होने चाहियें. अत: $\angle C=\angle F$ होना चाहिये.

84. स्पष्ट है कि दो त्रिभुज सर्वांगसम होने के लिए इनके दो कोण तथा उनके बीच की भुजा बराबर होने चाहियें. अत: दिये गये प्रश्न में $BC=EF$ होना चाहिये.

85. स्पष्ट है कि सर्वांगसमता के लिए SSA पर ंत प्रतिबन्ध नहीं है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

86. ΔLMB तथा ΔLNC में
$\angle LMB = \angle LNC = 90°$, $LM = LN$ (दिया है), कर्ण BL = कर्ण CL.
$\therefore\ \Delta LMB \cong \Delta LNC \Rightarrow \angle B = \angle C \Rightarrow AC = AB$.

87. ΔABL तथा ΔACM में
$BL = CM$ (दिया है), $\angle BLA = \angle CMA = 90°$ तथा $\angle A = \angle A$.
$\therefore\ \Delta ABL \cong \Delta ACM$.

88. $AB = (AD - DB) = (AD - AE)$ तथा $DE = (AD - AE)$.
अब ΔABC तथा ΔDEF में :
$AB = DE$, $CB = EF$ (दिया है) तथा $\angle ABC = \angle FED$.
$\therefore\ \Delta ABC \cong \Delta DEF$.



89. माना ΔABC में $BL \perp AC$ तथा $CM \perp AB$.
तब $\Delta ABL \cong \Delta ACM$ $\left[\because BL = CM, \angle BAL = \angle CAM \text{ तथा } \angle ALB = \angle AMC = 90°\right]$
$\Rightarrow AB = AC$
$\Rightarrow \Delta ABC$ एक समद्विबाहु त्रिभुज है.

90. स्पष्ट है कि एक त्रिभुज के दो कोण न्यूनकोण हो सकते हैं, एक सत्य कथन है.

91. हम जानते हैं कि किसी त्रिभुज के प्रत्येक शीर्ष से विपरीत भुजा पर डाले गये तीनों लम्ब जिस बिन्दु पर काटते हैं, उसे लम्ब-केन्द्र कहते हैं.

92. स्पष्ट है कि किसी त्रिभुज के प्रत्येक शीर्ष से कोणों के समद्विभाजक परस्पर अन्त:केन्द्र पर काटते हैं.

93. स्पष्ट है कि किसी त्रिभुज की तीनों माध्यिकाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु उस त्रिभुज का केन्द्रक कहलाता है.

94. स्पष्ट है कि किसी त्रिभुज की भुजाओं के तीन लम्ब-अर्द्धकों का प्रतिच्छेद बिन्दु उस त्रिभुज का परिकेन्द्र कहलाता है.

95. ध्यान दें : $(AB + AC) > 2AD$ सत्य है.

96. एक त्रिभुज की परिमिति इसकी तीनों माध्यिकाओं के योग से बड़ी है.
$(AB + BC + CA) > (AD + BE + CF)$.

97. $AL < AB$, $BM < BC$ तथा $CN < CA$
$\Rightarrow (AL + BM + CN) < (AB + BC + CA)$.

98. दिया है : $p^2 + q^2 + r^2 = pq + qr + pr$
$\Rightarrow 2p^2 + 2q^2 + 2r^2 = 2pq + 2qr + 2pr$
$\Rightarrow (p^2 + q^2 - 2pq) + (q^2 + r^2 - 2qr) + (r^2 + p^2 - 2pr) = 0$
$\Rightarrow (p-q)^2 + (q-r)^2 + (r-p)^2 = 0 \Rightarrow p - q = 0, q - r = 0$ तथा $r - p = 0$
$\Rightarrow p = q, q = r$ तथा $r = p \Rightarrow p = q = r$.
अत: दी गई त्रिभुज एक समबाहु त्रिभुज है.

99. माना ΔABC में $a = 3x, b = 4x$ तथा $c = 6x$.
तब $(a^2 + b^2) = (3x)^2 + (4x)^2 = (9x^2 + 16x^2) = 25x^2 < (36x^2) = c^2$.
$\therefore\ c^2 > (a^2 + b^2)$. अत: दिया गया त्रिभुज अधिककोणीय है.

100. माना खम्भे $AB = 6$ मीटर तथा $CD = 11$ मीटर हैं. अब $BE \perp CD$ खींचें.
तब $BE = 12$ मीटर.
$DE = (CD - CE) = (CD - AB) = (11 - 6)$ मीटर $= 5$ मीटर.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अब समकोण ΔBED में :

$BD^2 = BE^2 + DE^2 = (12)^2 + (5)^2 =$

$(144 - 25) = 169 = (13)^2 \Rightarrow BD = 13$ मी०.

अत: खम्भों के शीर्षों के बीच की दूरी = 13 मीटर.

101. माना ΔABC में $\angle B = 90°$. माना छोटी भुजा $BC < AB$.

माना $BC = x$ मीटर, तब,



$AC = (2x - 1)$ मीटर तथा $AB = (BC + 1) = (x + 1)$ मी०.

$AC^2 = AB^2 + BC^2 \Rightarrow (2x-1)^2 = (x+1)^2 + x^2$

$\Rightarrow 4x^2 - 4x + 1 = 2x^2 + 2x + 1$

$\Rightarrow 2x^2 - 6x = 0 \Rightarrow 2x(x-3) = 0 \Rightarrow x = 3.$

$\therefore$ सबसे छोटी भुजा = 3 मीटर.

102. माना सबसे छोटी भुजा = x सेमी० तब, सबसे बड़ी भुजा = $\left(\frac{5x}{3}\right)$ सेमी०, तीसरी भुजा = 8 सेमी०.

$\left(\frac{5x}{3}\right)^2 = x^2 + (8)^2 \Rightarrow \left(\frac{25x^2}{9} - x^2\right) = 64 \Rightarrow \frac{(25x^2 - 9x^2)}{9} = 64$

$\Rightarrow 16x^2 = (64 \times 9) \Rightarrow x^2 = (4 \times 9) = 36 = (6)^2 \Rightarrow x = 6.$

$\therefore$ अभीष्ट योग $= \left(\frac{5x}{3} + x\right) = \frac{(5x + 3x)}{3} = \frac{8x}{3} = \frac{(8 \times 6)}{3}$ सेमी० = 16 सेमी०.

103. माना सबसे बड़ा कोण = $(3x)°$ तथा उससे छोटा कोण = $(2x)°$.

$\therefore$ सबसे छोटा कोण $[(3x + 2x)$ का 20%$] = \left[(5x) \times \frac{20}{100}\right]° = x°.$

$\Rightarrow 3x + 2x + x = 180 \Rightarrow 6x = 180 \Rightarrow x = 30.$

$\Rightarrow$ अभीष्ट योग $= (2x + x)° = (3x)° = (3 \times 30)° = 90°.$

104. माना दी गई त्रिभुज के कोण $(4x)°$, $(5x)°$ तथा $(9x)°$, हैं. तब

$4x + 5x + 9x \Rightarrow 180 \Rightarrow 18x = 180 \Rightarrow x = 10.$

$\therefore$ सबसे बड़ा कोण = $(9x)° = (9 \times 10)° = 90°.$

105. माना त्रिभुज की भुजायें 126 सेमी०, x सेमी० तथा $(x - 42)$ सेमी० हैं.

$\therefore x^2 = (126)^2 + (x - 42)^2 \Rightarrow x^2 = (126)^2 + x^2 - 84x + (42)^2$

$\Rightarrow 84x = (126)^2 + (42)^2 = (42 \times 3)^2 + (42)^2 = (42)^2 \times (3^2 + 1^2)$

$\Rightarrow 84x = 42 \times 42 \times 10 \Rightarrow x = \frac{42 \times 42 \times 10}{84} = 210.$

अत: कर्ण की लम्बाई = 210 सेमी०.

106. सीधी रेखा पर बना कोण 180° होता है. अत: $\angle ABC = 180°$.

107. $\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta PQR)} = \frac{BC^2}{QR^2} \Rightarrow \frac{64}{121} = \left(\frac{BC}{QR}\right)^2.$

$\therefore \left(\frac{BC}{QR}\right)^2 = \frac{64}{121} = \left(\frac{8}{11}\right)^2 \Rightarrow \frac{BC}{QR} = \frac{8}{11} \Rightarrow \frac{x}{15 \cdot 4} = \frac{8}{11}$, जहाँ $BC = x$ सेमी०.

$\therefore x = \frac{8 \times 15 \cdot 4}{11} = (8 \times 1 \cdot 4) = 11 \cdot 2.$

अत: $BC = 11 \cdot 2$ सेमी०.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

108. $\angle A = \left(\frac{\pi}{4} \times \frac{180}{\pi}\right)^{\circ} = 45^{\circ}, \angle B = \left(\frac{\pi}{6} \times \frac{180}{\pi}\right)^{\circ} = 30^{\circ}.$

$\therefore \angle C = 180^{\circ} - (45^{\circ} + 30^{\circ}) = (180^{\circ} - 75^{\circ}) = 105^{\circ}.$

109. $(A \to F, B \to E, C \to D)$

$\therefore \Delta ABC \sim \Delta FED.$

110. त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ ऊँचाई.

$\therefore \frac{1}{2} \times 5x \times (3x-1) = 60 \Rightarrow 5x(3x-1) = 120$

$\therefore 15x^2 - 5x - 120 = 0 \Rightarrow 3x^2 - x - 24 = 0$

$\Rightarrow 3x^2 - 9x + 8x - 24 = 0 \Rightarrow 3x(x-3) + 8(x-3) = 0$

$\Rightarrow (x-3)(3x+8) = 0 \Rightarrow x = 3$ [$\because x$ का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता]

$5x = (5 \times 3) = 15$ सेमी०, $(3x-1) = (3 \times 3 - 1)$ सेमी० $= 8$ सेमी०.

तीसरी भुजा $= \sqrt{(15)^2 + 8^2} = \sqrt{225 + 64} = \sqrt{289} = 17$ सेमी०.

अत: त्रिभुज की भुजायें 15 सेमी०, 8 सेमी० तथा 17 सेमी० हैं.

111. माना दिये गये वृक्ष AB तथा CD हैं. $BE \perp CD$ खींचें.

$AB = 20$ मीटर, $CD = 28$ मीटर तथा $BD = 17$ मीटर.

समकोण ΔBED से :

$BE^2 = (BD^2 - DE^2) = (17)^2 - (8)^2 = (289 - 64) = 225$

$\Rightarrow BE^2 = (15)^2 \Rightarrow BE = 15$ मीटर.

$\Rightarrow AC = BE = 15$ मीटर.

112. $\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta DEF)} = \frac{h_1^2}{h_2^2} = \left(\frac{h_1}{h_2}\right)^2 \Rightarrow \left(\frac{h_1}{h_2}\right)^2 = \frac{81}{225} = \left(\frac{4}{15}\right)^2 \Rightarrow \frac{h_1}{h_2} = \frac{9}{15} = \frac{3}{5}.$

$\therefore h_1 : h_2 = 3 : 5.$

113. $\frac{BC}{BC} = \sin B$ तथा $\frac{CD}{CA} = \sin A = \sin(90^{\circ} - B) = \cos B.$

$\sin^2 B + \cos^2 B = 1 \Rightarrow \frac{CD^2}{BC^2} + \frac{CD^2}{CA^2} = 1 \Rightarrow \frac{1}{CD^2} = \frac{1}{BC^2} + \frac{1}{CA^2}.$

114. हम जानते हैं कि किसी त्रिभुज में प्रत्येक ऊँचाई सम्मुख भुजा से छोटी होती है.

$\therefore h_1 < a, h_2 < b$ तथा $h_3 < c$

$\Rightarrow (h_1 + h_2 + h_3) < (a + b + c) \Rightarrow p < q.$

115. $\angle C = 2\angle A \Rightarrow \angle C + \angle A = 3\angle A.$

परन्तु $\angle C + \angle A = 90^{\circ}$. अत: $3\angle A = 90^{\circ} \Rightarrow \angle A = 30^{\circ}.$

$\therefore \angle C = (2 \times 30^{\circ}) = 60^{\circ}.$

$\frac{AB}{BC} = \tan C = \tan 60^{\circ} = \sqrt{3} \Rightarrow AB = \sqrt{3}BC.$

$\therefore AB^2 = 3BC^2.$



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

116. $DG \parallel BEF$ खींचें.

अब ΔADG में AD का मध्य बिन्दु E है तथा $DG \parallel EF$.

$AE = ED \Rightarrow AF = FG$.

BC का मध्य बिन्दु D है तथा $DG \parallel BF$

अत: CF का मध्य बिन्दु G है.

$\therefore CG = GF$.

अत: $(AF = FG = GC) \Rightarrow AF = \frac{1}{3}AC$.



117. किसी त्रिभुज में दो भुजाओं का योग सदैव तीसरी भुजा से बड़ा होता है.

118. माना प्रारम्भिक बिन्दु O से पूर्व की ओर $OA = 150$ मीटर.

अब A से उत्तर की ओर $AB = 200$ मीटर.

$OB^2 = (OA)^2 + (AB)^2$

$= (150)^2 + (200)^2 = (22500 + 40000) = 62500$

$\Rightarrow OB = \sqrt{62500} = 250$ मीटर.

अभीष्ट दूरी = 250 मीटर.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

37 चतुर्भुज (QUADRILATERALS)

आवश्यक तथ्य

1. **चतुर्भुज : चार रेखाखण्डों से घिरी आकृति को चतुर्भुज कहते हैं.**
दी गई आकृति में चार रेखाखण्डों AB, BC, CD तथा DA से घिरी आकृति को चतुर्भुज $ABCD$ कहते हैं.
इसे □ $ABCD$ से व्यक्त करते हैं.



(I) इस चतुर्भुज की चार भुजायें (sides) AB, BC, CD तथा DA हैं.
(*i*) इनमें से (AB और DC) तथा (BC और AD) सम्मुख भुजाओं के दो युग्म हैं.
(*ii*) (AB और BC), (BC और CD), (CD और DA) तथा (DA और AB) संलग्न भुजाओं के जोड़े हैं.

(II) इस चतुर्भुज के चार कोण $\angle A, \angle B, \angle C$ तथा $\angle D$ हैं.
इनमें ($\angle A$ और $\angle C$) तथा ($\angle B$ और $\angle D$) सम्मुख कोणों के दो युग्म हैं.
($\angle A$ और $\angle B$), ($\angle B$ और $\angle C$), ($\angle C$ और $\angle D$) तथा ($\angle D$ और $\angle A$) संलग्न कोणों के जोड़े हैं.

(III) इस चतुर्भुज के दो विकर्ण AC तथा BD हैं.

2. **किसी चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है.**
□ $ABCD$ में $\angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 360°$.

3. **समान्तर चतुर्भुज (Parallelogram) : ऐसा चतुर्भुज जिसकी आमने-सामने की भुजायें समान्तर हों, एक समान्तर चतुर्भुज कहलाता है.**
चित्र में $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है. इसमें $AB \parallel DC$ तथा $BC \parallel AD$ हैं.



(I) एक समान्तर चतुर्भुज में :
(*i*) **विपरीत भुजायें बराबर होती हैं.** यहाँ □ $ABCD$ में $AB = DC$ तथा $AD = BC$.
(*ii*) **विपरीत कोण बराबर होते हैं.** यहाँ □$ABCD$ में $\angle A = \angle C$ तथा $\angle B = \angle D$.
(*iii*) प्रत्येक विकर्ण सारे चतुर्भुज को दो बराबर भागों में बाँटता है.
$ar(\Delta ABD) = ar(\Delta BCD)$, $ar(\Delta ABC) = ar(\Delta ACD)$.

4. **आयत (RECTANGLE) :**
एक ऐसा समान्तर चतुर्भुज जिसका प्रत्येक कोण 90° का हो, आयत कहलाता है.
चित्र में $ABCD$ एक आयत है जिसमें
$AB = DC$, $AD = BC$, $\angle A = \angle B = \angle C = \angle D = 90°$.
एक आयत के विकर्ण बराबर होते हैं.

5. **वर्ग (SQUARE) : एक ऐसी आकृति जिसकी चारों भुजायें बराबर हों तथा प्रत्येक कोण का माप 90° हो, वर्ग कहलाता है.**
वर्ग $ABCD$ में $AB = BC = CD = DA$, $\angle A = \angle B = \angle C = \angle D = 90°$
तथा विकर्ण AC = विकर्ण BD.
$\angle AOB = \angle BOC = \angle COD = \angle DOA = 90°$
$AO = OC$ तथा $BO = OD$.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. **समचतुर्भुज (RHOMBUS) :**

एक ऐसा समान्तर चतुर्भुज जिसकी सारी भुजायें बराबर हों, समचतुर्भुज कहलाता है.



चित्र में $ABCD$ एक समचतुर्भुज है.

(I) **एक समचतुर्भुज में चारों भुजायें बराबर होती हैं.**
यहाँ समचतुर्भुज $ABCD$ में $AB = BC = CD = DA$.

(II) $\angle A + \angle C = 180°$ तथा $\angle B + \angle D = 180°$

(III) **एक समचतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं.**
अर्थात $AO = OC$, $BO = OD$, $\angle AOB = \angle BOC = \angle COD = \angle DOA = 90°$.

7. **समलम्ब चतुर्भुज (TRAPEZIUM) :**

एक ऐसा चतुर्भुज जिसकी दो विपरीत भुजायें समान्तर हों तथा दो विपरीत भुजायें समान्तर न हों एक समलम्ब चतुर्भुज कहलाता है.

चित्र में $ABCD$ एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें $AB \parallel DC$ है; AD तथा BC परस्पर समान्तर नहीं हैं. AD तथा BC के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा इसकी माध्यिका (*Median*) कहलाती है.

प्रश्नमाला 37

निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. एक चतुर्भुज के तीन कोण क्रमशः 110°, 85° तथा 70° हैं. चौथे कोण का माप कितना होगा ?
(*a*) 85° (*b*) 90° (*c*) 95° (*d*) 100°

2. एक चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A : \angle B : \angle C : \angle D = 2:1:4:3$ हो, तो $\angle C$ का माप कितना है ?
(*a*) 72° (*b*) 100° (*c*) 108° (*d*) 144°

3. एक चतुर्भुज के कोणों का अनुपात 3 : 4 : 5 : 6 है. इनमें सबसे छोटे कोण का माप कितना है ?
(*a*) 90° (*b*) 60° (*c*) 30° (*d*) 45°

4. दी गई आकृति में $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है जिसमें $\angle BAD = 70°$ तथा $\angle CBD = 65°$. तब, $\angle BDC = ?$
(*a*) 45° (*b*) 35° (*c*) 25° (*d*) 55°



5. दी गई आकृति में $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है जिसमें $\angle BCD = 70°$ तथा $\angle ADB = 50°$. तब $\angle BDC = ?$
(*a*) 50° (*b*) 60° (*c*) 75° (*d*) 40°



6. एक समचतुर्भुज के दो विकर्णों की लम्बाई क्रमशः 16 सेमी० तथा 12 सेमी० है. इस समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी है ?
(*a*) 8 सेमी० (*b*) 9 सेमी० (*c*) 10 सेमी० (*d*) 12 सेमी०

7. एक समचतुर्भुज $ABCD$ के दोनों विकर्ण बिन्दु O पर काटते हैं. यदि $\angle BDC = 60°$ हो, तो $\angle OAB = ?$
(*a*) 40° (*b*) 30° (*c*) 50° (*d*) 45°



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 10 सेमी० लम्बी है तथा इसके एक विकर्ण की लम्बाई 16 सेमी० है. दूसरे विकर्ण की लम्बाई कितनी है ?
(a) 12 सेमी० (b) 6 सेमी० (c) 13 सेमी० (d) $2\sqrt{39}$ सेमी०

9. किसी समचतुर्भुज $ABCD$ में निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $(AC^2 + BD^2) = AB^2$ (b) $(AC^2 + BD^2) = 2AB^2$
(c) $2(AC^2 + BD^2) = 3AB^2$ (d) $(AC^2 + BD^2) = 4AB^2$



10. एक चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A$ तथा $\angle B$ के द्विभाजक क्रमशः AO तथा BO हैं, $\angle C = 70°$ तथा $\angle D = 30°$ हो, तो $\angle AOB = ?$
(a) 100° (b) 80° (c) 50° (d) 40°

11. यदि $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज हो जिसमें $\angle ADC = 90°$ हो, तो यह होगा :
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक समलम्ब समचतुर्भुज (c) एक आयत (d) इनमें से कोई नहीं

12. एक चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A : \angle B : \angle C : \angle D = 3:7:6:4$ हो, तो यह आकृति है :
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक समलम्ब समचतुर्भुज (c) एक समान्तर चतुर्भुज (d) एक काईट (kite)

13. किसी समान्तर चतुर्भुज के दो आसन्न कोणों के समद्विभाजकों के बीच के कोण का माप कितना होगा ?
(a) 30° (b) 45° (c) 60° (d) 90°

14. एक चतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति क्या होगी ?
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक आयत (c) एक वर्ग (d) एक समान्तर चतुर्भुज

15. एक वर्ग की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति क्या होगी ?
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक वर्ग (c) एक आयत (d) एक समान्तर चतुर्भुज

16. एक आयत की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति क्या होगी ?
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक वर्ग (c) एक आयत (d) एक समान्तर चतुर्भुज

17. एक समचतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति क्या होगी ?
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक वर्ग (c) एक आयत (d) एक समान्तर चतुर्भुज

18. एक समान्तर चतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति क्या होगी ?
(a) एक समचतुर्भुज (b) एक वर्ग (c) एक आयत (d) एक समान्तर चतुर्भुज

19. एक समान्तर चतुर्भुज का एक कोण अपने आसन्न कोण का दो-तिहाई हो, तो इसके सबसे छोटे कोण का माप कितना होगा ?
(a) 54° (b) 72° (c) 81° (d) 108°

20. एक समान्तर चतुर्भुज का एक कोण अपने आसन्न कोण के दुगुने से 15° कम है. इसके सबसे बड़े कोण का माप कितना होगा ?
(a) 45° (b) 55° (c) 65° (d) 75°

21. एक समान्तर चतुर्भुज की आसन्न भुजायें a तथा b हैं तथा इसका क्षेत्रफल A वर्ग इकाई है. एक आयत की आसन्न भुजायें a तथा b हैं तथा इसका क्षेत्रफल B वर्ग इकाई है. तब निम्नलिखित में से सत्य कथन कौन-सा है ?
(a) $A > B$ (b) $A = B$ (c) $A < B$ (d) $A \geq B$

22. दी गई आकृति में एक आयत $ABCD$ के अन्दर एक बिन्दु O है. यदि $OA = 5$ सेमी०, $OB = 6$ सेमी०, $OC = x$ सेमी० तथा $OD = 8$ सेमी० हो, तो x का मान कितना है ?
(a) 9·6 सेमी० (b) 6·6 सेमी०
(c) $5\sqrt{2}$ सेमी० (d) $5\sqrt{3}$ सेमी०



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

23. यदि किसी चतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे को समान अनुपात में विभक्त करें तो यह होगा ?
(a) एक समान्तर चतुर्भुज (b) एक आयत (c) एक वर्ग (d) एक समलम्ब चतुर्भुज

24. दी गई आकृति में $ABCD$ एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसके विकर्ण AC तथा BD बिन्दु O पर प्रतिच्छेद करते हैं. यदि $OA = (3x-1)$ सेमी०, $OB = (2x+1)$ सेमी०, $OC = (5x-3)$ सेमी० तथा $OD = (6x-5)$ सेमी० हो, तो x का मान क्या होगा ?



(a) $x = 2$ (b) $x = 3$ (c) $x = 4$ (d) $x = 2{\cdot}5$

25. दी गई आकृति में $ABCD$ एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें $AB \parallel DC$. यदि $OA = (2x+4)$ सेमी०, $OB = (9x-21)$ सेमी०, $OC = (2x-1)$ सेमी० तथा $OD = 3$ सेमी० हो, तो $x = ?$



(a) $x = 1$ (b) $x = 2$ (c) $x = 3$ (d) $x = 4$

26. चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A = \frac{1}{2}\angle B$, $\angle B = \angle C + 12°$ तथा $\angle C = 2\angle D$ हो, तो $(\angle A + \angle D)$ का मान कितना है ?
(a) 183° (b) 177° (c) 118° (d) 120° (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

27. चतुर्भुज $PQRS$ में यदि $\angle Q = 2\angle P$, $\angle R = 3\angle P$ तथा $\angle R = 150°$ हो, तो $(\angle Q - \angle S) = ?$
(a) 30° (b) 60° (c) 40° (d) 50° (e) इनमें से कोई नहीं
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

28. एक चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle A = (\angle B - 26°)$, $\angle B = 2\angle C$ तथा $\angle C = \angle D + 10°$ हो, तो $\angle A = ?$
(a) 104° (b) 126° (c) 56° (d) 132° (e) 106°
(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

29. एक चतुर्भुज के चारों कोणों का योग कितना होता है ?
(a) 180° (b) 240° (c) 360° (d) 720°

30. किसी चतुर्भुज के कोण क्रमशः $\theta°, 2\theta°, 3\theta°$ तथा $4\theta°$ हैं. θ का मान क्या होगा ?
(a) 30° (b) 36° (c) 45° (d) 60°

31. किसी आयत का विकर्ण उसकी छोटी भुजा से तीन गुना है. इसकी भुजाओं का अनुपात क्या होगा ?
(a) 3 : 2 (b) $\sqrt{3}:1$ (c) $2\sqrt{2}:1$ (d) $\sqrt{2}:1$
(रेलवे परीक्षा, 2004)

32. एक समान्तर चतुर्भुज के दो संलग्न कोणों का अन्तर 20° है. इस चतुर्भुज के छोटे कोण तथा बड़े कोण का अनुपात क्या होगा ?
(a) 4 : 5 (b) 4 : 7 (c) 3 : 5 (d) 5 : 6 (e) इनमें से कोई नहीं

33. आयत निम्नलिखित में से किस विमा (dimension) की आकृति है ?
(a) एक विमा (b) द्वि-विमा (c) त्रि-विमा (d) बहु-विमा
(पी०सी०एस० परीक्षा, 2009)

34. एक समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 13 सेमी० है. यदि इसके एक विकर्ण की लम्बाई 24 सेमी० हो, तो दूसरे विकर्ण की लम्बाई कितनी होगी ?
(बी०एड० प्रवेश परीक्षा, 2007)
(a) 10 सेमी० (b) 12 सेमी० (c) 15 सेमी० (d) 20 सेमी०

35. एक समचतुर्भुज के दो सम्मुख कोणों में से प्रत्येक की नाप 60° है तथा इसकी प्रत्येक भुजा 10 सेमी० लम्बी है. इसके छोटे विकर्ण की लम्बाई कितनी है ?
(एस०एस०सी० परीक्षा, 2007)
(a) 10 सेमी० (b) $10\sqrt{3}$ सेमी० (c) $10\sqrt{2}$ सेमी० (d) $\frac{5}{2}\sqrt{2}$ सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

36. एक समान्तर चतुर्भुज का एक कोण उसके सबसे छोटे कोण के दुगुने से 30° कम है. इसके सबसे बड़े कोण का नाप कितना है ? (रेलवे परीक्षा, 2005)
(a) 70° (b) 110° (c) 100° (d) 170°

37. निम्नलिखित में से किस आकृति में कर्ण आपस में समद्विभाजन नहीं करते ?
(a) समलम्ब चतुर्भुज (b) समान्तर चतुर्भुज (c) समचतुर्भुज (d) आयत

38. निम्नलिखित में से किस आकृति में कर्ण आपस में लम्बवत् होते हैं ?
(a) समलम्ब चतुर्भुज (b) समान्तर चतुर्भुज (c) समचतुर्भुज (d) आयत

39. निम्नलिखित में से किस आकृति में कर्ण सदैव बराबर होते हैं ?
(a) समलम्ब चतुर्भुज (b) समान्तर चतुर्भुज (c) समचतुर्भुज (d) आयत

40. एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लम्बाई क्रमशः 8 सेमी० तथा 6 सेमी० हैं. इसकी प्रत्येक भुजा की लम्बाई कितनी है ? (रेलवे परीक्षा, 2002)
(a) 14 सेमी० (b) 5 सेमी० (c) 10 सेमी० (d) 2 सेमी०

41. एक वर्ग में प्रत्येक भुजा x सेमी० लम्बी है. इसके विकर्ण की लम्बाई कितनी होगी ?
(a) x सेमी० (b) $2x$ सेमी० (c) $4x$ सेमी० (d) $x\sqrt{2}$ सेमी०

42. किसी समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ की असमान्तर भुजाओं AD तथा BC के मध्य बिन्दु क्रमशः E तथा F हैं. तब, $EF = ?$
(a) $\frac{(AB+CD)}{2}$ (b) $\frac{(AB+CD)}{3}$ (c) $\frac{(AB+CD)}{4}$ (d) $\frac{(AB-CD)}{2}$

43. एक समान्तर चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का एक जोड़ा क्रमशः $(3x-10)°$ तथा $(x-80)°$ है. x का मान है :
(a) $x = 25$ (b) $x = 45$ (c) $x = 60$ (d) $x = 75$

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 37)

1. (c)	2. (d)	3. (b)	4. (a)	5. (b)	6. (c)	7. (b)	8. (a)	9. (d)	10. (c)
11. (c)	12. (c)	13. (d)	14. (d)	15. (b)	16. (a)	17. (c)	18. (d)	19. (b)	20. (c)
21. (c)	22. (d)	23. (d)	24. (a)	25. (c)	26. (d)	27. (c)	28. (e)	29. (c)	30. (b)
31. (c)	32. (a)	33. (b)	34. (a)	35. (a)	36. (b)	37. (a)	38. (c)	39. (d)	40. (b)
41. (d)	42. (a)	43. (b)							

दिये गये प्रश्नों के हल — प्रश्नमाला 37

1. माना चौथा कोण $= x°$, तब
$110+85+70+x=360 \Rightarrow 265+x=360 \Rightarrow x=(360-265)=95.$
$\therefore$ चौथा कोण $= 95°$.

2. माना $\angle A=(2x)°, \angle B=x°, \angle C=(4x)°$ तथा $\angle D=(3x)°$. तब
$2x+x+4x+3x=360 \Rightarrow 10x=360 \Rightarrow x=36.$
$\therefore \angle C=(4\times36)°=144°.$

3. माना दिये गये कोण $(3x)°, (4x)°, (5x)°$ तथा $(6x)°$ हैं. तब
$3x+4x+5x+6x=360 \Rightarrow 18x=360 \Rightarrow x=20.$
$\therefore$ सबसे छोटा कोण $= (3\times20)° = 60°.$

4. $\angle BCD=\angle A=70°$ [समान्तर चतुर्भुज के विपरीत कोण]
ΔBCD में $\angle CBD+\angle BCD+\angle BDC=180°$
$\Rightarrow 65°+70°+\angle BDC=180° \Rightarrow \angle BDC=(180°-135°)=45°.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. $\angle DBC = \angle ADB = 50°$ [एकान्तर कोण]
ΔBCD में, $\angle DBC + \angle BCD + \angle BDC = 180°$
$\Rightarrow 50° + 70° + \angle BDC = 180° \Rightarrow \angle BDC = (180° - 120°) = 60°$.

6. माना दिया गया समचतुर्भुज $ABCD$ है जिसमें विकर्ण $AC = 16$ सेमी० तथा विकर्ण $BD = 12$ सेमी०. AC तथा BD का प्रतिच्छेद बिन्दु इन्हें 90° पर समद्विभाजित करता है.



$\therefore AO = OC = 8$ सेमी०, $BO = OD = 6$ सेमी० तथा $\angle AOB = 90°$.
$AB^2 = OA^2 + OB^2 = (8)^2 + (6)^2 = (64 + 36) = 100 = (10)^2$
$\Rightarrow AB = 10$ सेमी०.
अत: $ABCD$ की प्रत्येक भुजा 10 सेमी० है.

7. $\angle ABO = \angle CDO = 60°$, $\angle AOB = 90°$.
अब $\angle OAB + \angle AOB + \angle ABO = 180° \Rightarrow \angle OAB + 90° + 60° = 180°$
$\therefore \angle OAB = (180° - 150°) = 30°$.

8. माना समचतुर्भुज $ABCD$ है जिसके विकर्ण बिन्दु O पर काटते हैं. माना विकर्ण $AC = 16$ सेमी०.



तब $AB = 10$ सेमी०, $OA = 8$ सेमी० तथा $\angle AOB = 90°$.
$\therefore OB^2 = (AB^2 - OA^2) = [(10)^2 - (8)^2] = (100 - 64) = 36 = 6^2$
$\Rightarrow OB = 6$ सेमी० $\Rightarrow BD = 2 \times OB = (2 \times 6)$ सेमी० $= 12$ सेमी०.

9. $OA^2 + OB^2 = AB^2 \Rightarrow \left(\frac{1}{2}AC\right)^2 + \left(\frac{1}{2}BD\right)^2 = AB^2$
$\therefore \frac{1}{4}AC^2 + \frac{1}{4}BD^2 = AB^2 \Rightarrow AC^2 + BD^2 = 4AB^2$.

10. हम जानते हैं कि एक चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है.
$\therefore \angle A + \angle B + 30° + 70° = 360° \Rightarrow \angle A + \angle B = 260°$
$\Rightarrow \frac{1}{2}\angle A + \frac{1}{2}\angle B = 130° \Rightarrow \angle AOB = (180° - 130°) = 50°$.

11. $\angle A + \angle B = 180°$ k $\angle A = \angle B \Rightarrow \angle A = \angle B = 90°$.
$\therefore ABCD$ एक आयत है.

12. $3x + 7x + 6x + 4x = 360 \Rightarrow 20x = 360 \Rightarrow x = 18$.
$\therefore \angle A = 54°, \angle B = 126°, \angle C = 108°$ तथा $\angle D = 72°$.
अत: $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है.

13. $\angle A + \angle B = 180° \Rightarrow \frac{1}{2}\angle A + \frac{1}{2}\angle B = 90°$



$\frac{1}{2}\angle A + \frac{1}{2}\angle B + \angle AOB = 180° \Rightarrow 90° + \angle AOB = 180°$
अत: $\angle AOB = 90°$.

14. एक चतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमश: मिलाने पर प्राप्त आकृति एक समान्तर चतुर्भुज होती है.
15. एक वर्ग की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमश: मिलाने पर प्राप्त आकृति एक वर्ग होगी.
16. एक आयत की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमश: मिलाने पर प्राप्त आकृति एक समचतुर्भुज होती है.
17. एक समचतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमश: मिलाने पर प्राप्त आकृति एक आयत होती है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

18. एक समान्तर चतुर्भुज की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को क्रमशः मिलाने पर प्राप्त आकृति एक समान्तर चतुर्भुज होती है.

ध्यान रहे : ऊपर वाली आकृति की आसन्न भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने पर नीचे वाली आकृति प्राप्त होती है.

चतुर्भुज	वर्ग	समान्तर चतुर्भुज	आयत	समचतुर्भुज
समान्तर चतुर्भुज	वर्ग	समान्तर चतुर्भुज	समचतुर्भुज	आयत

19. माना एक कोण $= x°$. तब संगत कोण $= \left(\frac{2x}{3}\right)°$.

$\therefore\ x+\frac{2x}{3}=180 \Rightarrow \frac{5x}{3}=180 \Rightarrow x=\left(180\times\frac{3}{5}\right)=108.$

छोटे से छोटा कोण $=\left(\frac{2}{3}\times 108\right)°=72°.$

20. माना सबसे छोटा कोण $= x°$. तब इसका आसन्न कोण $=(2x-15)°$.

$\therefore\ x+(2x-15)=180 \Rightarrow 3x=195 \Rightarrow x=65.$

एक कोण $=65°$, दूसरा कोण $=(180°-65°)=115°$.

सबसे छोटा कोण $=65°$.

21. माना समान्तर चतुर्भुज की ऊँचाई h है. तब $h<b$.

$\therefore\ A=a\times h<a\times b=B \Rightarrow A<B.$

22. $OA^2+OC^2=OB^2+OD^2 \Rightarrow 5^2+x^2=6^2+8^2$

$\therefore\ x^2=(36+64-25)=75 \Rightarrow x=\sqrt{75}=5\sqrt{3}$ सेमी०.

23. किसी समलम्ब चतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे को समान अनुपात में विभक्त करते हैं.

24. $\frac{OA}{OC}=\frac{OB}{OD} \Rightarrow \frac{3x-1}{5x-3}=\frac{2x+1}{6x-5}$.

$\therefore\ (3x-1)(6x-5)=(5x-3)(2x+1) \Rightarrow 18x^2-21x+5=10x^2-x-3$

$\Rightarrow 8x^2-20x+8=0 \Rightarrow 2x^2-5x+2=0 \Rightarrow 2x^2-4x-x+2=0$

$\Rightarrow 2x(x-2)-(x-2)=0 \Rightarrow (x-2)(2x-1)=0 \Rightarrow x=2\left[\because\ x=\frac{1}{2} \Rightarrow (6x-5)<0\right]$

25. $\frac{OA}{OB}=\frac{OC}{OD} \Rightarrow \frac{2x+4}{9x-21}=\frac{2x-1}{3}$

$\Rightarrow 3(2x+4)=(9x-21)(2x-1) \Rightarrow 6x+12=18x^2-51x+21$

$\Rightarrow 18x^2-57x+9=0 \Rightarrow 6x^2-19x+3=0 \Rightarrow 6x^2-18x-x+3=0$

$\Rightarrow 6x(x-3)-(x-3)=0 \Rightarrow (x-3)(6x-1)=0 \Rightarrow x=3$ अथवा $x=\frac{1}{6}$.

परन्तु $x=\frac{1}{6} \Rightarrow (2x-1)=\left(2\times\frac{1}{6}-1\right)<0$. अतः $x=3$.

26. माना $\angle D=x°$. तब $\angle C=(2x)°$, $\angle B=(x+12)°$, $\angle A=\frac{1}{2}(x+12)°$.

परन्तु $\angle A+\angle B+\angle C+\angle D=360°$

$\Rightarrow \frac{1}{2}(x+12)+(x+12)+(2x)+x=360 \Rightarrow \frac{1}{2}(x+12)+(4x+12)=360$

$\Rightarrow \left(4x+\frac{1}{2}x\right)+18=360 \Rightarrow \frac{9x}{2}=342 \Rightarrow x=\frac{342\times 2}{9}=76.$

$\therefore\ (\angle A+\angle D)=\left\{\frac{1}{2}(x+12)+x\right\}°=\left[\frac{1}{2}(76+12)+76\right]°=120°.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

27. माना $\angle D = x^\circ$, तब $\angle C = (3x)^\circ$, $\angle A = (2x)^\circ$, $\angle B = 180^\circ$
$\Rightarrow x = 30^\circ$
$\therefore \angle D = 30^\circ$, $\angle A = 60^\circ$, $\angle C = 90^\circ$
$\angle B = 180^\circ$ $(30^\circ + 60^\circ + 90^\circ) = 180^\circ$
$\therefore (\angle C - \angle D) = (180^\circ - 30^\circ) = 45^\circ$

28. माना $\angle D = x^\circ$ तब $\angle C = (x + 10)^\circ$, $\angle B = (2x + 10)^\circ$, $\angle A = (2x + 20) - 20^\circ = (2x - 0)^\circ$.
$\angle A + \angle B + \angle C + \angle D = 360^\circ$
$\Rightarrow (2x - 0) + (2x + 20) + (x + 10) + x = 360^\circ \Rightarrow 0x + 24 = 360^\circ \Rightarrow 0x = 336 \Rightarrow x = 56$.
$\Rightarrow \angle A = (2 \times 56 - 0)^\circ = (112 - 0)^\circ = 112^\circ$

29. एक चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है.

30. हम जानते हैं कि किसी चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360° होता है.
अतः $\theta + 2\theta + 3\theta + 4\theta = 360^\circ \Rightarrow 10\theta = 360^\circ \Rightarrow \theta = 36$.

31. माना आयत की बड़ी भुजा $= x$ इकाई तथा छोटी भुजा $= y$ इकाई.
तब विकर्ण $= 3y$.



$AC^2 = AB^2 + BC^2 \Rightarrow (3y)^2 = x^2 + y^2 \Rightarrow x^2 = 8y^2 \Rightarrow x = 2\sqrt{2}y$

$$\Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{2\sqrt{2}}{1} \Rightarrow x : y = 2\sqrt{2} : 1.$$

32. माना समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ है जिसमें
$A - B = 20^\circ$ तथा $A + B = 180^\circ$.
इन्हें हल करने पर $A = 100$ तथा $B = 80$.
अभीष्ट अनुपात $= 80 : 100 = 4 : 5$.

33. आयत एक द्वि-विमा चित्र है.

34. $AB = 13$ सेमी०, $OB = \frac{1}{2} \times BD = \left(\frac{1}{2} \times 24\right)$ सेमी० $= 12$ सेमी०
तथा $\angle AOB = 90^\circ$. माना $OA = x$ सेमी०.
तब, $AB^2 = OA^2 + OB^2 \Rightarrow (13)^2 = x^2 + (12)^2$
$\Rightarrow x^2 = (169 - 144) = 25 = 5^2 \Rightarrow x = 5$.
$\therefore AC = 2 \times OA = (2 \times 5)$ सेमी० $= 10$ सेमी०.

35. समचतुर्भुज $ABCD$ में माना प्रत्येक भुजा $= 10$ सेमी०
तथा $\angle A = \angle C = 60^\circ$, तब $\angle B = \angle D = 120^\circ$.
स्पष्ट है कि $\angle A = 60^\circ$ तथा $AB = BD$.
$\therefore \angle ABD = \angle ADB = 60^\circ$. अतः ΔABD समबाहु त्रिभुज है
अतः $BD = AB = AD = 10$ सेमी०.

36. माना सबसे छोटा कोण $= \alpha^\circ$. तब, सबसे बड़ा कोण $= (180^\circ - \alpha)$
$\therefore (180^\circ - \alpha) = 2\alpha - 30 \Rightarrow 3\alpha = 210 \Rightarrow \alpha = 70$.
सबसे बड़ा कोण $= (180^\circ - 70^\circ) = 110^\circ$.

37. समलम्ब चतुर्भुज में कर्ण आपस में समद्विभाजन नहीं करते.

38. समचतुर्भुज में कर्ण आपस में लम्बवत् होते हैं.

39. आयत में कर्ण सदैव बराबर होते हैं.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

40. $OA = \frac{1}{2}AC = \left(\frac{1}{2}\times 8\right)$ सेमी० $= 4$ सेमी०,

$OB = \left(\frac{1}{2}\times 6\right)$ सेमी० $= 3$ सेमी० तथा $\angle AOB = 90°$.

$\therefore\ AB^2 = OA^2 + OB^2 = (4)^2 + (3)^2 = (16+9) = 25 = 5^2$

$\Rightarrow AB = 5$ सेमी०.

अत: दिये गये समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा 5 सेमी० है.



41. माना वर्ग $ABCD$ की प्रत्येक भुजा x सेमी० है. तब

$AC^2 = AB^2 + BC^2 = x^2 + x^2 = 2x^2 \Rightarrow AC = \sqrt{2}x$ सेमी०.

अत: विकर्ण की लम्बाई $= \sqrt{2}x$ सेमी०.



42. याद रखें $EF = \frac{(AB+CD)}{2}$.

43. समान्तर चतुर्भुज में सम्मुख कोण बराबर होते हैं.

$\therefore\ 3x - 10 = x + 80 \Rightarrow 2x = 90 \Rightarrow x = 45.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

38 वृत्त (CIRCLES)

आवश्यक तथ्य

वृत्त (Circle): एक तल में स्थित उन सभी बिन्दुओं का समुच्चय जिनमें से प्रत्येक बिन्दु एक स्थिर बिन्दु से एक अचर दूरी पर स्थित है, वृत्त कहलाता है. स्थिर बिन्दु O वृत्त का केन्द्र (Centre) कहलाता है.

O से वृत्त पर स्थित किसी बिन्दु A की दूरी OA, वृत्त की त्रिज्या (Radius) कहलाती है.



माना किसी वृत्त का केन्द्र O तथा त्रिज्या r है.

(i) **वृत्त का बाह्य भाग (Exterior of a circle) : कोई बिन्दु B वृत्त के बाह्य भाग में होगा, यदि $OB > r$.**

(ii) **वृत्त का आन्तरिक भाग (Interior of a Circle) : कोई बिन्दु C वृत्त के आन्तरिक भाग में होगा, यदि $OC < r$.**

(iii) **कोई बिन्दु A वृत्त पर होगा, यदि $OA = r$.**

(iv) **जीवा (Chord) : एक रेखाखण्ड $\overline{PQ}$ जिसके अन्तिम बिन्दु P तथा Q वृत्त के ऊपर हों, वृत्त की जीवा कहलाता है.**

(v) **व्यास (Diameter) : वृत्त के केन्द्र से गुजरने वाली जीवा व्यास कहलाती है.**

व्यास = (2 × अर्द्धव्यास) = (2 × त्रिज्या).

नोट 1. व्यास किसी वृत्त की सबसे बड़ी जीवा है.

नोट 2. व्यास वृत्त को दो बराबर भागों में बाँटता है. प्रत्येक भाग को अर्द्धवृत्त (semi-circle) कहते हैं.

साथ में दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है. AB वृत्त का व्यास है तथा $\widehat{APB}$ एवं $\widehat{AQB}$ में से प्रत्येक अर्द्ध-वृत्त है.



(vi) **चाप (Arc) :** वृत्त का कोई भी भाग चाप कहलाता है. यदि चाप अर्द्धवृत्त से छोटी हो, तो इसे लघु चाप कहते हैं. यदि चाप अर्द्धवृत्त से बड़ी हो, तो इसे दीर्घ चाप कहते हैं. साथ में दी गई आकृति में $\widehat{APB}$ एक लघु चाप है तथा $\widehat{AQB}$ एक दीर्घ चाप है.



(vii) **वृत्त खण्ड (Segment) :** एक चाप तथा इसके अन्तिम छोरों को मिलाने वाली सरल रेखा के बीच के क्षेत्र को वृत्त खण्ड कहते हैं. लघु चाप से बना वृत्त खण्ड, लघु वृत्त-खण्ड (Minor segment) कहलाता है तथा दीर्घ चाप से बना वृत्त खण्ड, दीर्घ वृत्त-खण्ड (Major segment) कहलाता है. दी गई आकृति में वृत्त खण्ड APB, लघु वृत्त खण्ड है तथा वृत्त खण्ड AQB, दीर्घ वृत्त खण्ड है.



(viii) **वृत्त का द्वैत्रिज्य (Sector of a Circle) : दो त्रिज्याओं तथा उनके अन्तिम बिन्दुओं से बनने वाले चाप से घिरे क्षेत्र को वृत्त का द्वैत्रिज्य कहते हैं.**

दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा OAB एक द्वैत्रिज्य है.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*ix*) **वृत्त की परिधि (Circumference of a Circle) : वृत्त के परिमाप को उसकी परिधि कहते हैं.**

त्रिज्या r के वृत्त की परिधि $= 2\pi r$.

(*x*) **समकेन्द्रीय वृत्त (Concentric Circles) : किसी तल में एक ही केन्द्र से खींचे गये विभिन्न त्रिज्याओं के वृत्त, समकेन्द्रीय वृत्त कहलाते हैं.**

(*xi*) **त्रिभुज का परिवृत्त (Circumcircle) : वह वृत्त जो किसी त्रिभुज के शीर्ष बिन्दुओं से होकर गुजरता है, उस त्रिभुज का परिवृत्त कहलाता है.**



(*xii*) **चक्रीय चतुर्भुज (Cyclic Quadrilateral) : एक ऐसा चतुर्भुज जिसके चारों शीर्ष बिन्दु किसी वृत्त पर स्थित हों, एक चक्रीय चतुर्भुज कहलाता है.**

संलग्न चित्र में $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है.



वृत्त पर आधारित प्रमेय

1. (*i*) **किसी वृत्त की दो समान जीवायें केन्द्र पर समान कोण बनाती हैं.**

दिये गये चित्र में एक वृत्त का केन्द्र O है तथा AB एवं CD इसकी दो बराबर जीवायें हैं.

तब, $\angle AOB = \angle COD$.

(*ii*) **यदि किसी वृत्त की दो जीवायें वृत्त के केन्द्र पर समान कोण बनायें, तो ऐसी जीवायें बराबर होती हैं.**



2. (*i*) **यदि किसी वृत्त की दो चाप सर्वांगसम हों तो उनकी संगत जीवायें बराबर होती हैं.**

दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है जिसमें $\widehat{AB} = \widehat{CD}$.

तब जीवा AB = जीवा CD.

(*ii*) यदि किसी वृत्त की दो जीवायें बराबर हों तो इन जीवाओं से काटी गई चाप बराबर होंगी.



3. (*i*) **किसी वृत्त के केन्द्र से जीवा पर डाला गया लम्ब जीवा को समद्विभाजित करता है.**

दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा AB एक जीवा है.

यदि $OL \perp AB$ हो, तो $AL = BL$.

(*ii*) किसी वृत्त के केन्द्र तथा इसकी एक जीवा के मध्य बिन्दु को मिलाने वाली रेखा जीवा पर लम्ब होती है.



4. (*i*) **किसी वृत्त की समान जीवायें केन्द्र से समदूरस्थ होती हैं.**

दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवा AB = जीवा CD.

यदि $OL \perp AB$ तथा $OM \perp CD$ हो, तो $OL = OM$.

(*ii*) किसी वृत्त की दो जीवायें जो केन्द्र से समदूरस्थ हैं, परस्पर समान होती हैं.



$$OL = OM \Rightarrow AB = CD$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

तीन असरेख बिन्दुओं से होकर एक और केवल एक वृत्त गुजरता है.

5. (i) **किसी वृत्त की दो असमान जीवाओं में से बड़ी जीवा, छोटी जीवा की अपेक्षा केन्द्र से निकटतर होती है.**

6. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवा $AB >$ जीवा CD.
यदि $OL \perp AB$ तथा $OM \perp CD$. तब, $OL < OM$.



(ii) **किसी वृत्त की दो असमान जीवाओं में से जो जीवा केन्द्र के निकटतर होती है, वह बड़ी होती है.**
दिया है $OL < OM$. तब $AB > CD$.

7. **किसी वृत्त की एक चाप द्वारा केन्द्र पर बना कोण, इस चाप द्वारा शेष वृत्त-खण्ड में किसी बिन्दु पर बने कोण का दुगुना होता है.**
दिये गये वृत्त का केन्द्र O है तथा चाप AB केन्द्र O पर $\angle AOB$ बनाती है. यह चाप शेष वृत्त-खण्ड के बिन्दु C पर $\angle ACB$ बनाती है. तब, $\angle AOB = 2\angle ACB$.



8. **एक ही वृत्तखण्ड में बने दो कोण परस्पर समान होते हैं.**
केन्द्र O का एक वृत्त है जिसमें चाप AB द्वारा एक ही वृत्त खण्ड $ACDB$ में दो कोण $\angle ACB$ तथा $\angle ADB$ बनते हैं. तब, $\angle ACB = \angle ADB$.



9. **किसी अर्द्ध-वृत्त में बना कोण समकोण होता है.**
संलग्न चित्र में किसी वृत्त का केन्द्र O है तथा अर्द्धवृत्त में $\angle ACB$ बना है.
तब, $\angle ACB = 90°$.



10. **किसी वृत्त की लघु-चाप द्वारा एकान्तर खण्ड में बना कोण न्यूनकोण तथा दीर्घ-चाप द्वारा बना कोण अधिक कोण होता है.**
माना दिये गये वृत्त का केन्द्र O है. लघु-चाप BAC द्वारा एकान्तर खण्ड में बना कोण $\angle BDC$ एक न्यूनकोण है. जबकि दीर्घ चाप BDC द्वारा एकान्तर खण्ड में बना कोण $\angle BAC$ एक अधिक कोण है.



11. (i) **एक चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योग 180° होता है.**
दिये गये चित्र में $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है.
अत: $\angle A + \angle C = 180°$ तथा $\angle B + \angle D = 180°$.



(ii) **यदि किसी चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योग 180° हो, तो यह एक चक्रीय-चतुर्भुज होगा.**

(iii) **प्रत्येक चक्रीय समान्तर चतुर्भुज एक आयत होता है.**

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

(*iv*) यदि किसी चतुर्भुज की एक भुजा बढ़ा दी जाये तो इस प्रकार बना बाह्य कोण इसके अभिमुख अन्त:कोण के बराबर होता है.

दिये गये चित्र में चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ की भुजा AB को E तक बढ़ा दिया गया है. तब, $\angle CBE = \angle ADC$.



12. **त्रिभुज का अन्त:वृत्त (Incircle of a Triangle) :**

यदि कोई वृत्त एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं को स्पर्श करे तो उसे अन्त:वृत्त कहते हैं.

अन्त:वृत्त के केन्द्र को अन्त:केन्द्र (Incentre) कहते हैं.

दिये गये चित्र में ΔABC के अन्त:वृत्त का केन्द्र O है.

यह वृत्त AB, BC तथा CA को क्रमश: बिन्दु D, E तथा F पर स्पर्श करता है.

यहाँ $AD = AF$, $BD = BE$ तथा $CE = CF$.



13. (*i*) **किसी वृत्त की स्पर्श रेखा, स्पर्श बिन्दु से होकर जाने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है.**

यदि केन्द्र O के वृत्त के बिन्दु P पर स्पर्श रेखा APB हो, तो $OP \perp AB$ होगी.

(*ii*) **वह रेखा जो त्रिज्या के अन्तिम सिरे से होकर जाती है तथा त्रिज्या पर लम्ब है, वृत्त की स्पर्श रेखा होती है.**



(*iii*) **किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श रेखाओं की लम्बाईयाँ बराबर होती हैं.**

यदि केन्द्र O के वृत्त के बाहर बिन्दु P से दो स्पर्श रेखायें PA तथा PB खींची जायें, तो $PA = PB$.



14. (*i*) **यदि PAB एक वृत्त की छेदक रेखा हो जो वृत्त को बिन्दु A तथा B पर प्रतिच्छेद करती है तथा PT एक स्पर्श रेखाखण्ड हो, तो $PA \cdot PB = PT^2$ होगा.**



(*ii*) **यदि किसी वृत्त की दो जीवायें वृत्त के अन्दर या बढ़ाने पर बाहर प्रतिच्छेद करती हों, तो एक जीवा के दो खण्डों से बने आयत का क्षेत्रफल दूसरी जीवा के दो खण्डों से बने आयत के क्षेत्रफल के बराबर होता है.**



$PA \cdot PB = PC \cdot PD$



$PA \cdot PB = PC \cdot PD$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. (*i*) **यदि किसी वृत्त की स्पर्श रेखा के स्पर्शबिन्दु से एक जीवा खींची जाये, तो इस जीवा द्वारा दी गई स्पर्श रेखा के साथ बने कोण, संगत एकांतर खण्डों में बने कोणों के क्रमशः बराबर होते हैं.**



एक वृत्त दिया गया है जिसका केन्द्र O है. इस वृत्त के बिन्दु P पर APB एक स्पर्श रेखा है तथा PQ एक जीवा है. वृत्त पर PQ के विपरीत बिन्दु M तथा N हैं. तब

(*i*) $\angle APQ = \angle PNQ$ तथा (*ii*) $\angle BPQ = PMQ$.

(*ii*) **यदि वृत्त की जीवा के एक अन्तिम बिन्दु से होती हुई रेखा और जीवा के बीच का कोण, एकान्तर खण्ड में जीवा द्वारा अंतरित कोण के बराबर हो, तो यह रेखा वृत्त की स्पर्श रेखा होती है.**



माना एक वृत्त का केन्द्र O है तथा PQ इस वृत्त की जीवा है.
बिन्दु P से जाती हुई एक सरल रेखा AB इस प्रकार खींची गई है कि $\angle BPQ = \angle PMQ$, जहाँ $\angle PMQ$ एकान्तर वृत्तखण्ड में स्थित है. तब AB बिन्दु P पर वृत्त की स्पर्श रेखा है.

16. (*i*) **यदि दो वृत्त जिनके केन्द्र क्रमशः O तथा O' हैं बिन्दु A पर स्पर्श करें तो यह बिन्दु, OO' पर स्थित होगा.**



(*ii*) **यदि दो वृत्त एक बिन्दु पर स्पर्श करें तो इन वृत्तों के स्पर्श बिन्दु पर एक उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा होती है.**



प्रश्नमाला 38

नीचे दिये गये प्रश्नों में से प्रत्येक में ठीक उत्तर को चिन्हांकित (✓) कीजिए :

1. एक वृत्त की त्रिज्या 10 सेमी० है तथा इस वृत्त की एक जीवा की लम्बाई 12 सेमी० है. इस जीवा की केन्द्र से दूरी कितनी है ?
   (*a*) $2\sqrt{11}$ सेमी० (*b*) 22 सेमी० (*c*) 2 सेमी० (*d*) 8 सेमी०
2. एक वृत्त की त्रिज्या 17 सेमी० है तथा इस वृत्त के केन्द्र से एक जीवा की लम्बवत् दूरी 8 सेमी० है. इस जीवा की लम्बाई कितनी है ?
   (*a*) 25 सेमी० (*b*) 18 सेमी० (*c*) 30 सेमी० (*d*) 15 सेमी०
3. एक वृत्त के केन्द्र से 12 सेमी० की दूरी पर 32 सेमी० लम्बी जीवा खींची गई है. इस वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?
   (*a*) 20 सेमी० (*b*) 22 सेमी० (*c*) 16 सेमी० (*d*) $2\sqrt{11}$ सेमी०
4. दी गई आकृति में एक वृत्त का केन्द्र O है तथा CD वृत्त का व्यास है. AB वृत्त की एक जीवा 12 सेमी० लम्बी है. यदि $CE = 2$ सेमी० हो, तो वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?
   (*a*) 8 सेमी० (*b*) 9 सेमी० (*c*) 10 सेमी० (*d*) 7·5 सेमी०



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, AB वृत्त की एक जीवा है तथा BC वृत्त का व्यास है. यदि $OD \perp AB$ हो, तथा $OD = 4$ सेमी०. तब AC की लम्बाई कितनी होगी ?

(*a*) 4 सेमी० (*b*) 6 सेमी० (*c*) 8 सेमी० (*d*) 5 सेमी०



6. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, BOC वृत्त का व्यास है तथा $AB = AC$. तब, $\angle ABC = ?$

(*a*) 30° (*b*) 45° (*c*) 60° (*d*) 90°



7. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, AB तथा CD इसकी दो बराबर जीवायें हैं. यदि $\angle AOB = 70°$ है, तो $\angle COD$ का मान क्या होगा ?

(*a*) 70° (*b*) 105° (*c*) 110° (*d*) 90°



8. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle OAB = 35°$ हो तथा C वृत्त पर कोई बिन्दु लिया गया हो, तो $\angle ACB = ?$

(*a*) 35° (*b*) 45° (*c*) 55° (*d*) 70°

9. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle ACB = 40°$ है. तब, $\angle AOB = ?$

(*a*) 30° (*b*) 40° (*c*) 60° (*d*) 80°

10. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा BOC इस वृत्त का एक व्यास है. यदि $\angle BCA = 30°$ हो, तो $\angle CDA = ?$

(*a*) 30° (*b*) 45° (*c*) 60° (*d*) 50°



11. दी गई आकृति में ΔABC तथा ΔDBC का परिवृत्त खींचा गया है जो इस प्रकार है कि $\angle BAC = 50°$ तथा $\angle DBC = 60°$. तब, $\angle BCD = ?$

(*a*) 50° (*b*) 60° (*c*) 70° (*d*) 80°

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

12. दी गई आकृति में एक वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle OAC = 40°$ हो, तो $\angle BOD = ?$

(a) 80° (b) 100° (c) 90° (d) 120°



13. दी गई आकृति में एक वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle OAB = 60°$. तब, $\angle CDA = ?$

(a) 60° (b) 40° (c) 90° (d) 120°



14. दी गई आकृति में एक वृत्त की दो प्रतिच्छेदी जीवायें AB तथा CD हैं. यदि $\angle CAB = 30°$ तथा $\angle BCD = 70°$ हो, तो $\angle CBD = ?$

(a) 70° (b) 80° (c) 40° (d) 100°



15. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवायें AC तथा BD बिन्दु E पर काटती हैं. यदि $\angle AEB = 100°$ तथा $\angle CBE = 30°$ हो, तो $\angle ADB = ?$

(a) 80° (b) 90° (c) 70° (d) 50°



16. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, $\angle OAB = 30°$ तथा $\angle OCB = 50°$ हो, तो $\angle AOC$ कितना होगा ?

(a) 20° (b) 40° (c) 50° (d) 60°



17. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle AOC = 100°$. तब, $\angle BDC = ?$

(a) 80° (b) 60° (c) 40° (d) 20°



18. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle AOB = 40°$ हो, तो $\angle OAB = ?$

(a) 50° (b) 80° (c) 60° (d) 70°



19. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle OBA = 30°$ तथा $\angle OCA = 25°$ हो, तो $\angle BAC$ कितना होगा ?

(a) 115° (b) 95° (c) 125° (d) 100°



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

20. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, यदि $\angle AOB = 80°$ तथा $\angle AOC = 90°$ हो, तो $\angle BAC = ?$

(a) 85° (b) 75° (c) 95° (d) 80°

21. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, AOB वृत्त का व्यास है तथा $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है यदि $\angle ADC = 130°$ हो, तो $\angle BAC = ?$

(a) 50° (b) 40° (c) 65° (d) 30°

22. दी गई आकृति में $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसमें $AB \parallel DC$ तथा $\angle BAD = 110°$. तब, $\angle ABC = ?$

(a) 70° (b) 110° (c) 55° (d) 165°



23. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle AOC = 130°$, तब, $\angle ABC = ?$

(a) 130° (b) 100° (c) 115° (d) 65°



24. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है, AOB वृत्त का व्यास है तथा $DC \parallel AB$. यदि $\angle BAC = 30°$ हो, तो $\angle CAD$ का मान कितना होगा ?

(a) 30° (b) 45° (c) 50° (d) 60°



25. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle AOC = 110°$ तथा चतुर्भुज $OABC$ की भुजा AB को D तक बढ़ाया गया है. तब, $\angle CBD$ का मान कितना होगा ?

(a) 70° (b) 55° (c) 40° (d) 110°

26. दी गई आकृति में $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसमें $BC = CD$ तथा $\angle CBD = 25°$. तब $\angle BAD = ?$

(a) 65° (b) 55° (c) 50° (d) 75°

27. दी गई आकृति में एक वृत्त के अन्तर्गत समबाहु त्रिभुज ΔABC खींची गई है तथा $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है. इसमें $\angle BCD$ का माप क्या होगा ?

(a) 60° (b) 120° (c) 90° (d) 150°



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

7. दी गई आकृति में एक चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ की भुजाओं AB तथा AD को क्रमशः E तथा F तक बढ़ाया गया है. यदि $\angle CBE = 110°$ हो, तो $\angle CDF = ?$

(a) 70° (b) 110° (c) 140° (d) 40°



8. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle AOC = 100°$ तथा भुजा AB को D तक बढ़ाया गया है. तब, $\angle CBD$ का मान कितना होगा ?

(a) 80° (b) 50° (c) 100° (d) 40°



9. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle ADC = 130°$. यदि $\angle BAC = x°$ हो तो x का मान कितना होगा ?

(a) 65 (b) 50 (c) 40 (d) 60



10. दी गई आकृति में यदि $\angle A = (2x+4)°$, $\angle B = (x+10)°$, $\angle C = (4y-4)°$ तथा $\angle D = (5y+5)°$ हो, तो

(a) $x = 25, y = 40$ (b) $x = 40, y = 25$
(c) $x = 30, y = 45$ (d) $x = 45, y = 30$



11. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है तथा $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है. यदि $AB \parallel DC$ हो तथा $\angle BAC = 25°$ हो, तो $\angle CAD$ का मान कितना होगा ?

(a) 50° (b) 75° (c) 40° (d) 80°



12. एक चक्रीय समान्तर चतुर्भुज सदैव होता है.

(a) एक आयत (b) एक वर्ग (c) एक समचतुर्भुज (d) इनमें से कोई नहीं

13. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle BCD = 120°$ हो, तो $\angle ABD$ कितना होगा ?

(a) 60° (b) 30° (c) 35° (d) 70°



14. दिये गये वृत्त का केन्द्र O है. इसमें जीवा AB = 16 सेमी०. $OC \perp AB$ तथा OC = 6 सेमी०. इस वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?

(a) 6 सेमी० (b) 8·5 सेमी० (c) 10 सेमी० (d) 12·5 सेमी०



15. 5 सेमी० त्रिज्या के वृत्त की उस जीवा की लम्बाई कितनी होगी जो केन्द्र से 3 सेमी० दूर हो ?

(a) 4 सेमी० (b) 6 सेमी० (c) 8 सेमी० (d) 15 सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

37. एक वृत्त की दो समान्तर जीवाओं की लम्बाई क्रमश: 6 सेमी० तथा 8 सेमी० हैं. दोनों जीवायें केन्द्र से नीचे हैं तथा इनके बीच की दूरी 1 सेमी० है. वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?

(*a*) 8 सेमी० (*b*) 7 सेमी० (*c*) 6 सेमी० (*d*) 5 सेमी०

38. C केन्द्र वाले एक वृत्त की दो समान्तर जीवायें PQ तथा RS इस प्रकार हैं कि $PQ = 8$ सेमी० तथा $RS = 16$ सेमी०. यदि जीवायें केन्द्र के एक ही ओर स्थित हों तथा उनके बीच की दूरी 4 सेमी० हो, तो वृत्त की त्रिज्या कितनी होगी ?

(रेलवे परीक्षा, 2006)

(*a*) $3\sqrt{2}$ सेमी० (*b*) $3\sqrt{5}$ सेमी० (*c*) $4\sqrt{5}$ सेमी० (*d*) $5\sqrt{5}$ सेमी०

39. किसी वृत्त की त्रिज्या 5 सेमी० है. केन्द्र के विपरीत दो समान्तर जीवाओं की लम्बाईयाँ क्रमश: 8 सेमी० तथा 6 सेमी० हैं. इन जीवाओं के बीच की दूरी कितनी है ?

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2001)

(*a*) 9 सेमी० (*b*) 8 सेमी० (*c*) 7·5 सेमी० (*d*) 7 सेमी०

40. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा $\angle OPR = 50°$. तब, $\angle PQR + \angle PRQ$ का मान क्या होगा ?



(*a*) 70° (*b*) 80° (*c*) 90° (*d*) 100°

41. दिये गये चित्र में $PQRS$ एक चक्रीय चतुर्भुज है तथा POQ इस वृत्त का व्यास है. यदि $\angle QRS = 150°$ हो, तो $\angle SQP$ का मान कितना है ?



(*a*) 40° (*b*) 30° (*c*) 60° (*d*) 50°

42. यदि दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी उनकी त्रिज्याओं के योग से कम हो, तो वे दोनों वृत्त

(*a*) अन्त:स्पर्श करेंगे (*b*) बाह्यत: स्पर्श करेंगे (*c*) प्रतिच्छेदित करेंगे (*d*) इनमें से कोई नहीं

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2007)

43. दिये गये चित्र में $ABCD$ एक चतुर्भुज इस प्रकार का है कि A, B तथा C में से गुजरने वाले वृत्त का केन्द्र D है. AB को बिन्दु E तक बढ़ाया गया है. यदि $\angle ADC = 136°$ हो, तो $\angle CBE = ?$



(*a*) 68° (*b*) 44° (*c*) 136° (*d*) 90°

44. दी गई आकृति में वृत्त का केन्द्र O है. यदि $\angle AOC = 90°$ तथा $\angle AOB = 110°$ हो, तथा $\angle BAC = x°$ हो, तो x का मान क्या होगा ?

(*a*) 110 (*b*) 90 (*c*) 100 (*d*) 80

(होटल मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2005)

45. किसी वृत्त का व्यास 30 सेमी० है तथा इसकी एक जीवा 24 सेमी० लम्बी है. इस वृत्त के केन्द्र से जीवा की लम्बिक दूरी कितनी है ?

(एम०बी०ए० परीक्षा, 2002)

(*a*) 6 सेमी० (*b*) 7 सेमी० (*c*) 9 सेमी० (*d*) 10 सेमी०

46. दी गई आकृति में वृत्त के बाहर बिन्दु P से जीवायें PA तथा PC खींची गई हैं. यदि $PA = 8$ सेमी०, $PD = 4$ सेमी० तथा $CD = 3$ सेमी० हों, तो AB की लम्बाई कितनी है ?



(*a*) 3 सेमी० (*b*) 3·5 सेमी० (*c*) 4 सेमी० (*d*) 4·5 सेमी०

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

47. दी गई आकृति में एक वृत्त का केन्द्र O है तथा ΔABC एक समबाहु त्रिभुज है. तब $\angle BOC$ का मान क्या होगा ?

(a) 30° (b) 60° (c) 90° (d) 120°



48. किसी वृत्त की दो जीवायें AB तथा CD एक-दूसरे को बिन्दु E पर काटती हैं. यदि $AE = 4$ सेमी०, $EB = 6$ सेमी० तथा $CE = 5$ सेमी० हो तो ED का नाप कितना होगा ?

(a) 7·5 सेमी० (b) 4·8 सेमी० (c) 6·3 सेमी० (d) 7 सेमी०



49. यदि एक वृत्त में जीवा AB केन्द्र O पर 120° का कोण बनाये, तो $\angle AOB$ का माप क्या होगा ?

(a) 30° (b) 45° (c) 60° (d) 120°

50. किसी वृत्त में AB तथा BC दो जीवायें हैं. दोनों में से प्रत्येक केन्द्र O से 3 सेमी० की दूरी पर है. यदि $AB = 8$ सेमी० हो, तो BC का माप कितना होगा ?

(a) 4 सेमी० (b) 6 सेमी० (c) 8 सेमी० (d) 5 सेमी०

51. ΔABC के शीर्षों को केन्द्र मान कर तीन वृत्त खींचे जाते हैं जिनमें से प्रत्येक अन्य दो को बाह्यत: स्पर्श करता है. यदि त्रिभुज की भुजायें 4 सेमी०, 6 सेमी० तथा 8 सेमी० लम्बी हों, तो तीनों वृत्तों की त्रिज्याओं का योग कितना होगा ?

(a) 10 सेमी० (b) 14 सेमी० (c) 12 सेमी० (d) 9 सेमी०

52. 10 सेमी० त्रिज्या के वृत्त के अन्तर्गत एक समकोण त्रिभुज बनाया गया है. वृत्त का व्यास त्रिभुज की एक भुजा है तथा त्रिभुज की परिमिति 48 सेमी० है. इस त्रिभुज की अन्य दो भुजाओं की माप क्या है ?

(a) 13 सेमी०, 15 सेमी० (b) 14 सेमी०, 14 सेमी०
(c) 12 सेमी०, 16 सेमी० (d) 10 सेमी०, 18 सेमी० **(बी०बी०ए० परीक्षा, 2007)**

53. एक फर्श की वृत्ताकार परिधि पर तीन लड़के खड़े हैं. वे एक-दूसरे से समान दूरी पर हैं. यदि फर्श की त्रिज्या 5 मीटर हो, तो दो लड़कों के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है ? **(होटल मैनेजमैंट परीक्षा, 2010)**

(a) $5\sqrt{3}$ मीटर (b) $\frac{5\sqrt{3}}{2}$ मीटर (c) $\frac{15\sqrt{3}}{2}$ मीटर (d) $\frac{10\pi}{3}$ मीटर

54. दिये गये वृत्त में एक समकोण ΔABC दिया गया है जिसमें $\angle BAC = 90°$. बिन्दु A से एक लम्ब ADE खींचा गया है. $\angle CAD + \angle ADC$ का मान क्या होगा ?

(a) 135° (b) 90° (c) 120° (d) 180°



55. दी गई आकृति में $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसमें DC को E तक बढ़ाया गया है तथा $CF \parallel AB$ खींचा गया है. यदि $\angle ADC = 95°$ तथा $\angle ECF = 20°$ हो, तो $\angle BAD$ का माप क्या होगा ?

(a) 75° (b) 85° (c) 95° (d) 105°



56. दिये गये वृत्त का केन्द्र O है. O से 10 सेमी० दूरी पर एक बिन्दु P लिया गया है. इस बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखा PT खींची गई है. यदि $PT = 8$ सेमी० हो, तो वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?

(a) 9 सेमी० (b) 8 सेमी० (c) 6 सेमी० (d) 5 सेमी०



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

57. दिये गये वृत्त का केन्द्र O है. वृत्त के बाहर बिन्दु P है. यदि P से वृत्त पर स्पर्श रेखा $PT = 24$ सेमी० लम्बी हो तथा $OT = 7$ सेमी० हो, तो OP की लम्बाई कितनी है ?

(*a*) 17 सेमी० (*b*) 31 सेमी० (*c*) 25 सेमी० (*d*) इनमें से कोई नहीं



58. दिये गये चित्र में एक वृत्त का केन्द्र O है. केन्द्र से 26 सेमी० दूरी पर स्थित बिन्दु P से स्पर्श रेखा PT खींची गई है. यदि वृत्त की त्रिज्या 10 सेमी० हो तो PT की लम्बाई कितनी है ?

(*a*) 24 सेमी० (*b*) 36 सेमी० (*c*) 16 सेमी० (*d*) 20 सेमी०



59. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा AOB इसका एक व्यास है. यदि $\angle ABC = 50°$ हो तथा बिन्दु A पर स्पर्श रेखा AT हो, तो $\angle CAT$ का मान कितना होगा ?

(*a*) 40° (*b*) 50° (*c*) 60° (*d*) 65°



60. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा PQ एक जीवा है. बिन्दु P पर स्पर्श रेखा PT खींची गई है तथा $\angle QPT = 50°$. तब, $\angle POQ$ का मान कितना है ?

(*a*) 50° (*b*) 40° (*c*) 80° (*d*) 100°



61. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है. वृत्त के बाहर स्थित एक बिन्दु P से स्पर्श रेखायें PA तथा PB खींची गई हैं. यदि $\angle APB = 50°$ हो, तो $\angle OAB$ का मान कितना है ?

(*a*) 25° (*b*) 30° (*c*) 40° (*d*) 50°



62. यदि किसी वृत्त की दो त्रिज्याओं के बीच 130° का कोण हो, तो इन त्रिज्याओं के अन्त में बनी स्पर्श रेखाओं के बीच का कोण कितना होगा ?

(*a*) 40° (*b*) 65° (*c*) 50° (*d*) 25°



63. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है. PA तथा PB इस वृत्त की एक बाह्य बिन्दु P से दो स्पर्श रेखायें हैं. यदि $\angle APB = 80°$ हो, तो $\angle AOP$ का मान कितना होगा ?

(*a*) 40° (*b*) 50° (*c*) 60° (*d*) 70°



64. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है तथा OP वृत्त की एक त्रिज्या है. बिन्दु P पर स्पर्श रेखा PT खींची गई है. यदि $OT = 8$ सेमी० हो तथा $\angle PTO = 30°$ हो, तो PT की लम्बाई कितनी है ?

(*a*) 4 सेमी० (*b*) $4\sqrt{3}$ सेमी० (*c*) $4\sqrt{2}$ सेमी० (*d*) 6 सेमी०



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

65. दिये गये चित्र में दो समकेन्द्रीय वृत्त दिये गये हैं जिनमें से प्रत्येक का केन्द्र O है. इनकी त्रिज्यायें क्रमशः 5 सेमी० तथा 3 सेमी० हैं. इनके बाहर स्थित एक बिन्दु P से इन वृत्तों पर स्पर्श रेखायें क्रमशः PA तथा PB खींची गई हैं. यदि $PA = 12$ सेमी० हो, तो $PB = ?$



(a) $5\sqrt{2}$ सेमी० (b) $3\sqrt{5}$ सेमी० (c) $4\sqrt{10}$ सेमी० (d) $5\sqrt{10}$ सेमी०

66. दिये गये चित्र में दो समकेन्द्रीय वृत्त दिये गये हैं जिनमें से प्रत्येक का केन्द्र O है तथा इनकी त्रिज्यायें क्रमशः 3 सेमी० तथा 5 सेमी० हैं. बाहरी वृत्त की एक जीवा AB है जो अन्दर वाले वृत्त को बिन्दु P पर स्पर्श करता है. जीवा AB की लम्बाई कितनी है ?



(a) 4 सेमी० (b) 7 सेमी० (c) 8 सेमी० (d) $\sqrt{3^4}$ सेमी०

67. संलग्न आकृति में तीन वृत्त जिनके केन्द्र क्रमशः A, B तथा C हैं प्रत्येक एक-दूसरे को बाह्यतः स्पर्श करते हैं. यदि $AB = 5$ सेमी०, $BC = 7$ सेमी० तथा $CA = 6$ सेमी० हो, तो केन्द्र A वाले वृत्त की त्रिज्या कितनी है ?



(a) 1·5 सेमी० (b) 2 सेमी० (c) 2·5 सेमी० (d) 3 सेमी०

68. दिये गये चित्र में एक वृत्त के परिगत ΔABC खींची गई है तथा इस त्रिभुज की भुजायें AB, BC तथा CA वृत्त को क्रमशः बिन्दु P, Q तथा R पर छूती हैं. यदि $AP = 4$ सेमी०, $BP = 6$ सेमी० तथा $AC = 12$ सेमी० हों, तो BC का माप क्या होगा ?



(a) 10 सेमी० (b) 12 सेमी० (c) 14 सेमी० (d) 18 सेमी०

69. दी गई आकृति में एक वृत्त की परिगत एक चतुर्भुज $ABCD$ खींचा गया है जिसकी भुजायें वृत्त को क्रमशः बिन्दु P, Q, R तथा S पर छूती हैं. यदि $AP = 5$ सेमी०, $BC = 7$ सेमी० तथा $CS = 3$ सेमी० हो तो भुजा AB की लम्बाई कितनी है ?



(a) 9 सेमी० (b) 10 सेमी० (c) 12 सेमी० (d) 8 सेमी०

70. दी गई आकृति में एक वृत्त पर बिन्दु P से स्पर्श रेखायें PA तथा PB इस प्रकार खींची गई हैं कि $\angle APB = 60°$ तथा $PA = 6$ सेमी० तब जीवा AB की लम्बाई कितनी है ?



(a) $6\sqrt{2}$ सेमी० (b) $6\sqrt{3}$ सेमी० (c) 6 सेमी० (d) 7·5 सेमी०

71. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है. इसके बाहरी बिन्दु P से स्पर्श रेखायें PA तथा PB इस प्रकार खींची गई हैं कि $\angle APB = 80°$. तब $\angle POA = ?$



(a) 40° (b) 50° (c) 60° (d) 80°

72. दिये गये चित्र में वृत्त का केन्द्र O है, BOA इस वृत्त का व्यास है. P पर खींची गई स्पर्श रेखा, BA को बढ़ाने पर T पर मिलती है. यदि $\angle PBA = 30°$ हो, तो $\angle PTA = ?$



(a) 15° (b) 30° (c) 45° (d) 60°

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला (प्रश्नमाला 38)

1. (*d*)	2. (*c*)	3. (*a*)	4. (*c*)	5. (*c*)	6. (*b*)	7. (*a*)	8. (*c*)	9. (*d*)	10. (*c*)
11. (*c*)	12. (*b*)	13. (*a*)	14. (*b*)	15. (*c*)	16. (*b*)	17. (*c*)	18. (*d*)	19. (*b*)	20. (*c*)
21. (*b*)	22. (*b*)	23. (*c*)	24. (*a*)	25. (*b*)	26. (*c*)	27. (*b*)	28. (*a*)	29. (*b*)	30. (*c*)
31. (*b*)	32. (*c*)	33. (*a*)	34. (*b*)	35. (*c*)	36. (*c*)	37. (*d*)	38. (*c*)	39. (*d*)	40. (*c*)
41. (*c*)	42. (*c*)	43. (*a*)	44. (*d*)	45. (*c*)	46. (*d*)	47. (*d*)	48. (*b*)	49. (*a*)	50. (*c*)
51. (*d*)	52. (*c*)	53. (*a*)	54. (*a*)	55. (*d*)	56. (*c*)	57. (*c*)	58. (*a*)	59. (*b*)	60. (*d*)
61. (*a*)	62. (*c*)	63. (*b*)	64. (*b*)	65. (*c*)	66. (*c*)	67. (*b*)	68. (*c*)	69. (*a*)	70. (*c*)
71. (*b*)	72. (*b*)								

दिये गये प्रश्नों के हल | प्रश्नमाला 38

1. माना वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवा AB है.

माना $OL \perp AB$. तब $AL = \frac{1}{2}AB = \left(\frac{1}{2}\times 12\right)$ सेमी॰ = 6 सेमी॰

तथा OA = 10 सेमी॰. अब

$OL^2 = (OA^2 - AL^2) = (10)^2 - 6^2 = (100 - 36) = 64$

$\Rightarrow OL = \sqrt{64} = 8$ सेमी॰

अत: जीवा की केन्द्र से दूरी = 8 सेमी॰.

2. माना वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवा AB है.



माना $OL \perp AB$. तब OL = 8 सेमी॰ तथा OA = 17 सेमी॰.

$AL^2 = (OA^2 - OL^2) = (17)^2 - 8^2 = (289 - 64) = 225$

$\Rightarrow AL = \sqrt{225} = 15$ सेमी॰

$\Rightarrow AB = 2\times AL = (2\times 15)$ सेमी॰ = 30 सेमी॰.

3. माना वृत्त का केन्द्र O है तथा जीवा AB है.



माना $OL \perp AB$. तब, OL = 12 सेमी॰.

$AL = \frac{1}{2}AB = \left(\frac{1}{2}\times 32\right)$ सेमी॰ = 16 सेमी॰.

$OA^2 = (AL^2 + OL^2) = (16)^2 + (12)^2 = (256 + 144) = 400$

$\Rightarrow OA = \sqrt{400} = 20$ सेमी॰

$\Rightarrow$ वृत्त की त्रिज्या = 20 सेमी॰.

4. माना $OA = OC = r$ सेमी॰. तब, $OE = (r - 2)$ सेमी॰ तथा $AE = \frac{1}{2}AB = 6$ सेमी॰

तब, $OA^2 = OE^2 + AE^2 \Rightarrow r^2 = (r-2)^2 + 6^2 \Rightarrow 4r = 40 \Rightarrow r = 10$ सेमी॰.

5. AC को मिलायें. अब, $OD \perp AB \Rightarrow D$, AB का मध्य बिन्दु है.

स्पष्ट है कि O, BC का मध्य बिन्दु है.

अब ΔBAC में D तथा O क्रमश: BA तथा BC के मध्य बिन्दु हैं.

अत: $DO \parallel AC$ तथा $DO = \frac{1}{2}AC \Rightarrow \frac{1}{2}AC = 4 \Rightarrow AC = 8$ सेमी॰.

6. हम जानते हैं कि एक अर्द्ध-वृत्त में बना कोण समकोण होता है. अत: $\angle BAC = 90°$.

$\therefore \angle ABC + \angle ACB = 90°$. परन्तु $AB = AC \Rightarrow \angle ABC = \angle ACB$.

$\therefore 2(\angle ABC) = 90° \Rightarrow \angle ABC = 45°$.

7. हम जानते हैं कि किसी वृत्त की समान जीवायें वृत्त के केन्द्र पर समान कोण बनाती हैं.

अत: $\angle COD = \angle AOB = 70°$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

8. $OA = OB \Rightarrow \angle OBA = \angle OAB = 35°$.
$\therefore \angle AOB = 180° - (35° + 35°) = 110°$
$\Rightarrow \angle ACB = \frac{1}{2}\angle AOB = \left(\frac{1}{2} \times 110°\right) = 55°$.

9. स्पष्ट है कि $\angle AOB = 2 \times (\angle ACB) = (2 \times 40°) = 80°$.

10. अर्द्ध-वृत्त में बना कोण 90° का होता है. अत: $\angle BAC = 90°$.
$\therefore \angle ABC = 180° - (30° + 90°) = 60°$.
$\Rightarrow \angle CDA = \angle ABC = 60°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने दो कोण समान होते हैं.]

11. $\angle BDC = \angle BAC = 50°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने कोण]
$\therefore \angle BCD = 180° - (60° + 50°) = 70°$.

12. $\angle ODB = \angle OAC = 40°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने कोण]
$OD = OB \Rightarrow \angle OBD = \angle ODB = 40°$.
$\therefore \angle BOD = 180° - (40° + 40°) = 100°$.

13. $OA = OB \Rightarrow \angle OBA = \angle OAB = 60°$.
$\therefore \angle CDA = \angle CBA = \angle OBA = 60°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने कोण].

14. $\angle CDB = \angle CAB = 30°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने कोण]
$\therefore \angle CBD = 180° - (30° + 70°) = 80°$.

15. $\angle AEB + \angle BEC = 180° \Rightarrow \angle BEC = (180° - 100°) = 80°$.
ΔBEC में $\angle CBE + \angle BEC + \angle ECB = 180°$
$\Rightarrow \angle ECB = 180° - (30° + 80°) = 70°$
$\Rightarrow \angle ADB = \angle ACB = 70°$ [एक ही वृत्त खण्ड में बने कोण]

16. $OA = OB \Rightarrow \angle OBA = \angle OAB = 30°$.
ΔOAB में $30° + 30° + \angle AOB = 180° \Rightarrow \angle AOB = 120°$.
$OB = OC \Rightarrow \angle OBC = \angle OCB = 50°$.
ΔOBC में $\angle OCB + \angle OBC + \angle BOC = 180° \Rightarrow 50° + 50° + \angle BOC = 180° \Rightarrow \angle BOC = 80°$.
$\therefore \angle AOC = (120° - 80°) = 40°$.

17. $\angle BOC = (180° - 100°) = 80°$.
अब चाप BC केन्द्र पर $\angle BOC$ बनाती है तथा वृत्त के शेष भाग पर स्थित बिन्दु D पर $\angle BDC$ बनाती है.
$\therefore \angle BDC = \frac{1}{2} \times \angle BOC = \left(\frac{1}{2} \times 80°\right) = 40°$.

18. $OA = OB \Rightarrow \angle OAB = \angle OBA = 30° \Rightarrow \angle AOB = 180° - (30° + 30°) = 120°$.
$OA = OC \Rightarrow \angle OAC = \angle OCA = 25° \Rightarrow \angle AOC = 180° - (25° + 25°) = 130°$.
$\therefore \angle BOC = 360° - (120° + 130°) = (360° - 250°) = 110°$.

19. $OA = OB \Rightarrow \angle OBA = \angle OAB = x°$ (माना).
तब, $x + x + 80 = 180 \Rightarrow 2x = 100 \Rightarrow x = 50$.
$\therefore \angle OAB = 50°$.
$OA = OC \Rightarrow \angle OCA = \angle OAC = y°$ (माना).
तब, $y + y + 90 = 180° \Rightarrow 2y = 90° \Rightarrow y = 45°$.
$\therefore \angle OAC = 45°$.
अत: $\angle BAC = \angle OAB + \angle OAC = (50° + 45°) = 95°$.

20. $OA = OB \Rightarrow \angle OBA = \angle OAB = x°$.
$\therefore x + x + 80 = 180 \Rightarrow 2x = 100 \Rightarrow x = 50 \Rightarrow \angle OAB = 50°$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$OA = OC \Rightarrow \angle OCA = \angle OAC = y^\circ$.

$\therefore\ y + y + 90 = 180 \Rightarrow 2y = 90 \Rightarrow y = 45 \Rightarrow \angle OAC = 45^\circ$.

$\therefore\ \angle BAC = \angle OAB + \angle OAC = (50 + 45)^\circ = 95^\circ$.

21. चूँकि $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है, अत:

$\angle ABC + \angle ADC = 180^\circ \Rightarrow \angle ABC + 130^\circ = 180^\circ \Rightarrow \angle ABC = 50^\circ$.

$\Rightarrow \angle ABC + \angle ACB + \angle BAC = 180^\circ \Rightarrow 50^\circ + 90^\circ + \angle BAC = 180^\circ \Rightarrow \angle BAC = 40^\circ$.

22. $\angle BAD + \angle BCD = 180^\circ$ [$\because ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है]

$\Rightarrow 110^\circ + \angle BCD = 180^\circ \Rightarrow \angle BCD = 70^\circ$.

$\Rightarrow \angle ABC = (180^\circ - 70^\circ) = 110^\circ$ [$\because AB \parallel DC \Rightarrow \angle ABC + \angle BCD = 180^\circ$]

23. वृत्त की परिधि के शेष भाग में बिन्दु D लें.



AD तथा CD खींचें.

तब, $\angle ADC = \frac{1}{2}\angle AOC = \left(\frac{1}{2} \times 130^\circ\right) = 65^\circ$.

अब, $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है.

$\therefore\ \angle ADC + \angle ABC = 180^\circ \Rightarrow 65^\circ + \angle ABC = 180^\circ \Rightarrow \angle ABC = 115^\circ$.

24. ΔABC में $\angle BAC + \angle ABC + \angle ACB = 180^\circ$

$\Rightarrow 30^\circ + \angle ABC + 90^\circ = 180^\circ \Rightarrow \angle ABC = 60^\circ$ [$\because \angle ACB$ एक अर्द्धवृत्त है]

अब $\angle ABC + \angle ADC = 180^\circ \Rightarrow 60^\circ + \angle ADC = 180^\circ \Rightarrow \angle ADC = 120^\circ$.

परन्तु, $\angle ACD = \angle BAC = 30^\circ$ [$\because AB \parallel DC$]

$\angle CAD + \angle ACD + \angle ADC = 180^\circ \Rightarrow \angle CAD + 30^\circ + 120^\circ = 180^\circ \Rightarrow \angle CAD = 30^\circ$.

25. चाप ABC के बाहर बिन्दु E लें. EA तथा EC खींचें.



अब, $\angle AEC = \frac{1}{2}\angle AOB = \left(\frac{1}{2} \times 110^\circ\right) = 55^\circ$.

परन्तु $ABCE$ एक चक्रीय चतुर्भुज है तथा इसकी एक भुजा AB को D तक बढ़ाया गया है.

अत: $\angle CBD = \angle AEC = 55^\circ$.

26. $BC = CD \Rightarrow \angle BDC = \angle CBD = 25^\circ$.

ΔBCD में, $\angle CBD + \angle BDC + \angle BCD = 180^\circ$

$\Rightarrow 25^\circ + 25^\circ + \angle BCD = 180^\circ \Rightarrow \angle BCD = 130^\circ$.

अब, $\angle BAD + \angle BCD = 180^\circ$ [$\because ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है]

$\Rightarrow \angle BAD + 130^\circ = 180^\circ \Rightarrow \angle BAD = 50^\circ$.

27. $\angle BAD = 60^\circ$ [$\because AB = BD = AD$]

अब $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है.

$\therefore\ \angle BAD + \angle BCD = 180^\circ \Rightarrow 60^\circ + \angle BCD = 180^\circ \Rightarrow \angle BCD = 120^\circ$.

28. चूँकि $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है जिसकी भुजा AB को E तक बढ़ाया गया है.

$\therefore\ \angle ADC = \angle EBC = 110^\circ$.

परन्तु $\angle ADC + \angle CDF = 180^\circ \Rightarrow 110^\circ + \angle CDF = 180^\circ \Rightarrow \angle CDF = 70^\circ$.

29. चाप ABC को छोड़कर वृत्त पर कोई बिन्दु E लें.

EA तथा EC खींचें. स्पष्ट है कि $\angle AEC = \frac{1}{2}\angle AOC = 50^\circ$.

अब चक्रीय चतुर्भुज $BCEA$ की भुजा AB को D तक बढ़ाया गया है.

$\therefore\ \angle CBD = \angle AEC = 50^\circ$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30. $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है. अत: $\angle ABC + \angle ADC = 180°$.
$\therefore \angle ABC + 130° = 180° \Rightarrow \angle ABC = 50°$.
ΔABC में $\angle ACB$ एक अर्द्धवृत्त में है. अत: $\angle ACB = 90°$.
अब, $\angle ABC + \angle ACB + \angle BAC = 180° \Rightarrow 50° + 90° + x° = 180° \Rightarrow x = 40$.

31. $ABCD$ एक चक्रीय चतुर्भुज है. अत: $\angle A + \angle C = 180°$ तथा $\angle B + \angle D = 180°$.
$\therefore (2x+4)+(4y-4) = 180$ तथा $(x+10)+(5y+5) = 180$
$\Rightarrow 2x+4y = 180$ तथा $x+5y = 165$
$\Rightarrow x+2y = 90 \quad ...(i)$ तथा $x+5y = 165 \quad ...(ii)$
$\Rightarrow y = 25$ तथा $x = 40$.

32. $AB \parallel DC$ तथा AC इन्हें काटती है. अत: $\angle ACD = \angle CAB = 25°$.
$\angle ACB = 90°$ [अर्द्धवृत्त में बना कोण]
माना $\angle CAD = x°$. तथा $\angle BAD + \angle BCD = 180°$.
$\therefore 25° + x° + 90° + 25° = 180° \Rightarrow x + 140 = 180 \Rightarrow x = 40$.
अत: $\angle CAD = 40°$.

33. याद रहे : एक चक्रीय समान्तर चतुर्भुज सदैव एक आयत होता है.

34. चक्रीय चतुर्भुज $ABCD$ में $\angle BAD + \angle BCD = 180°$
$\therefore \angle BAD + 120° = 180° \Rightarrow \angle BAD = 60°$.
$\angle ADB = 90°$ [अर्द्धवृत्त में स्थित कोण]
38. (*e*) : वर्ष 2006 में वायुसेना अकादमी से पास होने वालों की संख्या $= (0{\cdot}9 \times 1000) = 900.$
वर्ष 2009 में तटरक्षक अकादमी से पास होने वालों की संख्या $= (3{\cdot}9 \times 1000) = 3900.$
अभीष्ट अनुपात $= \frac{9000}{3900} = \frac{3}{13} = 3:13.$

39. (*e*) : वर्ष 2008 में बी०एस०एफ० से पास होने वालों की संख्या $= (6{\cdot}4 \times 1000) = 6400.$
सभी वर्षों में थल सेना अकादमी से पास होने वालों की संख्या

$$= (4{\cdot}2 + 5{\cdot}1 + 7{\cdot}7 + 3{\cdot}6 + 4{\cdot}5 + 3{\cdot}9) \times 1000 = 29000.$$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{6400}{29000} \times 100\right)\% = 22{\cdot}06\% \simeq 22\%.$

40. (*b*) : सभी वर्षों में अलग-अलग अकादमी से पास होने वालों की कुल संख्या तालिका में देखें. यह अधिकतम थल सेना में है.

निर्देश (प्र० न० 41 से 45) : नीचे दी गई तालिका में 6 विभिन्न नगरों से एक प्रवेश-परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की संख्या (लाखों में) तथा इसमें पास व फेल होने वालों का अनुपात दिया गया है. इसका भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये. (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

6 विभिन्न शहरों में एक प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की संख्या (लाखों में) तथा इसमें पास व फेल होने वालों का अनुपात

नगर	उम्मीदवारों की संख्या (लाखों में)	पास व फेल होने वालों का अनुपात
A	1·25	7 : 3
B	3·14	5 : 3
C	1·08	4 : 5
D	2·27	1 : 3
E	1·85	3 : 2
F	2·73	7 : 5

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

41. नगर C से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की संख्या नगर B से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों की संख्या का कितने प्रतिशत है ? (निकटस्थ पूर्णांक तक)
(a) 27% (b) 34% (c) 42% (d) 21% (e) 38%

42. नगर E से परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों की संख्या कितनी है ?
(a) 13000 (b) 1110000 (c) 113000 (d) 11000 (e) इनमें से कोई नहीं

43. नगर D से परीक्षा में फेल हुये उम्मीदवारों की संख्या का नगर A से परीक्षा में फेल हुये उम्मीदवारों से क्रमशः क्या अनुपात है ?
(a) 289 : 42 (b) 42 : 289 (c) 227 : 50 (d) 50 : 227 (e) इनमें से कोई नहीं

44. नगर F से परीक्षा में पास हुये उम्मीदवारों की संख्या सभी शहरों से मिलाकर उम्मीदवारों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के दो अंकों तक पूर्णांकित)
(a) 12·93% (b) 14·46% (c) 10·84% (d) 11·37% (e) इनमें से कोई नहीं

45. प्रवेश परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों की सर्वाधिक संख्या किस नगर की है ?
(a) F (b) C (c) B (d) D (e) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

41. (b) : अभीष्ट $\% = \left(\frac{1\cdot08 \text{ लाख}}{3\cdot14 \text{ लाख}} \times 100\right)\% = \left(\frac{108}{314} \times 100\right)\% = \frac{5400}{157}\%$

$= 34\cdot39\% = 34\%.$

42. (e) : नगर E से पास होने वालों की संख्या $= \left(1\cdot85 \text{ लाख} \times \frac{3}{5}\right)$

$= \left(1\cdot85 \times 100000 \times \frac{3}{5}\right) = (1\cdot85 \times 60000) = \left(\frac{185}{100} \times 60000\right)$

$= (185 \times 600) = 111000.$

43. (c) : अभीष्ट अनुपात $= \left\{(2\cdot27 \times 100000) \times \frac{3}{4}\right\} : (1\cdot25 \times 100000) \times \frac{3}{10}$

$= \left(\frac{227 \times 3}{4}\right) : \left(\frac{125 \times 3}{10}\right) = \left(\frac{681}{4} \times \frac{2}{75}\right) = \frac{227}{50} = 227 : 50.$

44. (a) : सभी नगरों से उम्मीदवारों की कुल संख्या

$= (1\cdot25 + 3\cdot14 + 1\cdot08 + 2\cdot27 + 1\cdot85 + 2\cdot73)$ लाख $= (12\cdot32)$ लाख

नगर F से पास होने वाले उम्मीदवारों की संख्या $= \left(2\cdot73 \text{ लाख} \times \frac{7}{12}\right) = \frac{19\cdot11 \text{ लाख}}{12}$

$= 1\cdot5925$ लाख.

45. (d) : प्रवेश परीक्षा में फेल होने वालों की संख्या = ...

$A \rightarrow \left(1\cdot25 \text{ लाख} \times \frac{3}{10}\right) = 0\cdot375$ लाख, $B \rightarrow \left(3\cdot14 \text{ लाख} \times \frac{3}{8}\right) = 1\cdot1775$ लाख

$C \rightarrow \left(1\cdot08 \text{ लाख} \times \frac{5}{9}\right) = 0\cdot60$ लाख, $D \rightarrow \left(2\cdot27 \text{ लाख} \times \frac{3}{4}\right) = 1\cdot7025$ लाख

$E \rightarrow \left(1\cdot85 \text{ लाख} \times \frac{2}{5}\right) = 0\cdot74$ लाख, $F \rightarrow \left(2\cdot73 \text{ लाख} \times \frac{5}{12}\right) = 1\cdot1375$ लाख

स्पष्ट है कि यह सर्वाधिक D की है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

निर्देश (प्र० न० 46 से 50) : नीचे दी गई तालिका में 6 विभिन्न उत्पादों का चयन करने वाले लोगों की संख्या तथा इन उत्पादों का चयन करने वाले पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का प्रतिशत दिया गया है. इस तालिका का भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये. (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

6 विभिन्न उत्पादों का चयन करने वालों की संख्या तथा इनका चयन करने वाले पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का प्रतिशत

उत्पाद	इन उत्पादों का चयन करने वालों की कुल संख्या	प्रतिशत		
		पुरुष	महिलायें	बच्चे
A	46280	35	25	40
B	45540	25	35	40
C	32240	25	55	20
D	60430	20	50	30
E	36230	10	20	70
F	53990	40	40	20

46. उत्पाद E का चयन करने वाले बच्चों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 27172 (*b*) 25361 (*c*) 23413 (*d*) 21781 (*e*) इनमें से कोई नहीं

47. सभी उत्पादों का मिलाकर चयन करने वाली महिलाओं की औसत संख्या कितनी है ?

(*a*) 20859 (*b*) 18765 (*c*) 19076 (*d*) 17383 (*e*) इनमें से कोई नहीं

48. उत्पाद A का चयन करने वाली महिलाओं की कुल संख्या का उत्पाद D का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 1 : 3 (*b*) 14 : 17 (*c*) 2314 : 6043 (*d*) 413 : 678 (*e*) इनमें से कोई नहीं

49. उत्पाद C का चयन करने वाले बच्चों की संख्या उत्पाद B का चयन करने वाले बच्चों की संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के 2 अंकों तक पूर्णांकित)

(*a*) 35·40% (*b*) 287·10% (*c*) 59·71% (*d*) 185·40% (*e*) इनमें से कोई नहीं

50. उत्पाद F का चयन करने वाले पुरुषों की संख्या का सभी उत्पादों का चयन करने वालों की कुल संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 19% (*b*) 14% (*c*) 3% (*d*) 23% (*e*) 8%

दिये गये प्रश्नों के हल

46. (*b*) : उत्पाद E का चयन करने वाले बच्चों की संख्या $= \left(36230 \times \frac{70}{100}\right) = 25361.$

47. (*d*) : सभी उत्पादों का चयन करने वाली महिलाओं की संख्या

$$= \left(46280 \times \frac{25}{100}\right) + \left(45540 \times \frac{35}{100}\right) + \left(32240 \times \frac{55}{100}\right) + \left(60430 \times \frac{50}{100}\right) + \left(36230 \frac{20}{100}\right) + \left(53990 \times \frac{40}{100}\right)$$

$= (11570 + 15939 + 17732 + 30215 + 7246 + 21596) = 104298$

अभीष्ट औसत संख्या $= \frac{104298}{6} = 17383.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अभीष्ट अनुपात $= \left(46280 \times \frac{25}{100}\right) : \left(60430 \times \frac{50}{100}\right) = \frac{11570}{30215} = \frac{2314}{6043} = 2314 : 6043.$

उत्पाद C का चयन करने वाले बच्चों की संख्या $= \left(32240 \times \frac{20}{100}\right) = 6448.$

उत्पाद B का चयन करने वाले बच्चों की संख्या $= \left(45540 \times \frac{40}{100}\right) = 18216.$

अभीष्ट % $= \left(\frac{6448}{18216} \times 100\right)\% = 35 \cdot 39\% \simeq 35 \cdot 40\%.$

उत्पाद F का चयन करने वाले पुरुषों की संख्या $= \left(53990 \times \frac{40}{100}\right) = 21596.$

सभी उत्पादों का चयन करने वालों की कुल संख्या

$= (46280 + 45540 + 32240 + 60430 + 36230 + 53990)$
$= 274710$

अभीष्ट % $= \left(\frac{21596}{274710} \times 100\right)\% = 7 \cdot 86\% \simeq 8\%$ लगभग.

निर्देश (प्र० सं० 51 से 55) : नीचे दी गई सारणी में विगत वर्षों में किसी परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या तथा उनका उत्तीर्ण प्रतिशत दिया गया है. इस सारणी का भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

विगत वर्षों में किसी परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या तथा उनका उत्तीर्ण प्रतिशत

संस्थान / वर्ष	A		B		C		D		E		F	
	बैठे	उत्तीर्ण %	बैठे	उत्तीर्ण %	बैठे	उत्तीर्ण %	बैठे	उत्तीर्ण %	बैठे	उत्तीर्ण %	बैठे	उत्तीर्ण %
2001	450	60	540	40	300	65	640	50	600	45	680	60
2002	520	50	430	70	350	60	620	40	580	70	560	70
2003	430	60	490	70	380	50	580	50	680	70	700	66
2004	400	65	600	75	450	70	600	75	720	60	780	70
2005	480	50	570	50	400	75	700	65	700	48	560	50
2006	550	40	450	60	500	68	750	60	450	50	650	60
2007	500	58	470	60	470	60	720	70	560	60	720	50

51. वर्ष 2003 में संस्थान F से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा वर्ष 2005 में संस्थान B से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(a) 95 : 154 (b) 154 : 95 (c) 94 : 155 (d) 155 : 94 (e) इनमें से कोई नहीं

52. सभी वर्षों में संस्थान A तथा संस्थान D से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की औसत संख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(a) 463 : 353 (b) 353 : 463 (c) 461 : 333 (d) 333 : 461 (e) इनमें से कोई नहीं

53. वर्ष 2006 में सभी संस्थानों से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की संख्या कितनी है ?

(a) 1895 (b) 1985 (c) 1295 (d) 1465 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

54. वर्ष 2004 में सभी संस्थानों से कुल मिलाकर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का समग्र प्रतिशत कितना है ? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)

(a) 68% (b) 70% (c) 69% (d) 71% (e) इनमें से कोई नहीं

55. सभी वर्षों में संस्थान C से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का लगभग समग्र प्रतिशत कितना है ?

(a) 60% (b) 70% (c) 75% (d) 55% (e) 65%

दिये गये प्रश्नों के हल

51. (b) : अभीष्ट अनुपात $= \left(700\times\frac{66}{100}\right):\left(570\times\frac{50}{100}\right)=\frac{462}{285}=\frac{154}{95}-154:95.$

52. (d) : सभी वर्षों में A से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या

$= (450 + 520 + 430 + 400 + 480 + 550 + 500) = 3330.$

सभी वर्षों में D से परीक्षा में बैठे विद्यार्थियों की संख्या

$= (640 + 620 + 580 + 600 + 700 + 750 + 720) = 4610.$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{3330}{4610}=\frac{333}{461}=444:461.$

53. (a) : वर्ष 2006 में सभी संस्थानों से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की संख्या

$=\left(550\times\frac{40}{100}\right)+\left(450\times\frac{60}{100}\right)+\left(500\times\frac{68}{100}\right)+\left(750\times\frac{60}{100}\right)+\left(450\times\frac{50}{100}\right)+\left(650\times\frac{60}{100}\right)$

$= (220 + 270 + 340 + 450 + 225 + 390) = 1895.$

54. (c) : वर्ष 2004 में सभी संस्थानों से बैठे विद्यार्थियों की संख्या

$= (400 + 600 + 450 + 600 + 720 + 780) = 3550.$

वर्ष 2004 में कुल उत्तीर्ण होने वालों की संख्या

$=\left(400\times\frac{65}{100}\right)+\left(600\times\frac{75}{100}\right)+\left(450\times\frac{70}{100}\right)+\left(600\times\frac{75}{100}\right)+\left(720\times\frac{60}{100}\right)+\left(780\times\frac{70}{100}\right)$

$= (260 + 450 + 315 + 450 + 432 + 546) = 2453.$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{2453}{3550}\times100\right)\% = \frac{4906}{71}\% = 69\%.$

55. (e) : सभी वर्षों में C से बैठे विद्यार्थियों की कुल संख्या

$= (300 + 350 + 380 + 450 + 400 + 500 + 470) = 2850.$

सभी वर्षों में C से उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

$=\left(300\times\frac{65}{100}\right)+\left(350\times\frac{60}{100}\right)+\left(380\times\frac{50}{100}\right)+\left(450\times\frac{70}{100}\right)+\left(400\times\frac{75}{100}\right)$

$+\left(500\times\frac{68}{100}\right)+\left(470\times\frac{60}{100}\right)$

$= (195 + 210 + 190 + 315 + 300 + 340 + 282) = 1832.$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{1832}{2850}\times100\right)\% = \frac{3664}{57}\% = 64\cdot29\% \approx 65\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 40

निर्देश (प्र० नं० 1 से 5) : नीचे दी गई तालिका में 6 छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों में प्राप्तांक दिये गये हैं. इसका भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

5 छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों में प्राप्तांक

छात्र	विषय					
	A 75 में से	*B* 80 में से	*C* 120 में से	*D* 125 में से	*E* 150 में से	*F* 150 में से
P	40	52	90	88	110	120
Q	42	66	85	92	105	100
R	36	68	105	99	100	98
S	45	55	88	106	96	90
T	60	70	96	102	120	130
U	54	72	110	100	125	135

1. विषय *B* में सभी छात्रों द्वारा प्राप्तांकों का लगभग औसत प्रतिशत कितना है ?
   (*a*) 60% (*b*) 65% (*c*) 70% (*d*) 75% (*e*) 80%
2. *Q* द्वारा कुल सभी विषयों में प्राप्तांक प्रतिशत कितना है ?
   (*a*) 68·5% (*b*) 65% (*c*) 70% (*d*) 67·75% (*e*) इनमें से कोई नहीं
3. विषय *A* में सभी छात्रों द्वारा औसत प्राप्तांक क्या है ?
   (*a*) $46\frac{1}{3}$ (*b*) $42\frac{1}{6}$ (*c*) $42\frac{1}{3}$ (*d*) $46\frac{1}{6}$ (*e*) इनमें से कोई नहीं
4. सभी छात्रों द्वारा विषय *F* में औसत प्राप्तांक क्या है ?
   (*a*) $112\frac{1}{3}$ (*b*) $112\frac{1}{6}$ (*c*) $116\frac{1}{3}$ (*d*) $116\frac{1}{6}$ (*e*) इनमें से कोई नहीं
5. *R* द्वारा सभी विषयों में प्राप्तांक, *U* द्वारा सभी विषयों में प्राप्ताकों का कितने प्रतिशत है ?
   (*a*) 82% (*b*) 83% (*c*) 85% (*d*) 87% (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

1. (*e*) : अभीष्ट % = $\left\{\frac{(52+66+68+55+70+72)}{(6\times80)}\times100\right\}\% = \left(\frac{383}{480}\times100\right)\% = 80\%.$

2. (*c*) : अभीष्ट % = $\left\{\frac{(42+66+85+92+105+100)}{(75+80+120+125+150+150)}\times100\right\}\% = \left(\frac{490}{700}\times100\right)\% = 70\%.$

3. (*d*) : अभीष्ट औसत = $\frac{(40+42+36+45+60+54)}{6} = \frac{277}{6} = 46\frac{1}{6}.$

4. (*b*) : अभीष्ट औसत = $\frac{(120+100+98+90+130+135)}{6} = \frac{673}{6} = 112\frac{1}{6}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

5. (*c*) : *R* द्वारा सभी विषयों में प्राप्तांक = (36 + 68 + 105 + 99 + 100 + 98) = 506.

U द्वारा सभी विषयों में प्राप्तांक = (54 + 72 + 110 + 100 + 125 + 135) = 596.

माना 506 = 596 का x%. तब $596 \times \frac{x}{100} = 506$.

$\therefore \quad x = \left(\frac{506 \times 100}{596}\right) = 84.9\% \cong 85\%$.

निर्देश (प्र० न० 6 से 10) : नीचे दी गई सारणी में दो राज्यों *A* तथा *B* का जनसंख्या विवरण दिया गया है. इसका ध्यानपूर्वक अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

2 राज्यों *A* तथा *B* का जनसंख्या विवरण

राज्य / वर्ग	*A*		*B*	
	जनसंख्या (लाख में)	स्त्री %	जनसंख्या (लाख में)	स्त्री %
ग्रामीण	22.5	47.5	18.5	47
शहरी	30.5	42	35	45.5
अर्द्ध-शहरी	26	46	32	49

6. राज्य *A* के ग्रामीण वर्ग से स्त्रियों की संख्या तथा राज्य *B* के अर्द्ध-शहरी वर्ग से स्त्रियों की संख्या का क्रमशः अनुपात कितना है ?

(*a*) 3595 : 5324 (*b*) 4275 : 6272 (*c*) 6272 : 4275 (*d*) 5324 : 3595 (*e*) इनमें से कोई नहीं

7. राज्य *A* के अर्द्ध-शहरी वर्ग में पुरुषों की संख्या इस राज्य की जनसंख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 22% (*b*) 15% (*c*) 11% (*d*) 25% (*e*) 18%

8. दोनों राज्यों को कुल मिलाकर ग्रामीण वर्ग में पुरुषों की कुल संख्या कितनी है ?

(*a*) 1894560 (*b*) 2335650 (*c*) 2161750 (*d*) 2042400 (*e*) इनमें से कोई नहीं

9. राज्य *B* के शहरी वर्ग में पुरुषों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 1850210 (*b*) 1960500 (*c*) 1805700 (*d*) 1907500 (*e*) इनमें से कोई नहीं

10. राज्य *B* में स्त्रियों की कुल संख्या कितनी है ?

(*a*) 4030000 (*b*) 3175000 (*c*) 4182000 (*d*) 3050000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

6. (*b*) : राज्य *A* के ग्रामीण वर्ग से स्त्रियों की संख्या = $\left(22 \cdot 5 \times 100000 \times \frac{47 \cdot 5}{100}\right) = (225 \times 4750)$.

राज्य *B* के अर्द्ध-शहरी वर्ग से स्त्रियों की संख्या = $\left(32 \times 100000 \times \frac{49}{100}\right) = (32 \times 49 \times 1000)$.

अभीष्ट अनुपात = (225 × 4750) : (32 × 49 × 1000) = 4275 : 6272.

7. (*e*) : राज्य *A* के अर्द्ध-शहरी वर्ग में पुरुषों की संख्या = 26 लाख का 54%

$= \left(2600000 \times \frac{54}{100}\right) = 1404000$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

राज्य A की कुल जनसंख्या = (22·5 + 30·5 + 26) लाख = 79 लाख.

अभीष्ट % = $\left(\frac{1404000}{7900000}\times 100\right)\% = 17{\cdot}77\% \cong 18\%$.

8. (*c*) : दोनों राज्यों को मिलाकर ग्रामीण वर्ग में पुरुषों की संख्या

$= (22{\cdot}5 \times 100000 \times 52{\cdot}5\%) + (18{\cdot}5 \times 100000 \times 53\%)$

$= \left(\frac{225}{10}\times 100000\times\frac{525}{1000}\right)+\left(\frac{185}{10}\times 100000\times\frac{53}{100}\right)$

$= (1181250 + 980500) = 2161750.$

9. (*d*) : राज्य B के शहरी वर्ग में पुरुषों की संख्या = $\left(3500000\times\frac{54\cdot 5}{100}\right) = 1907500.$

10. (*a*) : राज्य B में स्त्रियों की संख्या = (18·5 लाख का 47%) + (35 लाख का 45·5%) + (32 लाख का 49%)

$= \left(18\cdot 5\times 100000\times\frac{47}{100}\right)+\left(3500000\times\frac{45\cdot 5}{100}\right)+\left(3200000\times\frac{49}{100}\right)$

$= (869500 + 1592500 + 1568000) = 4030000.$

निर्देश (प्र० न० 11 से 15) : नीचे दी गई तालिका में एक कम्पनी के 5 यूनिटों द्वारा निर्मित (*M*) तथा दोषपूर्ण (*D*) वस्तुओं की संख्या (हजारों में) दी गई है. इनका भली-भाँतिपूर्वक अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये.

विगत वर्षों में किसी कम्पनी के 5 यूनिटों द्वारा निर्मित (*M*) तथा दोषपूर्ण (*D*) वस्तुओं की संख्या (हजारों में)

वर्ष	यूनिट									
	I		II		III		IV		V	
	M	D	M	D	M	D	M	D	M	D
2005	52	21	45	12	76	38	56	21	46	18
2006	49	18	32	10	45	24	63	24	36	14
2007	50	18	48	18	55	16	68	30	34	15
2008	65	20	68	15	57	20	54	19	48	12
2009	70	31	72	13	82	22	48	27	58	10
2010	44	15	56	22	38	32	40	15	60	11

11. यूनिट IV द्वारा निर्मित वस्तुओं में से किस वर्ष दोषपूर्ण वस्तुओं का प्रतिशत सर्वाधिक था ?
(*a*) 2005 (*b*) 2006 (*c*) 2007 (*d*) 2008 (*e*) 2009

12. यूनिट I में किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में निर्माण में प्रतिशत वृद्धि/कमी सर्वाधिक थी ?
(*a*) 2007 (*b*) 2010 (*c*) 2008 (*d*) 2006 (*e*) इनमें से कोई नहीं

13. दिये गये वर्षों में यूनिट II से दोषपूर्ण वस्तुओं की औसत संख्या कितनी है ?
(*a*) 21500 (*b*) 7000 (*c*) 12500 (*d*) 15000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

14. सभी दिये गये वर्षों में यूनिट III द्वारा निर्मित कुल वस्तुओं की संख्या का इन वर्षों में यूनिट V द्वारा निर्मित कुल वस्तुओं की संख्या से क्या अनुपात है ?

(*a*) 353 : 282 (*b*) 282 : 353 (*c*) 457 : 215 (*d*) 215 : 457 (*e*) इनमें से कोई नहीं

15. वर्ष 2010 में सभी यूनिटों द्वारा निर्मित वस्तुओं की संख्या की तुलना में दोषपूर्ण वस्तुओं का प्रतिशत लगभग कितना था ?

(*a*) 42% (*b*) 40% (*c*) 37% (*d*) 33% (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

11. (*e*) : यूनिट IV की दोषपूर्ण वस्तुओं का प्रतिशत

$$2005 \rightarrow \left(\frac{21}{56}\times 100\right)\% = 37{\cdot}5\%, \quad 2006 \rightarrow \left(\frac{24}{63}\times 100\right)\% = 38\%,$$

$$2007 \rightarrow \left(\frac{30}{68}\times 100\right)\% = 44{\cdot}1\%, \quad 2008 \rightarrow \left(\frac{19}{54}\times 100\right)\% = 35\%,$$

$$2009 \rightarrow \left(\frac{27}{48}\times 100\right)\% = 56\%, \quad 2010 \rightarrow \left(\frac{15}{40}\times 100\right)\% = 37{\cdot}5\%.$$

अत: यूनिट IV में दोषपूर्ण वस्तुओं का प्रतिशत अधिकतम 2009 में था.

12. (*b*) : यूनिट I के निर्माण में:

$$2006 \text{ में कमी } \% = \left(\frac{3}{52}\times 100\right)\% = 5{\cdot}7\%, \quad 2007 \text{ में वृद्धि } \% = \left(\frac{1}{49}\times 100\right)\% = 2\%,$$

$$2008 \text{ में वृद्धि } \% = \left(\frac{15}{50}\times 100\right)\% = 30\%, \quad 2009 \text{ में वृद्धि } \% = \left(\frac{5}{65}\times 100\right)\% = 8\%,$$

$$2010 \text{ में कमी } \% = \left(\frac{24}{70}\times 100\right)\% = 34{\cdot}3\%.$$

अत: यह कमी % वर्ष 2010 में सर्वाधिक थी.

13. (*d*) : यूनिट II से दोषपूर्ण वस्तुओं की औसत संख्या $= \frac{(12+10+18+15+13+22)}{6}$ हजार

$$= \frac{90000}{6} = 15000.$$

14. (*a*) : दिये गये वर्षों में यूनिट III द्वारा निर्मित वस्तुओं की संख्या

= (76 + 45 + 55 + 57 + 82 + 38) हजार = 353000.

दिये गये वर्षों में यूनिट V द्वारा निर्मित वस्तुओं की संख्या

= (46 + 36 + 34 + 48 + 58 + 60) हजार = 282000.

अभीष्ट अनुपात = 353000 : 282000 = 353 : 282.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. (*b*) : अभीष्ट % = $\left\{\frac{15+22+32+15+11 \text{ हजार}}{(44+56+38+40+60) \text{ हजार}}\times 100\right\}\% = \left(\frac{95}{238}\times 100\right)\% = 40\%.$

निर्देश (प्र० न० 16 से 20) : नीचे दी गई तालिका में किसी राज्य की विभिन्न आयु-वर्गों में प्रतिशत जनसंख्या दी गई है. इस तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये.

किसी राज्य की विभिन्न आयु-वर्गों में प्रतिशत जनसंख्या

आयु-वर्ग	15 वर्ष तक	16–25	26–35	36–45	46–55	56–65	66 तथा ऊपर	कुल
प्रतिशत जनसंख्या	30%	17·75%	17·25%	14·5%	14.25%	5·12%	1·13%	100%

16. किस आयु-वर्ग में अधिकतम जनसंख्या है ?

(*a*) 16-25 (*b*) 26-35 (*c*) 36-45 (*d*) 56-65 (*e*) इनमें से कोई नहीं

17. प्रत्येक 4200 पर, 25 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति कितने हैं ?

(*a*) 2005 (*b*) 1260 (*c*) 746 (*d*) 515

18. यदि 36 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति 2000 लाख हों, तो 56-65 आयु-वर्ग के कितने व्यक्ति हैं ?

(*a*) 300·7 लाख (*b*) 157·5 लाख (*c*) 127·2 लाख (*d*) 593 लाख

19. यदि 56 वर्ष तथा इससे अधिक आयु के व्यक्ति 1 करोड़ हों, तो 16-25 तथा 46-55 आयु-वर्ग के व्यक्तियों का अन्तर कितना है ?

(*a*) 68 लाख (*b*) 56 लाख (*c*) 284 लाख (*d*) 347 लाख

20. यदि 46-55 तथा 26-35 के वर्गों का अन्तर 117·5 लाख हों, तो राज्य की कुल जनसंख्या कितनी है ?

(*a*) 4 करोड़ (*b*) 3·9167 करोड़ (*c*) 3·6 करोड़ (*d*) 4·6 करोड़

उत्तर

16. (*e*) **17.** (*a*) **18.** (*b*) **19.** (*b*) **20.** (*b*)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

41 दण्ड-आलेख (BAR GRAPH)

उदाहरण 1

निर्देश (प्र०न० 1 से 5) : नीचे दिये गये दण्ड-आलेख का अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2011)

एक विश्वविद्यालय में दिये गये पाँच वर्षों की अवधि में तीन अलग-अलग विषयों को चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या (हजारों में)



1. वर्ष 2009 में दिये गये तीन विषयों को चुनने वाले कुल विद्यार्थियों में से 38% लड़कियाँ थीं. इसी वर्ष गणित चुनने वाले लड़के कितने थे ?
   (*a*) 1322 (*b*) 1332 (*c*) 1312 (*d*) निर्धारित नहीं किया जा सकता
   (*e*) इनमें से कोई नहीं
2. वर्ष 2007 में विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या 455030 हो, तो दिये गये तीन विषयों को चुनने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या कुल विद्यार्थियों का लगभग कितने प्रतिशत थी ?
   (*a*) 19% (*b*) 9% (*c*) 12% (*d*) 5% (*e*) 23%
3. वर्ष 2006, 2007 तथा 2009 में कुल मिलाकर हिन्दी तथा गणित चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या कितनी थी ?
   (*a*) 97000 (*b*) 93000 (*c*) 85000 (*d*) 96000 (*e*) इनमें से कोई नहीं
4. वर्ष 2005 तथा 2008 में मिलाकर गणित चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या इन्हीं वर्षों में तीनों विषय चुनने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या का लगभग कितने प्रतिशत थी ?
   (*a*) 38% (*b*) 28% (*c*) 42% (*d*) 32% (*e*) 48%
5. वर्ष 2006 तथा 2008 में मिलाकर अंग्रेजी चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा वर्ष 2005 और 2009 में मिलाकर हिन्दी चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?
   (*a*) 11 : 5 (*b*) 12 : 7 (*c*) 11 : 7 (*d*) 12 : 5 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल

1. (*d*) : वर्ष 2009 में तीन विषयों को चुनने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या

$= (20 + 20 + 5)$ हजार $= 45000.$

इसमें लड़कियों की संख्या $= \left(45000 \times \frac{38}{100}\right) = 17100.$

स्पष्ट है कि इससे गणित के लड़कों की संख्या निर्धारित नहीं की जा सकती.

2. (*b*) : अभीष्ट $\% = \left\{\frac{(15+10+15)\times 1000}{455030} \times 100\right\}\% = \left(\frac{40000\times 100}{455030}\right)\% = 8\cdot 79\% = 9\%.$

3. (*e*) : वर्ष 2006, 2007 तथा 2009 में हिन्दी और गणित चुनने वालों की संख्या

$= (5 + 15 + 20)$ हजार $+ (35 + 15 + 5)$ हजार

$= (40000 + 55000) = 95000.$

4. (*d*) : अभीष्ट $\% = \left\{\frac{(15+30)\times 1000}{[(5+35+15)+(25+30+30)]\times 1000} \times 100\right\}\%$

$= \left\{\frac{45}{(55+85)} \times 100\right\}\% = \left(\frac{45}{140} \times 100\right)\% = 32\cdot 14\% \simeq 32\%.$

5. (*a*) : अभीष्ट अनुपात $= \frac{(25+30)\times 1000}{(5+20)\times 1000} = \frac{55}{25} = \frac{11}{5} = 11:5.$

उदाहरण 2

निर्देश (प्र०न० 6 से 10) : नीचे दिये गये दण्ड-आलेख का अध्ययन करके दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)

पाँच विभिन्न संस्थानों के तीन विभिन्न संकायों में छात्रों की संख्या



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

6. संस्थान D में MCA के छात्रों की संख्या उस संस्थान के सभी संकायों में पढ़ रहे छात्रों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के 2 अंकों तक)
(*a*) 38·85% (*b*) 40·48% (*c*) 37·21% (*d*) 36·36% (*e*) इनमें से कोई नहीं

7. संस्थान E में MCA के छात्रों की संख्या सभी संस्थानों के MCA के कुल छात्रों की संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?
(*a*) 42% (*b*) 26% (*c*) 38% (*d*) 12% (*e*) 20%

8. संस्थान C तथा E में कुल LLM के छात्रों की संख्या का संस्थान A तथा B में कुल MBA के छात्रों की संख्या से क्रमशः कितना अनुपात है ?
(*a*) 2 : 5 (*b*) 7 : 6 (*c*) 2 : 1 (*d*) 13 : 29 (*e*) इनमें से कोई नहीं

9. सभी संस्थानों में MBA के छात्रों की संख्या कुल कितनी है ?
(*a*) 1800 (*b*) 1725 (*c*) 1875 (*d*) 1650 (*e*) इनमें से कोई नहीं

10. सभी संस्थानों में MBA, MCA तथा LLM के छात्रों की संख्या में क्रमशः क्या अनुपात है ?
(*a*) 68 : 65 : 38 (*b*) 68 : 38 : 65 (*c*) 68 : 61 : 38 (*d*) 68 : 38 : 61
(*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

6. (*c*) : अभीष्ट $\% = \left\{\frac{400}{(425+400+250}\times 100\right\}\% = \left(\frac{400\times 100}{1075}\right)\% = 37\cdot 209\% \simeq 37\cdot 21\%.$

7. (*b*) : अभीष्ट $\% = \left\{\frac{425}{(325+350+125+400+425)}\times 100\right\}\%$

$= \left(\frac{425\times 100}{1625}\right)\% = 26\cdot 15\% \simeq 26\%.$

8. (*d*) : अभीष्ट अनुपात $= \frac{(75+250)}{(275+450)} = \frac{325}{725} = \frac{13}{29} = 13:29.$

9. (*e*) : सभी संस्थानों में MBA के छात्रों की कुल संख्या

$= (275 + 450 + 250 + 425 + 300) = 1700.$

10. (*a*) : अभीष्ट अनुपात $= 1700 : 1625 : (150 + 225 + 75 + 250 + 250)$

$= 1700 : 1625 : 950 = 68 : 65 : 38.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 3

निर्देश (प्र०न० 11 से 15) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्रों में विगत सात वर्षों में दो वस्तुओं X तथा Y का उत्पादन (लाख टनों) में दर्शाया गया है. इन दण्ड-चित्रों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2006)

विगत 7 वर्षों में दो वस्तुओं X तथा Y का उत्पादन (लाख टनों में)



निम्नलिखित में से किन वर्षों के जोड़े के लिए X का कुल उत्पादन, Y के कुल उत्पादन के समान है ?

(a) 2004 तथा 2005 (b) 2001 तथा 2003 (c) 2000 तथा 2004
(d) 2001 तथा 2005 (e) 1999 तथा 2000

किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में X के उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि/कमी अधिकतम थी ?

(a) 2001 (b) 2003 (c) 2002 (d) 2005 (e) इनमें से कोई नहीं

Y का औसत उत्पादन इन वर्षों में कितना था ?

(a) 275 लाख टन (b) 250 लाख टन (c) 225 लाख टन (d) 200 लाख टन
(e) इनमें से कोई नहीं

वर्ष 1999, 2000 तथा 2001 में मिलाकर दोनों वस्तुओं के कुल उत्पादन तथा वर्ष 2003, 2004, 2005 में मिलाकर दोनों वस्तुओं के कुल उत्पादन में क्रमशः अनुपात क्या है ?

(a) 17 : 15 (b) 7 : 6 (c) 15 : 17 (d) 6 : 7 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

15. सभी वर्षों का मिलाकर X के कुल उत्पादन का तथा सभी वर्षों का मिलाकर Y के कुल उत्पादन का क्रमशः अनुपात क्या है ?

(*a*) 23 : 18 (*b*) 13 : 14 (*c*) 14 : 13 (*d*) 18 : 23 (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

11. (*e*) : 2004 तथा 2005 में $X = (175 + 125) = 300$ लाख टन, $Y = (200 + 175) = 375$ लाख टन.
2001 तथा 2003 में $X = (275 + 200) = 475$ लाख टन, $Y = (250 + 250) = 500$ लाख टन.
2000 तथा 2004 में $X = (200 + 175) = 375$ लाख टन, $Y = (150 + 200) = 350$ लाख टन.
2001 तथा 2005 में $X = (275 + 125) = 400$ लाख टन, $Y = (250 + 175) = 425$ लाख टन.
1999 तथा 2000 में $X = (175 + 200) = 375$ लाख टन, $Y = (225 + 150) = 375$ लाख टन.

12. (*c*) : 2001 में वृद्धि $\% = \left\{\frac{275-200}{200}\times 100\right\}\% = 37\cdot 5\%.$

2003 में वृद्धि $\% = \left\{\frac{(200-150)}{150}\times 100\right\}\% = 33\cdot 33\%.$

2002 में कमी $\% = \left\{\frac{(275-150)}{275}\times 100\right\}\% = \left(\frac{125}{275}\times 100\right)\% = \frac{500}{11}\% = 45\cdot 4\%.$

2005 में कमी $\% = \left\{\frac{(175-125)}{175}\times 100\right\}\% = \left(\frac{50}{175}\times 100\right)\% = \frac{200}{7}\% = 28\cdot 5\%.$

अतः उत्तर (*c*) सही है.

13. (*d*) : Y का औसत उत्पादन $= \frac{(225+150+250+150+250+200+175)}{7}$ लाख टन

$= \frac{1400}{7}$ लाख टन $= 200$ लाख टन.

14. (*a*) : वर्ष 1999, 2000, 2001 में दोनों का कुल उत्पादन

$= (175 + 225 + 200 + 150 + 275 + 250) = 1275$ लाख टन.

वर्ष 2003, 2004, 2005 में दोनों का कुल उत्पादन

$= (200 + 250 + 175 + 200 + 125 + 175) = 1125$ लाख टन.

अभीष्ट अनुपात $= 1275 : 1125 = 51 : 45 = 17 : 15.$

15. (*b*) : सभी वर्षों में X का कुल उत्पादन

$= (175 + 200 + 275 + 150 + 200 + 175 + 125) = 1300$ लाख टन.

सभी वर्षों में Y का कुल उत्पादन

$= (225 + 150 + 250 + 150 + 250 + 200 + 175) = 1400$ लाख टन.

अभीष्ट अनुपात $= 1300 : 1400 = 13 : 14.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 4

निर्देश (प्र०न० 16 से 20) : नीचे दिये गये दण्ड-आलेख में विभिन्न कॉलोनियों में रहने वाले पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों का प्रतिशत दिखाया गया है. इसके नीचे दी गई सारणी में विभिन्न कॉलोनियों के निवासियों की कुल संख्या दी गई है. इस दण्ड आलेख तथा सारणी का भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

विभिन्न कालोनियों में रहने वाले पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों का प्रतिशत



विभिन्न कॉलोनियों के निवासियों की कुल संख्या

कॉलोनियाँ	निवासी
A	1250
B	2050
C	1800
D	1150
E	1620

16. कॉलोनी *A*, *B* तथा *C* को मिलाकर महिलाओं की कुल संख्या कितनी है ?
(*a*) 1785 (*b*) 1821 (*c*) 1479 (*d*) 1692 (*e*) इनमें से कोई नहीं

17. कॉलोनी *A* के बच्चों की संख्या कॉलोनी *E* के बच्चों की संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?
(*a*) 121% (*b*) 116% (*c*) 75% (*d*) 101% (*e*) 98%

18. कॉलोनी *B* के पुरुषों की संख्या का उसी कॉलोनी की महिलाओं की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?
(*a*) 3 : 5 (*b*) 7 : 5 (*c*) 8 : 7 (*d*) 5 : 7 (*e*) इनमें से कोई नहीं

19. सभी कॉलोनियों के कुल निवासियों की औसत संख्या कितनी है ?
(*a*) 1654 (*b*) 1600 (*c*) 1580 (*d*) 1574 (*e*) इनमें से कोई नहीं

20. कॉलोनी *D* के पुरुषों की संख्या तथा उसी कॉलोनी के बच्चों की संख्या का अन्तर कितना है ?
(*a*) 138 (*b*) 126 (*c*) 136 (*d*) 135 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के उत्तर

16. (*b*) : कॉलोनी *A*, *B* तथा *C* की कुल महिलाओं की संख्या

$$=\left\{\frac{1250\times36}{100}+\frac{2050\times30}{100}+\frac{1800\times42}{100}\right\}=(450+615+756)=1821.$$

17. (*b*) : कॉलोनी *A* के बच्चों की संख्या $=\left(1250\times\frac{30}{100}\right)=375.$

कॉलोनी *E* के बच्चों की संख्या $=\left(1620\times\frac{20}{100}\right)=324.$

अभीष्ट $\%=\left(\frac{375}{324}\times100\right)\%=\frac{3125}{27}\%=115\cdot7\%\simeq116\%.$

18. (*e*) : कॉलोनी *B* के पुरुषों की संख्या $=\left(2050\times\frac{50}{100}\right)=1025.$

कॉलोनी *B* की महिलाओं की संख्या $=\left(2050\times\frac{30}{100}\right)=615.$

अभीष्ट अनुपात $=\frac{1025}{615}=\frac{5}{3}=5:3.$

19. (*d*) : सभी कॉलोनियों के कुल निवासियों की संख्या

$$=(1250+2050+1800+1150+1620)=7870.$$

इनकी औसत संख्या $=\frac{7870}{5}=1574.$

20. (*a*) : कॉलोनी *D* के पुरुषों की संख्या $=\left(1150\times\frac{38}{100}\right)=437.$

कॉलोनी *D* के बच्चों की संख्या $=\left(1150\times\frac{26}{100}\right)=299.$

अभीष्ट अन्तर $=(437-299)=138.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 5

निर्देश (प्र०न० 21 से 25) : नीचे दिये गये दण्ड-आलेख में एक संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को दिखाया गया है. इसके नीचे दी गई सारणी में अलग-अलग विभागों में कार्यरत पुरुषों तथा महिलाओं का अनुपात दिया गया है. इस दण्ड-आलेख तथा सारणी का भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

एक संगठन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या



कर्मचारियों में पुरुष-महिला अनुपात

विभाग	पुरुष : महिला
HR	9 : 16
विपणन	3 : 2
IT	9 : 31
वित्त	2 : 3
उत्पादन	11 : 4
मर्चेंडाइजिंग	4 : 3

21. सभी विभागों में कार्यरत पुरुषों की कुल संख्या कितनी है ?
(a) 755 (b) 925 (c) 836 (d) 784 (e) इनमें से कोई नहीं

22. HR विभाग में कार्यरत महिलाओं की संख्या कितनी है ?
(a) 158 (b) 128 (c) 136 (d) 144 (e) इनमें से कोई नहीं

23. उत्पादन विभाग के कर्मचारियों की संख्या तथा मर्चेंडाइजिंग विभाग के कर्मचारियों की संख्या का अनुपात कितना है ?
(a) 15 : 14 (b) 8 : 7 (c) 14 : 15 (d) 7 : 8 (e) इनमें से कोई नहीं

24. किस विभाग में महिलाओं की न्यूनतम संख्या कार्यरत है ?
(a) विपणन (b) उत्पादन (c) HR (d) वित्त (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

25. संगठन में सभी विभागों में कुल कर्मचारियों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 1500 (*b*) 1575 (*c*) 1525 (*d*) 1625 (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

21. (*c*) : सभी विभागों में कार्यरत पुरुषों की कुल संख्या

$$=\left(225\times\frac{9}{25}\right)+\left(275\times\frac{3}{5}\right)+\left(200\times\frac{9}{40}\right)+\left(175\times\frac{2}{5}\right)+\left(375\times\frac{11}{15}\right)+\left(350\times\frac{4}{7}\right)$$

$$=(81+165+45+70+275+200)=836.$$

22. (*d*) : HR विभाग में कार्यरत महिलाओं की संख्या $=\left(225\times\frac{16}{25}\right)=144.$

23. (*a*) : (उत्पादन में कर्मचारियों की संख्या) : (मर्चेंडाइजिंग में कर्मचारियों की संख्या)

$$=\frac{375}{350}=\frac{15}{14}=15:14.$$

24. (*b*) : विभिन्न विभागों में महिलाओं की संख्या :

HR $\rightarrow\left(225\times\frac{16}{25}\right)=144$, विपणन $\rightarrow\left(275\times\frac{2}{5}\right)=110$,

IT $\rightarrow\left(200\times\frac{31}{40}\right)=155$, वित्त $\rightarrow\left(175\times\frac{3}{5}\right)=105$,

उत्पादन $\rightarrow\left(375\times\frac{4}{15}\right)=100$, मर्चेंडाइजिंग $\rightarrow\left(350\times\frac{3}{7}\right)=150.$

इनमें से सबसे कम संख्या उत्पादन में है.

25. (*e*) : सभी विभागों के कुल कर्मचारियों की संख्या

$$=(225+275+200+175+375+350)=1600.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 6

निर्देश (प्र०न० 26 से 30) : नीचे दिये गये दण्ड-आलेख में एक कम्पनी द्वारा विगत वर्षों में विनिर्मित तथा बेची गई मदों की संख्या (लाखों में) दी गई है. इसका ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

विगत वर्षों में एक कम्पनी द्वारा विनिर्मित और बेची गई मदों की संख्या (लाखों में)



26. सभी वर्षों में कुल मिलाकर नहीं बेची गई मदों की लगभग औसत संख्या कितनी है ?

(a) 1050000 (b) 1055000 (c) 1043000 (d) 1040000 (e) 1070000

27. सभी वर्षों में कुल मिलाकर बेची गई मदों की लगभग औसत संख्या कितनी है ?

(a) 60 लाख (b) 61 लाख (c) 63 लाख (d) 67 लाख (e) 69 लाख

28. वर्ष 2007 में विनिर्मित मदों की संख्या, सभी वर्षों में विनिर्मित मदों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के बाद 2 अंकों तक पूर्णांकित)

(a) 17·31% (b) 13·71% (c) 17·03% (d) 13·97% (e) इनमें से कोई नहीं

29. सभी वर्षों में मिलाकर बेची गई मदों की कुल संख्या तथा विनिर्मित मदों की कुल संख्या के बीच का क्रमशः क्या अनुपात है ?

(a) 87 : 104 (b) 89 : 102 (c) 87 : 102 (d) 89 : 104 (e) इनमें से कोई नहीं

30. किस वर्ष में नहीं बेची गई मदों का प्रतिशत सर्वाधिक था ?

(a) 2004 (b) 2006 (c) 2008 (d) 2002 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के हल

26. (*e*) : सभी वर्षों में नहीं बेची गई मदों की संख्या

$= [(70-60)+(65-55)+(80-65)+(60-50)+(75-60)+(90-80)+(80-75)]$ लाख

$= (10+10+15+10+15+10+5)$ लाख $= 75$ लाख.

27. (*c*) : सभी वर्षों में बेची गई मदों की संख्या

$= (60+55+65+50+60+80+75)$ लाख $= 445$ लाख.

अभीष्ट औसत संख्या $= \frac{445}{7}$ लाख $= 63{\cdot}57$ लाख $= 63$ लाख (लगभग).

28. (*a*) : वर्ष 2007 में विनिर्मित मदों की संख्या $= 90$ लाख.

सभी वर्षों में विनिर्मित मदों की संख्या

$= (70+65+80+60+75+90+80)$ लाख $= 520$ लाख.

अभीष्ट $\% = \left(\frac{90}{520}\times 100\right)\% = 17\cdot 309\% \simeq 17\cdot 31\%.$

29. (*d*) : सभी वर्षों में बेची गई मदों की कुल संख्या $= 445$ लाख.

सभी वर्षों में विनिर्मित मदों की कुल संख्या $= 520$ लाख.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{445 \text{ लाख}}{520 \text{ लाख}} = \frac{445}{520} = \frac{89}{104} = 89:104.$

30. (*b*) : प्रत्येक वर्ष नहीं बेची गई मदों के प्रतिशत का ब्यौरा :

$$2002 \rightarrow \left(\frac{10}{70}\times 100\right)\% = \frac{100}{7}\% = 14\cdot 3\%;$$

$$2003 \rightarrow \left(\frac{10}{65}\times 100\right)\% = \frac{200}{13}\% = 15\cdot 38\%;$$

$$2004 \rightarrow \left(\frac{15}{80}\times 100\right)\% = \frac{75}{4}\% = 18\cdot 75\%;$$

$$2005 \rightarrow \left(\frac{10}{60}\times 100\right)\% = \frac{50}{3}\% = 16\cdot 67\%;$$

$$2006 \rightarrow \left(\frac{15}{75}\times 100\right)\% = 20\%;$$

$$2007 \rightarrow \left(\frac{10}{90}\times 100\right)\% = \frac{100}{9}\% = 11\cdot 11\%;$$

$$2008 \rightarrow \left(\frac{5}{80}\times 100\right)\% = \frac{25}{4}\% = 6\cdot 25\%;$$

स्पष्ट है कि ये सर्वाधिक वर्ष 2006 में है.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 7

निर्देश (प्र०न० 31 से 34 तक) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्रों में दिया गया दण्ड-आलेख मार्च 2008 में पाँच कम्पनियों के रंगीन टी०वी० की माँग तथा उत्पादन को दर्शाता है. आलेख का भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2009)

मार्च 2008 में कम्पनियों के रंगीन टी०वी० की माँग तथा उत्पादन



31. उत्पादन से अधिक माँग वाली कम्पनियों की संख्या तथा माँग से अधिक उत्पादन वाली कम्पनियों की संख्या में क्या अनुपात है ?
(a) 2 : 3 (b) 4 : 1 (c) 1 : 1 (d) 3 : 2

32. पाँचों कम्पनियों को मिलाकर औसत माँग तथा औसत उत्पादन के बीच कितना अन्तर है ?
(a) 1400 (b) 400 (c) 280 (d) 138

33. कम्पनी D की माँग, कम्पनी E की माँग का लगभग कितने प्रतिशत है ?
(a) 12% (b) 20% (c) 24% (d) 30%

34. कम्पनी B तथा D की औसत माँग और औसत उत्पादन का क्या अनुपात है ?
(a) 1 : 5 (b) 2 : 5 (c) 3 : 5 (d) 4 : 5

दिये गये प्रश्नों के हल

31. (d) : उत्पादन से अधिक माँग वाली कम्पनियाँ A, C तथा E हैं.
माँग से अधिक उत्पादन वाली कम्पनियाँ B तथा D हैं.
अभीष्ट अनुपात = 3 : 2.

32. (c) : पाँचों कम्पनियों की औसत माँग $= \frac{1}{5}(3300+1200+3000+600+2500)$

$= \left(\frac{1}{5}\times 10600\right) = 2120.$

पाँचों कम्पनियों का औसत उत्पादन $= \frac{1}{5}(2200+2700+1500+1800+1000)$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \left(\frac{1}{5} \times 9200\right) = 1840.$$

अभीष्ट अन्तर = (2120 – 1840) = 280.

33. (*c*) : कम्पनी *D* की माँग = 600, कम्पनी *E* की माँग = 2500.

अभीष्ट % = $\left(\frac{600}{2500} \times 100\right)\% = 24\%$.

34. (*b*) : *B* तथा *D* की औसत माँग $= \frac{(1200+600)}{2} = \frac{1800}{2} = 900.$

B तथा *D* का औसत उत्पादन $= \frac{(2700+1800)}{2} = \frac{4500}{2} = 2250.$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{900}{2250} = \frac{2}{5} = 2:5.$

उदाहरण 8

निर्देश (प्र०न० 35 से 39 तक) : नीचे दिये गये दण्ड-आरेख का भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

विगत वर्षों में अलग-अलग तीन प्रकार की मोबाइल सेवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या (हजारों में)



35. वर्ष 2008 तथा 2009 में मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वालों की कुल संख्या कितनी है ?

(*a*) 35000 (*b*) 30000 (*c*) 45000 (*d*) 25000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

36. वर्ष 2006 में मोबाइल सेवा N का उपयोग करने वालों की संख्या उस वर्ष तीनों मोबाइल सेवा का उपयोग करने वालों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 18% (*b*) 26% (*c*) 11% (*d*) 23% (*e*) 29%

37. वर्ष 2005 में मोबाइल सेवा L का उपयोग करने वालों की संख्या का वर्ष 2004 में उसी सेवा का उपयोग करने वालों की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 8 : 7 (*b*) 3 : 2 (*c*) 19 : 13 (*d*) 15 : 11 (*e*) इनमें से कोई नहीं

38. वर्ष 2007 में तीनों मोबाइल सेवा का उपयोग करने वालों की कुल संख्या वर्ष 2008 में तीनों मोबाइल सेवा का उपयोग करने वालों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के 2 अंकों तक पूर्णांकित)

(*a*) 89·72% (*b*) 93·46% (*c*) 88·18% (*d*) 91·67% (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

39. सभी वर्षों को मिलाकर मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वाले लोगों की औसत संख्या क्या है ?

(a) $16\frac{2}{3}$ (b) $14444\frac{1}{6}$ (c) $16666\frac{2}{3}$ (d) $14\frac{1}{6}$ (e) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

35. (d) : वर्ष 2008 तथा वर्ष 2009 में मोबाइल सेवा M का प्रयोग करने वालों की कुल संख्या $= (35 - 10) \times 1000 + (25 - 10) \times 1000$
$= (25000 + 15000) = 40000.$

36. (a) : वर्ष 2006 में N का प्रयोग करने वालों की संख्या $= (55 - 45) \times 1000 = 10000.$
वर्ष 2006 में तीनों मोबाइल सेवाओं का प्रयोग करने वालों की संख्या $= 55000.$
अभीष्ट प्रतिशतता $= \left(\frac{10000}{55000} \times 100\right)\% = \frac{200}{11}\% = 18 \cdot 1\% \simeq 18\%.$

37. (b) : वर्ष 2005 में L का प्रयोग करने वालों की संख्या $= 15000.$
वर्ष 2004 में L का प्रयोग करने वालों की संख्या $= 10000.$
अभीष्ट अनुपात $= 15000 : 10000 = 3 : 2.$

38. (d) : वर्ष 2007 में तीनों मोबाइल प्रयोग करने वालों की संख्या $= 55000.$
वर्ष 2008 में तीनों मोबाइल प्रयोग करने वालों की संख्या $= 60000$
अभीष्ट प्रतिशतता $= \left(\frac{55000}{60000} \times 100\right)\% = \frac{275\%}{3}\% = 91 \cdot 67\%.$

39. (c) : 6 वर्षों में M का प्रयोग करने वालों की संख्या
$= [(15-10)+(25-15)+(45-20)+(35-15)+(35-10)+(25-10)] \times 1000$
$= (5+10+25+20+25+15) \times 1000 = 100000.$
प्रतिवर्ष M का प्रयोग करने वालों की औसत संख्या $= \frac{100000}{6} = 16666\frac{2}{3}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 9

निर्देश (प्र०न० 40 से 44) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्रों में पाँच संस्थानों के विभिन्न संकायों में छात्रों की संख्या दी गई है. इनका ध्यानपूर्वक अवलोकन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2005)

पाँच संस्थानों के विभिन्न संकायों में छात्रों की संख्या



40. सभी संस्थानों को मिलाकर कला के छात्रों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 1200 (*b*) 1050 (*c*) 1150 (*d*) 1500 (*e*) इनमें से कोई नहीं

41. संस्थान *D* में वाणिज्य के छात्रों की संख्या का उस संस्थान के कुल छात्रों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?

(*a*) $28\frac{4}{7}\%$ (*b*) $16\frac{5}{7}\%$ (*c*) $27\frac{1}{7}\%$ (*d*) $15\frac{6}{7}\%$ (*e*) इनमें से कोई नहीं

42. किस संस्थान के प्रबन्धन के छात्रों का प्रतिशत उस संस्थान के छात्रों की कुल संख्या का सर्वाधिक है ?

(*a*) A (*b*) B (*c*) C (*d*) D (*e*) E

43. संस्थान *B* से कला और विज्ञान के कुल छात्रों की संख्या तथा संस्थान *E* से वाणिज्य के छात्रों की संख्या का क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 2 : 3 (*b*) 3 : 2 (*c*) 5 : 4 (*d*) 4 : 5 (*e*) इनमें से कोई नहीं

44. सभी संस्थानों में कुल मिलाकर विज्ञान के छात्रों की संख्या इन संस्थानों के कुल छात्रों की संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के बाद 2 अंकों तक पूर्णांकित)

(*a*) 31·64% (*b*) 27·16% (*c*) 29·42% (*d*) 32·19% (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

40. (*e*) : सभी संस्थानों में कला के कुल छात्र = (200 + 250 + 150 + 100 + 300) = 1000.

41. (*a*) : संस्थान *D* में वाणिज्य के छात्रों की संख्या = (300 – 100) = 200.

संस्थान *D* में कुल छात्रों की संख्या = 700.

अभीष्ट $\% = \left(\frac{200}{700} \times 100\right)\% = \frac{200}{7}\% = 28\frac{4}{7}\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

42. (d) : विभिन्न संस्थानों में प्रबन्धन के छात्रों का उस संस्थान के छात्रों की कुल संख्या का प्रतिशत :

$A \rightarrow \left(\frac{200}{900}\times 100\right)\% = 22\cdot 22\%,\ B \rightarrow \left(\frac{150}{800}\times 100\right)\% = \frac{75}{4}\% = 18\cdot 75\%$

$C \rightarrow \left(\frac{150}{850}\times 100\right)\% = \frac{300}{17}\% = 17\cdot 65\%,\ D \rightarrow \left(\frac{200}{700}\times 100\right)\% = \frac{200}{7}\% = 28\cdot 57\%$

$E \rightarrow \left(\frac{100}{800}\times 100\right)\% = \frac{25}{2}\% = 12\cdot 50\%$

इनमें सर्वाधिक प्रतिशत D में है.

43. (e) : संस्थान B में कला और विज्ञान के छात्रों की कुल संख्या = (250 + 250) = 500.
संस्थान E में वाणिज्य के छात्रों की संख्या = 250.
अभीष्ट अनुपात = 500 : 250 = 2 : 1.

44. (b) : सभी संस्थानों में कुल विज्ञान के छात्रों की संख्या = (250 + 250 + 250 + 200 + 150) = 1100.
इन संस्थानों के कुल छात्रों की संख्या = (900 + 800 + 850 + 700 + 800) = 4050.

अभीष्ट $\% = \left(\frac{1100}{4050}\times 100\right)\% = \frac{2200}{81}\% = 27\cdot 16\%.$

उदाहरण 10

निर्देश (प्र०न० 45 से 50 तक) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्र किसी कालिज के बी०ए० फाइनल परीक्षा के 3 वर्ष के परिणाम व्यक्त करते हैं. प्रत्येक दण्ड-चित्र को चार भागों में विभक्त किया गया है. नीचे से ऊपर की ओर के विभिन्न भाग क्रमशः प्रथम श्रेणी में सफल, द्वितीय श्रेणी में सफल, तृतीय श्रेणी में सफल तथा अनुत्तीर्णों को व्यक्त करते हैं. इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

45. वर्ष 2009 में कितने प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए? (दशमलव के 2 अंकों तक)
(*a*) 10·84% (*b*) 9·92% (*c*) 11·76% (*d*) 12·24%

46. वर्ष 2010 में कितने प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए? (दशमलव के 2 अंकों तक पूर्णांकित)
(*a*) 78·95% (*b*) 73·65% (*c*) 81·46% (*d*) 88·24%

47. किस वर्ष में कालिज का बी०ए० का परिणाम सर्वोत्तम रहा?
(*a*) 2009 (*b*) 2010 (*c*) 2011 (*d*) किसी में भी नहीं

48. वर्ष 2011 में तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वालों की संख्या कितनी रही?
(*a*) 72 (*b*) 60 (*c*) 64 (*d*) 56

49. वर्ष 2011 में विद्यार्थियों की संख्या, वर्ष 2009 के विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत रही?
(*a*) 123·4% (*b*) 121·6% (*c*) 117·6% (*d*) 119·3%

50. तीनों वर्षों का कुल मिलाकर उत्तीर्ण प्रतिशत कितना रहा?
(*a*) 78·2% (*b*) 80·3% (*c*) 82·1% (*d*) 84·6%

दिये गये प्रश्नों के हल

45. (*c*) : वर्ष 2009 में विद्यार्थियों की कुल संख्या = 170.
वर्ष 2009 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या = 20.
अभीष्ट $\% = \left(\frac{20}{170}\times 100\right)\% = 11\cdot 76\%$.

46. (*a*) : वर्ष 2010 में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का प्रतिशत $= \left(\frac{150}{190}\times 100\right)\% = 78\cdot 95\%$.

47. (*a*) : वर्ष 2009 में उत्तीर्ण $\% = \left(\frac{140}{170}\times 100\right)\% = 82\cdot 35\%$.
वर्ष 2010 में उत्तीर्ण % = 78.95%.
वर्ष 2011 में उत्तीर्ण $\% = \left(\frac{160}{200}\times 100\right)\% = 80\%$.
अत: वर्ष 2009 में परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा.

48. (*b*) : वर्ष 2011 में तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वालों की संख्या = (160 – 100) = 60.

49. (*c*) : माना वर्ष 2011 में छात्रों की संख्या = वर्ष 2009 में छात्रों की संख्या का $x\%$
$\therefore\ 200 = 170$ का $x\% \Rightarrow 170\times\frac{x}{100} = 200 \Rightarrow x = \left(\frac{200\times 100}{170}\right) = 117\cdot 6\%$.

50. (*b*) : तीनों वर्षों में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या = (140 + 150 + 160) = 450.
तीनों वर्षों में कुल छात्रों की संख्या = (170 + 190 + 200) = 560.
अभीष्ट $\% = \left(\frac{450}{560}\times 100\right)\% = 80\cdot 3\%$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्नमाला 41

निर्देश (प्र०न० 1 से 4 तक) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्र में एक कालिज के चार संकायों में वर्ष 2009-10 से वर्ष 2011-12 तक विद्यार्थियों की संख्या में हुए परिवर्तन को दर्शाया गया है. इनका भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

एक कालिज के चार संकायों में विद्यार्थियों की संख्या



1. वर्ष 2009-10 में विज्ञान संकाय में कितने प्रतिशत विद्यार्थी थे ?
(a) 26·9% (b) 27·8% (c) 29·6% (d) 30·2%

2. वर्ष 2010-11 में विद्यार्थियों की कुल संख्या उसी वर्ष वाणिज्य के विद्यार्थियों की संख्या का कितने गुना थी ?
(a) तीन-गुना (b) चार-गुना (c) पाँच-गुना (d) छः-गुना

3. वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2011-12 में विज्ञान के विद्यार्थियों में कितनें प्रतिशत वृद्धि हुई ?
(a) 50% (b) $66\frac{2}{3}\%$ (c) 75% (d) 150%

4. किस संकाय में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार कमी आयी ?
(a) कला (b) विज्ञान (c) वाणिज्य (d) विधि

उत्तरमाला

1. (c) 2. (d) 3. (a) 4. (a)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

दिये गये प्रश्नों के संकेतात्मक हल

1. (*c*) : वर्ष 2009-10 में विज्ञान में विद्यार्थियों का प्रतिशत $= \left\{\frac{400}{(600+400+200+150)} \times 100\right\}\%$

$= \left(\frac{40}{1350} \times 100\right)\% = 29 \cdot 6\%.$

2. (*d*) : वर्ष 2010-11 में विद्यार्थियों की कुल संख्या = (550 + 500 + 250 + 200) = 1500.

वर्ष 2010-11 में वाणिज्य में विद्यार्थियों की संख्या = 250.

स्पष्ट है कि 1500 = 6 × 250.

3. (*a*) : वर्ष 2009-10 में विज्ञान के विद्यार्थियों की संख्या = 400.

वर्ष 2011-12 में विज्ञान के विद्यार्थियों की संख्या = 600.

वृद्धि $\% = \left(\frac{200}{400} \times 100\right)\% = 50\%.$

4. (*a*) : स्पष्ट है कि कला संकाय में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार कमी आयी.

निर्देश (प्र०न० 5 से 9 तक) : नीचे दिये गये दण्ड-चित्रों में किसी वर्ष में पाँच कालिजों में लड़कों तथा लड़कियों की संख्या (सैकड़ों में) दर्शाई गई है. इन दण्ड-चित्रों का भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

किसी वर्ष में 5 कालिजों में लड़कों तथा लड़कियों की संख्या



5. सभी कालेजों में मिलाकर लड़कियों की औसत संख्या कितनी है ?

(*a*) 2500 (*b*) 2750 (*c*) 2700 (*d*) 2550 (*e*) इनमें से कोई नहीं

6. कालेज *D* तथा *E* को मिलाकर कुल लड़कियों की संख्या, कालेज *A*, *B*, *C* की मिलाकर कुल लड़कियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 83% (*b*) 75% (*c*) 70% (*d*) 88% (*e*) इनमें से कोई नहीं

7. सभी कालेजों में कुल मिलाकर लड़कियों की संख्या तथा लड़कों की संख्या में कितना अन्तर है ?

(*a*) 1350 (*b*) 1400 (*c*) 1550 (*d*) 1600 (*e*) इनमें से कोई नहीं

8. कालेज *D* के कुल लड़कों की संख्या का कालेज *B* के कुल लड़कों की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 10 : 9 (*b*) 8 : 9 (*c*) 9 : 10 (*d*) 9 : 8 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

9. कालेज C के लड़कों की संख्या सभी कालेजों के कुल लड़कों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ?
प्रश्न 23. कम्पनी B के लिए किस वर्ष के निर्यात में, पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि अधिकतम थी ?

(*a*) 2005 (*b*) 2004 (*c*) 2006 (*d*) 2008 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 24. सभी वर्षों में B के औसत निर्यात कितने हैं ?

(*a*) 766.67 हजार टन (*b*) 667.14 हजार टन (*c*) 657.14 हजार टन

(*d*) 756.57 हजार टन (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 25. वर्ष 2003 तथा वर्ष 2006 में तीनों देशों के कुल निर्यात के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 41 : 29 (*b*) 51 : 29 (*c*) 29 : 51 (*d*) 29 : 41 (*e*) इनमें से कोई नहीं

दिये गये प्रश्नों के हल

उत्तर 21 (*a*) : वर्ष 2004 में C का निर्यात = 500 हजार टन.

वर्ष 2008 में C का निर्यात = 750 हजार टन.

अभीष्ट वृद्धि $\% = \left(\frac{250}{500} \times 100\right)\% = 50\%$.

उत्तर 22 (*e*) : सभी वर्षों में A का कुल निर्यात = (350 + 500 + 400 + 600 + 550 + 400 + 500) हजार टन

= 3300 हजार टन.

सभी वर्षों में B का कुल निर्यात = (500 + 400 + 600 + 800 + 900 + 700 + 700) हजार टन

= 4600 हजार टन.

अभीष्ट प्रतिशतता $= \left(\frac{3300}{4600} \times 100\right)\% = \frac{1650}{23}\% = 71 \cdot 74\% = 72\%$.

उत्तर 23 (*b*) : B के निर्यात में विभिन्न वर्षों में प्रतिशत वृद्धि :

2003 → वृद्धि नहीं, 2004 → $\left\{\frac{(600-400)}{400} \times 100\right\}\% = 50\%$,

2005 → $\left\{\frac{(800-600)}{600} \times 100\right\}\% = 33 \cdot 34\%$, 2006 → $\left\{\frac{(900-800)}{800} \times 100\right\}\% = 12 \cdot 5\%$,

2007 → वृद्धि नहीं, 2008 → वृद्धि नहीं.

अभीष्ट वर्ष = 2004.

उत्तर 24 (*c*) : 7 वर्षों में B के कुल निर्यात = 4600 हजार टन.

इन वर्षों में B के औसत निर्यात $= \frac{4600}{7}$ हजार टन = 657·14 हजार टन.

उत्तर 25 (*d*) : वर्ष 2003 में $(A + B + C)$ के कुल निर्यात = (500 + 400 + 550) हजार टन

= 1450 हजार टन.

वर्ष 2004 में $(A + B + C)$ के कुल निर्यात = (400 + 600 + 500) हजार टन

= 1500 हजार टन.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{1450}{1500} = \frac{29}{30} = 29 : 30$.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

43 पाई-चार्ट (PIE-CHART)

उदाहरण 1

(प्र०नं० 1 से 4) : दिये गये पाई-ग्राफ में एक मकान के बनाने में किये गये व्यय का ब्यौरा है. इस निर्माण कुल ₹ 600000 व्यय हुए. ग्राफ का अध्ययन करके नीचे लिखे प्रश्नों का उत्तर दीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2006)

प्र1. सीमेन्ट के मद पर किए गये व्यय की धनराशि कितनी है ?

(a) ₹ 200000 (b) ₹ 160000 (c) ₹ 120000 (d) ₹ 100000

प्र2. मजदूरी की मद पर व्यय की गई धनराशि इस्पात पर आये व्यय की राशि से कितनी अधिक है ?

(a) कुल व्यय का 5% (b) कुल व्यय का 10% (c) कुल व्यय का 12% (d) कुल व्यय का 15%

प्र3. सीमेन्ट, इस्पात तथा निरीक्षण पर कुल मिलाकर व्यय की गई धनराशि कुल व्यय का कितने प्रतिशत है ?

(a) 40% (b) 45% (c) 50% (d) 55%

प्र4. मजदूरी की मद पर व्यय की गई धनराशि निरीक्षण पर की गई धनराशि से कितनी अधिक है ?

(a) ₹ 200000 (b) ₹ 160000 (c) ₹ 120000 (d) ₹ 60000

हल

प्र1. (c) : सीमेन्ट के मद में किया गया व्यय $= ₹\left(\frac{72}{360}\times 600000\right) = ₹\ 120000.$

प्र2. (b) : (मजदूरी) – (इस्पात पर व्यय) $= ₹\left[\left(\frac{90}{360}\times 600000\right)-\left(\frac{54}{360}\times 600000\right)\right]$ ₹

$= ₹\ (150000 - 90000) = ₹\ 60000.$

माना कुल व्यय का $x\% = ₹\ 60000.$

तब, $600000 \times \frac{x}{100} = 60000 \Rightarrow x = 10.$

अभीष्ट उत्तर = कुल व्यय का 10%.

प्र3. (c) : (सीमेन्ट + इस्पात + निरीक्षण) $= (72 + 54 + 54)^\circ = 180^\circ =$ कुल व्यय का 50%.

प्र4. (d) : (मजदूरी) – (निरीक्षण) $= (90^\circ - 54^\circ) = 36^\circ = \left(\frac{36}{360}\times 600000\right) = ₹\ 60000.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 2

निर्देश (प्र० न० 5 से 9) : दिया गया पाई-चार्ट किसी शहर में विभिन्न व्यवसाय में लगे मजदूरों के भागों को प्रदर्शित करता है. इस चार्ट का अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए. (रेलवे परीक्षा, 2006)

प्रश्न 5. यदि निजी सेवा से प्राप्त मजदूरों की औसत आय परिवहन से प्राप्त औसत आय की दुगुनी हो, तो इन व्यवसाय से प्राप्त आय का अनुपात क्या होगा ?

(*a*) 3 : 4 (*b*) 4 : 3 (*c*) 4 : 5 (*d*) 5 : 4

प्रश्न 6. यदि निजी सेवा में लगे व्यक्तियों की संख्या 2160 हो, तो परिवहन में लगे व्यक्तियों की संख्या कितनी होगी ?

(*a*) 1456 (*b*) 2456 (*c*) 3456 (*d*) 5456

प्रश्न 7. यदि मजदूरों की कुल संख्या 10% बढ़ा दी जाये तथा अगले वर्ष वाणिज्य में मजदूरों की संख्या 15% कर दी जाये, तो उस वर्ष पाई-चार्ट में वाणिज्य का समीपवर्ती केन्द्रीय कोण कितना होगा ?

(*a*) 120° (*b*) 125° (*c*) 130° (*d*) 135°

प्रश्न 8. यदि वाणिज्य से प्राप्त कुल आय परिवहन से प्राप्त आय का दुगुनी हो, तो इन व्यवसायों में औसत आय का अनुपात क्या होगा ?

(*a*) 16 : 23 (*b*) 23 : 16 (*c*) 5 : 4 (*d*) 23 : 8

प्रश्न 9. शहर में निर्माण फैक्टरी में कुल कितने प्रतिशत मजदूर काम में लगे हैं ?

(*a*) 8·6 (*b*) 13·6 (*c*) 18·6 (*d*) 23·6

हल

उत्तर 5. (*d*) : माना कुल मजदूर $= x$.

निजी सेवा में लगे मजदूर $= \left(\frac{25}{360} \times x\right)$, परिवहन में लगे मजदूर $= \left(\frac{40}{360} \times x\right)$.

माना परिवहन से प्राप्त औसत आय = ₹ y, निजी सेवा की औसत आय = ₹ $2y$.

कुल आय का अनुपात $= \left(\frac{25}{360} \times x \times 2y\right) : \left(\frac{40}{360} \times x \times y\right) = 5 : 4.$

उत्तर 6. (*c*) : माना कुल मजदूर $= x$.

निजी सेवा में लगे मजदूर $= \left(\frac{25}{360} \times x\right)$, परिवहन में लगे मजदूर $= \left(\frac{40}{360} \times x\right)$.

$$\frac{25}{360} \times x = 2160 \Rightarrow x = \left(2160 \times \frac{360}{25}\right) = 31104.$$

परिवहन में लगे मजदूर $= \left(\frac{40}{360} \times x\right) = \left(\frac{1}{9} \times 31104\right) = 3456.$

उत्तर 7. (*b*) : माना पहले कुल मजदूर $= x$.

अब मजदूरों की संख्या $= \left(\frac{110}{100} \times x\right) = \frac{11x}{10}.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

अगले वर्ष वाणिज्य में मजदूरों की संख्या $=\left(\frac{115}{360}\times\frac{11x}{10}\right)=\frac{253x}{720}$.

अभीष्ट केन्द्रीय कोण $=\left(\frac{253}{720}\times\frac{1}{x}\times 360\right)^{\circ}=126\cdot5^{\circ}=125^{\circ}$ लगभग.

उत्तर 8. (b) : माना पहले कुल मजदूर $= x$.

वाणिज्य में लगे मजदूर $=\left(\frac{115}{360}\times x\right)=\frac{23x}{72}$, परिवहन में लगे मजदूर $=\left(\frac{40}{360}\times x\right)=\frac{x}{9}$.

माना वाणिज्य से प्राप्त औसत आय = ₹ y, परिवहन से प्राप्त औसत आय = ₹ $2y$.

अभीष्ट अनुपात $=\left(\frac{23x}{72}\times y\right):\left(\frac{x}{9}\times 2y\right)=\frac{23}{72}:\frac{2}{9}=23:16$.

उत्तर 9. (d) : शहर में निर्माण फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों का प्रतिशत $=\left(\frac{85}{360}\times 100\right)\%=23\cdot6\%$.

उदाहरण 3

निर्देश (प्र० न० 10 से 14) : दिया गया पाई-चार्ट वर्ष 2004-05 के अन्तराल में विभिन्न मदों में विदेशी मुद्रा अर्जन को प्रदर्शित करता है. इस चार्ट का अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (रेलवे परीक्षा, 2006)

प्र 10. चीनी क्षेत्र के बराबर विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए आई०टी० क्षेत्र को अपने निर्यात में कितनी और अधिक वृद्धि करनी होगी ?

(a) ₹ 250 करोड़ (b) ₹ 600 करोड़ (c) ₹ 400 करोड़ (d) ₹ 300 करोड़

प्र 11. विदेशी मुद्रा अर्जन में मूल्य की दृष्टि से चीनी क्षेत्र का निर्यात इंजीनियरिंग क्षेत्र के निर्यात का कितने प्रतिशत है ?

(a) 80% (b) 60% (c) 75% (d) 90%

प्र 12. वर्ष 2004-2005 के अन्तराल में देश द्वारा अर्जित कुल विदेशी मुद्रा थी:

(a) ₹ 1400 करोड़ (b) ₹ 1200 करोड़ (c) ₹ 900 करोड़ (d) आँकड़े अपर्याप्त

प्र 13. यदि अगले वर्ष अर्जन में 50% वृद्धि हो, तो इंजीनियरिंग सामान का योगदान कितना होगा यदि इसका प्रतिशत योगदान पहले के समान हो ?

(a) ₹ 500 करोड़ (b) ₹ 600 करोड़ (c) ₹ 450 करोड़ (d) आँकड़े अपर्याप्त

प्र 14. यदि चमड़े के निर्यात मूल्य में 10% की कमी आई हो, तो मूल्य की दृष्टि से इसका योगदान कितना होगा ?

(a) ₹ 30 करोड़ (b) ₹ 60 करोड़ (c) ₹ 120 करोड़ (d) ₹ 90 करोड़

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

हल

45° प्रदर्शित करता है = ₹ 150 करोड़, 360° प्रदर्शित करता है = ₹ $=\left(\frac{150}{45}\times 360\right)$ करोड़ = ₹ 1200 करोड़.

कुल विदेशी मुद्रा अर्जन = ₹ 1200 करोड़.

उत्तर 10. (*a*) : आई०टी० क्षेत्र द्वारा अर्जित मुद्रा = ₹ $=\left(\frac{90}{360}\times 1200\right)$ करोड़ = ₹ 50 करोड़.

चीनी क्षेत्र द्वारा अर्जित मुद्रा = ₹ $=\left(\frac{90}{360}\times 1200\right)$ करोड़ = ₹ 300 करोड़.

अभीष्ट वृद्धि = ₹ (300 – 50) करोड़ = ₹ 250 करोड़.

उत्तर 11. (*c*) : चीनी क्षेत्र का निर्यात = ₹ $=\left(\frac{90}{360}\times 1200\right)$ करोड़ = ₹ 300 करोड़.

इंजीनियरिंग क्षेत्र का निर्यात = ₹ $=\left(\frac{120}{360}\times 1200\right)$ करोड़ = ₹ 400 करोड़.

माना ₹ 300 करोड़ = ₹ 400 करोड़ का $x\%$.

तब, $300 = 400 \times \frac{x}{100} \Rightarrow x = 75.$

अभीष्ट % = 75%.

उत्तर 12. (*b*) : वर्ष 2004-05 के अन्तराल में अर्जित विदेशी मुद्रा = ₹ 1200 करोड़.

उत्तर 13. (*b*) : अगले वर्ष कुल अर्जन = ₹ 1200 करोड़ का 150%

= ₹ $=\left(1200\times\frac{150}{100}\right)$ करोड़ = 1800 ₹ करोड़.

इंजीनियरिंग सामान का योगदान = ₹ $=\left(\frac{120}{360}\times 1800\right)$ करोड़ = ₹ 600 करोड़

उत्तर 14. (*c*) : चमड़े का निर्यात मूल्य = ₹ $=\left(\frac{40}{360}\times 1200\right)$ करोड़ = ₹ $=\frac{400}{3}$ करोड़.

कमी आने पर निर्यात मूल्य = ₹ $=\left(\frac{400}{3}\times\frac{90}{100}\right)$ करोड़ = = ₹120 करोड़.

उदाहरण 4

निर्देश (प्र०न० 15 से 19) : एक संस्था के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रतिशत का विवरण नीचे दिये गये पाई-चार्ट में प्रदर्शित किया गया है. उनमें से पुरुषों तथा महिलाओं का अनुपात नीचे तालिका में दिया गया है. पाई-चार्ट तथा तालिका का अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2010)

कर्मचारियों की कुल संख्या = 1800.

कर्मचारियों के प्रतिशत का विवरण

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

पुरुषों का महिलाओं से अनुपात

विभाग	पुरुष : महिलायें
उत्पादन	11 : 1
HR	1 : 3
IT	5 : 4
विपणन	7 : 5
लेखा	2 : 7

15. विपणन विभाग में कार्यरत पुरुषों की संख्या कितनी है ?
(a) 132 (b) 174 (c) 126 (d) 189 (e) इनमें से कोई नहीं

16. संस्था के उत्पादन विभाग में कार्यरत पुरुषों की संख्या उस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के दो अंकों तक पूर्णांकित)
(a) 89.76% (b) 91.67% (c) 88.56% (d) 94.29% (e) इनमें से कोई नहीं

17. लेखा विभाग में कार्यरत पुरुषों की संख्या का उस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या से क्रमशः अनुपात कितना है ?
(a) 9 : 2 (b) 7 : 6 (c) 2 : 9 (d) 6 : 7 (e) इनमें से कोई नहीं

18. संस्था के HR विभाग में कार्यरत् महिलाओं की संख्या का उस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?
(a) 3 : 4 (b) 2 : 5 (c) 2 : 9 (d) 3 : 7 (e) इनमें से कोई नहीं

19. संस्था के IT विभाग में कार्यरत महिलाओं की संख्या संस्था के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?
(a) 7% (b) 5% (c) 19% (d) 15% (e) 10%

हल

15. (d) : विपणन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{18}{100}\times 1800\right)=324$.

इनमें से पुरुषों की संख्या $=\left(324\times\frac{7}{12}\right)=189$.

16. (b) : उत्पादन विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{28}{100}\times 1800\right)=504$.

इनमें से पुरुषों की संख्या $=\left(504\times\frac{11}{12}\right)=462$.

पुरुषों का अभीष्ट $\% =\left(\frac{462}{504}\times 100\right)\% = 91\cdot 67\%$.

17. (c) : लेखा विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{17}{100}\times 1800\right)=306$.

इनमें से पुरुषों की संख्या $=\left(306\times\frac{2}{9}\right)=68$.

अभीष्ट अनुपात = 68 : 306 = 2 : 9.

18. (a) : HR विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{14}{100}\times 1800\right)=252$.

इनमें से स्त्रियों की संख्या $=\left(252\times\frac{3}{4}\right)=189$.

अभीष्ट अनुपात = 189 : 252 = 3 : 4.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तर 19. (*e*) : IT विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या $= \left(\frac{23}{100} \times 1800\right) = 414.$

IT विभाग में कार्यरत महिलाओं की संख्या $= \left(414 \times \frac{4}{9}\right) = 184.$

सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या = 1800.

अभीष्ट $\% = \left(\frac{184}{1800} \times 100\right)\% = 10 \cdot 2\% = 10\%$ (लगभग)

उदाहरण 5

निर्देश (प्र०न० 20 से 24) : दिये गये पाई-चार्ट में 3000 विद्यार्थियों का नौकरी के लिए *A* से *F* तक समूहों में प्लेसमैन्ट दिखाया गया है.



	पुरुष : महिला
A (बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ)	1 : 2
B (औसत वेतन 5 लाख ₹ से अधिक)	1 : 1
C (स्थानीय संगठन)	2 : 1
D (राष्ट्रीय संगठन)	4 : 5
E (प्लेसमैन्ट नहीं हुआ)	7 : 5
F (पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण नहीं हुये)	2 : 1

ऊपर दिये गये पाई-चार्ट एवं सारणी का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2005)

प्रश्न 20. कितनी महिला विद्यार्थियों का बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में प्लेसमैन्ट हुआ ?

(*a*) 200 (*b*) 300 (*c*) 500 (*d*) 450 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 21. कितने विद्यार्थी पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण रहे ?

(*a*) 300 (*b*) 200 (*c*) 400 (*d*) 250 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 22. निम्नलिखित में से कौन-सी जानकारी सही नहीं है ?

(*a*) विद्यार्थी की अधिकांश संख्या का स्थानीय संगठनों में प्लेसमैन्ट हुआ था.

(*b*) राष्ट्रीय संगठनों में पुरुषों से अधिक महिलाओं का प्लेसमैन्ट हुआ था.

(*c*) जिनका प्लेसमैन्ट नहीं हुआ तथा जो अनुत्तीर्ण रहे उनकी संख्या 900 थी.

(*d*) महिला विद्यार्थियों से पुरुष विद्यार्थी अधिक थे.

(*e*) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में पुरुषों से अधिक महिलाओं का प्लेसमैन्ट हुआ था और पुरुषों से अधिक महिलाओं को 5 लाख रुपये से अधिक का औसत वेतन मिला था.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 23. स्थानीय संगठनों और राष्ट्रीय संगठनों में कुल कितनी छात्राओं का प्लेसमैन्ट हुआ था ?

(a) 300 (b) 750 (c) 1200 (d) 600 (e) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 24. महिलाओं तथा पुरुषों का क्रमशः अनुपात कितना है ?

(a) 7 : 5 (b) 9 : 8 (c) 8 : 9 (d) 7 : 8 (e) इनमें से कोई नहीं

हल

उत्तर 20. (e) : उन विद्यार्थियों की संख्या जिनका बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में प्लैसमैन्ट हुआ $= \left(3000 \times \frac{20}{100}\right) = 600.$

उन महिला विद्यार्थियों की संख्या जिनका बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में प्लैसमैन्ट हुआ $= \left(600 \times \frac{2}{3}\right) = 400.$

उत्तर 21. (a) : उन विद्यार्थियों की संख्या जो पाठ्यक्रम में अनुत्तीर्ण रहे = 3000 का 10% $= \left(3000 \times \frac{10}{100}\right) = 300.$

उत्तर 22. (e) : यह कथन असत्य है कि पुरुषों से अधिक महिलाओं को 5 लाख रुपये से अधिक का वेतन मिला था.

उत्तर 23. (e) : स्थानीय संगठनों में प्लेसमैन्ट वालों की संख्या $= \left(3000 \times \frac{25}{100}\right) = 750.$

इनमें छात्र $= \left(750 \times \frac{2}{3}\right) = 500$, छात्रायें = 250.

राष्ट्रीय संगठनों में प्लेसमैन्ट वालों की संख्या $= \left(3000 \times \frac{15}{100}\right) = 450.$

इनमें छात्र $= \left(450 \times \frac{4}{9}\right) = 200$, छात्रायें = 250.

छात्राओं की संख्या = (250 + 250) = 500.

उत्तर 24. (d) : A में कुल प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{20}{100} \times 3000\right) = 600.$

इनमें महिलायें $= \left(600 \times \frac{2}{3}\right) = 400$, पुरुष = 200.

B में कुल प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{10}{100} \times 3000\right) = 300.$ इनमें महिलायें = 150, पुरुष = 150.

C में कुल प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{25}{100} \times 3000\right) = 750.$

इनमें महिलायें $= \left(750 \times \frac{1}{3}\right) = 250$, पुरुष = 500.

D में कुल प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{15}{100} \times 3000\right) = 450.$

इनमें महिलायें $= \left(450 \times \frac{5}{9}\right) = 250$, पुरुष = 200.

E में प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{20}{100} \times 3000\right) = 600.$ इनमें महिलायें $= \left(600 \times \frac{5}{12}\right) = 250$, पुरुष = 350.

F में प्लेसमैन्ट $= \left(\frac{10}{100} \times 3000\right) = 300.$ इनमें महिलायें $= \left(300 \times \frac{1}{3}\right) = 100$, पुरुष = 200.

कुल महिलायें = (400 + 150 + 250 + 250 + 250 + 100) = 1400, पुरुष = 1600.

अभीष्ट अनुपात = 1400 : 1600 = 7 : 8.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 6

निर्देश (प्र०न० 25 से 29) : दिये गये पाई-चार्ट में वर्ष 2005 तथा 2006 में किसी संस्थान में विविध कोर्स पढ़ने वाले विद्यार्थियों का विवरण दिया गया है. वर्ष 2005 तथा 2006 में कुल विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 1900 तथा 2400 है.



वर्ष 2005 में विविध कोर्स पढ़ने वाले छात्रों का विवरण
कुल विद्यार्थी =1900

वर्ष 2006 में विविध कोर्स पढ़ने वाले छात्रों का विवरण
कुल विद्यार्थी = 2400

इन पाई-चार्टों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **(बैंक पी०ओ०, 2008)**

प्रश्न 25. वर्ष 2005 तथा वर्ष 2006 में कृषि में पढ़ रहे विद्यार्थियों की संख्या का क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 13 : 12 (*b*) 8 : 7 (*c*) 18 : 19 (*d*) 12 : 13 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 26. वर्ष 2005 में चिकित्सा शास्त्र के विद्यार्थियों की संख्या वर्ष 2005 में विज्ञान, इन्जीनियरिंग तथा चिकित्सा शास्त्र के कुल विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 16·25% (*b*) 21·50% (*c*) 23·25% (*d*) 18·75% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 27. वर्ष 2005 तथा वर्ष 2006 में कुल मिलाकर कला के विद्यार्थियों की संख्या इन दो वर्षों में सभी अनुशासनों के विद्यार्थियों की कुल संख्या का लगभग कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 25% (*b*) 11% (*c*) 16% (*d*) 20% (*e*) 9%

प्रश्न 28. वर्ष 2005 से वर्ष 2006 में विज्ञान के विद्यार्थियों की संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि अथवा कमी हुई ?

(*a*) 32% वृद्धि (*b*) 32% कमी (*c*) 28% वृद्धि (*d*) 28% कमी (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 29. वर्ष 2005 में प्रबंधन के विद्यार्थियों की संख्या तथा वर्ष 2006 में कला के विद्यार्थियों की संख्या का क्रमशः अनुपात क्या है ?

(*a*) 33 : 19 (*b*) 16 : 31 (*c*) 19 : 33 (*d*) 31 : 16 (*e*) इनमें से कोई नहीं

हल

उत्तर 25. (*e*) : वर्ष 2005 में कृषि के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{4}{100} \times 1900\right) = 76.$

वर्ष 2006 में कृषि के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{3}{100} \times 2400\right) = 72.$

अभीष्ट अनुपात = 76 : 72 = 19 : 18.

उत्तर 26. (*d*) : वर्ष 2005 में चिकित्सा शास्त्र के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{9}{100} \times 1900\right) = 171.$

वर्ष 2005 में विज्ञान, इन्जीनियरिंग तथा चिकित्सा शास्त्र के कुल विद्यार्थियों की संख्या

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

$$= \left\{\frac{(24+15+9)}{100}\times 1900\right\} = (48 \times 19) = 912.$$

अभीष्ट % $= \left(\frac{171}{912}\times 100\right)\% = 18{\cdot}75\%.$

उत्तर 27. (*b*) : दोनों वर्षों में कला के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{12}{100}\times 1900\right) + \left(\frac{11}{100}\times 2400\right)$

$= (228 + 264) = 492.$

दोनों वर्ष में कुल विद्यार्थियों की संख्या = (1900 + 2400) = 4300.

अभीष्ट % $= \left(\frac{492}{4300}\times 100\right)\% = 11{\cdot}44\% \equiv 11\%$ लगभग.

उत्तर 28. (*a*) : वर्ष 2005 में विज्ञान के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{24}{100}\times 1900\right) = 456.$

वर्ष 2006 में विज्ञान के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{25}{100}\times 2400\right) = 600.$

वृद्धि = (600 – 456) = 144.

वृद्धि % $= \left(\frac{144}{456}\times 100\right)\% = 31{\cdot}57\% \equiv 32\%.$

उत्तर 29. (*e*) : वर्ष 2005 में प्रबन्धन के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{8}{100}\times 1900\right) = 152.$

वर्ष 2006 में कला के विद्यार्थियों की संख्या $= \left(\frac{10}{100}\times 2400\right) = 240.$

अभीष्ट अनुपात = 152 : 240 = 19 : 30.

उदाहरण 7

निर्देश (प्र०न० 30 से 34) : नीचे दिये गये पाई-चार्ट में एक विद्यालय के 3000 विद्यार्थियों की विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की प्रतिशतता दी गई है. इनमें 1750 लड़कियाँ हैं.

विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में भर्ती 3000 विद्यार्थियों का प्रतिशत

इन पाठ्यक्रमों में 1750 लड़कियों का प्रतिशत

इन चार्टों का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रश्न 30. विद्यालय में लड़कों का लगभग प्रतिशत कितना है ?

(*a*) 34% (*b*) 56% (*c*) 28% (*d*) 50% (*e*) 42%

प्रश्न 31. गायन तथा क्राफ्ट में कुल कितने लड़के भर्ती हुए हैं ?

(*a*) 505 (*b*) 610 (*c*) 485 (*d*) 420 (*e*) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 32. तैराकी और चित्रकारी में मिलाकर कुल कितनी लड़कियाँ भर्ती हुई हैं ?

(*a*) 480 (*b*) 525 (*c*) 505 (*d*) 495 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 33. नृत्य में भर्ती लड़कियों की संख्या विद्यालय के कुल विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 12·35% (*b*) 14·12% (*c*) 11·67% (*d*) 10·08% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 34. तैराकी में भर्ती लड़कियों की संख्या का तैराकी में भर्ती लड़कों की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 47 : 49 (*b*) 23 : 29 (*c*) 29 : 23 (*d*) 49 : 47 (*e*) इनमें से कोई नहीं

हल :

उत्तर 30. (*e*) : विद्यालय में लड़कों की संख्या = (3000 – 1750) = 1250.

लड़कों का % $= \left(\frac{1250}{3000} \times 100\right)\% = 41{\cdot}66\% \equiv 42\%.$

उत्तर 31. (*a*) : गायन तथा क्राफ्ट में कुल विद्यार्थी = 3000 × (21 + 25)% $= \left(3000 \times \frac{46}{100}\right) = 1380.$

गायन तथा क्राफ्ट में कुल लड़कियाँ = 1750 × (28 + 22)% $= \left(1750 \times \frac{50}{100}\right) = 875.$

गायन तथा क्राफ्ट में कुल लड़के = (1380 – 875) = 505.

उत्तर 32. (*b*) : तैराकी और चित्रकारी में कुल लड़कियाँ = 1750 का (14 + 16)% $= \left(1750 \times \frac{30}{100}\right) = 525.$

उत्तर 33. (*c*) : नृत्य में भर्ती लड़कियों की संख्या = (1750 का 20%) $= \left(1750 \times \frac{20}{100}\right) = 350.$

अभीष्ट % $= \left(\frac{350}{3000} \times 100\right)\% = 11{\cdot}67\%.$

उत्तर 34. (*c*) : तैराकी में भर्ती लड़कियाँ $= \left(1750 \times \frac{14}{100}\right) = 245.$

तैराकी में भर्ती कुल विद्यार्थी $= \left(3000 \times \frac{16}{100}\right) = 480.$

तैराकी में भर्ती लड़के = (480 – 245) = 235.

अभीष्ट अनुपात = 245 : 235 = 49 : 47.

उदाहरण 8

निर्देश (प्र०न० 35 से 38) : दिये गये पाई-चार्ट में 31 मार्च 2004 को विभिन्न बैंक के क्रेडिट कार्डों से खर्च किए गये धन का भाग दिखाया गया है. **(मैनेजमैन्ट परीक्षा, 2007)**



इस पाई-चार्ट का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 35. यदि वर्ष 2003-04 में क्रेडिट कार्ड द्वारा खर्च किया गया कुल धन ₹ 20555 करोड़ हो, तो इसमें से स्टेन्चार्ट बैंक का भाग कितना है ?

(*a*) ₹ 3083 करोड़ (*b*) ₹ 4305 करोड़ (*c*) ₹ 3803 करोड़ (*d*) ₹ 5043 करोड़

प्रश्न 36. एच एस बी सी कार्ड तथा स्टेट बैंक कार्ड द्वारा किये गये खर्चों का अनुपात कितना है ?

(*a*) 2 : 3 (*b*) 1 : 3 (*c*) 1 : 4 (*d*) 3 : 4

प्रश्न 37. स्टेट बैंक कार्ड तथा आई सी आई सी आई कार्ड दोनों के द्वारा किये गये खर्च से कितना अधिक सिटी बैंक कार्ड द्वारा किया गया खर्च है ?

(*a*) ₹ 4011 करोड़ (*b*) ₹ 311 करोड़ (*c*) ₹ 411 करोड़ (*d*) ₹ 431 करोड़

प्रश्न 38. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(*a*) स्टेट बैंक कार्ड तथा आई सी आई सी आई कार्ड द्वारा किया गया कुल खर्च एच.एस.बी.सी. कार्ड तथा स्टैन्चार्ट कार्ड द्वारा किये गये कुल खर्च के बराबर है.

(*b*) सिटी बैंक कार्ड द्वारा कुल खर्च, अमैक्स और अन्य बैंकों के कार्ड के बराबर है.

(*c*) सिटी बैंक का क्रेडिट कार्ड व्यापार में सबसे बड़ा हिस्सा है.

(*d*) स्टेट बैंक और अमैक्स साथ मिलकर लगभग सभी बैंकों से आगे हैं.

हल

प्रश्न 35. (*a*) : स्टेन्चार्ट बैंक का अभीष्ट भाग = ₹ $\left(\frac{15}{100}\times 20555\right)$ करोड़

= ₹ 3083·25 करोड़ ≡ ₹ 3083 करोड़.

प्रश्न 36. (*d*) : अभीष्ट अनुपात = 9% : 12% = $\frac{9}{100}:\frac{12}{100}$ = 3 : 4.

प्रश्न 37. (*c*) : अभीष्ट मान = (26%) – (12% + 12%) = 2% = ₹ $\left(\frac{2}{100}\times 20555\right)$ करोड़ = ₹ 411 करोड़.

प्रश्न 38. (*d*) : (स्टेट बैंक + अमैक्स) का क्रेडिट कार्ड खर्च = (12 + 11)% = 23%, जो स्टेट बैंक से अधिक नहीं है.

अत: दिया गया कथन असत्य है.

उदाहरण 9

निर्देश (प्र०न० 39 से 43) : नीचे दिये गये एक पाई-चार्ट में किसी संगठन में विभिन्न स्तरों पर कार्यरत 1500 कर्मचारियों का ब्यौरा दिया गया है तथा दूसरे पाई-चार्ट में विभिन्न वेतनमानों में 800 पुरुष कर्मचारियों का ब्यौरा दिया गया है. इन पाई-चार्टों का अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)



1500 कर्मचारियों का ब्यौरा



विभिन्न वेतनमानों में 800 पुरुष कर्मचारियों का ब्यौरा

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 39. वेतनमान VI में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की संख्या उस वेतनमान के कुल कर्मचारियों का कितने प्रतिशत है? (निकटतम पूर्णांक तक)

(*a*) 35% (*b*) 46% (*c*) 44% (*d*) 34% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 40. वेतनमान VI की महिला कर्मचारियों तथा वेतनमान I के पुरुष कर्मचारियों के बीच क्रमशः अनुपात क्या है?

(*a*) 32 : 33 (*b*) 22 : 33 (*c*) 12 : 23 (*d*) 23 : 12 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 41. वेतनमान V में कार्यरत पुरुष तथा महिला कर्मचारियों के बीच क्रमशः अनुपात क्या है?

(*a*) 7 : 8 (*b*) 2 : 1 (*c*) 8 : 7 (*d*) 1 : 2 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 42. कितनी महिलायें वेतनमान II में कार्यरत हैं?

(*a*) 144 (*b*) 81 (*c*) 96 (*d*) 138 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 43. वेतनमान III और IV में कार्यरत महिला कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है?

(*a*) 219 (*b*) 157 (*c*) 162 (*d*) 285 (*e*) इनमें से कोई नहीं

हल

उत्तर 39. (*d*) : वेतनमान VI में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{9}{100}\times 800\right)=72.$

वेतनमान VI में कार्यरत कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{14}{100}\times 1500\right)=210.$

अभीष्ट $\% =\left(\frac{72}{210}\times 100\right)\% = 34\cdot 2\% = 34\%.$

उत्तर 40. (*e*) : वेतनमान VI के कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{14}{100}\times 1500\right)=210.$

वेतनमान VI के पुरुष कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{9}{100}\times 800\right)=72.$

वेतनमान VI की महिला कर्मचारियों की संख्या $=(210-72)=138.$

वेतनमान I के पुरुष कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{24}{100}\times 800\right)=192.$

अभीष्ट अनुपात $=138:192=\frac{138}{192}=\frac{23}{32}=23:32.$

उत्तर 41. (*c*) : वेतनमान V में कार्यरत कुल कर्मचारी $=\left(\frac{12}{100}\times 1500\right)=180.$

वेतनमान V में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{12}{100}\times 800\right)=96.$

वेतनमान V में कार्यरत महिला कर्मचारियों की संख्या $=(180-96)=84.$

अभीष्ट अनुपात $=96:84=8:7.$

उत्तर 42. (*b*) : वेतनमान II में कार्यरत कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{15}{100}\times 1500\right)=225.$

वेतनमान II में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की संख्या $=\left(\frac{18}{100}\times 800\right)=144.$

वेतनमान II में कार्यरत महिला कर्मचारियों की संख्या $=(225-144)=81.$

उत्तर 43. (*a*) : वेतनमान III और IV में कुल कर्मचारियों की संख्या $=\left[\frac{(16+11)}{100}\times 800\right]$

$=\left(\frac{29}{100}\times 1500\right)=435.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

वेतनमान III और IV में कुल पुरुष कर्मचारियों की संख्या $= \left[\frac{(16+11)}{100} \times 800\right]$

$= \left(\frac{27}{100} \times 800\right) = 216.$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या $= (435 - 216) = 219.$

उदाहरण 10

निर्देश (प्र०न० 44 से 47) : नीचे दिया गया पाई-चार्ट एक परिवार द्वारा विभिन्न मदों में किये गये एक महीने के खर्च को दर्शाता है. इसका भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2011)

प्रश्न 44. किराये पर किया गया खर्च ईंधन के खर्च का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 135% (*b*) 156% (*c*) 167% (*d*) 172%

प्रश्न 45. किन तीन मदों के खर्चों में केन्द्रीय बिन्दु पर 108° का कोण बनता है ?

(*a*) ईंधन, कपड़े एवं अन्य (*b*) ईंधन, किराया एवं अन्य

(*c*) कपड़े, किराया एवं अन्य (*d*) शिक्षा, किराया एवं अन्य

प्रश्न 46. यदि उस परिवार की कुल आय ₹ 25000 हो तो किराया तथा भोजन पर कुल मिलाकर कितना खर्च हुआ है ?

(*a*) ₹ 17250 (*b*) ₹ 14750 (*c*) ₹ 11250 (*d*) ₹ 8500

प्रश्न 47. शिक्षा तथा भोजन पर किये गये खर्च में क्या अनुपात है ?

(*a*) 1 : 3 (*b*) 3 : 1 (*c*) 3 : 5 (*d*) 5 : 3

हल

उत्तर 44. (*b*) : अभीष्ट $\% = \left(\frac{14}{9} \times 100\right)\% = \frac{1400}{9}\% = 155.6\% \simeq 156\%.$

उत्तर 45. (*b*) : $108° = \left(\frac{108}{360} \times 100\right)\% = 30\%.$

स्पष्ट है कि यह ईंधन, किराया एवं अन्य तीन मदों में किये गये खर्च से बनता है.

उत्तर 46. (*b*) : किराया तथा भोजन पर कुल खर्च = ₹ (25000 का 59%)

$= ₹ \left(25000 \times \frac{59}{100}\right) = ₹ 14750.$

उत्तर 47. (*a*) : (शिक्षा पर खर्च) : (भोजन पर खर्च) = 15 : 45 = 1 : 3.

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उदाहरण 11

निर्देश (प्र०न० 48 से 51) : नीचे दिया गया पाई-चार्ट किसी गाँव के भूमि वितरण को प्रदर्शित करता है. इस पाई-चार्ट का भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(एस०एस०सी० परीक्षा, 2011)

प्रश्न 48. बंजर भूमि का कृषि भूमि से क्या अनुपात है ?

(*a*) 4 : 3 (*b*) 3 : 2 (*c*) 2 : 1 (*d*) 3 : 1

प्रश्न 49. सड़कों के उपयोग में आयी भूमि बसी हुई भूमि की कितने प्रतिशत है ?

(*a*) $66\frac{2}{3}\%$ (*b*) 48% (*c*) $33\frac{1}{3}\%$ (*d*) 30%

प्रश्न 50. यदि गाँव का कुल क्षेत्रफल 7200 एकड़ है, तो कुल तर भूमि का क्षेत्रफल कितना है ?

(*a*) 1028 एकड़ (*b*) 5040 एकड़ (*c*) 3600 एकड़ (*d*) 1400 एकड़

प्रश्न 51. कुल भूमि का कितना प्रतिशत कृषि उपयोग में लाया गया है ?

(*a*) 24% (*b*) 25% (*c*) 50% (*d*) 90%

हल

उत्तर 48. (*a*) : (बंजर भूमि) : (कृषि भूमि) = 120 : 90 = 4 : 3.

उत्तर 49. (*c*) : सड़कों के उपयोग में आयी भूमि $= \left(\frac{20}{60}\times 100\right)\% = 33\frac{1}{3}\%$.

उत्तर 50. (*d*) : तर भूमि का क्षेत्रफल $= \left(\frac{70}{360}\times 7200\right)$ एकड़ = 1400 एकड़.

उत्तर 51. (*b*) : कृषि के उपयोग में भूमि $= \left(\frac{90}{360}\times 100\right)\% = 25\%$.

प्रश्नमाला 43

निर्देश (प्र०न० 1 से 5) : एक प्रकाशक द्वारा एक पुस्तक छापने पर विभिन्न मदों में किये गये खर्च का ब्यौरा नीचे दिये गये पाई-चार्ट में दिया गया है. इसका भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

पुस्तक प्रकाशन में विभिन्न मदों में खर्च (प्रतिशत में)

Download more free pdf → pcbexam.blogspot.com

प्रश्न 1. जिल्दसाजी का खर्च कागज के मूल्य का कितने प्रतिशत है ?
(a) 37% (b) 39% (c) 43% (d) 51%

प्रश्न 2. रायल्टी के संगत केन्द्रीय कोण, विज्ञापन के संगत केन्द्रीय कोण से कितना अधिक है ?
(a) 18° (b) 21·6° (c) 25·2° (d) 28·8°

प्रश्न 3. यदि छपाई का खर्च ₹ 30600 है तो कितनी रायल्टी दी गई ?
(a) ₹ 25500 (b) ₹ 27300 (c) ₹ 28100 (d) ₹ 28900

प्रश्न 4. जिल्दसाजी के संगत केन्द्रीय कोण कितना है ?
(a) 15° (b) 54° (c) 72° (d) 75°

प्रश्न 5. यदि विविध खर्च ₹ 6000 हों, तो रायल्टी पर खर्च विज्ञापन खर्च से कितना अधिक है ?
(a) ₹ 5600 (b) ₹ 7400 (c) ₹ 7800 (d) ₹ 8400

उत्तरमाला

1. (c) 2. (c) 3. (d) 4. (b) 5. (d)

निर्देश (प्र०न० 6 से 10) : एक संगठन का विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत औसत मासिक व्यय नीचे दिये गये पाई-चार्ट में दिया गया है. यदि कुल मासिक व्यय ₹ 1850000 हो, तो नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

प्रश्न 6. स्टाफ के वेतन तथा स्टाफ के ऋणों पर हुए खर्च में कितना अन्तर है ?
(a) ₹ 37200 (b) ₹ 35700 (c) ₹ 37500 (d) ₹ 35000 (e) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 7. बिजली और पानी दोनों का कुल व्यय कितना है ?
(a) ₹ 425000 (b) ₹ 425500 (c) ₹ 422500 (d) ₹ 425800 (e) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8. परिवहन सब्सिडी तथा कैंटीन सब्सिडी पर कुल कितना व्यय हुआ ?
(a) ₹ 334000 (b) ₹ 343000 (c) ₹ 330000 (d) ₹ 333000 (e) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 9. स्टाफ पर खर्च किया गया चिकित्सा व्यय, वेतन पर किये गये खर्च का कितने प्रतिशत है ?
(a) 30% (b) 33% (c) 25% (d) 22% (e) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 10. टेलीफोन पर कितना खर्च हुआ है ?
(a) ₹ 275000 (b) ₹ 270500 (c) ₹ 277500 (d) ₹ 277000 (e) इनमें से कोई नहीं

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

उत्तरमाला

6. (*e*) **7.** (*b*) **8.** (*d*) **9.** (*a*) **10.** (*c*)

दिये गये प्रश्नों के हल

उत्तर 6. अभीष्ट अन्तर = ₹ $\left[\left(1850000\times\frac{20}{100}\right)-\left(1850000\times\frac{18}{100}\right)\right]$

= ₹ $\left[1850000\times\left(\frac{20}{100}-\frac{18}{100}\right)\right]$ = ₹ $\left(1850000\times\frac{2}{100}\right)$

= ₹ 37000.

उत्तर 7. अभीष्ट व्यय = ₹ $\left[1850000\times\frac{(12+11)}{100}\right]$ = ₹ $\left(1850000\times\frac{23}{100}\right)$

= ₹ 425500.

उत्तर 8. अभीष्ट व्यय = ₹ $\left[1850000\times\frac{(10+8)}{11}\right]$ = ₹ $\left(1850000\times\frac{18}{100}\right)$

= ₹ 333000.

उत्तर 9. चिकित्सा व्यय = ₹ $\left(1850000\times\frac{6}{100}\right)$ = ₹ 111000.

वेतन पर व्यय = ₹ $\left(1850000\times\frac{20}{100}\right)$ = ₹ 370000.

अभीष्ट % = $\left(\frac{111000}{370000}\times100\right)\%$ = 30%.

उत्तर 10. टेलीफोन पर खर्च = ₹ $\left(\frac{15}{100}\times1850000\right)$ = ₹ 277500.

निर्देश (प्र०न० 11 से 14) : यहाँ दिया गया पाई-चार्ट किसी भवन के निर्माण में विभिन्न मदों पर आयी लागत को दर्शाता है. चार्ट का अध्ययन करके निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए. **(एस०एस०सी० परीक्षा, 2008)**

प्रश्न 11. यदि भवन निर्माण पर कुल लागत ₹ 1500000 हो, तो मजदूरी पर कितनी धनराशि खर्च हुई ?

(*a*) ₹ 90000 (*b*) ₹ 250000 (*c*) ₹ 360000 (*d*) ₹ 375000

प्रश्न 12. ईंट, लोहे तथा सीमेंट पर खर्च हुई धनराशि भवन निर्माण की कुल लागत का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 50% (*b*) 54% (*c*) 72% (*d*) 75%

प्रश्न 13. लकड़ी पर किया गया खर्च सीमेन्ट पर किये गये खर्च का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 36% (*b*) 50% (*c*) 72% (*d*) 18%

प्रश्न 14. भवन निर्माण पर कुल लागत में से मजदूरी तथा पर्यवेक्षण पर कुल खर्च कितना हुआ ?

(*a*) ₹ 144000 (*b*) ₹ 300000 (*c*) ₹ 600000 (*d*) ₹ 750000

उत्तरमाला

11. (*d*) **12.** (*a*) **13.** (*b*) **14.** (*c*)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

निर्देश (प्र०न० 15 से 19) : एक कालिज के विभिन्न विभागों में कुल विद्यार्थियों के प्रतिशत आँकड़े तथा प्रत्येक विभाग में छात्राओं के प्रतिशत आँकड़े निम्न पाई चार्टों में दिये गये हैं. इनका भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

प्रत्येक विभाग में विद्यार्थियों का प्रतिशत
कुल विद्यार्थी = 4800.

प्रत्येक विभाग में छात्राओं का प्रतिशत
कुल छात्रायें = 2000.

प्रश्न 15. इंजीनियरिंग में छात्राओं की संख्या कितनी है ?

(*a*) 180 (*b*) 220 (*c*) 320 (*d*) 260 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 16. किस विभाग में लड़कों की संख्या सर्वाधिक है ?

(*a*) विज्ञान (*b*) वाणिज्य (*c*) कला (*d*) प्रबन्धन (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 17. वाणिज्य में लड़कों की संख्या उस विभाग के कुल विद्यार्थियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 41% (*b*) 52% (*c*) 36% (*d*) 28% (*e*) 68%

प्रश्न 18. प्रबन्धन में लड़कों की संख्या तथा विज्ञान में लड़कों की संख्या का क्या अनुपात है ?

(*a*) 71 : 20 (*b*) 18 : 67 (*c*) 20 : 71 (*d*) 67 : 18 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 19. कैटरिंग में छात्राओं की संख्या कालेज के कुल विद्यार्थियों का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के दो अंकों तक)

(*a*) 3·28% (*b*) 5·61% (*c*) 3·95% (*d*) 4·17% (*e*) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

15. (*e*) **16.** (*a*) **17.** (*b*) **18.** (*c*) **19.** (*d*)

दिए गए प्रश्नों के हल

15. इंजीनियरिंग में छात्राओं की संख्या = (2000 का 12%) $= \left(2000 \times \frac{12}{100}\right) = 240.$

16. विज्ञान में लड़कों की संख्या $= \left[\left(4800 \times \frac{37}{100}\right) - \left(2000 \times \frac{32}{100}\right)\right]$

$= (1776 - 640) = 1136.$

वाणिज्य में लड़कों की संख्या $= \left[\left(4800 \times \frac{21}{100}\right) - \left(2000 \times \frac{24}{100}\right)\right]$

$= (1008 - 480) = 528.$

कला में लड़कों की संख्या $= \left[\left(4800 \times \frac{18}{100}\right) - \left(2000 \times \frac{14}{100}\right)\right]$

$= (864 - 280) = 584.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रबन्धन में लड़कों की संख्या $= \left[\left(4800\times\frac{10}{100}\right)-\left(2000\times\frac{8}{100}\right)\right]$

$= (480 - 160) = 320.$

∴ लड़कों की सर्वाधिक संख्या विज्ञान में है.

17. वाणिज्य में कुल विद्यार्थी $= \left(4800\times\frac{21}{100}\right) = 1008.$

वाणिज्य में छात्राओं की संख्या $= \left(2000\times\frac{24}{100}\right) = 480.$

वाणिज्य में लड़कों की संख्या $= (1008 - 480) = 528.$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{528}{1008}\times 100\right)\% = 52\cdot 38\% = 52\%.$

18. प्रबन्धन में कुल विद्यार्थी $= \left(4800\times\frac{10}{100}\right) = 480.$

प्रबन्धन में छात्राओं की संख्या $= \left(2000\times\frac{8}{100}\right) = 160.$

प्रबन्धन में लड़कों की संख्या $= (480 - 160) = 320.$

विज्ञान में कुल विद्यार्थी $= \left(4800\times\frac{37}{100}\right) = 1776.$

विज्ञान में छात्राओं की संख्या $= \left(2000\times\frac{32}{100}\right) = 640.$

विज्ञान में लड़कों की संख्या $= (1776 - 640) = 1136.$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{320}{1136} = \frac{20}{71} = 20:71.$

19. कैटरिंग में छात्राओं की संख्या $= \left(2000\times\frac{10}{100}\right) = 200.$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{200}{4800}\times 100\right)\% = 4\cdot 17\%.$

निर्देश (प्र०न० 20 से 24) : एक संगठन के कुल 4200 कर्मचारियों का विभिन्न विभागों में प्रतिशत तथा विभिन्न विभागों में पदोन्नत कर्मचारियों की संख्या दो पाई-चार्टों में नीचे दी गई है. इनका भली-भाँति अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2007)



विभिन्न विभागों में कर्मचारियों का प्रतिशत
कुल कर्मचारी = 4200

पदोन्नत कर्मचारियों की संख्या

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

प्रश्न 20. रखरखाव व लेखा विभाग के कुल पदोन्नत कर्मचारियों की संख्या इन विभागों के कुल कर्मचारियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ? (दशमलव के 2 अंकों तक)

(*a*) 7·58% (*b*) 6·27% (*c*) 9·15% (*d*) 8·34% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 21. HR विभाग में जिन कर्मचारियों की उन्नति नहीं हुई तथा उत्पादन विभाग में जिन कर्मचारियों की उन्नति नहीं हुई इनका क्रमशः अनुपात क्या है ?

(*a*) 216 : 389 (*b*) 337 : 417 (*c*) 389 : 216 (*d*) 417 : 337 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 22. IT विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 1020 (*b*) 1045 (*c*) 1150 (*d*) 1140 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 23. किस विभाग के कुल कर्मचारियों में से पदोन्नत कर्मचारियों का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(*a*) IT (*b*) विपणन (*c*) रखरखाव (*d*) HR (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 24. विपणन विभाग से पदोन्नत कर्मचारियों की संख्या उस विभाग के कुल कर्मचारियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ? (निकटतम पूर्णांक तक)

(*a*) 12% (*b*) 10% (*c*) 3% (*d*) 6% (*e*) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

20. (*a*) **21.** (*b*) **22.** (*e*) **23.** (*c*) **24.** (*d*)

दिए गए प्रश्नों के हल

20. रखरखाव व लेखा विभाग के कुल कर्मचारियों की संख्या $= \left\{\frac{(10+12)}{100} \times 4200\right\} = 924.$

इन विभागों के पदोन्नत कर्मचारियों की संख्या = (46 + 24) = 70.

अभीष्ट % $= \left(\frac{70}{924} \times 100\right)\% = 7 \cdot 58\%.$

21. HR विभाग में कुल कर्मचारी $= \left(\frac{18}{100} \times 4200\right) = 756.$

HR विभाग में वे कर्मचारी जिनकी उन्नति नहीं हुई = (756 – 82) = 674.

उत्पादन विभाग में कुल कर्मचारी $= \left(4200 \times \frac{21}{100}\right) = 882.$

उत्पादन विभाग के वे कर्मचारी जिनकी उन्नति नहीं हुई = (882 – 48) = 834.

अभीष्ट अनुपात $= \frac{674}{834} = \frac{337}{417} = 337 : 417.$

22. IT विभाग में कुल कर्मचारियों की संख्या $= \left(4200 \times \frac{25}{100}\right) = 1050.$

23. स्वयं करें

24. विपणन विभाग के कुल कर्मचारी $= \left(4200 \times \frac{14}{100}\right) = 588.$

अभीष्ट % $= \left(\frac{36}{588} \times 100\right)\% = 6 \cdot 12\% \simeq 6\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

निर्देश (प्र०न० 25 से 29) : एक नगर में कुल 40250 व्यक्तियों में से विभिन्न उद्योगों में रात की पाली में काम करने वालों का प्रतिशत नीचे पाई-चार्ट में दिया गया है.

इनमें से रात की पाली में काम करने वाली महिलाओं का प्रतिशत नीचे चार्ट में दिया गया है.

उद्योग	महिलायें
IT	20%
खेल	20%
कॉल सेन्टर	45%
बिक्री	60%
बैंकिंग	40%
रसायनिक उद्योग	15%

इनका भली-भाँति अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए. **(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2008)**

प्रश्न 25. कॉल सेन्टर में रात की पाली में काम करने वाले पुरुषों का महिलाओं से क्रमशः कितना अनुपात है ?

(*a*) 9 : 11 (*b*) 7 : 5 (*c*) 8 : 13 (*d*) 11 : 7 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 26. सभी उद्योगों में मिलाकर रात की पाली में काम करने वाली महिलाओं की औसत संख्या लगभग कितनी है ?

(*a*) 2227 (*b*) 4481 (*c*) 3326 (*d*) 2823 (*e*) 4107

प्रश्न 27. सभी उद्योगों में मिलाकर रात की पाली में काम करने वाले पुरुषों की संख्या कितनी है ?

(*a*) 28297 (*b*) 25788 (*c*) 28678 (*d*) 26887 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 28. सभी उद्योगों में मिलाकर रात की पाली में काम करने वालों की कुल संख्या से खेल उद्योग की महिलाओं की संख्या कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 5·6% (*b*) 3·6% (*c*) 3·2% (*d*) 4·4% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 29. सभी उद्योगों में मिलाकर रात की पाली में काम करने वाले कुल पुरुषों की संख्या तथा कुल महिलाओं की संख्या में कितना अन्तर है ?

(*a*) 13254 (*b*) 13542 (*c*) 13524 (*d*) 13363 (*e*) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

25. (*e*) **26.** (*a*) **27.** (*d*) **28.** (*b*) **29.** (*c*)

दिए गए प्रश्नों के हल

25. कॉल सेन्टर में रात की पाली में काम करने वाले पुरुषों तथा महिलाओं का अनुपात

$$= \frac{55\%}{45\%} = \frac{55}{45} = \frac{11}{9} = 11:9.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

26. सभी उद्योगों में रात की पाली में काम करने वाली महिलाओं की संख्या

$$= 40250 \times \left[\frac{12}{100} \times \frac{20}{100} + \frac{18}{100} \times \frac{20}{100} + \frac{32}{100} \times \frac{45}{100} + \frac{8}{100} \times \frac{60}{100} + \frac{14}{100} \times \frac{40}{100} + \frac{16}{100} \times \frac{15}{100}\right]$$

$$= 40250 \times \frac{(240 + 360 + 1440 + 480 + 560 + 240)}{10000} = \frac{40250 \times 3320}{10000} = 13363.$$

इन महिलाओं की औसत संख्या $= \frac{13363}{6} = 2227 \cdot 16 = 2227.$

27. सभी उद्योगों में रात की पाली में काम करने वाले पुरुषों की संख्या

$$= 40250 \times \left[\frac{12}{100} \times \frac{80}{100} + \frac{18}{100} \times \frac{80}{100} + \frac{32}{100} \times \frac{55}{100} + \frac{8}{100} \times \frac{40}{100} + \frac{14}{100} \times \frac{60}{100} + \frac{16}{100} \times \frac{85}{100}\right]$$

$$= 40250 \times \frac{(960 + 1440 + 1760 + 320 + 840 + 1360)}{10000}$$

28. रात की पाली में खेल उद्योग में काम करने वालों की संख्या $= \left(40250 \times \frac{18}{100}\right) = 7245.$

रात की पाली में खेल उद्योग में महिलाओं की संख्या $= \left(7245 \times \frac{20}{100}\right) = 1449.$

अभीष्ट $\% = \left(\frac{1449}{40250} \times 100\right)\% = 3 \cdot 6\%.$

29. रात की पाली में सभी उद्योगों में काम करने वाले पुरुषों की संख्या = 26887.

रात की पाली में सभी उद्योगों में काम करने वाली स्त्रियों की संख्या = (40250 – 26887) = 13363.

अभीष्ट अन्तर = (26887 – 13363) = 13524.

निर्देश (प्र०न० 30 से 39) : नीचे दिये गये दो पाई-चार्टों तथा एक सारणी में किसी देश की व्यस्क जनसंख्या का राज्यवार विवरण दिया गया है. इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

(बैंक पी०ओ० परीक्षा, 2009)

ग्रेजुएट एवं अधिक
कुल संख्या : 24 लाख



कक्षा XII तक
कुल संख्या : 32 लाख



Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

पुरुष-महिला अनुपात (M : F)

राज्य	ग्रेजुएट एवं अधिक M : F	कक्षा XII तक M : F
A	7 : 5	7 : 9
B	5 : 3	3 : 5
C	5 : 4	4 : 5
D	9 : 8	5 : 7
E	9 : 7	9 : 10
F	4 : 3	3 : 2

प्रश्न 30. राज्य *A* में ग्रेजुएट पुरुषों की संख्या तथा कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या के बीच कितना अन्तर है ?

(*a*) 24000 (*b*) 14000 (*c*) 28000 (*d*) 36000 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 31. राज्य *E* में ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या तथा राज्य *D* की कक्षा XII तक की महिलाओं में क्रमशः कितना अनुपात है ?

(*a*) 7 : 5 (*b*) 5 : 7 (*c*) 16 : 15 (*d*) 15 : 16 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 32. राज्य *C* में ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या उस राज्य की कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 40% (*b*) 62·5% (*c*) 50% (*d*) 52·5% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 33. राज्य *C* में कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या, कक्षा XII तक पढ़ी सारी जनसंख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 8% (*b*) 12% (*c*) 11% (*d*) 9% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 34. राज्य *E* में ग्रेजुएट पुरुषों की संख्या तथा कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 4 : 5 (*b*) 5 : 4 (*c*) 32 : 45 (*d*) 45 : 32 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 35. राज्य *F* में कुल ग्रेजुएट जनसंख्या, राज्य *A* की कक्षा XII तक की जनसंख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 56% (*b*) 72% (*c*) 68% (*d*) 76% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 36. राज्य *E* के कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या, राज्य *F* के कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 70% (*b*) 75% (*c*) 68% (*d*) 72% (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 37. राज्य *A* के कुल ग्रेजुएट और कक्षा XII तक की पुरुषों की संख्या तथा उसी राज्य के कुल ग्रेजुएट और कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 215 : 216 (*b*) 214 : 215 (*c*) 217 : 215 (*d*) 215 : 217 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 38. राज्य *D* के कुल ग्रेजुएट तथा उसी राज्य की कक्षा XII तक की जनसंख्या के बीच क्रमशः क्या अनुपात है ?

(*a*) 17 : 16 (*b*) 16 : 17 (*c*) 64 : 51 (*d*) 51 : 64 (*e*) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 39. राज्य *B* की ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या, राज्य *E* की ग्रेजुएट महिला जनसंख्या का कितने प्रतिशत है ?

(*a*) 129% (*b*) 82% (*c*) 77% (*d*) 107% (*e*) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

30. (*b*) **31.** (*d*) **32.** (*c*) **33.** (*a*) **34.** (*e*) **35.** (*e*) **36.** (*b*)
37. (*e*) **38.** (*a*) **39.** (*c*)

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

30. राज्य A में ग्रेजुएट पुरुषों की संख्या $=\left(2400000\times\frac{16}{100}\times\frac{7}{12}\right)=224000$.

राज्य A में कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या $=\left(3200000\times\frac{15}{100}\times\frac{7}{16}\right)=210000$.

अभीष्ट अन्तर $=(224000-210000)=14000$.

31. राज्य E में ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या $=\left(2400000\times\frac{20}{100}\times\frac{7}{16}\right)=210000$.

राज्य D में कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या $=\left(3200000\times\frac{12}{100}\times\frac{7}{12}\right)=224000$.

अभीष्ट अनुपात $=210000:224000=15:16$.

32. राज्य C में ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या $=\left(2400000\times\frac{15}{100}\times\frac{4}{9}\right)=160000$.

राज्य C में कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या $=\left(3200000\times\frac{18}{100}\times\frac{5}{9}\right)=320000$.

अभीष्ट $\%=\left(\frac{160000}{320000}\times100\right)\%=50\%$.

33. राज्य C में कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या $=\left(3200000\times\frac{18}{100}\times\frac{4}{9}\right)=256000$.

कक्षा XII तक की कुल जनसंख्या $=3200000$.

अभीष्ट $\%=\left(\frac{256000}{320000}\times100\right)\%=8\%$.

34. राज्य E में ग्रेजुएट पुरुषों की संख्या $=\left(2400000\times\frac{20}{100}\times\frac{9}{16}\right)=270000$.

राज्य E में कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या $=\left(3200000\times\frac{19}{100}\times\frac{10}{19}\right)=320000$.

अभीष्ट अनुपात $=270000:320000=27:32$.

35. राज्य F में कुल ग्रेजुएट जनसंख्या $=\left(2400000\times\frac{14}{100}\right)=336000$.

राज्य A की कक्षा XII तक की कुल जनसंख्या $=\left(3200000\times\frac{15}{100}\right)=480000$.

अभीष्ट $\%=\left(\frac{336000}{480000}\times100\right)\%=70\%$.

36. राज्य E के कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या $=\left(3200000\times\frac{19}{100}\times\frac{9}{19}\right)=288000$.

राज्य F के कक्षा XII तक के पुरुषों की संख्या $=\left(3200000\times\frac{20}{100}\times\frac{3}{5}\right)=384000$.

अभीष्ट $\%=\left(\frac{288000}{384000}\times100\right)\%=75\%$.

37. राज्य A के कुल ग्रेजुएट और कक्षा XII तक की पुरुषों की संख्या

$$=\left(2400000\times\frac{16}{100}\right)+\left(3200000\times\frac{15}{100}\times\frac{7}{16}\right)$$

$$=(384000+21000)=594000.$$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

राज्य A के कुल ग्रेजुएट और कक्षा XII तक की महिलाओं की संख्या

$$=\left(2400000\times\frac{16}{100}\right)+\left(3200000\times\frac{15}{100}\times\frac{9}{16}\right)$$

$$=(384000+270000)=654000.$$

अभीष्ट अनुपात $=\frac{594000}{654000}=\frac{297}{327}=297:327.$

38. राज्य D के कुल ग्रेजुएट $=\left(2400000\times\frac{17}{100}\right)=408000.$

राज्य D की कुल कक्षा XII तक की जनसंख्या $=\left(3200000\times\frac{12}{100}\right)=384000.$

अभीष्ट अनुपात $=\frac{408000}{384000}=\frac{408}{384}=\frac{17}{16}=17:16.$

39. राज्य B की ग्रेजुएट महिलाओं की संख्या $=\left(2400000\times\frac{18}{100}\times\frac{3}{8}\right)=162000.$

राज्य E की ग्रेजुएट महिला जनसंख्या $=\left(240000\times\frac{20}{100}\times\frac{7}{16}\right)=210000.$

अभीष्ट $\%=\left(\frac{162000}{210000}\times100\right)\%=\left(\frac{162}{210}\times100\right)\%=77\cdot14\%\simeq77\%.$

Download more free pdf → pebexam.blogspot.com

44 संख्या श्रेणी (NUMBER SERIES)

